TEXT PROBLEM WITHIN THE BOOK ONLY

UNIVERSAL
LIBRARY

OU_186647

UNIVERSAL
LIBRARY

OUP—68—11-1-68—2,000

OSMANIA UNIVERSITY LIBRARY

Call No. H 181.48 G12A Accession No. H3526

Author गाडगिल, म. दो.

Title आत्मविज्ञान. 1952.

This book should be returned on or before the date last marked below.

आत्म विज्ञान

अर्थात्

अद्वैत तत्त्व सिद्धान्त के विषय पर

दो उद्बोधक प्रबन्ध

। देवैरत्रापि विचिकित्सितं पुरा ।

(कठोपनिषद् १-२२)

[इस आत्मतत्त्व के विषय में देवताओं को भी पहले]
बड़ी दुविधा रही

●

ग्रन्थ कर्ता

म. द. गाडगील, B. A. L. C. E. M. I. E. (India)

कार्तिक कृष्ण १३, श्री ज्ञानेश्वर महाराज पुण्य तिथि

शके १८७४, श्री विक्रम संवत् २००९

१५ नव्हम्बर
१९५२

मूल्य ५) रुपये

प्रकाशक :—

म. दा. गाडगील पँजीनियर

आनन्द विलास,

काचीगुडा हैदराबाद दक्षिण.

(सर्वाधिकार प्रकाशक के स्वाधीन)

यह पुस्तक उपर्युक्त प्रकाशक से प्राप्त की जा सकती है।

मुद्रक :—

हिन्दी प्रेस,

श्रीराम हिन्दी भवन,

नामपल्ली रोड, हैदराबाद द.

नरनारायण-दर्शन.



यत्र योगेश्वरः कृष्णो यत्र पार्थो धनुर्धरः ।
तत्र श्रीर्विजयो भूतिर्ध्रुवा नीतिर्मतिर्मम ॥

(भ० गी० अ० १८, श्लो० ७८)

❀ अनुक्रमणिका ❀

प्रकरण	विषय	पृष्ठांक
१	हिन्दी अनुवाद के विषय में दो शब्द	क. १
२	निवेदन	क. ५
३	समर्पण	क. ९
४	श्री. प. प. बालकृष्ण की ब्रह्मविद्या पर सम्मति	क. १०
५	उपोद्घात	क. १२
	१ मंगलाचरण	क. १२
	२ वेदान्त शास्त्र के अधिकारी पुरुष	क. १३
	३ गुरुभक्ति और श्रद्धा	क. १४
	४ वेदान्त विचारों में विपर्यस्त धारणाएँ	क. १५
	५ शंकर भगवान् के ग्रन्थ	क. १६
	६ श्री शंकराचार्य पर अयोग्य दोषारोपण	क. १७
	७ शांकर ग्रन्थों का अध्ययन	क. २०
	८ श्री शंकराचार्य का अवतारकार्य	क. २१
	९ बौद्ध सम्प्रदाय की प्रभाविता	क. २२
	१० श्री शंकराचार्य के शिष्य प्रशिष्य	क. २३
	११ अद्वैत विज्ञान की विशेषताएँ	क. २५
	१२ श्रुतिमाता की अमर प्रतिज्ञा	क. २७
	१३ परब्रह्म की अद्वितीय कारणता	क. २७
	१४ विपर्यस्त धारणाओं का विशेष स्वरूप	क. २९
	१५ सत्यमिथ्या की विचित्र उलझन	क. ३०
	१६ सेक्युलर प्रजातन्त्र शासन और सनातन हिन्दू धर्म	क. ३३
	१७ वेदान्त शास्त्र की महनीयता और आधुनिक भौतिक विज्ञान की प्रगति	क. ३९

६	ब्रह्मविद्या	१
७	ब्रह्मविद्या का जागतिक उत्कर्ष से सम्बन्ध	२
८	दैवी सम्पत्ति और देश की प्रगति	४
९	मीमांसा सम्प्रदाय का प्रभाव	५
१०	भगवान् शंकराचार्य जी का अवतार	८
११	श्री समर्थ रामदास स्वामी जी का अवतार	९
१२	ब्रह्मविद्या और अज्ञानारण्य	११
१३	जैन और बौद्ध धर्मों का उदय	१६
१४	'सर्वं खल्विदं ब्रह्म' का विपरीत अर्थ	२०
१५	वेद असत्य, शास्त्र असत्य, गुरु असत्य इत्यादि	२१
१६	मोक्ष का एकमेव साधन, ध्यान योग	२२
१७	महात्मा बुद्ध और शून्यवाद	२२
१८	ध्यान योग और तद्विषयक भ्रान्त धारणाएँ	२५
१९	समाधि साधन और श्री. हंसराज स्वामी	२८
२०	थियॉसफी	३०
२१	साधन चतुष्टय के विषय में विचित्र कल्पनाएँ	३२
२२	स्त्रियों के प्रति निरादर और अवमान	३२
२३	अभ्युदय की निन्दा	३४
२४	शमदमादि के विषय में विपरीत धारणाएँ	३५
२५	भारत वर्ष के गतकालीन दार्शनिक आन्दोलन	३६
२६	अद्वैत तत्त्वज्ञान	३९
२७	परब्रह्म का स्वरूप	४०
२८	सत् चित् और आनन्द का अर्थ	४१
२९	रज्जुसर्प दृष्टान्त, उससे वेदान्त विचारों में उत्पन्न विचित्र परिणाम और ब्रह्म कारणता सिद्धान्त	५४
३०	परिच्छेद (१) अक्षर ब्रह्म से विश्व का विकास	५७

	परिच्छेद (२) 'अविद्या के दो अर्थ और उनके सम्मिश्रण से विचित्र परिभ्रम	६१
३१	अकर्तृ ब्रह्म वाद की दुरूह धारणा	६९
३२	ब्रह्मकारणता सिद्धान्त और विचार सागर ग्रन्थ	७४
३३	माण्डूक्य उपनिषद् और अजातिवाद	८७
३४	अजातिवाद विषयक असमञ्जस धारणाएँ	१०३
३५	बहु. भवन का क्या तात्पर्य है	१०५
३६	परमात्मा का सर्वव्यापित्व	१०६
३७	'आत्मदर्शन' अथवा 'आत्मज्ञान' का रहस्य	१०८
३८	तत्त्वज्ञान समझाने की प्रक्रियाएँ	११३
३९	अकर्मण्यता वाद	१२३
४०	वेदान्तशास्त्र और परिभाषा	१३१
४१	जगत् के सम्बन्ध में मत मतान्तर	१४४
	(१) अद्वैत सिद्धान्त की दृष्टि से जगन्मिथ्यात्व का तात्पर्य	१४५
	(२) जगत् भ्रम नहीं है	१५६
	(३) जगत् के त्रैकालिक अत्यन्ताभाव की विचित्र कल्पना	१५८
	(४) जगत् स्वप्न नहीं है	१६२
	(५) श्रीमद् भगवद्गीता की दृष्टि से जगत व्यावहारिक सत्य है	१६३
	(६) जगत् आरोप है क्या ?	१६३
४२	अधिकार भेद	१७३
४३	विश्वप्रपंच क्षण विध्वंसी नहीं है	१७६
४४	भावनाओं के विषय में अज्ञान	१७७
४५	अज्ञान जगत् का कारण नहीं	१७८
४६	अहंभाव का त्याग	१८६
४७	संसारीजीव कौन है ?	१९१

४८	तादात्म्य ज्ञान ही मोक्ष साधन है	१९७
४९	ब्रह्मज्ञान का सज्ञात् साधन, उसका स्वरूप और उसकी फलश्रुति	१९९
५०	ज्ञाननिष्ठ पुरुष के सम्बन्ध में अनोखी बातें	२०४
५१	अद्वैत विज्ञान और परमात्म भक्ति में विरोध है क्या ?	२०५
५२	'सर्वं खल्विदं ब्रह्म' का यथार्थ बोध	२०६
५३	श्रुतिवचनों के तात्पर्य और बुद्धिप्रमाण्य की महत्ता	२१०
५४	मौन का अर्थ क्या है ?	२११
५५	मध्य कालीन और अर्वाचीन वेदान्तियों का ब्रह्म और अश्रौत एकजीव वाद	२१३
५६	भवितव्यता वाद और प्रयत्नवाद	२१६
५७	ईश्वर के सम्बन्ध में विचित्र कल्पनाएँ	२१७
५८	ब्रह्म के सम्बन्ध में भ्रान्ति की पराकाष्ठा	२१८
५९	उपसंहार	२१९
६०	द्वितीय प्रबन्ध ईशावास्योपनिषद्	
	खण्ड (१) विषय समीक्षा	२२३
	खण्ड (२) ईशावास्योपनिषद् का सरल हिन्दी अनुवाद	२५१
६१	परिशिष्ट (अ) श्रुति वाक्यों के अभिप्राय	२६८
६२	परिशिष्ट (आ) अद्वैत सम्प्रदाय पर बौद्ध मत का अनिष्ट परिणाम	२८१
६३	विभाग (१) परिशिष्ट (इ) भारतवर्ष के दार्शनिक तथा अन्य मत मतान्तरों के सम्बन्ध में प्राक्कथन	२९३
	विभाग (२) परिशिष्ट (ई) भारतवर्ष के दार्शनिक तथा अन्य मत वादों का विवरण पत्रक	३०४
	विभाग (३) परिशिष्ट (उ) भारतवर्ष के दार्शनिक तथा अन्य मतवादों के तत्त्व और अन्य विशेष	३०९
	क्रमांङ्क (१) और (२) पूर्व मीमांसा	३०९
	,, (३) उत्तर मीमांसा	३१२

६३ क्रमांङ्क (४) भर्तृप्रपञ्च ३१८
,, (५) हैरण्यगर्भ ३२०
,, (६) पाणिनीय ३२०
,, (७) रामानुज ३२०
,, (८) पूर्ण प्रज्ञ (मध्व) दर्शन ३२१
,, (९) निम्बार्क ३२३
,, (१०) वल्लभ ३२३
,, (११) तांत्रिक ३२३
,, (१२) जगद्विभ्रम वाद ३२३
,, (१३) ईश्वरवादी सांख्य ३२५
,, (१४) सांख्य (अनीश्वरवादी) ३२६
,, (१५) योग ३२६
,, (१६) प्रत्यभिज्ञा दर्शन ३२६
,, (१७) रसेश्वर दर्शन ३२९
,, (१८) नकुलीश पाशुपत दर्शन ३२९
,, (१९) शैव दर्शन ३२९
,, (२०) न्याय दर्शन ३३०
,, (२१) वैशेषिक दर्शन ३३१
,, ,, पदार्थों और द्रव्यों के सम्बन्ध में पक्ष ३३२
,, (२२) चार्वाक ३३३
,, (२३) जैन ३३३
,, (२४) बौद्ध विज्ञान. ३३४
,, (२६) वीर शैव पंथ ३३७
,, (३०) भौतिक विज्ञान वादी ३३८
भौतिक विज्ञान की गवेषणाएँ ३४०
हमारा सूर्य मण्डल ३४६
६४ सूची पत्र ३४९

❀ शुद्धिपत्र ❀

मुद्रण की अशुद्धियों से बचने के लिये, हर सम्भव प्रयास किया गया। हैदराबाद राज्य **हिन्दी प्रेस** के प्रधान व्यवस्थापक, श्रद्धेय पण्डित प्रियबन्धु जी ने इस दिशा में बड़ा परिश्रम किया। परन्तु खेद है, कि उनकी सजग एवं तीक्ष्ण दृष्टि को भी इस **मुद्राराक्षस** से कुछ हार ही खानी पड़ी।

प्रथम तो विषय ही गहन, संस्कृत भाषामय, और पुस्तक का हस्त लिखित अनेक संस्कृत ग्रन्थों के उद्धरणों से भरा हुआ, ऐसी दशामें संस्कृत भाषा से अनभिज्ञ अक्षर संयोजकों को, बड़ी कठिनाई का सामना करना पड़ा। तथापि उन्होंने और विशेषतः उपर्युक्त पण्डितजी ने जो मुझे मनोनिवेश तथा निरलसता से सहायता दी, उसके लिये मैं उनका बहुत ऋणी हूं।

दूसरों को वंचित और चकित कर देना यही प्रायः अशुद्धियों का स्वभाव रहा है। अर्थात् जो नज़र में आगयीं, ऐसी अशुद्धियाँ नीचे दिखायी गयी हैं।

[संकेत. ऊ० = ऊपर से — नी० = नीचे से]

पृष्ठ	पंक्ति संख्या	अशुद्ध	शुद्ध
क. २०	नी. २	दष्टि	दृष्टि
क. २२	ऊ. ६	कन्धा	कन्था
क. २२	ऊ. ११	उसके	उनके
क. २३	नी. ८	सका	सका।
क. २४	ऊ. ७	विश्रति	विश्रुत

पृष्ठ	पंक्ति संख्या	अशुद्ध	शुद्ध
क. ३५	ऊ. ११	वृ (२-१-१)	वृ (२-१-२०)
क. २९	नी. १०	कर्तृव	कर्तृत्व
क. ३०	ऊ. ६	अविद्या	अविद्या
क. ३५	नी. १	देख	देख
४	ऊ. १२	उत्तिष्ठोत्तिष्ठ	उत्तिष्ठोत्तिष्ठ
९	नी. ५	सौआग्य	सौभाग्य
१०	नी. २	छीन	छिन
११	ऊ. ४	था	या
,,	नी. १	बेपवाही	बेपरवाही
१२	ऊ. ४	कार्यो	कार्या
१४	ऊ. ७	धर्सो	धर्मो
२३	नी. ९	वाह्य	बाह्य
२९	ऊ. ८	कल्पना	कल्पना
३२	नी. १४	वि-रागना	वि-रागता
३६	नी. १२	दाशनिक	दार्शनिक
४०	नी. ११	शाक्तमान	शक्तिमान्
४३	नी. ३	शक्ति की	शक्ति को
४७	नी. ३	प्रतिवादकं	प्रतिपादकं
,,	नी. ६	उसी को	उसी के
५०	ऊ. १२	१-१-२	१-१-२०
५७	ऊ. १२	किय	किया
,,	ऊ. १४	प्रातिभा	प्रातिभ
५९	ऊ. ६	१-४, ६	१-४-६
६०	ऊ. ८	महतत्त्व	महत्तत्त्व

पृष्ठ	पंक्ति संख्या	अशुद्ध	शुद्ध
६०	ऊ. १२	उत्तन्न	उत्पन्न
,,	नी. ७	सोल्हा	सोलह
६१	नी. १३	विद्धयनादि	विद्धयनादी
६२	नी. ३	आभिहित	अभिहित
६३	ऊ. ११	पर ब्रह्म	परब्रह्म
६९	नी. ५	अकर्त	अकर्तृ
७३	नी. ९	शततः	शतशः
७५	ऊ. ५	शुद्ध वेतन	शुद्ध चेतन
८२	ऊ. १०	महपप्मा	महापाप्मा
८२	ऊ. १३	(४-७)	(४-४-७)
८३	ऊ. ३	प्रतिदान	प्रतिपादन
८८	नी. ५	ज्योतिर्लिंग	ज्योतिर्लिंग
१०६	नी. ११	छां (६-३)	छां (६-३-३)
१११	ऊ. ९	जव	जब
१२०	ऊ. ८	१२२	१०६
१२६	ऊ. ४	१-१-२२	१-१-२०
१३२	ऊ. ७	मतव्य	मंतव्य
१३३	नी. २	जता	जाता
१५०	नी. ३	अनन्न	अनन्त
१५२	ऊ. ३	श्लोक ३६	श्लोक १६
१५३	ऊ. ७	परमात्म	परमात्मा
,,	नी. ३	ब्रह्म कारण	ब्रह्म, कारण
१५६	ऊ. ५	सत्कायवाद	सत्कार्यवाद
१६४	नी. ५	अनुच्छेद	परिच्छेद

पृष्ठ	पंक्ति संख्या	अशुद्ध	शुद्ध
१६५	नी. ७	श्रति	श्रुति
१६८	ऊ. ८	द्वत	द्वैत
१७०	ऊ. ६	भ्रन्ति	भ्रान्ति
१८१	ऊ. ८	उयकारक	उपकारक
१८५	नी. ८	में	के
१९२	ऊ. १०	अग्नीनाम्	अनग्नीनाम्
२०५	ऊ ६	द्वैवी	दैवी
२०७	ऊ. १	अध्यात्य	अध्यात्म
२३०	नी. ९	फह	फैह
२३४	ऊ. १२	परश्रु	परशु
२३४	नी. ४	प्रकारण	प्रकरण
२३६	नी. ७	जनो ने	जना के
२४२	ऊ. ११	इहें	इन्हें
२५१	नी. ३	शिक्षा	शीक्षा
२५७	ऊ. ३	तै. (२-९)	तै (२-६)
२६०	नी. ७	अंतएव	अतएव
३०१	नी. ९	मूर्ध्न	मूर्ध्नि
३३७	ऊ. ११	(२९)	(२६)
३३८	ऊ. ०	(२९)	(२६)
३४५	ऊ. ९	फ्लूटोनियम्	प्लूटोनियम्

❀ संक्षिप्त चिन्हों के सङ्केत ❀

अ०	=	अध्याय	गी०	=	गीता
आ०	=	आरण्यक	छां०	=	छान्दोग्य उ०
उ०	=	उपनिषद्	तै०	=	तैत्तिरीय उ०
ऋ०	=	ऋग्वेद	पं०	=	पंचदशी
ऐ०	=	ऐतरेय उ०	बृ०	=	बृहदारण्यक उ०
क०	=	कठ उ०	ब्र० सू०	=	ब्रह्म सूत्र
के०	=	केन उ०	मां०	=	माण्डूक्य उ०
कौ०	=	कौषीतकी उ०	मुं०	=	मुण्डक उ०
			श्वे०	=	श्वेताश्वतर उ०

तार का पता : हिन्दी ● टेलीफोन नं. ५४५०

हिन्दी, तेलुगु, मराठी और अंग्रेज़ी

की

सब तरह की सुन्दर छपाई के लिए हमेशा याद रखिये।

★ हिन्दी प्रेस ★

हैदराबाद राज्य हिन्दी प्रचार सभा

श्रीराम हिन्दी भवन

नामपल्ली :: स्टेशन रोड :: हैदराबाद-द.

आत्मविज्ञान

(१) हिन्दी अनुवाद के विषय में दो शब्द

इस पुस्तक में, **अद्वैतविज्ञान** के दो प्रबन्ध संगृहीत किये गये हैं; पहला है '**ब्रह्मविद्या** और उसके चतुर्दिक उत्पन्न **अविद्यारण्य**' और दूसरा '**ईशावास्य** उपनिषद्'। पहला प्रबन्ध लगभग ढाई वर्ष हो गये, महाराष्ट्र भाषा में प्रथम प्रकाशित हो चुका था। उस पर कतिपय वन्द्य महात्माओं ने हृदयग्राही सम्मतियाँ प्रकट कीं। महाराष्ट्र के प्रथित यश **केसरी** पत्र के आदरणीय ज्ञान वृद्ध सम्पादक श्रीयुत ज. स. करन्दीकर जी ने, अपने पत्र की दि. १७ नवम्बर १९५० की संख्या में, इस प्रबन्ध की उत्तेजना पूर्ण समालोचना की है। अब यह प्रबन्ध विशेष परिष्कारों तथा परिवर्द्धनों के साथ, **हिन्दी** भाषा में, वेदान्त प्रेमी सज्जनों के सम्मुख उपस्थित किया जाता है। दूसरा प्रबन्ध, अपनी एक विशेषता रखता है। इसमें ईशावास्य उपनिषद् की व्यापक दृष्टि से पर्यालोचना करने का प्रयास किया गया है, और साथ ही, उसका सरल सुबोध **हिन्दी** भाषानुवाद भी दिया गया है।

अनेक शताब्दियों की पराधीनता की धूम में, हमारी प्रिय मातृ-भूमि को अनेक कष्टतम विपत्तियों का अनुभव करना पड़ा, जिसकी लम्बी कहानी हृदय को दहलानेवाली है। अन्त में कोई डेढ़ शताब्दी तक इस देश पर अँगरेजों का आधिपत्य रहा, जिसमें पहले शासनों की अपेक्षा, स्वास्थ्य, सुविधा, सुव्यवस्था इत्यादि कारणों से, शान्ति और सुरक्षा तो, कहीं अधिक मात्रा में बनी रही; परन्तु इनकी कठोर शोषण नीति के कारण, जनता में असहायता और दारिद्र्य ही बढ़ता रहा। प्रजा में निर्बलता तथा पारस्परिक दुर्भावनाओं को प्रोत्साहित कर देना, यही इनके कपट राजकारण का मूल मन्त्र रहा, जिसके फलस्वरूप, इन्होंने अपनी सामन्तशाही की भरकम परिपुष्टि की, और अपने देश तथा जाति के लिये, अपरिमेय लाभ उठा लिया। परन्तु काल की बलिहारी विचित्र

रहीं; अन्तरराष्ट्रीय विकट परिस्थितियों के कारण, इनको भी भारतवर्ष को छोड़ जाना पड़ा। इस कारण हमको स्वायत्तता तो मिल गयी, पर फिर भी, अपनी अभेद्य नीति के अनुसार इन भद्र पुरुषों ने, किन किन झगड़ों और पचड़ों के विषों को यहा उपस्थित कर रखा, सभी विचारवान पुरुष जानते हैं।

अब हमको इस प्रश्न पर गम्भीर विचार करना है, कि हमारे प्रिय देश का क्योंकर ऐसा अनुकम्पनीय दुर्भाग्य रहा, कि उसकी जनता अनेक शताब्दियों से भेड़ बकरियाँ बन गयी, और आपत्तियों पर आपत्तियाँ ही सहती गयी? गत इतिहास की चिन्तनशीलतासे पर्यालोचना करने पर यही प्रतीत होता है, कि अपनों के हाथों ही यह देश नष्ट भ्रष्ट हुआ है। अन्यों पर दोषारोपण करना, केवल मूर्खता का राग है। जिस देश के भीतर दीमक न लगी हो, उसके किले को कोई बाहरी शत्रु नष्ट नहीं कर सकता। हमने जो धर्म के सम्बन्ध में, विशेषतः राजकारण की दृष्टि से, अक्षम्य अपराध किये हैं, उसी का घोर अभिशाप हमको भोगना पड़ रहा है। अतएव हमारा सर्व प्रथम कर्तव्य है कि, इन प्रमादों को हम कोसों दूर रखें। Eternal vigilence is the price we have to pay for our Liberty. हमारे स्वराज्य की सुरक्षा के कारण हमको, क्या प्रान्तीयता, क्या जातीयता, क्या भाषा सम्बन्धी, सभी संकीर्ण भावों को होम देना आवश्यक है। एवं हर दृष्टि से हमें स्वाधीनता के सच्चे प्रहरी बनना चाहिये।

महाराष्ट्र के सम्बन्ध में, कहा जासकता है कि परकीयों के आक्रमणों और उत्पीड़नों के भीषण काल में, देश, धर्म, और समाज की रक्षा के अर्थ, उसने अथक पुरुषार्थ किये हैं। जब धर्म पर कठोर अत्याचार हो रहे थे, जब सैकड़ों राज्य सिंहासन डांवाडोल होगये थे, हिन्दू प्रजा का कोई त्राता न था, ऐसी दुरवस्था में, अकथनीय विपत्तियाँ सहते हुए, जिस लोकोत्तर उत्साह और पराक्रम से महाराष्ट्र के आद्य स्वराज्य प्रतिष्ठापक वीरश्रेष्ठ महाराजा **शिवाजी** ने, परकीयों की प्रबल सेना के विरुद्ध लोहा लिया, और पीड़ित प्रजा का उद्धार किया, पढ़ कर नसों में बिजली दौड़ जाती है। इनकी जीवनी अनेक रोमाञ्चकारी घटनाओं से भरी पड़ी है। केवल सोलह वर्ष की आयु में इन्होंने

अपनी शासन **मुद्रा** बनाली थी, जिसपर 'प्रतिपच्चन्द्रलेखेव वर्धिष्णुर्विश्ववन्दिता शाहसूनोः शिवस्यैषा मुद्रा भद्राय विराजते' ऐसा उत्तेजना पूर्ण भावावेश अङ्कित कर दिया था। सारे भारत में एक प्रबल **हिन्दवी स्वराज्य** की संस्थापना हो, यही उनका प्रभावोत्पादक ध्येय रहा। सन १६४६ में, अपने एक पत्र में, वे लिखते हैं :—'हमारे आद्यकुल देवता स्वयम्भू **शिव** जी ने, हमको अबतक सुयश दिया है, और भविष्यत् में, निश्चय वे हमारे मनोरथों की परिपूर्ति **हिन्दवी स्वराज्य** की प्रतिष्ठा में करेंगे; (प्रकट है, कि) ऐसे राज्य की संघटना, यही **श्री**जी की दृढ़ मनीषा है'।

इस आभामय काल में, महाराष्ट्र की, इस नव चेतना के स्रोत स्वनाम-धन्य **समर्थ** रामदास बने हुअे थे। इन्हीं की प्रभावितासे देश के अनेक धुरन्धर नेता और वीर पुरुष इसी राजनैतिक ध्रुवतारक की ओर आकृष्ट हो गये। श्री ब्रह्मेन्द्र स्वामी, श्री गोविन्द दीक्षित इत्यादि बहु संख्य साधु पुरुषों ने भी 'हिन्दूपद पादशाही' के उच्च उद्देश्य को शुभाशीर्वाद दिया। इतना ही नहीं, उसकी सिद्धी के लिये हर सम्भव प्रयत्न किये। आगे चलकर स्वराज्य की प्राण प्रतिष्ठा हुई। इसके उपरान्त महाराष्ट्र में अनेक शूर वीर पुरुष तथा राजकारण प्रवीण नेता उत्पन्न हुअे, जिनको, स्वराज्य विस्तार के लिए, कितना प्रचण्ड राष्ट्रीय संग्राम और आत्म बलिदान करना पड़ा, इतिहास के तत्वज्ञ जानते हैं। क्या महाराष्ट्र में और क्या महाराष्ट्र के बाहर, इन पराक्रमी पुरुषों की जो आव भगत हुई, उसका प्रमुख कारण, इन पुरुषों में 'एक छत्री हिन्दवी स्वराज्य' की उच्च भावना स्फुरद्रूप थी, यही था, और उनके प्रबल प्रयत्न उसी दिशा में होते रहे। इसका सिद्ध प्रमाण अनेक ऐतिहासिक घटनाओं तथा राजकीय पत्र व्यवहार से मिलता है। परन्तु कराल काल की विडम्बना थी, कि असंख्य विषम परिस्थितियों के कारण, उनको अपने उद्देश्य की परिपूर्ति से वञ्चित ही रहना पड़ा।

एक महाराष्ट्र की ही यह बात नहीं, इस देश के अनेक प्रान्तों के सूरमा पुरुषों ने, और विशेषतः उदार चरित्र राजपूतों ने अपनी अपनी स्थिति

के अनुरूप देश भक्ति की उदात्त कामना से, श्लाघनीय पराक्रम किये हैं, जो ज्वलन्त नक्षत्र की भाँति इतिहास में चमकते दिखाई देते हैं। क्यों कि हिन्दुस्तान की एकात्मता यह कोई अजनबी बात नहीं है। प्रागैतिहासिक काल से यह चली आई है। हमारे धार्मिक सङ्कल्पों में, संस्कारों में, इतिहास पुराणों में, प्रत्युत भौगोलिक स्वयं सिद्ध मर्यादाओं से भी, इसी एकात्मता की निर्विवाद सिद्धि होती है। अतः उसकी सुरक्षा करने में कोई भी प्रान्त, जाति या समाज, पश्चात् पद नहीं होगा।

उपर्युक्त विचारों से राष्ट्रभाषा का प्रश्न अशेष महत्ता रखता है। २६ जनवरी १९५० को स्वतन्त्र भारत का संविधान प्रारम्भ हुआ। इसमें शासनासीन राष्ट्रभक्तों ने हिन्दी भाषा को सिंहासन पर अधिष्ठित कर दिया है। अब देश की सब प्रधान भाषाओं का उसे नेतृत्व करना है। ऐक्य भावना को सुदृढ़ चिरस्थायी बनाने में राष्ट्रभाषा का कितना प्रभावोत्पादक हाथ रहता है, सभी जानते हैं। राष्ट्र के नवनिर्माण में हम को ऐसा संगठित होना है, कि जिससे जनता की सारी कर्तृत्व शक्ति नवचेतना से सुसम्बद्ध हो कर देश की सर्वांगीण उन्नति की ओर निरत हो। इस नव चेतना को प्रबुद्ध करने के लिए तदनुकूल साहित्य का निर्माण भी आवश्यक है। किसी भी क्रान्ति की सफलता, उन साहित्यकारों की साधना पर निर्भर है, जिनकी वाणी में राष्ट्र की भावना साकार हो उठती है। पर इसको सच्चा धर्म और सच्चे तत्त्वज्ञान का अधिष्ठान परमावश्यक होता है।

हमें भूलना नहीं चाहिये, कि भारतवर्ष की सच्ची आत्मा आत्मविज्ञान है जिससे भाषीयता, प्रान्तीयता आदि संकीर्ण भावों को घूँघट ले कर देश में उमड़ने का हमें जो भय लगा हुआ है, आप से आप नष्ट हो जाएगा। आत्म-विज्ञान का ध्येय विश्वबन्धुत्व है, जो इस देश के लिए अति प्राचीन रहते हुए भी, चिर नवीन तथा स्फूर्ति जनक है। हिन्दी साहित्य सेवियों का अब कर्त्तव्य है, कि वे, विविध विषयों पर अपने अपने साहित्य को, इतना समुज्ज्वल बनाएँ, कि उससे, इस ऊँचे आदर्श की सुव्यक्तता हो। इसी साधना से राष्ट्र भाषा समृद्ध और व्यापक हो सकती है।

इस पुस्तक का, **आत्मविज्ञान** से साक्षात् सम्बन्ध है; इसके द्वारा लेखक को, अपने बहु संख्य प्रेमी भाइयों की सेवा करने और हिन्दी वेदान्त साहित्य की अभिवृद्धि में अल्पसा योगदान करने का जो सुअवसर प्राप्त हुआ है, उसी में वह अपनी आन्तरिक तुष्टि का अनुभव करता है। उसकी मातृ भाषा **महाराष्ट्री** है, और प्रसन्नता की बात है, कि इस व्यापक अभिधान को भविष्यत् में **हिन्दी** वाणी ही अपनी प्रभाविता से सार्थक करने वाली है। लेखक ने हिन्दी भाषा का कुछ अभ्यास तो कर लिया है, पर उसके चिर कालिक अवगाहन का लाभ, उसे नहीं हुआ है। इस लिए उसके प्रेमी मित्र विद्वन्मान्य श्री रामनिरञ्जन पाण्डेय M. A. L L. B. **हैदराबाद** यूनिव्हर्सिटी के हिन्दी के प्राध्यापक और साहित्य वेदान्त शास्त्री जी ने इस पुस्तक की भाषा को सुधारने में जो उल्लेखनीय सहायता की, उसके लिए वह उनका सदाके लिए ऋणी है।

लेखक

म. दा. गाडगील

(२) निवेदन

भारत वर्ष में **अध्यात्म विद्या** का विषय अत्यन्त प्राचीन है। इसका मूल वेदों में और उपनिषदों में पाया जाता है। इस विद्या की जितनी पवित्रता और महानता मानी गई है, उतनी दूसरी किसी विद्या की नहीं।

अध्यात्म विज्ञान का प्रतिपादन और व्यापक रूप से निरूपण, संस्कृत तथा इस देश की सैकड़ों प्राकृत भाषाओं में प्राचीन काल से होता चला आया है और वर्तमान काल तक, याने कोई ३०/४० साल के पूर्व तक, इस विषय का विचार, ऊहापोह और चर्चा, जनता में होती रही है। परन्तु अब दशा कुछ विपरीत सी हो गई है। उसकी ओर से, क्या सुशिक्षित, क्या अशिक्षित, सभी लोगों में उदासीनता ही छा गई है! इस दशा के कारण भी वैसे ही हो चुके हैं! वास्तव में देखा जाए तो **आत्मविज्ञान, तत्त्वदर्शन, अध्यात्मविद्या** इन शब्दों के उच्चारण मात्र से ही, ऐसे ऊँचे सिद्धान्तों की कल्पना होती है, जो गम्भीर और सूक्ष्मदर्शी विचारों से उज्ज्वल और उद्बोधक हों। परन्तु प्रवचन या ब्रह्म निरूपण इन शब्दों से, क्लिष्ट पारिभाषिक शब्दों की भरमार, 'अयं घटः अयं पटः अवच्छिन्नावच्छेदकत्व भाव' इस प्रकार की जोशीली चर्चा, पद वाक्यार्थों की खींचातानी, इत्यादि दृश्य ही आंखों के सामने उठ खड़े होते हैं; और अन्त में कोई सफलता या समन्वय भाव नहीं दिखाई देता! प्रमाण प्रमेय सम्बन्ध इत्यादि विषयक जो वाद प्रतिवाद होते हैं, उनमें आधुनिक शिक्षितों को तथ्य दृष्टि की अपेक्षा काल्पनिकता का ही प्राधान्य दीख पड़ता है!

इससे सन्देह होता है, कि क्या हमारे दार्शनिक सिद्धान्त भी कोई कल्पना प्रसूति रूप हैं? रज्जुसर्प और शुक्तिरजत के दृष्टान्त, जो इन निरूपणों में बाहुल्य से दिये जाते हैं, क्या वे ही हमारे सिद्धान्तों पर अपना बदला तो नहीं चुका रहे हैं? सूक्ष्म दृष्टि से विचार करने पर यही प्रतीत होता है कि

हमारी प्रतिपादन और निरूपण प्रणाली में ही कुछ खलबली हो गई है, कुछ सत्य मिथ्या विचारों का मिश्रण हो गया है। प्रकट है, कि जिस प्रतिपादन पद्धति से बुद्धिशील श्रोतृवृन्द या शिक्षार्थियों का समाधान नहीं होता, मानों जिसमें **'राम'** ही नहीं रहे, वह पद्धति समझ में कैसे आए और टिके भी क्यों कर ? जो वस्तु अनुपयोगी हो गई, उसका स्वयं नष्ट हो जाना अवश्यम्भावी है, यह प्रकृति का अटल नियम रहा है।

कतिपय विद्वानों का आक्षेप है कि, अब काल का जबरदस्त परिवर्त्तन हो चुका है अतः 'अणुः पन्था वितनः पुराणः' (बृ. ४-४-८) ऐसे केवल प्राचीन महर्षियों की अनुशासन रीतिसे दार्शनिक रहस्यों का हल होना दुर्घट है। इस युग में भौतिक विज्ञान शास्त्रों ने अद्‌भुत उन्नति की है। मानस विज्ञान शास्त्र में भी बहुत कुछ प्रगति हो गई है। इस कारण जीवात्मा, जगत् और विश्वसंचालक शक्ति के संबन्ध में जो कुछ विमर्श या अनुशोधन होना है, एकबार ही इन दो शास्त्रों की मार्गणा से होना ही उचित है।

इन दोनों आक्षेपों में कुछ सत्यता तो अवश्य है, तथापि इस उपलक्ष्य में कुछ और भी विचार हो सकता है।

काल का परिवर्त्तन तो हो ही गया है, परन्तु औपनिषत् तत्त्वज्ञान एक अपनी ऐतिहासिक महत्ता रखता है, जो हमें भूलना नहीं चाहिए। पुरानी अनुशासन की रीती केवल दूषित है, यह नहीं कहा जा सकता। हाँ कुछ बड़े दोष तो उसमें अनिवार्यता से घुस पड़े हैं। यदि उनको हटा दिया जाय, तो वह पद्धति उच्चश्रेणी की और गम्भीर न्यायनिष्ठ ही सिद्ध होगी।

फिर आधुनिक शिक्षितों को भी ज्ञात होना आवश्यक है, कि प्राचीन काल में, तत्त्वज्ञान की शिक्षा दीक्षा किस ढंग से दी जाती थी, परवर्त्ती प्रदीर्घ काल में नाना मत मतान्तरों और पन्थों के झगड़े किस प्रकार उत्पन्न हो गए, फिर राजनैतिक आक्रमण और विप्लवों से, हमारे दार्शनिक विचारों पर भी

कैसा गहरा असर पड़ा और उसके परिचायक चिन्ह आज भी हमारे ग्रन्थों में किस भाँति दीख पड़ते हैं, ये सब घटनाएँ जैसी उद्बेजक हैं, वैसी ही वे तत्त्वविज्ञान पर विशिष्ट दृष्टिकोणों से प्रकाश भी डालने वाली हैं।

इन सब विचारों को समक्ष रख कर, **अद्वैतविज्ञान** के ये दो प्रबन्ध, प्राचीन पद्धति के अनुसार, परन्तु साथ ही उन पर आधुनिक दृष्टि डालते हुए इस पुस्तक द्वारा प्रस्तुत किये जा रहे हैं।

लेखक

म. दा. गाडगील

(३) समर्पण

अद्वैत विज्ञान का उदय इस भारत वर्ष में अनेक सहस्राब्दियों के पूर्व ही हो चुका था। पारदर्शी प्राचीन महर्षियों की, हमारे लिये यह एक अनमोल देन रही है। परन्तु इसकी सुरक्षा जिस सावधानी और यत्नशीलता से करना हमारा कर्त्तव्य था, हमने नहीं की। लेखक का यह प्रबल विश्वास है कि इस अक्षम्य उपेक्षा के कारण, हमको अतीत काल में धार्मिक सामाजिक और राजनैतिक क्षेत्रों में घोरतर उपद्रव और विप्लव सहने पड़े।

अब केवल परमात्मा के अद्भुत घटना चक्र से इस देश में पहली बार प्रजातन्त्र स्वराज्य का श्रीगणेश हो गया है। इस सुअवसर को भी यदि हम खो बैठे तो हमारे दुर्भाग्य की सीमा न रहेगी। केवल हमारे सर्वांगीण उत्कर्ष के लिये नहीं, तो सारे संसार में शान्ति समृद्धि की संस्थापना के लिये हमारा प्रधान कर्त्तव्य है, कि धर्म और तत्वज्ञान के विषय में अतीत इतिहास में, हमने जो घोर प्रमाद किये हैं, उनको अब हम जड़ से हटा दें, और इन प्राचीन तत्वों की फिर से सुप्रतिष्ठा करें।

इस दृष्टि से यह हार्दिक प्रयत्न, पूज्य पितृ चरणों को वन्दन करते हुए 'ब्रह्मार्पण' अर्थात् जनता जनार्दन की सेवा में समर्पित किया जाता है।

म. दा. गाडगील

श्री. प. प. स्वामी बालकृष्ण पुरी

(मध्य प्रदेश रायगढ़)
की
ब्रह्मविद्या पर सम्मति

'ब्रह्मविद्या और उसकी चारों ओर आविर्भूत अविद्यारण्य' इस प्रबन्ध को पढ़ने के बाद, इस संबन्ध में, मैं कुछ लिखूं ऐसा प्रबन्ध लेखक का अनुरोध देख कर, मैं निम्न कतिपय शब्द लिखने का प्रयास करता हूँ। मैं इस विषय का विज्ञ नहीं हूँ, परन्तु प्रबन्धान्तर्गत विचार और उनकी सप्रमाण रचना तथा युक्ति, श्रौत वाक्यानुसारिणी है, और मेरे विचारों से अधिकांश मिलती है। वास्तव में जैन और बौद्धों के शासन काल में मानवी कल्पनाओं के तर्कराज्य में [illegible] के प्रबल युक्तिरूपी कृष्णमेघों ने, कितना ऊँचा उड़ान किया था, और भारतीय [illegible] तत्व-ज्ञान पर कैसा आच्छादन डाल दिया था इसकी थोड़ी कल्पना, प्रबन्ध के अन्त में दिये हुये परिशिष्टों से पाठकों को हो सकती है। उपनिषद् सिद्धान्त, और तद्विषयक आधुनिक विद्वन्मान्य पंडितों के ग्रन्थ रूप से बार बार प्रकटित किये गये वेदान्त विचार, इनमें जो भेद है, वह इसमें स्पष्ट दिखाया गया है। वेदान्त पर अज्ञा-नता से जो प्रक्षेप किये जाते हैं, उनका उचित उत्तर इसमें दिया गया है। सच्ची बात तो यह है कि, वेदान्तशास्त्र, मानव को आलसी, निष्क्रिय, कर्तव्य पराङ्मुख और उदास बनानेवाला शास्त्र

नहीं। प्रत्युत मानव-जीवन को यथोचित मार्ग दिखलाने वाला, विपत्तियों में धैर्य देनेवाला, और इस विश्व के मूलतत्वों के विषय में जो अज्ञान है, उसे निवृत्त कर आत्मस्वरूप के निःसंदिग्ध निर्णय से, अखण्ड शान्ति और सुख देनेवाला निश्चित साधन है।

परन्तु पीढ़ियों से चली आती हुई चाली (रीतियाँ) तथा शास्त्रीय सिद्धान्त विषयक अज्ञानपूर्ण रूढ़ परंपराओं का जो परिणाम, हमारे मन पर पड़ गया है, वह हमको भ्रम में डाल देता है; और इस भ्रम की हद यहां तक पहुँचती है कि, फिर हम साक्षात् परमेश्वर का कहना भी सुनने को तय्यार नहीं होते।

मुझे आशा है कि, प्रबन्ध लेखक मान्यवर गाडगिल का यह सदय अन्तःकरण से लिखा हुआ निबन्ध वेदान्त जिज्ञासुओं को सच्चा मार्ग दिखानेवाला हो। अन्त में वह सर्वाधार ज्ञान-स्वरूप, सर्वसापेक्ष शब्दातीत, अद्वैत ब्रह्म, अपने चतुर्दिक् अपनी सत्तास्फूर्ति से ही उत्पन्न हुये अविद्यारण्य को निवृत्त कर, हम जिज्ञासु जनों पर अपना स्वरूप प्रकट करे, और शुभ प्रार्थी लेखक के परिश्रम को सफल करे, ऐसी प्रार्थना करते हुये मैं लेखनी को यहां पर विराम देता हूँ।

वर्तमान निवास
हैदराबाद (दक्षिण)
दि. १०-११-१९४६ ई.

एक परिव्राजक

[५] उपोद्घात

। अतिकल्याणरूपत्वान्नित्यकल्याणसंश्रयात्
स्मर्तृणां वरदत्वाच्च ब्रह्म तन्मंगलं विदुः ।
(उपनिषत् शान्ति पाठ)

मंगलाचरण

किसी कार्य के प्रारंभ करने के पहले परमात्मा का पूजन वन्दन या स्मरण करना, भारतवर्ष में शिष्ट संप्रदाय माना गया है। पाश्चात्य देशों में ऐसी प्रथा (धार्मिक उत्सव या सम्मेलनादि छोड़कर इतरत्र) नहीं दिखाई देती। पर हमारे यहाँ कोई भी व्यक्ति का या समाज का कार्य हो, या कोई सभा का अधिवेशन हो, बिना परमात्मा के पूजन या स्मरण के, हम एक पग भी आगे नहीं रखते! किसी कार्य का 'श्रीगणेश' करना इस का अर्थ ही प्रारम्भ करना रूढ़ हो गया है। काँग्रेस जैसी राजनैतिक सभाओं में भी हमारी परतन्त्रता के काल में मङ्गलाचरण की प्रथा थी और वह नमन वेद, कुरान, अवेस्ता, और बाइबिल आदि धर्म ग्रन्थों के आधार से किया जाता था। परन्तु पाश्चात्यों के बड़े बड़े अधिवेशनों में या कार्य कारिणी सभाओं में अथवा संगठन समितियों में ईश्वर का वन्दन या स्मरण नहीं हुआ करता. वर्तमान काल में 'युनायटेड नेशन्स ऑर्गनायजेशन' नाम की साठ राष्ट्रों की जो अपूर्व जागतिक महत्ता रखनेवाली सभा अमेरिका में प्रस्थापित हुई है, और जिसके अधिवेशन न्यूयॉर्क या अन्य शहरों में हुआ करते हैं, और जिसका महान उद्देश्य जगत् में जितनी हो सके उतनी शान्ति और समता स्थापन करने का है, उसके प्रारंभिक अधिवेशन में भी, किसी राष्ट्र नेता को परमात्मा का स्मरण हुआ सा प्रकाशित नहीं हुआ है। ग्रन्थों के निर्माण में भी यही दशा है। ग्रन्थारम्भ में न कहीं 'श्री' है न 'नमः'। परन्तु इन लोगों को अपनी कृतियों तथा अनेक व्यवसायों में जैसी सफलता होती है, प्रायः हमें नहीं होती। हम को तो विघ्नों की भरमार झेलनी पड़ती है। 'श्रीगणेशजी सदा सहाय' कहने को

तो हैं हम, पर विजय होती है उन लोगों की जो उनको जानते तक नहीं। तो स्वाभाविक ही प्रश्न होता है कि ऐसा क्यों ? मर्म यही है कि, यदि हम किसी काम को सौहार्द से, सत्य निष्ठा से और विवेक दृष्टि से करें, तो हजार हिस्से उस में यश निश्चित ही मिलता है। और यदि कदाचित् सफलता लाभ न हो, तो भी घबड़ाने की कोई बात नहीं, पुनश्च सम्पूर्ण शक्ति लगा कर विमर्श के साथ प्रयत्न करना चाहिये, चाहे आरम्भ में मंगला चरण किया हो, या नहीं। बड़े ठाट का मंगल और स्वस्ति वाचन कराके, अब हम परमात्मा के कुछ ऋणी नहीं, इस वृत्ति से, सौहार्द आदि गुणों की उपेक्षा कर कार्य करने लगे तो, सिद्धि हाथ नहीं आ सकती। परमात्मा को मंगल-आचरण अर्थात् सदाचरण प्रिय है। स्तोत्रों की भरमार कैसे प्रिय हो सकती है ? मंगल का अभिप्राय, ईश्वरनिष्ठा और सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा है। जिन की ऐसी मनोभूमिका सुसिद्ध है। उनका प्रत्येक शब्द मंगलमय है। उनको अलग शाब्दिक मङ्गल पाठ की आवश्यकता नहीं। **श्रीमच्छंकराचार्य** ने ब्रह्मसूत्र भाष्य के प्रारंभ में ईशनमन नहीं किया, परन्तु कई पण्डित गण उनके कुछ प्रारंभिक शब्दों को लेकर, उन्होंने ईश नमन बराबर किया है, ऐसा सिद्ध करने की चेष्टा करते हैं। यह तात्कालिक रूढ़ विचारों का परिणाम है। विवेक दृष्टि से ऐसे आग्रह की कोई अपेक्षा नहीं। सर्व साधारणतः यह ध्यान में रहे कि, यदि हमें उन्नति की आकांक्षा है तो हमारी ईश्वरनिष्ठा अविरत बनी रहनी चाहिये और प्रसंग २ पर नमन आदि करना तो उचित ही बात है. क्योंकि उसी से हमारा आध्यात्मिक बल बढ़ता जाता है।

वेदान्त शास्त्र के अधिकारी पुरुष

वेदान्त शास्त्र के विषय में भी हमें ईश्वरनिष्ठा की अत्यन्त आवश्यकता है, जो सत्यनिष्ठा से किसी प्रकार पृथक् वस्तु नहीं है। वेदान्त शास्त्र पढ़ने के अधिकारी कैसे हों, इस संबन्ध में साम्प्रदायिक ग्रन्थों में बड़ा विस्तृत वर्णन हुआ करता है। शमदमादि षट्क के साथ साधन-चतुष्टय सम्पन्नता इत्यादि का गम्भीर प्रतिपादन देख कर, सम्मति होती है कि, ऐसा पुरुष एकान्त सत्यनिष्ठ सुविचार परायण सब पर प्रेम रखने वाला तथा बुद्धिशाली रहना

आवश्यम्भावी है। वर्णन विस्तार तो लग भग ज्ञानी पुरुष का ही दिखलाई देता है। परन्तु अभ्यासक तो दूर रहे, ये लक्षण बड़े २ पण्डितों में भी कठिनाई से पाये जाते हैं। गत सहस्र वर्ष के इतिहास में भारत वर्ष पर जो परकीयों ने आक्रमण किये और उपद्रव ढहाये, उसके कारण देश में कहीं शान्ति नहीं थी। अतः ऐसे महानुभावों की हमारे समाज में विरलता ही रही। न कोई धर्म का शासक था न विद्या का पुरस्कर्ता। ऐसी अवस्था में वेदान्त विषय पर लिखनेवाले कतिपय ही निकले यही बड़ी बात है। और उन में यदि अधिकार सम्पन्नता न हो, तो कोई आश्चर्य की बात नहीं। यह समय की बलिहारी है, यहां किसी की निन्दा करने का उद्देश नहीं है; परन्तु पाठक विचार कर सकते हैं कि जब कोई अनधिकारी लेखक, ग्रन्थ लिखने बैठते हैं, तो क्या २ करते हैं। उनके प्रयास यही होते हैं, कि पुराने ग्रन्थ जो उन को उपलब्ध हों। उनको प्रथम इकट्ठा कर पढ़ लें और प्रतिपादित विषयों की टिप्पणियाँ बनालें। और फिर अपने उद्दिष्ट ग्रन्थ के विभागों की कल्पना कर, उन में सब बातें निविष्ट कर दें तो बन गया ग्रन्थ! अब उसमें योग्यायोग्यता का विचार न्यायनिष्ठुर दृष्टि से कौन करें? विरोधी बातों का समन्वय, या बुद्धिमत्ता से निषेध भी कौन करें? अर्थात् ग्रन्थ में विसंगतता रह जाती है और साधारण जनों को 'ऐसाभी है और वैसाभी है' ऐसा कहने का अवसर प्राप्त होता है।

गुरु भक्ति और श्रद्धा

ऐसे ग्रन्थ और लग भग इसी प्रकार के गुरु मिल जाने पर छात्रगण बड़ी दुविधा में पड़ जाते हैं! 'गुरूक्त वेदान्त वाक्यार्थ अवश्यम्भावित्व निश्चयः' ऐसी 'श्रद्धा' शब्द की व्याख्या ग्रन्थों में लिखी हुई है। पर ऐसी दृढ़ भावना रखते हुए भी, सच्चा अर्थ अपनी सूक्ष्म बुद्धि को स्पष्टतया प्रतीत होना अनिवार्य है, यह मर्म ध्यान में ही नहीं आता। मध्यकाल में हमारे देश में ऐसे तथा कथित गुरुजनों का एक भारी स्तोम मच गया था। **श्रीसमर्थ रामदास स्वामी** ने ऐसे गुरुओं की बड़ी कड़ी खबर ली है (देखिये उनके 'लघु काव्य' जो धूलिया के सत्कार्योत्तेजक सभा ने शालिवाहन शके १८६१ (ई. स. १९३९) में प्रकाशित किये हैं।) गुरु के विषय में :—

। गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुः गुरुर्देवो महेश्वरः
गुरुःसाक्षात्परंब्रह्म, तस्मै श्रीगुरवे नमः ।

इसका सच्चा अर्थ परब्रह्म ही ब्रह्मदेव विष्णु और महादेव हैं। तथा वे ही हमारे साक्षाद् गुरु हैं। परन्तु इस के विपरीत हमारे यहां वाले गुरु ही परब्रह्मादि सब कुछ हैं, ऐसा अर्थ किया जाता है! वेदान्त शास्त्र की दृष्टि से संसार का कोई भी गुरु परब्रह्म नहीं है। हाँ, 'बाधसामानाधिकरण्य' की एक पारिभाषिक रीति वेदान्त शास्त्र में मानी गयी है, उससे सारा जगत् ही ब्रह्मरूप कहा जाता है। पर इसमें तो कोई गौरव गरिमा की बात नहीं है। कहने का तात्पर्य यह है। कि, गुरुमहिमा के सम्बन्ध में गत काल में हमारी धारणाएँ अतिरञ्जित हो गयी थीं, और उसका अवशेष बहुत जगह आज भी पाया जाता है। 'गुरुर्ब्रह्मैवनान्यं ब्रह्म' इस गुरुवाक्य पर दृढ़ विश्वास हो गया तो पूरा काम बन गया, ऐसा ग्रह प्रचलित हो गया है! 'श्रद्धावान् लभते ज्ञानम्' यह तो ठीक है। परन्तु श्रद्धा और ज्ञान पर्याय शब्द नहीं हैं। केवल वाक्य की सत्यता का दृढ़ विश्वास क्या करेगा? उससे सम्यग्ज्ञान कैसे हो? ज्ञान के लिये तो प्रयास करने होते हैं। गुरु के सामने अपनी सब शंकाएँ खुले अंतःकरण से रखनी पड़ती हैं, और ऊहा पोह तथा विवेक विमर्श के बाद ही सम्यग्ज्ञान का उदय हो सकता है।

वेदान्त विचारों में विपर्यस्त धारणाएँ

खेद की बात है कि वेदान्त साहित्य में अनेक प्रबन्ध, ऐसे भी लिखे गये हैं जिन में दोषान्वित कल्पनाओं की संकीर्णता दिखाई देती है। इसके परिणाम स्वरूप उपर्युक्त श्रद्धावाले बहुसंख्य साधक प्रस्थान त्रयी के मौलिक सिद्धान्तों से दूर भटक गये हैं। इसी आशय की सम्मति स्वर्गीय महामहोपाध्याय डॉ० गंगानाथ झा भूत पूर्व चान्सलर इलाहबाद विश्व विद्यापीठ, ने भी प्रकट की है। अपने 'शांकर वेदान्त' नामक ग्रन्थ के पृष्ठ २३४ पर वे लिखते हैं:—

'Shankaracharya and his teachings have been very much misunderstood by even well-informed and

well-intentioned scholors. They have also been unduly extended and mis-applied by his unthinking followers''

दूसरे एक लेखक जिनका नाम Mr. E. P. Horwitr है अपने 'वेद और वेदान्त' नामक पुस्तक के पृष्ठ २१३ पर लिखते हैं :—

At present Aryan idealogy is spineless, a peal without the orange, an empty word, a war-whoop, an imitation gem. Adwaita has become a toy and technical hobby of the learned; a new revivalist will come, maybe next century from Red Russia ?

इस पुस्तक के प्रथम प्रबन्ध पर, ऐसा प्रबल दोषारोपण किया गया था कि उसमें श्रीशंकराचार्य जी के मौलिक सिद्धान्तों के विरोधी किम्बहुना द्वैत साम्प्रदायिक विचारों का ही प्रतिपादन किया गया है। इसका कारण यह है, कि हमारे समाज में औपनिषदिक अद्वैत सिद्धान्त के विरोधी अनोखी धारणाएँ प्रश्रय पा गयी हैं। और इसीलिए सत्य प्राचीन तत्त्व आज हमें अजब और नये मालूम हो रहे हैं। वास्तव में प्रस्तुत लेखक ने कोई अपूर्व दार्शनिक तथ्य का रहस्योद्घाटन नहीं किया है। सनातन ब्रह्मकारणता सिद्धान्त अर्थात् चिद्विलास-पक्ष का ही उसने स्पष्ट रीति से समर्थन किया है। श्रुतिप्रामाण्य को कहीं नहीं त्यागा है। जगद्विख्यात महामना स्वामी विवेकानन्द ने जिन श्रौत सिद्धान्तों के गम्भीर निरुपणों से पश्चिम के गण्य मान्य विद्वानों को आश्चर्य कम्पित कर दिया था, वे ही इन प्रबन्धों के विषय बने हुए हैं। वर्त्तमान दिगन्त विश्रुत कीर्ति सर्वेपल्ली सर राधाकृष्णन् जो भारत के सौभाग्य से आज हमारे उपराष्ट्रपति हैं, उनकी भी यही उच्चतम विवेक प्रणाली रही है। बङ्गाल के अनेक मेधावी सज्जन इन्हीं मतों के समर्थक हैं।

शंकर भगवान् के ग्रन्थ

लेखक श्रीशंकराचार्य का परमभक्त है। उनके नाम पर सैकड़ों प्रबन्ध अनेक शताब्दियों से चले आये हैं। परन्तु अन्वेषकों की यही अभिमति है कि उनमें से उनके बनाये

प्रबन्ध बहुत ही अल्प हैं। 'इति श्रीमच्छंकराचार्य विरचितम्' ऐसा अन्त में रहना यह कोई उनकी कृति का एकान्तिक गमक नहीं। बहुतसे तो सम्भवतः उनके पांच, छः पीठों पर बिराजे हुए परिव्राजकों के हो सकते हैं। नहीं तो उनके भक्तिपूर्ण शिष्यों ने गुरुमहात्म्य को बढ़ाने की सद्भावना से अपनी ही कृतियां, उनके नाम से विख्यात करायी हों तो असम्भव नहीं। देखना यह है कि, इन प्रबन्धों में कहीं मूलगामी विरोधी प्रतिपादन है क्या? यदि है, तो उनमें से, एक ही पक्ष उनका हो सकता है, और दूसरा किसी अन्य का। उपासना मार्ग के सम्बन्ध में अथवा तार्किक ऊहापोहों में कभी कदाचित् विरोध दिखाई दे, परन्तु तात्त्विक प्रतिपादनों में कोई भी विद्वान् व्याघात दोषों को नहीं होने देगा। फिर श्रीमदाचार्य की तो बात ही अलग है। जो ब्रह्मसूत्र भाष्य ग्रन्थ, उनके नाम पर प्रसिद्ध है, वह तो उन्हींका होने में सन्देह नहीं है। क्योंकि उसपर भारी वाद प्रतिवाद हो चुके हैं। जिन उपनिषदों के भाष्य पर, श्री सुरेश्वराचार्य के वार्तिक हैं, श्रीमदाचार्य विरचित ही हैं। शेष ग्रन्थ, जिनमें उपर्युक्त ग्रन्थों से मिलता जुलता प्रतिपादन है, उन्हीं के हो सकते हैं। परन्तु इस सबन्ध में निश्चितता से कौन क्या कहेगा।

श्री शंकराचार्य पर अयोग्य दोषारोपण

उनपर जो दोषारोपण किया जाता है, उसका कारण यही है कि आज उनके आशय के समझने में हमें कठिनाइयाँ प्रतीत हो रही हैं। उनका **मायावाद**, अज्ञान कारणता वाद है, या बौद्धों जैसा **भ्रम** अथवा **प्रतिभास** वाद है, ऐसा समझा जा रहा है! विमर्श की बात है, कि जिन्होंने अपने ब्रह्म सूत्र भाष्य में अनेक प्रतिद्वन्द्वियों के विरोध में अपनी अतुलनीय प्रतिभा से, ब्रह्मकारणता सिद्धान्त प्रतिष्ठित कर दिया, वे भ्रान्ति कारणता को क्यों कर मानेंगे? मान्य है कि इस संसार में, भ्रान्ति का अस्तित्व विपुल मात्रा में दिखाई देता है, पर उससे भ्रान्ति कारणता या प्रतिभासवाद सिद्ध नहीं होता। यह वाद जिसका दूसरा नाम **निरालम्ब** वाद है, बौद्ध सम्प्रदाय का है, जिसमें अखिल बाह्य पदार्थों को भ्रम रूप माना गया है। इसका खण्डन ब्रह्म सूत्र 'नाभावः उपलब्धेः' (२-२-२८) के भाष्य

में उन्होंने किस प्रज्ञा प्रकर्ष से **शंकर** भगवान् ने किया है देखते ही बनता है। अनुपद में ही 'वैधर्म्याच्च न स्वप्नादिवत्' (२-२-२९) इस सूत्र के भाष्य में उन्होंने जगत् स्वप्न नहीं है, ऐसा स्पष्टरूप से निर्णय ही दे रखा है। उनका 'मिथ्यात्व सिद्धान्त, या 'विवर्तवाद' भ्रमवाद नहीं है। वह तो श्रुतिप्रोक्त 'मृत्तिकेत्यकसत्यम्' वाला **'सत्कार्यवाद'** है, जिसका पर्याप्त विवेचन आगे प्रकरण (४१) पृष्ठ १४६ पर किया गया है।

उनपर और भी एक प्रबल आरोप है, कि उन्होंने संन्यासाश्रम को अकारण अतिरञ्जित स्थान दे कर देश भर में अकर्मण्यता और आलस्य को बढ़ावा दिया, जिससे समाज की अपरम्पार हानि हुई है। इसमें सन्देह नहीं कि गुँसाईं बैरागियों के जत्थे के जत्थे और अन्य व्यसनी बेकारों की संख्या इस देश में जितनी अधिक मात्रामें मिलती है। उतनी संसार भर के किसी देश में नहीं मिलेगी। पर इस दुरवस्था का उत्तर दायित्व **शंकर** भगवान् पर नहीं डाला जा सकता; उनका समय तो बहुत थोड़ा था। उनके बहुत पहलेसे ही यह दुर्दशा चली आयी है, जिसका कारण बौद्ध साम्प्रदायिकता और कोई छः सात शताब्दियों की उनके शासन की धूम रही है। इसी का व्यापक प्रभाव हमारे सनातनी पण्डितों पर पड़ने से इस विचित्र **अकर्तृता** और **अकर्मण्यता** की समृद्धि हो गई, जिसका पर्याप्त विवरण इस पुस्तक के प्र० (३०)परिच्छेद (२) पृष्ठ ६१ और प्र० (३९) पृष्ठ पर किया गया है।

बहुत से वेदान्त के अभ्यासकों में यह धारणा रूढ़ हो गई है, कि श्रीशंकराचार्य ने अपने ब्रह्मसूत्र भाष्य के प्रस्ताव में जो **अध्यास** के विषय पर हृदय ग्राहिणी चर्चा की है उसमें उन्होंने 'भ्रमकारणता वाद' की ही सिद्धि की है! इस असमञ्जसता का कारण, योग्य अध्ययन का अभाव, यही है। ऊपर पहले ही बताया गया है कि जिन्होंने अपनी अतुलनीय प्रज्ञा से ब्रह्म-कारणता सिद्धान्त को अपने भाष्य में यत्र तत्र सर्वत्र प्रमाणित कर रखा है, वे उसी के खण्डन को क्यों प्रस्तुत होंगे? **अध्यास** भाष्य एक छोटासा तत्त्वग्राही मार्मिक निबन्ध है, जिसका उल्लेख आगे पृष्ठ ६४ पर किया गया है। इसमें

उन्होंने मनोविज्ञान के ऊँचें स्तर से मानव स्वभाव की मीमांसा की है, और बताया है, कि हमारी बुद्धि अनेक जन्मार्जित संस्कार तथा वासनाओं के कारण, किसी विषय को निष्पक्षपात और यथार्थता से देखने के लिए स्वभावतः ही असमर्थ है। फिर इन सबको बढ़ावा देनेवाला हमारा जन्मजात अहंभाव है, उससे तो अधिक ही हमारी दुरवस्था हो जाती है! अर्थात् कलुषित पूर्वग्रहों के बिना हम किसी विचार या व्यवहार को प्रस्तुत ही नहीं होते! वे लिखते हैं:—'देहेन्द्रियादिषु अहं ममाभिमान हीनस्य प्रमातृत्वानुपपत्तौ प्रमाणप्रवृत्त्यनुपपत्तेः—न च अनध्यस्तात्मभावेन देहेन कश्चिद्व्यापि यते—तस्माद्विद्यावद् विषयाण्येव प्रत्यक्षादीनि प्रमाणानि शास्त्राणिच पश्वादिभिश्चाविशेषात्'

शंकर भगवान् ने यहां मनोविज्ञान का एक मार्मिक तथा व्यापक नियम बताया है; और उनका आशय कदापि यह नहीं है कि इस कलुषितता तथा दुर्बलता को पहचानने वाले और उसपर विजय पानेवाले कोई भी पुरुष यहां हो नहीं सकते! परन्तु अनेक वेदान्त शास्त्र के अभ्यासक और पण्डित इसी को लिए बैठे हैं, कि जहाँ प्रमातृत्व अर्थात् प्रमाण प्रमेय व्यवहार आ गया, वहाँ भ्रान्ति का रहना अवश्यम्भावी है, भले ही ये व्यवहार शुक मुनीन्द्र या याज्ञवल्क्य योगीन्द्र जैसे ज्ञानी पुरुषों के क्यों न हों? ऐसा असम्बद्ध अर्थ लगा कर ये भद्र व्यक्ति 'भ्रमकारणता' की सिद्धि करने पर उतारू होते हैं! इस ऊँची दार्शनिकता के सामने श्रीमद्भगवद्गीता का सारा 'कर्माकर्म विवेक' 'ज्ञानकर्म संन्यास योग' गुणातीत पुरुषों का आचरण 'यस्य नाहं कृतो भावो' (अ. १८ श्लो. १७) इत्यादि इत्यादि वचन, एवं समूचा तत्त्वज्ञान तुच्छ हो जाता है! शंकर भगवान् को स्वप्न में भी कल्पना नहीं हुई होगी, कि उनके कतिपय अनुयायी गण उनके प्रतिपादनों का ऐसा विपरीत अर्थ लगाएँगे! क्या स्थितप्रज्ञ पुरुषों के व्यवहार प्रमाण प्रमेय युक्त होते ही नहीं? अथवा जो होते हैं, वे सब भ्रान्ति पूर्ण होते हैं? यह भी एक अजब शब्दारण्य सा नमूना है!

शांकर ग्रन्थों का अध्ययन

जब हम श्रीशंकराचार्य के ग्रन्थ पढ़ते हैं, तो हमको उनका यथार्थ अभिप्राय समझने के लिए, निम्न बातों पर ध्यान देना अत्यावश्यक होता है:—

(१) उनके समय में यद्यपि बौद्ध धर्म और सम्प्रदायों की हीन दशा हो गयी थी, और बौद्ध राज्य भी नष्टप्राय हो गये थे, तथापि अनेक शताब्दियों से प्रचलित बौद्ध तत्वज्ञान और विचारों का प्रभाव जनता पर बना ही रहा। 'सर्वं क्षणिकं क्षणिकं, सर्वं दुःखं दुःख सर्वं शून्यं शून्यं' इन्ही सिद्धान्तों की भ्रान्तिजनक छाप जनता पर रही। यों देखा जाय तो दुःखों का प्रकोप किस काल में नहीं रहता है? सुख तुरन्त ही भूला जाता है, पर दुःख दीर्घकाल तक दिल में चुभता ही रहता है! आज भी यही दशा है और आगे भी वैसी ही रहने वाली है।

महात्मा **बुद्ध** ने जरा मृत्यु ताप और दुःख इन पर विशेष जोर दिया था, अर्थात् इनसे छुटकारा पानेके लिये त्याग और संन्यास ये ही अव्यर्थ साधन हैं, यही भावना जनता में प्रबल रही। शंकर भगवान् ने अध्यात्म विद्या के प्रचार के लिये इससे लाभ उठा लिया; परन्तु इस सम्बन्ध में उन्होंने धर्म मर्यादा की उपेक्षा, कहीं भी नहीं की।

(२) इसमें सन्देह नहीं कि उन्होंने अपना कर्त्तव्य अध्यात्म विज्ञान के प्रचार कार्य में ही सीमित करलिया था, तथापि धर्मसंस्थापना के लिये भी उनका कार्य अनुपमेय रहा यह निर्विवाद है।

(३) उनके विरोध में मीमांसक, चार्वाक, बौद्ध, कापालिक, जैन, कापिल सांख्य, नैयायिक, और वैशेषिक, इतने पक्ष थे। अतः इनके अनेकों आक्षेपों और युक्ति तर्कों के खण्डन की दृष्टि से उनको अपने प्रधान ग्रन्थों की रचना करनी पड़ी है।

(४) **अद्वैत विज्ञान** के अनेक सिद्धान्तों में [१] **ब्रह्मकारणता** और [२] **सत्कार्यवाद,** ये दो असाधारण महत्ता रखते हैं। इन्हीं की नींव पर उनका सारा प्रतिपादन अधिष्ठित है। अन्त्योक्त सिद्धान्त का पर्याप्त विवेचन आगे प्र० (४१) पृष्ठ १४६ पर किया गया है। इसके मूल-तत्व और परिभाषा, यदि न समझ लें तो ब्रह्मसूत्र भाष्य का मर्म हृदयंगम करने में कठिनाई अनुभव होती है।

श्री शंकराचार्य का अवतार कार्य

धर्म का परित्राण देश की सुरक्षा और परिपालन के लिये 'संन्यास निष्ठ आत्म विज्ञान तथा कर्मयोग' की कितनी महत्ता है, इसका प्रतिपादन, संक्षेप से क्यों न हो, जितना उत्तेजना पूर्ण शब्दों से श्री शंकराचार्य ने भगवद्गीता के चौथे अध्याय के प्रस्ताव में किया है, वैसा सम्भवतः किसी अन्य भाष्यकार ने नहीं किया है।

श्रीमद्भगवद्गीता में जहाँ संन्यास का प्रतिपादन आया है, वहाँ वर्णाश्रम धर्म विहित संन्यासाश्रम की प्रतिष्ठा रखते हुए, अन्य आश्रमियों को उन्होंने **कर्मफल** त्याग का आदेश दिया है, स्वरूपतः **कर्मत्याग** का नहीं। गीता माता की दृष्टि से त्याग शब्द का अर्थ ही ईश्वरार्पण बुद्धि से अपने अपने कर्त्तव्योंपर नित्य प्रति निर्भर रहना है। इस में द्विविध लाभ की प्राप्ति होती है; (१) **कर्म सिद्धान्त** के अनुसार कर्म अपने फल को तो निश्चय ही उत्पन्न कर देता है जो ईश्वरार्पण किया जाता है परन्तु (२) त्यागी पुरुष को आध्यात्मिक उन्नति रूप फल की भी अवश्य प्राप्ति होती है, जिसके निमित्त वह अपनी आत्मिक उन्नति पथ पर अग्रसर होना चला जाता है।

ध्यान में रखने की बात है कि श्रीशंकराचार्य ने अनधिकारी व्यक्तियों को अपनी मनगढन्त साधनाओं के पीछे जंगल अथवा पहाड़ों की खाक छानने का उपदेश नहीं किया है। अतः उन पर देश में आलस्य को बढ़ावा देना अथवा भ्रान्तिवाद को फैलाना इत्यादि जो दोषारोपण किया जाता है, वह

केवल अज्ञानता का परिचायक है। उनकी जीवनी ही इसके निराकरण के लिये पर्याप्त साधन है। बत्तीस वर्ष के छोटे काल में इस मेधावी दार्शनिक शिरोमणि ने वह महान् कार्य कर दिखाया जो इस संसार के बड़े बड़े धर्म प्रणेताओं में अभूत पूर्व है। केवल अठारह वर्ष की आयु में अनेक अमर भाष्यों की रचना करना, तथा इस विशाल भारत का पर्यटन ऐसे काल में जब यातायात के साधनों की कोई भी सुविधाएँ न थीं, कन्धे पर कन्था धारण करते हुए, पाद चारी करना, स्थलों स्थलों पर वाद प्रतिवाद करते हुए स्वमत की संस्थापना, वेदबाह्य बौद्धों तथा उद्दण्ड दीक्षाधारी कापालिकों को परास्त कर देना, देश की चारों दिशाओं में अद्वैत विज्ञान प्रचारक मठों की स्थापना करना, और उनके लिये 'मठाम्नाय' का विधान बना देना, इत्यादि कार्य, कोई साधारण बात नहीं है। उनकी यह प्रवृत्तिपरता और अलौकिक कार्य कुशलता, उसके उच्चतम उद्देश्यों पर भाष्य रूप हैं। ऐसे महापुरुष अनेक शताब्दियों में क्वचित ही होते हैं। और अबतक के इतिहास में वे अनन्वयालंकार के उदाहरण बने हुए हैं।

बौद्ध सम्प्रदाय की प्रभाविता

आज दिन जनता में बुद्ध सम्प्रदाय तथा बौद्ध तत्त्वज्ञान के विषय में कौतूहल की भावना उत्पन्न हुई है। हमारे प्रिय राष्ट्र पुरुषों ने हमारी राष्ट्रीय ध्वजा पर अशोक धर्म चक्र को प्रतिष्ठित कर दिया है; जिससे इस जिज्ञासा में समादर का भाव भी सम्मिलित हो गया है।

इस में सन्देह नहीं कि, शाक्यमुनि गौतम एक लोकोत्तर चरित्र, त्यागधन पुरुष हो गये हैं, उनके लोक कल्याण के सदुद्देश्यों पर दो मत नहीं हो सकते। उनके अनथक प्रयत्नों से और **दैवी सम्पत्ति** भरे उपदेशों से आर्य संस्कृति की परिपुष्टि ही हो गयी है। पर साथ ही उन की परम्परा में जो अनुयायी गण उत्पन्न हुए, उन्होंने तत्त्वविज्ञान के क्षेत्र में जो नवीन विचार धाराएँ प्रवर्तित कर दीं, उनसे अनेक अतिरञ्जित कल्पनाओं को बढ़ावा मिलगया। इस के परिणाम स्वरूप देश में अनेक क्षेत्रों में एक भ्रान्ति सी फैल गयी जिस से

(४) **अद्वैत विज्ञान** के अनेक सिद्धान्तों में [१] **ब्रह्मकारणता** और [२] **सत्कार्यवाद,** ये दो असाधारण महत्ता रखते हैं। इन्हीं की नींव पर उनका सारा प्रतिपादन अधिष्ठित है। अन्त्योक्त सिद्धान्त का पर्याप्त विवेचन आगे प्र० (४१) पृष्ठ १४६ पर किया गया है। इसके मूल-तत्व और परिभाषा, यदि न समझ लें तो ब्रह्मसूत्र भाष्य का मर्म हृदयंगम करने में कठिनाई अनुभव होती है।

श्री शंकराचार्य का अवतार कार्य

धर्म का परित्राण देश की सुरक्षा और परिपालन के लिये 'संन्यास निष्ठ आत्म विज्ञान तथा कर्मयोग' की कितनी महत्ता है, इसका प्रतिपादन, संक्षेप से क्यों न हो, जितना उत्तेजना पूर्ण शब्दों से श्री शंकराचार्य ने भगवद्गीता के चौथे अध्याय के प्रस्ताव में किया है, वैसा सम्भवतः किसी अन्य भाष्यकार ने नहीं किया है।

श्रीमद्भगवद्गीता में जहाँ संन्यास का प्रतिपादन आया है, वहाँ वर्णाश्रम धर्म विहित संन्यासाश्रम की प्रतिष्ठा रखते हुए, अन्य आश्रमियों को उन्होंने **कर्मफल** त्याग का आदेश दिया है, स्वरूपतः **कर्मत्याग** का नहीं। गीता माता की दृष्टि से त्याग शब्द का अर्थ ही ईश्वरार्पण बुद्धि से अपने अपने कर्त्तव्योंपर नित्य प्रति निर्भर रहना है। इस में द्विविध लाभ की प्राप्ति होती है; (१) **कर्म सिद्धान्त** के अनुसार कर्म अपने फल को तो निश्चय ही उत्पन्न कर देता है जो ईश्वरार्पण किया जाता है परन्तु (२) त्यागी पुरुष को आध्यात्मिक उन्नति रूप फल की भी अवश्य प्राप्ति होती है, जिसके निमित्त वह अपनी आत्मिक उन्नति पथ पर अग्रसर होता चला जाता है।

ध्यान में रखने की बात है कि श्रीशंकराचार्य ने अनधिकारी व्यक्तियों को अपनी मनगढन्त साधनाओं के पीछे जंगल अथवा पहाड़ों की खाक छानने का उपदेश नहीं किया है। अतः उन पर देश में आलस्य को बढ़ावा देना अथवा भ्रान्तिवाद को फैलाना इत्यादि जो दोषारोपण किया जाता है, वह

केवल अज्ञानता का परिचायक है। उनकी जीवनी ही इसके निराकरण के लिये पर्याप्त साधन है। बत्तीस वर्ष के छोटे काल में इस मेधावी दार्शनिक शिरोमणि ने वह महान् कार्य कर दिखाया जो इस संसार के बड़े बड़े धर्म प्रणेताओं में अभूत पूर्व है। केवल अठारह वर्ष की आयु में अनेक अमर भाष्यों की रचना करना, तथा इस विशाल भारत का पर्यटन ऐसे काल में जब यातायात के साधनों की कोई भी सुविधाएँ न थीं, कन्धे पर कन्था धारण करते हुए, पाद चारी करना, स्थलों स्थलों पर वाद प्रतिवाद करते हुए स्वमत की संस्थापना, वेदबाह्य बौद्धों तथा उद्दण्ड दीक्षाधारी कापालिकों को परास्त कर देना, देश की चारों दिशाओं में अद्वैत विज्ञान प्रचारक मठों की स्थापना करना, और उनके लिये 'मठाम्नाय' का विधान बना देना, इत्यादि कार्य, कोई साधारण बात नहीं है। उनकी यह प्रवृत्तिपरता और अलौकिक कार्य कुशलता, उसके उच्चतम उद्देश्यों पर भाष्य रूप हैं। ऐसे महापुरुष अनेक शताब्दियों में क्वचित ही होते हैं। और अबतक के इतिहास में वे अनन्वयालंकार के उदाहरण बने हुए हैं।

बौद्ध सम्प्रदाय की प्रभाविता

आज दिन जनता में बुद्ध सम्प्रदाय तथा बौद्ध तत्त्वज्ञान के विषय में कौतूहल की भावना उत्पन्न हुई है। हमारे प्रिय राष्ट्र पुरुषों ने हमारी राष्ट्रीय ध्वजा पर अशोक धर्म चक्र को प्रतिष्ठित कर दिया है; जिससे इस जिज्ञासा में समादर का भाव भी सम्मिलित हो गया है।

इस में सन्देह नहीं कि, शाक्यमुनि गौतम एक लोकोत्तर चरित्र, त्यागधन पुरुष हो गये हैं, उनके लोक कल्याण के सदुद्देश्यों पर दो मत नहीं हो सकते। उनके अनथक प्रयत्नों से और **दैवी सम्पत्ति** भरे उपदेशों से आर्य संस्कृति की परिपुष्टि ही हो गयी है। पर साथ ही उन की परम्परा में जो अनुयायी गण उत्पन्न हुए, उन्होंने तत्त्वविज्ञान के क्षेत्र में जो नवीन विचार धाराएँ प्रवर्तित कर दीं, उनसे अनेक अतिरञ्जित कल्पनाओं को बढ़ावा मिलगया। इस के परिणाम स्वरूप देश में अनेक क्षेत्रों में एक भ्रान्ति सी फैल गयी जिस से

हमारी बहुत हानि हो गई है। तत्त्वज्ञान के विषय में जो उद्भ्रान्त धारणाएँ हमारी बुद्धि पर छा गई हैं, उनका विवरण इस पुस्तक में अनेकों स्थलों पर किया गया है। परन्तु हमारी इस दुर्दशाग्रस्तता का उत्तर दायित्व बौद्ध सम्प्रदाय पर है, ऐसा कदापि इस लेखक का आशय नहीं है। तत्कालीन धर्माग्रणियों तथा क्षत्रिय नरेशों का यह कर्तव्य था कि प्राचीन तत्त्वविज्ञान तथा सनातन धर्म की सुरक्षा करें। पर खेद की बात है कि, यह उन से नहीं बन सका। अतः देश की दुरवस्था की जिम्मेवारी हम पर ही आपन्न होती है।

इसमें सन्देह नहीं कि ग्रन्थ प्रणयन की मर्यादा तक बौद्ध तत्त्वज्ञान तथा सम्प्रदाय के अनेक विचारों का पर्याप्त मात्रा में परीक्षण और खण्डन अपने समय के अन्यतम विद्वान कुमारिल भट्ट ने अपने ग्रन्थों में कर दिया है। इस के अनन्तर श्री शंकराचार्य ने अपने ब्र. सू. भाष्य तथा अन्य ग्रन्थों में, अपनी अनूठी शैली तथा प्रबल युक्ति प्रमाणों से बौद्ध सिद्धान्तों की निःसारता सिद्ध कर रखी है। परन्तु यह सब विचारोच्च दृष्टि के खण्डन और ऊहापोह, ग्रन्थों के अन्दर ही रह गये; इनका प्रभाव सर्व साधारण जनता पर न हो सका। प्रथम तो साक्षरता का प्रमाण ही इस देश में अत्यल्प रहा है, और उसमें ब्रह्म सूत्रों की गीर्वाण भाषा पढ़ने और समझने वाले तो बहुत ही अल्प थे। फिर आपत्ति यह रही कि **शंकर** भगवान् का काल ही इतना थोड़ा रहा कि उन को अद्वैत विज्ञान के प्रचार के लिये जितना अवसर मिलना आवश्यक था उस का कुछ अंश भी न मिल सका फलतः सारे देश में बौद्ध सिद्धान्तों की प्रभाविता ही जड़ जमाये रह गयी।

श्री शंकराचार्य के शिष्य प्रशिष्य

इसका विचित्र परिणाम यह हुआ की **श्रीशंकराचार्य** के अपने शिष्य प्रशिष्यों में ही ऐसे व्यक्ति उत्पन्न हुए जिन्होंने प्राचीन औपनिषदिक सिद्धान्तों को त्याग कर 'अज्ञान कारणता' 'भ्रम कारणता' और 'भेदाभेद वाद' को ही स्वीकार और पुरस्कृत कर दिया, जिसका विशेष विवेचन आगे प्रकरण (३०) परिच्छेद (२) के अन्तिम विभाग में किया गया है। इन पण्डितों के

नाम यह हैं:—(१) 'संक्षेपशारीरक कर्ता सर्वज्ञात्ममुनि (ई. स. ८००) (२) भामती व्याख्या कर्ता श्रीवाचस्पति मिश्र (ई. स. ८५०) (३) सिद्धान्त बिन्दु कर्ता श्रीमधुसूदन सरस्वती (ई. स. (१५६५) (४) सिद्धान्त मुक्तावली कर्ता पण्डित प्रकाशानन्द (ई. स. १५६५) और (५) महाभारत के ख्यातनाम टीकाकार श्री नीलकण्ठ (ई. स. १६५०) इनके अतिरिक्त प्राकृत ग्रन्थकार तो विपुल संख्या में हो गये हैं।

इसमें सन्देह नहीं कि प्रथम और तृतीय ग्रन्थकार भारत वर्ष में विश्रुत कीर्ति विद्वन्मूर्धन्य पण्डित हो गये, जिन्होंने अपनी अतुल प्रज्ञासे ब्रह्मकारणता सिद्धान्त का बडी दृढ़ता से समर्थन किया है। परन्तु साथ ही परब्रह्म भ्रान्त होता है यह भी लिख दिया है! बहुत पण्डितों का कहना है, कि ऐसा उनका आशय कदापि नहीं हो सकता। परन्तु समझ में नहीं आता कि क्या वेदान्त शास्त्र इतना दिवालिया हो गया था कि इन पण्डितों को ऐसे घृणित शब्दों का व्यवहार करना अनिवार्य हो गया? इन दूषित शब्दों का परिणाम यह हुआ है, कि साधारण अभ्यासक तो दूर, बड़े बड़े पण्डित भी इस भँवर में आ गये हैं. और यही हमारा सिद्धान्त है ऐसा निरर्गल प्रतिपादन करते हैं!

ऊपर की नामावली में विद्वद्रत्न श्रीवाचस्पति मिश्र का भी नाम है। इनका मत उपर्युक्त पण्डितों का विरोधी है, परन्तु इन्होंने भ्रान्ति कारणता का एक तीसरा ही राग आलापा है, जिसे सुन कर विज्ञ पाठक दान्तों तले अँगुली दबा लेंगे! इनके व्याख्याकार श्री अमलानन्द अपनी 'वेदान्त कल्पतरु' टीका में, स्पष्टतया लिखते हैं:—

। स्वशक्त्या नटवत् ब्रह्म कारणं **शंकरो**ऽब्रवीत्
जीवभ्रान्तिनिमित्तं तत् बभाषे भामतीपतिः।
(देखिये ब्र. सू. २-१-२० पर उनकी टीका)

कहना न होगा कि इस घोषणा में एक ऐसे प्रवीण विद्वान् की आत्मा बोल रही है, जिन्होंने ब्र. सू. शांकर भाष्य तथा भामती व्याख्या का आद्योपान्त

हमारी बहुत हानि हो गई है। तत्त्वज्ञान के विषय में जो उद्भ्रान्त धारणाएँ हमारी बुद्धि पर छा गई हैं, उनका विवरण इस पुस्तक में अनेकों स्थलों पर किया गया है। परन्तु हमारी इस दुर्दशाग्रस्तता का उत्तर दायित्व बौद्ध सम्प्रदाय पर है, ऐसा कदापि इस लेखक का आशय नहीं है। तत्कालीन धर्माग्रणियों तथा क्षत्रिय नरेशों का यह कर्तव्य था कि प्राचीन तत्त्वविज्ञान तथा सनातन धर्म की सुरक्षा करें। पर खेद की बात है कि, यह उन से नहीं बन सका। अतः देश की दुरवस्था की जिम्मेवारी हम पर ही आपन्न होती है।

इसमें सन्देह नहीं कि ग्रन्थ प्रणयन की मर्यादा तक बौद्ध तत्त्वज्ञान तथा सम्प्रदाय के अनेक विचारों का पर्याप्त मात्रा में परीक्षण और खण्डन अपने समय के अन्यतम विद्वान कुमारिल भट्ट ने अपने ग्रन्थों में कर दिया है। इस के अनन्तर श्री शंकराचार्य ने अपने ब्र. सू. भाष्य तथा अन्य ग्रन्थों में, अपनी अनूठी शैली तथा प्रबल युक्ति प्रमाणों से बौद्ध सिद्धान्तों की निःसारता सिद्ध कर रखी है। परन्तु यह सब विचारोच्च दृष्टि के खण्डन और ऊहापोह, ग्रन्थों के अन्दर ही रह गये; इनका प्रभाव सर्व साधारण जनता पर न हो सका। प्रथम तो साक्षरता का प्रमाण ही इस देश में अत्यल्प रहा है, और उसमें ब्रह्म सूत्रों की गीर्वाण भाषा पढ़ने और समझने वाले तो बहुत ही अल्प थे। फिर आपत्ति यह रही कि **शंकर** भगवान् का काल ही इतना थोड़ा रहा कि उन को अद्वैत विज्ञान के प्रचार के लिये जितना अवसर मिलना आवश्यक था उस का कुछ अंश भी न मिल सका फलतः सारे देश में बौद्ध सिद्धान्तों की प्रभाविता ही जड़ जमाये रह गयी।

श्री शंकराचार्य के शिष्य प्रशिष्य

इसका विचित्र परिणाम यह हुआ की **श्रीशंकराचार्य** के अपने शिष्य प्रशिष्यों में ही ऐसे व्यक्ति उत्पन्न हुए जिन्होंने प्राचीन औपनिषदिक सिद्धान्तों को त्याग कर 'अज्ञान कारणता' 'भ्रम कारणता' और 'भेदाभेद वाद' को ही स्वीकार और पुरस्कृत कर दिया, जिसका विशेष विवेचन आगे प्रकरण (३०) परिच्छेद (२) के अन्तिम विभाग में किया गया है। इन पण्डितों के

नाम यह हैं:—(१) 'संक्षेपशारीरक कर्ता सर्वज्ञात्ममुनि (ई. स. ८००) (२) भामती व्याख्या कर्ता श्रीवाचस्पति मिश्र (ई. स. ८५०) (३) सिद्धान्त बिन्दु कर्ता श्रीमधुसूदन सरस्वती (ई. स. (१५६५) (४) सिद्धान्त मुक्तावली कर्ता पण्डित प्रकाशानन्द (ई. स. १५६५) और (५) महाभारत के ख्यातनाम टीकाकार श्री नीलकण्ठ (ई. स. १६५०) इनके अतिरिक्त प्राकृत ग्रन्थकार तो विपुल संख्या में हो गये हैं।

इसमें सन्देह नहीं कि प्रथम और तृतीय ग्रन्थकार भारत वर्ष में विश्रुत कीर्ति विद्वन्मूर्धन्य पण्डित हो गये, जिन्होंने अपनी अतुल प्रज्ञासे ब्रह्मकारणता सिद्धान्त का बडी दृढ़ता से समर्थन किया है। परन्तु साथ ही परब्रह्म भ्रान्त होता है यह भी लिख दिया है! बहुत पण्डितों का कहना है, कि ऐसा उनका आशय कदापि नहीं हो सकता। परन्तु समझ में नहीं आता कि क्या वेदान्त शास्त्र इतना दिवालिया हो गया था कि इन पण्डितों को ऐसे घृणित शब्दों का व्यवहार करना अनिवार्य हो गया? इन दूषित शब्दों का परिणाम यह हुआ है, कि साधारण अभ्यासक तो दूर, बड़े बड़े पण्डित भी इस भँवर में आ गये हैं. और यही हमारा सिद्धान्त है ऐसा निरर्गल प्रतिपादन करते हैं!

ऊपर की नामावली में विद्वद्रत्न श्रीवाचस्पति मिश्र का भी नाम है। इनका मत उपर्युक्त पण्डितों का विरोधी है, परन्तु इन्होंने भ्रान्ति कारणता का एक तीसरा ही राग आलापा है, जिसे सुन कर विज्ञ पाठक दान्तों तले अँगुली दबा लेंगे! इनके व्याख्याकार श्री अमलानन्द अपनी 'वेदान्त कल्पतरु' टीका में, स्पष्टतया लिखते हैं:—

। स्वशक्त्या नटवत् ब्रह्म कारणं **शांकरो**ऽब्रवीत्
जीवभ्रान्तिनिमित्तं तत् बभाषे भामतीपतिः।
(देखिये ब्र. सू. २-१-२० पर उनकी टीका)

कहना न होगा कि इस घोषणा में एक ऐसे प्रवीण विद्वान् की आत्मा बोल रही है, जिन्होंने ब्र. सू. शांकर भाष्य तथा भामती व्याख्या का आद्योपान्त

परिशीलन किया है। यह एक ही नहीं, पचासों मेधावी पुरुषों को प्रतीत हो रहा है कि श्रीशंकराचार्य के शिष्य प्रशिष्य ही उनके सिद्धान्तों से दूर भटक गये हैं! इस सम्बन्ध में अधिक विवेचन आगे किया जाएगा।

अद्वैत विज्ञान की विशेषताएँ

वैदिक अद्वैत तत्त्वज्ञान के सम्बन्ध में प्रायः साद्योपान्त विवेचन इस पुस्तक में किया गया है। तथापि कतिपय मौलिक विशेषताएँ यहां पर दिखा देना आवश्यक प्रतीत होता है। ध्यान में रहे कि यह विज्ञान द्वैत रूप प्रपञ्च के अभाव का प्रतिपादन नहीं करता। अपि तु बताता है कि उसको ब्रह्म की सत्ता के बिना, कोई स्वतन्त्र अस्तित्व ही नहीं है। बीसियों स्थलों पर 'ब्रह्म व्यतिरेकेण अभावः' यही मर्म के शब्द लिखे रहते हैं। बृ. (२-१-१) 'स यथोर्णनाभिःसृजते गृह्णते च' के भाष्य में दिखाया गया है, 'आत्मव्यतिरेकेण वस्त्वन्तराभावात् प्राणादेस्तन्त एव निष्पत्तेः'। ब्रह्म अधिष्ठान है, और अखिल तत्सृष्ट प्रपंच उसी पर अध्यस्त है। अधिष्ठान शब्द कि व्याख्या ही 'आत्मनः सर्वाधिष्ठानत्वं नाम अध्यस्तस्य सत्ता स्फूर्तिप्रदत्वम्', है, दे पृ. ७७। इसीको 'अध्यस्तस्य अधिष्ठानसत्ता अतिरिक्त सत्ता अनङ्गीकारात्' इन शब्दों से उद्घोषित किया जाता है। यही इस विज्ञान के **सत्कार्यवाद** की नींव है, (दे. पृ. १४६) जिसे भगवान् श्रीकृष्णचन्द्र

> । यच्चापि सर्व भूतानां **बीजं** तदहमर्जुन
> न तदस्ति विना यत स्यान्मया भूतं चराचरम् ।
>
> (भ. गी. अ. १० श्लोक ३९)

इस श्लोक से इंगित कर रहे हैं। रहस्य यह है कि कोई कार्य अपने कारण से पृथक् नहीं रहता। अतएव यहां, अनन्त विवर्त रूप तथापि व्यवहार क्षम पदार्थों का अभाव है यह बात नहीं है, परन्तु वे क्षणांश के लिये भी परब्रह्म की सत्ता तथा स्फुरण से, विलग नहीं रह सकते। यही **अनन्यत्व** का मर्म है।

सत्कार्यवाद को समझाने के लिये जैसा बीज-वृक्ष का उदाहरण दिया जाता है, वैसा ही समुद्र का भी दिया करते हैं। बिना समुद्र के जैसे ज्वार, हिलोर, लहरे, तरंग इत्यादि नहीं हो सकते, और न वे कभी पृथक हैं, यही दृष्टान्त है। स्मरण रहे कि दृष्टान्त, जड़, स्थूल रूप है, परन्तु परमात्मा की लीला शक्ति अद्भुत और अपरिमेय है। उसमें जड़ता का नाम तक नहीं है। इसीलिये जड़ प्रपंच को अनृत या मिथ्या कहा गया है। उसका और परब्रह्म का **एकत्व** नहीं है पर **ऐतदात्म्य** अवश्य है, दे. पृ. २०८। यहां के प्रत्येक पदार्थ की आत्मा परब्रह्म है। वह अग्नि के भीतर है और जल के भी भीतर है, पर वह वहां जलती नहीं, या भीगती नहीं। भ्रान्त पुरुष के अन्दर भी है पर वह भ्रान्त नहीं होती और न वह कभी निद्रा या मोहवश ही होती है।

तत्त्व शब्द का साक्षात् अर्थ **तत्ता** याने कारणता है। जो पदार्थ जिसकी कर्तृता से, जिन जिन कारण द्रव्यों उपकरणों तथा क्रियाकलाप व्यवहारों की सहायता से बनता है, वे सब उसके **तत्त्व** समझे जाते हैं। उदाहरण के लिये, घट कलश कुम्भ शराव आदि नानाविध प्रपंच के तत्त्व, मृत्तिका, जल, दण्ड, चक्र, कुम्हार और उसके सब उपकरण और व्यवहार होते हैं। इन सब का यथार्थ ज्ञान ही एतद्विषयक तत्त्वज्ञान कहलाया जाएगा। ठीक इसी प्रकार यह विराट् प्रपंच, इसके अनन्त जीव, जीवाणु, देव, देवतादि लोक और इनकी उत्पादक, नियामक तथा संहारक शक्तियां, इन सबका कारण, चाहे वह एक हो, दो हो, दस हो या हजारों की संख्या में हो, उनका यथार्थ ज्ञान ही तत्वज्ञान कहलाता है। इस के सम्बन्ध में दर्शन कारों में भारी मत भेद है। कोई अभाव को कारण मानते हैं, कोई **अज्ञान** को, कोई पंच या चार सूक्ष्म भूतों को, कोई अनन्त परमाणुओं को, कोई दो को याने पुरुष और प्रकृति को, या शिव और शक्ति को, इत्यादि इत्यादि। कारणों के भी उपादान, समवाय, संघात निमित्त, उपकरण, क्रियाकलाप इत्यादि भेद माने गये हैं। **अद्वैत विज्ञान** का सिद्धान्त है कि आप चाहे उतने भेद मान लीजिये उन सब की, निर्लिप्त रहते

हुए, उत्पत्ति स्थिति तथा संहार, अपने संकल्प मात्र से, करनेवाला एकमेवा द्वितीय परम कारण परब्रह्म है।

। शिवं ब्रह्म विदुः शान्तम् अवाच्यं वाग्विदामपि
स्पन्दशक्तिः तदिच्छा स्यात् दृश्याभासं तनोति सा ।

दे. पृ. ५२. इसी को परब्रह्म की 'अभिन्न निमित्तोपादान कारणता' या 'ब्रह्म कारणता' का सिद्धान्त कहते हैं। इस का यथेष्ट विवेचन प्र० २८, २९ और ३० में किया गया है।

अद्वैत विज्ञान की एक महत्वपूर्ण तथा मर्मग्राही **प्रतिज्ञा** है :— 'एकेन विज्ञानेन सर्वं विज्ञातं भवति' जिसका उल्लेख पृष्ठ २, १३६, २०० और २०८ पर किया गया है। दूसरे दर्शनकार इस अथाह सृष्टि यंत्र के अनेक तथा नानाविध कारणों को मानते हैं, परन्तु अद्वैत दर्शन परब्रह्म को ही 'एकमेवाद्वितीय' कारण मानता है। अतएव इस एक का यदि सम्यग्ज्ञान हो, तो इस जगत् के सभी तत्त्वों का सुन्दरता से ज्ञान हो सकता है, यही मर्म की बात है। ब्र. सू. 'सामान्यात्तु' (३-२-३२) के भाष्य में स्पष्टतया दिखाया गया है :—

श्रुति माता की अमर प्रतिज्ञा

सर्वस्य जनिमतो वस्तुजातस्य जन्मादि ब्रह्मणो भवतीति निर्धारितम्। अनन्यत्वं च कारणात्कार्यस्य। न च ब्रह्म व्यतिरिक्तं किंचिदजं संभवति 'सदेव सोम्य' (छां ६-२-१) इति अवधारणात्। एक विज्ञानेन च सर्व विज्ञान प्रतिज्ञानान्न ब्रह्म व्यतिरिक्त वस्त्वस्तित्वमवकल्पते ।

ब्रह्म कारणता सिद्धान्त, यह नहीं कह रहा है, कि परब्रह्म ही यहाँ सब वस्तुओं में परिणत हो कर यहां के सभी क्रियाकलाप व्यवहार कर रहे हैं। उन की लीला ही आश्चर्यजनक है; इस विराट सृष्टि-यंत्र की उत्पत्ति कर, उसकी धारणा के लिये, उन्होंने ऐसे अकाट्य विधि विधान एवं निसर्ग नियम बनाये हैं, कि मानों उसकी ओर देखने की भी, उनको कोई

परब्रह्म की अद्वितीय कारणता

आवश्यकता नहीं है। 'सदेव सोम्येदमग्र आसीत् एकमेवा द्वितीयम्' (छां ६-२-१) के भाष्य में 'अद्वितीय' शब्द का अभिप्राय **शंकर** भगवान् बताते हैं :— सद् व्यतिरेकेण सतः **सहकारि कारणं** द्वितीयं वस्त्वन्तरं प्रतिषिद्धयते 'अद्वितीय मिति'।

ब्रह्म सूत्र (२-१-२५) के भाष्य में उन्होंने प्रतिपादन किया है, कि चेतनमपि ब्रह्म अनपेक्ष्य बाह्यं साधनम् ऐश्वर्य विशेष योगात् अभिध्यान मात्रेण स्वत एव जगत् सृक्ष्यति'। 'एतस्य वा अक्षरस्य प्रशासने गार्गि सूर्याचन्द्र मसौ विधृतौ तिष्ठतः' बृ. (३-८-९) के भाष्य में, भगवान् **शंकर** बताते हैं :— 'न अस्य अक्षरस्य प्रशासनं द्यु वा पृथिव्यौ अतिक्रामत :— अव्यभिचारि हि तल्लिंगं यत् द्यावा पृथिव्यौ नियते वर्तेते।

बृ. ४-३-१ के भाष्य में भी वे लिखते हैं :—निरूपाधिको निरूपाख्यो नेति नेतीति व्यपदेश्यः साक्षादपरोक्षात्सर्वान्तर आत्मा ब्रह्माक्षरमन्तर्यामी प्रशास्ता औपनिषदः पुरुषः विज्ञानमानन्दं ब्रह्म। भ. गी. अध्याय ८ श्लोक ३ 'अक्षरं ब्रह्म परमम्' पर व्याख्या लिखते हुए श्री मधुसूदन सरस्वती भी स्पष्टतया लिखते हैं :—'सर्वोपाधि शून्यं सर्वस्य प्रशासितृ.....कृत्स्नस्य प्रपंचस्य धारयितृ, अस्मिंश्च शरीरेंद्रिय संघाते विज्ञातृ, निरूपाधिकं चैतन्यं तदिह ब्रह्म इति विवक्षितम्।

शंकर भगवान् ने अपने अनेक ग्रन्थों में सेकड़ों स्थलो पर निस्संन्दिग्ध शब्दों से शुद्ध निर्गुण 'नेति नेति' स्वरूप परब्रह्म की ही प्रभावी कारणता प्रतिपादन की है। उस को ईश्वर या मायोप हित या शबल या वासुदेव या नारायण कहने से वह कोई अलग अशुद्ध या प्रतिबिम्ब रूप वस्तु नहीं होती।

साम्प्रदायिक विपर्यासों का विशेष स्वरूप

परन्तु बड़े अचम्भे की बात है कि **अद्वैत विज्ञान** के इन मौलिक तत्त्वों के विरोध में, अनेक मध्यकालीन और अर्वाचीन पण्डितों ने परब्रह्म की कारणता तथा निरंकुश प्रशासन को ही एक दम उडादिया है ! वे कहते हैं कि उनका परब्रह्म वैशेषिकों जैसा एक केवल **सत्सामान्य** है जिस में किसी प्रकारकी विशेषता ही नहीं है ! ध्यान में रहे कि इस कल्पना का स्पष्टतया निषेध शंकर भगवान ने पहले ही किया है। दे. पृ. ४२

मान्य है कि परब्रह्म अशेष विशेष विरहित हैं, अर्थात् इसका अभिप्राय यही है, कि परब्रह्म निरवयव निर्द्रव्य एकरस होने से उनमें नैयायिकों के पारिभाषिक धर्म धर्मि भाव, या शेष शेषि भाव, या गुण गुणि भाव वाले या गुणाः प्रकृति सम्भवाः' (गी १४-५) ऐसे आवागमनवाले कोई गुणधर्म नहीं हैं (दे. पृ. ५०,५१,) परन्तु उनकी स्वरूप भूत असाधारण विशेषताएँ, याने **नित्यत्व शुद्धत्व बुद्धत्व सृष्टि स्थिति संहार कर्तृत्व प्रशासकत्व नियन्तृत्व** जो अखिल प्रपञ्च से व्यावर्त्तक विशेषण हैं, वे उनके नहीं हैं यह कहना अद्वैत विज्ञान को खो बैठना है !

इस पर प्रश्न होता है कि यदि परब्रह्म को कर्तृत्व मान लिया जाय तो उसे भोक्तृत्व सुखित्व दुःखित्व भी क्यों न मान लिया जाए ? इसका उत्तर यह है कि जगत् में दिखने वाला कर्तृत्व उनको है ऐसा तो कोई अज्ञ पुरुष भी नहीं कहेगा। वे तो सदा ही आप्त काम हैं। परन्तु त्रिलोक को उत्पन्न करने वाला कर्तृत्व, आकाश और काल को भी प्रतुत करा देने वाला सामर्थ्य, त्रिलोकातित परब्रह्म का ही हो सकता है, न किसी कपोल कल्पित **अनादि अज्ञान** या तदुद् भूत किसी पदार्थ का !

क्या **कूटस्थता** भी एक विशेषता नहीं है ? परन्तु अखिल जगत् से व्यावृत्त करने वाली होने से, वह धर्म धर्मि भाव वाली विशेषता नहीं है। ठीक इसी दृष्टि से, उपर्युक्त विशेषताएँ **लक्षण** रूप होनेसे, दूसरे कहीं भी उपलब्ध

नहीं होतीं। निषेध जो किया जाता है वह, **केवल विशेषणों** का किया जाता है स्वरूप भूत विशेषणों अथवा लक्षणों का नहीं। परन्तु दुर्भाग्य से निर्गुणता और निर्विशेषता का अर्थ निर्लक्षणता में किया जारहा है! और इसी में अपनी दार्शनिक धन्य धन्यता मानी जारही है, इसकी क्या औषधि हो सकती है?

सत्य मिथ्या की उलझन्

परब्रह्म के सृष्टिकर्तृत्व सामर्थ्य को श्रुतियों में 'मायाशक्ति' 'प्रकृति' या 'अविद्या' कहा गया है, देखिये परिशिष्ट (उ) क्रमाङ्क (३). इस के सम्बन्ध में प्रायः निम्न तीन प्रश्न हुआ करते हैं :—

(१) क्या ये माया या अविद्या शक्ति भ्रम रूपा हैं या निर्भ्रान्ता हैं?

(२) क्या ये किसी बाह्य पदार्थ से आई हुई आगमापायी शक्तियाँ हैं या निजी हैं?

(३) क्या ये परमार्थ सत्य हैं या मिथ्या हैं?

प्रथम प्रश्न का उत्तर है कि किसी शक्ति को भ्रान्त नहीं कहा जा सकता। जगत् में विद्युच्छक्ति गुरुत्वाकर्षण शक्ति अग्नि शक्ति ऐसी अनेक शक्तियाँ हैं। इनका उपयोजक ही भ्रान्त या अभ्रान्त हो सकता है। अर्थात माया स्वयं भ्रान्ता नहीं है और न उसका स्वामी परमात्मा। मान्य है कि इस विराट विश्व के अनन्त पदार्थ इन्हीं से सृजे हुए हैं, जिन में जीवात्मा के मनोधर्म याने काम क्रोध लोभ मोह भ्रम प्रमाद अज्ञान ये भी हैं, परन्तु इनका स्थान मन के अन्दर ही है बाहर कहीं नहीं। (दे. १८१)

दूसरे प्रश्न का उत्तर है कि ये परब्रह्म की निजी शक्तियाँ हैं, औपाधिक किसी बाह्य पदार्थ की नहीं हैं। सिद्धान्त यही है कि किसी भी उपाधि को परमात्मा में विकृति उत्पन्न करने की शक्ति ही नहीं है।

तीसरा प्रश्न बड़ा मार्के का है। इस में पेंच यह है कि यदि ये शक्तियाँ परमार्थ सत्य हों, तो परब्रह्म एक सत्य, और ये शक्तियाँ भी सत्य, ऐसी द्वैतापत्ति आ जाती है ! और मिथ्या कहें तो परमात्मा का सृष्टि कर्तृत्व ही उन्मूलित हो जाता है ! उत्तर है कि ये स्वरूप भूता शक्तियाँ हैं जिनका अन्तर्भाव परमात्मा के आखिल व्यावर्त्तक विशेषणों में ही हुआ है जैसे **सत्त्व चित्त्व आनन्दत्व शुद्धत्व मुक्तत्व** इत्यादि, जो किसी दृष्टि से द्वैत रूप नहीं हैं (दे. पृ. ७१) फिर **सत्** का अर्थ ही **सर्वशक्ति** है (दे. पृ. ४३) भले ही उसका विकास सामयिकता से होता रहे। श्वे. ३. में इस सामर्थ्य को अविद्या तथा विद्या कहा गया है। अर्थात् इन को या इन को भी प्रस्तुत करा देने वाली **सद्रूपा** शक्ति को किसी दृष्टि से मिथ्या नहीं कहा जा सकता।

इसी प्रकार की आपत्ति 'अविद्यानिवृत्ति' रूप मोक्ष के सम्बन्ध में भी की जाती है। यदि वह पारमार्थिक हो, तो द्वैतापत्ति होती है और यदि मिथ्या हो, तो मोक्ष ही सिद्ध नहीं होता ! इस का शास्त्र सिद्ध उत्तर यह है कि 'अविद्या निवृत्ति' ब्रह्म स्वरूपा है. ठीक इसी प्रकार, प्रकृति माया, अविद्या ये शब्द, कोई पराई स्वतन्त्रा शक्ति को नहीं इङ्गित कर रहे हैं, परब्रह्म की निर्विशेष स्वरूप भूता शक्ति अर्थात् चैतन्य कारणता को ही बताते हैं, दे. प्र. (२८) पृष्ठ ४१. **अद्वैत सिद्धान्त** को किसी दूसरे की कारणता तो दूर रही, सहकारि कारणता भी नितान्त अमान्य है। क्षण भर के लिये यदि मान्य भी किया जाए कि ये स्पन्दशक्ति ईक्षण इत्यादि, जागतिक हैं, तो भी इन को अपनी स्वाधीनता से उत्पन्न और सञ्चालित करनेवाला एकमेवाद्वितीय कारण परब्रह्म है, जैसा कि उपर्युक्त ब्र. सू. 'सामान्यात्तु' में स्पष्टतया निर्णय दिया गया है। 'यो ब्रह्माणं विदधाति पूर्वं यो वै वेदांश्च प्रहिणोति तस्मै' (श्वे. ६-१८) इस प्रकार भले ही ब्रह्माजी इस सृष्टि की रचना करें, मूल कारणता परब्रह्म की ही है, इसमें कण मात्र सन्देह नहीं हो सकता। इन पण्डितों का कहना है कि परब्रह्म को इस विश्व प्रपञ्च की खबर तक नहीं है, इस की उत्पत्ति स्थिति

संहार करनेवाला एक **साभास अज्ञान** नामक पदार्थ है। प्रकट है कि यह 'अज्ञान कारणता' वाली कल्पना इन्होंने बौद्ध सम्प्रदाय से ली है और केवल अपने को उससे अलग दिखाने के लिये उसके पीछे **साभास** यह उपपद लगा दिया है !

इस निराधार कल्पना की यथेष्ट समालोचना प्र. (४५) पृ. १७८ पर की गई है। 'अज्ञान' का अर्थ ज्ञान का अभाव। यह कोई पदार्थ नहीं है। जैसा अन्धकार कोई, धुआँ या कुहरा, जैसा पदार्थ नहीं है, प्रकाश के अभाव को ही अन्धकार पुकारते हैं, ठीक इसी प्रकार ज्ञान के अभाव को ही अज्ञान कहते हैं। अर्थात् उस से कुछ भी उत्पन्न नहीं हो सकता। विक्षेपों को उत्पन्न करनेवाला मन है। अज्ञान का स्वरूप निद्रा में अच्छी तरह प्रतीत होता है। जब निद्रा हटती है उसी समय चञ्चल मन, अनेक विक्षेपों को उत्पन्न करता रहता है। अतः स्पष्ट है कि जैसी अल्पज्ञता यह एक मनोधर्म है वैसी विक्षेप शक्ति भी एक मनोधर्म है, भले ही वह ज्ञान या ज्ञानाभाव से कम या अधिक हो।

फिर दूसरी बात यह है कि ये मनोधर्म मन के अन्दर ही रहते हैं बाहर कहीं त्रिलोक में नहीं हैं। रज्जुसर्प भ्रान्त पुरुष के मन के भीतर है, बाहर कहीं भी नहीं है। ऐसी सीधी-सादी तारतम्य दृष्टि को छोड कर, असत्वापादक आवरण और अभानापादक आवरण इन दोनों को अज्ञान ही उत्पन्न करता है और ये दोनों जाकर परब्रह्म को आवृत और धूमिल करते हैं, ऐसा सिद्धान्त कर लेना, विचित्र उलझनों को उत्पन्न कर देना है। दोनों आवरण हमारी अल्पज्ञता के पर्याय शब्द हैं और इन का व्यापार कहीं भी बाहर नहीं है। एवं 'ब्रह्मणि अज्ञान नाशाय' इस का अर्थ हमारी बुद्धि में जो ब्रह्म विषयक अज्ञता है उस को हटाना है। प्रत्यगात्मा को या ब्रह्म को या किसी अन्तर या बाह्य पदार्थ को, लिपट कर ढँकनेवाला यह कोई द्रव्यमय आच्छादन है, ऐसी बात ही नहीं है।

इसी प्रकार अन्तःकरण को एक द्रव रूप पदार्थ समझ कर, जल की जैसी नालियाँ निकलती हैं, उसी प्रकार उसके वृत्ति रूप परिणाम बन कर, बाहर चन्द्रमा या सूर्य देवता तक जा पहुँचते हैं और वहाँ पर रहने वाले हमारे अज्ञान जन्य आवरणों को भङ्ग करते हैं, इत्यादि इत्यादि केवल मन गढन्त कल्पनाओं की समालोचना प्र. (३८) पृ. ११३ पर की गई है। स्वप्न में हम बनारस या मद्रास गये, ऐसा प्रतीत होता है, परन्तु शास्त्रकार बताते हैं कि हम पुरीतत नाडी के भीतर ही स्वप्न को देखते हैं। जागृत अवस्था में हम कहते हैं कि मेरा मन कलकत्ता गया या लन्दन गया, पर वास्तव में हमारे मन के अन्दर जो तद् तद् विषयक संस्कार हैं, उन्हीं को हम जगा कर देखा करते हैं। तात्पर्य मनो वृत्ति बाहर गयी यह एक भाषिक प्रयोग है, वृत्तियों का सारा व्यवहार मन के अन्दर अन्दर ही होता है, बाहर कहीं नहीं।

वेदान्त ग्रन्थों में वृत्ति व्याप्ति और फल-व्याप्ति में जो दृष्टान्तों द्वारा विभिन्नता दिखलाने की चेष्टा की जाती है, यथार्थ ज्ञान की दृष्टि से योग्य नहीं हो सकती ! जहाँ प्रथम है और द्वितीय नहीं ऐसा व्यावहारिक उदाहरण नहीं मिल सकता।

वैसे ही सामान्य ज्ञान और विशेष ज्ञान में जाति व्यक्ति का सम्बन्ध मानना, वैशेषिकों की कल्पना है, जो अद्वैत सिद्धान्त को अमान्य है। दे. परिशिष्ट (उ) क्रमाङ्क २१ तथा पृष्ठ ४२.

इन अयथार्थ धारणाओं के फल-स्वरूप क्या क्या उलझनें अद्वैत वेदान्त साहित्य में घुस गई हैं उन का विवरण इस पुस्तक में भूरिशः किया गया है परन्तु कुछ मजे की बातें संक्षेपतः यहाँ पर दिखलाई जाती हैं।

(१) त्रिकाल दर्शी महर्षियों ने जो परब्रह्म का तटस्थ लक्षण निश्चित किया है, उस को ये पण्डित गण नहीं मानते !

(२) इनका यह भी मत है कि परमात्मा या जीवात्मा में कर्तृत्व का नामतक नहीं है। जो कुछ कर्तृता यहाँ दीख पडती है, भ्रान्ति जन्य है! इस विचित्र धारणा का पर्याप्त खण्डन प्र॰ (३९) पृ. १२३ तथा प्र. (४०) पृ. १३१ पर किया गया है।

(३) परमात्मा में कर्तृत्व सामर्थ्य या कर्तृता तो दूर, उनमें ज्ञातृत्व ही नहीं है, ऐसा भी प्रतिपादन साम्प्रदायिक पुस्तकों में पाया जाता है! और यही न्याय जीवात्मा के सम्बन्ध में भी माना गया है! बृहदारण्यक श्रुति (३-८-११) स्पष्टतया कह रही है:—'अदृष्टं द्रष्टृ अश्रुतꣳ श्रोतृ..... नान्यदतो ऽस्ति विज्ञातृ'। ब्र. सू. (१-१-५) के भाष्य में आचार्य लिखते हैं:—'यस्य हि सर्वविषयावभासनक्षमं ज्ञानं नित्यमस्ति, सो ऽसर्वज्ञ इति विप्रतिषिद्धम्'। परन्तु ये भद्र पुरुष अपने मनः कल्पित परब्रह्म को द्रष्टा, श्रोता, मन्ता, साक्षी, नहीं मानते! औपनिषद् विज्ञान परब्रह्म के साक्षित्व को नित्य तथा अक्षुण्ण मानता है परन्तु ये लोग उसका त्रिकाल अभाव मानते हैं! इनके तत्वज्ञान से परब्रह्म में द्रष्टृत्व * ज्ञातृत्व प्रेरकत्व सत्तास्फूर्ति प्रदत्व ईक्षण साक्षित्व या समझना ही नहीं है!

(४) हमारी प्राचीन भारतीय संस्कृति तथा सनातन धर्म, परब्रह्म के अवतार रहस्य को पूर्णतया मानता है। कुछ अंशावतार होते हैं और कुछ पूर्णावतार माने गये हैं। **श्रीकृष्ण** भगवान् को महर्षि तथा पारदर्शी महात्माओं ने परब्रह्म का पूर्णावतार प्रमाणित किया है। महान् महान् साधु सन्तों ने उन को साक्षात् ब्रह्मरूप माना है। श्रीमद्भगवद्गीता में वे स्वयं बताते हैं कि 'अक्षरादपिचोत्तमः' (१५-१८) ऐसा परब्रह्म मैं हूँ; 'मत्तः परतरं नान्यत्'

---

* इस विषय में विशेष विवेचन पृष्ठ ३०२ पर किया गया है। जीवात्मा के सम्बन्ध में पर्याप्त विचार प्र. (४७) पृष्ठ १९१ पर किया गया है, परन्तु जीवन्मुक्ति के सम्बन्ध में कतिपय श्रौत प्रमाणों का विचार रह गया था, वह पृ. २९८ पर किया गया है।

(७-७) 'अहं कृत्स्नस्य जगतः प्रभवः प्रलयस्तथा' (७-६) 'कल्पादौ विसृजाम्यहम्' (९-७) 'विसृजामि पुनः पुनः' (९-८) 'परित्राणाय साधूनाम्..... धर्म संस्थापनार्थाय सम्भवामि युगे युगे' (४-८) इत्यादि। परन्तु यदि परब्रह्म में ज्ञातृता या लक्षण भूत विशेषताएँ नहीं हैं, और वह केवल एक **सत्सामान्य** ही है, तो फिर ये सब अनन्तानन्द निलय भगवान् के वचन नितान्त अलीक हो जाते हैं ! इन पण्डितों के विचित्र सिद्धान्तों के अनुसार उन को स्पष्ट रूप से उद्घोषित कर देना आवश्यक था, कि 'मैं केवल **'साभास अज्ञान'** का बनाया हुआ एक पुतला हूँ। और यदृच्छा से मुझ में कुछ विद्या ज्ञान शौर्य वीरता आदि गुण आए हैं; परन्तु परब्रह्म परमात्मा को मेरी या इस जगत् की तनिक भी खबर नहीं है ! अर्थात् मैं परब्रह्म नहीं हूँ। यह अखिल ब्रह्माण्ड एक **अनादि अज्ञान,** अथवा एक अनादि मूढ जीव ने अपनी **अद्वितीय भ्रान्ति** से बनाया है, और मुझको भी उसी ने उत्पन्न किया है !!

प्रेमी पाठक गण समझ में नहीं आता कि यह क्या तत्त्वज्ञान है या कोई अरेबियन नाइट की कहानी है ?

ऐसी औपनिषदिक विज्ञान की विरोधी तथा युक्ति, तर्क और औचित्य विहीन धारणाएँ, अद्वैत सिद्धान्त के नाम पर शांकर मतानुयायियों में कैसी प्रश्रय पा गयीं, देख कर बुद्धि हैरान होती है ! अत एव स्वर्गीय विद्वन्मूर्धन्य डॉ. गंगानाथ झा की उक्ति, जिस का उल्लेख पहले ही किया गया है, का स्मरण हुए बिना नहीं रहता। वास्तव में इन विक्षिप्त मतों को, केवल बता देना ही उनका पर्याप्त खण्डन है। तथापि इस सम्बन्ध में और भी जो मजे की बातें हैं, उन की समालोचना परिशिष्ट (उ) पृ. ३०९ क्रमांक (३) के नीचे की गयी है, जिसे प्रेमी पाठक गण अवश्य देख।

सेक्युलर प्रजा-तंत्र शासन और सनातन हिन्दू धर्म

परमात्मा की असीम कृपा से अब हमारी प्रिय जन्म-भूमि के क्षितिज पर स्वतन्त्रता के बाल-सूर्य्य की सुनहरी किरणों का दर्शन हो गया है। पहली बार इस देश में जनता के लिये जनता द्वारा जनता के शासन का श्री गणेश हुआ है। प्रायः सभी गणतन्त्र राज्यों में, अल्पसंख्यकों की समानता और सुरक्षा की समस्या बड़ी जटिल और चिन्ता जनक हुआ करती है। फिर अंगरेज़ शासकों की 'Divide and rule' की कुटिल नीति के कारण इस देश में इस समस्या ने मानों सदा के लिये एक भयानक आतङ्क उत्पन्न कर रखा है। इसके कारण हमारे कर्णधार नेताओं को अति विकट कठिनाइयों का सामना करना पड़ा और प्रजा को भी अनेकों विप्लवों का अनुभव करना पड़ा। इस करुणा-जनक स्थिति की पुनरावृत्ति न हो इसी लिये हमारे शासनासीन नेताओं ने भारत के आधिराज्य को Secular Government के तत्त्वों पर प्रतिष्ठित कर दिया है। भारतीय संविधान में न्यायनिष्ठा, स्वाधीनता, समानता, और विश्व-बन्धुता, ऐसी राज्य शासन की चार आधार शिलाएँ स्पष्ट रूप से स्वीकृत की गयी हैं। इसमें सन्देह नहीं कि यदि इन उच्च उद्देश्यों के अनुसार राज्य यन्त्र चलाया जाए, तो वह एक बड़े अभिमान तथा भूषण की वस्तु होगी। हिन्दू धर्म को ऐसे सन्मार्ग गामी तत्त्वों से यत्किंचित् भी विरोध नहीं हो सकता। राजनैतिक जगत् की कौन कहे धार्मिक जगत् में भी ऐसे और इन से ऊँचे आध्यात्मिक आदर्शों का पुरस्कार हिन्दू धर्म ने पुरातन काल से किया है। मानों इन सब उदार भावों की वह प्रतिमूर्ति है—परादेवता है। 'राजनैतिक सेक्युलॅरिटी' एक आदर्श रूप मन्तव्य है, जो हिन्दू धर्म का महत्वमय अंग होने से। वह उसका हार्दिक परिपोष ही चाहता है, विनाश नहीं।

गम्भीर और शान्त चित्त से विचार कर ने का विषय है कि, जिस धर्म ने अपने आध्यात्मिक अनुभव तथा परिणति के कारण, नानाविध सम्प्रदायों को आत्मसात् कर लिया है, वह धर्म संकुचित दृष्टि वाला अथवा कट्टर पंथी कैसे कहा जा सकता है? यह तो विरुद्ध बात होती है। हिन्दू धर्म की समन्वय-

क्षमता तथा उदार हृदयता सुविख्यात है । कौन नहीं जानता कि इस धर्म की मौलिक रहस्यमय पुस्तक श्रीमद्भगवद्गीता है ? और क्या वह संकीर्णता दृष्टिवाली है, ऐसा कोई भी विचारी पुरुष मान रहा है ? वह तो एक उदात्त विश्व धर्म की शिक्षा देने वाली अनुपमेय पुस्तक है, किसी एक जाती या वर्ग के लिये परिसीमित नहीं है । स्वर्गीय राष्ट्र पुरुष महात्मा गान्धी जी की भी यही अभिमति थी । वे अपने को सनातनी हिन्दू बतलाते थे और रामराज्य के हार्दिक अभिमानी थे । सनातन धर्म के प्राचीन पारदर्शी मनीषी पुरुषों की भी ऐसी ही दृष्टि रही है । कतिपय बातों में कुछ विभेद रहना यह तो मानव स्वभाव सुलभ बात है । और इतना भी मतस्वातन्त्र्य को स्थान न देना, मानवी बुद्धि को लोहे के साचे में जकड़ देना है, जो समाज के लिये कभी हितदायक नहीं हो सकता । वैचारिक स्वतन्त्रता की दृष्टि से देखा जाए तो हिन्दू धर्म में सभी प्रकार के मनुष्यों के लिये प्रगति पथ के आयोजन बने बनाये हैं; यहाँ तक कि अनीश्वरवादी दर्शनों को भी इस धर्म में स्थान है । वे अहिन्दू नहीं कहलाते ।

यह तो जानी हुई बात है कि, धर्म भेदों और मत भेदों के नाम पर जितनी लूट मार छीना झपटी बलात्कार और प्राणहत्या दूसरे देशों में हुई है, उसकी शतांश भी इस भारत वर्ष में नहीं हुई है । और जो कुछ हुई है वह भी प्रायः आततायी आक्रामकों के धर्मोन्माद और भ्रष्टाचारों की प्रतिक्रिया रूप में हुई है । गत दो सहस्र वर्ष का इतिहास इन बातों की पूर्ण रूप से साक्षी दे रहा है ।

धर्म का नाम लेकर जो दूसरों पर भीषण अत्याचार और उपद्रव ढ़हाते हैं, उनको आप कॉम्युनल या कट्टर पंथी कह सकते हैं । हिन्दू धर्म में एक भी सम्प्रदाय या पंथ ऐसा नहीं है. जो कॉम्युनल कहलाया जा सके ।

हिन्दू धर्म की शान्ति शीलता बन्धु भाव और सर्व व्यापकता के आदर्शों से उसके सभी सम्प्रदाय प्रभावित हो गये हैं । हमारे पास जो सब से बड़ा

बहादुर सम्प्रदाय है, वह सिक्खों का है। उस का ज्वलन्त इतिहास स्पष्ट रीति से बता रहा है कि, उसके सारे पराक्रम और पुरुषार्थ देश और धर्म की सुरक्षा के उद्देश्य से हुए हैं, धर्मोन्माद के कारण नहीं।

हिन्दू धर्म के विषय में पश्चिम बंगाल के भूत पूर्व गव्हर्नर मेधावी विद्वान् डॉ. कैलासनाथ काट्जू जी, ने जो सुन्दर लेख लिखा है और जो मद्रास के 'हिन्दू' पत्र के २४ सितम्बर १९५१ के अंक में पृष्ठ ४ पर छापा गया है, विचार पूर्वक पढ़ने के योग्य है। हार्दिक प्रसन्नता की बात है कि, आज सर्व श्री काट्जू जी भारतीय शासन के गृहमन्त्रि पद को अलंकृत कर रहे हैं।

हिन्दू धर्म एक विवेक प्रधान विश्व धर्म है। जो जागतिक उलझनों से विचलित नहीं होता। 'अशोक चक्र' के लिये उसके विशाल हृदय में समादर का स्थान है। भगवान् बुद्ध ने जो इस देश में अद्वितीय सुधार का काम किया उसके लिसे सनातन हिन्दू धर्म ने उनको विभूति रूप अवतारों में स्थान दिया है। महात्मा बुद्ध के सदुपदेशों का परिपालन जितना इस देश ने किया है, उतना दूसरे देशों ने नहीं किया है। यह मर्म की बात स्व. महात्मा गान्धी जी ने अनेक बार बतायी है। 'सत्यमेव जयते' नानृतम्' (मुं. उ. ३–१–६) यह तो एक चिरन्तन अबाधित सिद्धान्त है। अतः इस उच्चतम दृष्टि से सर्व सनातन हिन्दू धर्मियों का कर्तव्य है कि, वे अपने अल्प संख्यक भाइयों की सुयोग्य सहायता तथा सुरक्षा करें। केवल राजनीतिक धरातल पर ही नहीं, प्रत्युत हिन्दू धर्म की पताका समुज्वल रखने का यही एक अनिन्द्य सुन्दर मार्ग है।

हिन्दू धर्म की आत्मा वेदान्त शास्त्र है, जो सभी संकीर्ण स्वार्थी विचारों को जघन्यता की दृष्टि से देखती है।

वेदान्त शास्त्र की महनीयता और आधुनिक भौतिक विज्ञान की प्रगति

मानव समाज के आद्यतम काल में जब मही मण्डल के यावत् प्रदेश, अविद्या–अन्धकार में प्रकाश पाने की लालसा से इधर उधर भटकते फिरते थे, उस काल में यह आर्य देश सभ्यता और सुख शान्ति की उन्नत अवस्था में था। मानो वह प्रकृति नटी की मधुर लीला का रमणीक उद्यान था। इसका निर्विवाद आभास हमें वैदिक वाङ्मय से मिलता है। वेदों में अनेक सुन्दर स्तोत्र मन भावन कथाएँ और साहित्यिक दृष्टि के आभामय वर्णन बहुल स्थानों पर पाये जाते हैं; जिससे पता चलता है कि उस प्राचीन तम काल में आर्यों के निवास स्थान में धन धान्य, सन्तति, सम्पत्ति, और सुख शान्ति का सुराज्य था। आध्यात्मिक संस्कृति की भी अच्छी सम्पन्नता थी। वैदिक वाङ्मय में इस सूक्ष्म दृष्टि की विचारधाराएँ और उदात्त प्रभामय उत्प्रेक्षाएँ बहुत उपलब्ध होती हैं; जो पाठकों के हृदयों को सुधाप्लावित कर देती हैं।

अखिल विश्व विस्तार किसी कपोल कल्पित आवरण विक्षेप शाली भाव रूप अनादि **अज्ञान** की बनाई हुई भ्रान्त वस्तु नहीं है। वह परब्रह्म परमात्मा की अपनी लीला मात्र से उत्पन्न हुआ एक अद्भुत चमत्कार है। अर्थात् उसमें अनेक रहस्यमय पहेलियाँ हैं जिनको सुलझाने के निमित्त जगत् के अनेक गण्य मान्य विद्वानों ने श्लाघनीय प्रयत्न किये हैं। पर आश्चर्य जनक बात है, कि बिना किसी भौतिक विज्ञान शास्त्र की सहायता के, केवल अपनी प्रतिभा शक्ति के बल पर पारदर्शी महर्षियों ने अनेक सहस्राब्दियों के पूर्व इस परमोच्च आत्मतत्त्व की रहस्य ग्राहिणी गवेषणा की, और उसका निश्चित रूप से वेदों तथा उपनिषदों में मर्मस्पर्शी वर्णन लिपि बद्ध कर दिया। दे. पृ. १५२, १५३, तथा २२८। यह बात जैसी कौतूहल जनक है, वैसी ही हमारे लिये एक गौरव की वस्तु है।

इसमें सन्देह नहीं कि आधुनिक वैज्ञानिकों की प्रखर बुद्धि से, गत दो शताब्दियों में भौतिक शास्त्रों में आश्चर्य जनक प्रगति हो गई है। एक

शताब्दि के पूर्व तक, विज्ञान विशारद, जिन सम्भावनाओं के स्वप्नों तक के देखने का साहस न कर सकते थे उनका ज्ञान अब दैनिक व्यवहार-जग में व्यापक हो चुका है; और कहा नहीं जाता कि निकट भविष्यत् में क्या क्या चकाचौन्ध उत्पन्न करा देनेवाली बातें हमको अनुभव करने को मिलेंगी। ज्ञान का क्षेत्र चिर नवीन बना रहता है। जैसे जैसे हम उस में अग्रसर होते हैं, नव विस्मय और नवस्फूर्ति प्राप्त करते हैं, और वह क्षेत्र और ही विस्तृत होता जाता है! ज्ञान के विद्यार्थी यही अनुभव करते हैं कि वे अभी ज्ञान के तटपर हैं, और ज्ञान का महासिन्धु तो उन के सामने बड़ी दूर तक फैलता हुआ चला जा रहा है!

विश्व किरण (Cosmic rays) के सम्बन्ध में विदित हुआ है कि उसमें सृष्टि के मूल द्रव्यों के निर्माण की शक्ति है। और आज यह सृजन व्यापार इस धरती से लग-भग ११ मील के अन्तर पर आकाश में अविराम गति से चल रहा है। वर्तमान काल के रशिया के ज्योतिर्गणित विशारद बी. जी. फेसेनकोव्ह का अनुशोधन है, कि विश्वाकाश में आज भी नये तारकों का सृजन हो रहा है। यह कैसी विस्मयजनक घटना है? दे. दैनिक 'हिन्दू' पत्र दि. १२ मई १९५२

प्रवीण दृष्टि विद्वानों का अनुमान है कि, भौतिक शास्त्रों की अद्भुत गवेषणाएँ हम को उसी उच्चतम अद्वितीय आत्मज्योति की ओर बरबस लिये जा रही हैं, जो इन सब शक्तियों का उद्गम स्रोत है। अन्ततः यदि हम उसी निदान को पहुँचे जिसको प्राचीन मुनि महर्षि अपने प्रातिभ ज्ञान से पहुँचे थे, तो वह एक अत्यन्त आश्चर्यकारी और आनन्द जनक बात होगी. प्रतीत तो यही हो रहा कि भविष्यत् में अद्वैत विज्ञान ही सर्वाभिमत होनेवाला सिद्धान्त है।

इसमें सन्देह नहीं कि अतीत की अनेक शताब्दियों में नानाविध विषम परिस्थितियों तथा हमारी घोर उपेक्षाओं के कारण, जैसा हमें राजनैतिक पराधीनता

का अनुभव करना पड़ा था, वैसा ही अपनों के हाथों ही, बौद्धिक पराधीनता का भी हमें अनुभव करना पड़ा है, जिसका दुःख पहले की अपेक्षा कहीं अधिक हुआ करता है। अब स्वतन्त्र भारत के मंगलमय प्रभात में यदि हम इस भूल भुलैयाँ के कुहर जाल को हटा देने के अभिलाषी हैं तो हमें उस दिशा में प्रयत्नशील होना आवश्यक है। यह बात हमारे सूक्ष्मदर्शी मेधावी पुरुषों के लिए कोई कठिन नहीं है। विचारोच्च दृष्टि से यदि अध्ययन तथा अनुशीलन किया जाए, तो प्रतीत होगा कि औपनिषदिक तत्त्व विज्ञान एक आभामय समन्वय सिद्धान्त है जिसमें सर्व प्रकार की विसङ्गतियों और विप्रतिपत्तियों का परिहार है। 'आनन्दाद्धयेव खलु इमानि भूतानि जायन्ते' (तै० उ० भृ० अ० ६) इस तत्त्व से पृथक होने से, हम अनेक विक्षेपों में उलझते गये हैं और जा रहे हैं। अद्वैत साधना इन समस्त प्रतिबन्धों को चीरती हुई, दुःखों से दूर करती हुई, साधकों को इस आनन्द रूप विश्राम-भूमि को पहुँचा देती है। जो जितेन्द्रिय पुरुष निरलस भाव से शास्त्रोक्त मार्गद्वारा अपनी सम्पूर्ण मलिनता को दूर कर शुद्ध रूप हो जाता है, और सम्यग्ज्ञान प्राप्त कर लेता है, केवल वही इस ज्योतिर्मय चिरन्तन स्वरूप का दर्शन कर सकता है, और उसी को उस की सुस्निग्ध आह्लादमय कृपा धाराओं में रममाण होने की सफलता प्राप्त होती है। यही हमारे ऋषियों, मुनियों, मनीषियों के मनन चिन्तन और भजन का केन्द्र बिन्दु रहा है। यही सब से ज्येष्ठ, श्रेष्ठ, और प्रेष्ठ **अक्षर परब्रह्म है**।

म. दा. गाडगील

प्रथम प्रबन्ध

ब्रह्मविद्या

और

उसके चतुर्दिक् उत्पन्न अविद्यारण्य

★

। दृश्यते त्वग्रयया बुद्धया
सूक्ष्मया सूक्ष्मदर्शिभिः ।

(कठोपनिषत् १-३-१२)

[प्रवीण दृष्टि पुरुषों को अपनी कुशाग्र बुद्धि द्वारा, आत्मज्ञान अवश्य प्राप्त हो सकता है]

ब्रह्मविद्या

और उसके चतुर्दिक उत्पन्न

अविद्यारण्य

तꣳह देवमात्मबुद्धिप्रकाशम्
मुमुक्षुर्वै शरणमहम् प्रपद्ये ।

(श्वे. उ. ६-१८)

'ब्रह्मविद्या' शब्द भारतीय तत्त्वविज्ञान का बोधक है। विषय तो अत्यन्त गहन है, पर संक्षेपतः कहा जा सकता है कि जीव जगत् और इनकी धारक, पोषक संचालक और नियामक शक्ति ब्रह्म, इन तीनों के तत्त्वार्थ ज्ञान को ब्रह्मविद्या अथवा तत्त्वविज्ञान कहते हैं। अर्थात इसमें अन्तर्भुक्त नाना विध समस्याएं आती हैं, उनका तत्त्व-ज्ञान भी विज्ञान कहलाता है। उदाहरणार्थ इस विश्व की उत्पत्ति, स्थिति, लय कैसे होती हैं? इसके अन्दर जो अनन्त पदार्थ हैं, उनका उपादान कारण क्या है? क्या वह नित्य है या अनित्य है? जीव क्या पदार्थ है? इसका जन्म, चेतनत्त्व, कर्तृत्त्व, भोक्तृत्त्व, मरण, इन सबका क्या रहस्य है? मोक्ष क्या वस्तु है? प्राणिमात्र को स्वाधीनता की स्वभाव से ही अभिलाषा क्यों रहती है? मानव के हृदय में उदात्त भाव कैसे उत्पन्न होते हैं? और क्या उनको उत्प्रेरणा प्रदान करने वाली शक्ति भी कोई कहीं है? इन गहन प्रश्नों और इनके अतिरिक्त और भी अनेक जागतिक प्रमाण प्रमेय कर्म और कर्म फलव्यव-हार, किस अद्भुत शक्ति के अबाधित और अविकृत सामर्थ्य के आश्रय से चल रहे हैं? इत्यादि अनेक बातों के सुयोग्य और निश्चित उत्तर तत्त्वज्ञान की सार्वभौम भित्ति पर से ही दिए जा सकते हैं, ऐसा दृढ़ विश्वास इस भारतवर्ष में वैदिक काल से चला आया है।

'एकेन विज्ञानेन सर्वं विज्ञातं भवति' (छा. उ. ६-१-३) ऐसी ब्रह्मज्ञान की महनीयता प्राचीन ऋषियों ने बतायी है। इस उपनिषद् में जो अध्यात्मविज्ञान का प्रस्ताव किया गया है वह इसी सिद्धान्त पर कि ब्रह्मविद्या ही सब विद्याओं में उच्चतम है। मानो उनका मूल स्रोत है। यदि वह साध्य हो तो अन्य विद्याएँ बिना प्रयास के प्राप्त हो सकती हैं। इस सम्बन्ध में इसी उपनिषद् में महर्षि आरुणि के सुपुत्र श्वेतकेतु की मनोमुग्धकर कथा दी गयी है जो पढ़ने योग्य है। अर्थात् ऋषियों का यह अनुभव रहा है कि आत्म-विज्ञान के बल पर निःश्रेयस तो प्राप्त होता ही है वरन् इहलोक में भी अभ्युदय और उन्नति प्राप्त हो सकती है। वैदिक वाङ्मय में इसके दृष्टान्त भी दिए गये हैं। ऋग्वेद के कौषीतकी उपनिषद् में बतलाया गया है कि इन्द्र और असुरों के सङ्ग्राम में इन्द्र ने जब तक आत्मज्ञान का सम्पादन नहीं किया था, तब तक उसका पराभव होता रहा। किन्तु आत्मज्ञान होते ही उसने असुरों का पूर्ण पराभव किया और समस्त देवगणों का स्वाराज्य एवं श्रेष्ठ आधिपत्य प्राप्त कर लिया—"स यावद्व वा इन्द्र एतमात्मानं न विजज्ञे तावदेनमसुरा अभिबभूवुः। स यदा विजज्ञेऽथ हत्वाऽसुरान्विजित्य सर्वेषां देवानां श्रैष्ठ्यं स्वाराज्यमाधिपत्यं पर्यायात्।" (२।२०) इससे यह ज्ञात होता है कि आत्मज्ञान के सम्बन्ध में हमारी जो कल्पना है, श्रुति का अभिप्राय उसकी अपेक्षा कहीं अधिक और गम्भीर है। श्रुति की दृष्टि से ब्रह्मविद्या मोक्ष देने वाली तो है ही पर उससे देश में सुराज्य की स्थापना भी हो सकती है और सब लोगों को शान्ति एवं सुख की प्राप्ति होती है।

(७) ब्रह्मविद्या का जागतिक उत्कर्ष से सम्बन्ध

श्रीमद्भगवद्गीता का भी यही महत्व का आदेश रहा है। जहाँ सर्वनाश के भय को साथ में ले कर दारुण युद्ध का प्रसंग उपस्थित है, वहाँ पर ब्रह्मज्ञान के उपदेश की प्रयोजनीयता का रहस्य हमको इसीलिए नहीं समझ पड़ता है कि इस विषय के सम्बन्ध में हमारी कल्पनाएँ विपर्यस्त हो गयी हैं। देखिए श्रीमच्छंकराचार्य इस सम्बन्ध में क्या सम्मति रखते हैं। गीता अ. ४ श्लोक १ पर भाष्य लिखते हुए वे निःसंदिग्धता से

बताते हैं:—इमं अव्ययं योगं (ज्ञान निष्ठा लक्षणं ससंन्यासं कर्म योगो—पायं यस्मिन् वेदार्थः परिसमाप्तः तम्) विवस्वत आदित्याय सर्गादौ प्रोक्तवानहम् जगत्पालयितृणां क्षत्रियाणां बलाधानाय। तेन योगबलेन युक्ताः समर्था भवन्ति ब्रह्मपरिरक्षितुम्! ब्रह्म क्षत्रे परिपालिते जगत् पालयितुमलम्' इससे स्पष्ट है कि **संन्यास योग** का परमोच्च उद्देश्य रखनेवाला प्राचीन आर्य तत्त्वज्ञान स्वराज्य और जागतिक न्यायनिष्ठ अभ्युदय के विपक्ष में नहीं है, प्रत्युत उसका परिपोषक है। मर्म यह है कि जब स्वराज्य का मन्दिर आत्मविद्या की उदात्त एवं सुदृढ़ नींव पर उठाया जाता है तभी उसमें दैवी सम्पत्ति का उत्कर्ष, विश्वबन्धुत्व, आर्तत्राण, सर्वात्मभाव, एवं प्राणिमात्र में हित तथा प्रगति का संरक्षण-संवर्द्धन हो सकता है, और ऐसे श्रेष्ठ तत्त्व पर आधारित आचरण ही विश्वधर्म एवं ध्रुवा नीति हो सकते हैं। केवल अपनी जाति के स्वार्थमय हितों के लिए जनता या अन्य लोगों पर आक्रमण करना और सत्ता स्थापित करना जुल्म है, अत्याचार है,। इस नीति से जय प्राप्त होगी और कुछ समय तक वह टिकायी भी जा सकेगी, परन्तु उसमें वास्तविक सुख, शान्ति और प्राणिमात्र के कल्याण की प्राप्ति सम्भव नहीं है।

इन्द्र ने जिस आत्मविद्या को प्राप्त किया, वह प्राणिमात्र का कल्याण सिद्ध करने वाली थी और अर्जुन को जो बतलायी गयी, वह भी यही थी। अर्जुन में ऐसी सर्वात्मभाव की विशाल दृष्टि यदि पहले से ही होती, तो वह आर्तत्राण तथा विश्वधर्मरक्षण के लिए होनेवाले युद्ध से पराङ्मुख हो ही न सकता। इसी बात को, क्या "यज्ज्ञात्वा न पुनर्मोहमेवं यास्यसि पाण्डव" यह वाक्य नहीं बतला रहा है? अतः हमारे वैदिक साहित्य में ब्रह्मविद्या एवं राजनैतिक अभ्युदय का जो समीकरण किया गया है, वह रोचक नहीं, यथार्थ है।

कुरुक्षेत्र के संग्राम में अर्जुन के हृदय में मोह वश अकर्मण्यता का भाव जगने पर यदि उसको केवल युद्ध के लिए ही प्रस्तुत कराना होता, तो उसे—मंथरा ने जैसे कैकेयी को दिया था, वैसा—उपदेश कर सकना सहज था। 'सम्राट् दशरथ की मरणासन्न दशा हो तो भी कोई चिन्ता नहीं, सुकुमार रामचन्द्र जी को

चौदह वर्ष तक वनवास भोगाने में भी क्रूरता या पाप नहीं है, राजनीतिक-शास्त्र में भला पाप और पुण्य क्या ? अपने प्रिय पुत्र भरत को जैसे भी हो राज्य मिल जाए, बस यही माँ का वास्तविक उदात्त प्रेम और यही उसका वर्तमान निर्घृण कर्तव्य है ।' इसी प्रकार का अर्जुन को भी उपदेश दिया जा सकता था । 'अरे ! प्रिय अभिमन्यु को दिव्य पराक्रमी पुत्र होगा और वह इस भरतभूमि का एकछत्र सम्राट् होगा । तेरे सब भाई अल्पायु हैं, केवल तेरी ही भरपूर आयु है और इन्द्र को भी दुर्लभ ऐश्वर्य तुझे यहाँ भोगने को मिलेगा, यह मैंने प्रथम से ही निर्णीत कर रखा है । अतएव तुझे लड़ कर विजय प्राप्त करनी ही चाहिए और इसीलिए भीष्म, द्रोण को तो जाने दे युधिष्ठिर का काँटा भी निकाल-बाहर करना पड़े तो भी घबराने का काम नहीं है । राजनीतिक क्षेत्र में पाप-पुण्य की काल्पनिक भीति ले कर बैठ जाना मानसिक दुर्बलता है । अतः 'उत्तिष्ठोत्तिष्ठ कौन्तेय युद्धाय कृतनिश्चयः' इत्यादि । परन्तु ऐसा उपदेश नितान्त अन्याय्य होता था । भगवान् श्रीकृष्णचन्द्र जी का उपदेश तो आत्मविद्या की उदात्त भूमिका पर से ही हो सकता है और वह जगत् की शान्ति, स्वास्थ्य एवं कल्याण के ही लिए है, रोचक नहीं, यह निःसन्दिग्ध सत्य है ।

(८) दैवी सम्पत्ति और देश की प्रगति

भारतीय युद्ध से लेकर अब तक जो प्रचण्ड कालखण्ड व्यतीत हुआ, उसमें भारतवर्ष में अनेक परिस्थितियाँ, आक्रमण, युद्ध, और धार्मिक, सामाजिक, आन्दोलन हो गये । उनमें जो एक तत्त्व दृष्टिगोचर होता है, वह यह है कि प्राचीन संस्थाएँ जाकर नयी आयेंगी, प्राचीन रीत-भात, आचार-प्रक्रिया लुप्त हो कर नवीन आयेंगी, प्राचीन राज्यव्यवस्था विदा हो कर नयी आयेगी अर्थात् अल्पांश में ही क्यों न हो, नवीन में **दैवी सम्पत्ति** की वृद्धि होनी चाहिए । "तानि धर्माणि प्रथमान्यासन्" (पुरुष सूक्त) यह कहने का सुअवसर तभी आता है, जब प्राचीन धर्म अरुचिकर, त्रासदायक, उद्वेजक हो जाता है और नवीन में समाज की किसी-किसी विषय में सुविधा, सुख एवं आर्तत्राण की योजना होती है । दैवी सम्पत्ति केवल ग्रन्थगत कल्पना या मनोगत, निष्क्रिय धर्म नहीं है, अपितु उसका प्रभाव समाज की धार्मिक तथा

श्रेयोन्वित प्रगति पर पड़ना चाहिए। सर्वात्मभाव या सर्वभूतहित अत्यन्त उच्च कोटि की बातें हैं यह सत्य है, किन्तु इनका आरम्भ निम्न विषयों में से ही क्षणशः-कणशः **दैवी सम्पत्ति** के आधार पर ही होता रहता है और इस सम्पत्ति तथा आत्मविद्या का कैसा आत्यन्तिक अविनाभावसम्बन्ध है यह वेदान्त के अभ्यासी जनों को नये सिरे से बतलाने की आवश्यकता नहीं है। जिन्हें आज हम प्राचीन धर्म कहते हैं, वे भी किसी समय नये और अत्यन्त इष्ट सुधार सम्पादित करनेवाले थे और इसीलिए समाज के नेताओं ने उनको अपनाया। परिवर्तित स्थिति में वे योग्य नहीं रहे, अतः उन्हें एक ओर हटा देना ही इष्ट हो गया। यह विषय स्वतन्त्र और व्यापक है, यहां उसका संक्षिप्त दिग्दर्शन कराकर इतना ही कहना है कि ऐतिहासिक दृष्टि से भी हम भारतीयों का जब-जब उत्कर्ष हुआ है, तब-तब वह **दैवी सम्पत्ति** अर्थात् आत्मविद्या के ही आश्रय और बल पर हुआ है यह बात अत्यन्त महत्वपूर्ण है। संसार के अन्य देशों की परिस्थितियों की बात में यहाँ से अन्तर है, वहाँ अनेक परिवर्तन भयङ्कर रक्तपात के बाद आसुरी प्रयत्न से हुए हैं, किन्तु इस पुण्यभूमि भारत की बात कुछ और है।

(९) मीमांसा सम्प्रदाय का प्रभाव

भारतीय युद्ध के उपरान्त संस्थापित गीताधर्म कालान्तर में लुप्त हो गया। "स कालेनेह महता योगो नष्टः परन्तप" इस उक्ति का फिर से अनुभव प्राप्त हुआ और देश दुर्गति में फंस गया। अर्जुन को धर्मनाश, वर्णसाङ्कर्य, कुलक्षय एवं देशहानि होने का जो भय हो रहा था, वे सभी दुष्परिणाम प्रत्यक्ष घटित हुए, किन्तु अर्जुन के बताये हुए कारणों से नहीं। आत्मविद्या का ह्रास होने से अनेक विचित्र विचारों की धूम मची। मनुष्य का मन ही कुछ ऐसा बनाया गया है कि उसमें किसी-किसी समय विचित्र विचारों का तूफान उत्पन्न हो जाया करता है और इससे मनुष्य समाज का कभी कभी मानों विनाश हो जाता है। कलावाद, वास्तववाद, फ्रॉइट के विचारों के झोकों का सबको अनुभव है ही। कभी-कभी इन विचारों को बड़ा विकराल स्वरूप प्राप्त होता है। ऐसी ही स्थिति उस समय हुई। मीमांसक कहने लगे कि "अरे!

कोई ग्रन्थकार क्या इसलिए कोई ग्रन्थ लिखता है कि पढ़ने के बाद उसे आलमारी में बन्द करके रख दिया जाए ? नहीं, ग्रन्थ का उपदेश व्यवहार में आना चाहिए। मनुष्य को अपने कर्त्तव्य कर्मों का आचरण अवश्य ही करना चाहिए केवल विचार कह कर क्या उनकी पूजा करनी है ? जब साधारण ग्रन्थ के सम्बन्ध में ऐसी बात है, तब हमारे अपौरुषेय ग्रन्थराज वेद का उद्देश्य तो यही है कि मनुष्य अपने अभ्युदय के लिए निरन्तर कर्म करता रहे। यह स्पष्ट है कि विचारों का तात्पर्य प्रत्यक्ष कर्मों में ही हुआ करता है। अतः "वेदा हि यज्ञार्थमिह प्रवृत्ताः" यही सिद्धान्त ठीक है। यज्ञयागादि श्रौतस्मार्त कर्म अपनी आयु भर करते रहना और उनके द्वारा अपना इह-पर अभ्युदय अवश्य सिद्ध करना, यही हमारा तत्त्वज्ञान है। क्रिया के अतिरिक्त वेदों में और जो जो बातें आयी हैं, वे सब निरर्थक हैं—"आम्नायस्य क्रियार्थत्वादानर्थक्यमतदर्थानाम्" (मीमांसा-सूत्र १-२-१) श्रुति में जो वर्णन आता है कि परमात्मा ने सृष्टि उत्पन्न की इ० वह भी सत्य नहीं है। सृष्टि स्वयम्भू है, उसे किसी ने भी उत्पन्न नहीं किया है—"न कदाचिदप्यनीदृशं जगत्।" वेद का तात्पर्य सृष्टि बतलाने में नहीं है।" इस प्रकार की वैचारिक असावधानी की आँधी शुरू हो जाने पर दूसरी बात समझता ही कौन है। कर्मकाण्ड का महत्व बढ़ गया। क्या आपको वर्षा की आवश्यकता है ? कीजिए कारीरि इष्टि, वृष्टि होनी ही चाहिए। धन धान्य, पशु, पुत्र, पौत्र, का लाभ, विघ्न एवं भूत की बाधा मिटाने के, शत्रुनाश के प्रयोग आदि-आदि मानव को जो जो इष्ट है, उन्हें सिद्ध कर लेने का वेद एक विश्वकोष (एन्साइक्लोपीडिया) है। निश्चयपूर्वक स्वर्ग भी प्राप्त करा देंगे ऐसे प्रभावशाली प्रयोग जब वेदों में हैं, तब फिर मनुष्य की साधारण आवश्यकताओं या उसके हाथ से होने वाले छोटे पातकों अथवा महापातकों की तो बात ही क्या ? ये पातक कर्मप्रयोग से चटपट नष्ट हो जाते हैं और ईश्वर भी अधिक क्या देगा ! साथ ही उसे मानने की आवश्यकता ही क्या है ? ऐसा विचारचक्र एक बार चल पड़ने पर उसे कौन रोके ?

कर्मकाण्ड का पारस हाथ में है इस दृष्टि से हम स्वतन्त्र हैं। हमारा कोई शासक ही नहीं है, ऐसी धारणा बन जाने पर स्वैराचार, अनाचार और

दुराचार बढ़ें इसमें आश्चर्य ही क्या ? जब किसी देश में किसी एक विचित्र विचार की आँधी चल पड़ती है, तब उसको ऐसे काल्पनिक एवं अतीन्द्रिय आधार तथा धर्म के असत्य आवरण की अपेक्षा हुआ करती है। मीमांसक प्रबल तर्कवादी थे। उन्होंने मानो सिद्ध कर दिखलाया कि उनके नास्तिक विचारों को प्रत्यक्ष वेदों का ही आधार है। ऐसे निरीश्वर वाद का समाज पर जो परिणाम होना था वही हुआ। समाज के जो नेता ब्राह्मण पहले से ही नीतिभ्रष्ट हो गए थे, भ्रान्तिचक्र में फँसे। इससे क्षत्रिय तेजोहीन हुए और वैश्य तथा शूद्र अपने-अपने धर्मों से च्युत हो गए। बौद्ध ग्रन्थों में ऐसे वर्णन आते हैं कि ब्राह्मण अपने ब्राह्मण्य से च्युत हो गए। तात्पर्य इस प्रकार देश की बड़ी हानि हुई, जनसमाज दुराचार का बलि हुआ। अतः इस बिगड़ी तह को फिर ठीक करने के लिए पहले जैन धर्म और बाद बुद्ध धर्म की स्थापना हुई वह भी दैवीसम्पत्ति के बल पर हुई। यह लोग कोई पराये-विदेशी-नहीं थे। आर्य संस्कृति में से ही यह विचार-क्रान्ति उत्पन्न हुई और नीतिप्रधान आचार विचारों की भित्ति पर हीं इन दोनों मतों का प्रसार बड़ी तेजी से हो सका। बुद्ध धर्म ने जो प्रगति की वह तो इतिहास में अभूत-पूर्व है। वह केवल हिन्दुस्तान में ही नहीं फैला, सीलोन, ब्रह्मदेश, स्याम जावा, सुमात्रा, चीन और जापान देशों में भी व्याप्त हो गया। उसके उप-देशक यूनान मिश्र और साइबेरिया तक पहुँच गए। और उसकी यह व्याप-कता बिना किसी अत्याचार के या जोर जुल्म के हुई! परन्तु काल की अनिवार्य परिक्रमा में बुद्ध सम्प्रदाय के भी ह्रास के दिन आ गए। उसमें अनेक तान्त्रिक प्रक्रियाएँ प्रश्रय पा गईं। मतमतान्तर उत्पन्न हुए। नीतिपूर्ण विचार भी क्षणिक और भ्रमरूप मान लिए गए। फलस्वरूप अपव्यवहार और भ्रष्टाचार आरम्भ हुए। भिक्षु-भिक्षुणियों के संघों में अनाचार इतना बढ़ गया कि भिक्षुणी नाम वेश्या का वाचक हो गया। जनता इन बातों से ऊब उठी और फिर पुराने सनातन धर्म की ओर प्रवर्तित हो गई। इसी समय स्वधर्मनिष्ठ पराक्रमी राजन्य उत्पन्न हुए। मगध और कन्नौज के बड़े बड़े राज्य स्थापित हुए। महाराजा चन्द्रगुप्त (द्वितीय) अर्थात विक्रमादित्य तथा हर्षवर्धन के शासनों में श्रौत स्मार्त धर्म का पुनरुज्जीवन

हो गया। प्रसिद्ध विद्वान कुमारिल भट्ट ने बौद्ध मत का बड़ी चातुरी से खण्डन किया।

(९) भगवान शङ्कराचार्यजी का अवतार

शीघ्र ही आगे **श्रीमच्छङ्कराचार्य जी** का अवतार हुआ। इन्होंने जो प्रचण्ड कार्य किया वह इतिहास में अनुपमेय है। बहुत ही थोड़े समय में केवल अपनी अलौकिक प्रतिभा के बल से अत्यन्त शान्ति के साथ उन्होंने सनातन धर्म और अद्वैत तत्त्व सिद्धान्त की पुनः प्रतिष्ठा की। वर्तमान, प्राच्य और पाश्चात्य विद्वान् भी उनकी बुद्धिशालिता की बड़ी प्रशसा करते हैं। तत्वज्ञान के विषय में इन्होंने सतर्क रहने की मार्मिक चेतावनी दे रक्खी है। अपने ब्रह्मसूत्र भाष्य में वे लिखते हैं कि इसका अध्ययन और पठन बहुत ही चिन्ताशीलता से तथा एकनिष्ठा से होने की आवश्यकता है। यदि इस विषय में पर्याप्त सजगता तथा सावधानी न रक्खी जाए तो विचारों में अनेक हेत्वाभास और दिक्भ्रम उत्पन्न होते हैं, जिनके कारण निःश्रेयस तो दूर रहा साधक अनेक अनर्थों के जाल में जा गिरता है। उनके शब्द यह हैं:—

> एवं बहवो विप्रतिपन्नाः युक्तिवाक्यतदाभास समाश्रयाःसन्तः। तत्रा विचार्य यत्किंचित्प्रतिपद्यमानो निःश्रेयसात्प्रतिहन्येत अनर्थं च इयात् (ब्र. सू. भाष्य १-१-१)

अतीत काल में इस देश के विद्वानों की विचारप्रणाली और साधन-पद्धति व्यक्तिगत उत्कर्ष में ही अधिक प्रयुक्त होती थी; पर जैसा कि ऊपर प्राचीन वैदिक वाङ्मय से बताया गया है, यही सजगता का न्याय, राष्ट्र के अभ्युन्नति की दृष्टि से भी चरितार्थ होता है। राज्यशासन के लिए अत्यावश्यक है कि अपने तत्वज्ञान की सुरक्षा का पर्याप्त प्रबन्ध रक्खें। यदि उसी में अनेक उलझनों को स्थान मिला तो फिर नानाविध अन्तर्विवाद उत्पन्न होते हैं जिनसे समाज को अनर्थ परम्परा झेलनी पड़ती है। श्रीशङ्कराचार्य का

काल बहुत ही थोड़ा रहा। उनके अनन्तर यही बात हुई। अध्यात्म-ज्ञान का लोप हुआ, धर्मग्लानि उत्पन्न हुई, ब्राह्मण्य नष्ट हुआ, स्वार्थलिप्सा ईर्ष्या, कृतघ्नता आदि दुर्गुण बढ़ गए। अन्तःकलह और संघर्ष के कारण क्षत्रिय राजन्यगण हतप्रभ और निर्बल हो गए। इसका परिणाम परकीयों के विप्लवकारी आक्रमणों में प्रकट हो गया। इस उपलक्ष्य में महाराष्ट्र के साधुश्रेष्ठ **समर्थ रामदास** ने अपने दासबोध नामक ग्रन्थ में लिखा है:—

ब्राह्मण बुद्धीपासून चेवले आचारापासून भ्रष्टले।
गुरुत्व सांडून झाले शिष्यशिष्यांचे ॥३१॥
कित्येक दावलमलकास जाती कित्येक पीरास
भजती कित्येक तुरुक होती आपुले इच्छेनें ॥३२॥
हें ब्राह्मणांस कळेना त्यांची वृत्ति वळेना।
मिथ्या अभिमान गळेना मूर्खपणाचा ॥३३॥
राज्य नेले म्लेंच्छ क्षेत्रीं गुरुत्व नेलें कुपात्रीं
आपण अरत्रीं ना परत्रीं काहींच नाहीं ॥३६॥
ब्राह्मणास ग्रामण्यानें बुडविलें बिष्णुनें श्रीवत्स
मिरविले त्या विष्णुनें शापिलें परशुरामें ॥३७॥
आम्हीही तेचि ब्राम्हण दुःखे बोलिलों हें वचन
वडिलें गेले ग्रामणी करून आम्हां भोवते ॥३८॥
आतांच्या ब्राम्हणीं काय केले, अन्न मिळेना
ऐसें झालें। तुम्हां बहुतांचे प्रचीतीस आलें
किंवा नाहीं ॥३९॥ (दासबोध १४-७)

(१०) श्री समर्थ रामदास स्वामीजी का अवतार

भारतवर्ष का बड़ा सौभाग्य था कि ऐसे समय उपरि कथित ओजस्वी साधु-पुरुषने जन्म लिया। इन्होंने सम्यग्ज्ञान तथा धर्मनिष्ठा की तह फिर से प्रतिष्ठित करने का प्रबल प्रयत्न किया। इसी काल में अद्भुत पराक्रमी महाराज **श्री शिवाजी** प्रकट हुए। उनकी सहायता करने वाले

अनेक प्रतापी वीर उत्पन्न हुए। इन सबों ने देश को फिर से अभ्युदय सूर्य का दर्शन कराया।

परन्तु फिर भी हमने अपने राज्य की सुरक्षा नहीं की। दैवी सम्पत्ति की अवहेलना ही विपत्तियों की जन्मदात्री हुआ करती है। ब्रह्मविद्या तो दूर ही रही व्यावहारिक तारतम्य को भी हम खो बैठे! राजन्य वर्ग में परस्पर द्वेषाग्नि तथा स्वार्थी अभिलाषा प्रबल हो गई, जिससे देश विप्लव में फिरसे डूब उतरा। परिणाम यह हुआ कि अंग्रेजी राज्य का जूआ हमारी गर्दन पर जो सवार हुआ वह कोई डेढ़ सौ साल तक वहीं अचल जमा रहा! उसको हटा देने के कारण हमारे अनेक दूरदर्शी मेरुदण्ड नेताओं ने और बहुसंख्य पराक्रमशाली देशभक्तों ने भीष्म प्रयत्न किये पर कोई सफलता लाभ हमें नहीं हुआ। प्रत्युत अन्त तक किसी को क्षीण प्रत्याशा भी नहीं हुई कि अंग्रेज यहाँ से सचमुच ही चल बसेंगे? पर यह अनहोनी बात हो गई जिसका कारण समय की बलिहारी अर्थात् भौगोलिक राजकारणों के गहरे चक्र हो गये। पर फिर भी अपने शासन को छोड़ते समय अंग्रेजों ने हमारे विनाश के निमित्त कैसे षड्यन्त्र रच दिये देखते ही बनता है। ऐसी अवस्था में भी वे इसी फिराक में रहे कि किसी तरह फिर से भारत पर कब्जा जमाया जाए। इसलिये उन्होंने इधर उधर जाति द्वेश की अग्नि को सुलगा कर तीव्र कलह भड़का दिये। फलतः देश को छिन्न भिन्न होना पडा, उसके दोनों बाजू के बडे पंख कट गये और पाकिस्तान के निर्माण को अगतिकता से मान्यता देनी पडी। इतना ही नहीं, भारतवर्ष के सैंकडों संस्थानिकों को मनचाही स्वायत्तता का आमिष दिखा कर चिरकालिक झगड़ों की सामग्री जुटा दी। और तिस पर कमाल तो यह कि अपने स्वातन्त्र्य प्रदान के प्रास्ताविक भाषण में लॉर्ड माउन्टबैटन ने साफ तरह आघोषणा भी कर दी कि यह हमारी Open deplomacy है! इसका परिणाम जो होना था वही हो गया। देश में हिन्दू मुस्लिम जनता में भयानक झगड़े, लूटमार और स्त्रियों पर अत्याचार हुवे। असंख्य मनुष्यों की हत्या हुई। देश का सारा शृंगार छीन गया, अन्त में केवल परमेश्वर की कृपा से **दैवी सम्पत्ति** के द्वारा ही शान्ति की प्रस्थापना हो सकी, जिसका अपूर्व श्रेय

स्व० महानुभाव गान्धी जी को है। काश्मीर और हैदराबाद की भीषण समस्याओं में भी हिन्दू स्वराज्य को **दैवी सम्पत्ति** के प्रभाव से ही अब तक यश मिला है और भविष्य में भी अवश्य मिलता जाएगा। दैवी सम्पत्ति का अर्थ निर्बलता या पोंगापन था निरीहता नहीं है। वह बलवानों की अहिंसा एवं विकारिता से रहित न्यायनिष्ठ शासनशक्ति है। एक अनूठी ध्रुवा नीति है जिसकी प्रभाविता राजकीय तथा अन्य क्षेत्रों में सदा बनी रहती है। यदि हम इस पर दृढ़ता से निर्भर रहें तो भारतीय स्वराज्य का भविष्यत् इतिहास समुज्ज्वल होने में कोई सन्देह नहीं है।

कहने का आशय यह है कि भारतवर्ष का अब तक का इतिहास हमें स्पष्ट रूप से शिक्षा दे रहा है कि जब जब हमने आत्मविद्या अर्थात् इसकी गुण भूता **दैवी सम्पत्ति** की उपेक्षा की, लोकभ्रमों को प्रश्रय दिया, प्रमाद तथा अत्याचार किए, तब तब हमारा अधःपतन ही होते गया और घोर दासता ही हमको भोगनी पड़ी। इसके विपरीत जब जब हमने गीता धर्म का परिपालन किया 'स्वे स्वे कर्मणि' डटे रहें और तत्त्व विज्ञान पर निर्भर रहें तब तब देश का अभ्युदय ही होते गया।

दैवी सम्पत्ति एक ऐसा आशीर्वाद है जो व्यावहारिक अभ्युदय के लिए उतना ही उपकारक है जितना वह पारमार्थिक निःश्रेयस के लिए है। इस सम्पत्ति का अध्यात्मविद्या से अति निकट और घनिष्ट सम्बन्ध है, क्योंकि उसीने इसको सत्तास्फुरण तथा महत्ता प्रदान की है। इसी से वह मोक्षसिद्धि की अव्यर्थ साधना स्वीकृत की गई है।

(१२) ब्रह्मविद्या और अज्ञानारण्य

पर शोक की बात है कि हम इस सम्बन्ध में गम्भीरता से विचार नहीं करते। बौद्ध साम्प्रदायिक विकृत सिद्धान्तों के दीर्घ कालीन प्रचार से जनसाधारण के विचारों में अविद्या का एक झाड झंखाड़ उभड़ गया है। **दैवी सम्पत्ति** के अर्थ भोलापन निर्द्वन्द्वता बेपवारही निरुद्यमता इत्यादि

कुछ विचित्र से हो गए हैं। वास्तव में **दैवी सम्पत्ति** में बुरे भले का तारतम्य ज्ञान, बुद्धिचातुर्य, अन्तःकरण का शुद्ध सात्विक भाव, न्याय निष्ठता और कर्तव्यदक्षता इत्यादि अनेक सद्गुणों का समावेश है।

। प्रवृत्तिंच निवृत्तिंच कार्योकार्ये भयाभये
बन्धं मोक्षंच या वेत्ति बुद्धिः सा पार्थ सात्विकी।

भगवान् अनन्तानन्दनिलय के इस अभिप्राय से दैवी सम्पत्ति में निर्णायकता और कार्यदक्षता का अन्तर्भाव अवश्य है। केवल नेत्रों से आँसू बहाना यह सात्विकता का लक्षण नहीं बन सकता। सत्त्व में यदि ज्ञान और बल का अभाव हो तो उसे सत्त्व कहना ही अयोग्य है। दुर्जनों की दुष्टता को पहचान कर उनका न्यायान्वित शासन करने में कोई हिंसा नहीं, प्रत्युत सत्त्वगुण का सामर्थ्य और प्रभाव ही है। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीरामचन्द्र जी ने रावण से भयानक युद्ध कर उसे मृत्यु के घाट पर उतार दिया। उस समय भी वे अपनी सात्विकता से कण भर भी विचलित नहीं हुए थे। 'समोहं सर्व भूतेषु नमे द्वेष्योस्ति न प्रियः' (गी० ९-२९)। ऐसी घोषणा करने वाले कृष्णचन्द्र कुरु युद्ध को धर्मपरित्राण के अर्थ चलाते हैं, यह सत्त्वबल की ओजस्विता का उदाहरण है। इसे स्वीकार करने में हममें से अनेकों को जो घबराहट-सी होती है वही हमारे मिथ्या ज्ञान का निर्विवाद परिचय देती है।

हिंसा और अहिंसा का सम्बन्ध बुद्धि की कलुषितता और विशुद्धता से है; दण्ड पद्धति या शासन व्यवहार से नहीं है। बुद्धि ही यदि उन्मादों से और विकारों से भरी हो तो, चुप बैठना भी हिंसा रूप हो सकता है। और बुद्धि यदि न्यायनिष्ठ बनी रहे तो उसके सब कार्य अहिंसा रूप ही हैं। यदि ऐसा न मान्य किया जाय तो, देश के सब न्यायालय बरखास्त कर देने पड़ेंगे। कार्यों के व्यवहार तो जड रूप हैं। हिंसा और अहिंसा के भाव बुद्धि में देखने हैं, बाह्य कर्मों में नहीं। हमारे साध्य पवित्र होने चाहिए वैसे साधन भी। परन्तु साधनों की विशुद्धता का आभास हमें बुद्धि से ही मिलेगा बाह्याकारों से अथवा कर्मों के बाह्य स्वरूपों से नहीं।

इसपर यह आपत्ति की जाती है कि ऐसे उपदेशों से स्वार्थपरायण लोगों को मनचाही बातें करने का अवसर प्राप्त होता है और वह दुराचारी हो जाते हैं। उत्तर यह है कि यथार्थ विवेकनिष्ठ उपदेश कभी अनर्थकारी नहीं हो सकता। दुष्टों का तो यह स्वभाव ही रहता है कि कैसा भी सुन्दर उपदेश हो वे उसको अपनी स्वार्थी दृष्टि से ही लगा लेते हैं। अथवा 'इस समय यह उपदेश परिपालन करना अयोग्य है' इतना निर्णय तो वे स्वयं ही दे देते हैं। दूसरे किसीकी सुनते ही नहीं। अर्थात् उत्कृष्ट पक्ष तो यही है कि उपदेशों के शब्द किसी दृष्टि से सत्य से निर्वासित न हों।

अन्ततः हमें यदि जागतिक विपत्तियों से पार होने की कोई अमोघ साधना है तो वह ब्रह्मविद्या है अर्थात् तदात्मगुणभूत दैवी सम्पत्ति ही है। विगत इतिहास अन्वय-व्यतिरेक दृष्टि से हमें यही बतलाता है। इन बातों को दिखलाने के लिए ईश्वर को यहाँ आकर हमारी आँखें खोलकर क्या यह बतलाने की आवश्यकता है कि अपने विगत इतिहास को देखो? प्रत्यक्ष अनुभव से जो नहीं जागते, उन्हे साक्षात ईश्वर स्वयं आकर भी जगा दे, तो वे ओढ़ना ओढ़ कर फिर सो जाएँगे। हमें ध्यान रखना चाहिए कि हमारा पुरातन इतिहास उज्वल रहा है, हमारे देश में पहले जो देवर्षि, ब्रह्मर्षि और राजर्षि हो गये हैं, वे भी **दैवी सम्पत्ति** और ब्रह्मविद्या की उपासना से ही अपनी इस प्रतिष्ठा को प्राप्त कर सके थे। ब्रह्मविद्या मानो अमृतरस की पुष्करिणी है और दैवी सम्पत्ति उसकी शीतल सुखस्पर्शी लहरें है। अथवा कहिये उसमें उत्पन्न कोमल सुन्दर सुरभि कमल के पुष्प हैं। अथवा उसपर से बहने वाली आल्हादजनक सुगन्धित वायु है। इसलिए हमको तो इसकी अधिष्ठानभूत पुष्करिणी को ही पहुँचना है। परन्तु इसका वास्तव्य ही निबिड बृहदारण्य में रहने से उसके निकट तक जाना ही बड़ा दुर्घट है। इसके चतुर्दिक् अज्ञान के विशाल वृक्ष और कांटेदार झाड़ियों की सदा गहनता रहती है। प्राचीन समय में महात्मा ऋषि-मुनियों ने इस पुष्करिणी तक पहुँचने के लिए अनेक बार रास्ते कर दिए, पर पुनः-पुनः देखा जाता है तो इन रास्तों पर नवीन शब्दारण्य जमा दिखलाई पड़ता है और पता लगानेवाला थक कर

किसी इधर उधर की दूसरी गड्ढी को ही पुष्करिणी समझ बैठता है, अमृत समझ कर वहाँ का जल पीता है और इस अपनी भूल का पता उसे दीर्घ काल तक नहीं हो पाता। "शब्दजालं महारण्यं चित्तविभ्रमकारणम्।" ऐसी स्थिति में वास्तविक पुष्करिणी का रास्ता ढूँढ निकालने के लिए अत्यन्त कुशल मार्गदर्शक के प्रादुर्भाव की अपेक्षा होती है। भारत के सौभाग्य से श्रीमच्छङ्कराचार्य के रूप में ऐसे प्रतिभाशाली मार्गदर्शक लगभग १२०० वर्ष हुए, अवतीर्ण हो गये। उन्होंने जैन तथा बौद्ध धर्मों के पश्चात् उत्पन्न हुए अज्ञान के प्रचण्ड वृक्ष एवं विक्षेपों की अनेक काँटेदार झाड़ियों को उखाड़ फेंका और इस पुष्करिणी का रास्ता साफ कर दिया। परन्तु दुर्भाग्य हम लोगों का कि उसके बाद के समय में उन्हीं पेड़ों और झाड़ियों में से फिर शाखाएँ फूट निकलीं, रस्ता बन्द हो गया और वेदान्तमार्गानुयायियों को फिर दिशाभ्रम हुआ। आज विद्वानों को यह प्रतीत होता है कि हम श्रीमदाचार्य के मार्ग से कोसों दूर बहक गये हैं और यथार्थ वेदान्त अत्यन्त दुर्गम हो गया है।

मूल प्रस्थानत्रयी को छोड़ कर वेदान्त की अन्य किसी भी पुस्तक को लीजिए। पहले तो उसकी भाषा ही ठीक तरह से समझ में नहीं आती। थोड़ा गम्भीर विचार करने पर यह दिखलाई पड़ता है कि जिस भाषासरणी से वेदान्त सम्बन्धी प्रमेय तथा सिद्धान्तों का इन पुस्तकों में विवेचन किया है, उनसे यथार्थ ज्ञान की अपेक्षा विपरीत ज्ञान होने की ही अधिक सम्भावना है। प्रस्थानत्रयी का अभिप्राय एक है तो इन ग्रन्थों का आशय कुछ और ही है। प्रस्थानत्रयी पर आश्रित संस्कृत भाषा में जो निबन्ध ग्रन्थ है, उनमें भी व्यामोह के स्थल हैं और वे भी एक दूसरे से बहुत से स्थानों में मेल नहीं रखते। साथ ही अर्वाचीन वेदान्त ग्रन्थों की भाषा अनेक स्थानों में इतनी अस्पष्ट और दुर्बोध हो गई है कि कुछ कहा नहीं जा सकता। 'होते हुए भी नहीं है', 'न हो कर होना', 'ब्रह्म, विना अनुभव के अनुभाव्य है', 'बिना ज्ञान का ज्ञान', 'ब्रह्म के लिए शब्द लागू ही नहीं हो सकता, उसमें विना निरी अस्तिता के कुछ विशेषता ही नहीं है। 'विश्व का त्रिकाल अत्यन्ताभाव' 'सत्त्वात्यन्ताभावे असत्त्वात्यन्ताभावः।' इस प्रकार की आश्चर्यजनक विरोधी

भाषा का उनमें व्यवहार होता है कि उसका अर्थ ही समझ में नहीं आता; या चाहे जैसा किया जा सकता है और यह समझा जाता है कि ऐसी जटिल भाषा जितनी अधिक हो, उतना ही उसमें तत्त्वज्ञान अधिक है ! इस भाषा से एक लाभ तो होता है, वह यह कि प्रत्येक व्यक्ति अपनी पूर्व धारणा के अनुसार अपने अनुकूल अर्थ कर लेता है, मुझे पूर्ण ज्ञान हो गया है ऐसा समझता है और इस तरह सभी प्रसन्न हो जाते है। इस से परस्पर विरोध होते हुए भी सबका इस विषय में अनायास ऐकमत्य हो जाता है कि ग्रन्थकार परमश्रेष्ठ और बड़ा मर्मज्ञ है। ऐसी स्थिति में तत्त्वज्ञान की अनेक मनोहर व्याख्याएँ लोगों ने तैयार की हैं। एक सज्जन का कहना है—तत्त्व ज्ञान का अर्थ 'दस अन्धे व्यक्तियों द्वारा एक निबिड़ अन्धकाराच्छन्न विस्तीर्ण तहखाने के भीतर अमावास्या की रात्रि में की जानेवाली एक काली बिल्ली की खोज है, और वह बिल्ली भी ऐसी कि जो उस तहखाने में कभी गई ही नहीं'। यह व्याख्या विचित्र तो है ही पर यह भी सच है कि यह हम लोगों को कुछ विचार करने की ओर प्रेरित कर रही है। एक व्यक्ति तो स्व० विष्णु वामन बापट शास्त्रि जी विरचित वेदान्त ग्रन्थों का उपयोग नींद लाने की दवा के रूप में करते थे। नींद किसी भी तरह नहीं आ रही है ऐसा मालूम पड़ते ही वे स्व० शास्त्रि जी की कोई वेदान्त सम्बन्धी पुस्तक पढ़ना शुरू कर देते थे। दो-चार पन्ने उलटते ही नींद हाजिर ! इस तरह यह मज़ाक की स्थिति उत्पन्न हो गई है। डाक्टर लोग यदि इस औषध योजना का अपनी मेटीरिया मेडिका में समावेश कर लें, तो अनुचित न होगा। इसके सिवा वेदान्तशास्त्र विषय ही ऐसा है कि उसमें विभिन्न रूप-मत-मतान्तर होना अनिवार्य होता है। व्यवहारशास्त्र की बात ऐसी नहीं है। क्योंकि उसमें निर्दिष्ट विधानों की जाँच व्यवहार में प्रत्यक्ष देखी जा सकती है। ऐसी सुविधा वेदान्तशास्त्र में नहीं है। इस शास्त्र को भी अत्युच्च कोटि का अनुभव शास्त्र कहते हैं और यह यथार्थ भी है, किन्तु यह अनुभव अत्युच्च कोटि के "मनुष्याणां सहस्रेषु" इस कथन के अनुसार बहुत थोड़े माहात्माओं को ही हो सकता है। दूसरे लोगों को ऐसे महात्मा का आश्रय करना चाहिए यह सच है, पर सच्चे महात्मा की परख किस तरह हो ? हज़ारों लोग अनुयायी होने से माहात्म्य होता हो ऐसी बात नहीं है। वेदान्तशास्त्र की

पुस्तकें भी भिन्न-भिन्न हैं। महात्मा और गुरु भी भिन्न-भिन्न हैं, शिष्यशाखा तो अत्यन्त भिन्न है। अतः तत्त्वज्ञान के सम्बन्ध में सैकड़ों विभिन्न मत अस्तित्व में आए हैं। इन सब अड़चनों में से ठीक रास्ता मिलने का एक ही उपाय है और वह पीछे बतलाए अनुसार सत्वोद्रेक बुद्धि का प्रामाण्य है। "बन्धं मोक्षं च या वेत्ति बुद्धिः सा पार्थ सात्विकी" (गीता १८।३०) इस भगवदुक्ति का अनुसरण कर के दृढ़ निश्चयपूर्वक हमें अपनी बुद्धि को सत्त्वपूर्ण एवं सूक्ष्म बनाने का प्रयत्न करना चाहिए। इस तरह उचित मार्ग मिलने में देर न लगेगी।

भारत वर्ष के प्राचीन धार्मिक, सामाजिक एवं दार्शनिक इतिहास के अध्ययन से यह बात समझ में आ सकती है कि इस विषय में जो लोकभ्रम और उलटी समझें आज हम लोगों में फैली हुई हैं, उनके बीज प्राचीन सांख्य, मीमांसक, वैशेषिक, भेदाभेदवादी, जैन, और विशेषतया बौद्ध मतों से आये हैं। तत्त्वज्ञान में तो बौद्ध मत के कारण बहुत विनाश हुआ है। आज हमें अपने वेदान्त में प्रस्थानत्रयी से विभिन्न और विरुद्ध जो दिखलाई पड़ता है, उसका साक्षात् सम्बन्ध इस सम्प्रदाय के मतों से जा मिलता है। यह बात अगले विवेचन से स्पष्ट हो जाएगी।

(१३) जैन और बौद्ध धर्मों का उदय

पीछे बतलाया जा चुका है कि भारतीय युद्ध के बाद कालान्तर में गीता की उज्वल शिक्षा अर्थात् ब्रह्मविद्या का लोप हुआ और यज्ञ-यागादि प्रक्रियाएँ एवं कर्मकाण्ड को अनावश्यक महत्त्व देनेवाला मीमांसक-सम्प्रदाय जोरों से फैला। मीमांसक कहने लगे—कर्म से साध्य न हो ऐसी त्रैलोक्य में वस्तु ही नहीं है। कर्माङ्ग देवता मानों केवल गुड़िया हैं, यज्ञ के उपकरण और सामग्री की अपेक्षा उनका कुछ अधिक मूल्य नहीं है, इत्यादि स्वैर विचारों का परिणाम स्वैराचार में और आगे चलकर दुराचार में हुआ; अर्थात् समाज में अनवस्था, अन्धाधुन्धी शुरू हुई, लोग घबरा उठे और फिर विचारों को गति मिली। लोग पूछने लगे कि क्यों जी! इस कर्म के घटाटोप में से भला पुण्य किस तरह उत्पन्न होता है? यज्ञयाग क्या पुण्य

तैयार करने के कारखाने हैं ? और बेचारे निरपराध पशुओं की हत्या करने से देवता किस तरह प्रसन्न हो सकते हैं ? मारा जानेवाला प्राणी यदि अनायास स्वर्ग चला जाता है, तो यजमान अपने पिता या किसी निकट सम्बन्धी को बलि क्यों नहीं चढ़ा देता ? इत्यादि प्रश्न समाज को धक्का देने लगे। किसी भी सुधार की यही दशा होती है, पहले विचारक्रान्ति होती है और फिर आचार धर्म में परिवर्त्तन होता है। आग्रही लोग अपना हठ नहीं छोड़ते, पर दूसरे लोगों की समझ में आने लगता है कि इस में कुछ भारी गलती हो रही है। वास्तविक धर्म मुख्यतः नीति की नींव पर आधारित सदाचार ही है। ऐसी भूमिका बन जाने से अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, क्षमा, धैर्य, दया, परिमितता, शुद्धता, इन मूलभूत तत्त्वों के आधार पर पहले जैन धर्म का उदय हुआ और आगे शीघ्र ही बुद्ध धर्म का भी प्रादुर्भाव हुआ। यज्ञयागादि कर्मकाण्ड में केवल भ्रान्त कल्पनाओं के सिवा और कुछ नहीं है, इतना ही नहीं अपितु सभी व्यवहारों के मूल में मानव कल्पनाजाल का बीज है और वह कल्पनाएँ क्षणिक हैं, अतः जगत् क्षणिक विज्ञानों का एक सतत प्रचण्ड प्रवाह है, ऐसी नवीन कल्पना **महात्मा बुद्ध** ने समाज के आगे रखी, और आगे चलकर यह विचार इतना प्रबल हुआ कि उससे-- स्वप्न में पदार्थ न होकर जैसे केवल बुद्धिगत संस्कारों के कारण ही दिखलाई पड़ते हैं, वैसे ही संसार की बाह्य सत्ता बिलकुल नहीं है, जो कुछ भी है वह हम लोगों के मस्तिष्क में ही है—ऐसे नवीन दार्शनिक विचारों का जन्म हुआ। लोगों को स्वप्न के दृष्टान्त से ऐसा प्रतीत हुआ कि मानों प्रत्यक्ष प्रमाण ही हमारे हाथ लग गया। महात्मा गौतम बुद्ध एक परम त्यागनिष्ठ जिज्ञासु पुरुष थे। उन्होंने घर स्त्री, आदि का त्याग किया था, कुछ साल तपस्या, अध्ययन एवं विचार में व्यतीत किये थे और बाद में उन्होंने अपने विचार समाज के सामने रखने शुरू किये थे। अनेक दृष्टान्त देकर अपने मत का प्रतिपादन कर प्रतिपक्षी पर प्रश्न पर प्रश्न पूछकर निरुत्तर कर डालने की कला उन्हें अच्छी तरह सध गई थी। इसके सिवा परिस्थिति भी उनके बहुत अनुकूल थी। मुख्यतया समाज, हिंसाप्रधान यज्ञयागों की प्रचण्ड माथापच्ची, उसके लिए होनेवाले आर्थिक भार और दूसरे छोटे-बड़े श्रौत-स्मार्त कर्मों की खटखट से ऊब गया था।

विशेषकर निरीश्वर मीमांसा सम्प्रदाय से उत्पन्न होनेवाले स्वैराचार तथा सामाजिक दुराचार से समाज में असन्तोष की ज्वाला भड़क उठी थी। इसका लाभ आप ही आप बुद्धदेव को मिला। समाज में एक रीति से नवीन विचारों को प्रगतिशीलता प्राप्त हुई यह अच्छा हुआ, परन्तु आगे चल कर इन विचारों में से जो शाखाएँ निकलीं और मनमानी कल्पनाओं की फसल फैली,- और उससे जो दुष्परिणाम होनेवाला था, वह तत्कालीन विद्वानों के ध्यान में नहीं आया, अथवा आया भी, तो समाज उस समय ऐसी स्थिति में नहीं था कि उसका कुछ निराकरण हो सके। प्रारम्भ में तो **बुद्ध** भगवान् का किया हुआ मार्गदर्शन प्रायः सभी को अच्छा प्रतीत हुआ, क्योंकि उन्होंने बहुत-सी प्राचीन बातों को मान्य ही किया था। पुनर्जन्म, कर्मफलविपाक, पापपुण्य की कल्पना मन्त्र-तन्त्र पर विश्वास, जाति की उच्च-नीचता. वर्णसंकर का विरोध इत्यादि बातों पर तो उन्होंने जोर दिया ही, इसके अतिरिक्त उन्होंने सदाचार, परोपकार, उच्च नीतिपूर्ण वर्तन, गरीबों की रक्षा, सामाजिक कल्याण और शान्ति पर भी बहुत जोर दिया। इसके, तथा अपने निजी व्यक्तित्व के कारण उन्होंने लोगों के अन्तःकरण में अपने लिए एक अत्यादर का स्थान बना लिया। कर्मकाण्ड के विरोध के सिवा उनके सिद्धान्तों में लोगों को कुछ अधिक विरोध प्रतीत नहीं हुआ, और कर्मकाण्ड का विरोध तो ब्रह्मज्ञान की दृष्टि से पहले से था ही। साथ ही उन्होंने ब्रह्मचर्य, तप, संन्यास आदि को महत्त्व देकर स्पष्टता से बताया कि संन्यास के बिना ज्ञान एवं अर्हत् पद की प्राप्ति नहीं हो सकती। इससे सब लोगों को यह प्रतीत हुआ कि वे धर्मोद्धार के लिए ही उत्पन्न हुए हैं।

बौद्ध धर्म की तेजी से वृद्धि होने का मुख्य कारण **बुद्ध** भगवान की **दैवी सम्पत्ति** पर निष्ठा थी। इसलिए जहाँ जहाँ बौद्ध धर्म का प्रसार हुआ वहाँ वहाँ नीतिमत्ता को प्रोत्साहन मिला। आपसी सद्व्यवहार और उत्साह बढ़ा, लड़ाई–झगड़े, मारपीट, चोरी, लूट, कम हो गए। व्यापार में वृद्धि हुई और एक रीति से शान्ति का राज्य शुरू हुआ। इस तरह प्रान्त के प्रान्त बौद्ध धर्मी बन गये। साथ ही दूसरे धर्मवालों से अत्यन्त स्नेह से, अहिंसा

सिद्धान्तानुसार व्यवहार के कारण हिन्दुस्तान में सनातनी राज्य और बौद्ध राज्य पड़ोस में बड़ी सद्भावना से वर्तने लगे। बौद्ध सम्प्रदाय की ओर से स्थान-स्थान पर अपने धर्म के संघ स्थापित होने लगे जिससे उनके धर्मप्रसार में बहुत सहायता मिली। चैत्यमन्दिर और विहारों में भिक्षु–भिक्षुणियों के रहने की व्यवस्था एवं सार्वत्रिक शिक्षा की सुविधा की गई, इससे ज्ञानप्रसार में भी पर्याप्त सहायता मिली। साथ ही बौद्ध धर्मी राजाओं ने अपने राज्य बड़ी न्यायनिष्ठा और प्रजाहितदक्षता से चलाये, जिससे उनके प्रति जनता में आदरभाव की वृद्धि हुई। सम्राट् अशोक का राज्य (ई० पू० ३७३ से २३२ तक) इतिहास में प्रथितयश हो गया। देश में छोटी-बड़ी सड़कें बनवाना, सड़कों के अगल-बगल पेड़ लगवाना, कुएँ खुदवाना, धर्मशाला बनवाना, मुख्य मुख्य स्थानों पर मनुष्यों तथा पशुओं के लिए चिकित्सालय स्थापित करना, शिक्षा की व्यवस्था, न्यायालय, कला–कौशल के व्यवसायों को प्रोत्साहन, सब सम्प्रदाय के लोगों को मतस्वातन्त्र्य का प्रदान इत्यादि की प्रथा २००० वर्ष पहले इस राजा के द्वारा चलाई जाने की बात पढ़कर आश्चर्य होता है। आज उसके शिलालेख उसके उच्च विचारों की साक्षी दे रहे हैं। उसने यज्ञ–याग में होनेवाली हिंसा बन्द कर दी, स्वयं शिकार करना भी छोड़ दिया, विभिन्न स्थानों में और देशान्तर में भी धर्मोपदेशकों को भिजवा दिया।

इन सब बातों से बुद्ध धर्म का प्रसार चारों ओर बड़ी तेजी से हुआ। और न्यायनिष्ठ नीतिमत्ता के कारण हिन्दुस्तान में बौद्धों के राज्य छः-सात सौ वर्ष तक टिके रहे और उनके सिद्धान्तों का प्रभाव सनातन हिन्दूधर्म पर और विशेषतः दार्शनिक विचारों पर तो अत्यधिक मात्रा में हो गया।

शासकों का धर्म बहुप्रिय और अनुकरणीय हो जाता है, इस न्याय से उस समय के विद्वान् भी यह प्रतिपादन करने के फेर में पड़ गये कि सनातन आर्यधर्म तथा बौद्ध धर्म में ऐक्य है, दोनों धर्मों के दार्शनिक सिद्धान्तों में कोई भेद नहीं है। जगत् के मूल में मानव मन के क्षणिक विज्ञान के सिवा

और कुछ नहीं है, अर्थात् जगत् क्षणिक है और "मनोमात्रमिदं सर्वम्" यही सिद्धान्त हृदयग्राही हो सकता है। इससे 'सर्वं खल्विदं ब्रह्म' इस तत्त्व को तिलांजलि मिल कर 'सर्वं क्षणिकं क्षणिकं, सर्वं दुःखं दुःखम्, सर्वं शून्यं शून्यम्" यह तत्त्व प्रधान हो बैठा। व्यावहारिक संघर्ष में बहुत बार ऐसा मालूम पड़ता है कि संसार दुःखमय है, पर यह सिद्धान्त नहीं हो सकता। 'अज्ञस्य दुःखौघ मयं ज्ञस्यानन्दमयं जगत्' यह हमारी औपनिषद् दृष्टि है। संसार में दुःख है, पर दुःख अन्तःकरण का धर्म है, वह संसार का विशेषण नहीं हो सकता। सुखदुःख, जागतिक कार्यकारण सम्बन्ध, अपनी सामाजिक एवं राजनीतिक परिस्थिति, कर्मफलविपाक तथा अपनी बुद्धि की शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक अवस्था इन सब पर अवलम्बित होते हैं और अधिकतर हम स्वयं उनके लिए उत्तरदायी होते हैं। अतः संसार को दोष देना सम्यग्दृष्टि से उचित नहीं है।

(१४) 'सर्वं खल्विदं ब्रह्म' का विपरीत अर्थ

"सर्वं खल्विदं ब्रह्म तज्जलानिति शान्त उपासीत" यह मूल उपदेश छान्दोग्योपनिषद् (३।१४) में है और उसका अर्थ 'इस विशाल विश्व की उत्पत्ति ब्रह्म से हुई है, उसकी स्थिति भी उसके प्रभाव पर ही अवलम्बित है, और ब्रह्म ही संहारकर्ता है, अतएव अत्यन्त प्रसन्न चित्त से ब्रह्म की उपासना करनी चाहिए' यह स्पष्ट है। परन्तु इसके विरुद्ध बुद्ध धर्म के प्रसार के परिणामस्वरूप ऐसी विचित्र धारणा बुद्धि पर छा गई कि यह जो विश्व बाहर दिखलाई पड़ रहा है, नहीं है, बाहर एक भी पदार्थ नहीं है और जो कुछ भासित हो रहा है, वह छायामात्र है और वह भी हमारे दिमाग की कल्पना ही है, एवं वह क्षणिक है, अतः जगत् भी क्षणिक ही है। दुःख का अनुभव सदा होता है, अतएव 'सर्वं दुःखम्' सब दुःख ही दुःख है। हमारा वेदान्त संसार को यद्यपि अपरमार्थ, अनात्म ठहराता है, तथापि उसे व्यावहारिक सत्य, कार्यक्षम मानता है, केवल आभास, छाया या तुच्छ अर्थात् अभावरूप, खपुष्प, शून्य नहीं समझता, अपितु बाहर पदार्थों का अस्तित्व मानता है। देखिए 'ब्रह्मसूत्र' (२।२।२८)

"नाभाव उपलब्धेः" इस पर श्रीमदाचार्य का भाष्य। परन्तु अनेक अर्वाचीन अद्वैतवेदान्तग्रन्थों में संसार तुच्छ अर्थात् शून्य है, ऐसी अर्थहीन बौद्ध कल्पनाएँ मान्य की हुई दिखलाई पड़ती हैं।

(१५) वेद असत्य, शास्त्र असत्य, गुरु असत्य इत्यादि

वेदों के विषय में महात्मा बुद्ध की धारणा कुछ अनिश्चित रूप सी थी। अपने काश्यप सुत्त में उन्होंने उपहासगर्भ प्रश्न किया है कि मन्त्रद्रष्टा ऋषियों को कहाँ ब्रह्मज्ञान था? ब्राह्मणों के सब शास्त्र अज्ञान तथा भ्रान्तिमूलक हैं, उनके अध्ययन से सिवाय अधोगति के कुछ भी प्राप्त नहीं हो सकता, इत्यादि प्रकार उनका नित्यप्रति उपदेश हुआ करता था। एतदर्थ उनकी युक्ति भी बड़ी पैनी थी। वे कहते थे कि यदि ब्राह्मणों की यह भावना है कि इनके सब शास्त्र स्वानुभव की भित्ति पर अधिष्ठित हैं तो फिर निश्चित ही वह अप्रमाण हैं। क्यों कि अनुभव शब्द का अर्थ ही 'ज्ञानेंद्रियाँ और पदार्थ के सन्निकर्ष से उत्पन्न होने वाला ज्ञान' है, और वह तो निश्चित ही वासनाओं से कलुषित होकर उत्पन्न होता है। मन और बुद्धि वासनाओं के मैके के स्थान हैं, और इनकी क्षणभंगुरता में भी कोई विवाद नहीं है, अर्थात् यह सब ज्ञान मिथ्या है, अविश्वसनीय है।

आश्चर्य की बात है कि इसी मतिगति का अवलम्ब हमारी वेदान्त पुस्तकों में भी किया गया है; उनमें भी लिखा हुआ रहता है कि वेद मिथ्या हैं, शास्त्र मिथ्या हैं, और गुरु भी मिथ्या है, इत्यादि। परंतु इस कथन का यथार्थ आशय क्या है यह स्पष्टता से नहीं बताया जाता है! लौकिक भाषा में **मिथ्या** शब्द का अर्थ सरासर झूठ, असत्य, भ्रम है, और यद्यपि वेदान्त परिभाषा से उसका अर्थ सदसद्विलक्षण विनाशी पर व्यावहारिक सत्य इस प्रकार है, तथापि दुर्भाग्य से लौकिक अर्थ ही वेदान्त साहित्य में बरबस घँस गया है और सच्चे अर्थ को उसने मानो धता ही बता दिया है! इस सम्बन्ध में अधिक विवेचन प्रकरण (४०) तथा (४१) में कर दिया गया है जिसे पाठक देख सकते हैं।

(१६) मोक्ष का एकमेव साधन ध्यानयोग

शास्त्रग्रन्थ यदि अप्रमाण हैं तो ब्रह्मज्ञान और मोक्ष आदि के लिये साधन ही क्या है ? इस प्रश्न के अनुरोध में भगवान् बुद्ध का उत्तर यही रहा कि आप अपने मनके भीतर जो क्षणिक विज्ञानों की अविरत धारा चल रही है उसे बन्द कर लो तो स्वयं ही निर्णय हो जाएगा; जो कुछ व्यवधान है वह मन बुद्धि के संकल्प विकल्पों का ही है। ब्रह्म के विषय में भगवान् बुद्ध की कोई निश्चित अभिमति नहीं बनी थी। इस कारण उनको साधनाओं का प्रणयन करना और उन पर जोर देना ही आवश्यक हुआ। श्रौत स्मार्त सभी कर्म उनकी दृष्टि से भ्रान्तिमूलक होने से उनका उपदेश नहीं किया जा सकता था। यज्ञयागादि तो घृणित ही ठहराए गये। ब्रह्मविद्या तो ब्राह्मणों की कोरी कल्पना मात्र ही मानी गई थी। ईश्वर की आराधना और पूजा पाठ कैसे उपदिष्ट हो सकते थे जब ईश्वर है ही नहीं ? अतः महात्मा बुद्ध को चित्तशुद्धि और ध्यान प्रणाली की साधनाओं पर ही निर्भरता करनी पड़ी। उन्होंने स्वयं भी इसी मार्ग की अन्ततक उत्कट आराधना की; आज भी उनकी प्रतिमाएँ हमें जहाँ तहाँ बद्धपद्मासनस्थ बन्द-नेत्र ध्यान मग्नस्वरूप ही दीख पड़ती हैं।

(१७) महात्मा बुद्ध और शून्यवाद

परब्रह्म और निर्वाण की खोजमें भगवान् **बुद्ध** ने जो ध्यान योग का उपदेश किया और विज्ञान धारा को निरुद्ध करने का आदेश दिया, उसका परिणाम कुछ विचित्र सा ही हो गया। यों देखा जाय तो मन की विज्ञान धारा का नितान्त निरुद्ध होना ही असम्भव है ! 'प्रति क्षण परिणामिनो हि भावा ऋते चितिशक्तेः' ऐसा सांख्य और योग शास्त्रों का सिद्धान्त है। निद्रा में भी अविद्या वृत्ति का स्वीकार किया गया है, चित्तवृत्ति शून्य नहीं होती। निर्विकल्प या असम्प्रज्ञात समाधि में भी चित्त की 'प्रशान्तवाहिता वृत्ति' का स्वीकार है; एवं तथ्यदृष्टि से नितान्त वृत्तिशून्यता होना ही असम्भव है (देखिये मधुसूदन सरस्वतीजी की गीता अ० ६ श्लोक १५ की व्याख्या)

ज्ञातव्य यह है कि 'ज्ञान' एक परमात्मा की अमूल्य देन है जो सदा ही वस्तुतंत्र और निर्वृत्तिक है। अपिच 'ज्ञान' वृत्तिद्वारा ही हमको उपलब्ध होता है और वृत्तिद्वारा ही दूसरों को दिया जाता है, पर एक दूसरे से नितान्त भिन्न है, एक साध्य है और दूसरा साधन है, एक गन्तव्य स्थान है और दूसरा वहाँ पर पहुँचने का मार्ग है, या वाहन है; दोनों में अविनाभावसंबंध होते हुए भी वे भिन्न हैं। इस विषय पर यथेष्ट विवेचन आगे प्रकरण (३७) 'आत्मदर्शन' अंतिम विभाग में किया गया है। वेदान्तदृष्टिसे ब्रह्मज्ञान तो निर्वृत्तिक है ही, प्रत्युत जिस अध्यात्मविद्या की वृत्तियों द्वारा वह प्राप्त होता है वह वृत्तियाँ भी निर्वृत्तिक और निर्विकल्प मानी गयी हैं। गीता अ० ६ श्लोक २९ की व्याख्या के आरम्भ में ही श्री मधुसूदन लिखते हैं, 'तत्त्वमसीति वेदान्तवाक्य जन्य निर्विकल्प साक्षात्कार रूपा **वृत्ति** ब्रह्मविद्याभिधाना जायते'। मर्म की बात है कि जो वृत्तियां या कल्पनाएँ ज्ञानाग्निदग्ध हो गईं, वह नहीं के समान हैं। निर्विकल्पता और निर्वृत्तिकता यह स्थूल मोटी बुद्धि से ठहराने की बातें नहीं हैं। आध्यात्मिक दृष्टि से जो भर्जित बीज हो गई वह निर्विकल्प और निर्वृत्तिक ही हैं।

महातपा शाक्यमुनि के अनुयायीगण ने इन सूक्ष्म लक्षणों का कोई योग्य विचार नहीं किया और **वृत्ति निरोध** का मन्तव्य वृत्ति शून्यता एवं चित्त की पाषाण रूपता ही स्वीकार कर ली! विज्ञान धारा स्थगित होने के पश्चात् जब समझना ही शून्य हो जाता है, तब इस क्षण परिणाम शील बाह्य विराट् प्रपञ्च का अन्तस्तत्त्व जिसको ब्राह्मण गण परब्रह्म पुकारते आये हैं, शून्य के बिना और कुछ हो नहीं सकता इसी निश्चय पर यह लोग स्थिर हो गये। इस विश्व में परिणाम ही परिणाम दिखाई देता है, पर जिसका परिणाम हो रहा है ऐसी एक भी भीतर वाली वस्तु प्रतीत नहीं होती, यही बौद्ध सम्प्रदाय का **शून्यवाद** या **नैरात्म्यवाद** है। पण्डितगण के इस रहस्यमुग्ध विचार चक्र में पड़ने का परिणाम यह हुआ कि इस प्रवाह प्रणाली के अनुसार बुद्ध सम्प्रदाय के परवर्त्ती काल में इस विषय पर शतशः पाण्डित्य पूर्ण ग्रन्थों का प्रणयन हो

गया जिसमें 'नैरात्म्यवाद' का रंगीन प्रतिपादन किया गया है। यह वाद दार्शनिक जगत् को एक अपूर्व बहुमूल्य देन है, ऐसा जिधर जिधर इसका प्रचार हुआ माना गया फलतः ग्रीस के ख्यातनाम विद्वान् हिरेक्लिटस ने इस की बड़ी मान्यता की और फ्रेंच दार्शनिक 'बर्गसों' ने भी इसी की मनोरम व्याख्या कर विपुल कीर्ति सम्पादन की है। इस सम्बन्ध में बौद्धों की परिभाषा इस प्रकार है:—

। निःस्वभावं निरालम्ब सर्वशून्यं निरालयम्
प्रपंचसमतिक्रान्तं बोधिचित्तस्य लक्षणम्।

(नैरात्म्य परिपृच्छा सूत्र श्लो० १२)

। न सन् नासन् न सदसन् न चाप्यनुभवात्मकम्
चतुष्कोटि-विनिर्मुक्तम् तत्त्वं माध्यमिका विदुः।

(माध्यमिक कारिका २—७)

यहा पर बता देना आवश्यक है कि भगवान् बुद्ध ने अपने शिष्यों को पहले से ही चेतावनी दी थी कि तत्त्वों का उहापोह बड़ा गहन एवम् अनिर्वचनीय है; इनके व्यर्थ बकवादों में किसी को नहीं जाना चाहिए। पर हुआ वही जिसके विरुद्ध उनका उपदेश रहा! काल पाकर उनके अनुयायी गण में अनेक मेधावी प्रकाण्ड पण्डित उत्पन्न हुए, जिन्होंने अपनी अपनी बुद्धि के अन्तस्तल में पहुँचकर विद्वत्ता पूर्ण सिद्धान्तों को खोज निकाला और ऊपर कथित प्रकार भूरिशः ग्रन्थ निर्माण किये। एवं तिरस्कृत तत्त्वज्ञान ने अपना बदला खूब चुकाया, बौद्ध तत्त्वविज्ञान की तूती बोलने लगी, और अनेक शताब्दियों तक बोलती ही रही।

शाक्य मुनि गौतम बुद्ध के सदुद्देश्य में कोई आशंका नहीं की जा सकती, परन्तु इसमें सन्देह नहीं कि उनकी शिष्य परंपरा ने, सरासर शून्यवाद का ही आविष्कार और परिपोष किया है और बड़े खेद एवं आश्चर्यकी बात है कि

हमारे अनेक सनातनी पण्डितों ने × प्रायः इसी मत को अपना लिया है। वे स्पष्टतया कहते हैं कि परब्रह्म सच्चिदानन्द स्वरूप है नहीं, केवल अस्तिता मात्र है जिसमें दूसरा कुछ भी नहीं है ! प्रवीण दृष्टि पाठक विचार कर सकते हैं कि जिस 'अस्तितामात्र' में कुछ भी स्वरूपभूत वैशिष्ट्य, याने सत्तास्फूर्तिप्रदत्व या प्रेरकत्व या नियंतृत्व अथवा ज्ञातृत्व भी नहीं है, वह तो केवल नहीं के समान है। किसी भी प्रभाविता का अभाव ही शून्यता है ! और बड़े अचम्भे की बात है कि इस बौद्ध सम्प्रदाय के प्रभाव से हम अब तक मुक्त नहीं हो पाये हैं।

(१८) ध्यानयोग और तद्विषयक भ्रान्त धारणाएँ

ईसा सन् की पाँचवीं शताब्दि में इस भारतवर्ष में बौद्ध सम्प्रदाय के एक प्रकाण्ड पण्डित असंग नामक हो गये, जिन्होंने बड़े बड़े विद्वत्ताप्रचुर ग्रन्थ निर्माण किये हैं। इनका तत्त्वज्ञान 'विज्ञातिमात्रता' नाम से सुविख्यात है। गम्भीर चिन्ता शीलता और अथक परिश्रमों से इन्होंने 'मनस्तत्त्व' की चिकित्सा लिखी है; और सम्भव है कि बौद्ध सम्प्रदाय का असाधारण ग्रन्थ 'प्रज्ञापारमिता' इन्हीं की रचना हो। बुद्ध तत्त्व को प्राप्त करने के लिये साधक को सप्त भूमिकाओं को पार करने के पश्चात् भगवान् बुद्ध के त्रिकाय में से जाना होता है ऐसा इन्होंने अपने ग्रन्थ में बताया है। इनके ग्रन्थों के नाम प्रसिद्ध चीनी यात्री ह्युएनत्सिएँग ने दिये हैं जिनमें से बहुत वह चीन ले गया। बलवद् अनुमान है कि योगवासिष्ठ निर्वाणप्रकरण पूर्वार्ध सर्ग १२० तथा १२६ में जो योग की सात * भूमिकाएँ

× इस पुस्तक में इन मध्यकालीन और अर्वाचीन पण्डितों के विचारों पर विशेष टीका की गयी है, इसका उल्लेख पहले ही प्रकरण (५) उपोद्घात में किया गया है।

* पहले ही बताया जा चुका है कि भारत वर्ष पर बौद्धों का शासन और प्रभाव कोई छः सात शताब्दियों तक अच्छी तरह बना रहा। प्रजा को यह स्वाभाविक है

दी गयी हैं उनका मूल उपर्युक्त ग्रन्थों में उपलब्ध होगा। इन भूमिकाओं का उल्लेख वेदों में, ब्राह्मणों में, अथवा दश उपनिषदों में, नहीं है; अर्थात् यह बौद्ध विज्ञान की ही अनुकृति मालूम होती है। भेद इतना है कि बौद्धों की दश भूमिकाएँ हैं, परन्तु अन्त्य तीन, भगवान् बुद्ध के त्रिकाय से सम्पृक्त रहने से, हमारे पण्डितों ने उनको छोड़ दिया है।

योग मार्ग और योग सिद्धियों के सम्बन्ध में मनगढ़न्त भरसक कल्पनाओं के अतिरिक्त उनमें कुछ तथ्य या वास्तविकता है ऐसा विश्वास नहीं होता, क्यों कि यदि यह कुछ वर्तमान आविष्कार की बात रहती, तो कहा जाता था कि अभी अनुशीलन और अनुधावन चल रहा है और सफलता आगे होने की प्रत्याशा है। परन्तु योग मार्ग की प्रक्रियाएं और प्रमाणग्रन्थ अनेक शताब्दियों से हमारे पास मौजूद हैं और दीर्घ काल से हमें अभिमान भी रहा है कि उनमें बहुत ही गूढ़ तथा रहस्यमय तत्त्व भरे पड़े हैं। बातें ही बातें तो प्रागैतिहासिक काल से सुनने में आ रही हैं और आज भी हम सुन रहे हैं; परन्तु अभी कोई ऐसा प्रमाण नहीं पाया गया है जो उपर्युक्त धारणाओं को सार्थक करता हो। वर्तमान काल में तो अनेक योग मार्ग की पुस्तकें देश भाषा में और विशेषतः

(टिप्पणी, पूर्व पृष्ठ से अनुवृत्त) कि शासक समाज के सकल प्रकार के मतों का और आचारों का अनुकरण करें; अधिकन्तु, इन अनुकृतियों में दोषों की प्रायः अधिकता ही होती है, क्योंकि दोष लुभावने होते हैं और उनके अनुकरण में एक प्रकार की प्रतिष्ठा भी मालूम होती है! इसका अनुभव हमें भली भाँति अतीत अंग्रेजी शासन से हो चुका है। ठीक इसी प्रकार बौद्ध आचार विचारों का प्रभाव हमारे धार्मिक सामाजिक राजनैतिक और दार्शनिक क्षेत्रों पर गहरा पड़ चुका है इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है। हमारे पण्डितों ने बौद्ध मतवाद और सिद्धान्त हमारे अनेक ग्रन्थों में निविष्ट कर दिये हैं। इस योगवासिष्ठ ग्रन्थ में बौद्ध छापे का विज्ञान सैकड़ों स्थलों पर मिलता है, और बहुत से विधान इतने असम्बद्ध और व्याघात दोषों से भरे हुए मिलते हैं कि वे ही उनकी प्रक्षिप्तता का परिचय देते हैं।

अंग्रेजी भाषामें प्रकाशित हो रही हैं जिन पर ग्राहक गण टूट पड़ते हैं। एक ओर इन पुस्तकों का बाह्यांग खासा चित्ताकर्षक बनाया जाता है; चिकना कागज, सुन्दर छपाई, सफाई, बढ़िया चित्ताकर्षक जिल्द, बीच बीच में प्रसंगानुसार कई नयनाभिराम चित्र आदि खूबियाँ सहसा ग्रन्थ को देखते और पन्ने उलटते पलटते ही चित्त को प्रसन्न कर देती हैं; और दूसरी ओर अन्दर, ध्यानयोग की साधनाओं के साथ फड़कती हुई भाषा में वर्णन और क्रमशः प्राप्त होने वाली सिद्धियों का विवरण, किसे आकर्षक नहीं लगेगा ? फलस्वरूप जिज्ञासु साधक क्रिया कलापों के पीछे पड़ते हैं पर लाभान्वित नहीं हो पाते। फिर आपत्ति आ पड़ती है कि शास्त्रको व्यर्थ कैसे कहा जाय? सम्भव है कि हममें ही कुछ ऐसा अभाव हो जिससे हमें ठीक अनुभव न होता हो। ऐसे तपःपूत महामना योगीन्द्र का ग्रन्थ, जिसमें अनेक बातों का विवरण किया गया है, उसको कैसे अयथार्थ समझा जाय ? षट्चक्र चालन, अनहद ध्वनि, आँखों के अन्दर सफेद, नीला, पीला हरा, लाल, रंगों का दर्शन, जो कि ब्रह्म साक्षात्कार के चिन्ह, बताये गये हैं वे असत्य कैसे माने जा सकते हैं ? फिर यह भी रहस्य की बात बतायी जाती है कि 'जिसने पाया वह अन्तर्ध्यान हो गया वह फिर कहने को नहीं रहता !' अर्थात् ज्ञान पर मुहर लगी है ! प्रेमी पाठक गण विचार की बात है कि जब प्रमाण का ही पता न हो तो प्रमेय की सिद्धि क्यों कर हो सकती है ? एवं प्रश्न होता है कि ऊपर वाली रहस्य की बात बताने का अधिकार किसको है ? अज्ञानी को तो हो नहीं सकता, और ज्ञानी तो कहने के लिये रहता ही नहीं ! निष्कर्ष यही निकलता है कि इन बातों में सुनी सुनाई कल्पनाओं के सिवाय कण भर भी तथ्य नहीं है।

अब देखिये इस विषय के प्रति **शंकर** भगवान् का क्या रुख रहा है। बृहदारण्यक उपनिषद् के 'तस्मिन् शुक्लमुत नीलमाहुः पिंगलं हरितं लोहितंच' (बृ० ४-४-९) भाष्य में वे साफ बताते हैं कि 'सर्वथाऽपि तु प्रकृताद् ब्रह्मविद्यामार्गात् अन्य एते शुक्लादयः यान् शुक्लादीन् योगिनो मोक्ष पथानाहुः। नते मोक्षमार्गाः' यह एक ही वचन श्रीमदाचार्य की अलौकिक तेजस्विता और प्रज्ञाप्रकर्ष का पर्याप्त परिचायक है।

मंत्र-तंत्र टोना-टमानी तावीज इत्यादि लोकभ्रमों के दुष्परिणाम हमको दीख पड़ते हैं, फिर भी हम सजग नहीं होते। ठीक यही बात ध्यानयोग के सम्बन्ध में होती आ रही है। बहुतों की यह भूल है कि यह मार्ग बड़ा सरल सुगम है और परब्रह्म का निश्चयात्मक साक्षात् करा देने वाला साधन है। इसके हेतु यह लोग अनेक तथा कथित् योगियों का और साधुओं का पीछा करते हैं पर फलतः कुछ लाभ नहीं हो पाता।

पाश्चात्य विद्वानों ने मंत्र तंत्रादि लोक भ्रमों को बहुत काल पूर्व ही निकाल फेंक दिया है। कुण्डलिनी उत्थापनादि विचित्र धारणाओं के सम्बन्ध में जब यही लोग भौतिक शास्त्र की दृष्टि से निर्णय देंगे तभी कदाचित् हम इस जंजाल से बाहर निकल आएँगे, स्वयं हम निर्णय देंगे ऐसी आशा नहीं दिखाई देती।

(१९) समाधि साधन और श्री हँसराज स्वामी

इस विषय में इस देश के ख्यातनाम श्री हंसराज स्वामीजी ने अपने सुप्रसिद्ध 'आगमसार' नामक ग्रन्थ में जो मार्मिक कटाक्ष किया है वह नीचे दिया जाता है:—

"बाहवे जो मनासवें। तेणें चित्त निरोधावें। मज अमनस्का स्वभावें। समाधि ना उत्थान ॥ ९॥ श्रोता म्हणे मन विकारी। सुखदुःखें शीणचि करी। यासी निरोधितां अंतरीं। समाधान पावे ॥ १०॥ जयासी मन आवरावें वाटें तेणें आसन बांधावे नेटें। मृगजळ बांधावें मोटें। आम्हां काज नाहीं ॥ ११॥ मनासवें शिगतां। श्रमचि उरती तत्त्वतां। नाना सायासें कष्टी होतां। मन अनावर ॥ १२॥ अनंत योग अभ्यासिलें। सहस्रधा ध्यान केलें। तरी मनाचे हलवलें। नाहीं रोम ॥ १३॥ (आगमसार ७ वीं पञ्जिका–तृप्ति वर्णन)

पिछले दो अनुच्छेदों में प्रपंचित प्रतिपादन का यह अभिप्राय नहीं है कि ध्यान की कोई उपयोगिता ही नहीं है। मान्य है कि वह चित्त में स्थिरता और शान्ति बनाए रखने का एक उपाय है, पर वह हमारी साधनाओं का अन्तिम

उद्देश्य नहीं है। शान्ति के बनने पर महत्व का कार्य तो शेष ही रहता है जो निदिध्यासन है। यही श्रुतिवचनों के अभिप्रायों को मनोयोग के साथ हृदयंगम कराता है। श्रीमद्भगवद्गीता, शुष्क ध्यान का पक्षपात नहीं रखती है। उसके अनुसार ध्यान का मन्तव्य घट-घट में व्यापक भगवान् के दर्शन करने में है, और अन्त में इसी की परिगति जीवन्मुक्ति में होती है।

इस विषय पर स्वामी मधुसूदन सरस्वती ने, अपनी भगवद्गीता टीका में अ० ६ श्लोक २९ पर व्याख्या लिखते हुए सुन्दर प्रकाश डाला है। वे लिखते हैं कि ध्यान की प्रक्रिया से चित्त का नाश कराने की कल्पना हैरण्य गर्भी सम्प्रदाय की है। यह लोग द्वैतमार्गी हैं, चित्त को पारमार्थिक सत्य समझते हैं। अर्थात बिना उसके नष्ट किये उनकी असम्प्रज्ञात समाधि सिद्ध नहीं होती। उनको यह भय लगा हुआ है कि इस साधना में, उनका चित्त सदा अड़ंगे ही लगाता रहेगा, अतः उसको नष्ट कर देना ही परमावश्यक है, यही उनका सिद्धान्त है।

औपनिषद् विज्ञान इसके सर्वथा विरुद्ध है। इसकी दृष्टि से चित्त एक जड़ पदार्थ है जो पारमार्थिक सत्य नहीं है। वह ब्रह्मसत्ता अथवा उस सत्ता के ज्ञान में बाधा नहीं डाल सकता। क्योंकि ज्ञान दृष्टि से वह रहते हुए भी अकिंचित्कर है! और तथ्य दृष्टि से चित्त का स्वभाव यदि जाना जाए, तो फिर उसका कुछ भी वश नहीं चलता। उसके दुर्व्यवहार स्वयं ही नष्ट हो जाते हैं, और जो शेष हलचल रहती है वह आध्यात्मिक शान्ति को दूषित नहीं कर सकती। श्री सरस्वतीजी स्पष्टतया लिखते हैं :—'अत एव भगवत्पूज्यपादाः कुत्रापि ब्रह्मविदां योगापेक्षां न व्युत्पादयां बभूवुः। अत एव च औपनिषदाः परमहंसाः श्रौते वेदान्तवाक्यविचारे एव गुरुमुपसृत्य प्रवर्तंते ब्रह्मसाक्षात्काराय नतु योगे'

बौद्ध सम्प्रदायके प्रभाव से **समाधि** शब्द के अर्थ में भी बहुत विपर्य्यय हो गया है। इस शब्द का प्राचीन अर्थ 'आत्मज्ञानजनित अंतः

करण की समाधान वृत्ति' ही है। श्री. भ. गी. में (२-५५ से ७२ तक) स्थितप्रज्ञके लक्षणों में यही अर्थ है। "तत्त्वावबोध एवासौ वासना तृण पावकः। प्रोक्तः समाधि शब्देन न तु तूष्णीमवस्थितिः" (महोपनिषद् अ. ४ श्लोक १२) परन्तु 'लय, विक्षेप, कषाय, रसास्वाद, विहीन बुद्धि की जागृत रहते हुए भी एक निर्बुद्ध अवस्था' ऐसा निर्विकल्प समाधि का कुछ विचित्र अर्थ किया गया है! यह अर्थ हमारी बुद्धि पर इतना छा गया है कि 'समाधि' शब्द के उच्चारण मात्र से हमको 'एक सुप्त, बुध, विहीन अवस्था' का ही विचार तुरन्त आ जाता है, जो बौद्ध तथा पातञ्जल योग मार्ग के प्रभाव का परिणाम है। बौद्ध सम्प्रदाय के सर्वोच्च सिद्धान्त में यह धारणा है, कि जगत् नामक पदार्थ बाहर कोई है नहीं, जो कुछ है मन के अन्दर ही है। अर्थात् मन की क्षणिक विज्ञान धारा बंद की जाए तो जगत् स्वयं ही नष्ट होता है। इसके उपरान्त निर्वाण स्वयं सिद्ध है। ऐसी कुछ विचित्र भोलेपन की कल्पनाओं पर निर्विकल्प समाधि का आडम्बर उत्पन्न हुआ है। सविकल्प समाधि और निर्विकल्प समाधि हमारे प्राचीन औपनिषद् विज्ञान के शब्द नहीं हैं परन्तु परवर्ती काल में हमारे ग्रन्थों में भाँत भाँति की विचित्र बातें प्रश्रय पा गयी हैं जिसमें 'लय चिन्तन' की क्रिया भी आती है। 'आत्मन आकाश सम्भूतः आकाशाद्वायुः' इत्यादि उत्पत्तिक्रमके विरुद्ध लय की भावना सन्तत करते रहने से जगत् के लय का साक्षात् हो सकता है' ऐसा उपदेश किया जाता है! यह तो एक अजब भ्रांति का उदाहरण है।

(२०) थियॉसफी

गूढ़ विद्या, अन्तर्ज्ञान, अलौकिक आदेश' बुद्धि निश्चेष्ट होने के पश्चात होनेवाला ज्ञान, Mysticism, Supramental light, Astral plane, के व्यवहार, मन्त्र-तन्त्र सामर्थ्य, इत्यादि अजस्र कल्पनाओं का राज्य, प्रायः सभी पौर्वात्य देशों में प्राचीन काल से प्रभाव बनाये हुए है। इसे लक्ष्य कर योरप और अमेरिका के गण्यमान्य विद्वानों को बड़ी जिज्ञासा और आतुरता रही कि इन बातों की सुयोग्य गवेषणा हो। इसी उदात्त हेतुसे अमेरिका

में थियॉसॉफिकल सोसाइटी की संस्थापना हो गयी। रशिया के एक संपत्ति वानकुल में मैडम, एच. पी. ब्लैव्हट्स्की नामक एक विदुषी उत्पन्न हो गयी जिसने इस सम्बंध में बहुत आन्दोलन किया। वैसे ही उधर अमेरिका में कर्नेल हेन्रि सील ऑलकाट नामी अग्रगण्य अडव्होकेट हो गये। इन दोनों ने अमेरिका के विख्यात न्यूयार्क नगर में ई. स. १८७५ के नव्हेंबर के मास में इस थियॉसॉफिकल सोसाइटी का उद्घाटन किया। इस परिषद् का प्रधान उद्देश्य, पौर्वात्य योग विज्ञान तथा अध्यात्म विज्ञान का गम्भीरता और बुद्धि शीलता के साथ अध्ययन करना रहा है। उद्देश्य की वाञ्छनीयता और महत्ता में तो कोई सन्देह नहीं है। ऐसे परिश्रम हार्दिक धन्यवाद के नितान्त भाजन हैं। संस्था को स्थापित होकर कोई (७६) छिहत्तर वर्ष बीत गये परन्तु सफलता जैसी होनी चाहिए वैसी नहीं हुई है। इसमें भी कोई आश्चर्य या दोष की बात नहीं है। ब्रह्मविद्या के सम्बंध में अभी इन विद्वानों की प्रगति द्वैत सम्प्रदाय से आगे नही हो पायी है। योग के विषय में भी कोई उल्लेखनीय आविष्कार नहीं हो पाया है। पर एक विषय में इन्होंने एक भारी काल्पनिक प्रपञ्च खड़ा किया है। कई वर्ष तक इन का विचित्र विश्वास था कि मैत्रेय नामक एक लोकोत्तर महात्मा इस वसुन्धरा पर अवतीर्ण होनेवाले हैं। क्यों कि भगवान् **बुद्ध** ने निर्वाण के समय अपने प्रिय शिष्य आनंद को कहा था कि 'जगदुद्धार के लिए मै ही केवल पहला बुद्ध अवतरित हुआ हूँ सो बात नहीं, कुछ समय बीतने पर मुझसे भी अधिक ज्ञान सम्पन्न क्रान्तदर्शी पुरुष इस धराधाम पर अवतीर्ण होंगे, और मैंने जिस मार्ग का प्रणयन किया, उसी की वह पुष्टि करेंगे; इसके अतिरिक्त वह एक कल्याणकारी सोज्वल धर्म की भी शिक्षा देंगे। उनके सहस्रों अनुगामी होंगे और उनका शुभ नाम 'महात्मा मैत्रेय' रहेगा।

महात्मा बुद्ध का निर्वाण हुए आज कोई ढाई हजार वर्ष हो गये हैं परन्तु यह भविष्यवाणी अभी सत्यता में नहीं परिणत हुई है। पण्डिता मिसेस एनीबिसेंट का भी विश्वास रहा कि उनके शिष्य ख्यात नाम 'जे कृष्णमूर्ति' के शरीर में ही महापुरुष मैत्रेय आविर्भूत होंगे। परन्तु इस अनुरोध में उपर्युक्त

महानुभाव अस्वीकार हो गये हैं ! 'मम माया दुरत्यया', यही मर्म की बात जान पड़ती है। इन विचित्र जञ्जालों से हमको छुड़ाने वाला साधन एक ही 'सम्यग्ज्ञान' अर्थात् **आत्मविज्ञान** है दूसरे किसी में यह सामर्थ्य नहीं है।

(२१) साधन चतुष्टय के विषय में विचित्र कल्पनाएँ

वेदान्तशास्त्र में 'साधन चतुष्टय' याने नित्यानित्यवस्तुविवेक शमदमादि साधन, विषयभोगविराग, और मुमुक्षुता, इन चारों की बड़ी महत्ता मानी गयी है। इनसे ध्यान मार्ग का अशेष उपकार होता है इस कारण बुद्ध सम्प्रदाय ने इनकी सिद्धि को नितान्त उपादेय ठहरा कर इनकी आवश्यकता पर भरसक जोर दिया है। वेदान्त शास्त्र नित्य तथा अनित्य को सूक्ष्मता से जान लेने का उपदेश देता है तो यह सम्प्रदाय जगत् को ही शून्य तथा तुच्छ घोषित कर देता है। वेदान्तशास्त्र में जो वैराग्य बताया गया है उसका अभिप्राय वि—रागता अर्थात् अलोलुपता, तृष्णासंगराहित्य है परन्तु इस सम्प्रदाय ने मानों संसार के द्वेष का ही प्रतिपादन कर दिया है !

(२२) स्त्रियों के प्रति निरादर और अवमान

स्त्रियों की अकारण और अवास्तव गर्हा की प्रथा संसार के प्रायः सभी देशों में अनादिकाल से चली आयी है, परन्तु आर्यावर्त में प्राचीन काल में यह बात नहीं थी। विचारदृष्टि से देखा जाए तो स्त्री और पुरुष इन दोनों का दर्जा इस संसार में समानता का ही है। गुण और अवगुण का ठेका किसी एक जाति का नहीं माना जा सकता। प्रत्युत परमात्मा ने सृष्टि के विधि विधान ही ऐसे बनाये हैं जिनसे स्त्रियों को अवगुणों से परिरक्षित रखने की जिम्मेवारी पुरुष जाति पर ही आती है। प्राचीन काल के वैदिक वाङ्मय और आचार विचारों की आलोचना से यही ज्ञात होता है कि आर्य जाति में स्त्रियों के सम्बन्ध में समादर और परिरक्षण के ही मधुर भाव रहे हैं। उनको वेदाध्ययन के अधिकार होते थे। उनके उपनयनादि संस्कार होते थे। उनकी शिक्षा दीक्षा की सुव्यवस्था थी। हमारे

आध्यात्मिक और धार्मिक सिद्धान्तों के अनुसार स्त्री अथवा पुरुष के प्रति किसी प्रकार का पक्षपात नहीं प्रदर्शित किया जासकता, दोनों एक दूसरे के समान होने से धार्मिक और लौकिक कर्मों में दोनों को सम्मिलित होकर कार्य करना आवश्यक है। ब्रह्मविद्या के सम्बंध में भी दोनों का समान अधिकार मान्य किया गया है। यही कारण है कि गार्गी, मैत्रेयी, लोपामुद्रा, अदिति, आत्रेयी इत्यादि परमसत्य की संशोधिका स्त्रियाँ वैदिक काल के इतिहास को अपने आदरणीय नामों से उज्ज्वल करती हैं। इस सुन्दर सामाजिक जीवन का चित्र प्राचीन इतिहासों से भी उपलब्ध होता है। भगवान मनु तो स्पष्ट लिखते हैं—जहां स्त्रियों की पूजा होती है वहाँ देवता निवास करते हैं, और जहां इनका निरादर होता है वहां विपत्तियां विकट रूप धारण कर लेती हैं। दुर्भाग्य से हमारे ग्रन्थों में कुछ विपरीत वचन भी प्रक्षिप्त हो गये हैं जो निस्सन्देह हमारी अवनति और अज्ञानकाल के ही द्योतक हैं। हमारी प्राचीन स्वाधीनता का इतिहास स्त्रियों के बड़े बड़े कारनामों से ही भरा पड़ा है। संक्षेपतः सनातन धर्म की मूल पुस्तकों में स्त्रियों को ऊँचा स्थान दिया गया है। परन्तु काल के दुर्विलास से भारतीय युद्ध के पश्चात, जब उपनिषत्तत्त्वविज्ञान का लोप हो गया, और धर्म का भी नाश हो गया, तब देश अनाचारों और दुराचारों के गर्त में गिर गया, परकीयों के आक्रमण और उत्पीड़न प्रारम्भ हुए, और साथ ही बाहर के देशों की कुरीतियाँ और कुप्रथाएँ यहां भी प्रश्रय पा गयीं।

यह एक प्रगट बात है कि संसार का शासन प्रायः पशुबल से ही होता आ रहा है, सबल सदा निर्बल को दबा कर राज्य करना चाहते हैं। न्याय और धर्म को कौन देखता है? बड़े बड़े पुरुष इनकी आड़ में स्वार्थ सिद्धि को ही प्रधानता देते हैं। इस प्रकार साधारणतः सब संसार में पुरुष जाति का स्वार्थी प्रयत्न सदा से रहा है कि स्त्री जाति पर अपना अधिकार बनाये रक्खें। ठीक यही प्रकार इस देश की दुर्दशाग्रस्त अवस्था में भी हो गया और सहस्रों वर्ष की पराधीनता के कारण हमारी प्राचीन उज्ज्वल परम्परा नष्ट हो गई। विशेषतः मुसलमानों के आक्रमणों से और अधिकार

से तो स्त्रियोंकी अत्यधिक दुर्दशा हो गई। उनको क्रीत दासियाँ समझना और उनको आज्ञानान्धकार में और चहार दीवारी में पर्दों के अन्दर बन्द रखना कितना अन्याय है-यह बात भी हम शताब्दियों की रूढ़ि से भूल गये हैं! इन कारणों से हमारे अर्वाचीन साहित्य का कुछ विभाग स्त्रियों की निन्दा से भरा पड़ा है! समग्र स्त्री जाति याने आधे मानव समाज पर जन्मजात पापिता का कलंक मढ़ देना और उनमें सदा के लिए एक आत्म हीनता का भाव बनाये रखना, कितनी अबुद्धिमानी की बात है? इस घोर अन्याय के कारण हमारी और हमारे देश की असीम हानि हो गई है; स्त्रियाँ माता हैं, देवता हैं, सबका यथोचित आदर करना हमारा कर्तव्य है। ग्रन्थ लिखनेवालों का उद्देश्य अच्छा हो, तो भी उनकी ओर से शब्द-योजना भी यथार्थ ही होनी चाहिए, भ्रामक शब्दों का उपयोग करना पातक है।

(२३) अभ्युदय की निन्दा

इसी तरह जागतिक अभ्युदय को निन्द्य समझना भी भ्रान्ति है। अभ्युदय की प्राप्ति पुण्य से होती है, फिर यह निन्द्य कैसे हो सकता है? वैसा होता, तो शास्त्रों ने ही बतला दिया होता कि अभ्युदय पाप से होता है। अभ्युदय के बाद मनुष्य को गर्व हो सकता है और इससे वह बुरे काम करता है इस कारण अभ्युदय ही तिरस्करणीय नहीं हो सकता; अभ्युदय में हम ही यदि अपने आप पर, अपनी सम्पत्ति पर या भृत्यों पर सुयोग्य अधिकार न रख सकें तो यह अभ्युदय का दोष नहीं है। नाक पर बार बार मक्खी बैठती है यह देख कर नाक काट डालना जितना उचित है, उतना ही अभ्युदय के बाद मन बिगड़ जाएगा यह समझ कर अभ्युदय से द्वेष करना उचित होगा।

आर्य संस्कृति में धर्म, अर्थ, काम, और मोक्ष, चार पुरुषार्थ बतलाये गये हैं। उनमें से अर्थ और काम इन दोनों से द्वेष क्यों किया जाय? धर्मसम्बन्धी नियमों का पालन करना जैसा हमारा कर्त्तव्य है, वैसा ही अर्थ

काम सम्बन्धी शास्त्रोक्त नियमों का पालना भी कर्तव्य है। इनका उपयोग हमें सदाचारवृद्धि और परोपकार की ओर ही करना चाहिए : ऐसा न करते हुए यदि हम उन का दुरुपयोग करने लगें, तो दोष हमारा है, काम और अर्थ का नहीं। अपनी निर्बलता और दोष छिपा कर समाज का उत्कर्ष करनेवाली दैवी सम्पत्ति से प्राप्त हुए पुरुषार्थों की निन्दा करते रहना, अपने को और दूसरों को दिग्भ्रान्त करा देना है। अधर्ममूलक और अन्यायार्जित सम्पत्ति गर्ह्य है, पर न्यायमूलक अभ्युदय निन्द्य किसलिए? किसी भी स्थिति में मनुष्य का मोह में पड़कर कर्तव्यपराङ्मुख होना ही वास्तव में निन्दनीय है, बाहरी एक भी वस्तु पापी या निन्द्य नहीं है। वेदान्तदृष्टि सुवर्णमध्य का अवलम्बन करने का उपदेश देती है। विषय लोलुपता भी नहीं रखनी और द्वेष भी नहीं करना चाहिए, यथायोग्य आचरण रखना चाहिए। लोलुपता रखना जैसे बन्ध है, वैसे ही या उससे भी अधिक अकारण किसी से द्वेष या निन्दा करना बन्ध और भ्रान्ति है। इसीलिए श्री भगवान् ने कहा है—"रागद्वेषवियुक्तैस्तु विषयानिन्द्रियैश्चरन्। आत्मवश्यैर्विधेयात्मा प्रसादमधिगच्छति॥" (गीता० २।६४), "यो न हृष्यति न द्वेष्टि न शोचति न कांक्षति। शुभाशुभपरित्यागी भक्तिमान् यः स मे प्रियः" (१२।१७)। भगवान् श्रीकृष्ण सबसे सम थे, पर अर्जुन से प्रेम करते थे और दुःशासन, दुर्योधनादि को दण्डय ही समझते थे। इसलिए समत्व का अर्थ न्यायनिष्ठ व्यवहार है और यही वेदान्त का ध्येय होने से साधक को इस दृष्टि का परित्याग कभी भी न करना चाहिए।

(२४) शम-दमादि के विषय में विपरीत धारणाएँ

शम-दमादि छः साधनों के सम्बन्ध में भी यही स्थिति रही है; शान्ति का आशय जड़ पाषाण की शान्ति और पाषाण बन कर पड़े रहना ही मोक्ष है, इस प्रकार की भावना तो पराकाष्ठा का अज्ञान है। दुष्ट दुराचारियों के साथ सदा उपकार ही करते रहने के भ्रामक उपदेश से राजनैतिक क्षेत्र में इस देश की घोर हानि हो गई है। इस प्रकार के वर्तन से दुराचारियों को

प्रोत्साहन मिल कर दुर्बल गरीब लोग दुष्टों के अत्याचार के बलि होते हैं, इसका पाप किस के सिर पर पड़ता है ? वस्तुतः दुष्टों का अत्याचार रुके ऐसा उनके साथ बर्ताव करना ही उचित है, और यही अपकार करनेवाले का सच्चा उपकार है। पर इतना गम्भीर विचार न करके दुष्टों की सहायता करते जाना ऐसा उल्टा अर्थ समझ लिया गया है। ऐसा क्यों ? तो उत्तर मिलता है—'ईश्वर उनसे समझ लेंगे।' ठीक ही तो है ! ईश्वर ने हमें बुद्धि दी है, फिर भी हम उसका उपयोग नहीं करते। इस कृतघ्नता का भयानक दण्ड उसने हमें दे ही दिया है। हमारी बुद्धिहीन पूजा-अर्चा की ओर वह देखता तक नहीं। इससे यही सिद्ध होता है कि हमें दी गई बुद्धि का कृतज्ञता पूर्वक सदुपयोग करते रहना हमारा कर्तव्य है तभी हमें उचित मार्ग सूझ पड़ेगा।

(२५) भारतवर्ष के गत कालीन दार्शनिक आन्दोलन

यहां तक बौद्ध सम्प्रदाय के विकास और विस्तार से इस देश में विभिन्न और विचित्र धारणाएं किस प्रकार फैल गईं इसका विवेचन किया गया। अब आगे का महत्त्वपूर्ण आलोच्य विषय यह है कि हमारे अद्वैत तत्त्वज्ञान पर उसका कैसा साक्षात् घातक प्रभाव पड़ा, और उसके नाम पर कैसे भ्रान्त विचार लोगों में प्रश्रय पा गये। इसमें तिलमात्र सन्देह नहीं कि जैन और बौद्ध दोनों सम्प्रदाय अत्यन्त उदार भावों से समाज के हित के लिये ही प्रेरित हुए थे। अहिंसा आदर आतिथ्य औदार्य दया क्षमा शान्ति इत्यादि **दैवी सम्पत्ति** के प्रमुख गुणों की परिपुष्टि का बहुत बड़ा श्रेय इन दो सम्प्रदायों को ही देना उचित है। परन्तु साथ ही साथ हमको विवश हो कर यह भी मानना पड़ता है कि इन गुणों के आश्रय से, अनेक उद्भ्रान्त विचारों को बढ़ावा मिल गया, जिससे हमारे देश की धार्मिक सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्रों में अपरिमित हानि हो गई। पर जैसा कि उपोद्घात प्रकरण (५) में बताया गया है इस घोरतर हानि की जिम्मेदारी इन सम्प्रदायों पर नहीं डाली जा सकती। इनके क्रान्तिकारी विचार देश की

शोचनीय अवस्था के निराकरण के लिये ही उत्पन्न हो गये और उनको इन्होंने बड़ी प्रामाणिकता से और निर्भयता से समाज के सामने रखा। पर उनमें दोष त्रुटियाँ या अविचारता क्या थी, और आगे चल कर उनसे कैसे कैसे कुपरिणाम निकल आने की सम्भावना थी, इन सब बातों की सूक्ष्म आलोचना करना, और साथ ही उनका स्पष्ट आविष्कार और निषेध करना, सनातन धर्माग्रणियों का और तत्कालीन राजाओं का कर्तव्य था। बड़े दुःख की बात है कि उनसे यह कुछ नहीं बन सका! सम्भव है कि वे ही इस भँवर में आ गये अथवा यदि कोई दीर्घदर्शी विद्वान् हुए भी हों, तो भी उनका उपदेश समाज पर प्रभाव न डाल सका हो! चाहे जो हो, सर्व दोषों की जिम्मेवारी हमें ही स्वीकार करनी है।

प्रस्तुत प्रबन्ध का मुख्य प्रतिपाद्य विषय हमारा तत्त्वज्ञान और उसको चारों ओर से घेरने वाला अविद्यारण्य है उसीको स्पष्टतया दिखलाने के लिये अब प्रयत्न किया जाता है।

मानव स्वभावतः ही जड़वादी है। अतः अधिकांश लोग इसे स्वीकार करने के लिये राजी नहीं हैं, कि कोई अलौकिक अगम्य अशरीरी शक्ति इस विश्व के कार्यों को सञ्चालित प्रभावित और नियमित कर रही हो। परन्तु कुछ अल्पांश लोगों को इसकी सम्भावना सम्मत होती है। फिर ऐसे अनेक विषय हैं जिनके सम्बन्ध में मानव समाज में अनादि काल से भिन्न २ मत चले आ रहे हैं। उदाहरणार्थ-नित्य क्या है, अनित्य क्या है, जीवों की उत्पत्ति कैसे होती है, सुख क्या वस्तु है, दुःख क्या वस्तु है, परलोक और पुनर्जन्म हैं या नहीं। ऐसे नाना विध विचारों के परामर्श चर्चा और संघर्ष से ही तत्त्वदर्शन की उत्पत्ति होती है। भारतवर्ष में अतीत अनेक शताब्दियों से जो एवंविध विचारों का मंथन और आन्दोलन हुआ, उसीसे असंख्य मतवाद पंथ और सम्प्रदायों की सृष्टि हुई है। इनका विस्तृत रूप से विवरण अन्त में परिशिष्ट (इ) (ई) और (उ) में किया गया है।

इस विश्व में जड़ और चेतन, दो प्रधान तत्त्व दिखाई देते हैं, पहला मूर्त या अमूर्त द्रव्य रूप है, और दूसरा अद्रव्य रूप। पहला क्रियारहित, गतिरहित है और दूसरा पहले को क्रियाशील अथवा गतिशील बनाने वाला प्रेरक तत्त्व है। यद्यपि ये दोनों पृथक हैं तथापि वे एक दूसरे को छोड़ कर नहीं दिखाई देते। इससे जान पड़ता है कि ये दोनों एक हैं। एक पक्ष का कहना है कि यही विशाल विविध और मिश्र, जड़ चेतन रूप निसर्ग, हमारा ईश्वर है। इसके विपक्ष में आपत्ति की जाती है कि यदि ईश्वर मानना है, तो उसे न्यायी कृपाशील विधि विधानों का नियन्ता एवं कर्म फलों का दाता मानना ही समुचित है; निसर्ग में तो कोई न्याय नियम या विधि संगति, दृष्टिगोचर नहीं होती। वर्षा होती है तो कहीं कम, कहीं अधिक, कहीं खेती को हितकर तो कहीं विनाशक; सर्दी हवा धूप इनकी भी यही दशा है; फिर कहीं प्रचंड भूचाल होती है, तो कहीं भयावह * तूफान; ऐसे विकराल वेढंगे निसर्ग को ईश्वर कैसे माना जाए!

आधुनिक भौतिक विज्ञानवादियों ने अपनी खोजों में अबतक निश्चयही अद्भुत सफलता प्राप्त करली है। उन्होंने रसायन शास्त्र की दृष्टि से सृष्टि के मूलतत्त्व, कुछ काल के पहले, ९३ निश्चित किये। बाद में इलेक्ट्रॉन्स और प्रोटॉन्स, अर्थात् एक नियम्य और दूसरा नियामक, ऐसे दो ही तत्त्व निश्चित किये; और अब तो एक ही प्रेरक या कारक तत्त्व माना जा रहा है। परन्तु इसे भी वे जड़-चेतन रूप मानते हैं; और इससे परे कोई अधिष्ठान रूप ईश्वर नाम से पहचाना जानेवाला विश्व का नियन्ता है, इसे उनकी मान्यता नहीं है।

---

* इस अनुषंग में आस्ट्रिया के मानसशास्त्रज्ञ ख्यातनाम फ्रॉइड् ने ईश्वर के सम्बन्ध में जो चुटीली व्याख्या की है उसका स्मरण हुए बिना नहीं रहता। उसका कहना है:—'God is a function of the unconscious, invented to take the place of the father, whom we gratefully acknowledged in childhood and whom we miss in maturity

लगभग यही सब जड़वादियों की धारणा है; और बड़े आश्चर्य की बात है कि यही भूमिका, कुछ प्रच्छन्न रूप से हमारे अर्वाचीन अद्वैत में भी प्रश्रय पा गयी है ! माना गया है, ब्रह्म भी ऐसा ही कुछ अत्यन्त सूक्ष्म और सर्व व्यापी तत्त्व है; विज्ञानवादियों का क्रिया और गति शील है पर इनका निरा, स्थितिरूप, प्रेरणा प्रेरकता विहीन, कर्तृत्व शून्य, तत्त्व है। फिर कहा जाता है कि उस से प्रतीतिरूप एक ज्ञानधर्म संसार में उत्पन्न होता है, परन्तु उस तत्त्व को स्वयं कुछ भी प्रतीत नहीं होता और अपने द्वारा संसार में इस प्रकार ज्ञान का कुछ प्रपञ्च उत्पन्न हुआ है या हो रहा है, इसकी भी उस ब्रह्म को खबर नहीं है ! यह विचित्र धारणा सम्यक् ज्ञान में कैसी अत्यन्त प्रतिबन्धक है यह कहां तक बतलाया जाय ? अर्वाचीन वेदान्तियों की प्रच्छन्न निरीश्वरवादिता का यही रहस्य है।

(२६) अद्वैत-तत्वज्ञान

इस प्रकार यह जड़वाद या निरीश्वरवाद, चार्वाक, मीमांसक से लेकर अबतक निरन्तर किसी न किसी रूप में हमलोगों के पीछे पड़ा हुआ है और इसके कारण हमारे देश की अपार हानि हुई है। चार्वाक तो स्पष्ट ही निरीश्वरवादी हैं, मीमांसक, अपौरुषेय श्रुतिप्रामाण्य के विचित्र आधार पर निरीश्वरवादी अथवा निष्क्रिय ईश्वरवादी हैं। सांख्य, वैशेषिक, नैयायिक और जैन, अपने अपने विशिष्ट सिद्धान्तों के अभिमान में ईश्वर को एक ओर किनारे रखनेवाले, और बौद्ध तो पूरे निरीश्वरवादी हैं। इतना ही नहीं, संसार भ्रममात्र है, शशशृङ्ग है, ऐसा कहनेवाले भ्रान्तिवादी हैं। और आश्चर्य यह, कि इन्हीं मोहमय विचारों की घनघटा ब्रह्मविद्या का प्रौढ़नाम धारण कर हमारी बुद्धि पर आच्छन्न हो गयी है ! ऐसी दशा में हमारी वास्तविक तत्त्व-विद्या की थाह लगाना जितना दूभर है उतना ही आवश्यक है।

सृष्टि के गूढ़ तत्त्वों का अपनी ओजस्विनी बुद्धि के बल पर अनुशीलन करने का काम, जितना इस आर्यावर्त के प्राचीन महर्षियों ने किया है, उतना संसार के अन्य दार्शनिकों द्वारा किया हुआ नहीं जान पड़ता। उपनिषद्

काल में, अर्थात् मानवसमाज के इतिहास के प्रातःकाल में जब अन्यान्य जातियाँ प्रायः वन्यावस्था में थीं, और भौतिक विज्ञान शास्त्रों की कुछ भी प्रगति न हो पायी थी, उस समय अध्यात्म विज्ञान की अद्भुत खोज लगाना, और इस विराट प्रपंच को उत्प्रेरित प्रकाशित और प्रभावित करने वाली अद्वितीय शक्ति का लक्षण केवल 'ज्ञप्ति स्वरूप' है, ऐसा लेखांकित कर रखना, यह बात आज के उद्भट विद्वानों को भी चकित और स्तंभित कर देने वाली है।

इसी आत्मवस्तु को लक्ष्य कर आगे का विवेचन प्रस्तुत किया जाता है। साथ ही हमारे तत्सम्बन्धीय विचारों में, काल की बलिहारी से अनेक विपर्यस्त और विभिन्न धारणाएँ कैसे प्रविष्ट हुईं और उनसे कैसे कुपरिणाम हुए इसका विवरण प्रसंगशः किया जाएगा।

(२७) परब्रह्म का स्वरूप

अद्वैत विज्ञान की दृष्टि से परब्रह्म का स्वरूपलक्षण 'सत्यंज्ञानमनंतम् ब्रह्म' है; इसीको 'सच्चिदानन्द' भी कहते हैं। और वह **नित्य शुद्ध बुद्ध मुक्त स्वभाव-सर्वज्ञ** और **सर्व शक्तिमान्** है, यह हमारा सिद्धान्त है। श्रीमच्छंकराचार्य अपने ग्रन्थों में, और विशेषतः ब्रह्म सूत्रों के भाष्य में, जहां जहां ब्रह्म शब्द का निरूपण आया है वहां वहां इन विशेषणों का प्रयोग किये बिना नहीं रहते। 'जन्माद्यस्य यतः' इत्यादि ग्यारह सूत्रों के भाष्य में ब्रह्म के अचिंत्य सामर्थ्य, विश्व की उत्पत्ति स्थिति और संहार कर्तृत्व, नियंतृत्व, प्रशासितृत्व का स्पष्ट रूप से निरूपण किया गया है सैकड़ों श्रुति वचन इसी वर्णन को निर्धारित कर रहे हैं। उदाहरण के लिए देखियेः—

(१) एतस्य वा अक्षरस्य प्रशासने गार्गि सूर्याचन्द्रमसौ विधृतौ तिष्ठतः (बृ० ३-८-९)

(२) एषसेतुर्विधरणः एषां लोकानामसंभेदाय (बृ. ४-४-२२)

(३) द्यावाभूमी जनयन् देव एकः (श्वे० ३-३)

(४) यो देवानां प्रभवश्चोद्भवश्च विश्वाधिपो रुद्रो महर्षिः। हिरण्यगर्भं जनयामासपूर्वम्। (श्वे० ३-४)

(५) अस्मान्मायी सृजते विश्वमेतत् (श्वे० ४-९)

(६) एको वर्णो निष्क्रियाणां बहूनामेकं बीजं बहुधा यः करोति (श्वे० ९-१२)

(७) स विश्वकृद्विश्वविदात्मयोनिः (श्वे० ९-१६)

(८) सर्वाणि रूपाणि विचित्य धीरो नामानि कृत्वाऽभिवदन्यदास्ते (तै० आ० ३-१२-७)

(२८) सत्, चित् और आनन्द का अर्थ

'सच्चिदानन्द' लक्षण में जो (१) **सत्** (२) **चित्** और (३) **आनन्द** तीन पद हैं, उनमें सत् पद का **अर्थ** ही सत्ता अर्थात् शासन एवं प्रभुत्व है। किसी सम्राट् की सत्ता एवं आधिपत्य उसके विशाल राज्य पर जैसे **बना** रहता है, उससे अत्यधिक मात्रा में अनन्त ब्रह्माण्डों पर इस निष्कल निष्क्रिय 'नेति नेति' स्वरूप परब्रह्म का अखण्ड दण्डायमान प्रशासन है। बृहदारण्यक उपनिषद् के अन्तर्यामी ब्राह्मण (बृ. ३-७) में इसी रहस्य को लक्ष्य कर सरल मधुर गम्भीर निर्वचन किया गया है। यह ऐश्वर्य मौलिक सत्ता स्वरूप है, अद्वितीय है, सदा अविकृत निरपवाद और देशकालवस्तुरूप परिच्छेदों से परे है। इससे स्पष्ट होगा कि **सत्** शब्द का अर्थ केवल अस्तिता ही नहीं है। सोचने की बात है कि अस्तिता तो चित् में भी है, आनंद में भी है। अस्तिता विहीन **चित्** (अर्थात् ज्ञान) और **आनंद** हो नहीं सकते। फिर इन से पृथक् रूप से **सत्** शब्द का प्रयोग करने की आवश्यकता ही क्या थी? देखिये न, ब्रह्म शब्द कहते ही उसकी अस्तिता तो आ ही जाती है। अतः **सत्** शब्द

का अभिप्राय केवल अस्तिता में नहीं है उससे बहुत ही ऊँचा है। किसी भी लक्षण में देखिये अस्तिता बताई हुई नहीं रहती: जैसे 'सास्नादिमत्वं गोत्वम्' यहाँ गौ की अस्तिता, और फिर उसके कण्ठ के नीचे गलत्था रहता है, ऐसा नहीं बताया गया है। 'संकल्पविकल्पात्मकं मनः' यहाँ भी मन का अस्तित्व और फिर वह संकल्प करता है और विकल्प भी करता रहता है, ऐसा नहीं कहा गया है। यदि कहा जाय कि **सत्** शब्द पारमार्थिकता इङ्गित करता है, तो फिर क्या चित् और आनन्द क्षणिकता के द्योतक हैं? और क्या उनमें अस्तिता नहीं है? अतः परिस्फुट है कि 'सत्' पद परब्रह्म की प्रभाविता का द्योतक है।

इस 'सत्' शब्द का निर्देश प्रधानता से छान्दोग्य उपनिषद् (६-२-१) में आया है। यहां भगवान **शंकर** ने अपने भाष्य में बड़ी उद्बोधक और विस्तृत चर्चा की है और बताया है कि सृष्टि के पूर्व काल में एक **'सत्'** रूप ब्रह्म की ही अस्तिता रही, अर्थात् दूसरा कुछ भी नहीं था। और आगे स्पष्ट किया है कि यह 'सत्' कारण रूप है 'सद्द्रव्यं सन् गुणः सत्कर्म' ऐसा वैशेषिकों के **'सत्सामानाधिकरण्य'** वाला नहीं है; इस सम्बन्ध में आगे उनके महत्व के वचन यह हैं—'तस्मात् वैशेषिकपरिकल्पितात् सतः अन्यत् **कारणमिदं** सदुच्यते मृदादिदृष्टान्तेभ्यः' 'इदं तु सत् चेतनम् ईक्षितृत्वात्' 'सत एव ईक्षितुः नियतक्रमविशिष्टकार्योत्पादकत्वात्'। अतः चेतनावत् **कारणं** जगत इति सिद्धम्'। ध्यान में रहे कि अद्वैत सिद्धान्त को सत्सामान्य या अस्तिता की जाति की कल्पना, अथवा किसी भी पदार्थ की जाति का पृथक् अस्तित्व, अमान्य है-(देखिये परिशिष्ट (उ) अंक २१)

इस विषय पर और भी एक दृष्टि से विशेष प्रकाश डाला जा सकता है। श्रीशंकराचार्य के ख्यातनाम शिष्यों में श्रीसुरेश्वराचार्य नामक एक सुविचार परायण और प्रतिभाशाली पुरुष हो गये, जिन्होंने श्रीमदाचार्य के बृहदारण्यक उपनिषद् भाष्य पर अपना हृदयग्राही वार्तिक रचा है, जिससे श्रीमदाचार्य का अभिप्राय स्पष्टता से परिव्यक्त होता है। **'सत्'** शब्द का निर्वचन करते हुए वे लिखते हैं:—

। **सर्वशक्तिरियं** * शक्तिर्या सदित्यभिधीयते
न च सत्तेति सामान्यं प्रत्ययार्थासमीक्षणात् ।२०
। न सतो व्यतिरेण सतोऽन्यो भाव ईक्ष्यते
अप्यभावो न लभते किमु भावोऽतिरेकताम् ।२१
(बृ. वा. अ. ३ ब्रा. ५ पृ. १२९३)

भावार्थ यह है कि सत् शब्द का अर्थ '**सर्वशक्ति**' है, वैशेषिकों का 'सत्तासामान्य' नहीं। कारण यह है कि उक्त '**सत्तासामान्य**' में 'प्रत्ययार्थ' अर्थात् 'कारणता' नहीं है; परब्रह्म में कारणता है। रहस्य की बात यह है कि कोई भी पदार्थ बिना ब्रह्म की कारणता के उत्पन्न ही नहीं हो सकता। और तो और जिसको व्यवहार में 'अभाव' कहते हैं वह भी बिना ब्रह्म की कारणता के बनने नहीं पाता, फिर भाव रूप पदार्थों की कौन कहे ?

देखिये कैसा मनोमुग्धकर विश्लेषण श्रीसुरेश्वराचार्य ने थोड़े ही शब्दों में किया है, जिसे पढ़ कर संवेदनशील पाठकों को बड़ी प्रसन्नता होती है।

---

* इस पुस्तक में परब्रह्म के अलौकिक सत्तासामर्थ्य का विवरण अनेकों स्थलों पर किया गया है। इस कारण कतिपय पण्डितों का आक्षेप है कि लेखक का यह एक अभिनव '**शक्तिवाद**' है। उत्तर यह है कि लेखक ने पुरातन '**चिद्विलास**' पक्ष का ही विद्योतन किया है, जिसका आद्योपांत निरूपण और प्रतिपादन वेद उपनिषत् श्रीमद्भगवद्गीता वेदान्तसूत्रभाष्य योगवासिष्ठ और श्रीमद्भागवतादि अनेक ग्रन्थों में भूरिशः उपलब्ध होता है। इस सम्बन्ध में आगे प्रकरण (३०) में विशेष विवेचन किया गया है। ध्यान रहे कि सामर्थ्य या शक्ति को कोई बाहर से आसज्जित होनेवाले गुण या विशेषण, लेखक ने नहीं माना है; वह तो परब्रह्म की स्वरूप भूत वस्तु है, अर्थात् अद्वैतविज्ञान '**शक्तिवाद**' नहीं है।

कलकत्ता के सुविख्यात पण्डित डॉ. हीरेन्द्रनाथ दत्त एम. ए. बी. एस. पी. आर, वेदान्तरत्न ने, **सत् चित्** और **आनन्द** के अर्थ क्रम से Power, Wisdom and Bliss प्रताप, प्रज्ञा, और प्रेम तथा Life, Light and Love, ऐसे रहस्यपूर्ण किये हैं, जिनको देख कर चित्त प्रमुदित हो जाता है। (देखिये उनके व्याख्यान The religions of the World Vol. I पृष्ठांक ३२९)

चित् पद का अर्थ ज्ञान है: किन्तु व्यवहार में जो ज्ञान के प्रकार हमको प्रतीत होते हैं अर्थात् सुनना, देखना, जानना, या पदार्थों का ज्ञान, गणित वैद्यक ज्योतिष इत्यादि शास्त्रों का ज्ञान, अथवा पारमार्थिक ज्ञान भी, चित् शब्द का अर्थ नहीं, किन्तु इन सब उत्पन्न होने वाले ज्ञानों को सत्तास्फुरण प्रदान करने वाला जो परब्रह्म का प्रतिभा सामर्थ्य है वही चित् है। हस्तामलकीय स्तोत्र में भी यही तथ्य अगले श्लोक में दर्शाया गया है:—

"। यमग्न्युष्णवन्नित्यबोधस्वरूपम्
मनश्चक्षुरादीन्यबोधात्मकानि
प्रवर्तन्त आश्रित्य निष्कम्पमेकम्
स नित्योपलब्धिस्वरूपोऽहमात्मा।"

अर्थ स्पष्ट है, आचार्य भाष्य की निम्न पंक्तियाँ महत्त्व की हैं: —

अत्रोच्यते:—बोधो हि नाम चैतन्यमभिप्रेतम्। न च ज्ञानम् चैतन्यम्, जन्यस्य ज्ञानस्य ज्ञेयत्वेन घटादिवज्जडत्वात्। ज्ञेयं हि ज्ञानं, घटज्ञानं मे जातम् घटज्ञानं मे जातमिति साक्षादनुभूयमानत्वात्। अतः तस्य अनित्यत्वेन अनात्मस्वरूपत्वेऽपि नित्यबोधस्वरूपत्वमात्मनः उपपद्यते।

विषय की स्पष्टता निम्न विन्यास से हो सकेगी: —



(देखिये आगे प्रकरण (३७) अन्तिम विभाग)

आनन्द शब्द का अर्थ बहुत गम्भीर है। तैत्तिरीय उपनिषद् ब्रह्म वल्ली के सातवें अनुवाक में 'रसो वै सः। रसं ह्येवायं लब्ध्वाऽऽनन्दी भवति। को ह्येवान्यात्कः प्राण्यात्। यदेष आकाश आनन्दो न स्यात्। एष ह्येवाऽऽनन्दयाति। ऐसा हृदयग्राही उत्तेजना पूर्ण वर्णन है। बृहदारण्यक (४-३-३१) में भी 'एतस्यैवानन्दस्य अन्यानिभूतानि मात्रामुपजीवन्ति' ऐसा प्रतिपादन है। संसार में प्राणि मात्र को अपने अपने व्यवहारों में जो सुख और आमोद का अनुभव होता है वह इसी **आनन्द** सत्ता के लवलवांश का प्रतिबिम्ब मात्र है, असल की उसमें बात नहीं आती; हाँ तत्त्ववेत्ता ज्ञानी

पुरुषों को इस आनन्द की अल्पाधिक मात्रा में स्वानुभूति होती है। परन्तु लक्ष्य रूप जो परितुष्टि और शान्ति उसीको **आनन्द** कहा गया है।

उपर्युक्त विवेचन में ज्ञान का जो विश्लेषण किया गया है, उसमें अंक (१) के साथ का ज्ञान ब्रह्म का स्वरूप ही है, ज्ञातृरूप ब्रह्म और उसका ज्ञान एक ही हैं; इसमें क्रिया की कोई बात नहीं है। अंक (२), (३), और (४) के ज्ञान अनिर्वचनीय हैं।

अब ब्रह्म के स्वरूप लक्षण में जो 'ज्ञान' है वह अर्थपरिच्छेदक तो अवश्य है परंतु उससे उत्पन्न होनेवाले ज्ञानाकार परिच्छेद या परिणाम इस लक्षण में नहीं बताये गये हैं। इससे शंका होती है, कि ज्ञान या **ज्ञप्ति** शब्द में अर्थ परिच्छेदकता है या नहीं? इसका निर्णय श्रीमदाचार्य ने स्वयं दिया है: वे लिखते हैं 'यस्य हि सर्वविषयावभासनक्षमं ज्ञानं नित्यमस्ति सोऽसर्वज्ञ इति विप्रतिषिद्धम्'। (देखिये ब्र. सूत्र. भाष्य १-१-५)

श्री भगवद्गीता के प्रस्ताव भाष्य में लगभग आरम्भ में ही 'स च भगवान् क्षानैश्वर्यशक्तिबलवीर्य तेजोभिः सदासम्पन्नः'—यह शब्द आये हैं। इन पर आनंदगिरि टीका में '**ज्ञानं ज्ञप्तिरर्थपरिच्छित्तिः**' ऐसी स्पष्ट व्याख्या ही दी गयी है।

इस महत्व के प्रश्न का मार्मिक विवेचन **शंकर** भगवान् ने अपने तै. उ. ब्रह्मवल्ली अनुवाक एक के भाष्य में किया है, जहां पर अन्त में अपना एक निर्णय वाक्य लिख दिया है, '**तस्माद्यत्सर्वज्ञ तद् ब्रह्म**', जिससे किसी शंका का अवसर नहीं हो पाता। पाठकों से अनुरोध है कि वे इस भाष्य को मनोयोग के साथ पढ़ें।

कई पण्डितों का यह प्रतिपादन हुआ करता है, कि 'सत्यंज्ञानमनंतं' यह सब विशेषण 'स्वार्थहीन हैं! इनका अभिप्राय 'अनृत जड़ दुःख विरोधी' ऐसा

ही लेना चाहिये ! यह तो बौद्ध सम्प्रदाय की 'नच्चा के पहाड़े' वाली बात होती है (देखिये परिशिष्ट (अ) श्रुति वाक्य 'स एष नेति नेति) यह विचित्र अर्थ बौद्धों के शून्यवाद से कितना मिलता जुलता है, प्रिय पाठक समझ सकते हैं। शून्य अभावात्मक होने से अनृत से भिन्न है, शून्य को जड़ द्रव्य नहीं कहा जा सकता, शून्य में दुःख का तो लव लेश नहीं है। देखिये बौद्ध मतों से हमारे पण्डितों को कितना प्रेम था। उपरोक्त ब्रह्मवल्ली के भाष्य में साफ बताया गया है कि इन विशेषणों के अर्थों का परित्याग नहीं हो सकता, पर देखे कौन ? ऐसे विचित्र अर्थ करने से पाठकों को दिग्भ्रान्तता मात्र होती है. ब्रह्म अनृत नहीं है 'इसमें निश्चयात्मकता कहाँ है ? अनृत नहीं, एवं क्रूर भी हो सकता है, दुष्ट भी हो सकता है ! श्रुति माता का अनिन्द्य सुन्दर विधि मुख वर्णन कहां और इन लोगों का अटपटा वर्णन कहां ? श्रुत्युक्त विशेषणों का आशय निरंकुश प्रभुत्व, निःसंदिग्धज्ञान, और निरतिशय आनन्द, कितना उद्बोधक उच्चतम और प्रभामय है ? इतना होते हुए भी उसे 'अनृतजड़दुःख विरोधि' ऐसे कुछ का कुछ मान लेना उतनाही अनौचित्य एवं असमञ्जस से भरा हुआ है, जितना सुन्दर रुचिकर सुगन्धयुक्त 'श्रीखण्ड' की बर्फियों में भूसे और तूस का स्वाद पाने की इच्छा रखना !

कितनेक अभ्यासकों और पण्डितों को भी यह शंका खटकती रहती है, कि परब्रह्म के स्वरूप लक्षण में उसका सर्वज्ञत्व अन्तर्यामित्व सर्वव्यापित्व सृष्टिकर्तृत्व और प्रशासकत्व का स्पष्टता से समावेश क्यों नहीं किया गया ? इस लिये वे मानते हैं कि ये सब पर-ब्रह्म के लक्षण नहीं हो सकते: सम्भवतः अन्य किसी के होंगे और हम भ्रान्ति से उसीको मानते चले जा रहे हैं ? यह तो सबसे बड़ी भूल अद्वैतविज्ञान में प्रश्रय पा गयी है, जिसकी यहां आलोचना होना आवश्यक है।

देखिये, शास्त्र में लक्षण का लक्षण ही 'असाधारण धर्म प्रतिपादकं वाक्यम्' ऐसा स्पष्ट रूपसे किया गया है। और फिर भी यह मर्यादा बतायी गई है कि लक्षण 'अव्याप्ति अतिव्याप्ति और असम्भव' इन दोषों से विवर्जित

हो। अर्थात् उसमें सम्पूर्ण वर्णन नहीं होता है। उदाहरण के लिये 'शृंगित्वे सति सास्नादिमत्त्वं गोत्वम्' यह गाय अथवा बैल का लक्षण बांधा गया है। पर यह इनका पूरा वर्णन नहीं हो सकता। इनके चार पैर होते हैं, पूंछ होती है, गौ दूध देती है। उसके बछड़े होते हैं, जिन पर वह बड़ा स्नेह करती है। बैल खेतिहरों का सर्वथा उपकारी जानवर है, ऐसी अनेक महत्व की बातों का लक्षण में नाम तक नहीं है! अतः आपकी गौ यदि दूध देती है तो वह गौ नहीं है दूसरा ही कोई जानवर है, ऐसा कैसे कहा जा सकता है? यह तो बड़ी हँसी की बात है!

ठीक यही प्रकार परब्रह्म के स्वरूप लक्षण के सम्बन्ध में हुआ है! यदि आपका ब्रह्म सृष्टिनिर्माता है या प्रशासक है, तो वह ब्रह्म नहीं है ऐसा खुल्लम् खुल्ला यह पण्डित गण कहते आ रहे हैं! समझने की बात है कि स्वरूप लक्षण कोई 'इन्ट्रेण्टरी' नहीं है। ब्रह्म में यदि सृष्टिकर्तृत्व ही नहीं है तो 'ब्रह्म कारणता सिद्धान्त' जिसे श्रीमदाचार्य ने ब्र. सू. भाष्य में यत्र तत्र सर्वत्र प्रमाणित किया है, वही उत्सन्न हो जाता है! ब्रह्म का यथार्थ वर्णन करने में, जब वेद भी असमर्थ हैं, तो एक छोटे से स्वरूपलक्षण में सम्पूर्ण वर्णन कैसे समाविष्ट किया जा सकता है! और न लक्षण की व्याख्या से इसकी कोई आवश्यकता ही है। खेद की बात है कि लक्षण का मर्म ही भली भाँति न समझने से, वेदान्त विचारों में एक विचित्र उद्भ्रान्त धारा निर्माण हो गई है। कहा जाता है कि ब्रह्म और ईश्वर सर्वथा अलग हैं। क्योंकि उनके लक्षण ही भिन्न हैं! स्वरूप लक्षण से निर्दर्शित, निर्गुण, निर्बीज, शुद्ध ब्रह्म है, और तटस्थ लक्षण वाला, सगुण, सक्रिय, सबीज, सृष्टिकर्ता, माया से उत्पन्न, अनात्म चिदाभास है, वही ईश्वर है! इस प्रकार जब पण्डितगण ही अपने ग्रंथों में लिख देते हैं तो फिर कुछ कहते नहीं बनता।

दर्शन शास्त्र स्पष्ट बता रहा है कि स्वरूपलक्षण और तटस्थलक्षण दोनों एक ही निर्गुण ब्रह्म के हैं जो कभी अशुद्ध होता ही नहीं। 'कादाचित्कत्वे सति व्यावर्तकत्वम्' यह तटस्थलक्षण की व्याख्या ब्रह्म की स्वरूपच्युति

अशुद्धता या वह काल से परिच्छिन्न होता है, यह नहीं बता रही है । वह त्रिकालातीत ही है, परंतु यह काल परिच्छेद अपने स्वभाव के कारण हम कर लेते हैं और इस काल खण्ड में हमको उसका ज्ञान जैसा,

। गतिर्भर्ता प्रभुः साक्षी निवासः शरणं सुहृत्
प्रभवः प्रलयस्थानं निधानं बीजमव्ययम् ।
(गीता ९---१८)

इस प्रभावी स्वरूप से होता है, वैसा स्वरूपलक्षण से भी होता है । तटस्थलक्षण में बताया हुआ प्रभाव, भले ही स्वरूपलक्षण में निर्दर्शित न किया हो, पर वह शुद्ध ब्रह्म का नहीं है ऐसी बात नहीं। ब्रह्म सूत्र २–१–९ के भाष्य में श्रीमच्छंकराचार्यने स्पष्ट लिखा है :— 'अस्ति चायमपरो दृष्टान्तो, यथा स्वयंप्रसारितया मायया **मायावी** त्रिष्वपि कालेषु न संस्पृश्यते अवस्तुत्वात । एवं परमात्मापि संसारमायया न संस्पृश्यते' । अर्थात् सगुण निर्गुण मायाविशिष्ट मायोपहित शबल अशबल, यह सब वही वह है जो अनेक ब्रह्माण्डों की ईक्षण मात्र से सृष्टि स्थिति लय करते हुए कभी अशुद्ध नहीं होता ।

शुद्ध ब्रह्म सृष्टि करता ही नहीं मायाविशिष्ट ही करता है ! ऐसे कथन से यह भ्रम होता है कि क्या दो दो ब्रह्म होते हैं ? परन्तु दुर्भाग्य का विषय है कि वेदान्त ग्रन्थों में ऐसी संकीर्ण भाषा का व्यवहार पाया जाता है । इस लिये एक विशेष प्रकरण (३२) 'ब्रह्मकारणतासिद्धान्त और विचारसागर ग्रन्थ' इसी ग्रन्थ में निविष्ट किया गया है जिसको पाठक देख सकते हैं । इसमें बताया गया है कि ऐसा विपरीत आशय उक्त ग्रन्थ के प्रवर्तकों का कदापि नहीं हो सकता ।

निर्गुण ब्रह्म सगुण होता है, इसका अर्थ यह नहीं होता कि वह अपने को प्राकृतिक गुण लगा लेता है । सृष्टिकर्तृत्व जागतिक या प्रकृति का सामर्थ्य नहीं । पाठक विचार कर सकते हैं कि त्रिलोक की रचना करने की शक्ति

त्रिलोक के अन्दर वाली नहीं हो सकती। वह तो त्रिलोकातीत और त्रिकालातीत ही हो सकती है। अर्थात् वह पारमार्थिक है जागतिक नहीं। वह ब्रह्म का स्वरूप भूत सामर्थ्य है। इस सूक्ष्म दृष्टि से पर्यालोचन किया जाय तो यह निश्चित होता है कि परब्रह्म का सगुणत्व भी प्राकृतिक जड़ गुण रूप नहीं है।

हमारे अवतारों के सम्बन्ध में भी यही सूक्ष्म और अनूठी धारणा आर्य विचारों की रही है। श्रीकृष्ण भगवान् के जन्म की घटना प्राणियों के जन्म की भाँति जागतिक नहीं। उनका शरीर हड्डी मांस का नहीं था किन्तु एक दिव्य दिखावा था। 'जन्म कर्म च मे दिव्यम्' यह तो भगवान् स्वयं ही बता रहे हैं। जब वे कंस का वध करते हैं तब माया के रजस्तम गुणों से व्याप्त और विकृत होते हैं-यह बात नहीं। कोई भी अनात्म गुण धर्म उन्हें छूने नहीं पाते। 'माया एषा मया सृष्टा यन्मां पश्यसि नारद' (ब्रह्म सूत्र १-१-२ का भाष्य) ऐसा कहने का जिनका प्रभावशाली तेज, उनकी क्या बात कहनी है? तात्पर्य, यह अर्थ कभी नहीं समझना चाहिए कि सगुण ब्रह्म निचले दर्जे वाला ब्रह्म है या अब्रह्म है। संसार के अन्य मतों में सगुण का ही स्वीकार है निर्गुणता की उनको कल्पना नहीं है। अतः उनका हमारा भेद स्पष्ट रूप से बताने के लिये ही हमारे शास्त्रों ने निर्गुणता का विशेष रूप से प्रतिपादन किया है, सगुण को नीचा दिखाने के हेतु नहीं। अपिच उन मतों की सगुणता जागतिक धर्म वाली है, हमारी सगुणता स्वरूपभूत-गुणविकाश रूप होने से निर्गुण ही है।

कई वेदान्त ग्रन्थों में इस प्रकार का भी निर्देश मिलता है कि सामान्य सत्ता परब्रह्म की है और विशेष सत्ता व्यावहारिक है; वैसे ही सामान्य ज्ञान परब्रह्म का है और अंतःकरण जन्य विशेष ज्ञान प्राणिमात्र का है। इसी प्रकार इन ग्रन्थों में ऐसा भी लिखा रहता है कि अस्ति, भाति, प्रिय, नाम और रूप, इन में पहले तीन ब्रह्म के, और पिछले दो जगत् वाले हैं। पर पहले तीन यदि इन्द्रियगम्य हों, तो वे पारमार्थिक हो नहीं सकते।

प्रतीयमान सामान्य अस्तिता में और ब्रह्म की निरंकुश शासना में विलक्षण अन्तर है। फिर सामान्य भातित्व कहाँ, और ब्रह्म के विज्ञान की बात ही कहाँ ? प्रियता की भी यही कहानी है। यह 'अस्ति भाति प्रिय' वाला सिद्धान्त हमारा नहीं है, भेदाभेदवादी शाक्त सम्प्रदाय का है। यह पाँचों यदि ज्ञानेन्द्रिय गम्य हैं, तो अनात्म हैं पारमार्थिक नहीं हैं।

वेदान्त विचारों में निर्गुण और निष्क्रिय इन दो शब्दों की यथार्थता न समझने के कारण जितना अनर्थ हुआ है, उतना कदाचित् दूसरी किसी अज्ञानता से नहीं हुआ है। निर्गुण का अर्थ निस्संबल, निष्प्रभ याने होते हुए भी नहीं के समान, ऐसा बौद्ध छापे का किया जाता है ! अब देखिये भगवद्गीता के १३ वें अध्याय के १९ वें श्लोक में 'विकारांश्च गुणांश्चैव विद्धि प्रकृतिसम्भवान्' ऐसा स्पष्ट कहा गया है। अर्थात् प्रकृतिजन्य गुण अथवा विकार ब्रह्म के नहीं होते, यही निर्गुण शब्द का अर्थ है। और यही प्रमेय ऊपर के विवरण में स्पष्ट किया गया है। इसी अध्याय के श्लोक १३ से १७ तक 'सर्वतः पाणिपादम्' 'सर्वभृत्' 'भूतभर्तृ' 'ग्रसिष्णु प्रभविष्णु' इत्यादि विशेषणों से परब्रह्म का प्रभावी वर्णन किया गया है, अर्थात् वह निर्गुणता का विरोधी नहीं है।

ब्रह्म के 'निष्क्रिय' विशेषण के सम्बन्ध में भी ऐसी ही भ्रान्ति होती आ रही है। यह विशेषण ब्रह्म पर दो ढंग से घटाया जा सकता है। (१) इसके शरीरादि न होने के कारण उसमें जड़ हलचल वाली क्रिया है ऐसा तो कोई नहीं कहता। परन्तु उसमें कर्तृता ही नहीं है, यह कहना श्रुति प्रामाण्य के विरुद्ध है। उसका ईक्षण या इच्छा भी द्रव्यों की हलचल वाली नहीं हो सकती परन्तु ईक्षण मात्र से सृष्टि तो निःसंदिग्ध बताई गई है। श्वेताश्वतर उपनिषत् (१६-१९) में 'निष्कलं निष्क्रियं शांतम्' ऐसा वचन आया है। यहाँ निष्क्रिय का अर्थ भाष्यमें कर्तृत्वहीन नहीं किया गया है, प्रत्युत 'स्वमहिम कूटस्थ' बताया गया है, कारण इसके पहले ही (४-९) में 'अस्मान् मायी सृजते विश्वमेतत्' ऐसे स्पष्ट स्रष्टृत्व बताने वाले शब्द हैं, और भाष्य में आचार्य लिखते हैं

'कूटस्थस्यापि स्वशक्तिवशात्सर्वस्रष्टृत्वमुपपन्नम्'। इस दृष्टि से निष्क्रिय शब्द भी ब्रह्म के निरंकुश सामर्थ्य को कोई ठेस नहीं पहुँचाता।

इच्छामात्र से सृष्टि, यह तो हमारा मौलिक श्रौत सिद्धान्त है। श्रीवसिष्ठ महामुनि भी यही लिखते हैं:—

। शिवं ब्रह्म विदुः शान्तमवाच्यं वाग्विदामपि
स्पन्दशक्तिस्तदिच्छा स्यात् दृश्याभासं तनोति सा। ६
(योगवासिष्ठ निर्वाण प्रकरण उत्तरार्ध सर्ग ८)

महाराष्ट्र के ख्यात नाम समर्थ श्री रामदास भी यही लिखते हैं:—

। ऐशा ब्रह्माण्ड माळा अनन्त। इच्छा मात्रें होत जात
परी जयाचा एकान्त। मोडलाचि नाहीं। २५
(श्री समर्थकृत लघुकाव्य जुनाट पुरुष पृ. ८)

इस अद्भुत ईक्षण शक्ति को जगत के अन्दर कोई दृष्टान्त ही नहीं है, और सिद्धान्त समझाने के लिये उदाहरण तो देने ही पड़ते हैं, इस लिये श्रुति-माता ने विशेष सादृश्य वाला मदारी अथवा जादूगर का दृष्टान्त दिया है:—

। रूपं रूपं प्रतिरूपोबभूव। इन्द्रो मायाभिः पुरुरूप ईयते
। तदेव रूपं प्रतिचक्षणाय। (ऋग्वेद ६–४७–१८)

अर्थः-परमात्मा अपनी बहुरूपी **ऐंद्रजालिक** गारुड़ शक्ति से पदार्थ पदार्थ में रूप धारण किये हुए है। उन्होंने ऐसा इसी हेतु किया है कि उनके यत्र तत्र सर्वत्र दर्शन हों।

यह **मायावी** (मदारी) का दृष्टान्त श्वे. उपनिषत (४–९, १०) में भी आया है, और **श्रीशङ्कराचार्य** ने इसी को अपने ग्रन्थों में लगभग १५ स्थानों पर दिखा दिया है; और ऐतरेय उ. अ. २ खं ४ के प्रस्तावभाष्य में 'एषयुक्ततरः पक्षः' कह कर उसको अपनी अभिमति प्रदान की है।

ऐसी मनोमुग्धकर और रहस्य स्यन्दि उपपत्ति जिसे दृष्टान्त द्वारा श्रुति ने स्वयं दिखा दिया है, जिस पर श्रीमदाचार्य भी बड़े प्रसन्न हुए और जो **दृष्टिसृष्टि वाद** की **प्रतिष्ठाभित्ति** है, उसे देखकर हमारे अर्वाचीन और मध्यकालीन पण्डितों को क्यों बुरा लगता है समझ में नहीं आता ! आज कल के गण्यमान्य वैज्ञानिक और प्रवीण दार्शनिक भी इस गूढ़ उपपत्ति की ओर आकृष्ट हो रहे हैं । परन्तु हमारे पण्डितों को यह डर लगा है कि इस युक्ति से हमारे परमात्मा के असंगत्व, नित्यमुक्तत्व, निर्गुणत्व, **निष्क्रियत्व** और निष्कलत्व, भंग हो जाते हैं ! इस डर के मारे, इन्होंने परब्रह्म को बिलकुल अलग रखने की अविरत चेष्टा की है और यह माना है कि इन ब्रह्माण्डों के उत्पत्ति स्थिति लय, एक जड़ चिदाभास ही करता है और चैतन्य की उसको तनिक भी प्रेरणा नहीं है । इस प्रकार एक अभिनव जड़वाद ही इन्होंने प्रणीत कर रक्खा है ! कहने को तो यह लोग कह देते हैं कि **मायोपहित ब्रह्म** ही सृष्टि करता है परन्तु इसका अर्थ वे अपने मन ही मन कर लेते हैं कि एक 'चैतन्य प्रेरणा विहिन माया' ही सब कुछ कर लेती है, ब्रह्म का उस में कोई सम्बन्ध अथवा किसी दृष्टि को कारणता नहीं है !

प्रिय पाठक विचार कर सकते हैं कि यह कितनी तर्कहीन विचित्र धारणा है ! इस सम्बन्ध में विशेष विवेचन आगे प्रकरण (३२) और प्रकरण (३८) में विस्तृत रूप से किया जाएगा । अर्वाचीन पण्डितों के अनुचित विचारों ने एक बार ही हमारे वेदान्त सम्बन्धी ज्ञान को जर्जर और निस्सम्बल बना रक्खा है ।

'निष्कलं निष्क्रियं शान्तं निरवद्यं निरंजनम्' ऐसा परब्रह्म का वर्णन श्वेताश्वतर (६–१९) में आया है । यहां टीकाकारों ने 'निष्कल शब्द का अर्थ विभागरहित, निरवयव, किया है अर्थात् उसका आशय किसी दृष्टि से कलना हीन अथवा स्फुरण प्रेरणा विहीन, नहीं हो सकता । यदि ऐसा हो तो 'यमेवैष वृणुते तेन लभ्यः तस्यैष आत्मा विवृणुते तनूं स्वाम्' (कठ १-२-२२) यह श्रुति विगतार्थ हो जाती है । इतना ही नहीं अपि तु हमारा अवतार

रहस्य और सम्पूर्ण भगवद्गीता तथा अनेक मौलिक ग्रन्थों को 'समुद्रास्तृष्यंतु' करने की स्थिति उत्पन्न हो जाती है।

ब्रह्म के 'निर्धर्मक' विशेषण का यही अर्थ है कि उसको कोई बाह्य धर्म जाके नहीं चिपकते; उसका यह अर्थ कदापि नहीं हो सकता कि उसके स्वरूपभूत धर्म और गुण नहीं होते। क्या नित्यत्व, शुद्धत्व बुद्धत्व ये ब्रह्म के गुण नहीं हैं? यह तो असमञ्जसता की हद होगी।

इस अनुषंग में आशंका होती है कि क्या नैयायिक मतों की छाँह तो हमारी बुद्धि पर आच्छन्न नहीं हुई है? उनका एक विचित्र सिद्धान्त है कि प्रत्येक पदार्थ कोरा गुणहीन उत्पन्न होता है, और फिर एक क्षण के पश्चात् उस पर गुण आसज्जित होते हैं! यह तो निरी भूल है। पदार्थों में निजी स्वरूपभूत गुण हैं और पदार्थ विकृत भी होते हैं। पर परब्रह्म में किसी प्रकार की विकारिता नहीं है। श्रुति स्मृतियों के स्थिर किये हुए ब्रह्म कारणता सिद्धान्त में परब्रह्म का असंगत्व, नित्यतृप्तत्व, परिपूर्णत्व, अमान्य है ऐसी बात नहीं, परन्तु यह मान्यता बाह्य अथवा स्थूल दृष्टि वाली नहीं है, सूक्ष्म दार्शनिक दृष्टि की है--यह बात इस पुस्तक में अनेक स्थानों पर दर्शायी गई है।

(२९) रज्जुसर्प दृष्टान्त, उससे वेदान्त विचारों में उत्पन्न विचित्र परिणाम, और ब्रह्म कारणता सिद्धान्त

अदृश्य, अचिंत्य, निरवयव, अद्रव्यरूप परमात्मा केवल अकेला ही सृष्टि के पूर्व में था, और उसने 'अनपेक्ष्यैव बाह्यं साधनम् ऐश्वर्यविशेषयोगादभिध्यान मात्रेण स्वत एव' (देखिये ब्रह्म सूत्र २-१-२५ का भाष्य) नाना विध सृष्टि उत्पन्न की ऐसा स्पष्टता से कहा गया है। तो प्रश्न होता है कि यह बिना किसी उपादान द्रव्य के और जब कि निमित्त कारण भी निरवय, हस्तपाद विहीन है, कैसे सम्भव है? संसार भर में इसके लिए कोई उदाहरण नहीं है। इस लिये श्रुतिने

जादूगर का दृष्टान्त दिया, जिसका उल्लेख ऊपर आ गया है। परन्तु जादूगर को भी कुछ मन्त्र पढ़ने पड़ते हैं, कुछ तन्त्र करने पड़ते हैं। श्रुति ने तो केवल परमात्मा के ईक्षण से ही सृष्टि बताई है। इसकी उपपत्ति करा देने के लिये कुछ ग्रन्थकारोंने रज्जुसर्प का दृष्टान्त दिया है। इसमें मंत्र तंत्र होते नहीं, और कुछ विशिष्ट परिस्थिति में ईक्षण मात्र से सर्प दीखने लगता है। यह तो उदाहरण मात्र है, और कुछ ही अंशों में सीमित है। समझाना यही है, कि एकमेवाद्वितीय परमात्मा अपने ईक्षण मात्र से सृष्टि स्थिति लय कर सकते हैं। यही बात विचार-सागर ग्रन्थ में भी स्पष्ट की गई है, देखिये अंक १५१। यहां स्पष्ट कर दिया गया है कि रज्जुसर्प के दृष्टान्त में और जगत् के दृष्टान्त में बहुत ही विभिन्नता है। पहले में अधिष्ठान आधार सादृश्य मन्द अन्धकार, द्रष्टा और उसकी अविद्या मोह भ्रान्ति इत्यादि बहुविध बातें होती हैं, पर जगत् के सम्बन्ध में यह सामग्री है नहीं, और मर्म की बात यह है कि यहां साक्षि-चैतन्य याने शुद्ध ब्रह्म ही अधिष्ठान आधार और द्रष्टा है। अर्थात् विवर्तों का उपादान तथा निमित्त कारण वही है और प्रकट है कि उसको अविद्या और भ्रान्ति छू नहीं सकती। पर खेद है कि इस दृष्टान्त के कारण, जो उद्भ्रान्तता और अनर्थ हुए हैं वह दृष्टान्त की उपरोक्त मर्यादा का परिपालन न करने से ही हुए हैं। बहुत से पण्डितों की यह अहमहमिका रहती है, कि पूर्वाचार्यों के दिये हुए दृष्टान्त को जितने अधिक अंशों से दार्ष्टान्त में लगाया जाना सम्भव है, उतने पूरे अंशों से लगा देना, और उसीमें अपनी पंडिताई और कृतकृत्यता समझ लेना! इस लोभ का परिणाम अनर्थकारी ही होता है जैसा कि उद्धृत दृष्टान्त में दुर्भाग्य से हुआ है। प्रायः किसी भी दृष्टान्त में साम्य का अंश तो अत्यल्पमात्रा में ही होता है। देखिये मृगजल और जल इनमें एक आभासिक सादृश्य को छोड़ कर कहीं भी साम्य नहीं है। परन्तु इनकी सर्वतोभावेन एकता बताने के प्रयासों से प्रबल आपत्तियाँ ही उत्पन्न होती हैं। इसलिये दृष्टान्त और दार्ष्टान्त में कितना विरोध है, इसको जानना भी अत्यधिक आवश्यक है। और इसीलिये विचारसागर ग्रन्थ में रज्जुसर्प और जगत् में कैसी विभिन्नता है इसको दार्शनिक दृष्टि से स्पष्ट कर दिया गया है। रज्जुसर्प और ईशसृष्टि अथवा प्रतीयमान

संसार में दक्षिण और उत्तर ध्रुव के समान भेद है। पहला प्रातिभासिक है, जो सादे व्यावहारिक ज्ञान से ही नष्ट होता है; पर दूसरा तो ब्रह्मज्ञान से भी नष्ट नहीं होता! कहा जाता है कि वह बाधित होता है; पर बाधित तो हमारी अविद्या होती है, तत्सम्बन्धीय जो हमारी भ्रान्त कल्पनायें हैं, और जो केवल हमारे मस्तिष्क के अन्दर है, वही तो नष्ट होती हैं; जगत् तो जैसा था वैसा ही रहता है। क्यों कि वह तो परमात्मा की अद्भुत लीला है, उसे कोई नष्ट नहीं कर सकता। रज्जुसर्प १०/५ मिनट से अधिक नहीं रहता, परन्तु ईशसृष्टि भले ही वह एकान्त अपरमार्थिक हो, करोड़ों वर्ष से चली आ रही है और भविष्यत् में भी बनी रहेगी। वह क्षणिक है यह बौद्ध सम्प्रदाय की की हुई विडम्बना है। भ्रम तो एक मनोधर्म है जो मन के अन्दर ही रहता है; शास्त्र साफ बता रहा है 'शोक मोहौ मनोधर्मौ'। अर्थात् भ्रम कोई बाहर रहने वाला पदार्थ नहीं है।

ब्रह्मकारणता सिद्धान्त को त्याग कर जड़माया की कल्पना कर लेना और उसे 'स्वपरनिर्वाहक' मान लेना, अथवा **एकजीव वाद** की कल्पना कर लेना, दोनों पक्ष श्रुति विरुद्ध हैं क्यों कि इनमें चैतन्य की प्रेरकता ही अमान्य की गई है! प्रेरकता यदि मान्य हो तो फिर विवाद का कारण ही नहीं रहता, क्यों कि वही तो ब्रह्म का स्रष्टृत्व है। पर बड़े आश्चर्य तथा दुःख की बात है कि इतनी प्रभाविता से श्रीमदाचार्य के द्वारा खण्डित किया हुआ सांख्यों का 'जड़ प्रधानकारणतावाद' एक दूसरा ही 'स्वपरनिर्वाहक जड़ माया' का रूप धारण कर हमारे पण्डितगण को विपथगामी कर रहा है!

वास्तव में देखा जाय तो अद्वैत तत्त्वविज्ञान को समझा देने के लिये 'रज्जुसर्प' जैसे अधूरे, अनेक दृष्टि से विसंगत तथा भ्रान्ति जनक दृष्टान्तों के देने की कोई आवश्यकता नहीं थी, पर यह बात भी हमारे पण्डितों की बुद्धि पर बौद्ध तत्त्वज्ञान की कितनी गहरी छाया छा गई थी इसका पर्याप्त परिचय करा देती है। बौद्धों का भी अद्वैत तत्त्वज्ञान है और हमारा

भी वही है पर दोनों में आकाश पाताल सा भेद है., उनका शून्याद्वैत याने प्रारम्भ में निरा भ्रमाद्वैत ही था, यद्यपि आगे चल कर बौद्ध पण्डितों ने उसमें तन्त्र मार्ग के सिद्धान्त और प्रक्रियाओं का समावेश कर उसे 'वज्रयान' कहा है और उसे अलग सा बताने की चेष्टा की है। हमारा तो पहले से ही 'लोकवत्तु लीला कैवल्यम्' ब्रह्मसूत्र (२-१-३३) में प्रतिपादित की गई रीति से, **लीलाद्वैत** या **चिद्विलास** सिद्धान्त है। अतः हमारे पण्डितों को जगत् का कारण बताने के लिये भ्रान्ति जनक दृष्टान्त दिखाने की कोई आवश्यकता न थी; पर काल की बलिहारी से वे बौद्ध पण्डितों के तत्त्वजाल से बच न सके, जैसा कि इस पुस्तक में यत्र तत्र बताया गया है।

(३०) परिच्छेद (१) अक्षरब्रह्म से विश्व का विकास और विस्तार

गत तीन प्रकरणों में ब्रह्मस्वरूप का पर्याप्त मात्रा में विवेचन किया गया है। अब उससे विश्व का विकास और विस्तार कैसे होता है, इसका विश्लेषण किया जाएगा। प्राचीन महर्षियों ने अनेक सहस्राब्दियों के पूर्व केवल अपने प्रातिभाज्ञान से इस विषय में कैसी रहस्यमयी गवेषणा की है, देख कर कोई भी विद्वान, स्तम्भित हो जायगा। यह विज्ञान भगवद्गीता में सूत्र रूप से ग्रथित कर दिया गया है। अ० ८ श्लोक ३ में भगवान कहते हैं :—

(अ) अक्षरं ब्रह्म परमम्

(आ) **स्वभावोऽ**ध्यात्ममुच्यते

(इ) भूतभावोद्भवकरो विसर्गः कर्मसंज्ञितः

अद्वैतविज्ञान में दो ही प्रमुख तत्त्व माने गये हैं, एक 'दृक्' और दूसरा दृश्य। इनमें 'दृक्' ही स्वतन्त्र और परमार्थ सत्य है और दृश्य, अपरमार्थ, अस्वतन्त्र, विनाशी, परन्तु व्यावहारिक सत्य है। कहा जाता है कि अद्वैती आचार्यों ने कापिलसांख्य शास्त्र के पच्चीस तत्त्वों को ही कुछ परिष्कृत कर अपने तत्त्वों की निश्चिति कर ली है। सम्भव है कि ऐसा कुछ अंश में हुआ

हो; परन्तु प्राचीनतम काल में, अद्वैती और सांख्य एक ही थे। अपि च कठोपनिषद् में इन तत्त्वों की अविसंवाद नींव पाई जाती है, तथा केनोपनिषद् में भी कुछ विवरण मिलता है। अतः अधिक सम्भव तो यही प्रतीत होता है कि पूर्वाचार्यों ने प्रथम से ही इन आधारों पर अपने तत्त्वों की परिगणना की हो; और परवर्तीकाल में अद्वैती और कापिलसांख्य विभिन्न हो गये। जो कुछ भी हो, अब वर्तमान दशा में इन दोनों सम्प्रदायों के तत्त्वों का तुलनात्मक निदर्शन आगे दिखाया गया है। निम्न आँकड़े तत्त्वों की क्रम संख्या बताते हैं।

अद्वैत विज्ञान		सांख्यमत (द्वैतवादी)	
तत्त्व	विशेष	तत्त्व	विशेष
(१) (अ) परब्रह्म	समानार्थ शब्दः—'अक्षरं ब्रह्म परमम्' (गीता-८-३) परमात्मा, उत्तम पुरुष, 'तद्विष्णोः परमं पदम्' (कठ १-३-९) **अव्यक्त**, (गी. ८-२०) महान्, शान्तात्मा, **कूटस्थ**, ईश्वर, सच्चिदानन्द, नारायण, वासुदेव (गी. ७-१९) चितिशक्ति, 'नेति नेति' * स्वरूप।	(१) पुरुष अनन्त और प्रत्येक सर्व-व्यापी	ये सब पुरुष स्वतन्त्र हैं। ये न प्रकृति हैं, न विकृति हैं।
(आ) **अव्यक्त** आकाश अव्याकृत पारमेश्वरी बीजशक्ति	यह परब्रह्म ही है (ब्र. सू-भा. १-४-३) क्योंकि परब्रह्म और उसका **स्वभाव** अलग नहीं हो सकते, (गी. ८-३) परब्रह्मणः प्रतिदेहं प्रत्यगात्म भावः स्वोभावः। अव्यक्त यह परब्रह्म की शक्ति है। देखिये (गी. १३-१) और कठ (१-३-११) भाष्य।		

(अ) और (आ) दोनों एक हैं, इनमें तनिक भेद नहीं है। 'एकं सद्विप्रा बहुधा वदन्ति' ऋ. (१-१६६-४६) इस प्राचीन वैदिक सिद्धान्त को पूर्वाचार्यों ने यहां सार्थक किया है, आगे विवरण द्रष्टव्य है।

*'नेति नेति' यह आदेश जो बृहदारण्यक उपनिषद् (२-३-६) में दिया गया है प्रभावशाली प्रशासक परब्रह्म का ही संकेत करता है, देखिये प्रकरण (६१) परिशिष्ट (अ)

अद्वैतविज्ञान			सांख्यमत (द्वैतवादी)	
तत्त्व		विशेष	तत्त्व	विशेष
मायी	माया	माया ऐन्द्रजालिक पारमेश्वरी अभिन्ना शक्ति,		
पुरुष	प्रकृति			
अमृताक्षर	क्षर			
हरः	प्रधानम्	यह सांख्यों का प्रधान नहीं। दे. ब्र. सू. भा. (१-४, ६, ८ तथा ११ और १२)		
विद्या	अविद्या			
परा प्रकृति	अपरा प्रकृति	यह सांख्यों की गुणत्रय वाली प्रकृति नहीं है, दे. ब्र. सू. भा. (१-५-९), पर विश्व की उत्पत्ति स्थिति संहार करने वाली परा देवता होने से गुणत्रयों की भी जननी है, दे. छान्दोग्य उ. अ. ६ गीता (७-१२, १३, १४) तथा (१३-१९)। गीता में इसे 'त्रिगुणात्मिका कहा गया है पर ब्र. सू. भाष्यों के अनुसार व्युत्पत्ति लभ्य अर्थ 'गुणगर्भा' त्रिगुण प्रसविणी लेना चाहिये, यह त्रिगुण रूपा नहीं हो सकती !		
प्रत्यगात्मा	ज्योतिः			
जगद्धारक	प्रमुखा ते-			
अन्तर्यामी	जोबन्नल-			
अधिभूत	क्षणा त्रि-			
अधिदैवत	रूपा भूतग्रा-			
अधियज्ञ	मयोनिः			
(अन्तकाले स्मरणीयो ऽहमेव, गी. अ. ८-५)				
	अजा	यह सांख्यों की 'बहु केशा' बकरी नहीं है किन्तु अजायमाना एवं अनादि अक्षर ब्रह्म ही है, दे. ब्र. सू. भाष्य (१-४-१०)		
क्षेत्रज्ञ	क्षेत्र	गीता (१३-४) भाष्य यही दिखा रहा है कि ये दोनों एक ही आत्मरूप हैं		
(इ) विसर्ग		गी. (८-३) यह परब्रह्म का कर्म है।		

अद्वैतविज्ञान		सांख्यमत (द्वैतवादी)	
तत्त्व	विशेष	तत्त्व	विशेष
(२) **महत्** महान् आत्मा (बोधाबोधलक्षण) सूक्ष्मभौतिक जीवात्मा, कर्ता भोक्ता	**अव्यक्त** से उत्पन्न किया हुआ सूक्ष्म भूतों का बुद्धिरूप व्यष्टिमहत्तत्त्व कारण शरीर कहलाता है। यही बुद्ध्यात्मा (कठ. २-६-७) सम्प्रसाद रूप कूटस्थ बोधक्षम जीवात्मा है। देखिए आगे प्रकरण (४७) गी. (१३-५) के अनुसार अष्टधा प्रकृतिः—	(२) **प्रधान** या त्रिगुणरूपा प्रकृति	यह भी स्वतन्त्र तत्त्व है जो किसी का विकार नहीं है। (३ से २) यह प्रकृति और विकृति दोनों है याने अगले की प्रकृति और पिछले की विकृति (१०से२५) यह सोलह केवल विकार हैं
(३) भूतसूक्ष्म बुद्धि अथवा बाह्यात्मा (अहंकार का कारण)	(१) **अव्यक्त** पारमेश्वरी शक्ति	(३) महत्तत्त्व बुद्धि	
(४) भूतसूक्ष्म अहंकार	(३) बुद्धि (अहंकारकारणम्)।	(४) अहंकार	
(५) भूतसूक्ष्म मन	(४) भूतसूक्ष्म कारण अहंकार (उपाधि लक्षण अभिमान)	(५ से ९) पञ्चतन्मात्र	
(६ से १०) पञ्चतन्मात्र और उनसे उत्पन्न पञ्चप्राण	(६ से १०) पञ्चविषय	(२०) मन	
(११ से १५) पञ्चज्ञानेन्द्रिय (१६ से २०) पञ्चकर्मेन्द्रिय (२१-२५) पञ्चमहाभूत	योग आठ	१० से १४ पञ्चज्ञानेन्द्रिय (१६ से १९ पञ्चकर्मेन्द्रिय) २१ से २५ पञ्च महाभूत	
(११ से २५ और ५ मन ऐसे सोलहा विकार हैं)	(४ से २०) सतरा या (३ से २०) अठारहा तत्वों का लिङ्ग देह या सूक्ष्म शरीर मानागया है।		

कापिलसांख्य शास्त्र के मूर्धन्य पण्डित ईश्वरकृष्ण (जिनका समय पहली शताब्दि या दूसरी शताब्दि का पूर्वार्ध बताया जाता है) ने सांख्य शास्त्र के सिद्धान्तों पर कारिकाएँ रची हैं। उनकी तीसरी कारिका:—

मूलप्रकृतिरविकृतिर्महदाद्याः प्रकृतिविकृतयः सप्त
षोडशकस्तु विकारो, न प्रकृति र्न विकृतिः पुरुषः।

के आधार से सांख्य तत्त्वों के उपर्युक्त विशेष बनाये गये हैं।

(अ) निरुपाधिक ब्रह्म है और (इ) अखिल प्रपंच है; परन्तु (आ) को ब्रह्मकोटि में लेना अथवा प्रपंचकोटि में लेना इसमें भारी मतभेद है, जिससे अनेक कठिनाइयाँ उत्पन्न हुई हैं। विचारगोचर दृष्टि से पहला पक्ष ही श्रेष्ठ है, जिसका समर्थन भगवद्गीता में किया गया है, देखिये अ. १३ श्लोक १९. 'प्रकृतिं पुरुषं चैव विद्ध्यनादि उभावपि। (अ) और (आ) दोनों को समानार्थक ब्रह्म माना गया है, इसीको अविभागपरामर्श कहते हैं; ब्रह्म और उसकी शक्ति या स्वभाव में कोई भेद नहीं हो सकता।

(३०) परिच्छेद (२) 'अविद्या' के दो अर्थ और उनके सम्मिश्रण से विचित्र परिभ्रम

भगवान् **शंकर** ने अपने ब्रह्मसूत्र (१-४-३) के भाष्य में अनेक श्रुतियों के आधार से इसी उपर्युक्त दृष्टि को प्रमाणित किया है। उन्होंने बताया है कि अनादि **अविद्या**, पर-ब्रह्म की अव्याकृतरूपा बीजशक्ति है, कोई स्वतन्त्र तत्व नहीं हैं, और इसी को **अव्यक्त अक्षर** अथवा **माया** कहते हैं। यदि उसको परमात्मा से भिन्न माना जाय तो सांख्यों का प्रधानकारणवाद अर्थात्, द्वैतवाद आपन्न होता है, जो किसी दृष्टि से **अद्वैतविज्ञान** में मान्य नहीं किया जा सकता। अतः ब्रह्मसूत्र भाष्य में ब्रह्मकारणता के प्रतिपादक प्रकरणों में, जहाँ **अविद्या** शब्द का व्यवहार किया गया है वहाँ

ब्रह्म की **स्वभाव** रूपा शक्ति का यही अर्थ है। उदाहरण के लिये देखिये ब्रह्म सूत्र (२-१-१४) का भाष्य जिसमें गीता (८-१४) '**स्वभाव** स्तु प्रवर्तते' का भी हवाला दिया गया है। और गीता भाष्य में 'स्वो भावः स्वभावो **अविद्या** लक्षणा प्रकृतिर्माया प्रवर्तते, दैवी ह्येषा गुणमयी इत्यादिना वक्ष्यमाणा' (गी. ७-१२,१३,१४ भाष्य, वैष्णवी माया) ऐसा स्पष्ट बताया गया है। अर्थात् यह मूल **माया** या 'इन्द्रो मायाभिः पुरु रूप ईयते' (ऋग्वेद ६-४७-१८) में बताई हुई ऐन्द्रजालिक **माया** भ्रमरूपा नहीं है, परब्रह्म ही है।

ब्रह्मसूत्र (२-१-२७) के भाष्य में भी बताया गया है कि '**अविद्या**: कल्पितेन च नाम रूपलक्षणेन रूपभेदेन ब्रह्म परिणामादि सर्वव्यवहारास्पदत्वं प्रतिपद्यते: पारमार्थिकेन च रूपेण सर्वव्यवहारातीतमपरिणतमेव तिष्ठते, वाचारम्भण-मात्रत्वाच्च अविद्याकल्पितस्य नामरूपभेदस्य-इति न निरवयवत्वं ब्रह्मणः कुप्यति'। भगवान् **शंकर** के ग्रन्थों में अनेक स्थानों पर 'अनाद्यविद्याऽनिर्वाच्या कारणोपाधिरुच्यते' इत्यादि बहुत उल्लेख आते हैं, उनका संकेत 'अज्ञान कारणता' या 'भ्रमकारणता की' ओर नहीं है, क्यों कि 'ब्रह्मकारणता सिद्धान्त' तो उनका मौलिक पक्ष है। विवेक चूड़ामणि' स्तोत्र के श्लोक ११० में:-

> **अव्यक्त** नाम्नी **परमेशशक्तिरनाद्य विद्या** त्रिगुणात्मिका या
> कार्यानुमेया सुधियैव **माया** यया जगत्सर्वमिदं प्रसूयते।

ऐसा इसी ब्रह्म सामर्थ्य का वर्णन किया गया है। अर्थात् वह स्वयं भ्रम रूपा नहीं है, भले ही वह इस संसार में अनेक आभासों को उत्पन्न करती हो।

भगवान् **शंकर** ने इस '**अविद्या**' शब्द का व्यवहार, स्वमनः कल्पित नहीं किया है। उपनिषदकाल से ही इस पारमेश्वरी अभिन्न सामर्थ्य को **अविद्या, अव्यक्त,** अव्याकृत, अक्षर, माया, प्रकृति, इन नामों से आभिहित करने की परिपाटी चली आ रही है। श्वेताश्वतर उपनिषद, में पहले ही ,किं कारणं ब्रह्म', जगत् को कारण होनेवाला ब्रह्मस्वरूप क्या है? ऐसा प्रश्न

उठाकर 'ते ध्यानयोगानुगता अपश्यन् देवात्मशक्तिं स्वगुणैर्निगूढाम्' ऐसा स्पष्ट उत्तर दिया है। आगे (१–१०) में 'क्षरं प्रधानममृताक्षरं हरः क्षरात्मानौ ईशत देव एकः' ऐसा कह कर आगे (१०-१) में 'द्वे अक्षरे ब्रह्मपरेत्वनन्ते अविद्याविद्ये निहिते यत्र गूढे क्षरंत्वविद्या ह्यमृतन्तु विद्या विद्या विद्ये ईशते यस्तु सोऽन्यः' ऐसा विवरण आया है। अर्थात् 'रूप्यते अनेन इतिरूपम्' इस व्युत्पत्ति से दोनों अक्षरब्रह्मपरक हैं और उसी 'एकमेवाद्वितीय' ब्रह्म के वाचक हैं; यहाँ कोई विभाग की बात नहीं। भाष्य में **अविद्या** क्षरणहेतु, संसार की सृजनहारी शक्ति और **विद्या** मोक्षहेतु ऐसा प्रतिपादन किया गया है। भगवद्गीता 'द्वाविमौ पुरुषौ' (अ. १५ श्लो. १६) में भी यही अविभागदृष्टि है; अतः जैसे प्रत्यगात्मा, चितिशक्ति, भगवान् नारायण, विष्णु, परमात्मा, या सत् चित् और आनंद, प्रत्येक शब्द पर ब्रह्म का ही संकेत करता है वैसेही (अ) और (आ) में निर्दिष्ट प्रत्येक शब्द, भले ही वह **अविद्या** क्षेत्र क्षर इ॰ हो साक्षात परब्रह्म, उत्तम पुरुष को ही बताता है, क्यों कि **अद्वैतविज्ञान**, कारणब्रह्म में कणमात्र भेद नहीं मानता। हाँ, इससे उत्पन्न कार्य प्रपञ्च तो विभिन्न ही है: 'यथा सतः पुरुषात् केशलोमानि तथाऽक्षरात्सम्भवतीह विश्वम्' ऐसा **मुण्डक** श्रुति (१-७) दृष्टान्त देती है। पर इसको भी अद्वैतविज्ञान अपनी रहस्यमयी **सत्कार्यवाद** की परिभाषा से भेद नहीं कहता। '**अनन्यत्व**' कहता है, देखिये आगे प्रकरण (४१) जिसमें पर्याप्त विवेचन किया गया है। श्वे॰ उ॰ अ॰ ६ मन्त्र ६ में 'पराऽस्यशक्तिर्विविधैव श्रूयते स्वाभाविकी ज्ञानबलक्रिया च' ऐसा वर्णन है। यहाँ स्वाभाविक ज्ञान बल यही 'पुरुष' और स्वाभाविक क्रिया यही 'प्रकृति' है; यह सब एक ही एक हैं जैसा कि उपर्युक्त अविभागपरामर्श की रीति से बताया गया है। ब्रह्म को हम सच्चिदानंद कहते हैं, इसमें चिदानन्द 'पुरुष' है और **सत्** शक्ति मानों 'प्रकृति' है। प्रभावशालित्व समझाने के लिये अलग अलग शब्दों का व्यवहार किया गया है, वास्तव में भेद की कोई बात नहीं है।

यही कारण है कि **अद्वैतविज्ञान**, **शक्तिवाद** नहीं है। शाक्त सम्प्रदाय और तत्सम अन्य सम्प्रदाय परम शिव के अन्दर कुछ अलग सी शक्ति

मानते हैं। शिव तो अविकृत ही रहते हैं पर इस शक्ति का प्रत्यक्ष परिणाम ही जगत् है, ऐसा भेदाभेदवाला इनका सिद्धान्त है। हमारे सिद्धान्त से **सत्** रूपा **सर्वशक्ति** ही परब्रह्म है जिसमें भेद की बात नहीं, जैसा कि आरंभ में ही शांकरभाष्य के आधार से बताया गया है, भले ही उसको प्राचीन परिपाटी के अनुसार **अविद्या** कहा गया हो या अन्य संज्ञाएँ दी गयी हों।

'**अविद्या**' शब्द ईशावास्योपनिषद् में भी आया है, 'अविद्यया या मृत्युं-तीर्त्वा' ऐसी इसकी महत्ता वहाँ पर बताई गई है। जिसके बल पर मृत्युलोक पर विजय प्राप्त होती है वह **अव्यक्त** अक्षर परब्रह्म ही है दूसरी कोई अब्रह्मरूपा वस्तु नहीं हो सकती। हाँ, इस उपनिषद् में अविद्या का लौकिक अर्थ जीवगत अज्ञान अथवा भ्रान्ति भी बता कर उसकी कड़ी निन्दा की गई है, और **अविद्या** तथा **विद्या** के शास्त्रीय अर्थों की प्रशंसा की गई है। देखिये अन्त में ईशावास्योपनिषद् के दोनों प्रबन्ध, प्रकरण (६०) खण्ड (१) और (२)

भगवान् **शंकर** ने, ठीक इन्हीं प्राचीन अर्थों तथा प्रणाली को स्वीकार किया है। ब्रह्मसूत्र (१-४-३) के अनुसार जब परब्रह्म की स्वरूपभूता बीजशक्ति को ही प्राचीन काल से **अविद्या, अव्यक्त** इत्यादि कहते आये हैं, तो इन शब्दों का त्याग आचार्य क्यों करेंगे? अपने भाष्य में उन्होंने स्पष्ट ही बता दिया है कि साख्यों जैसी यह कोई अलग वस्तु नहीं है और ब्रह्मस्वरूपा होने से भ्रम रूपा भी नहीं है। वह तो हमारे लिए बड़ी उपकारिणी है। हमको जो बड़ा डर है वह जीवगत् अविद्या याने भ्रान्ति से है, यही अनेक अनर्थों की जन्मदात्री है; अर्थात् इसीके पाशों को हमें तोड़ना है। इसकी निर्भर्त्सना तो शांकरग्रन्थों में सैकड़ों जगह की गई है। ब्रह्मसूत्रों का प्रारम्भिक अध्यास भाष्य, जिसमें इसका सजीव और मर्मस्पर्शी चित्रण है, वेदान्त साहित्य में अपना अनन्य साधारण स्थान रखता है। इसमें **शंकर** भगवान् ने अपनी अनुपमेय शैली से बताया है कि मनुष्य कितना अल्पज्ञ और दुर्बल है? वह अज्ञान और विपर्यस्तज्ञानों के भँवर में कैसे आता है, अहंभाव और कामक्रोधादि उन्मादों से कैसे अभिभूत होता है, अपने दोषों को दूसरे के मत्थे

आरोपण कर देता है। दूसरों की विकृतता को मोहवश अपनी समझ कर विह्वल होता है और इस दुरवस्था को किसी प्रकार सुधारने में अपने को असमर्थ पाता है; एवं जो नहीं होना चाहिए वही हो रहा है। इस लिए भगवान **शंकर** उसको विश्वास दिलाते हैं कि तुम्हारी भ्रान्त धारणाएँ ही तुमको घातक हो रही हैं, वास्तव में देखा जाए तो जीवात्मा भी अपनी निजी योग्यता से **कूटस्थ** है और सम्यग्ज्ञानद्वारा वह मुक्तिसुख को अवश्य लाभ कर सकता है।

ध्यान में रहे कि प्रथमोक्त अक्षरब्रह्मरूपा अविद्या का भी उल्लेख ब्रह्मसूत्र भाष्य में सैकड़ों स्थलों पर, नामरूपों का व्याकरण करने वाली, उनका प्रत्युपस्थापन करने वाली, नामरूपव्यवहारात्मक संसार को संकल्प से उत्पन्न करने वाली, ऐसा किया गया है, देखिए ब्र॰ सूत्र अ. १ और २। नाम रूपों का व्याकरण, उनको सत्ता और स्फुरण प्रदान करना, यह तो परब्रह्म का ही अद्वितीय सामर्थ्य है। छान्दोग्य श्रुति [अ. ६-२, ३ तथा अ. ८-१४] साफ बता रही है ' आकाशो वै नामरूपयोर्निर्वहिता, ते यदन्तरा तद् ब्रह्म '। एवं, इसी **अविद्या** नामक अक्षरब्रह्म ने अनन्त तेजोगोल सूर्यमण्डल पृथ्वी पर्वत नद नदियां प्रत्युपस्थापित की हैं, जो किसी दृष्टि से भ्रम नहीं हैं, और जो साधारण ज्ञान से तो क्या ब्रह्मज्ञान से भी नष्ट नहीं हो सकती।

पर बड़े दुःख की बात है कि अनेक पण्डित गण इन दोनों अविद्याओं को एक ही भ्रमरूप समझ बौद्ध भ्रमवाद के भवर में जा फंसे हैं, जिससे वेदान्त विचारों में बड़ा कोलाहाल मच गया है। अनेक अंग्रेजी शिक्षित सम्भ्रान्त विद्वान भी इसी चक्कर में आ गए हैं। बिना ब्रह्मसूत्रों का मनोयोग के साथ अभ्यास किए वे **शंकर** भगवान् पर अभियोग लगाते हैं कि उनकी युक्तियाँ थोथी रहती हैं, उनका विवरण पूर्वग्रहों से दूषित एवं विसंगत रहता है, कभी तो वे व्यावहारिकता से परमार्थ में भागते हैं और कभी प्रातिभासिकता का आश्रय लेते हैं! यह सब आरोप और आक्षेप कैसे निर्मूल हैं, इस प्रकरण की आलोचना से प्रेमी पाठकों को विदित हुआ होगा। इनका कारण शांकरग्रन्थों के आद्योपान्त अध्ययन का अभाव है, दूसरा कुछ नहीं। इन आक्षेपकों को अपनी अपनी व्यावहारिक व्यस्तता में इतनी फुरसत ही कहां थी कि वे शान्ति से ब्रह्मसूत्रभाष्यों का पठन पाठन करते?

विश्वविद्यालयीन परीक्षाओं के लिए शाङ्करवाङ्मय का कुछ विभाग नियत किया जाता है; उस अनुषङ्ग में इन लोगों का त्रुटित सा अध्ययन होता है जिससे पर्याप्त लाभ नहीं हो पाता।

यहाँ प्रश्न हो सकता है कि इतना भी गहरा असर, बौद्ध विचारों का इस देश पर कैसे रहा होगा? उत्तर है कि यही जग की रीति है। देखिये न इनके नैरात्म्यवाद का प्रभाव योरप में भी कैसा हुआ, जिसका उल्लेख पीछे पृष्ठ २४ पर किया गया है। ध्यान में रहे कि इनके राज्यशासन इस देश में छः सात शताब्दियों तक अनेक स्थानों पर बने रहे। इन्होंने दैवी सम्पत्ति में बहुत उत्कर्ष प्राप्त कर लिया था। इनकी सत्यनिष्ठा और सद्-व्यवहार का प्रभाव सारे देश पर पड़ गया था जिससे, इसमें सन्देह नहीं कि इस देश की संस्कृति की अभिवाञ्छनीय परिपुष्टि ही हो गई। पर उन्होंने जो शमदमादि साधन, ध्यानधारणा असंगत्व वैराग्य त्याग और तपस्या, इत्यादि बातों का अत्यधिक मात्रा में प्रचार और पुरस्कार किया उसके फलस्वरूप समाज की आध्यात्मिक विचारप्रणाली में परिवर्तन हो कर उनके और हमारे सैद्धान्तिक मन्तव्यों में बहुत विभिन्नता उत्पन्न हो गई, जो नीचे की सारिणी में कुछ उदाहरणों से स्पष्ट की गई है।

उद्देश्य	बौद्ध विचारों के अनुसार उनके मन्तव्य	सनातन धर्म सिद्धान्त तथा तत्त्व-ज्ञान के अनुसार हमारे मन्तव्य
अकर्म अथवा अकर्मण्यता	कर्मों का और व्यवहारों का पूर्ण परित्याग	कर्माभाव नहीं, निःस्वार्थ कर्म, अथवा गुणातीत पुरुषों का कर्म। भगवान शंकर अपने गीता अ. २ श्लो. १० के भाष्य में **अकर्म** का उदाहरण देते हैं 'यथा भगवतो वासुदेवस्य क्षत्रधर्मचेष्टितम्' इ०
वैराग्य	जागतिक व्यवहारों से उद्वेग, उनका पूर्ण परित्याग और जगत को छोड़ दूर भागना	वैराग्यशीलता या व्यवहारातीतता का अर्थ कार्यों अथवा व्यवहारों का अभाव नहीं, तो उपर्युक्त गुणातीतता, प्रभु रामचन्द्रजी अथवा श्री कृष्णचन्द्रजी के समान निस्तृष्णता जिसमें धर्मरक्षा और दुष्टों का शासन पूर्णतया अहिंसारूप माना गया है। उनके हृदयों का परिवर्तन हुए तक शान्ति से बैठना नहीं।
अहिंसा	धर्म अथवा न्याय नीति के विरोध में अथवा किसी भी परिस्थिति में किसी को भी दुःख नहीं पहुंचाना प्रत्युत दुष्टों के अन्तःकरण में इष्ट परिवर्तन होने तक शान्ति धारण किये बैठना।	

प्रिय पाठक, अब जरा अपने हृदय को टटोल कर देखिये। क्या हमारे विचारों पर बौद्ध सम्प्रदाय का प्रभाव अब भी नहीं जमा हुआ है? अनन्तानन्दनिलय श्रीकृष्णचन्द्र को क्या हम पूर्ण वैराग्य सम्पन्न

समझते हैं ? यद्यपि हमारा सनातन तत्वज्ञान उनको पूर्ण वैराग्य तथा त्याग-सम्पन्न और सोलहो आने निर्गुण असंग परब्रह्म ही मानता है, पर हमको कुछ हिचकिचाहट-सी ही होती है ! मर्यादा पुरुषोत्तम रघुनन्दन के सम्बन्ध में भी कतिपय लोगों का दिल यही कहता है कि सीता माता के अपहरण के पश्चात्, काश श्रीरामचन्द्रजी प्रभु एक बड़े वटवृक्ष के तले पूर्ण वैराग्य के साथ अपना आसन जमा देते और स्वसंवेद्य आध्यात्मिक आत्मसन्तुष्टि में अपनी लीला संवरण कर लेते, तो वैराग्य और अहिंसा का कितना उच्चतम आदर्श वे इस संसार के सम्मुख छोड़ जाते ? आखिर रावण में भी तो परमात्मा था ही, फिर इतने आक्रन्दन और भीषण हत्या काण्ड की आवश्यकता ही क्या थी ?

असंगोदासीन स्वसंवेद्य आत्मानन्द में संतृप्त मनुष्य के सम्बन्ध में जब हमारी ऐसी भावना है, तो फिर निष्कल निष्क्रिय निर्गुण निर्धर्मक स्वानन्द तृप्त परब्रह्म, इससे कम तो नहीं हो सकता ! अर्थात इस विराट विश्व की उत्पत्ति स्थिति संहार की झंझटों तथा उनकी अजस्र घटनाओं के नियन्त्रण प्रशासनादि भारवाही से परब्रह्म को मतलब ही क्या हो सकता है ? तस्मात ब्रह्मकारणता सिद्धान्त यदि न माना जाय तो अद्वैत विज्ञान को किसी दृष्टि से हानि पहुँचने का कोई डर नहीं है । इस भाँति की विचार धारा का अंगीकार यदि मध्यकालीन या अर्वाचीन पण्डित गण ने किया हो, तो कोई अचरज की बात नहीं है । ऐसी या लगभग इस प्रकार की मनोभूमिका रखनेवाले प्रमुख पण्डितों का निर्देश उपोद्घात प्रकरण में किया गया है । वास्तव में देखा जाय तो इनका यह परम कर्तव्य था कि ब्रह्मसूत्रादि ग्रन्थ जिनमें सभी प्रमुख सम्प्रदायों का विमर्श और चर्चा की गई है और मौलिक सिद्धान्त निश्चित किये गए हैं, उनका साद्योपान्त अनुशीलन कर प्राचीन औपनिषदिक प्रणाली से विचलित न होते, पर यह नहीं हुआ । अस्तु

अन्त में यह स्पष्टतया बता देना आवश्यक है कि ऐसे भ्रान्त और प्रस्थानत्रयी के विरोधी विचारों की जिम्मेदारी भगवान् **शंकर** पर नहीं डाली जा सकती, क्यों कि :—

(१) उन्होंने **'अविद्या'** शब्द प्राचीन वाङ्मय से ही लिया है, और उसका मन्तव्य अपने ब्रह्मसूत्र अध्याय १ और २ के भाष्य में निःसंदिग्धता से नाम रूप भेदों की प्रत्युपस्थापिका याने सब जागतिक पदार्थों की उत्पत्ति स्थिति संहार करने वाला अक्षर परब्रह्म ही निर्धारित किया है ।

(२) अविद्या शब्द का लौकिक अर्थ, जीवात्मा का अज्ञान, उनको अमान्य नहीं है, पर उसका ऊपर जैसा प्रभावोत्पादक वर्णन उन्होंने कहीं भी नहीं किया है ।

(३) जीवगत अज्ञान या भ्रम, तो एक अतिक्षुद्र बात है : वह एक मनोधर्म है जो मस्तिष्क के अन्दर ही रहता है, बाहर त्रिभुवन में कहीं नहीं है । इस मस्तिष्क ने अल्पकाल के लिये, उत्पन्न किये हुए रज्जुसर्प शुक्तिरजत आदि भ्रम, उसीके अन्दर वाले हैं बाहर कहीं नहीं हैं । क्या जागतिक हिमालयादि पर्वत और नद नदियां किसी भ्रान्त जीव ने उत्पन्न की हैं ?

(४) ऐसी अवस्था में बौद्ध सम्प्रदाय के भंवर में स्वयं आ कर, औरों को भगवान् पर, भ्रमकारणता के पुरस्कार का दोषारोपण करना बड़े दुर्भाग्य की बात है ।

(३१) अकर्तृ ब्रह्मवाद की दुरूह धारणा

श्रुत्यादि प्रमाण ग्रन्थों में जो कहीं कहीं माया द्वारा अथवा हिरण्यगर्भ द्वारा सृष्टि की उत्पत्ति कही गई है, जैसे 'इन्द्रो मायाभिः पुरुरूप ईयते' (ऋ. ६-४७-१८) अथवा 'हिरण्यगर्भ जनयामास पूर्वम्' (श्वे. ३-४) अथवा 'यो ब्रह्माणं विदधाति पूर्वम्' (श्वे. ६-१८) वह ब्रह्म कारणतावाद का मण्डन करने के लिये नहीं, जैसा कि ऊपर विशद किया गया है । यदि क्षण भर के लिये त्रिगुणमाया, प्रकृति,

या हिरण्यगर्भ, को भिन्नरूप मान लिया जाय तो भी इन को सत्ता, स्फुरण देना, याने अस्तित्व और गुणधर्मों का प्रदान करना, सृष्टि करना ही है। भले ही सेना प्रत्यक्ष लड़े मुख्य कर्तृत्व तो सेनापति का ही होता है। फिर भगवान् स्वयं कहते हैं 'कल्पादौ विसृजाम्यहम्' 'विसृजामि पुनः पुनः' 'मयाध्यक्षेण प्रकृतिः सूयते सचराचरम्' (गीता. अ. ९ श्लो ७. ८. और १०) यह कैसे असत्य समझा जाय ! इस अनुषंग में गंधर्वराज पुष्पदंत के महिम्न स्तोत्र के एक सुन्दर श्लोक का स्मरण हुए बिना नहीं रहता :—

किमीहः किं कायः स खलु किमुपायस्त्रिभुवनम् ।
किमाधारो धाता सृजति किमुपादान इतिच ॥
अतर्क्यैश्वर्येत्वय्यनवसरदुःस्थो हतधियाम् ।
कुतर्कोऽयं कांश्चिन्मुखरयति मोहाय जगतः ॥

परब्रह्म को कर्तृत्व दिया, कि अर्वाचीन पण्डितों को माथे में एक ठनक सी पैदा होती है, अपने अद्वैतविज्ञान पर एक कुठाराघात ही हो गया सा उनको प्रतीत होता है ! इसका कारण इनकी बुद्धि पर आच्छन्न बौद्ध मतों की घनघटा ही है। वास्तव में देखाजाय तो यह लोग **शून्यब्रह्म** वादी ही हैं; क्यों कि जिस ब्रह्म में कर्तृता या क्रिया का नाम नहीं, ज्ञान भी नहीं, (क्यों कि वह भी तो एक क्रिया होती है !) और जिसका त्रिलोक में रत्तमात्र उपयोग नहीं, प्रयोजन नहीं, प्रभाव भी नहीं, वह नहीं के समान नहीं तो क्या ? निस्सन्देह, परब्रह्म की कर्तृता के पारचायक, ससर्ज, असृजत, ईक्षत, विचिक्ये, कृत्वा, अभिवदन्, जवनो, ग्रहीता, द्रष्ट, श्रोतृ, मन्तृ विज्ञातृ, करोति, व्याकर्त्ता, कर्त्तारमीशं पुरुषं ब्रह्मयोनिम्, इत्यादि सैकड़ों शब्द श्रुतियों में उपलब्ध होते हैं, वह क्या बुद्धिहीनों से लिखे गये हैं ? कौषीतकी उपनिषद् के अध्यात्म प्रकरण में बालाकि और अजातशत्रु संवाद में 'यो वै बालाक एतेषां पुरुषाणां कर्ता यस्य वा एतत्कर्म स वेदितव्यः' ऐसी परब्रह्म की प्रभाव शालिता बताई गई है। इस पुस्तक में पहले ही, याने प्रकरण (२८) में स्पष्ट किया गया है कि **'सत् चित् और आनन्द'** इस स्वरूपलक्षण में **'सत्'**

का अर्थ अस्तिता मात्र नहीं 'सामर्थ्यरूपता' है और वह भी ऐसी, जो अपनी उपमा त्रिभुवन में नहीं रखती। 'देखिये न लक्षण की परिभाषा ही एक असाधारणता बताती है। ज्ञातव्य यह है कि ब्रह्म की सामर्थ्यसत्ता आश्चर्यरूप है, वह ज्ञान के व्यापार के बिना ज्ञातृरूप अवश्य है। क्रिया रूप न होते हुए भी कर्तृरूप अवश्य है। बिना परिच्छिन्न होते हुए ज्ञेय है, और निर्गुण होते हुए भी गुणभोक्तृ अर्थात् सर्वज्ञ है! संक्षेपतः "श्रुत्यव गाह्यमेवेदमतिगम्भीरं ब्रह्म न तर्कावगाह्यम्" (ब्र. सू. भाष्य २-१-३१) भगवान् **शंकर** के इस कथन में निगूढ़ अर्थ भरा हुआ है।

अकर्तृब्रह्मवाद के अभिमानी पण्डितों से सम्भाषण और चर्चा कभी कभी बड़ी कौतूहल जनक और विचार प्रवर्तक होती है। ब्रह्मकारणता के सिद्धान्त पर ये पण्डितगण अपनी कल्पित दार्शनिकता की दृष्टि से एक विचित्र मनोमुग्धकर आपत्ति किया करते हैं, जिसकी यहाँ पर आलोचना करना उचित होगा। वे कहते हैं कि 'सदेव सोम्येदमग्र आसीदेकमेवाद्वितीयम्... तदैक्षत बहु स्याम्' (छा. ६-२) इत्यादि श्रुतियों का प्रतिपादन द्वैतभूमिका वाला है, जैसा कि 'यत्र हि द्वैतमिव भवति तदितर इतरं पश्यति' इस बृहदारण्यक (४-५-१५) श्रुति में बताया गया है। अर्थात् ये सब भ्रान्त कल्प बातें हैं, और भगवान् शंकराचार्य की भी यही सम्मति है! यह सुन कर तत्त्व जिज्ञासु पाठक चकित रह जाएँगे। श्रीशंकराचार्य श्रुतिवचनों के श्रद्धापूर्ण अभिमानी हैं। वे उद्धृत श्रुतिवचनों को भ्रान्तभूमिका वाले कैसे मानेंगे? उन पर और श्रुति वचनों पर ऐसे अर्थहीन आरोप मढ़ देना मानों अपने ही प्रगाढ़ अज्ञान का परिचय देना है।

प्रिय पाठक, इससे शेष नहीं हुआ। श्री भगवद्गीता में भी ब्रह्म विषयक यथार्थ ज्ञान तथा ब्रह्मकारणता सिद्धान्त स्पष्ट शब्दों में भूरिशः बताया गया है। उदाहरण के लिए देखिए 'कल्पादौ विसृजाम्यहम् (गी. ९-१९), विसृजामि पुनः पुनः (गी ९-८), तपाम्यहमहंवर्षं निगृह्णाम्युत्सृजामिच (गी ९-१९), मां शरणं व्रज, भक्त्या मामभिजानाति,... ...ततो मां तत्त्वतो

ज्ञात्वा (गी १८–१२) मत्तः परतरंनान्यत् (गी ७–७), यस्मात्क्षरमती तोऽहम् (गी. १५–१८) इत्यादि। इन पर भी इन पण्डितों का अध्यारोप है कि यह सब वचन 'द्वैत भूमिका' वाले हैं–अर्थात् गल्प हैं, हमारा ऊँचा सिद्धान्त **अजातवाद** का है, जिसमें जगत है ही नहीं, फिर वेद और भगवद्गीता और श्रीकृष्ण भगवान आप कहा के लिये बैठे हैं?

इस सम्बन्धहीन भाषण का औचित्य तो दूर पर अर्थ भी ज्ञात होना दुर्घट है! क्या श्रीरामचन्द्र प्रभु का अवतार, उनकी आदर्श जीवनी, श्रीवसिष्ठजी के द्वारा उनको ब्रह्मविद्या के संबन्ध में किया हुआ उपदेश, इत्यादि नानाविध अनन्त घटनाएँ हुई ही नहीं? इस प्रकार बहुविध प्रतिवाद करने पर उत्तर में इन पण्डितों का प्रतिपादन होता है कि यह सब द्वैतभूमिका वाली अलीक बातें हैं अर्थात श्रुतिवचन और भगवद्गीता का प्रतिपादन पारमार्थिक सत्य नहीं है।

प्रिय पाठक विचार कर सकते हैं कि यह कैसी विचित्र बात है? 'द्वैत भूमिकावाले वचन' का अर्थ ही 'द्वैत सत्यत्व भूमिकावाले वचन' होता है। ऐसे वचन अद्वैत शास्त्रों में आ ही नहीं सकते; क्योंकि इन शास्त्रकारों की कभी द्वैत-सत्यत्व वाली भूमिका कदापि नहीं रहती; भले ही वे कर्म भक्ति उपासना, या व्यवहार की चर्चा करें पर उनकी 'द्वैतसत्यत्व' की भूमिका नहीं होती। जैसे **'अकर्म'** का अर्थ कर्माभाव नहीं है वैसे अद्वैत का अर्थ द्वैताभाव नहीं, द्वैत–सत्यत्व बुद्धि का अभाव है। शब्दों के केवल अभिधेय अर्थों को लेकर उनके आधार पर शास्त्रार्थ करने की चेष्टा से तत्त्वविज्ञान नहीं बनता।

अब देखिये 'परमार्थ सत्य' की व्याख्या ही यह है कि जो बोध या उपदेश, ब्रह्म के विषय में अथवा ब्रह्मज्ञान के सम्बन्ध में श्रुतिमाता ने या प्रस्थानत्रयी में किया गया है और जो किसी काल में झूठा नहीं सिद्ध किया जा सकता, चाहे कितने ही जगदन्तःपाती शब्दों से किया गया हो, परमार्थ सत्य है। इन भद्र पुरुषों को भी यह सिद्धान्त मान्य है, क्योंकि

वे अपनी धारणा के अनुसार जो स्वकपोलकल्पित ऊँचा रहस्य हमें बताने की चेष्टा कर रहे हैं, वह भी तो जगदन्तःपाती शब्दों से ही हो रही है ! तो फिर अपने वचन तो पारमार्थिक हैं और श्रुति का ब्रह्म संबन्धी वचन भ्रान्त है, यह युक्ति तो भोलेपन की हद करती है ! अपने को जो अनुकूल लगता है, उसीको परमार्थ सत्य कह देना, और जिसका समन्वय अथवा तात्पर्य अपनी समझ में नहीं आता, उसको 'द्वैत भूमिका' वाला एवं भ्रान्त कह देना तो मनचाही बात है। कर्मकांड वाली श्रुतियाँ द्वैतभूमिका वाली हैं यह नहीं कहा जा सकता। यदि कोई कुछ का कुछ मान ले तो उसका क्या इलाज ? द्वैतभाषा का व्यवहार 'द्वैतसत्यत्व भूमिका' वाला ही रहता है। यह कल्पना नितान्त अनुचित है। फलतः ज्ञानकांड की श्रुतियाँ जिनमें ब्रह्म अथवा ब्रह्मज्ञान के सम्बन्ध में विवरण दिया गया है वे पारमार्थिक सत्य हैं। यही न्याय इतर प्रमाण ग्रन्थों के वचनों में भी उपपन्न होता है। **'ब्रह्मसत्यं, जगन्मिथ्या, जीवो ब्रह्मैव नापरः'** यह तीनों सिद्धान्त पारमार्थिक सत्य हैं: भले ही उनमें बताया हुआ जगत् अब्रह्मरूप या आगमापायी हो। एवं ब्रह्म का तटस्थलक्षण भी पारमार्थिक सत्य है इस कारण, कि उसमें परब्रह्म के सृष्टि कर्तृत्व सामर्थ्य का स्पष्टतया बोध कराया गया है जिसको किसी काल में असत्य नहीं सिद्ध किया जा सकता। इसी प्रकार 'यो बुद्धेः परतस्तु सः' यह विधान पारमार्थिक सत्य है; सब महावाक्य और अवान्तर वाक्य पारमार्थिक सत्य हैं। परब्रह्म का वर्णन चाहे किसी देश में या काल में या वाणी में किया गया हो वह कभी असत्य नहीं कहा जाता; और ऐसे शततः वर्णन हों तो भी 'ब्रह्म के एकमेवाद्वितीयत्व में कोई हानि नहीं पहुँचती, क्योंकि यह एक ही ब्रह्म वस्तु के अनेकों दृष्टिकोणों से दर्शन होते हैं, जो नितान्त सत्य हैं। **अद्वैत सिद्धान्त** का अभिप्रेत तो लक्ष्य वस्तु की एकता का है, वर्णनों की, लक्षणों की, या पहलुओं की एकता का नहीं। 'सत्यं ज्ञानमनंतमानंदं ब्रह्म' इसमें चारों विशेषण परमार्थ सत्य हैं; इससे ब्रह्मवस्तु की एकता में कण मात्र भेद नहीं होता। एवं भगवान् श्रीकृष्णचंद्र ने अपनी अमर वाणी से परब्रह्म के विषय में जो जो बोध किये हैं, वे सब परमार्थ सत्य हैं, किसी भी परिस्थिति में उन्हें ठेस नहीं पहुँच सकती।

परन्तु इस सम्बन्ध में मजे की बात तो और आगे है। इन पण्डितों का जो वक्तव्य है कि श्रीकृष्णभगवान् के वचन पारमार्थिक सत्य नहीं हैं व्यावहारिक सत्य हैं, इस प्रतिज्ञा पर भी तो इनका विश्वास नहीं है! देखिये न, यदि कोई कहे कि पाँच और पाँच दस होते हैं, तो वह व्यावहारिक सत्य है; पर यदि कोई कहे कि पाँच और पाँच छप्पन होते हैं तो वह व्यावहारिक सत्य नहीं होता। अतः इन पण्डितों की बुद्धि से जब परब्रह्म सृष्टि करता ही नहीं, तो श्रीकृष्ण भगवान् का यह वचन कि 'मैं सृष्टिस्थितिलय करने वाला परब्रह्म हूं और मेरे से परे वाली वस्तु ही नहीं है' इनका परब्रह्म नहीं कह सकता, अतः वह व्यवहार और परमार्थ दोनों दृष्टि से अलीक है, और यही तो इन पण्डितों के दिल की बात है; पर इसे स्पष्ट रूप से कहने में ये लोग संकोच का अनुभव कर रहे हैं! अब इससे और एक विचित्र बात निकल आती है, कि ऐसी ऊटपटांग बातें करने वाले योगेश्वर भगवान् श्रीकृष्ण सम्यग्ज्ञानी नहीं हो सकते? इस पर क्या कहें कुछ समझ में नहीं आता देखिये यह कैसा निबिड़ अविद्यारण्य है? अस्तु।

। अजं शाश्वतं कारणं कारणानां शिवं केवलं भासकं भासकानाम्
तुरीयं तमःपारमाद्यंतहीनं प्रपद्ये परं पावनं द्वैतहीनम्। १६
(श्रीमच्छंकराचार्यकृत वेदसार शिवस्तोत्र)

(३२) ब्रह्मकारणता सिद्धान्त और विचारसागर ग्रन्थ *

परब्रह्म के सृष्टिस्थितिलयकर्तृत्व के सम्बन्ध में विचारसागर ग्रन्थ में जो प्रतिपादन किया गया है उसका तात्पर्य निम्न में बताया गया है। ग्रन्थगत प्रमाणअंक तथा पृष्ठांक कोष्टक में दिखाए गए हैं।

---

* इस पुस्तक के प्रकाशन के पहले लगभग सवा वर्ष, यह प्रकरण स्वतन्त्र रूप से छपवा कर वेदान्त प्रेमी मित्रों की सेवा में विमर्श के उद्देश्य से

(१) ब्रह्म चैतन्य सृष्टि करे नहीं, केवल सत्तास्फुरण देवे है। चिदाभास ही सृष्टि करे है। (१७१)/(९४)

(२) असंग अक्रिय शुद्ध ब्रह्म से जगत् की उत्पत्ति होवै नहीं, माया-विशिष्ट ईश्वरही सृष्टि करे है। (२४१)/(१४३)

(३) शुद्धचेतन असंग है अक्रिय है निर्विकार है। तातैं माया की उत्पत्ति माने, विकारी होवेगा। और शुद्धचेतनसे माया की उत्पत्ति होवै तो मोक्षदशा विषै माया फिर उपजेगी, यातैं मोक्षनिमित्त साधन निष्फल होवेंगे। (२४२)/(१४४)

(४) जगत् का उपादान और निमित्त दोनूं प्रकारतैं ईश्वर ही कारण है याने ईश्वर की माया जगत् का उपादान है और चेतन भाग निमित्त कारण है। (२४९)/(१४८) यहां नीचे टिप्पणी में शुद्धचेतन कारण नहीं माया सहित चेतन भाग निमित्तकारण है ऐसा बताया गया है। (२९७ टि)/(१४८)

(५) असंग अद्वितीय ब्रह्म में इच्छादिक दुर्घट है, तिनकू करे है, यातैं माया, सामग्री बिना पदार्थ की उत्पत्ति करे है। (२७९)/(१६८)

(पूर्वपृष्ठ से अनुवृत्त)

भिजवा दिया गया था। इस देश के बहुत वेदान्त अभ्यासक 'विचारसागर' ग्रन्थ पढ़ते हैं, बहुत भाषाओं में उसका अनुवाद भी हो गया है। अतः इस छोटे निबन्ध को कुछ थोड़े स्थलों में परिमार्जित कर इस पुस्तक में स्थान दिया जाता है। जो कुछ पुनरावृत्ति रह जाएगी प्रिय पाठक कृपया क्षमा करें।

(६) परमात्मा कारणतादिक धर्म रहित असंग है। ताकी कारणता प्रपंच विषै है नहीं। (३२२) / (१९८)

(७) प्रधानरूप मायाकरि विशिष्टचेतन अन्तर्यामी ईश्वर है, सोई जगत् का कर्त्ता है। (३९० टि) / (२१२)

(८) जगत् का कर्त्ता ईश्वर अर्थात् मायायुक्त चेतन है। (३७०) / (२३१)

इसके विरोधी प्रतिपादन निम्नस्थलों में आये हैं:—

(९) ऊपर अंक २ का पक्ष अज्ञजनोंका है, यहाँ शास्त्रकारोंने अविवेकी जनोंकी दृष्टिका अनुवाद मात्र किया है। विवेकी पुरुषों का पक्ष यह है ऐसा स्पष्ट लिखा है:—

(अ) जगत् का परिणामी उपादान, माया है।

(आ) जगत् का विवर्त उपादान मायाउपहित चेतन है। (२९० टि) / (१४३)

(१०) इससे सिद्ध है कि ऊपर अंक २, ४, ५, ७ और ८ एवं जहाँ जहाँ माया सहित अथवा मायाविशिष्ट चेतनकी कारणता बताई गई है वह सब पक्ष अज्ञ जनोंके हैं। विवेकी जनोंकी दृष्टिसे "माया उपहित चेतन" ही कारण है, और यही साक्षी पदका लक्ष्य, अर्थात् शुद्ध चैतन्य है। देखिये विचारचन्द्रोदय अंक १४९ टि। इतर पक्ष याने १, ३, और ६ इनका विचार आगे किया गया है।

(११) विचारसागर के आरंभ में "वस्तुनिर्देशरूप मंगलकी टीका" है,

उसकी टिप्पणियों में स्पष्ट बताया गया है कि आधार ही अधिष्ठान एवं विवर्तोपादन शुद्ध ब्रह्म है।

(१२) "आत्मनः सर्वाधिष्ठानत्वं नाम अध्यस्तस्य सत्तास्फूर्तिप्रदत्वम्" ऐसी **अधिष्ठान** शब्दकी सर्वमान्य व्याख्या है (देखिये पण्डित प्रकाशानन्द कृत "सिद्धान्त मुक्तावली" श्लोक २५ की टिप्पणी) सत्ता=अस्तित्व और स्फूर्ति=स्फुरण=कार्यकारिता = गुणधर्म। अग्नि को अस्तित्व और गुणधर्म याने उष्णता और प्रकाशत्व देना, परमात्मा परब्रह्म ही कर सकता है। दूसरे किसी में यह सामर्थ्य नहीं 'अग्नि' यह नाम और उसका रूप–गुणधर्म यही तो 'नामरूपों का व्याकरण' है जो श्रुति ने बताया है। विचारसागर ग्रन्थ में सत्तास्फुरण देना शुद्धचैतन्य का अद्वितीय ऐश्वर्य माना गया है। देखिये। (१७६) (२४६) (२५३) (२०२ ब्र) (९४) (१४६) (१५०) (३६४) एवं **अधिष्ठान** शब्द का अर्थ उत्पत्ति-स्थितिलय करनेवाला कारण है और वह सदा अविकृत रहने से विवर्तोपादान सिद्ध होता है।

कई पण्डितों का यह कहना है कि ब्रह्म में **सत्तास्फूर्ति** प्रदत्व नहीं, पर उससे पदार्थों को सत्ता और स्फुरण मिल जाते हैं! यह तो अर्थ के अनर्थ की बात होती है। फिर 'प्रदत्व' पद का प्रयोग क्यों किया गया? बात यह है कि ब्रह्म की सत्ता और स्फुरण कोई जड़ पदार्थ या रुपया टका नहीं है, जिसे कोई भी उठाले जावे और उसकी ब्रह्म को खबर तक न हो जैसा कई पण्डित मान रहे हैं! इन पण्डितों को यह डर लगा हुआ है कि ब्रह्म में 'प्रदत्व' मान लेने से वह भ्रष्ट हो जाएगा!

(१३) विचारसागर ग्रन्थ में 'उत्पत्तिस्थिति और लय करनेवाला कारण सो उपादान कारण यह भी उपादान का लक्षण है' ऐसा लिखा गया है। (२९४) (१४७)

(१४) इस विषय पर विचारसागर ग्रन्थ के १४५ से १५१ तक के अंक मनोनिवेशपूर्वक पढ़ने योग्य हैं। इनमें बताया गया है कि रज्जुसर्प के दृष्टांत में आधार अधिष्ठान और द्रष्टा, अलग अलग होते हैं: किन्तु जगत् के सम्बन्ध में यह सब एक ही शुद्धब्रह्म है, और वह तो कभी भ्रान्त है नहीं। अर्थात् जैसे स्वप्न का अभिन्नोपादानकारण साक्षी चैतन्य है वैसे सर्व सृष्टि का अभिन्नोपादानकारण साक्षी याने शुद्ध चैतन्य है। इसीलिए 'सिद्धान्त मत में सारे कल्पित का अधिष्ठान ही द्रष्टा (साक्षी चैतन्य) है, ऐसा अंक १५१ में व्यक्त रूपसे बताया गया है। ब्रह्म का साक्षित्व निम्न स्थलों में दिखाया गया है:— जगत् (१४९)/(८२), (१५०)/(८३), स्वप्न (१५२)/(८३), (३४९ टि)/(१९१), जीव (१६५)/(९०), अज्ञान (८५)/(५०), (२४६)/(१४६), माया (२४२)/(१४३), (२४६)/(१४६), (२४७)/(१४६), (२५३)/(१५०), (२०२ वृ)/(३६४), प्रपंच माया अविद्या और ईश्वर (१६४)/(९०), (३६५)/(२२८)

(१५) रज्जुसर्प दृष्टान्त में यह माना गया है कि रज्जू का जो 'इदम्' रूप है वही 'आधार' है और 'अधिष्ठान' वृत्तिउपहित चेतन द्रष्टा है। परन्तु जगत् के सम्बन्ध में ब्रह्म के अन्दर कोई भी दृश्यधर्मवाली अथवा ज्ञेयताधर्मवाली मूर्तामूर्त वस्तु है नहीं जो इस विराट दृश्यसंसार का 'इदंकार' रूप आधार बन सके। इसी दृष्टि से अङ्क १५१ में तथा इस ग्रन्थ की उपर्युक्त मङ्गलटीका में 'जो सुख नित्य प्रकाश विभु' याने परब्रह्म को ही अधिष्ठान, आधार, द्रष्टा और **विवर्तो**पादान कारण मान्य किया गया है। अर्थात् ब्रह्म की विवर्तकारणता निश्चेष्ट रज्जुवाली नहीं अपितु अधिष्ठान रूप याने सृष्टि के उत्पत्तिस्थितिलय करते हुए भी पूर्ण अविकारिता रूप है।

(१६) सारे पदार्थ चेतन का विवर्त है। देखिये अङ्क (३२४)/(१९९) इस का भी अभिप्राय शुद्धचैतन्य के द्वारा उत्पन्न किये हुए ज्ञानरूप और दृश्य-

रूप **विवर्त हैं** यही हो सकता है : क्योंकि चैतन्य तो कोई समुद्र जैसी द्रव्य-रूप वस्तु नहीं है जिसमें उच्चावच लहरें बन सकें। कोई दूसरी शक्ति या अज्ञान भी चैतन्य के विवर्त बना नहीं सकता। अतः निरवयव ब्रह्म ही अपनी लीला से दृश्यरूप पदार्थ उत्पन्न करता है, इस लीला का नाम ही माया है। देखिये अङ्क $\frac{(२७९)}{(१६७)}$ और $\frac{(३१७)}{(१६८)}$: वेदान्तसूत्र २-१-२५ के भाष्य में श्रीशङ्कराचार्य स्पष्ट लिखते हैं 'एवं चेतनमपि ब्रह्म अनपेक्ष्य बाह्यं साधनं स्वत एव जगत् सक्ष्यति'

(१७) "मायाविशिष्ट चेतन" कारणब्रह्म है। उसीकी उपासना सकल पुराणों का अभिप्राय है, और सारे वेदान्त का सिद्धान्त है ऐसा अङ्क $\frac{(५१७)}{(३२३)}$ में स्पष्ट किया गया है। परन्तु पहले ही बताया गया है कि मायाविशिष्ट चेतन की कारणता अज्ञजनों का पक्ष है जिसका शास्त्रकारोंने अनुवादमात्र किया है और सच्ची कारणता मायाउपहित चेतन में ही है, देखिये ऊपर अङ्क (९) अतः यही उपास्य है। फिर भी "उपहित" शब्द, स्वयं ही अनुपहित एवं शुद्ध का संकेत रखता है, क्योंकि उपाधिधर्म उसमें जाते ही नहीं, देखिये विचार सागर अङ्क ७२, २०१ और ३५३। अतः शुद्ध ब्रह्म ही **उपास्य है** और ज्ञेय है: ब्रह्मसूत्र दहराधिकारण (अ. १. पा. ३ सूत्र १४ से २३ तक) के भाष्य में भी यही प्रतिपादन किया गया है।

(१८) इस सम्बन्ध में एक भारी पहेली उपस्थित होती है कि विचारसागर ग्रन्थ में जब अनेक स्थानों पर शुद्धब्रह्म की कारणता ही अस्वीकार की गई है, और माया उपहित चेतन में ही कारणता बताई गई है, तो फिर इन दोनों में कुछ भेद सा होना आवश्यक है। उत्तर यह है कि ऐसी भेद की कल्पना ही अनुचित है देखिये प्रकरण (३०) पृष्ठ ५७। परब्रह्म में तनिक भी भेद नहीं हो सकता।

यहां पर ज्ञातव्य यह है कि शुद्ध ब्रह्म असंग है, निष्क्रिय है, उसमें कारणता है नहीं, इसका अर्थ यह है कि जगत् में जैसी क्रियारूप या विका-

रितारूप कारणता देखी जाती है, वैसी कारणता ब्रह्ममें नहीं है। अनिर्वचनीय कारणता अवश्य है, मात्र उसका परिचय बिना उसके आविष्कार के जगत् में नहीं दिखाई देता। देखिये न, शुद्ध ब्रह्म में कारणता दिखती नहीं, जड़ में तो होना असम्भव है। अशुद्ध ब्रह्म में है-यह भी कहते नहीं बनता, क्योंकि ब्रह्म, अशुद्ध कदापि होता ही नहीं। परिशेषतः माया उपहित चेतन की कारणता है ऐसा कहा जाता है। परन्तु उपाधि जड़ है और उसका उपसर्ग ब्रह्म को पहुंचता ही नहीं, एवं सच्ची कारणता शुद्ध ब्रह्म की ही है यही निष्कर्ष सिद्धान्त दृष्टि से अनिवार्य है।

कई पण्डितों का यह कहना है कि 'मायाउपहित चेतन' इन शब्दों का अर्थ 'चैतन्य प्रेरणाविहीन माया' ही समझना चाहिये; क्योंकि चैतन्य में प्रेरणा और स्फुरण है नहीं, उसको माया की खबर तक नहीं, अर्थात् स्फुरण देना लेना यह क्रियाएँ चेतन में असम्भव हैं; माया का विजृम्भण या स्फुरण तो उसका निजी स्वभाव है, चेतन का उससे कोई सम्बन्ध ही नहीं। यह पक्ष तो सांख्यों से भी निकृष्ट, चार्वाकों जैसा जड़वाद होता है, जो निम्न लिखित कारणों से स्वीकार नहीं हो सकता।

(१) माया उपहित चेतन का 'चैतन्य प्रेरणाविहीन माया' ऐसा उलटा अर्थ लगाना व्याकरण और समास शास्त्र के विरुद्ध है।

(२) 'उपाधि' शब्द की जो पारिभाषिक व्याख्या है (देखिये ऊपर अंक १७) उसके विरुद्ध है।

(३) 'सत्तास्फूर्ति प्रदत्व' के सिद्धान्त के भी विरुद्ध है, श्रुति स्मृति वचनों के विरुद्ध है! और तो क्या, हमारा जो महत्तापूर्ण गायत्री मन्त्र है और जो 'धियो यो नः प्रचोदयात्' ऐसा स्पष्टतया बता रहा है, उसके भी विरुद्ध है।

(४) 'जो सुख, नित्य, प्रकाश, विभु' इस मंगल टीका के विरुद्ध है।

(५) सीधे-सादे तारतम्य दृष्टि के भी विरुद्ध है। चैतन्य के ज्ञान और सामर्थ्य की प्रभाविता, त्रिलोक में कहीं नहीं है यह कहना तो नितान्त हास्य जनक है।

(६) जड़ और चेतन के संयोग में सृष्टि की कारणता है, यह भी नहीं कहते बनता; क्योंकि यहाँ तो प्रश्न यह है कि पहले जड़ उत्पन्न ही कैसे हुआ? अतः चैतन्य की कारणता माननी ही पड़ती है। जड़ का कारण जड़ है, यह कहना तो असम्भावना और अनवस्था इन दो दोषों से व्याप्त है।

(१९) कई लोग समझते हैं कि शुद्ध साक्षी को ज्ञान ही नहीं है, क्योंकि ज्ञान, अन्तःकरण की उपाधि से ही होता है। यह तो अजब सिद्धान्त है! सच्चा ज्ञान तो साक्षी का ही है। आपको, हमको अन्तःकरण की वृत्तियों द्वारा होनेवाला ज्ञान, जागतिक है; पर उसको भी जाननेवाला तथा सत्ता देनेवाला निरपेक्ष ज्ञान साक्षी का है और चिति स्वरूप है (देखिये विचारसागर ७१. टि)

(२०) कई वेदान्त के अभ्यासक मान्यता लिये बैठे हैं कि यह जगत् न पहले था न आज है और न आगे रहेगा! विडम्बना तो यह है कि उक्त आघोषणा डंके की चोट की जाती है, यह कहते हुए कि यही हमारा सर्वोच्च 'अजातवाद' का सिद्धान्त है; और जब पूछा जाता है कि यह कौनसा जगत् है, तो उत्तर मिलता है कि यही दृश्य मान जगत् जो पर ब्रह्म के अन्दर नहीं है। यह तो और आश्चर्य की बात है! ब्रह्म तो दस पाँच है नहीं अतः ब्रह्म में यहाँ वहाँ की बात है नहीं 'यदेवेह तदमुत्र, यदमुत्र तदन्विह' (कठ ४-१०) जो है वह अद्वितीय ब्रह्मसत्ता के अन्दर है, और जो नहीं है, वह भी उसी के अन्दर की बात है। हाँ, जगत् पारमार्थिक सत्तावाला नहीं है यह कहना तो ठीक है; परन्तु वह है ही नहीं या हुआ ही नहीं यह कैसे माना जाय? इस पर हृदय के अन्दर की बात बताई जाती है, कि सुषुप्ति के अनुभव को ब्रह्मानुभव शास्त्रकारोंने ही बताया है, और वहाँ तो पारमार्थिक या अपारमार्थिक कोई जगत् है ही नहीं। यह तो अर्थ के अनर्थ की बात है। छांदोग्य श्रुति साफ बता रही है 'सति

संपद्य न विदुः सति सम्पद्या महे इति' (छां. ६–९–१)। यहां सुषुप्ति में केवल स्थूल भाव की ब्रह्मसम्पत्ति दृष्टान्त के लिए बताई गई है और, आगे चल कर इस विश्व का मूल कारण ब्रह्म है–यहीं सिद्धान्त निश्चित किया गया है। सुषुप्ति में जैसे बाहर का ज्ञान नहीं है वैसे ही अन्दर का भी नहीं है, सत्सम्पत्ति का ज्ञान भी नहीं है, प्रत्युत अब हम ब्रह्म में लीन होनेवाले हैं यह भी ज्ञान नहीं है। यहाँ तो निरा अज्ञान है, इसको भला ब्रह्मज्ञान कैसे कहा जा सकता है? दृष्टांत केवल विक्षेपराहित्य और समाधान के अंश तक ही सीमित है। ब्रह्म-विद्या, निद्रा में पाने की वस्तु नहीं है। वह तो जाग्रत् दशा में ही निष्प्रत्यूह उपलब्ध होनेवाली सिद्धि है, उसको जगत् से कोई डर नहीं है। तेजस्विता तथा निर्भीकता उसके सोज्वल रूप हैं। महाशन महपाप्मा जो कामक्रोधादि उन्माद हैं उनकी वह प्रबल संहारिणी है, परन्तु तदितरों का नाश उसका मन्तव्य नहीं है। ज्ञानी पुरुष को यह जगत् 'अवभास्यमानं प्रज्ञानेत्रं विज्ञानज्योतिष्मत्सद–विभ्रंशद्वर्तते' ऐसा आचार्य बृहदारण्यक (४–७) श्रुति के भाष्य में, जहाँ सुषुप्ति विषय की सुचारु रूप से चर्चा की गई है, स्पष्टता से बताते हैं। जगत् दिखने का जिसे भय लगा है वह ज्ञानी नहीं है; त्रिलोक में एक भी तपःपूत ज्ञानी ऐसा नहीं हो सकता जो जगत् हुआ ही नहीं ऐसी बदतो व्याघात वाली बात करें। जिसने अनेक जन्मों से ब्रह्मविद्या की उपासना और साधना की है और जो 'अहं मनुरभवं सूर्यश्च' (बृ १–४–१०) इत्यादि घोषणा कर रहा है वह महर्षि वामदेव, जगत् के अस्तित्व को कैसे अस्वीकार करेगा? श्रीकृष्ण भगवान् मुक्त ही थे और उनको भी जगत था ही; ईश्वर तो सदा मुक्त है, उसको जगत् नहीं है ऐसी बात नहीं।

(२१) बहुत से अर्वाचीन ग्रन्थों में 'सृष्टिश्रुतियों का सृष्टि के कथन में तात्पर्य नहीं है, और सृष्टि पारमार्थिक नहीं है' ऐसा प्रतिपादन किया हुआ रहता है। परन्तु इसके आशय के समझने में बड़ी पहेलियाँ उत्पन्न होती हैं। इसमें जो संस्कृत भाषा का 'तात्पर्य' शब्द आया है, उसका अर्थ तत्परता, अभीष्टता तथा प्रयोजन है। सृष्टि कब हुई कैसे हुई पंचमहाभूतादि की उत्पत्ति का क्या क्रम रहा। इत्यादि वृत्तान्तों का वर्णन करने में सृष्टि श्रुति का प्रयोजन

नहीं है, किन्तु जिससे पदार्थ उपजे हैं उसका निस्संदिग्ध ज्ञान प्राप्त करलो यह उपदेश है। पण्डित निश्चलदासजी अपने विचारसागर के अंक ३२७ में लिखते है 'श्रुतिविषै जो क्रमतैं सृष्टि कही है, तहां सृष्टि प्रतिदान में श्रुति का अभिप्राय नहीं किन्तु अद्वैतबोधन में अभिप्राय है। सारे पदार्थ परमात्मा से उपजे हैं याते ताके विवर्त हैं, जो जाका विवर्त होवे सो ताका ही स्वरूप होवे है। यातैं सारा नामरूप ब्रह्म तैं पृथक नहीं, ब्रह्म ही है इस अर्थ का बोधन करने कूं सृष्टि कही है। सृष्टि का और प्रयोजन नहीं'।

यदि पण्डित महाशयजी का यह अभिमत रहता कि सारे पदार्थ परमात्मा से उपजे ही नहीं, तो फिर वे ऊपर के रेखाङ्कित शब्दों का उपयोग नहीं करते। रज्जुसर्प के दृष्टांत में रज्जु के विवर्त रूप से सर्प नहीं उत्पन्न हुआ यह कल्पना ठीक है, परंतु जगत् रूप विवर्त के सम्बन्ध में **विवर्तो**पादान अर्थात् विवर्तों को उपजानेवाला कारण शुद्धब्रह्म है, यह ऊपर अनेक प्रमाणों से दर्शाया गया है।

एवं सृष्टि हुई ही नहीं, अथवा परब्रह्मने उत्पन्न की नहीं ऐसा सृष्टि-श्रुति का अर्थ हो नहीं सकता।

(२२) ब्रह्मकारणतासिद्धान्त पर सबसे बड़ी जो आपत्ति की जाती है, कि नित्य शुद्धबुद्धमुक्त असंग अक्रिय अवाप्तकाम परब्रह्म को ऐसे विराट उथल-पुथल तथा अनेक उत्पातों से भरे हुए संसार को उत्पन्न करने में और कर्मफल-विपाकों के महान् झंझटों में संलग्न रहते रहने की आवश्यकता ही क्या थी और है? अर्थात् इस प्रपंच का मूल कारण **अज्ञान** ही हो सकता है जिसका हमको नित्यशः अनुभव हो रहा है। इस आकाशकुसुम परिकल्पना का आविष्कार, कहा जाता है कि प्रथम, बौद्धसाम्प्रदायिक उद्भट विद्वान नागार्जुनने, ईसा की दूसरी शताब्दि के अन्त में किया, जिस के चक्कर में हमारे पण्डितगण भी आ गए। इस विचित्र भ्रान्ति का निराकारण आगे प्रकरण (४५) में किया जायगा।

हमारा प्राचीन आर्य सिद्धान्त साफ बता रहा है 'आनंदो ब्रह्मेति व्यजानात् आनन्दाद्ध्येव खल्विमानि भूतानि जायंते । आनंदेन जातानि जीवन्ति आनंदं प्रयंत्यभिसविशंतीति' (तैत्तिरीयोपनिषद् भृगुवल्ली अनुवाक ६)। परन्तु यह और ऐसे अत्युच्च सिद्धांत प्रस्तुत करनेवाली शतशः श्रुतियों को इन पण्डितों ने अकिंचित्कर और व्यर्थ कर रखा है। ब्रह्मकारणता का विषय बड़ा मनोमुग्धकर और गंभीर है जिसपर हमारे धर्म के अनेक नामी ग्रन्थ लिखे गये हैं। श्रीमद्भागवतादि पुराणों में इसकी रहस्यस्पंदि चर्चा की गई है, परन्तु दिग्भ्रान्तता का क्या उपाय हो सकता है? यों देखा जाय तो सिद्धान्त अति सरल सुगम और सुबोध है, थोड़े ही विमर्श से उसकी कथंचित झांकी कराई जा सकती है। एक छोटा सा फल फूल या पत्ता लीजिये और उसे सूक्ष्मता से देखिये, क्या क्या गूढ़ और अद्भुत बातें उसमें आपको दीख पड़ेंगी, क्या क्या सुन्दरतम रचनाबद्ध आकृतियां, क्या क्या मनोहर वर्ण और वर्णच्छटाएं सुचारु रूप से बिखरी हुई आपको दिखाई देंगी। जहां तहां आपको मानो सौन्दर्यसरस्वती के कोमल हस्तकमलों का परिचय होगा। नजर उठाकर ऊपर देखिये, सूर्य देवता दिगंत को कैसे उद्भासित कर रहे हैं और उनकी रश्मियाँ कितनी महत्ता रखती हैं? एक ही बात को देखिये, शास्त्रज्ञों ने सिद्ध किया है कि प्रकाश की किरणें एक सेकण्ड में १,८६,००० मील जा पहुँचती हैं? क्या यह किसी अज्ञ की अकल में आनेवाली बात है? व्याध नक्षत्र से पृथ्वीपर प्रकाश किरणों को आने के लिये लगभग आठ वर्ष लगते हैं, यह क्या कम अचरज की बात है? ज्योतिःशास्त्र तो अथाँग अद्भुतता से ओत प्रोत है। खैर, दूर की बातें छोड़ दीजिये, आप हम जो सुबह शाम अन्न सेवन किया करते हैं, उसके क्या क्या और कैसे परिपाक होते हैं, हमारे जीवन को वह कैसे परिपोषित तथा संवर्धित करते हैं, इसकी तो हमें तनिक भी खबर नहीं। इस शरीर के अन्दर कैसे सुन्दर यन्त्र, रचे हुए हैं और उनकी कैसी अद्भुत योजनाएं बनी हुई हैं इसकी थोड़ी सी कल्पना हमको प्रवीण डाक्टर ही करा दे सकते हैं। क्या भूगर्भशास्त्र, क्या प्राणिशास्त्र, क्या भौतिक विज्ञानशास्त्र, इस रहस्यपूर्ण निसर्ग की खोज में लगातार डेढ़ दो शतक से लगे हुए हैं, परन्तु अभी अन्दर की बातों का पता नहीं लगा है, और जो कुछ थोड़ी सी गवेषणा हुई है, उससे योरप और अमेरिका के

विज्ञानविशारद मनस्वी गण अत्याश्चर्य से स्तम्भित हो गये हैं, और इसी सिद्धांत पर पहुँचे हैं कि इस विश्व की धारणा और प्रशासन करनेवाली शक्ति, अलौकिक बुद्धिशाली और वाङ्मनस अतीत ही हो सकती है। विचार की बात है, ऐटम के भीतर जो विराट शक्ति भरी हुई है, वह क्या किसी अज्ञानी जीव ने वहां रख दी है? एक गेहूं का दाना भी हमारे प्रवीण शास्त्रज्ञ अपनी प्रयोग शाला में नहीं बना सकते: और तो और एक छोटा सा पार्थिव कण भी किसी विज्ञानशिरोमणि को उत्पन्न करने के लिए आप कह दीजिए और देखिये क्या बनाता है। बड़े आश्चर्य की बात है कि उधर पाश्चात्य विद्वान परमात्मा की अगम्य लीला पर विस्मयविमुग्ध हो कर नतमस्तक हो रहे हैं और इधर हमारे पण्डित, परमात्मा में तनिक भी स्फुरण और कर्तृत्व नहीं है और सब कुछ सामर्थ्य गाढ़े अज्ञान का है—इसी को लिये बैठे हैं!

अब रहा प्रश्न दूसरी किसी शक्ति का या जीव का या 'चैतन्य प्रेरणा विहीन' **माया** का। क्षणभर के लिये मान लिया जाय कि एक अत्यद्भुत शक्तिशालिनी और बुद्धिवाली माया ही इस जगत की सिरजनहारी है: तो मानना ही पड़ेगा कि वह स्वयं अभ्रान्त है और कर्तुमकर्तुमन्यथाकर्तुम् समर्थ है। अर्थात् उसका विरोध करनेवाली दूसरी शक्ति संसार में हो नहीं सकती। एवं वह सत्यसंकल्पा है—यह भी मानना होगा। उसकी कामनापूर्ति में काल भी विलम्ब नहीं लगा सकता; क्यों कि वह भी तो उसीका सृजा हुआ है। फिर विचार करनेकी बात है कि जिसकी इच्छापूर्तिमें किसी प्रकार का प्रतिरोध नहीं, वह सिद्धकामा या अवाप्तकामा ही कहलाएगी। फिर वह आकाश, वायु, जल, पहाड़, पत्थर, चट्टानों को क्यों उत्पन्न करने जायगी? और सहस्रकोटि प्राणियों के उत्पत्ति स्थिति लय के झंझटों में भी क्यों पड़ेगी? और उसको यदि अपने सुखके लिये कुछ सृष्टि प्रणाली में से जाना पड़ता है, और कुछ अन्तरायों को भी पार करना पड़ता है, तो फिर प्रश्न यह होता है कि ऐसे अन्तरायों को भी वह अपनी आयोजना में रखती ही क्यों या आने ही क्यों देती है? जब सृष्टि ही मनचाही है, और दूसरी कोई विरोधक शक्ति नहीं है, तो फिर अंतराय परिश्रम झंझटों की सम्भावना ही नहीं है। और यदि अंतराय हैं तो फिर उनको

किसी दूसरी शक्ति ने उत्पन्न किया है—ऐसा मानना पड़ेगा; अर्थात और एक माया माननी पड़ती है। एवं पहली माया को जो हम अभ्रांत और "अघटितघटनापटीयसी" कहे हैं वह लक्षण टूट जाता है। दो असीम सामर्थ्यवाली मायाएं मानना युक्ति प्रमाणों से ठीक नहीं जँचता। इस पर यदि कहा जाय कि सृष्टि की विविध रचनाओं से माया की सामर्थ्य में और स्वच्छन्दता में बाधा होने नहीं पाती, तो फिर पहला ही प्रश्न उठ खड़ा होता है, कि फिर उसे इन झंझटों में पड़ने की आवश्यकता ही क्या है ?

बात असल यह है कि हम इन प्रश्नों को दार्शनिक दृष्टिसे नहीं देखते, स्वार्थी दृष्टिसे देखते हैं। हम जो कुछ कार्य करते हैं, लोभ से लालायित होकर ही किया करते हैं, और यही संदेह हम परमात्मा के संबन्ध में भी उठाते हैं ! जहाँ जहाँ प्रभाविता और ऐश्वर्य है वहाँ वहाँ कलुषितता और सांसारिकता रहनी ही चाहिये यह तो अत्यंत नासमझी की बात है। जहाँ जहाँ सुख है वहाँ वहाँ दुःख है यह संसारका नियम परमात्माको कैसे लगाया जाए ? "अज्ञानेनावृतंज्ञानम्" (भ. गी ५-१५) यह न्याय प्राणियोंके लिए है, परमात्मा के लिये नहीं। इन अनंत ब्रह्माण्डों को अपनी लीलामात्र से प्रेरित, प्रकाशित और संचालित करा देना यह तो उसके निःश्वासमात्र का खेल है। ध्यान में रहे कि यह सामर्थ्य कोई जगदन्तःपाती वस्तु नहीं; त्रिलोक की उत्पत्तिस्थितिलय करनेवाली प्रभाविता, त्रिलोकातीत एवं पारमार्थिकी ही होनी चाहिये। **अद्वैतविज्ञान** में माया परब्रह्म की इस सामर्थ्य का ही नाम है देखिये प्रकरण (३०) परिच्छेद (२) पृष्ठ ७० तथा विचारसागर अंक ३१७ टि। उसे अज्ञानता से भिन्न समझ लेना और फिर उसको 'चैतन्यप्रेरणा विहीन' मान लेना तो निरा जड़वाद होता है ! **शंकर** भगवान्ने ब्रह्मकारणता सिद्धान्तको अपने प्रस्थानत्रयी के भाष्यों में भूरिशः सुनिर्वाचित किया है। इसके विरुद्ध विचारसागर ग्रन्थ का विवरण रहना असम्भव है। अतः समन्वय दृष्टिसे पर्यालोचन होना ही उचित है।

। को अध्दा वेद क इह प्रवोचत्
कुत आजाता कुत इयं विसृष्टिः
अर्वाग्देवा अस्य विसर्जनेन
अथा को वेद यत आबभूव ।
(नासदीय सूक्त ऋग्वेद १०—१२९—६)

यह सृष्टि कहांसे आई, किससे इसका सृजन हुआ, यह भला कौन जानता है ? और इस विषय पर कौन क्या कह सकता है ? देवतागण भी जब (भूत) सृष्टि के बाद ही उत्पन्न हुए, तो फिर यह सृष्टि कहां से आई इत्यादि, इत्यादि, कौन जान सकता है ?

(३३) माण्डूक्य उपनिषद् और अजातिवाद

सृष्टि को उत्पन्न हुए कोई दो सौ करोड़ वर्ष बीत गये हैं, और मानव को उत्पन्न हुए भी कोई ४० हज़ार वर्ष हो गये हैं—ऐसा भौतिक विज्ञानवादियों का अनुशोधन है। इस दीर्घकाल का बहुत बड़ा हिस्सा मानवता की अज्ञानता का ही रहा है और अब भी हमारी अज्ञानता कुछ कम नहीं है। परन्तु इसमें सन्देह नहीं कि गत डेढ़ दो शतकों में पाश्चात्य वैज्ञानिकों ने अपने अनुशोधनों में अभूत पूर्व प्रगति की है, जिसे देख कर आधुनिक जगत् चकाचौंध हो गया है। भौतिक शास्त्रियों ने अपनी गवेषणाओं में प्रबल बुद्धिशीलता और प्रेरणा का संतोष जनक परिचय दिया है। परन्तु फिर भी सृष्टि का रहस्य अभी लगभग उसी गूढ़ अवस्था में है जैसा वह वैदिक काल याने कोई छः या सात सहस्र वर्ष पूर्व था। ऊपर उल्लिखित नासदीय सूक्त की मनोमुग्धकर उत्प्रेक्षाओं को देखकर चित्त कौतूहल पूर्ण हो जाता है। प्रकट है कि अभी जगत् की समस्या की बहुत कुछ बातें समझनी हैं और उनको हल करने के लिये मानव के पास पर्याप्त साधन नहीं हैं। पहले तो वह इस सृष्टि के आद्यकाल में था ही नहीं अतः प्रत्यक्ष जानकारी की तो असम्भावना ही है। अनुमान ज्ञान के लिए भी उसके पास कोई साधन नहीं है। वह स्वयं कहां से आया और मृत्यु के पश्चात् कहां जायगा इस विषय में भी उसे घोर अज्ञान है, फिर सृष्टि की कौन कहे ? ऐसी

दशा में प्राचीनकाल के मीमांसकों ने यही मानलिया कि जगत् अनादिकालसे जैसा है वैसा ही है—अर्थात् स्वयम्भू है, और परिणामशील तो दीख ही रहा है। इतना समझ लेने पर ही जब हमारा सब काम चल जाता है, तो फिर जगत् का उपादन कारण क्या रहना चाहिये, निमित्त कारण भी कौन है असमवायी कारण भी क्या है,—इन जटिल झगड़ों में जाकर माथापच्ची करने से लाभ ही क्या है? प्रायः प्राचीन सभी दर्शनकार इसी सिद्धान्त के पक्षपाती रहे हैं, क्यों कि जब कोई मार्ग निकलने नहीं पाता तो करें क्या?

प्रश्न तो अत्यन्त कठिन है; परन्तु जितना वह कठिन है उतना ही वह आकर्षक भी है; अतः इस सम्बन्ध में कथञ्चित आलोचना की जाती है।

आधुनिक **भूगर्भ विज्ञान** तथा इतर भौतिक विज्ञान शास्त्रों की दृष्टि से यह अनुमान किया गया है, कि सृष्टि के प्रारंभकाल में इस अनन्त अपरिमेय विश्व के सम्पूर्ण मूलद्रव्य अत्यन्त विरल वायुरूप अवस्था में थे, और उनका एक अतीव ज्वलन्त देदीप्यमान * दिगन्तव्यापी गोला बना हुआ था। इस कालानिसम विराट-पिण्ड में, ज्ञान नहीं किस कारण, कुछ विषमता और हलचल उत्पन्न हुई, जो धीरे धीरे आवर्त गति में परिणत हुई; और फिर उसने प्रचण्ड वेग धारण कर लिया। इसके अनन्तर इस विराट गोल से दिङ्मण्डलव्यापिनी ज्वालाएँ लपकती रहीं और साथ ही भयानक ऊष्मा बाहर आया, और इस गोल का आकुञ्चन प्रारम्भ हुआ। इसके फलस्वरूप उसमें से अगणित प्रचण्ड अग्नि

---

* अक्षर परब्रह्म ने उत्पन्न किए महत्तत्त्व ('यच्चापि सर्व भूतानां बीजं तदहमर्जुन' गी. १०—३९.) से ही इस विराट 'ज्योतिलिङ्ग' की सम्भावना उपपन्न होती है। गीता के ११ वे अध्याय में जो प्रभावी वर्णन 'दीप्तानलार्क द्युतिमप्रमेयम्' 'लेलिह्यसे ग्रसमानस्समंतात्' इत्यादि सारगर्भित शब्दों से किया गया है, वह ऊपर दिये हुए पाश्चात्य **भूगर्भ** शास्त्र के वर्णन से कितना मिलता जुलता है यह देखते ही बनता है!

गोलक फूट पड़े, वही आज हमको अनेक ब्रह्मांड मंडल और असंख्य नक्षत्र रूप से दिखाई देते हैं। अन्तरिक्ष में जितने तारे हैं वे सब सूर्य हैं और हम जिसे अपना आदित्य कहते हैं वह भी एक छोटासा तारा है किन्तु हमारे अति निकट होने के कारण हमको इतना बड़ा दिखाई देता है।

इन अनंत तारक रूपी सूर्यों से उसी आकुंचन विधिगति के कारण अनेक छोटे बड़े अग्निगोलक फूट पड़े जो आज हमें ग्रह और उपग्रह रूप से दीख पड़ते हैं; इन्हीं के अभ्यन्तर हमारी धरित्री है। तात्पर्य 'आकाशात् वायुः वायोरग्निः अग्नेरापः अद्भ्यः पृथ्वी' इसी क्रम से सभी पदार्थों की उत्पत्ति हुई है; यहां आकाश महत्तत्त्व है और आप याने जल यही अजस्र 'आवर्त गति' रूप कर्म है। आज भी ये अनंत गोलक भयानक अंगार रूप में हैं, और जो ठण्डे होते आ रहे हैं वह हमारी धरणी की दशाको प्राप्त होने को प्रस्तुत हैं। अब भी हमारी पृथ्वी के अन्दर भयानक ताप है, जिसके कारण उसके उदरान्तर्गत सभी जड़ द्रव्य संतप्त और विद्रावित रूप में हैं, अर्थात् पृथ्वी के गर्भ में भी एक अग्निरस रूपी समुद्र है, और इसमें जब कभी कुछ हलचल या लहरें उत्पन्न होती हैं, तब भूचाल उत्पन्न होते हैं, और अधिक मात्रा में हों तो ज्वालामुखी आविर्भूत होते हैं, जिनके मुख से भयानक ज्वलन्त धातु पाषाणों के रस बाहर फेंके जाते हैं।

आर्य ज्योतिर्विज्ञान शास्त्र की दृष्टि से इस जगत् को उत्पन्न हुए लगभग दो सौ कोटि वर्ष बीत गये हैं, और पश्चिमी भौतिक विज्ञान भी इसी परिगणना को प्रमाणित कर रहा है, यह देख कर आधुनिक जगत् के मूर्धन्य पण्डित H. G. Wells ने भी बड़ा आश्चर्य प्रदर्शित किया है।

वैज्ञानिकों का यह अनुमान है कि इस प्रदीर्घकाल के आरम्भ में कोई १४० कोटि वर्ष तक यह सम्पूर्ण पृथ्वी प्रदीप्त अग्निरसमय थी, और उससे भयानक ज्वालाएँ चारों ओर से बाहर निकल रही थीं; अतः उस समय कहीं भी किसी जीव जन्तु का उत्पन्न होना असम्भव था। इस लम्बे कालखण्ड में

जो कुछ घमासान हलचल रही वह जड़ पंचमहाभूत और तदुद्भूत पहाड़ पत्थर आदि की ही रही; उस काल में अनेक प्रचण्डभूचाल जिधर उधर ज्वालामुखी पर्वतों के उद्रेक, उनके डरावने स्फोट, अनगिनत उल्काओं की वर्षा, जल वायु के भयानक तूफान, मेघों का गड़गड़ाना, बिजली की दिङ्मंडल व्यापी चकाचौंध, इत्यादि भीषण घटनाओं का बवंडर मचा हुआ था, परन्तु इनका देखनेवाला एक भी मानव, पशु, पक्षी तथा कीड़ा, पतिंगा तक नहीं था। इस अवस्था के लाखों साल बीतने के अनंतर, इस उथल पुथल की मात्रा में कुछ कमी होने लगी, और इसके भी लाखों साल के बाद, जब उष्णता कम हो गयी तब धीरे धीरे, क्रम से उद्भिज्ज, अण्डज, स्वेदज जीवाणुओं की सृष्टि होने लगी, जिसके चरम अन्त में मानव इस धरा धाम पर अवतरित हुआ। इसके बाद भी हजारों साल तक उन्हीं अजस्र भयानक घटनाओं का क्रम चलता रहा, जिनका वर्णन ऊपर किया गया है; परन्तु उनकी व्याप्ति और परिमाण में बहुत ही खर्वता हो गई। तिस पर भी उनका डरावना स्वरूप मानव और इतर प्राणियों के लिए अकथनीय कातरता उत्पन्न करनेवाला ही रहा। वर्तमान काल में भी इस भीषणता का कभी कभी अच्छा अनुभव हुआ करता है। इसी से अनुमान बान्ध कर और अपनी शास्त्रीय प्रामाण्य दृष्टि का मापदण्ड लगा कर पाश्चात्य सृष्टिनिरीक्षकों ने ऊपर कथित वर्णन लिख दिये हैं। प्राचीन वैदिक वाङ्मय में तथा पुराणों में भी इन भयानक घटनाओं के उल्लेख मिलते हैं। कालाग्निरूप **रुद्र** देवता का धरती को हिला देनेवाला ताण्डव नृत्य, उनके आक्रोश और भैरव रुदन, पर्वतों का उड़ना, इत्यादि घटनाओं के वर्णन, उस समय की परिस्थिति के परिचायक हैं, जब कि मानव समाज अपनी प्रगति की आदिम अवस्था में था। आधुनिक वैज्ञानिकों की दृष्टि से सृष्टि का क्रम स्थूल मान से नीचे बताया जाता है :—

घटनाएँ	काल
(१) पृथ्वी की उत्पत्ति हुए	... लगभग २०० करोड़ वर्ष बीत गये हैं
(२) उभिद्ज्जों की सृष्टि हुए	... ,, ६० ,, ,, ,,

घटनाएं	काल
(३) सूक्ष्म जीवाणुओं और कीटाणुओं की सृष्टि हुए...	लगभग ५० करोड़ वर्ष बीत गये हैं
(४) पीठ की हड्डीवाले प्राणियों की उत्पत्ति हुए...	,, १० ,, ,, ,,
(५) अजगरादि प्राणियों की उत्पत्ति हुए...	,, १० लक्ष ,, ,,
(६) हाथी आदि सस्तन प्राणियों की सृष्टि हुए...	,, ६० हजार ,, ,,
(७) मानव की सृष्टि हुए...	,, ४० ,, ,, ,,

समझने की सुविधा के लिये एक मोटी दृष्टि से, यदि मान लिया जाए कि पृथ्वी को उत्पन्न हुए केवल ७०,००० दिन हुए हैं, तो उद्भिज्जों की सृष्टि हुए २००० दिन, प्राणियों की सृष्टि हुए १७०० दिन, पीठ की हड्डीवाले प्राणियों को जन्म हुए ३३३ दिन, अजगरादि को इस दुनिया में आये ३३ दिन, हाथी को उत्पन्न हुए दो दिन, और मनुष्य को जन्म लिये डेढ़ दिन ही बीत गया है, ऐसा अनुपात बैठता है। एवं कहा जा सकता है कि मनुष्य, मानों कल ही का जन्मा हुआ अर्भक है, सृष्टि के प्रारम्भ में उसकी अनुपस्थिति, थी और प्रलय काल की ऊधम में वह रहेगा-ऐसी आशा नहीं की जा सकती। यदि किसी ढंग से बच भी गया, तो वह और उसका लिखा हुआ प्रलय काल का वर्णन अन्त में नष्ट ही होनेवाले हैं! अर्थात् किसी भी दृष्टि से मानव सृष्टि के आद्यंत का साक्षी नहीं हो सकता!

ऐसी दशा में मीमांसकों ने ठान लिया कि 'न कदाचिदप्यनीदृशं जगत्' जगत्, जैसा है वैसा ही अनादि काल से है, अर्थात् वह स्वयम्भू

है। उसका कोई बनानेवाला है, यह मानने की कोई आवश्यकता नहीं है। अनीश्वरसांख्य, चार्वाक, जैन और बौद्ध इसी मत के पक्षपाती हैं। सेश्वर सांख्य और योग, ईश्वर को मानते हैं परन्तु उसको जगत् का कर्ता मानने के लिए उद्यत नहीं हैं। रहे शेष सेश्वर द्वैतसम्प्रदायी; वे भी ईश्वर को जगत् का निमित्तकारण मानते हैं, परन्तु जगत् की प्रकृति का कोई उत्पन्नकर्ता नहीं मानते! केवल **अद्वैत** सम्प्रदाय ही ऐसा है जो परब्रह्म के अतिरिक्त दूसरी किसी वस्तु को परमार्थसत्य नहीं मानता, और परब्रह्म को ही जगत् की उत्पत्ति स्थिति और लय करनेवाला मानता है।

इस विषय के विचार में बौद्ध सम्प्रदाय ने बहुत ही ऊँचा उड़ान लिया है। जगत का उत्पन्न कर्ता है या नहीं यह बात तो बहुत दूर की रही उनकी अभिमति में जगत् को जो पहले दर्शनकार स्वयम्भू बनाते आये, वह असत्य है। जगत् केवल मानव की कल्पना-प्रसूति है। बाहर कोई पदार्थ नहीं है, जो कुछ है वह मानव के मस्तिष्क के अन्दर है, जो उसे बाहर प्रतीत होता है। एवं सब जगत् उसकी कल्पना है, भ्रम है। यही इस सम्प्रदाय का **निरालम्बवाद**, शून्यवाद, भ्रमवाद, अथवा प्रतिभासवाद है। इस सम्प्रदाय ने जगत् को प्रत्यक्ष शून्य नहीं कहा है, उसको, आभास रूप होते हुए भी व्यवहारक्षम माना है, परंतु उसका अधिष्ठान या अन्तस्तत्त्व शून्य मान लिया है! इस भ्रमवाद के भँवर में पौर्वात्य ही नहीं बहुत से पाश्चिमात्य दार्शनिक भी आ गये हैं। इस मतवाद ने तत्त्वज्ञान के क्षेत्र में अनेक शताब्दियों से बहुत ही डाँवाडोल मचा रखा है और बड़े बड़े पण्डितों को हैरान कर दिया है।

पक्षान्तर से **अद्वैतविज्ञान** बाह्य पदार्थों का प्रामाणिक व्यावहारिक अस्तित्व मानता है; ईशसृष्टि की जीवसृष्टि से भिन्नता मानता है; ईशसृष्टि को मानवी आलयविज्ञानजन्य नहीं, प्रत्युत ब्रह्मसंकल्पजन्य मानता है। इस विषय पर अब तक इस पुस्तक में बहुत विवेचन किया गया है। अब 'अजातवाद' के विषय की आलोचना प्रस्तुत की जाती है।

'अजातवाद' यह सामासिक शब्द वेदों में नहीं है, प्राचीन उपनिषदों में नहीं है, भगवद्गीता में नहीं है, ब्रह्मसूत्रों में नहीं है, स्मृति ग्रन्थों में भी नहीं है, 'सर्व लक्षण संग्रह' ग्रन्थ में भी इसका नाम नहीं है, पण्डित धर्मराजा ध्वरींद्रकृत 'वेदान्त परिभाषा' नामक ग्रन्थ में भी इसका उल्लेख नहीं है, और, सत्ताईस मतवादों पर विचार प्रस्तुत करने वाले श्रद्धेय पण्डित अप्पय्य दीक्षित के 'वादनक्षत्रमाला' नामक ग्रन्थ में भी इसका पता नहीं है! फिर प्रश्न होता है कि इसका आविष्कार कहाँ से हुआ है? जनसाधारण में इसके सम्बन्ध में जो विचित्र धारणाएँ हैं, वे तो बुद्धसम्प्रदाय के **'निरालम्बवाद'** अथवा शून्यवाद से ही बहुत कुछ मिलती जुलती हैं! बौद्धों का एक अनन्य-साधारण महत्ता वाला ग्रन्थ **'प्रज्ञापारमिता'** (अर्थात् बुद्धिमानी की परा-काष्ठा') नामक है, उसकी समालोचना करने के हेतु, श्रीगौड़पादाचार्यने माण्डूक्य उपनिषद् पर अपनी कारिकाओं की रचना की—ऐसी विद्वानों की सम्मति है। उन्होंने अपने ग्रन्थ में 'अजातवाद' शब्द का कहीं भी व्यवहार नहीं किया है: पर निरूपण के लिए 'अजाति' इतना ही शब्द लिया है, जिससे 'अजातिवाद' शब्द की व्युत्पत्ति की जा सकती है।

श्री गौड़पाद ने अपनी कारिकाओं में बौद्ध सम्प्रदाय के अनेक शब्द उद्धृत कर लिए हैं, जैसेः- अस्पर्शयोग धर्म, धातु, तायिन्, सम्बुद्ध, वैशारद्य दीपित, द्विपदांवरम्, गगनोपमम्, इत्यादि। इतना ही नहीं, उनके बहुत से श्लोक जैसे के वैसे अथवा कहीं कहीं अल्पांश में बदल कर अपनी कारिकाओं में समाविष्ट कर लिए हैं; इससे अनुमित होता है कि 'अजातिवाद' का जन्म **'प्रज्ञापारमिता'** ग्रन्थ से ही हुआ है। श्रीगौड़पाद के समय बौद्धों की तूती बोलती थी। उनकी शिक्षा दीक्षा का जनता पर गहरा प्रभाव था। इसलिये उन्होंने इस बौद्ध सिद्धान्त की बड़ी सहानुभूति और चिन्ताशीलता से मनभावन पर्यालोचना की, जिसके फल स्वरूप ही यह उनका अनुपम ग्रन्थ हो गया है। श्रीगौड़पाद ने बौद्धों की ही युक्ति प्रणाली का अवलम्ब कर उनके सिद्धान्त कहां तक सराहनीय हैं, और कहां कहां उनका हमारा विरोध है, यह सुन्दरता से बता दिया है।

जगत् की उत्पत्ति नहीं हुई, याने वह किसी से नहीं जन्मा यह धारणा, जैसा कि पहले बताया जा चुका है, प्रायः सभी दर्शनकारों की रही है, और बौद्धसम्प्रदायिक तो उनसे भी आगे बढ़ कर 'अजातिवाद' से जगत् किसी से जन्मा नहीं प्रत्युत वास्तव में है नहीं ऐसा प्रतिपादन करने लगे! श्रीगौड़पाद कहते हैं ठीक है इस विषय पर हमारे भी दो सिद्धान्त हैं:—

(१) परब्रह्म स्वयं अजाति याने अजन्मा है और वह ऐसी वस्तु नहीं है जो टूट फूट या भङ्ग होकर जगत् में परिवर्तित या कुछ विकृतता से परिणत हो अर्थात् ब्रह्म से जगत् इस प्रकार जन्मा नहीं है। इसको लक्ष्य कर उनकी कारिका यह है:—

। अतो वक्ष्याम्यकार्पण्यमजातिसमतां गतम्
यथा न जायते किञ्चिज्जायमानं समन्ततः ।
(माण्डूक्य उ. अद्वैत प्र. का—२)

भावार्थ यह है, कि तत्त्वज्ञान अथवा ब्रह्मस्वरूप को न समझना और अन्यान्य उपासनाओं के द्वारा देवताओं के पीछे भागे भागे फिरना ही कृपणता और दीनता है। अतः मैं उसी 'अकार्पण्य स्वरूप' अज परब्रह्म का निर्वचन करता हूँ जो स्वयं ही, चारों ओर समता से व्याप्त है। अर्थात् यहां संसार की उत्पत्ति होते हुए कुछ भी उत्पन्न नहीं हुआ है! प्रिय पाठकों को स्मरण होगा कि यही वेदान्त का 'सत्कार्यवाद' का ऊँचा सिद्धान्त है जिसका भली भाँति निरूपण आगे प्रकरण (४१) परिच्छेद (१) में किया जाएगा। भाष्य के मर्मस्पर्शी शब्द यह हैं:—

'भूमाख्यं ब्रह्म.....अजाति.....कस्मात्? अवयववैषम्याभावात्। यद्धि सावयवं वस्तु तदवयववैषम्यम् गच्छत् जायत इत्युच्यते। इदं तु निरवयवत्वात्समतां गतमिति न कैश्चिदवयवैः स्फुटति'

तात्पर्य यह है कि परब्रह्म के अंश बन कर यद्वा उसमें कुछ भेद विकार या परिणाम हो कर सृष्टि नहीं बनी है, प्रत्युत :—

। प्रभव : सर्व भावानाम् सतामिति विनिश्चय :
सर्वं जनयति प्राणश्चेतोंशून् पुरुषः पृथक् ।
(आ. प्र. मं. ६ का. ६)

ऐसा ब्रह्मकारणता का तत्त्व ही श्रीगौड़पादने सिद्ध किया है । इस कारिका पर का भाष्य अतिसरस और स्पष्ट है । इसमें मुंडक उपनिषत् के प्रबल प्रमाण दिये गये हैं जिस से किसी संशय को अवसर नहीं रहने पाता । भाष्य में प्राण :, पुरुषः, इनका अर्थ अक्षरपरब्रह्म और 'सताम्' इस पदसे जगत् आकाश पुष्प नहीं है—ऐसा स्पष्ट बता दिया गया है ।

(२) **अद्वैत विज्ञान** का मौलिक सिद्धान्त जो 'सत्कार्यवाद' है, और जिसको 'कार्यकारणों का **अनन्यत्व**' भी कहते हैं, उस में यही प्रमाणित किया गया है, कि कोई भी कार्य, अपने उपादान कारण से भिन्न-अलग नहीं है, प्रत्येक कार्य अपने उपादान का ही स्वरूप है, उसी की कुछ विशिष्ट अवस्था बताता है जैसे तन्तुओं का पट । इस दृष्टि से जगत् ब्रह्म ही है और दूसरा कोई विभिन्नपदार्थ नहीं, अत :जगत् विभिन्न जन्मा हुआ नहीं ब्रह्म स्वरूप ही है; देखिये रेखाङ्कित पंक्तियाँ पृष्ठ ८३ ।

बौद्ध सम्प्रदाय का भी एक अपना सत्कार्यवाद है, वे भी अद्वैती हैं, पर उनमें और उत्तरमीमांसा वालों में आकाश पाताल सा भेद है । द्वितीय पक्ष जगत् को ब्रह्मसंकल्पजन्य अर्थात् **चिद्विलास** रूप और ब्रह्म से अभिन्न मानता है, किन्तु बौद्ध सम्प्रदाय उसको मानव कल्पना प्रसूत मानता है । अब देखिये यह कितनी थोथी धारणा है ? मानव तो सृष्टि के आदि काल में लगभग १४० कोटि वर्ष तक उत्पन्न ही नहीं हुआ था, अपि तु उसके उपरान्त भी लाखों वर्ष तक उसका पता ही नहीं था ! उद्भिज्ज

अण्डजादि अनंत योनियों के अनन्तर कहीं इसकी उत्पत्ति हुई है। फिर उससे पूर्ववाला जगत् किस की कल्पना प्रसूति है? हाँ यह कहा जा सकता है कि श्रुतियों ने हिरण्यगर्भ को कहीं कहीं प्रथमजीव मान लिया है। पर उसकी उत्पत्ति भी परब्रह्म से ही बतायी है जैसे 'हिरण्यगर्भं जनयामास पूर्वम्' (श्वे. उ. ३-४) या 'यो ब्रह्माणं विदधाति पूर्वम्' (श्वे. उ. ६-१८)

अजातिवाद के विषय में एक मजे की शाब्दिक उलझन भी हो गई है; जन (जा) धातुका अर्थ जन्म होना या जन्म पाना, जात अर्थात् जन्मा हुआ, अतः अजातवाद का अर्थ 'न जन्मा हुआ वाद' ऐसा कुछ विचित्र सा होता है! प्रकट है कि यह शब्द व्याकरण या व्युत्पत्तिसे सिद्ध नहीं होता; फिर समझ में नहीं आता कि ऐसे अपाणिनीय शब्द का व्यवहार हमारे पण्डितों ने क्यों कर लिया है? श्रीगौड़पाद 'अजातवाद' नहीं कहते। व्युत्पत्तिसिद्ध शब्द 'अजातिवाद' होता है, जिस का अर्थ, अजाति अर्थात् अजन्म का जिस में प्रतिपादन है ऐसा वाद। श्रीगौड़पाद ने यही बताया है कि जैसा ब्रह्म अज है, अजाति है, वैसा जगत् भी अजाति, अजन्मा है, क्यों कि 'सत्कार्यवाद' के सिद्धान्त से भले ही ब्रह्म से अनन्त पदार्थों की उत्पत्ति स्थिति संहार हों, उसमें और इन पदार्थों में तनिक भेद नहीं है। भेद से जो उत्पत्ति होती है उसी को जन्म कहते हैं, और बिना भेद के जो आविष्कार होता है उसको विकाश या विलास कहते हैं। अतः जगत् अजाति है, **चिद्विलास** है।

परन्तु अर्वाचीन वेदान्त ग्रन्थों में अजाति का अजात बनाया गया, और फिर उसका अर्थ जो नहीं हैं ऐसा किया गया है? अजाति शब्द का अर्थ व्याकरण या व्युत्पत्ति से इस प्रकार हो नहीं सकता। जो जन्मा नहीं, कहना एक बात है, और जो है नहीं कहना दूसरी बात है। ब्रह्म भी अजन्मा है पर है नहीं यह बात नहीं; ठीक इसी प्रकार जगत् जन्मा नहीं दूसरे प्रकार से उत्पन्न हुआ है, ब्रह्म के खण्ड हो कर वह नहीं बना है यह सिद्धान्त है।

सच तो यह है कि यहाँ केवल शाब्दिक ही उलझन नहीं है, इसकी जड़ में बौद्धिक भ्रम भी भरा हुआ है। प्राचीन द्वैतवादी, जगत् को स्वयम्भू तथा परिणामी नित्य समझते थे, किन्तु बौद्ध संप्रदाय ने वह प्रातिभासिक और भ्रान्तिरूप है—ऐसी अभिनव कल्पना प्रसृत की, जिसको हमने भी अपनाया, और कमाल तो यह, कि बौद्ध प्रातिभासिक कहते हुए भी जगत् को व्यवहार्य मानते हैं, परन्तु हमारे कई पण्डित प्रातिभासिक भी है नहीं इस निरी नास्तिकता के असंबद्ध पक्ष पर आरूढ़ हो गये हैं, यह बड़ी हास्य जनक बात है।

जैमिनीय पूर्वमीमांसा पर विख्यात विद्वान कुमारिल भट्ट ने 'मीमांसा श्लोक वार्तिक' नामक एक ग्रन्थ लिखा है, जिसमें बौद्धों के इस **निरालम्बवाद** का विस्तृत खंडन किया है। उस में एक श्लोक ऐसा है :—

। युक्त्यानुपेतामसतीं प्रकल्प्य
यद्वासनामर्थनिराक्रियेयम्
आस्थानिवृत्त्यर्थमवादि बौद्धैः
ग्राहं गतास्तत्र कथंचिदन्ये ।
(सूत्र ५ श्लोक २०१)

भावार्थ है कि लोग विषयों से लालायित न हों इस सदुद्देश्य से बाहर कोई भी पदार्थ नहीं है—ऐसा अयुक्तियुक्त और असत्य प्रतिपादन बौद्धों ने कर दिया, पर दूसरे ही जन किसी न किसी कारण, इस असत्य जंजाल में फँस पड़े हैं! भट्ट महोदय का कथन आज भी कतिपय अद्वैत मार्गियों के विषय में अयथार्थ नहीं है।

बाहर एक भी पदार्थ नहीं है, जो कुछ है वह मानवी मस्तिष्क के अन्दर ही है, पदार्थ रूप से बाहर है—ऐसा केवल हमारी भ्रांतिपूर्ण कल्पनाओं से दीख पड़ता है, यह बौद्धों का विचित्र सिद्धान्त यदि मान्य कर लें, तो उसका परिणाम अगतिकता से ईशसृष्टि के अभाव में ही होता है; फिर चिद्विकाश-

वाद या ब्रह्मकारणतावाद कहां के रहे ? मानवी मस्तिष्क का भ्रमण ही सर्वाधिष्ठान हो, तो बाहर न कोई मस्तिष्क बाकी रहता है न मस्तक, बस एक ही बड़े मस्तिष्क का—यह सब स्वप्न है—यह बात क्रमप्राप्त होती है ! **एक जीववाद** की जो श्रुतिबाह्य कल्पना हमारे वेदान्त ग्रन्थों में घुस गई है वह इसी ढंग से; ऐसा यह बौद्धों के 'अजातिवाद का' जाल है ।

इसी जाल में से अन्यान्य विचित्र कल्पनाएँ उद्भूत हो गई हैं, जैसा कि 'युगपत्सृष्टि,' 'क्रमसृष्टि का अभाव' और ज्ञानसमकालसृष्टि । युगपत्सृष्टि की कल्पना तो बड़ी हास्यजनक है; सत, त्रेता, द्वापर, और कलि, यह सब एक बार, महाराजा दशरथ का जन्म श्रीरामचन्द्रजी का जन्म, विवाह, सीता-हरण, रावणवध, श्रीकृष्णावतार, बुद्धावतार, इत्यादि इत्यादि, स्टॅफर्ड क्रिप्स का मिशन, स्वराज्यलाभ, और और क्या कहें ? पृथ्वीप्रलयान्त तक सब एक ही बार ! इन बातों को क्या कहना-समझ में ही नहीं आता ! शब्दों के कुछ अर्थ हैं या नहीं ? यदि कोई कहे कि यह ब्रह्माजी का क्षण है, या इस एकबार में सहस्रशः युग भी संगृहीत हैं, तो फिर क्रमसृष्टि ने क्या पातक किया है ? श्रुति माता ही जब 'सदेव सोम्येदमग्र आसीत्' 'आत्मनः आकाशः' 'आकाशाद्वायु' इत्यादि इत्यादि साफ क्रम बता रही है, तो पण्डितजी आपको क्यों उसका दुःख हो रहा है ?

इस पर दूसरे पण्डित उठ खड़े होते हैं और कहते हैं कि 'युगपत्सृष्टि में क्रमसृष्टि या कालानुक्रम का अभाव है ऐसा नहीं, किन्तु क्षण क्षण में नयी नयी सृष्टियां निर्माण हो जाती हैं और साथ ही नष्ट हो जाती हैं ! जीव भी हर क्षण में नया उत्पन्न होता है और पहला नष्ट * हुआ करता है !

---

* प्रिय पाठक देखिये, ध्यान दीजिये, यह पंक्ति पढ़ने वाले आप, अगली पंक्ति पढ़ी जाने के क्षण में नहीं थे और आगे की पंक्ति पढ़ने को आप नहीं रहेंगे; कोई दूसरा ही उत्पन्न होगा ! ऐसी भ्रान्त कल्पनाओं से हम परिमुग्ध हो जाते हैं यह कैसी दयनीय दशा है ?

ठीक इसी प्रकार प्रत्येक पदार्थ का अस्तित्व उसके ज्ञानके समकाल ही रहता है आगे वा पीछे नहीं ! ज्ञान नष्ट होते ही पदार्थ का अभाव हो जाता है, यह युगपत्सृष्टि का तत्त्व है ! ज्ञानविजृंभण, नदीप्रवाह या दीपज्योति के सदृश अविरत चल रहा है। उसमें क्रम नहीं ऐसा नहीं। सृष्टि में भी क्रम अवश्य है, परन्तु पदार्थ और ज्ञान का यौगपद्य है इन दोनों में पूर्वापर भाव नहीं है। इसीको 'ज्ञातसत्ता' वाद कहते हैं। बहुत ठीक, परन्तु यही तो बौद्धों का **निरालम्बवाद** है और उसीको हमारे वेदान्ती जनों ने अंगीकार कर लिया है यही बड़ा अचम्भा है ! अब, यह दूसरा विचार भी कितना वितथ है, इसका निर्णय थोड़ी ही चिन्ता से हो सकता है।

पर्वत के भीतर कई जगह हीरे लाल या जवाहर रहते हैं। परन्तु उनके अस्तित्व का या उनके विशिष्ट स्थलों का किसी भी व्यक्ति को क्या ज्ञान रहाता है ? कोई नहीं जानता, केवल इसी कारण, इन वस्तुओं का अस्तित्त्व ही नहीं, यह कैसे कहा जाय ? हम धरित्री के पृष्ठ पर से चलते हैं, उसके तीन चार इंच नीचे क्या है इसका हमें अज्ञान है, इस कारण क्या हम भू-पृष्ठ को एक केवल पप्पड़ के समान ही समझते हैं ? और क्या ज्ञान नहीं, इस लिये नीचे कुछ भी नहीं, ऐसा ही समझते हैं ? आधुनिक भौतिक विज्ञान से अब यह ज्ञात हुआ है, कि परमाणुओं के भीतर विराट् शक्ति भरी हुई है। भला अब बताइए कि वहां वह रहने पर प्रवीण वैज्ञानिकों को ज्ञात हुई, अथवा उनके मस्तिष्क में प्रथम उसकी भावना उत्पन्न हुई और साथ ही वह परमाणुओं के भीतर उत्पन्न हो गई ? बाह्य जगत् की बात तो बहुत दूर रही, अपने शरीर के अन्दर क्या आश्चर्यकारी रचनाएँ और कारोबार हैं, किसे उसकी खबर तक है ? अपने पेट में कभी कभी कृमि उत्पन्न होते हैं, क्या वह ज्ञानसमकाल उत्पन्न होते हैं ? पेट में दर्द होता है, फिर हम वैद्यों के पास जाते हैं, और फिर उसकी परीक्षा के बाद हमको खबर होती है कि कृमि हैं या नहीं। कोई कुछ भी कह दे और हम अबुद्धिमानी से उसे सर झुकाये मान लें यह तत्त्वानुसंधान नहीं हो सकता।

अब **अद्वैतविज्ञान के** चैतन्यकारणता सिद्धान्त को लीजिए, उसमें ऐसी भूलभुलैआँवाली बातें नहीं हैं। समग्र पदार्थों को **सत्तास्फुरण** अर्थात् अस्तित्व तथा गुणधर्म, देनेवाला एकमेवाद्वितीय ब्रह्म है। श्रुति माता स्वयं ही क्रम बताती है और उसका श्रीबादरायणाचार्यजी ने समन्वय भी दिखाया है, जो ब्रह्मसूत्र १-४-१४ के भाष्य में द्रष्टव्य है, उसको क्यों अमान्य किया जाय? ब्रह्मसंकल्प में क्रमसंकल्प संग्रहीत ही है, उसमें डरने की क्या बात है, समझ में नहीं आती!

इस प्रकार अजातवाद की विचित्र विडम्बना हमारे कतिपय ग्रन्थों में पाई जाती है। संभव है कि बौद्ध ग्रन्थों में ऐसी ऊटपटांग बातें कम हों; जो कुछ भी हो, श्रीगौड़पाद ने बड़ी चातुरी से उनके प्रमुख सिद्धान्तों का परामर्श करते हुए, उनको ब्रह्मकारणता सिद्धान्त में परिवर्तित कर दिया है। श्रीगौड़पाद की महत्व की कारिकाएँ, जो उनकी विचारधारा का निदर्शन करती हैं, नीचे दी गई हैं:—

। कल्पयत्यात्मनात्मानमात्मादेवः स्वमायया
स एव बुध्यते भेदानिति वेदान्तनिश्चयः ।
(वै. प्र. का. १२)

। स्वप्नमाये यथा दृष्टे गन्धर्वनगरं यथा
तथा विश्वमिदं दृष्टं वेदान्तेषु विचक्षणैः ।
(वै. प्र. का. ३१)

। संघाताः स्वप्नवत्सर्वे आत्ममायाविसर्जिताः
(अ. प्र. का. १०)

। अद्वैतं परमार्थो हि द्वैतं तद्भेद उच्यते ।
(अ. प्र. का. १८)

ऊपर की कारिकाओं का अर्थ प्रगट है; अंत्यकारिका के भाष्य में द्वैत प्रपंच अद्वैत (ब्रह्म) का कार्य है, क्यों कि 'एकमेवाद्वितीयम् तत्तजोऽसृजत' ऐसी श्रुति है और उपपत्ति भी है, ऐसा स्पष्ट लिखा है।

। नेह नानेति चाम्नायादिन्द्रो मायाभिरित्यपि
अजायमानो बहुधा जायते मायया तु सः ।
(अ. प्र. का. २४)

भाष्य :— ब्रह्म अपनी शक्ति से ही बहुविध दिखाई देता है, परमार्थ से उसकी बहुविधता नहीं है।

। संवृत्या जायते सर्वं शाश्वतं नास्ति तेन वै
सद्भावेन हि अजं सर्वं उच्छेदस्तेन नास्ति वै ।
(अलात. प्र, का. ५७)

भाष्य में बताया गया है कि लौकिक अज्ञान दृष्टि से जगत् के जन्मादि मान लिये गये हैं अर्थात् पदार्थ विनाशी हैं, उनकी शाश्वतता नहीं मानी जा सकती। परन्तु ब्रह्मविद्या, की दृष्टि से देखा जाय तो सभी (याने उत्पत्ति,स्थिति और विनाश) ब्रह्मरूप हैं, अर्थात् यहां उच्छेद की बात ही नहीं है। सत्कार्यवाद का यही रहस्य आगे की कारिका में भी बताया गया है:—

। न कश्चिज्जायते जीवः सम्भवोऽस्य न विद्यते
एतत् तदुत्तमं सत्यं यत्र किंचिन्न जायते ।
(अलात. प्र. का. ७१)

भाष्य में बताया गया है कि व्यावहारिक सत्यता से भले ही जीवों के जन्म मरणादि होते रहें, परमार्थ सत्य यही है, कि कोई जीव, ब्रह्म से विभिन्न हो कर नहीं जन्मता, क्यों कि कोई कार्य अपने उपादानकारण से भिन्न नहीं है। फिर आगे की कारिका में बताया है:—

। चित्तस्पन्दितमेवेदं ग्राह्यग्राहकवद्द्वयम्
चित्तं निर्विषयं नित्यमसंगं तेन कीर्तितम् ।
(अलात. प्र. का. ७२)

यहाँ भाष्य में चित्त का अर्थ 'परमार्थतः आत्मा एव' ऐसा किया गया है, क्यों कि वही निर्विषय तथा असङ्गत है। आशय यह है कि, ग्राह्य ग्राहक आदि निखिल प्रपञ्च, परब्रह्म का ही स्पन्दन है। यही **सत्कार्य** वाद की तथ्य दृष्टि है, जिसका विवरण आगे प्रकरण (४१) परिच्छेद (१) में किया जाएगा

। न निरोधो न चोत्पत्तिर्न बद्धो न च साधकः
न मुमुक्षुर्न वै मुक्त इत्येषा परमार्थता ।
(वै. प्र. का. ३२)

यह कारिका बौद्धशिष्य नागार्जुन कृत माध्यमिक कारिका की प्रथम कारिका के बहुत सदृश है। भाष्य में यही अभिप्राय बताया है, कि यह विश्व-प्रपंच कितना ही असीम क्यों न दिखाई दे, द्वैत दृष्टि से सत्य नहीं है। अर्थात् यह सिद्धान्त है कि चाहे, बद्ध कहो, साधक कहो, या मुक्त कहो, परमार्थ दृष्टि से कुछ भी सत्य नहीं है। अर्थात् ब्रह्म के संकल्प से ही पदार्थों का आवागमनचक्र चलता आया है यथा आगे की कारिका में स्पष्ट बताया है :—

। भावैरसद्भिरेवायमद्वयेन च कल्पितः
भावाऽप्यद्वयेनैव तस्मादद्वयता शिवा ।
(वै. प्र. का. ३३)

असत् याने अपरमार्थसत्य भावों से ही, अद्वय परब्रह्म ने इस सृष्टि की रचना की है, और भावों की उत्पत्ति भी उसी अद्वय प्रभु की की हुई है। अतः यहां मङ्गलमयी अद्वयता ही बनी हुई है।

एवं प्रिय पाठकों को विदित होगा कि माण्डूक्य उपनिषद् कारिकाओं का कदापि यह अभिप्राय नहीं है, कि अनिर्वचनीय जगत् हुआ ही नहीं। क्या दृष्टि सृष्टिवाद, क्या अजातिवाद, और क्या **अनिर्वचनीय** ख्याति का सिद्धान्त तीनों का एक ही तात्पर्य **अद्वैतविज्ञान है**।

इस प्रसंग में एक छोटा सा मनोरंजक संवाद नीचे दिया जाता है।

(३४) अजातिवाद विषयक असमञ्जस धारणाएँ

प्रथम: महाशयजी, आप जो जगत है ही नहीं, है ही नहीं, ऐसा बारंबार कहते हैं, उसका अर्थ ही कुछ नहीं हो सकता। आप मुझसे जो भाषण कर रहे हैं और मैं भी प्रत्युत्तर दे रहा हूं, यही तो जगत् के अस्तित्व का प्रमाण है।

द्वितीय: सिद्धान्त में जगत् है ही नहीं।

प्रथम: पण्डितजी, आपका सिद्धान्तवाला जगत् क्या चन्द्रलोक विषयक है या सूर्यलोक विषयक है? कदाचित् वह न हो, परन्तु आप और मैं जो परस्पर सम्मुख बैठे हैं वह है या नहीं?

द्वितीय: नहीं।

प्रथम: यह तो बड़ी अचम्भे की बात है, सूर्य के प्रकाश को अन्धेरा कहने के समान है। विचार से उत्तर दीजिये, कुछ लक्षणा कीजिये स्वप्न या प्रतिभास सदृश जगत है ऐसा तो भी कहिए।

द्वितीय: देखिये, पण्डित निश्चलदासजी, विचारसागर, अंक २६७ में स्पष्ट लिखते हैं कि ज्ञाननिष्ठ पुरुष को जगत तुच्छ अर्थात् शून्य प्रतीत

होता है और यही ज्ञानी का मत है ऐसा अंक ३२८ के नीचे उन्होंने लिखा है ।

प्रथम : पण्डितजी यहां कुछ समझ में भेद दिखाई दे रहा है । क्यों कि अंक ५७ टि तथा अंक ४०२ में आपके अभिप्राय के विरुद्ध प्रतिपादन है । 'शून्यप्रतीति' का अर्थ परमार्थ सत्यता से प्रतीति नहीं' यही हो सकता है । ब्रह्मज्ञानी पुरुष को यदि शिष्य की प्रतीति ही न हो तो इस संसार में गुरुपरंपरा और ज्ञान, असंभव हैं ! आपकी दृष्टि से बड़ा ब्रह्मज्ञानी जो ईश्वर है, उसे तो त्रिभुवनों की प्रतीति होती है; फिर अनेकजन्मसंसिद्ध जो सम्यग्ज्ञानी यथा पूज्यपाद याज्ञवल्क्य या शुकमहर्षि इन पर ही आप की यह क्यों जबरदस्ती है, कि उनको यदि जग दिखाई दे तो उनका पूर्ण ज्ञान ही अमान्य करना हो ?

द्वितीय : वेदान्त सिद्धान्त से यदि सब जगद्व्यवहार नितान्त स्वप्न है, और ज्ञान ही सच्ची जागृति है, तो जागृति के उपरान्त स्वप्न नष्ट होना ही आवश्यक है, फिर ज्ञानी को जगत् कैसे दिखाई दे ?

प्रथम : शास्त्रों में जगत् के लिये जो स्वप्न का दृष्टान्त दिखाया गया है वह केवल उसकी विनाशिता बताने के लिये है, दृष्टान्त दार्ष्टान्त नहीं हो सकता । इसका स्पष्ट निर्णय ब्र. सू. 'नाभाव : उपलब्धेः' (२-२-२८) और 'वैधर्म्याच्च न स्वप्नादिवत्' (२-२-२९) के भाष्यों में श्रीशंकराचार्य ने कर दिया है । पूर्वोक्त सूत्र में उन्होंने बाह्य पदार्थों का व्यावहारिक सत्यत्व सिद्ध कर दिया है, और दूसरे में तो स्पष्टतया ही जगत् स्वप्न नहीं है, यह प्रमाणित किया है । अतएव दृष्टान्तों की उलझनों में पड़ने का कोई कारण नहीं है ।

(३५) बहुभवन का क्या तात्पर्य है

ब्रह्म अवाङ्मनसगोचर त्रिलोकातीत सामर्थ्यस्वरूप है—यह पहले ही अनेक वार परिस्फुट किया गया है; वेदों में उसका बहुभवन बताया गया है; जैसे 'तदैक्षत बहुस्यां प्रजायेयेति, तत्तेजोऽसृजत' (छां ६-२) 'पुरुष एवेदं सर्वम्' 'पादोऽस्य विश्वाभूतानि त्रिपादस्यामृत' दिवि। इससे यह संशय होता है कि क्या यह विराट शक्ति, भौतिक विज्ञान वादियों के Ether ईथर * की भाँति, अथवा उससे भी अत्यंत विरल सर्व व्यापी वस्तु है, और वही ब्रह्माण्ड के यावतीय पदार्थों में परिवर्तित या परिणत हुई है? उत्तर है कि इसी को भेदाभेद पक्ष कहते हैं। ब्रह्म ही सब कुछ बना है इस मत को भर्तृप्रपंच और इतर अनेक दार्शनिकों ने मान्यता दी है, पर यह अद्वैत सिद्धान्त नहीं है। भेदाभेद वाद का मार्मिक और निस्संदिग्ध खण्डन श्रीशंकराचार्य और श्रीसुरेश्वराचार्य ने अनेक स्थानों पर किया है। वेदों में मृत्तिका से घट, अग्नि से स्फुलिंग या मकड़ी से जाला, ऐसे दृष्टान्त तो दिये गये हैं, पर उनका तात्पर्य विभाजन, सूक्ष्म या स्थूल द्रव्यों और आकारों में परिवर्तन या परिणाम नहीं है। प्रत्युत ऐंद्रजालिक **लीला** मात्र है। ब्रह्म ही सब कुछ बना है—ऐसी धारणा जड़दृष्टि मानव-स्वभाव के लिये साहजिक है; कितना भी कहो या समझाओ मनुष्य की बुद्धि, परमात्मतत्त्व को एक सर्वव्यापी अत्यंत विरल सूक्ष्मरूप कुछ न कुछ द्रव्य ही मानती आयी है पर द्रव्य कहने से हिचकिचाती है! और फ़िर, शक्कर के जैसे पदार्थ बनते हैं वैसे ही आत्मवस्तु से सब पदार्थ बने हैं—ऐसा मानती है! यही भेदाभेदवाद है जिसने यूरप में Pantheism के नाम से प्रसिद्धि पाई है। इसके प्रवर्तक डेकार्ट स्पिनोझा हेगेल इत्यादि

---

* गत शताब्दि में पाश्चात्य वैज्ञानिकों ने मान्य किया था कि ऐसा एक विश्वव्यापी अतिविरल द्रव्य रहना आवश्यक है; परन्तु तदनन्तर की गवेषणा से सिद्ध हो गया है कि यह निगमन आकाश कुसुम रूप ही था। ऐसी वस्तु मानने की कोई आवश्यकता नहीं है।

हो गये हैं। परमात्मतत्त्व रूप भण्डार में से अनंत सूक्ष्म अंश बाहर आते हैं, संसार का दीर्घ काल तक अनुभव करते हैं और अन्त में जब यथा कथञ्चित् मुक्ति का समय आता है, तब उसी परमात्मतत्त्व में मिल जाते हैं; यह कल्पना मानव की बुद्धि सुगमता से ग्रहण कर लेती है। परन्तु निरवयव अक्षर और प्रशास्तृ रूप परमात्मा के अंश कैसे हों? जिसमें देशदेशिभाव और धर्मधर्मिभाव नहीं है उसमें से न कुछ निकल सकता है और न उसमें कुछ जा कर मिल सकता है। अर्थात् परमात्मा के ईक्षण या इच्छा मात्र से इस गारुड़—परन्तु व्यावहारिक प्रपंच की सृष्टि होना, यही बहुभवन का लाक्षणिक अर्थ लेना आवश्यक है; क्यों कि जहाँ जहाँ बहुभवन का विषय आया है वहाँ वहाँ श्रुति माता ने 'असृजत' 'ससर्ज' ऐसे स्पष्ट शब्दों का भी व्यवहार किया है। गारुड़ ऐन्द्रजालिक शक्ति से विश्व का सृजन, **अद्वैतविज्ञान** का मौलिक सिद्धान्त है, जिसका उल्लेख ब्रह्मसूत्रभाष्यों में अनेक स्थलों पर आया है। दे. पृष्ठ ४९ और ५२

(३६) परमात्मा का सर्वव्यापित्व

'ईश्वरः सर्वभूतानां हृद्देशेऽर्जुन तिष्ठति' (गी. १८-६३) 'ममैवांशो जीवलोके' (गी. १५-७) 'अनेन जीवेनात्मनानु प्रविश्य नाम रूपे व्याकरवाणि' (छां. ६-३) 'अन्तः प्रविष्टः शास्ता जनानाम्' (तै. आ. ११) ऐसे अनेक स्थानों पर परमात्मा का प्रवेश बताया गया है। पर पहले से ही सर्वव्यापी निरवयव निर्द्रव्य परमात्मा, का कहीं प्रवेश (अर्थात् बाद में चलकर) होता है यह कहना ही असम्बद्ध है; अतः भाष्य में प्रवेश शब्द को अनर्थक बता कर भावार्थ यह बताया गया है कि इन इन स्थानों पर परमात्मा के तपःपूत भक्तों को दर्शन हो सकते हैं यह भाव है। इस सम्बन्ध में ब्रह्मसूत्र (१-२-११) के भाष्य में आचार्य का कथन है:- 'सर्वगतस्यापि ब्रह्मणः उपलब्ध्यर्थो देशविशेषोपदेशः'।

सर्व व्यापी अपरिच्छिन्न निरवयव वस्तु, परिच्छिन्नवस्तु के अन्दर प्रवेश करती है यह कहना अयोग्य है, प्रत्युत परिच्छिन्न वस्तु ही अपरिच्छिन्न वस्तु

के अन्दर रहती है, यही कहा जा सकता है। और यों भी वह उसे बाधा पहुँचाती है यह बात नहीं; अर्थात् उसकी सर्वव्यापिता ज्यों की त्यों बनी रहती है। यही भाव श्रीमद्भगवद्गीता के निम्न श्लोकों में दर्शाया गया है:-

। ये चैव सात्विका भावा राजसास्तामसाश्च ये
मत्त एवेति तान्विद्धि न त्वहं तेषु ते मयि ॥ ७-१०

। मया ततमिदं सर्वं जगदव्यक्तमूर्तिना
मत्स्थानि सर्व भूतानि न चाहं तेषु अवस्थितः ॥ ९-४

। न च मत्स्थानि भूतानि पश्य मे योगमैश्वरम्
भूतभृन्न च भूतस्थो ममात्मा भूतभावनः ॥

। मयाध्यक्षेण प्रकृतिः सूयते सचराचरम् । ९-१०

इस सम्बन्ध में और एक मर्म की बात ज्ञातव्य है वह यह, कि 'व्यापित्व' शब्द का अर्थ, घड़े में जैसा जल भरा जाता है, अथवा आकाश में जैसा वायु भरा रहता है, वैसा नैयायिकों वाला जड़ अर्थ वेदान्त शास्त्र को मान्य नहीं है। व्यापित्व का मार्मिक अभिप्राय 'सर्वाधिष्ठानत्व' है जो पण्डित प्रकाशानन्दकृत सिद्धान्त मुक्तावली के २५ वें श्लोक की व्याख्या में बताया गया है। इसका और भी विवरण 'आत्मनः **सर्वाधिष्ठानत्वं** नाम अध्यस्तस्य **सत्तास्फूर्ति प्रदत्वम्**' अर्थात् उत्पत्तिस्थिति कारित्व, है ऐसा स्पष्ट किया गया है। **अध्यक्ष** शब्द का भी अधिष्ठाता व्यवस्थापक यही अर्थ है, (देखिये सर्व लक्षण संग्रह) अब देखिये, गीता में 'मया ततमिदं सर्वं जगदव्यक्तमूर्तिना' इस पर भाष्य में संक्षेपतः 'मया अव्यक्तमूर्तिना **व्याप्तम्**' इतना ही लिखा है, पर उपरोक्त परिभाषा से 'मया अव्यक्त मूर्तिना **सत्तास्फूर्ति** प्रदानेन इदं विश्वं विस्तारितम् ऐसा रहस्यग्राही अर्थ निष्पन्न होता है। 'मयाध्यक्षेण' इस

श्लोक का भी ठीक यही अर्थ है। आत्मविज्ञान का मन्तव्य स्थूल दृष्टि की व्यापिता बताने का नहीं हो सकता, क्योंकि परब्रह्म द्रव्यरूप नहीं है।

(३७) 'आत्मदर्शन' अथवा 'आत्मज्ञान' का रहस्य

बृहदारण्यक उपनिषद् अध्याय ४ ब्राह्मण ५ मंत्र १५ में 'यत्त्वस्य सर्वमात्मैवाभूत तत्केन कं पश्येत् तत्केन कं जिघ्रेत् तत्केन कं रसयेत् तत्केन कमभिवदेत् तत्केन कमभिशृणुयात्' इत्यादि प्रश्न आये हैं। इनके भावार्थ के विषय में, वेदान्त के साधारण अभ्यासकों में इतनी विचित्र कल्पनाएँ पायी जाती हैं कि कुछ कहते नहीं बनता। इनका आशय बताया जाता है, कि जब ज्ञानी पुरुष को या महात्मा को चारों ओर आत्मा ही आत्मा का अनुभव होता है, तो फिर वह 'किससे किसको देखें, किससे किसको सूँघें, किससे किसका आस्वाद लें, कैसे किससे बात करें?' अर्थात् ज्ञानी पुरुष को कोई कुछ शेष ही नहीं रहता, तो फिर आप जो 'अक्षरब्रह्म का प्रशासन' 'ब्रह्मकारणता सिद्धान्त' ऐसी आडम्बर वाली बातें लिये बैठे हैं, उनका प्रमाण ही कहां है? ये आक्षेप विचित्र हैं, अतः उनकी यहाँ कथञ्चित् आलोचना की जाती है।

श्रुति वचनों को सार्थकता से समझने के लिये पूर्वग्रहों को हटा देना अत्यावश्यक है। उदाहरण के लिये 'द्रष्टा' शब्द लीजिये। वेदान्ती अभ्यासकों में इस शब्द का अर्थ 'न देखने वाला' 'कुछ भी न जानने वाला' ऐसा रूढ़ हो गया है! भले ही कोई इन अभ्यासकों को यथार्थ समझाने का प्रयत्न करें, कोई सफलता नहीं होती। एक बार ब्रह्म, अकर्तृ, निस्सम्बल, निष्प्रभ, शून्य-तुल्य है, ऐसा निश्चय गढ़ लिया गया, तो फिर द्रष्टा श्रोता मन्ता विज्ञाता (बृ. ३-८-११) यह शब्द अर्थहीन हो जाते हैं। दुर्भाग्य हमारा कि पञ्चदशीकार श्रीविद्यारण्य ने वेदान्त का जो गम्भीर शब्द 'साक्षी' उसको नाटकस्थ दीप की उपमा दी है! इससे तो हमारी भ्रान्त धारणाएँ और भी पुष्ट हो गई हैं! 'साक्षाद्वीक्षत इति साक्षी' ऐसी सुस्पष्ट व्युत्पत्ति श्रीमदाचार्यने अपने विष्णुसहस्रनाम स्तोत्र के भाष्य में दी है, 'साक्षाद्द्रष्टरि

संज्ञायाम्' (५-२-९१) ऐसा पाणिनीय सूत्र है। बृहदारण्यक उपनिषद् में (अ. ४ ब्रा. ३ मंत्र २२ से ३० तक) निर्विवाद बताया गया है कि 'न हि द्रष्टुर्दृष्टेः विपरिलोपो विद्यते' इत्यादि। अपि च 'सर्वोपनिषद्' के तीसरे मंत्र में 'ज्ञातृज्ञानज्ञेयानामाविर्भावतिरोभावज्ञाता स्वयमेवाविर्भावतिरोभावहीनः स साक्षी' ऐसा बताया गया है। ज्ञाता, ज्ञान, और ज्ञेय, ये जब भ्रान्तिजन्य या अहंकार से सम्पृक्त रहते हैं, तब ही त्याज्य होते हैं, ज्ञानी पुरुष को किसी प्रकार से ये भाव रहते ही नहीं ऐसी बात नहीं, यह, उपर्युक्त साक्षी की व्याख्या से ही प्रमाणित होता है; परन्तु 'त्रिपुटी राहित्य' का अर्थ इन तीनों का स्वरूपतः अभाव! ऐसा असम्भवनीय और वेदान्त शास्त्र के रहस्य के विपरीत किया जाता है, इसका क्या इलाज? प्रेमी पाठकों को स्मरण होगा कि इसी भाँति की उलझन **वृत्तिनिरोध** के विषय में भी हो गई है जिसका विवेचन पीछे पृष्ठ २२, २३ तथा २९ पर किया गया है।

अब उपर्युक्त बृहदारण्यक श्रुतिगत प्रश्नों के सम्बन्ध में कुछ विमर्श प्रस्तुत किया जाता है। इनके जो मनचाहे अर्थ लगाये जाते हैं, उसका कारण यही है कि ऐसे महत्व के विषय के अध्ययन में जो आद्योपान्त पढ़ने का कष्ट उठाना आवश्यक है उतना कष्ट नहीं उठाया जाता।

मीमांसकों के विचारों के सम्बन्ध में इस पुस्तक में बहुत कुछ लिखा गया है; उनकी यह दृढ़ निष्ठा थी कि वेदों ने मानव के क्रमाभ्युदय तथा निःश्रेयस के लिये 'यावज्जीव कर्मानुष्ठान' का सुन्दर राजपथ निर्माण कर रक्खा है। निःश्रेयस की प्राप्तिके लिये 'आत्मा वाऽरे द्रष्टव्यः श्रोतव्यो मन्तव्यः इत्यादि (बृ. २-४-५) में जो आदेश दिया गया है, वह प्रत्यक्ष विधि है, और उसके दृढ़ अनुष्ठान से हम ब्रह्म को साक्षात् कर सकते हैं और अक्षय्य अपरिमेय सुख भी प्राप्त कर सकते हैं।

इस पर **अद्वैत सिद्धान्त** का यह आक्षेप है कि यह 'विधि श्रुति' नहीं हो सकती, अर्थात् अनुष्ठान की कल्पना ही त्याज्य है। ब्रह्मज्ञान वस्तुतन्त्र है।

किसी भी अनुष्ठान से उत्पाद्य, आप्य, विकार्य या संस्कार्य, नहीं है; (बृ. उ. ४-४-२२ भाष्य) एवम् ऊपर की श्रुति साधकों को, आत्मविज्ञान की ओर प्रवर्तित कराने के लिये है, विधि रूप नहीं है। इस विषय को लक्ष्य कर श्रीशङ्कराचार्य का भाष्य बड़ा मार्मिक और समर्पक है ; अल्प शब्दों में उसका तात्पर्य यह है कि, 'यत्र हि द्वैतमिव भवति तदितर इतरं जिघ्रति पश्यति.....शृणोति.....इ.' जहाँ द्वैतभाव बना है, वहां सब विधिरूप कारक क्रिया फल का व्यवहार हो सकता है, परन्तु ब्रह्मज्ञान के लिये इस कर्मफल के व्यवहार की आवश्यकता नहीं है। और क्षणभर द्वैत दृष्टि का अंगीकार करें, तो भी अदृश्य अग्राह्य ब्रह्म वस्तु को आप देखेंगे या सूंघेंगे कैसे ? संभव है कि आप अनुष्ठानों के बल से इंद्रादि देवताओं को चाक्षुष प्रत्यक्ष अथवा मानस प्रत्यक्ष भी कर सके, किंतु यह भी बाह्यदर्शन है, इसको प्रत्य, ग्दर्शन नहीं कह सकते। ज्ञानेन्द्रियों की रचना ही बाह्यदर्शन के लिये की गई है, चाहे वह मन के अन्दर क्यों न हो। अर्थात् प्रत्यगात्मभूत और सर्वव्यापी ब्रह्म को विषय करने के लिए, 'केन पश्येत' किस ज्ञानेन्द्रिय से देखेंगे ? आपके ज्ञानेन्द्रियों की रचना ही उसके योग्य नहीं है- और हठात् मान लें तो भी 'कं पश्येत ?' ब्रह्म स्वयं ही ज्ञानेन्द्रियों या स्थूल बुद्धि को गम्य नहीं है। अतः द्वैतदृष्टि से भी 'आत्मा वाऽरे-द्रष्टव्यः' इत्यादि उपदेश 'विधि' रूप नहीं हो सकते।

अब **अद्वैतविज्ञान** की दृष्टि निराली है। यह स्वीकृत सिद्धान्त है कि आत्मविज्ञान के लिये भावनाओं या अनुष्ठानों का कोई साक्षात् उपयोग नहीं है। कहा जाता है कि ब्रह्म अवाङ्मनसगोचर है, पर उसका अभिप्राय यही है कि वह ज्ञानेन्द्रियों या स्थूल बुद्धि को अगम्य है, जानने को बहुत कठिन है, इतना ही है। परन्तु सूक्ष्म बुद्धि का विषय नहीं ऐसा कदापि नहीं। इसीलिये कठोपनिषत् (१-३-) में 'दृश्यते त्वग्र्यया बुद्धया सूक्ष्मया सूक्ष्मदर्शिभिः' और भ. गीता में 'एवं बुद्धेःपरं बुद्धया' (३-४३) ज्ञातुं द्रष्टुंच तत्त्वेन (११-५४) 'ज्ञानं ज्ञेयं ज्ञानगम्यम्' (१३-१७) इत्यादि अनेक बचन

आते हैं। श्रीशंकरानन्द स्वामी भगवद् गीता अध्याय १८ श्लोक ५० की अपनी व्याख्या में लिखते हैं:—

'ततो ज्ञातृत्वेन अस्मत्प्रत्यार्थत्वेन सर्वव्यवहारकारणत्वेन परमप्रेमास्पदत्वेन च परिदृश्यमाना नायमत्यंतविषयो भवति। किन्तु स्वच्छत्वाच्चिमलत्वात्सूक्ष्मत्वाच्च बुद्धिः आत्मचैतन्यव्याप्त्या, सूर्यप्रकाशव्याप्त्या स्फटिकः सूर्यवद्यथा, तथा आत्मवदवभासते। तादृश बुद्धिव्याप्त्या मन आदि स्थूलान्तं सर्वमात्मवदवभासते.....शान्तश्चिद्घन आनन्दघन आत्मा, ज्ञानचक्षुशः सम्यग्विषयो भवति'

तात्पर्य यह है कि तीव्र जिज्ञासा से उत्प्रेरित साधक, जब शास्त्रोक्त साधनाओं द्वारा अपने अन्तःकरण को सुनिर्मल कर लेता है, और श्रवण मनन निदिध्यासन से उसकी बुद्धि सूक्ष्मग्राही बन जाती है, तब उसके हृदयाकाश में स्वयं ही आत्मज्योति उदित हो जाती है, जिसका दर्शन ही साधक का स्वानुभूति रूप साक्षात् है। इसके अनन्तर, उसे जगत् के अखिल पदार्थ, आत्मचैतन्य से आलोकित दिखाई देते हैं। पर इसका अभिप्राय यह नहीं है कि आत्मज्योति कोई प्रकाश जैसी वस्तु है। प्रकाश का अर्थ ज्ञान तथा प्रभाव शालिता है। तात्पर्य यह है कि ऐसे तपस्यापूत मेधावी साधक को आत्मचैतन्य की प्रभाविता का अनुभव उसकी सूक्ष्म बुद्धि में ही हो जाता है। इसके अनन्तर उसे सारा जगत् इसी प्रभाविता से प्रभावित है ऐसा निःसंदिग्ध ज्ञान हो जाता है। श्रीशंकराचार्य के नाम से ख्यात 'शतश्लोकी' स्तोत्र में यही विचार निम्न श्लोक में स्पष्ट किया गया है:—

। आत्मानात्मप्रतीतिः प्रथममभिहिता सत्यमिथ्यात्वयोगात्
द्वेधा ब्रह्मप्रतीति र्निगमनिगदिता स्वानुभूत्योपपत्त्या
आद्या देहानुबन्धाद्भवति तदपरा सा च सर्वात्मकत्वात्
आदौ ब्रह्माहमस्मीत्यनुभव उदिते खल्विदं ब्रह्म पश्चात्। ३

इसे पढ़ कर किस साधक का हृदय उत्तेजना से परिपूर्ण और आत्मविभोर नहीं होगा ? ऐसा सर्वंकष ज्ञान और सर्वात्मभाव जागृत होने पर, ज्ञानी महात्मा 'केन कं पश्येत्' जिस आँख से ब्रह्मदर्शन करा लेने की विधि मीमांसक बता रहे हैं, वही जब आत्मज्योति का स्वयं ही परिचय प्रदान कर रही है, तो बाहर किधर और कहाँ जाएँ? सब पदार्थब्रह्मरूप हैं, चर्म चक्षु को तो वे अवश्य दिखते हैं पर ज्ञान चक्षु को उनमें आत्मदर्शन होते हैं; इसमें बाधा डालने की मजाल न चर्म चक्षु की है और न किसी और वस्तु की है। जैसे एक प्रथितयश कलाकार की नयनाभिराम कृति को देखते ही उसकी कलापूर्ण मूर्ति प्रत्यक्ष हो जाती है, वैसे ही उसकी भद्दी कृति को देख कर कलाकार के सम्बन्ध में वही अनिन्द्य सुन्दर भाव उत्पन्न होते हैं, क्यों कि कलाकार तो कभी भद्दा नहीं होता, और उस कृति में भी उसका कुछ गूढ़ भाव रहता है जो हमारी समझ में नहीं आता।

प्रिय पाठक समझ लेंगे कि 'तत्केन कं पश्येत् तत्केन कं जिघ्रेत्' इन से लेकर अन्त में 'विज्ञातारमरे केन विजानीयात्' यहाँ तक के प्रश्नों का सम्बन्ध 'केनोपनिषत्' के प्रश्नों तक जा पहुँचता है। बृहदारण्यक श्रुतिवाणी यहाँ पर यही रहस्य बता रही है कि:—

। यतो राद्धिः प्रमाणानां स कथं नैः प्रसिद्धयति ?
(सुरेश्वराचार्य)

अतः इन प्रश्नों का जो विचित्र अर्थ किया जाता है, कि ब्रह्म में कुछ है नहीं, अक्षरब्रह्म के प्रशासन नियन्त्रण इत्यादि विषय के वचन, और ब्रह्मकारणता सिद्धान्त, सब असत्य बातें हैं, केवल प्रगाढ़ अज्ञानता का निदर्शक है।

कहा जाता है कि ब्रह्मज्ञान वस्तुतन्त्र है और निर्वृत्तिक है; ठीक है, पर वस्तुतः सभी ज्ञान ऐसे हैं। शास्त्रीय विषय, ज्यामिति, व्याकरण, गणित, इत्यादि ज्ञान भी वस्तुतन्त्र तथा निर्वृत्तिक हैं। भावनाएँ भली ही वृत्तिमयी हों, उनका ज्ञान भी वस्तुतन्त्र और निर्वृत्तिक ही है। इसका उल्लेख पहले पृष्ठ २३ पर किया गया है।

एक बार ब्रह्मज्ञान होने के अनन्तर वह कभी लुप्त नहीं होता, अतः उसके स्मरण विस्मरण आवर्तन या अनुसन्धान का प्रश्न ही नहीं उठता। स्मरण विस्मरणादि जागतिक विषयों के सम्बन्ध में ही हुआ करते हैं, आत्मज्ञान के विषय में नहीं, क्यों कि वह स्वानुभूतिरूप है। कई पण्डितों का प्रतिपादन हुआ करता है, कि ब्रह्मज्ञान हमारे अन्तस्तल में सिद्ध है, वह होता जाता नहीं, केवल आवरण दूर करने की देरी है; पर यह मत युक्तिसंगत नहीं है। ब्रह्मज्ञान आज हमें उपलब्ध नहीं है, उसको हमें प्राप्त करना है, पर उसकी उपलब्धि होती नहीं यह बात नहीं, जैसा कि ऊपर स्पष्ट किया गया है।

(३८) तत्वज्ञान समझाने की प्रक्रियाएँ

पण्डित निश्चलदासजी तथा पीताम्बर मिश्रजी और दूसरे विद्वानों के ग्रन्थों में दार्शनिक सिद्धान्त समझा देने के निमित्त कई प्रक्रियाओं को स्वीकार किया हुआ रहता है। उदाहरण के लिए, ब्रह्म चैतन्य के विविध नामों पर ध्यान दीजिये। स्वरूपलक्षण से निर्दार्शित ब्रह्म, नितान्त मानों सोलह आने शुद्ध बताया जाता है: इसी के, निर्बीज चैतन्य, ज्ञातत्वरूप उपलक्षण से लक्षित ब्रह्म, लक्ष्य ब्रह्म, नेति नेति स्वरूप, ऐसे अनेक अभिधान हैं। उपहित ब्रह्म कुछ निचले दर्जे का मानों १४॥ साढ़े चौदह आने चैतन्य ब्रह्म है ऐसा कुछ माना जाता है। फिर इसके नीचे सबीज ब्रह्म, शबल ब्रह्म, मायाविशिष्ट ब्रह्म, वाच्य ब्रह्म, इत्यादि नाम आते हैं। इसके अनन्तर अतःकरणविशिष्ट चैतन्य, वृत्त्यवच्छिन्न चैतन्य, प्रमाण चैतन्य, प्रमिति चैतन्य, पदार्थावच्छिन्न चैतन्य, इत्यादि इत्यादि बड़ा ही प्रपंच रचित किया हुआ पाया जाता है।

इस रीति से चैतन्य का विविध अवच्छेदों के साथ विवेचन करना, बड़ी भूल का कारण होता है, और हो गया है। ऐसा विभाजन ऊपर कथित पण्डितवर्यों ने स्वयं कर रखा है ऐसा नहीं: सम्भवतः किसी बौद्धशासन कालीन गीर्वाण पण्डित की ही यह रचना है। औपनिषत्तत्त्वज्ञान में ऐसी सोपान परंपरा नहीं है। चैतन्य के कई प्रकार समझ कर उनमें कुछ ऊपर वाले

और कुछ कम दर्जेवाले समझना और समझाना, याथात्म्य ज्ञान के मार्ग में मानों बड़ी बाधाएँ उत्पन्न करने के समान है।

बृहदारण्यक अध्याय ३ ब्राम्हण ८ मंत्र १२ के भाष्य में श्रीमदाचार्य लिखते हैं:—

तत्र केचित् आचक्षते। परस्य महासमुद्रस्थानीयस्य ब्रह्मणोऽक्षरस्याप्रचलितस्वरूपस्येषत् प्रचलितावस्थाऽन्तर्यामी। अत्यंतप्रचलितावस्था क्षेत्रज्ञो यस्तं न वेदान्तर्यामिणम्। तथान्याः पञ्चावस्थाः परिकल्पयन्ति। तथाऽष्टावस्था ब्रह्मणो भवन्तीति वदन्ति। अन्येऽक्षरस्य शक्तय एता इति वदन्ति अनन्तशक्तिमदक्षरमिति च। अन्ये तु अक्षरस्य विकारा इति वदन्ति। अवस्थाशक्ती तावन्नोपपद्येते। अक्षरस्याशनायादे संसारधर्मातीतत्वश्रुतेः। नहि अशनायाद्यतीतत्त्वमशनायादिधर्मवदवस्थावत्त्वं चैकस्य युगपदुपपद्यते। तथाशक्तिमत्त्वं च। विकारावयवत्वे च दोषाः प्रदर्शिताश्चतुर्थे। तस्मादेता असत्याः सर्वाः कल्पनाः।

कस्तर्हि भेद एषाम्। उपाधिकृत इति ब्रूमो, न स्वत एषाम् भेदोऽभेदो वा सैन्धवघनवत् प्रज्ञानघनैकरसस्वाभाव्यात्। 'अपूर्वमनपरमनन्तरमबाह्यम्" "अयमात्मा ब्रह्म" इति च श्रुतेः। "सबाह्याभ्यंतरो ह्यजः" इतिचाऽऽथर्वणे। तस्मात् निरुपाधिकस्याऽऽत्मनो निरुपाख्य[illegible]। नेति नेति इति व्यपदेशो भवति। अविद्याकामकर्मविशिष्टकार्यकरणोपाधिरात्मा संसारी जीव उच्यते। नित्यनिरतिशय ज्ञानशक्त्युपाधिरात्मान्तर्यामीश्वर उच्यते। तथा हिरण्यगर्भाव्याकृतदेवताजातिपिण्डमनुष्यतिर्यक्प्रेतादिकार्यकरणोपाधिभिर्विशिष्टस्तदाख्यस्तद्रूपोभवति। तथा च तदेजति तन्नैजतीति व्याख्यातम्। तथा एव त आत्मा, एष सर्व भूतान्तरात्मा" "एष सर्वेषु भूतेषु गूढः" "तत्त्वमसि" "अहमेवेदम् सर्वम्" "आत्मैवेदं सर्वम्" "नान्योऽतोऽस्तिद्रष्टा" इत्यादि श्रुतयो न विरुद्धयन्ते। कल्पनान्तरेष्वेताः श्रुतयो न गच्छन्ति। तस्मादुपाधिभेदेनैवेषां भेदो नान्यथा एकमेवाद्वितीयमित्यवधारणात्सर्वोपनिषत्सु।

उपरिलिखित भाष्य पंक्तियों में सहस्राब्धि वर्षों के प्राचीन विचार प्रदर्शित किये गये हैं; उन पर समुचित ध्यान देने की बड़ी आवश्यकता है। 'अविद्याकामकर्मविशिष्टकार्यकरणोपाधिरात्मा संसारी जीव उच्यते', इसका अर्थ कर्मफल विपाक के नियमानुसार उत्पन्न, शरीरेंद्रियसंघात के चालक चैतन्य को संसारी जीव कहते हैं। किन्तु चैतन्य कदापि संसारी नहीं बनता यह पहले ही बार बार बताया गया है। अर्थात् यहां 'अहं वैश्वानरोभूत्वा' या 'ईश्वरःसर्वभूतानाम् (भ. गी. १५-१४ और १८-६१) यही प्रत्यगात्मब्रह्म विवक्षित है; उपाधिधर्मों के कारण भले ही वह हमें परिच्छिन्न प्रतीत हो, किन्तु 'यदेवेह तदमुत्र यदमुत्र तदन्विह' (कठ ४-१०) इस दृष्टि से चैतन्य में न तो विभाग है और न कहीं न्यूनता या आधिक्य।

अतः मायाविशिष्ट चैतन्य निचले दर्जे का और माया उपहित ऊँचा, शुद्ध चैतन्य सृष्टि नहीं रचता है, शबल चैतन्य ही यह सब कोलाहल मचाता है, यह वाच्य ब्रह्म है, और यह लक्ष्य ब्रह्म है, ऐसी धारणाएँ दुर्ग्रहों को ही परिपुष्ट करती हैं। एक उदाहरण से यह बात स्पष्ट होगी। समझ लीजिए कि पूर्व दिशा में चन्द्रमा पूर्ण वर्तुलाकार दिख रहा है, वह कदम्ब वृक्ष के माथे पर है, रोहिणी नक्षत्र के समीप है, और एक कृष्णमेघ से कुछ आच्छन्न है। तो उसके वर्णन (१) प्रकृष्टप्रकाशश्चन्द्रः (२) पूर्णवर्तुलश्चन्द्रः (३) कदम्बवृक्षशिरस्थश्चन्द्रः (४) रोहिणी नक्षत्रोपहितश्चन्द्रः और (५) कृष्णमेघावच्छिन्नश्चन्द्रः, ऐसे हो सकते हैं, यद्यपि चन्द्रमा एक ही है। प्रथम, स्वरूप लक्षण, द्वितीय, तटस्थ लक्षण, और शेष सब उपलक्षण हैं। ठीक इसी प्रकार (१) सच्चिदानंद ब्रह्म, स्वरूपलक्षण, 'यतोवाइमानि (तै. ३-१) या, 'जन्माद्यस्य' (ब्र. सू. ३-२) इत्यादि, तटस्थ लक्षण और (३) मायोपहित, शबल, मायाविशिष्ट, सबीज, इत्यादि सब उपलक्षण हैं। प्रत्येक पदार्थ में प्रत्यगात्मा है और वह शुद्ध ही है। सूर्य के तेज का, वायु के बल का, तथा पृथ्वी के धर्मों का भी अधिष्ठान वही है; भेद इतना ही है कि वहां वहां वह उसी उसी प्रभाव की सत्ता का निदर्शक है। अग्नि का तेज उसी से है, परन्तु चैतन्य वहां जलता नहीं, 'नचैनं क्लेदयन्त्यापः' (भ. गी २-२३) इत्यादि श्लोकों में यही तत्त्व

बताया गया है। हृदयस्थ नारायण वही है जो शरीरयंत्र का संचालक है; इसीको कार्यब्रह्म या मायाविशिष्ट ब्रह्म कहते हैं, तथापि उसके शुद्धत्व में यत्किंचित् भी बिगाड़ नहीं। और अगर बिगाड़ होता है, यह मान लें तो उसको ब्रह्म कहेगा कौन ? यह तो 'मूले कुठारः' वाली बात है। प्रक्रियाकारों ने विशिष्ट और उपहित में भेद मान लिया है, और कारण यह बताया है, कि विशेषण, पदार्थ की कुछ अंश से विकृति बताता है, और उपाधि दूर ही रहती है, उसके धर्म, पदार्थ में संसृष्ट नहीं होते। व्यावहारिक दृष्टि से यह भेद ठीक है, परन्तु ब्रह्मके विषय में यह कल्पना नितान्त असम्बद्ध है, क्यों कि ब्रह्मको विकृत करने की किसी की भी मात्रा नहीं है। पूर्वोक्त उदाहरण से भी विदित हो सकता है कि चन्द्रमा के अन्दर किसी भी औपाधिक या बाह्य विशेषण का प्रवेश नहीं हुआ है। चैतन्य को चाहे विशिष्ट कहो, अवच्छिन्न कहो, मायोपहित कहो, शबल कहो, सबीज कहो, उसमें अणुमात्र अन्तर नहीं, वह * अत्यंत शुद्ध ही है।

परब्रह्म के अखण्डत्व तथा एकरसत्व के सम्बन्ध में गत प्रकरण (३०) में स्पष्ट रूप से विवेचन किया गया है। **अद्वैत विज्ञान** की दृष्टि से,

---

* इस पर यह आपत्ति की जा सकती है, कि यदि प्रति स्थान चैतन्य शुद्ध ही है, तो यह शरीरधारी मूढ़ जीव है कौन ? उत्तर है कि यह चैतन्य नहीं, अनात्मा है, इसका विशेष प्रतिपादन आगे प्रकरण (४७) 'संसारी जीव कौन है' में किया गया है। श्रुति भी स्पष्ट बता रही है 'एतेभ्यो भूतेभ्यः समुत्थाय तान्येवानुविनश्यति न प्रेत्य संज्ञाऽस्ति' (बृ. ४-५-१३), अर्थात इस की उत्पत्ति भूतों से ही है और भूतों के साथ ही इसका नाश है। इस श्रुति का आधार चार्वाक भी बताते हैं, उनके मतमें जड़ द्रव्यों के मिश्रण से ही जीव बनता है; परन्तु उनके और अद्वैत सिद्धान्त के अभ्युपगमों में विशाल भेद है; उनकी प्रकृति स्वयम्भू और पारमार्थिक सत्य है, हमारी प्रकृति अपरमार्थ है और उसका नियामक चैतन्य है। इतना ही नहीं, समस्त अध्यस्त द्वैत प्रपंच को स्वतन्त्र अस्तित्व है ही नहीं, यह हमारा उच्च सिद्धान्त है, और इसीलिए हमारा सिद्धान्त **अद्वैत विज्ञान** इस नाम से विख्यात है।

परब्रह्म में तनिक भी विभाग नहीं माना जा सकता। श्रुत माता ने ऐसे 'नानात्वदर्शन' की कड़ी निन्दा की है; जैसे :—यदा ह्येवैष एतस्मिन्नुदरमन्तरं कुरुते अथ तस्य भयं भवति' (छां० ६-२-१), 'मृत्योः स मृत्युमाप्नोति य इह नानेव पश्यति' (बृ० ४-४-१९ तथा कठ २-४-११); सनत्सुजातीय ग्रन्थ में भी चेतावनी दी गई है 'द्वेषो महानत्र विभेद योगे (१-२०)। चैतन्य की किसी प्रकार से बाँट नहीं होती; परन्तु कई मध्यकालीन और अर्वाचीन विद्वानों ने उपर्युक्त विशेषणों के अलग अलग अर्थ लगाकर विभिन्नता की एक विचित्र सृष्टि निर्माण की है। वे कहते हैं कि शुद्ध ब्रह्म एक अलग वस्तु है, मायोपहित चैतन्य भी अलग है, और मायाविशिष्ट चैतन्य तीसरी ही कोटि है! मान्य है कि श्रीशङ्कराचार्य ने अपने ग्रन्थों में कहीं कहीं लिखा है कि मायाशबलित या मायोपहित चैतन्य सृष्टि करता है, परन्तु इससे उनका ऐसा कदापि अभिप्राय नहीं है कि वह शुद्ध ब्रह्म नहीं है, अथवा शबलित होने से या उपहित होने से शुद्धब्रह्म विकृत या अशुद्ध होता है। ये विशेषण संज्ञा मात्र हैं, एक अवस्था बताते हैं, भेद नहीं बताते। परन्तु उपर्युक्त पण्डित गण ने अकारण ही मान लिया है कि 'ईक्षण से या सृष्टिकर्तृत्व से परब्रह्म विकारी या भ्रष्ट हो जाता है। अतएव उसकी इस क्षति से रक्षा करने के अर्थ इन्होंने शब्दों के अर्थ ही बदल दिये हैं, और व्याकरण शास्त्र को भी कुचल डाला है! कहने को तो ये पूर्वाचार्यों के शब्दों से कह देते हैं कि 'मायोपहित चैतन्य सृष्टि करता है, परन्तु अपने मन ही मन, अर्थ लगा लेते हैं कि माया ही सृष्टि रचती है, चैतन्य निर्गुण असंग अक्रिय रहने से उसको इस व्यापार की खबर तक नहीं है! उपर्युक्त वाक्य में 'करता है' इस क्रियापद का कर्त्ता, चैतन्य है; माया का विशेषण लगने से उसको वाक्यार्थ में से उड़ा देना यह तो व्याकरण शास्त्र पर जुल्म है! 'धनुर्धारी श्रीरामचन्द्रजी दण्डकारण्य को पधारे' इसका अर्थ उनका धनुष ही दण्डकारण्य को गया और श्रीरामचन्द्रजी को इसकी खबर तक नहीं हुई, ऐसा अर्थ लगा लेना एक आश्चर्य की बात है।

'इन्द्रो मायाभिः पुरुरूप ईयते' (ऋ. ६-४७-१८) इस वैदिक सिद्धान्त का भी इन्होंने व्याकरण शास्त्र के विरुद्ध विपरीत अर्थ लगाया है

कि माया ही सब कुछ करती है और इन्द्र याने परब्रह्म को इस की वार्त्ता तक नहीं है ! याने परमात्मा और उसकी अभिन्ना शक्ति में (देखिये पृष्ठ ६१) एक द्वैत की अभेद्य दीवार इन्होंने खड़ी कर दी है, जिससे जड़कारणता ही आपन्न होती है ! इसी विपर्यस्त धारणा से इन पण्डितों ने परमात्मा और श्रीकृष्ण भगवान् में पक्का द्वैतभाव ही प्रस्थापित कर रखा है ! क्योंकि इनका काल्पनिक परब्रह्म महात्मा **बुद्ध** के **शून्यवाद** वाला (देखिए पृष्ठ २२) रहने से वह अवतार नहीं ले सकता ! हमारा धर्म और तत्त्वज्ञान अतन्तैश्वर्यनिकेतन श्रीकृष्णचन्द्र को पूर्ण परब्रह्म मानता है । परन्तु सनातन धर्म की छत्र छाया में पलते और प्रतिष्ठा पाते हुए, उसीके तत्त्वग्राही सिद्धान्तों के विरुद्ध इन पण्डितों का उत्थान, सैकड़ों वर्ष चलते रहना, यह एक कराल काल की विडम्बना है ?

गत इतिहास में भारतवर्ष में बौद्ध साम्प्रदायिकता का शासन कैसा प्रभावोत्पादक रहा और उसका गहरा परिणाम हमारे धार्मिक सामाजिक और राजनीतिक जीवन पर किस प्रकार हो गया इसका उल्लेख पीछे पृष्ठ २५ की टिप्पणी में किया गया है, इसी भँवर में, स्वाभाविक है, कि हमारे पण्डितगण भी आगए, और हमारे प्राचीन दार्शनिक सिद्धान्त बौद्ध तत्त्वज्ञान से कितने मिलते जुलते हैं इसीको प्रमाणित कर देने में यदि उन्होंने एक गौरव गरिमा का अनुभव किया हो, तो कोई आश्चर्य की बात नहीं है । बुद्धशिष्य नागार्जुन ने इस संसार की उत्पत्ति '**समष्टिअज्ञान** ' से हुई है, ऐसी एक विचित्र और अभिनव कल्पना प्रवर्तित की । इसका विशेष विवेचन आगे चल कर 'अज्ञान जगत् का कारण नहीं' इस प्रकरण में किया जाएगा । परन्तु इस भ्रांतिचक्र में बड़े बड़े पण्डित लोग भी आ गये और हमारे सिद्धान्त में जिसे माया कहा जाता है उसीका यह नाम है ऐसा मान्य होने को देर नहीं लगी । पर प्राचीन प्रभाव, जलदी नहीं छूटते, इस कारण सबीज ब्रह्म, शबल ब्रह्म, माया विशिष्ट ब्रह्म, ये शब्द **समष्टिअज्ञान** के ही नाम हैं ऐसा बौद्ध छापे का मतवाद हमारे समाज में प्रवृत्त हो गया । यह दार्शनिक डाँवाडोल अनेक शताब्दि से चला आ रहा है । बौद्धशासन नष्ट भी हो गया, सनातन धर्म के राज्यों की फिरसे स्थापना भी हुई, कुमारिलभट्ट ने बौद्धमत का विस्तार से खंडन भी

किया, अनंतर, श्रीमच्छंकराचार्य ने भी धर्म संस्थापना में बड़ा महद्यश प्राप्त कर लिया परन्तु शताब्दियों की यह दुरवस्था और घोर अज्ञान निःशेष कैसे चले जाएँ ? आज भी यह बौद्ध टकसाल के विचार हमारे समाज में प्रभावी पाए जाते हैं; फिर सौ सवासौ वर्ष के आगे पण्डित निश्चलदासजी के समय में इन कलुषित मतों का असर कहीं गहरा रहने में संदेह नहीं है। तथापि इन पण्डितों ने बौद्ध प्रक्रियाओं को लेते हुए भी ब्रह्म कारणता ही प्रमाणित की, यह उनके बड़े ही हमारे ऊपर उपकार हैं।

इस अनुषंग में अब, और एक प्रक्रिया विचार के लिये यहां ली जाती है, वह वृत्तिज्ञान विषयक है। बौद्ध सम्प्रदाय में जो सौत्रांतिक मत है, उसमें चित्तरूप विज्ञान के पंच स्कंध माने गये हैं, उनमें एक 'विज्ञान स्कंध' है जो, 'आलय विज्ञान' और 'प्रवृत्ति विज्ञान प्रवाह' ऐसा दो प्रकार का माना गया है।

इसी प्रक्रिया को हमारे पण्डितोंने वेदान्त पुस्तकों में समाविष्ट कर दिया है ! धर्मराजाध्वरीद्रं इस शुभ नाम के एक बड़े पण्डित ने 'वेदान्त परिभाषा' नामक ग्रन्थ लिखा है। उसके प्रथम 'प्रत्यक्ष परिच्छेद' में यह पंक्तियां हैं :—

'तत्र यथा तड़ागोदकं छिद्रान्निर्गत्य कुल्यात्मना केदारान्प्रविश्य तद्वदेव चतुष्कोणाद्याकारं भवति तथा तैजसमन्तःकरणमपि चक्षुरादिद्वारा निर्गत्य घटादिविषयप्रदेशं गत्वा घटादिविषयाकारेण परिणमते। स एव परिणामो वृत्तिरिति उच्यते। तथा च 'अयं घटः' इत्यादि प्रत्यक्षस्थले तदाकारवृत्तेश्च बहिरेकत्रदेशे समवस्थानात्तदुभयावच्छिन्नं चैतन्यमेकमेव। विभाजकयोरपि अंतःकरणवृत्ति-घटादिविषययोः एकदेशस्थत्वेन भेदाजनकत्वात्। अतएव मठान्तर्वर्ति घटावच्छिन्नाकाशः न मठावच्छिन्नाकाशाद्भिद्यते।'

अक्षर परब्रह्म निरवयव ज्ञप्ति स्वरूप और प्रशासितृ है, इसका याथात्म्य ज्ञान तो बहुत ही दूर है, परन्तु इसके सम्बन्ध में सम्यक् कल्पना भी हमारी

बुद्धि पर आरूढ़ होना दुर्घट है, हम कहने के समय तो कह जाते हैं कि आत्म-तत्त्व अद्रव्य है निरवयव है इत्यादि, किन्तु फिर भी वह आकाश से भी सुसूक्ष्म और सर्वव्यापी द्रव्यरूप है, ऐसा भाव हमारी बुद्धि पर छा ही जाता है और आकाश को जैसे उपाधि से अवच्छेद होता है वैसे चैतन्य को भी उपाधि से अवच्छेद होता है यह बात क्रमापन्न ही होती है। परन्तु चैतन्य की बात और है, और आकाश की बात और है। चैतन्य को देशकाल परिच्छेद नहीं, उसका व्यापित्व भी आकाश के व्यापित्व से कुछ और है, यह बातें हमारी समझ में नहीं आती (देखिये 'परमात्मा का सर्वव्यापित्व' पृष्ट १२२) परिणाम यह होता है, कि आकाश के दृष्टान्त को हम दार्ष्टान्त ही बना देते हैं और फिर, अन्तःकरणावच्छिन्न चैतन्य, वृत्त्यवच्छिन्न चैतन्य, प्रमाण चैतन्य, प्रमिति चैतन्य, इत्यादि बड़ा ही प्रपंच हमने रच दिया है, जल की भाप जब तक आकाश में अपरिच्छिन्न है, कुछ बल का कार्य नहीं कर सकती, परन्तु वही जब इंजन के अन्दर एक विशिष्ट आकार में जकड़ित की जाती है तो अति बलिष्ट हो कर माल गाड़ियों के बड़े बड़े डिब्बों को सैकड़ों मील खींचती चली जाती है। ठीक इसी जड़ दृष्टांत की भाँति, सामान्य चैतन्य तो मानों ढीला है, कुछ भी कार्य करने का उसमें सामर्थ्य ही नहीं है, किन्तु वही जब बुद्धि विशिष्ट या वृत्यवच्छिन्न या स्थूल शरीर की उपाधि में जकड़ा जाता है, तो बड़े ही विस्मयकारी कार्य कर डालता है! ऐसा मनोरंजक प्रतिपादन विज्ञ वेदान्ती पण्डित भी करते हैं और उससे बड़े धन्य धन्य होते हैं। परन्तु यह सब असमीचीन प्रतिपादन है।

ज्ञानेन्द्रियों के विषय में यह प्रक्रिया बताई जाती है, कि जीवान्तर्गत प्रमातृ चैतन्य, ज्ञानेन्द्रियों द्वारा अंतःकरण वृत्तियों की प्रणाली से विषय तक पहुँचता है, वहां विषयावच्छिन्न चैतन्य से उसका मिलन और ऐक्य हो जाने पर ही, हमको ज्ञान का साक्षत् होता है। ऐसी उपपत्तियाँ, तत्वानुसन्धान में बाधाएँ ही उपस्थित कर देती हैं। कारण कि वे हमारी चैतन्य विषयक जड़ भावनाओं को ही परिपुष्ट करा देती हैं! इस पर कुछ पण्डित गण कहते हैं कि चैतन्य का निरवयवत्व और अखण्डत्व हमें मान्य ही

है, परन्तु प्रकरण वशात् कुछ प्रमेय समझाने के अर्थ, विविध प्रक्रियाएं स्वीकारनी पड़ती हैं। उत्तर है, कि सिद्धान्त के विरोधी अभ्युपगम भले ही मनोरंजक हों सम्यग्ज्ञान के लिए सुतरां अनर्थकारी हैं, बुद्धि पर विपरीत बातें एक बार ठँस गईं तो वज्रलेप के समान होती हैं, और उनका निराकरण बहुत दुर्घट होता है। ऊपर लिखित प्रतिपादन से यह स्पष्ट होगा कि बौद्धों के 'आलय विज्ञान' और 'प्रवृत्तिविज्ञानप्रवाह' की कल्पनाएं हमारे वेदान्त में कैसी प्रश्रय पा गयी हैं।

हमें ज्ञानेंद्रियों द्वारा विषयों का ज्ञान कसे होता है, इसके उपलक्ष्य में आधुनिक भौतिक विज्ञान शास्त्र का संशोधन मनोमुग्धकर और विचारणीय है। बाह्य पदार्थ चाहे कोट्यावधि मील दूर हों या कहिये अतिनिकट क्यों न हों, जिसको 'अन्तःकरण का वृत्ति रूप परिणाम' या चित्तवृत्ति कहते हैं, उसको शरीर के बाहर जाने का कारण ही नहीं होता। प्रक्रिया यह है, कि प्रकाश की किरणें, दृश्य पदार्थ से निकल कर अपनी नेत्रगोलक पर आ पड़ते ही, नेत्र के भीतर जो (Retina) रेटिना नामक पटल है, उस पर दृश्य पदार्थका फोटोग्राफ बन जाता है, और हमारी चित्तवृत्ति को इस फोटो का ही ज्ञान होता है। जो कुछ वृत्ति का प्रवास या व्यवहार होता है, वह शरीर के भीतर, अन्तःकरण से निकल कर इन्द्रियगोलक तक ही मर्यादित है। शब्द ज्ञान की भी यही प्रक्रिया है; शब्द या गाने की हवाई लहरें, चाहे कहीं भी उत्पन्न हों, हमारे कर्णपटल पर जब आ गिरती हैं, तब उनका ज्ञान, हमें मस्तिष्क के अन्दर की रासायनिक क्रियासे होता है। चित्तवृत्ति का जो कुछ व्यवहार हो, अन्तःकरण से मस्तिष्क तक ही मर्यादित है। सूर्य, पृथ्वी से ९·२८ कोटि मील दूर है, और चन्द्रमा केवल २·३८ लक्ष मील दूर है, परन्तु यह प्रचण्ड भेद, हमारी अन्तः करण वृत्तिको ज्ञात नहीं होता, साधारणतः हम उनको, पृथ्वी से समान दूरी पर ही समझते हैं। इसीसे सिद्ध है कि अन्तः करण के वृत्तिरूप परिणामको अन्तःकरण से निकल कर दृश्य पदार्थ तक जाने की आवश्यकता ही नहीं, यदि होती, तो इस विशाल प्रवास के अन्तर का भी ज्ञान हमें जान पड़ता पर वह नहीं होता, यह तो अनुभव है। निम्न तालिका में

अन्तरिक्ष के कुछ तेजो गोल के अन्तर, और उनसे प्रकाश की रश्मियां धरित्री तक आने का काल दिया गया है वह मनोरंजक होगा।

तेजो गोल का नाम	उसका पृथ्वी से अन्तर	उसकी रश्मियां पृथ्वी तक आने का काल	विशेष
चन्द्रमा	२·३८ लक्ष मील	१। सेकण्ड	
सूर्य	९·२८ कोटि मील	८॥ मिनट	
व्याध नक्षत्र	४८ पद्म मील	८ वर्ष	
मृग नक्षत्र का लाल तारा	११४० पद्म मील	१९० वर्ष	

इससे परिस्फुट होगा कि चित्तका वृत्तिरूप परिणाम कहीं जाता आता नहीं, और कहीं जाता है तो वह शरीर के भीतर ही। 'मेरी वृत्ति चन्द्रमा तक गई' या 'मेरी दृष्टि व्याधनक्षत्र तक गई' यह एक वाक्प्रचार है, कहने की रूढ़ि है। इसका अर्थ, मेरा मन इन पदार्थों की ओर उन्मुख हुआ अर्थात् इनके विचारों में, मैं प्रवर्तित हो गया, इतना ही है।

गत कालीन ग्रन्थकारों ने तात्कालिक शिक्षा ज्ञान और भावनाओं के अनुसार, अपने अपने विषयों के प्रतिपादन किये हैं, इसमें उनका कोई दोष नहीं है। यह काल की महिमा है। प्रक्रियाएँ किसी की क्यों न हों, वे यथार्थ और मौलिक प्रमेयों की विरोधी न हों, तभी उपयुक्त हो सकती हैं, अन्यथा वह अहितकारक ही होती हैं।

(३९) अकर्मण्यतावाद

आर्य संस्कृति में त्याग की बड़ी महत्ता मानी गई है। हमारे धर्म शास्त्रों में इसके संबन्ध में जितना सम्पूर्णांग, समुज्ज्वल विचार किया गया है, उतना सम्भवतः संसार के इतर धर्मशास्त्रों में विरल मिल सकेगा। हमारी प्राचीन सामाजिक रचना तथा व्यवस्था में त्याग और भोग का सुन्दर समन्वय रक्खा गया है। जिससे प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में शोभा जनक सामञ्जस्य स्थापित कराया जा सकता है।

त्याग शब्द का अर्थ अपने स्वामित्व की वस्तु दूसरे को दे देना है। वैदिक काल से चले आये यज्ञ विधानों में अग्नि में जो आहुति दी जाती है, उसकी संज्ञा भी त्याग है। हमारे और हमारे समाज के कल्याण के लिए अनेक यज्ञ विधानों में, देवताओं को हवि अर्पण कर सन्तुष्ट करना और उनका अनुग्रह संपादन करना ही, वैदिकधर्म का प्रधान स्वरूप था। इन्हीं के द्वारा अभ्युदय तथा निःश्रेयस की प्राप्ति हो सकती है यही जैमिनि महर्षि की सम्मति रही है।

आर्य संस्कृति में मानव की आयु, यज्ञमय है ऐसी प्राचीन काल से भावना रही है। मानव का जन्म, ऋषि ऋण, देव ऋण, और पितृ ऋण, इन तीन ऋणों को माथे पर लिए हुए होता है, जिसके निराकरण के लिए, पंचमहायज्ञों का विधान बनाया गया है। वेदाध्ययन ब्रह्मयज्ञ, तर्पण पितृयज्ञ, होम देवयज्ञ, बलि भूतयज्ञ और अतिथि संतर्पण मनुष्य यज्ञ है। पितरों का ऋण फेरने के लिए प्रजातन्तुं मा व्यवच्छेत्सीः (तै. १-११) ऐसी कुटुम्ब परम्परा बनाए रखने की आज्ञा है। भगवान मनु साफ बताते हैं:—

। ऋणानि त्रीण्यपाकृत्य मनो मोक्षे निवेशयेत्
अनपाकृत्य मोक्षं तु सेवमानो व्रजत्यधः । ३५

। अधीत्य विधिवद्वेदान् पुत्रांश्चोत्पाद्य धर्मतः
इष्ट्वा च शक्तितो यज्ञैर्मनो मोक्षे निवेशयेत् । ३६
(मनुस्मृति अ. ६)

जिनकी शिक्षा दीक्षा और भरणपोषण की जिम्मेदारी हम पर है उनकी उपेक्षा करना और केवल अपनी स्वार्थता के हेतु जंगल भगना या संन्यास ग्रहण करना, कर्तव्यपराङ्मुखता और कायरता है। इससे मनोमालिन्य और कर्मबन्ध और दृढ़ होते हैं। किसी प्रकार से हम कर्मफल विपाकों के नियमों को चकमा नहीं दे सकते। धीरता और सबलता ही हमारे लिये सच्चे तारक हैं। अपने कर्तव्यों को भली प्रकार निपटा कर साधन चतुष्टय की सम्पत्ति से वानप्रस्थ और संन्यास का स्वीकार ही पारिवारिक जीवन का सुयोग्य पर्यवसान है। एवं, आर्य जीवन में 'त्याग' का सूत्र कैसा अनुस्यूत है, स्पष्ट हो सकता है।

त्याग शब्द की व्याख्या श्रीमद्भगवद्गीता में विशेष रूप से याने 'निष्काम कर्म' के उच्च तत्व की दृष्टि से की गई है, जो सारे त्याग धर्मों का मधुर निचोड़ है, पर इसको समझ लेने में बहुत व्यक्तियों को कुछ असमञ्जस होता है। प्रश्न होता है, कि यदि फल भावना ही छोड़ दी जाय, तो मनुष्य से कर्म ही कैसे बनेगा? मैं एम्. ए. की परीक्षा में अवश्य उत्तीर्ण हूँगा, इस विश्वास की दृढ़ता से ही विद्यार्थी सुयोग्य प्रयत्न कर सकता है। पर यदि उत्तीर्ण होने के विषय में उदासीनता ही बनी रही, तो फिर विफलता ही हाथ आना अनिवार्य है।

शंका योग्य है। उत्तर यह है, कि 'निष्काम' शब्द का अर्थ निरुद्देश्य नहीं है। कर्म के दो फल होते हैं, एक साधारण स्वाभाविक फल और दूसरा उदात्त असाधारण फल। पहला वैषयिक होता और दूसरा आध्यात्मिक। निष्काम कर्म को ही कर्तव्य दृष्टि का कर्म अथवा कर्म के लिए कर्म, कहते हैं। यह भोग के लिये नहीं होता। यदि उदात्त अनुदात्त, किसी भी फल की कामना न हो, तो कर्म ही नहीं हो सकता यह आक्षेप सर्वथा योग्य है। अर्थात् उदात्त फल

की आकांक्षा तो अत्यावश्यक है; जानना है कि इसको, शास्त्र की परिभाषा से कामनिक नहीं कहते। आध्यात्मिक उद्देश्य कामना नहीं है।

यही कारण है, जिससे निष्काम कर्म को ईश्वरार्पण बुद्धिवाला कर्म कहते हैं। मेरे सारे कर्म ईश्वर के तुष्टि की लिये हैं, इस उद्देश्य में जो गम्भीरता और प्रसन्नता है, वह दूसरे किसी उद्देश्य में नहीं है।

समझ लीजिये कि आपके गांव में दो बगीचें हैं। एक आपका है और एक आपके प्रेमी मित्र का। मान लीजिए कि आपके मित्र को एक महत्त्व के कार्य के वश, एक वर्ष के लिये परदेश जाना है, और वह अपना बगीचा आपकी निगरानी में दे देता है। ऐसी दशा में आप अपने मित्र के लिये कितने सजग और सचेष्ट रहेंगे? कदाचित आप अपने बगीचे की इतनी चिन्ता नहीं करेंगे। आप अपना हिसाब किताब नहीं रखेंगे पर अपने मित्र का पाई पाई का हिसाब रखेंगे और पूर्णतया निगरानी भी करेंगे; क्योंकि, यहां विश्वास सौहार्द और, प्रेम का सम्बन्ध है। एक दृष्टि से यह उदात्त फल की आकांक्षा अर्थात् निष्काम कर्म है, और इसी कारण आपका कर्म भी सुयोग्य होकर सुफल होता है।

अब देखिये, आपके मित्र के बजाय यदि परमेश्वर एक बगीचा आपके सुपुर्द करे तो आपका व्यवहार कितना अधिक मात्रा में मधुर और उत्प्रेरक हो जायगा। आपके मित्र के स्वार्थ के लिये सम्भव है कि आप किसी कामवाले को ठगाने की नियत रखें, पर जहां ईश्वर प्रीत्यर्थ कर्म है, वहाँ तो सब ही जीव उसके घर के रहने से, उनके साथ आपका पूर्ण प्रेम और न्यायनिष्ठता का बर्ताव रहेगा। तात्पर्य, परमेश्वर का यदि काम हो, तो आप उसकी परिपूर्ति शतगुण चिन्ताशीलता से और भक्ति से करेंगे, क्योंकि आपका सच्चा मित्र और कल्याण कर्ता परमात्मा ही है। इसीको, कर्तव्य के लिये कर्म, या कर्म के लिये कर्म, कहा जाता है। मर्म की बात यह है, कि निष्काम कर्म करने वाले को कर्म के दोनों फलों का लाभ होता है, भले ही उसके हृदय में उनकी आकांक्षा न हो।

यहाँ आशंका हो सकती है कि परमेश्वर के घर का काम ही क्या हो सकता है? निर्गुण की क्या कहें, सगुण भी निर्गुण है, उसीके संकल्प से सगुण का प्रादुर्भाव है, 'माया एषा मया सृष्टा यन्मां पश्यसि नारद' देखिये ब्रह्मसूत्र भाष्य १-१-२२। अर्थात् सगुण के भी कोई निजी हाथ पैर नहीं हैं। उनको न खाने की न पीने की न अन्य कुछ अपेक्षा है। जब वे परिपूर्ण और नित्यतृप्त हैं, तो हम उनको दे ही क्या सकते हैं? एवं उनकी सेवा करना असम्भव है। है तो बात ठीक; परमेश्वर को कुछ नहीं चाहिए, पर एक बात की उन्हें बड़ी आवश्यकता है, वह हैअपने भक्तों की परिपालना। इसके लिये वे बड़े तरसते रहते हैं। उनके लिये यह कोई कठिन तो नहीं है, पर वे इसको स्वयं करना नहीं चाहते, और इसमें भी कुछ रहस्य है जो दिव्यदृष्टि महर्षि ही जानते हैं। खैर कुछ भी क्यों न हो, हमारे लिये यह बड़ी सुविधा है, जो भक्तों की सेवा, परमात्मा को पहुँचती है। इतना ही नहीं, प्राणिमात्र पर भगवान की करूणा दृष्ट है अतः इनकी हित साधना और सुख साधना में प्रति दिन प्रयत्नशील रहना, यह भी परमात्मा की सर्वोत्तम सेवा है। किसी भी परिस्थिति में हम क्यों न रहें, हमारे पुरुषार्थ इसी दृष्टि से बने रहने में ही हमारे जन्म की सफलता है। निष्कामकर्म के सिद्धान्त की यही महनीयता है कि उसमें निष्फलता जैसी वस्तु के लिये कोई स्थान नहीं है।

इस प्रकार, ब्रह्मचर्य, गृहस्थाश्रम और वानप्रस्थाश्रम में, शास्त्रसिद्ध कर्म भर करते करते मनुष्य के चित्त की परिशुद्धि हो जाती है, जिसके पश्चात् विविदिषा संन्यास का आश्रम आता है, जिसमें भी कर्तव्य कर्म रहते हैं। अन्त में विद्वत् संन्यास सिद्ध हो जाता है, जिसमें कोई कर्तव्य शेष नहीं रहते। यही सर्वश्रेष्ठ **अकर्मण्यता** की सिद्धि है। पर इसका अर्थ ज्ञानी पुरुष निरुद्यम होते हों सो बात नहीं। वह संकुचित स्वार्थ की सभी सीमाएँ लाँघ जाता है, अर्थात् उसके सब कर्म, शास्त्र दृष्टि से **अकर्म** रूप होते हैं। शिष्यों को वह धार्मिक नैतिक और पारमार्थिक शिक्षा अवश्य देता है। वह अनजान नहीं रहता कि देश में सुराज्य की प्रतिष्ठा अत्यावश्यकीय है, कारण उसी जीवनी शक्ति पर धर्म संस्थापना और अध्यात्म विद्या का प्रसार निर्भर करते हैं। और वही प्राणिमात्र

के कल्याण के अव्यर्थ साधन हैं। इस दृष्टि के उसके सब प्रयत्न, वैसे ही **अकर्म** रूप हैं, जैसे भगवान **शंकर** उदाहरण देते हैं, 'यथा भगवतो वासुदेवस्य क्षत्रधर्म चेष्टितम्' (देखिये उनका भाष्य गी. अ. २ श्लोक १०)

तात्पर्य वेदान्त शास्त्र इसको '**अकर्तृता**' कहता है, कर्माभाव को नहीं।

परन्तु बड़े दुर्भाग्य की स्थिति है, कि हम लोग कर्माभाव को ही अकर्तृता और नैष्कर्म्य समझ बैठे हैं। बड़े २ प्रकाण्ड पण्डित भी प्रतिपादन करते हैं, कि जीवात्मा में तथा परमात्मा में, किसी दृष्टि से कर्तृत्व या कर्तृता सामर्थ्य कण मात्र नहीं है, और इसी परमोच्चध्येय को हमें पहुँचना है। सुधी पाठक विचार कर सकते हैं कि **अद्वैत सिद्धान्त** के नाम पर यदि ऐसे भ्रान्त मत रूढ़ हों, तो क्या अनर्थ हो सकता है। फलस्वरूप, आज भारत वर्ष में इतने गुसाईं, वैरागियों के जत्थे, और इतनी आलस्य पूर्ण बेकार लोगों की संख्या दिखाई देती है, कि जितनी संसार के किसी देश में नहीं मिलेगी! भीख मांग के खाना, और अपनी पूरी आयु को गुमा देना, इतना ही नहीं हो रहा है, अफीम भंग, तम्बाकू, गांजा इत्यादि दुर्व्यसनों को बढ़ावा मिल कर, ठगी चोरी प्रवंचना पापाचरण के परिणामों से, समाज के एक बड़े विभाग के व्यक्तियों की आयु, मटियामेट हो गई है। सम्भवतः इस समय देश में अन्न धान्य के लाले पड़ने के कारण तथा दारिद्र्यवृद्धि और धार्मिक भावनाओं में अविश्वास होने के कारण इनकी संख्या में पहले की अपेक्षा कुछ कमी हो गई हो। परन्तु हमारे राष्ट्र और समाज के भविष्यत् प्रगति की दृष्टि से भारतवर्ष की दशा कुछ आशादायक नहीं दिखाई देती है। स्वराज्य लाभ तो हो गया, पर सच्ची स्वाधीनता और संसार के राष्ट्रों में समादरित स्थान की दृष्टि से अभी हम परिमुग्ध अवस्था में ही हैं। राष्ट्र के धार्मिक सामाजिक और राजनैतिक अभ्युदय तथा आध्यात्मिक उत्कर्ष के लिए, आवश्यकता है कि हमारे आदर्श, ऊँचे से ऊँचे हों, जो हमको अच्छी तरह संजीवित प्रेरित और प्रभावित कर सकें। हमारे तत्त्वज्ञान का आदर्श यदि उच्चतम हो, तो इन सब क्षेत्रों पर उसका प्रभावोत्पादक सुपरिणाम हो सकता है,

परंतु यदि वही ध्रुवतारक, अज्ञानघनघटा से अच्छादित हो, और **अकर्मण्यता** ही आदर्श बने, तो सिवाय आलस्य और विनाश के, कोई दूसरी गति नहीं हो सकती।

कोई ढाई हजार वर्ष के आगे संसार के सब देशों में हमारी संस्कृति आदरणीय और अनुकरणीय मानी जाती थी। उस समय हम, औपनिषदिक तत्त्वज्ञान, (जिसका रहस्य हमारी पवित्रतम पुस्तक श्रीमद्भगवद्गीता में बड़ी हृदयग्राहिणी रीति से संग्रहीत किया गया है,) के पराक्रमी मार्ग से चलते थे। अज्ञान और अकर्मण्यता का भूत उस समय उत्पन्न नहीं हुआ था, महर्षि मनुजी ने अपनी अनमोल स्मृति में

एतद्देश प्रसूतस्य सकाशादग्रजन्मनः
स्वं स्वं चरित्रम् शिक्षेरन् पृथिव्यां सर्वमानवाः
(मनु. स्मृ. २-२०)

ऐसी गौरव गरिमा की उक्ति लिख कर रक्खी है। इतिहास साक्षी है, कि ग्रीस देश के शासकों के बुलावे पर यहां के कतिपय विद्वान वहां गये थे। हमारे बहुत से विचार ग्रीस देश में संक्रमित हो गये हैं। इसके अनन्तर बौद्ध और वैदिक धर्मी राजन्यगण तथा प्रजा किस सौन्दर्य सभ्यता और शान्ति से, इस विशाल देश में रहती थी, सुविख्यात चीनी यात्री फाहियान (ईसा सन् ४०८) और ह्यु एन् त्सिएँग (ईसा सन की सातवीं शताब्दि के प्रारंभ में,) ने जो इस देश में आये थे, और अनेक वर्ष यहां अनेक प्रान्तों में फिरते रहे, अपनी यात्रा के वर्णन में लिख रक्खा है।

यदि हमको हमारी प्राचीन संस्कृति की पुनःप्रतिष्ठा करनी है और संसार के राष्ट्रों में सम्मान और प्रभावशालिता प्राप्त करनी है, तो हमको गीता माता के तत्त्वज्ञान की शरण लेना ही अत्यावश्यकीय है। अतः सर्वप्रथम मध्य कालीन अज्ञानकारणता और अकर्मण्यता के प्रभाव को नष्ट कर देना हमारा कर्तव्य हो जाता है।

ऊपर प्रस्ताव में ही बताया गया है, कि हमारे जो प्राचीन दार्शनिक शास्त्रग्रन्थ हैं, उनमें ऐसी बातें नहीं हैं जिससे ये नासमझियाँ उत्पन्न हों, ऐसा **अकर्मण्यता** का उपदेश मूल वेदों में, दशोपनिषदों में, अथवा भगवद्गीता में कहीं भी नहीं है। त्याग का अर्थ कर्तव्य कर्मों को त्यागना कदापि नहीं है। जो कुछ उपदेश है वह कर्मफल के त्याग का है, अपनी स्वार्थ लोलुपता के त्याग का है। 'कर्मज्यायोह्यकर्मणः' (गी. ३-८) 'नकर्मणामनारम्भान्नैष्क-र्म्यमुपुरुषोऽश्नुते' (गी. ३-४) सक्ताः कर्मण्यविद्वांसो यथा कुर्वन्ति भारत कुर्याद्विद्वांस्तथाऽसक्तश्चिकीर्षुर्लोकसंग्रहम् (गी. ३-२५) जोपयेत्सर्वकर्माणि (गी. ३-२६) उद्धरेदामनात्मानम् (गी. ६-५) मामनुस्मर युध्यच (गी ८-७) एतान्यपि तु कर्माणि, कर्तव्यानीति मे पार्थ निश्चितं मतमुत्तमम् (गी. १८-६) ऐसे शतशः निस्संदिग्ध उपदेश भगवान स्वयं करते हैं। वरन अर्जुन से उत्तम क्षत्रिय को उचित ऐसा दारुण धर्म्य संग्राम भी कराते हैं। परन्तु आश्चर्य की बात है, कि इसी भगवद्गीता में से 'अकर्मण्यता' का उपदेश साम्प्रदायिक टीकाकार, किसी ना किसी ढंग से निकालने की प्रबल चेष्टा करते आए हैं, जिससे अध्ययनशील पाठकों को बड़ी दिशाहीनता का कारण हो जाता है। चेतन की कर्तृता से **अद्वैत विज्ञान** को कैसे ठेस पहुँचती है, हमारी तुच्छ बुद्धि में नहीं धँसता, विचार करने की बात है, कि चेतन और जड़, ये दो विभाग तो सभी आस्तिक नास्तिक मानते हैं, और यदि चेतन में अथवा चैतन्य में कर्तृत्व नहीं है, और जीव जो एक चिदाभास रूप है, उसमें भी यदि कोई कर्तृत्व नहीं है, तो फिर इस संसार में जो हमारी दृष्टि, के सामने अपरम्पार हलचल देखे जा रही है, सूर्य, चन्द्रमा, धरणी, और ग्रहतारकगण के सुनियमित परिक्रमण हो रहे हैं, पृथ्वी पर ऋतु, वर्षा, और वायु का प्रताप अनुभव हो रहा है, नदियाँ बह रही हैं, प्राणियों के तथा मनुष्यों के संतत व्यवहार हो रहे हैं, रेल, जहाज, वायुयान इनके अजस्र व्यवहार, युद्धों की घमासानी, ऐसी नानाविध शक्तियों का जो हुरदंग मचा हुआ है, उसका उद्गम क्या जड़ ही जड़ है ? मान्य है, कि इनमें अनेक व्यवहारों को मनुष्य अपनी अभिलाषा

से तथा काम क्रोधादि दुर्भावनाओं के वश हो कर, कर रहा है, परन्तु इसकी परिधि तो अति क्षुद्र है। जगत् के नानाविध अथाह शक्तियों का **अधिष्ठान** एवं नियामक और प्रशासक तत्त्व, जड़ से परे अर्थात् चैतन्य ही होना अत्यंत युक्तियुक्त है। 'पराऽस्य शक्तिर्विविधैवश्रूयते। स्वाभाविकी ज्ञानबलक्रिया च' (श्वे. ६-८) यह तो **अद्वैत विज्ञान** का मौलिक सिद्धान्त है। प्रत्युत, जीवात्मा का स्वरूप भी, अति परिच्छिन्न रूप से क्यों न हो, 'ज्ञानबलक्रिया' लक्षण है, इस विषय पर आगे के प्रकरण (४०) 'वेदान्त शास्त्र और परिभाषा' में विशेष रूप से प्रकाश डाला जाएगा,

इस विषय में, एक प्रबल आक्षेप किया जाता है, कि **शङ्कर** भगवान् ने अपने ग्रन्थों और विशेषतः गीता के अठारहवें अध्याय के भाष्य में, अपनी अलौकिक प्रज्ञा से जीवात्मा की **अकर्मण्यता** या **अकर्तृता** ही प्रतिपादन की है। इस आक्षेप का उत्तर वेदान्त परिभाषा से सम्बंध रखता है अतः इसकी विशेष रूप से चर्चा आगे के प्रकरण में की जाएगी।

पर इसका संक्षिप्त रूप से उत्तर यहांपर भी दिया जा सकता है। **शङ्कर** भगवान् दार्शनिक ऊँचे सिद्धान्तों को छोड़, कभी किसी विषय की चर्चा नहीं करते, उनकी जीवात्मा की 'अकर्तृता' उसकी 'साभिलाषता' या निरभिलाषता पर निर्भर करती है, कर्म या कर्माभाव पर नहीं। जीवात्मा यदि तृष्णा या तत्सम उन्मादों के वश में चला जाय, तो उसको कर्म बन्धों से छुटकारा नहीं हो सकता, भले ही वह हाथ पैर जोड़ के बैठ रहे। पर, यदि वह इन उन्मादों पर विजय पाले, तो उसके सारे कर्म **अकर्म हैं**, उसकी **अकर्तृता** या कूटस्थता स्वयंसिद्ध और अक्षुण्ण है, भले ही वह युद्ध जैसा कर्म भी अर्थात् सद्धर्मप्रतिष्ठा और 'सर्वभूतहितेरतत्व' की दृष्टि से करें, ठीक यही न्याय उसकी 'प्रमातृता' के विषय में भी उपपन्न है इस दार्शनिकता की दृष्टि से यदि उनके ग्रन्थों को पढ़ लिया जाए तो विभ्रमों को कोई स्थान नहीं मिल सकता।

(४०) वेदान्त शास्त्र और परिभाषा

मानव समाज की समुन्नति में, नानाविध भौतिक शास्त्रों के आविष्कार और विकाश से, जितनी सहायता हुई है, उतनी किसी दूसरे कारणों से नहीं हुई है, शास्त्रजगत की प्रगति का इतिहास और मानव समाज की प्रगति का इतिहास, एक वस्तु है।

यों तो कहा जाता है कि आवश्यकता ही आविष्कार की जननी है ; परन्तु उस में भी मानव की तीव्र जिज्ञासा बुद्धि एक अपूर्व स्थान रखती है, जिसके फल स्वरूप संतत अनुशीलन और अनुधावन होते हैं, और जिससे शास्त्र की रचना बनती जाती है। अतएव इस मन्थन और विमर्श में जो शब्दों का व्यवहार निश्चित किया जाता है, उसीको 'परिभाषा' कहते हैं।

किसी भी शास्त्रीय ग्रन्थ को आप उठा कर देखें, तो विदित होगा कि उसकी उन्नति में पारिभाषिक शब्दों ने अत्योपान्त और व्यापक सहायता दी है। उदाहरणार्थ ज्यामिति शास्त्र को देखिये। यदि बिन्दु और रेखा इत्यादि प्राथमिक बातों की व्याख्याएँ निश्चित न हों, तो आप एक पग भी आगे नहीं बढ़ सकते। कारण यह है कि बिना ऐसे निश्चय के कोई भी शास्त्रकार अपने मन्तव्य दूसरों को नहीं समझा सकता। कहना न होगा कि परिभाषा की पटरियों पर से हर एक शास्त्र की रेलगाड़ी अग्रसर होती आ रही है और अपने उद्दिष्ट सिद्धान्तों के स्टेशनों पर पहुँच गई है। यदि पटरियाँ ही स्थिर न हों, तो गाड़ी आगे बढ़ नहीं सकती।

शास्त्रजगत् में वेदान्त शास्त्र का सदा से ही विशेष स्थान बना रहा है। उसकी भी परिभाषा और लक्षण उपनिषत्काल से बने बनाये चले आये हैं, और परवर्ती काल में विषय के स्पष्टीकरण के हेतु मूर्धन्य विद्वानों ने और भी बना कर रखे हैं। एवं, साधकों को आवश्यक है कि उनको हृदयंगम कर लें, और सचेत रहें कि उनकी मर्यादाएँ कहीं उल्लंघित न हों। उदाहरण के लिये श्रीगौड़पाद अथवा पण्डित निश्चलदासजी अथवा अन्य किसी

प्रकाण्ड पण्डित के ग्रन्थ को लीजिये। श्रीगौड़पाद ने लिखा है, 'आदावन्तेच यन्नास्ति वर्तमानेऽपि तत्तथा (दे॰ उनकी मांडूक्य उपनिषत् कारिका (६) वैतथ्य प्रकरण) तो क्या उनका यह भाव है कि मैं और मेरे सुनने वाले शिष्य ये दो मात्र हैं, और बाकी कुछ है ही नहीं ? यदि कोई कहे कि 'जब दिवाभाग के पूर्वकाल में सूर्य प्रकाश नहीं रहता, और पश्चात भी नहीं होता, तब वह दिवाभाग में भी नहीं है,' तो क्या यह सिद्धान्त युक्तियुक्त होगा ? किसी दृष्टि से ऐसा उनका विपरीत मतव्य हो नहीं सकता! उनका वक्तव्य जगत् के आत्यन्तिक प्रलय के सिद्धान्त की ओर दृष्टि क्षेप करा रहा है। उनकी अभिमति यह है, कि यहां कोई पदार्थ पारमार्थिक सत्य नहीं है। वेदान्त, दैनंदिन प्रलय खण्ड प्रलय या महाकल्पान्तिक प्रलय को भी कोई महत्ता नहीं देता, क्यों कि ये सब प्राकृतिक हैं, सामयिक हैं, और आगमापायी हैं। वेदान्त बता रहा है, कि यह जगत् जीता जागता रहते हुए भी नित्यनिवृत्त है, और यही आत्यंतिक प्रलय का स्वरूप और लक्षण है। यह 'सत्कार्य वाद की' प्रक्रिया और परिभाषा है, जिसका समूचा विवरण आगे के प्रकरण (४०) प्रथम अवच्छेद में किया जाएगा, यहां शब्दों के उत्तान अर्थों को लेकर भागने से काम नहीं बनता पदार्थों के रहते हुए भी जो उनकी ब्रह्मसत्ता से अनन्यता है याने द्वैत रूपता का अभाव है उसीको यहाँ जगत् का अत्यन्ताभाव कहा गया है।

महाराष्ट्र के स्वनाम धन्य **समर्थ** श्रीरामदासजी ने अपने एक ग्रन्थ में लिखा है : 'अरे जें जालेंचि नाहीं। त्याची वार्ता पुससी काई' (दास-बोध ८-३-१) अर्थात् 'जो (जगत्) हुआ ही नहीं उसका वृत्तान्त आप क्या पूछते हो ?' तो इसका मतलब, श्रीरामदासजी भी हुए नहीं और अर्थात उन्होंने ऐसा कुछ लिखा ही नहीं, ऐसा कैसे माना जाय ? बड़े खेद की बात है कि ऐसा असम्भाव्य अर्थ हमारे कुछ पण्डित गण लिये बैठे हैं और उसीमें अपने को धन्य धन्य मान ले रहे हैं !

पंडित निश्चलदासजी के ग्रन्थों के सम्बन्ध में भी ऐसी ही कुछ पहेलियाँ उत्पन्न होती हैं, जिसके सम्बन्ध में विमर्श होना समुचित जान पड़ता है,

इन्होंने भी अपने एक ग्रन्थ में लिख दिया है, कि शुक, वामदेव हुए ही नहीं, ये सब भाई की कथाएँ हैं ! तो उनका रहस्य कुछ और है, यही समझना चाहिये। इस देश में ऐसा कौन महा पण्डित हो सकता है, जो महातपा शुक-योगीन्द्र के नाम से अनवगत हो ? उनके आदर्श चरित्र से श्रीमद्भागवत पुराण को भी गौरव गरिमा प्राप्त हुई है। महाराजा सम्राट् जनक और योगेश्वर याज्ञवल्क्यजी से, जो उनके तत्त्वदर्शी संवाद हुए हैं, वे वेदान्त साहित्य में अमरता पाए हुए हैं। ऐसे महामहिम पुरुष इस धराधाम पर आए ही नहीं, ऐसा उपर्युक्त पण्डित जी का आशय रहना असम्भव है। उनका प्रतिपाद्य यही है कि अखिल संसार पारमार्थिक दृष्टि से मानों सिनेमा के दृश्यों के समान प्रातीतिक है। अर्थात् 'स्वरूपवान है किन्तु बाधयोग्य' है, हुआ ही नहीं सो बात नहीं। दार्शनिक विचारों से विशेष सम्पर्क रखने वाले पाठकों से यह बात छिपी नहीं है, कि जिसको वेदान्त परिभाषा से 'प्रातीतिक' कहा जाता है वही तो जगत् का व्यावहारिक सत्य है। यहां एक भी पदार्थ या व्यवहार या अनुभव ऐसा नहीं है, जो प्रातीतिकता से परे हो। कष्टसाध्य प्रयत्नों के फल भी प्रातीतिक हैं, यज्ञ यागादि विधान प्रातीतिक हैं, कृषि गोरक्ष्य वाणिज्य प्रातीतिक हैं। छोटे से ले कर बड़े तक किये जाने वाले सब उद्योग प्रातीतिक हैं, पिता पुत्र सम्बन्ध प्रातीतिक है, भोजन तुष्टि प्रातीतिक है, सर्पदंश से मृत्यु होती है, यह भी प्रातीतिक है। एवं ब्रह्म को छोड़ त्रिलोक में एक भी वस्तु ऐसी नहीं जो प्रातीतिकता से बची हो। रहस्य यह है, कि वेदान्त रज्जु-सर्पवाली अथवा सिनेमा वाली प्रातीतिकता को लक्ष्य नहीं कर रहा है। वह तो दृष्टान्त मात्र है, जो दार्ष्टान्त स्वरूप कदापि नहीं हो सकता, सब पदार्थ अब्रह्म रूप हैं, अपरमार्थ हैं, भले ही वे व्यावहारिक सत्य हों, यही दार्शनिक तथ्य है।

इस विचारधारा पर, भौतिक विज्ञान शास्त्र की भाषा से भी कुछ प्रकाश डाला जा सकता है। आधुनिक शास्त्रजगत् के दिग्गज पण्डित प्रोफेसर आइनस्टाइन की गवेषणाओं के अनुसार, कहा जता है, कि इस जगत् में एक भी पदार्थ घन रूप नहीं है, सब पदार्थ खोखले ही खोखले हैं; पदार्थों के अन्दर

जो हजारों परमाणु हैं, वे भी खोखले हैं, और उनके भी जो सूक्ष्मघटक द्रव्य हैं, वे भी खोखले हैं और अजस्रगति से अपनी अपनी कक्षा में चक्कर काट रहे हैं। एवं जिसको हम व्यवहार में घनत्व या घनता कहते हैं, वह केवल आपेक्षिक वस्तु है, इस संसार में सभी पदार्थ अगणित छिद्रोंवाले हैं। परन्तु इससे यह अर्थ नहीं निकलता, कि प्रोफेसर महोदय की चाय की प्याली, छलनी के समान है, और उसमें से उनकी चाय की धाराएँ, उनके वस्त्रों पर झर रही हैं? शास्त्रीय भाषा सुयोग्य रीतिसे समझ लेनी है, अधूरे वाच्यार्थों से मतलब नहीं निकलता। रसायन शास्त्र की दृष्टि से हीरे का कङ्कर और कोयला, इनमें एक ही 'कार्बन' मूल द्रव्य है; अतः शास्त्रज्ञगण हीरे को कूड़ा-करकट में फेंक देते हों सो बात नहीं। प्रत्येक शास्त्र अपनी निजी कक्षा में सिरमौर है। भगवान् शंकर ने कहा है 'स्वविषयशूराणि हि प्रमाणानि' (बृ. उ. २-१-१० का भाष्य). शास्त्र वचन अपनी परिभाषा से नितान्त सत्य हैं; और कोई शास्त्रकार या शास्त्रज्ञ इस मर्यादा के अतिक्रमण की सम्मति नहीं देता। परन्तु अर्धशिक्षित अभ्यासक, विचित्र नासमझी एवं भूल में फँसे पाये जाते हैं। कतिपय वेदान्ती पण्डित कहा करते हैं, कि अजातवाद के सिद्धान्त से, इस संसार में पारमार्थिक और प्रातिभासिक दो ही सत्ताएँ हैं, व्यावहारिक सत्ता है नहीं! तो इसका मतलब यह नहीं निकलता, कि आप अपने ऋण की अदाई, स्वप्न में ही किये चले जाइये, कोई हर्ज की बात नहीं; अथवा मृगजल से ही अपने स्नान पानादि व्यवहारों को चला लीजिये, गंगाजल केवल भ्रांति रूप है और व्यर्थ है! जानना यह है कि अजातिवाद में जो 'प्रातिभासिक' शब्द का प्रयोग किया गया है वह मृगजल वाली प्रातिभासिकता का संकेत नहीं करता। उसकी कक्षा बहुत ही व्यापक और गंभीर है। उसमें तो भगवान् रामकृष्णादि महान् अवतारों के कार्य आते हैं। निखिल ब्रह्माण्डों की रचना उसमें आती है, ब्रह्मविद्या के सब मौलिक ग्रन्थ, जिन्होंने वेदान्त साहित्य की श्रीवृद्धि में सुयोग प्रदान किया है, वे भी उसमें हैं। तात्पर्य कार्यक्षमता का उसमें अत्यन्ताभाव है यह बात नहीं

है। वेदान्त शास्त्र का पठन पाठन और परिशीलन, परिभाषा की दृष्टि से ही होना आवश्यक है। यदि इसमें असावधानी हो, तो उलझनों को कैसा बढ़ावा मिलता है, एक उदाहरण से स्पष्ट किया जाता है।

दन्तकथा है, कि एक समय भगवान् **शंकर** श्री काशीजी की एक रथ्या से जा रहे थे, कि एक उन्मत्त हाथी ने उनका पीछा किया; वे शीघ्रता से बाजू में छिप गये जिससे वह संकट प्रसंग टल गया। इस घटना को देख कर एक पण्डित ने उनसे प्रश्न किया, कि जब आपके सिद्धान्तानुसार हाथी **मिथ्या** है, तो आपको भागने की आवश्यकता ही क्या थी ? इस पर उन्होंने उत्तर दिया 'गजो मिथ्या पलायनमपि मिथ्या'। ज्ञात नहीं, यह कथानक कहां तक सत्य है, पर शंकर भगवान् का उपर्युक्त उत्तर, जन साधारण की दृष्टि से समाधान दायक नहीं जँचता; वह एक छलवाद सा ही प्रतीत होता है, जो उनकी श्रेष्ठता की दृष्टि से सुयोग्य नहीं दिखाई देता। इस का कारण है, कि **मिथ्या** शब्द का अर्थ 'सरासर झूठ, प्रातिभासिक, भ्रम रूप' यही हमने अपने अन्तःकरणों में गढ़ लिया है! (दे० पृष्ट २१) परन्तु शास्त्रीय परिभाषा की दृष्टि से इस शब्द का अर्थ 'सदसद्विलक्षण' याने त्रिकालाबाधित सत्य भी नहीं और असत् याने अभाव रूप या झूठा भी नहीं, अर्थात् व्यावहारिकता की मर्यादा तक सत्य, यही है; इस से हट कर कुछ अलग अर्थ लगाना, अपने को और दूसरों को वञ्चित करना है। इस विषय पर आद्योपान्त विवरण आगे प्रकरण (४१) में किया जाएगा। अब इस विचार दृष्टि से देखा जाय तो स्पष्ट होगा, कि **शंकर** भगवान् के उपर्युक्त उत्तर पर कोई दोषारोपण नहीं हो सकता। वे कहते हैं कि गज का धावा जैसा व्यावहारिक सत्य है, ठीक उसी प्रकार मेरा पलायन भी व्यावहारिक दृष्टि से योग्य है। **मिथ्या** शब्द की व्याप्ति में, केवल जागतिक व्यवहार ही नहीं, प्रत्युत कर्म फल विपाकों के नियम, परमात्मा का प्रशासन, हमारे जन्मकर्मबन्ध, और तो क्या, सर्व वेदान्त-शास्त्र, एवं ब्रह्मसूत्रभाष्यादि प्रस्थानत्रयी के ग्रन्थ भी आते हैं, जो किसी दृष्टि से झूठ नहीं कहे जा सकते। परमात्मा ने मुझे एक महनीय उद्धारकार्य अर्थात् धर्म तथा अध्यात्मविज्ञान के सदुपदेश और प्रचारकार्य से लोक कल्याण

करने के लिये जन्म दिया है, तो मैं प्राणनाश करने पर क्यों उतारू हो जाऊँ, जिसका परिणाम कर्मबन्ध में अधिक फँस जाने में ही हो सकता है ? अविवेकता से सहसा कुछ का कुछ कर बैठना, या आत्मघात कर लेना, धर्म दृष्टि से घोर पातक है। हाँ, जहाँ कहीं धार्मिक या आध्यात्मिक विशेष प्रयोजन से प्राणत्याग करना कर्त्तव्य निर्धारित होता है, वहाँ कोई भी ज्ञानी पुरुष पश्चात् पद नहीं होगा, प्रत्युत मार्गदर्शी ही रहेगा।

स्मरण रहे, कि **मिथ्यात्व** अर्थात् [illegible] याने जगद्व्यापारों की व्यावहारिकता का सिद्धान्त 'द्वैतभूमिका' वाला नहीं है। **अद्वैतविज्ञान** की सर्वंकषा दृष्टि से ही यह सिद्धान्त निर्धारित किया गया है। 'अद्वैत' का अभिप्राय प्रपंच के अभाव या नाश में नहीं है, द्वैत की पारमार्थिकता के अभाव में है, जैसा पहले पृष्ठ ७१ से ७४ तक स्पष्ट रूप से बताया गया है। कौन सी वस्तु पारमार्थिक है, कौनसी व्यावहारिक है और कौनसी प्रातिभासिक या भ्रमरूप है, इसके सम्बन्ध में निर्णय देने का अधिकार उपर्युक्त सर्वंकषा वेदान्त दृष्टि को ही है। श्रुति माता ने अपनी अमर वाणी से प्रतिज्ञा कर रखी है, 'एकेन विज्ञानेन सर्व विज्ञातं भवति' (छां. ६-१-३) ऐसी इस शास्त्र की महनीयता आघोषित कर दी गयी है। पर बड़े खेद की बात है, कि जन साधारण को तो छोड़िये हमारे विद्वानों में भी वेदान्तशास्त्र के विषय में एक अनादर एवं उपहास की भावना रूढ़ हो गई है; इसका कारण पारिभाषिकता का अज्ञान ही है। 'मिथ्या' शब्द का मर्म यदि जाना जाय तो आध्यात्मिक विचारों के संबन्ध में कोई आक्षेप नहीं हो सकता।

प्रेमी पाठकों को स्मरण होगा कि, हमारी अयथार्थ धारणाओं को सुलझाने के निमित्त, इस पुस्तक के पृष्ठ ६८ पर दाशरथी श्रीरामचन्द्र प्रभु का एक कल्पित उदाहरण दिया गया है। लेखक के एक वेदान्त प्रेमी मित्र की सम्मति है, कि भगवान् रामचन्द्र की 'द्वैत सत्यत्व' बुद्धि नष्ट नहीं हुई थी, इसलिये उन्होंने सीतामाता के प्राप्त्यर्थ सुग्रीव से मैत्री, वाली का वध, रावण से युद्ध और उसका प्राणनाश इत्यादि भयानक घटाटोप किया। यदि वे यथार्थ ज्ञानी

होते, तो सीतापरहरण को भूल जाते और शुक्रयोगीन्द्र के सदृश दण्डकारण्य में देहान्त तक नग्न, विचरण करते ! इन उद्भ्रांत मतों को देख कर हृदय खिन्न हो जाता है। आपके मत से सच्चा ज्ञानी नग्नावस्था में ही रहता है, और जो वैसा नहीं रहता वह केवल द्वैत पन्थी है ! यह भी एक अविद्यारण्य का नमूना है ; अधिक क्या कहें ?

गत प्रकरण के अन्तिम विभाग में, जीवात्मा के कर्तृत्व स्वातन्त्र्य के विषय पर, जो आक्षेपकों की ओर से शंका उठाई गई थी, उसका उत्तर, सैद्धान्तिक दृष्टि से दिया गया था। अब इस सम्बन्ध में जो और भी सन्देह हो सकते हैं उनका विचार आरम्भ किया जाता है।

कहा जाता है, जीवात्मा का स्वरूप ही बुद्धिस्थ चिदाभास रूप है, वह निर्द्रव्य है, उसमें किसी क्रिया की सम्भावना ही नहीं, और न उसके निजी हाथ पैर हैं, अतः जब उसकी अकर्तृता स्वयंसिद्ध है, तो फिर उसमें कर्तृत्व सामर्थ्य है, करके सिद्ध करने और **अकर्तृता** का दार्शनिक अर्थ लगाने का प्रयोजन ही क्या है ? उत्तर यह है, कि वेदान्त तथ्य दृष्टि का पक्षपाती है, क्रिया राहित्य तो मोटी स्थूलदृष्टि वाली अकर्तृता है, जिसकी ओर वेदान्त संकेत नहीं कर रहा है, उसका कटाक्ष विकारिता के विरुद्ध है, कामक्रोधों के विरुद्ध है; क्रियाएं तो बाह्य आविष्कार रूप हैं, इनके नष्ट होने से कोई मतलब नहीं है, और न वे कभी नष्ट भी हो सकती हैं। भगवद्गीता साफ बता रही है कि 'न हि कश्चित्क्षणमपि जातु तिष्ठत्यकर्मकृत्' (गी३.५) परंतु इस सम्बन्ध में और भी एक मर्म की बात है, वह यह, कि चिदाभास कितना भी निरवयव हो उसमें क्रिया कारिता नहीं सो बात नहीं। उदाहरण के लिये देखिये जितनी भौतिक शक्तियां हैं, वे भी निर्द्रव्य और निरवयव हैं, अग्नि शक्ति अमूर्त है, परंतु लाखों खण्डी इन्धन को भस्म कर देता है, और फिर भी निर्लिप्त और अक्षुण्ण रहती है। गुरुत्वाकर्षण शक्ति भी निजी रूप से निर्द्रव्य है, विद्युत् शक्ति भी वैसी ही है, परन्तु क्रियाकारित्व तो इन शक्तियों में अपरम्पार भरा हुआ है। इसी प्रकार जीवात्मा भी एक आध्यात्मिक शक्ति का केन्द्र है, भले ही

वह स्वयं अद्रव्य रूप और अमूर्त हो। उसमें जैसी स्वरूपभूत ज्ञानशक्ति है, वैसी ही सारे शरीर और इन्द्रियों को सम्प्रेरित और संचालित कर देने की क्रिया शक्ति है, जिसका साक्षात् तो सभी को होता है। अर्थात् इसको कोई भी महा पण्डित अमान्य नहीं कर सकता, और न वेदान्त इसका निषेध कर रहा है। यही तथ्य ब्र. सू. (२-३-३७) 'उपलब्धिवदनियमः' में स्पष्ट किया गया है। कर्तृत्व शब्द के दो अर्थ होते हैं। एक स्वयं हलचल वाला और दूसरा स्वयं अद्रव्य रूप होते हुए भी इतर पदार्थों में हलचल उत्पन्न करा देने वाला सामर्थ्य। उपर्युक्त सूत्र के भाष्य पर श्रीमदद्वैतानन्द की 'ब्रह्मविद्याभरणम्' नामक टीका है, उसमें वे लिखते हैं, 'कारकान्तराप्रयोज्यत्वेसति इतर कारकप्रयोक्तृत्वेन क्रियाशून्यत्वमेव हि स्वातन्त्र्यापर पर्यायं कर्तृत्वम् तच्च सहायापेक्षस्य न विरुध्यते'। आशय यह है, कि जीवात्मा को कर्म कराने के लिये भले ही इतर वस्तुओं की सहायता लेनी पड़े, उसको कर्तृस्वातन्त्र्य नहीं है, यह बात नहीं होती।

इसी सूत्र पर श्रीवाचस्पति मिश्र अपनी भामती व्याख्या में लिखते हैं:—'करणादीनिकारकांतराणि कर्ता प्रयुंक्ते, नत्वयंकारकान्तरैः प्रयुज्यते इत्येतावन्मात्रमस्य स्वातंत्र्यम्। ननु कार्यक्रियायां न कारकांतराणि अपेक्षते इति। ईदृशं स्वातंत्र्यं नेश्वरस्यापि अत्रभवतोऽस्तीति उत्सन्नसंकथः कर्ता स्यात्' भामती कार बड़ी मार्मिकता से बताते हैं, कि कार्य करने के लिये इतर वस्तुओं की अपेक्षा रहती है इसी कारण यदि जीव का कर्तृत्व स्वातंत्र्य अमान्य हो. तो फिर, ईश्वर का भी स्वातंत्र्य नहीं है, यह मानना पड़ेगा !!

ऊपर जो अग्निशक्ति का दृष्टान्त दिया गया है, वह भी विचारने योग्य है; अग्नि ईधन को जला कर भस्म कर देती है, किन्तु स्वयं भस्म नहीं होती। इस शक्ति के भीतर कोई द्रव्य नहीं है, अर्थात् उसके अन्दर कोई क्रिया नहीं होती, किन्तु कर्तृत्वसामर्थ्य तो अद्भुत है, उसकी ज्वालामयी लपटें सारे संसार को अपनी गोद में ले कर भस्म कर सकती हैं। एवं अमूर्तता या निर्द्रव्यता, प्रभावोत्पादकता के विरहित नहीं होती। जीवात्मा भी एक अमूर्त शक्तिकेन्द्र है, और यही न्याय उसके विषय में चरितार्थ होता है। सब सूक्ष्मभूत

जड़द्रव्यों के सामर्थ्य की यह बात है, तो परब्रह्म के प्रशासनादि सामर्थ्य के विषय में संशय ही क्या हो सकता है ?

इस उपलक्ष में, और एक तारतम्य दृष्टि का विचार उत्पन्न होता है। क्षणभर के लिये यदि मान लिया जाय कि जीवात्मा में निजी कर्तृता है नहीं, जो कुछ कर्तृत्व है वह बुद्धि का ही है। तो फिर वह एक बैल के समान हो जाता है। अथवा बुद्धि का किंकर है, ऐसा मानना पड़ता है, और यदि ऐसा हो, तो उस पर कोई दायित्व नहीं हो सकता। हमारा सेवक यदि हमारी आज्ञा से किसी का माल उठा लाए तो चोर हम होते हैं, और मुख्य शिक्षा हमें होनी चाहिये, सेवक को नहीं। इसी प्रकार बुद्धि की वशता में आ कर यदि जीवात्मा, कुछ पुण्य-पाप करे, तो उसका मुख्य फल बुद्धि को होना चाहिए। जीवत्मा को नहीं, अन्यथा अकृताभ्यागम और कृतप्रणाश की आपत्ति आती है। और भ्रांति से भी यदि जीवात्मा मान ले कि बुद्धि का किया हुआ कर्म अपना है, तो वह यथार्थ कैसे हो सकता है ? यदि मेरे प्रतिवेशी ने एक दिन, सहस्र विद्वानों को भोजन करा कर सम्मानित किया, और मैं यदि भ्रांति से मान लूं कि मैंने ही यह सब पुण्यकर्म किया है, तो क्या मुझको उसका फल मिलेगा और मेरा पड़ोसी मित्र उससे वञ्चित रह जायगा ? अथवा हम दोनों भी उसके फल भागी रहेंगे ? यह तो एक विचित्र बात हो जायगी।

तात्पर्य यह है, कि सांख्यों के सिद्धान्तों के भँवर में हमको नहीं आना चाहिये। जीवात्मा अद्रव्यमय होने से भले ही निष्क्रिय हो, उसका कर्तृत्व स्वातन्त्र्य और कारकान्तरप्रयोक्तृत्व सुसिद्ध है, और उसीसे उसके सब पुरुषार्थ बनते हैं, इसमें आपत्ति की कोई बात नहीं है।

वेदान्त का विरोध, तृष्णासंग वाली कर्तृता से है, निरभिलाष कर्तृता से नहीं, अतः ध्यान रहे कि :—

(१) कर्तृता का और द्रव्यरूपता का कोई सम्बन्ध नहीं है, बड़े बड़े पर्वत द्रव्यों की राशि रहते हुए भी निष्क्रिय हैं। और सिंह, व्याघ्र, हाथी, स्थूल,

द्रव्यरूप रहते हुए भी कार्यकारी हैं, वायु और समुद्र भी क्रियाकारी हैं।

(२) अग्नि आदि भौतिक शक्तियां निर्द्रव्य होते हुए भी असीम कार्यकारी हैं, उनमें द्रव्य रूप स्फुरण न होते हुए भी इतर द्रव्यमय पदार्थों में प्रचंड दाह और हलचल करा देने की शक्ति है।

(३) ठीक यही बात जीवात्मा में भी घटित होती है, स्वयं निर्द्रव्य होते हुए भी उसकी कर्तृता स्वयंसिद्ध है। ब्रह्मविद्या से नष्ट होने वाले केवल काम-क्रोधादि विकार और उन्माद हैं, और अनेक जन्मों की तपस्या तथा ब्रह्मविद्या की प्रभाविता से इनका समूल उच्छेद हो जाता है। इसके पश्चात् जीवात्मा की कर्तृता और प्रमातृता नष्ट नहीं होते; परन्तु उनमें तृष्णा का लवांश भी न होने से, उनको, परिभाषा से अकर्तृता कहने की रीति है। जीवात्मा का अहंकार भी शास्त्रीय या विद्यारूप होने से, अनहंकार ही है, 'हत्वापि स इमांल्लोकान् न हन्ति न निबध्यते' (गीता १०–१७) यही यहां दार्शनिक रहस्य है।

अब प्रश्न होता है, कि अविकारी कर्तृता एवं '**अकर्तृता**' क्या जीवात्मा का स्वभाव है, अथवा दैवी सम्पत्ति उपासना या ब्रह्मविद्या, से उत्पन्न होनेवाली एक अवस्था है? महर्षियों ने इसका उत्तर दिया है, कि जैसे 'अविकारिता' या **कूटस्थता** परमात्मा में स्वाभाविक है वैसे ही जीवात्मा में भी स्वाभाविक है, परन्तु भेद इतना है, कि परमात्मा में वह कदापि अन्तर्धान नहीं होती, और जीवात्मा, रागद्वेषादि विकारों के वश होने से उसकी **कूटस्थता** नष्ट हो जाती है, अतः जीवात्मा यदि अध्यात्मविद्या सम्पादन कर ले, तो उसके काम क्रोधादि उन्मादों के बीज ही नष्ट हो जाते हैं, और फिर उसे यह विकारिता छूने नहीं पाती। उदाहरण के लिये देखिये, पानी में तीरना प्राणिमात्र के लिये स्वाभाविक ही है, परन्तु मानव केवल अपनी अज्ञता से यह दृढ़ भावना लिये बैठा है कि मैं पानी में डूब कर मर जाऊंगा! और

उसी भय से वह मरता भी है; पर जब वह तीरना सीख जाता है, एवं जब उसकी एतद्विषयक अज्ञता नष्ट हो जाती है, तो उसे पानी से कभी भय नहीं होता। ठीक यही प्रकार जीवात्मा की अविकारिता का है। जब वह सम्यग्ज्ञान से समझ जाता है, कि अग्नि की जैसी स्वाभाविक अविकारी कर्तृता है, वैसी ही मेरी स्वभावतः अविकारी कर्तृता है, जो मेरी आध्यात्मिक उन्नति के लिये बड़ी ही सहायक है, और जीवन्मुक्ति के लिये किसी दृष्टि से बाधक नहीं है। यही न्याय प्रमातृत्व के विषय में भी उपपन्न होता है। साभिलाष प्रमातृत्व ही बाधक है, निरभिलाष जो है, वह अप्रमातृत्व ही है। फलतः सांख्य विचारों के भँवर में आने से कुछ काम नहीं बनता। श्रीमच्छंकराचार्यजी के आद्योपान्त गम्भीर विवरण का अध्ययन किया जाय तो यही उनका निःसंदिग्ध मन्तव्य स्पष्ट हो जाएगा।

विचार करने की बात है, कि हमारी धार्मिक पुस्तकों में, जीवात्मा की निजी कर्तृता को लक्ष्य कर सहस्रशः स्थलोंपर सुन्दर सुन्दर उपदेश किये हुए हैं, क्या वे भ्रांतिजन्य कर्तृता से सम्बन्ध रखते हैं? भगवद्गीता में भी 'उद्धरेदात्मनात्मानम्' 'युद्धयस्व विगतज्वरः' 'पाप्मानं प्रजहि ह्येनम्' 'कार्यं कर्म समाचर' ऐसे सैकड़ों वचन हैं, और अन्त में 'नष्टो मोहः स्मृतिर्लब्धा' 'करिष्ये वचनं तव' यह सब वचन, क्या 'भ्रांतिजन्य कर्तृता' वाले हैं? यह तो पराकाष्ठा की भूल है। भ्रान्ति तो एक मनोधर्म है, जो आवरण विक्षेपों को कारण होती है। पर इन विक्षेपों को जानना, और फिर इनके अनुसार चलना या इनका निषेध या निरोध करना, ये भी तो क्रियाएँ ही हैं। क्या इन क्रियाओं को भी भ्रान्ति ही कर देती है? अतः जीवात्मा का तारतम्य ज्ञान और निश्चय स्वातन्त्र्य बरबस मान्य ही करने पड़ते हैं, ये बातें पत्थर में तो नहीं हो सकतीं। यदि जीवात्मा में ही उपर्युक्त ज्ञातृता, या कर्तृता, या कर्तृ स्वातन्त्र्य या संयम स्वातन्त्र्य, या निश्चयस्वाधीनता न हो, तो हमारा सनातन धर्म और सारे पुरुषार्थ विगतार्थ हो जाते हैं! हमारा अध्यात्मशास्त्र ही व्यर्थ हो जाता है! श्रवण मनन निदिध्यासन भी तो क्रियाएँ हैं, यदि जीवात्मा में कर्तृता ही नहीं तो यह सब कौन करेगा? क्षण भर के लिये यदि

मान्य भी किया जाय कि भ्रांति ही कराती है, तो भी करता तो जीवात्माही है। यदि श्रवण मनन इसके नहीं, तो फिर उसकी मुक्ति भी नितान्त असम्भव है। एवं सुधी पाठकों को यह स्पष्ट होगा, कि जहां तहां ऐसी सर्वभक्षा **अकर्तृता** की कल्पना लिये बैठना वेदान्त के शिक्षार्थियों की एक भयानक भूल है। जीवात्मा की ज्ञातृता और कर्तृता स्वयंसिद्ध है, और यदि ये न हों, तो उसके कोई मुक्तिसाधन ही नहीं बन पाते! निषेध, अभिलाषा या तृष्णा युक्त कर्तृता-भिमान का है, निजी ज्ञान क्रिया सामर्थ्य का नहीं।

अब परमात्मा की अकर्तृता के सम्बन्ध में कथंचित् विचार प्रस्तुत किया जाता है। श्रुतिमाता ने इनको सच्चिदानंदस्वरूप, निर्द्रव्य, निरवय, एकमेवाद्वितीय नेति नेति स्वरूप, इत्यादि बताया है 'निष्कलं निष्क्रियं शांतं निरवद्यम् निरंजनम् अमृतस्य परं सेतुं दग्धेन्धनमिवानलम्' (श्वे. ६-१९) ऐसा इनका गम्भीर वर्णन किया है। यहां, तथा कठोपनिषद् (१-५-९) में, परब्रह्म को अग्नि की उपमा दी गई है, अर्थात् इनका कर्त्तृत्वसामर्थ्य अक्षुण्ण अव्यय और निर्लिप्त है, यही इस उपनिषत में दर्शाया गया है। यहां निष्क्रिय शब्द का अर्थ वही है जो अग्नि के सम्बन्ध में पहले बताया जा चुका है, द्रव्यदृष्टि से अंदर कोई हलचल नहीं परन्तु कर्तृत्वसामर्थ्य तो अजस्र है। निष्क्रिय शब्द का अर्थ अपने भाष्य में भगवान् **शंकर** ने क्रियाहीन' नहीं किया है, वरन् 'कूटस्थ अर्थात् अविकारी' किया है, और फिर 'अस्मान् मायी सृजते विश्वमेतत्' (श्वे. ४-९) के भाष्य में 'कूटस्थस्यापि स्वशक्ति वशात् सर्वसृष्टृत्वमुपपन्नम्' ऐसा स्पष्ट मर्म बता दिया है। परमात्मा की अलौकिक सामर्थ्य के सम्बन्ध में, इस श्वेताश्वतर उपनिषत् में तो ऐसा निस्संदिग्ध वर्णन है, कि उसको हम किसी भी कारण से आँखों से ओझल नहीं कर सकते। परमात्मा की अकर्तृता, अविकारिता रूप है, कर्माभाव या कर्तृत्वाभाववाली नहीं है। वे स्वयं बताते हैं, 'तस्य कर्तारमपि मां विद्ध्यकर्तारमव्ययम्' (गी. ४-१३)

इसपर यह कहा जाता है, कि माण्डूक्य उपनिषत् के सातवें मन्त्र में, परमात्मा को 'अदृश्यमव्यवहार्यम्' ऐसा बताया गया है। ठीक है; परन्तु इसका अर्थ, कर्तृत्वसामर्थ्यहीन कैसे हो सकता है ? भाष्य में इसका अर्थ 'अग्राह्यं कर्मेन्द्रियैः' ऐसा स्पष्ट दिया गया है, अकर्ता है ऐसा नहीं; क्योंकि पिछले ही मन्त्र में परमात्मा को 'सर्वेश्वर; सर्वज्ञ; अन्तर्यामी, एष योनिःसर्वस्य, प्रभावप्ययौ हि भूतानाम्' ऐसा स्पष्ट कहा गया है, और भाष्य में 'सभेदं जगत्प्रसूयते' यह भी निःसंदिग्धता से बताया है। परमात्मा का जगत्कर्तृत्वसामर्थ्य पारमार्थिक सत्य है, चाहे उतने, सृष्टि और जगदन्तःपाती सब व्यवहार, अपारमार्थिक हों। दृश्य पदार्थ भले ही अपारमार्थिक हों, द्रष्टृत्व तो पारमार्थिक सत्य है; क्योंकि अभाव का भी द्रष्टृत्व परमात्मा का ही है। 'नान्यदतोऽस्तिद्रष्टृ—श्रोतृ—मंतृ—विज्ञातृ' (बृ. ३-८-११) न हि विज्ञातुर्विज्ञातेर्विपरिलोपो विद्यते' (बृ. ४-३-२३) 'विज्ञातारमरे केन विजानीयात्' (बृ. ४-५-१५) ध्यान रहे कि विज्ञातृत्व का अर्थ अविज्ञातृत्व नहीं हो सकता, जैसा कि कुछ अर्वाचीन पण्डित किये बैठे हैं।

अब रही स्फुरण की बात; परमात्मा, निर्द्रव्य, निरवयव होने से उनमें द्रव्य रूप हलचल असंभव है, जैसी कि अग्नि में भी, यह बात तो मान्य है, परन्तु दूसरे पदार्थों में हलचल करा देने की एवं कार्यकरिता की सामर्थ्य नहीं, सो बात नहीं; स्वयं अविचलित रहते हुए भी पदार्थों को **सत्तास्फूर्ति** देना, ईक्षण मात्र से सृष्टि स्थिति लयों को प्रेरित करा देना, ये तो पारमार्थिक सत्य हैं, भले ही प्रेरित पदार्थ जागतिक हों, देखिये प्रकरण (२९) पृष्ठ ५४। हमारा गायत्री मन्त्र, ब्रह्मविद्या रूप है, और वह सवितादेव अर्थात् सृष्टिस्थितिलय करने वाले परमात्मा के, पारमार्थिक प्रेरणा सामर्थ्य को स्पष्ट बता रहा है, भले ही जन्य प्रेरणा अपारमार्थिक हो। जैसे अग्नि और अग्नि की सामर्थ्य में भेद नहीं है, वैसे ही परमात्मा और उनकी प्रेरकता, प्रशासन, नियन्त्रण इत्यादि सामर्थ्य में तनिक मात्र भेद नहीं। उनका आविर्भाव सामयिकता से क्यों न हो, उनकी कार्यकारित्व शक्ति पारमार्थिक सत्य है, और वह परिभाषा से, **अकर्तृता** ही है, क्यों कि उन में तृष्णादि विकारों का नाम तक नहीं है।

। प्रातः स्मरामि हृदि संस्फुरदात्मतत्त्वम्
सच्चित्सुखं परमहँसगतिं तुरीयम्
यत्स्वप्नजागरसुषुप्तमवैति नित्यम्
तद्ब्रह्म निष्कलमहं न च भूतसंघः ।

ऐसा नित्यशः प्रातःस्मरण करने वाले लोग, परमात्मा में कण मात्र स्फुरण नहीं है और (अवैति) जानना वानना भी नहीं है, (क्योंकि वह भी तो एक क्रिया है न?) ऐसा कैसे कह सकत हैं, यह एक महान आश्चर्य है।

अन्ततः यहाँ और एक बात का स्पष्टीकरण करना आवश्यक मालूम होता है। कई वेदान्ती पण्डित कह देते हैं कि हमारा 'अजातवाद का' सिद्धान्त सर्वोच्च श्रेणी वाला है, और शेष सब सिद्धान्त निचले दर्जे वाले हैं। हमारे अजातवाद में 'तत्त्वमसि' आदि महावाक्यों को कोई स्थान ही नहीं है! यह तो विचित्र उलझन है। जिनकी यह धारणा है, आप ज्ञान राज्य के बहुत दूर हैं। तथ्य यह है, कि अनिर्वचनीयख्याति, वही ऊँचा प्रमेय सिद्ध करती है, जो 'अजातिवाद' करता है। क्या ब्रह्मकारणता सिद्धान्त, क्या जगन्मिथ्यात्व, क्या सत्कार्यवाद, क्या जगत् को स्वरूपवान और बाधयोग्य कहना, अथवा जगत् का सदसद्विलक्षणत्व, या व्यावहारिकसत्यत्व, या उसका त्रैकालिक अत्यन्ताभाव भी क्यों न हो, फलितार्थ से एक ही एक हैं, जो तीन बीस साठ की कहावत को सार्थक करते हैं। कारण, जहाँ तहाँ परिभाषा की विशेषता नहीं भुलायी जा सकती। हमारा प्राचीन वैदिक सिद्धान्त 'एकंसद्विप्रा बहुधा वदन्ति' (ऋ १-१६४-४९) यहाँ चरितार्थ होता है। विचार प्रणालियाँ भले ही भिन्न हों गन्तव्य स्थान एक ही है।

(४१) जगत् के सम्बन्ध में मत मतान्तर

परिच्छेद (१) अद्वैत सिद्धान्त की दृष्टि से जगत मिथ्यात्व का तात्पर्य

यह जगत् **मिथ्या** है ऐसा वेदान्त शास्त्र का मौलिक सिद्धान्त है। इसका आशय, जगत्, स्वरूपवान, नित्य परिवर्तनशील व्यवहार योग्य, पर विनाशी है, पारमार्थिक सत्य नहीं अथवा शून्य भी नहीं है। इसी को 'सदसद्विलक्षण' कहते हैं। श्री मधुसूदन सरस्वतीजी ने अपने अद्वैतसिद्धि नामक पाण्डित्यपूर्ण न्यायनिष्ठ ग्रन्थ में **मिथ्यात्व** की व्याख्या इस प्रकार ग्रथित की है:—'ब्रह्मधर्मावच्छिन्न अबाध्यत्वे सति सत्त्वेन प्रतीत्यर्ह चिद्भिन्नं प्रतिपन्नोपाधौ त्रैकालिक निषेध प्रतियोगि'। सीधी-सादी हिन्दी भाषा में तात्पर्य है, कि 'जगत् एक ऐसी वस्तु है, जो बिना ब्रह्मज्ञान के बाधित नहीं होती, और जो दृश्यमान होते हुए भी चिद्भिन्नं, याने ब्रह्म सत्ता से 'भिन्न' त्रिकाल है नहीं। यह तो बड़ी टेढ़ी खीर मालूम होती है! बिना ब्रह्मविद्या के जो बाधित नहीं होती, वह त्रिकाल अलग है नहीं कहना, एक पहेली बुझाना मालूम होता है। ब्रह्मज्ञान से जगत् बाधित होता है, इसका अर्थ जगत् के सम्बन्ध में, हमारी जो द्वैत सत्यत्वबुद्धि, है या और जो अन्यान्य भ्रान्त धारणाएँ हैं, वे ही नष्ट होती हैं, ज्ञानी पुरुष को दृश्यमान जगत् नष्ट तो नहीं होता। यदि ऐसा होता, तो इस जगत् में ब्रह्मज्ञान की असम्भव सम्भावना ही होती।

वेदान्तशास्त्र में **बाध** के दो अर्थ हैं (१) निरन्वय नाश और (२) कार्य कारणों का अभेद। पहला अर्थ ऊपर आ गया है। ब्रह्मज्ञान से द्वैत सत्यत्व बुद्धि ऐसी नष्ट हो जाती है, कि फिर वह कभी उद्भूत नहीं हो पाती। जैसे 'स्थाणुरयं चोरः,' एक बार खम्बे का ज्ञान हो, तो फिर चोर की भावना नितान्त नष्ट ही होती है। पर दूसरा अर्थ बड़ा सुन्दर और मर्मस्पर्शी है जो 'ललिता त्रिशती' स्तोत्र के ४४ वे श्लोक के भाष्य में शंकराचार्यजी ने दिया है। वह यहाँ उन्हीं के शब्दों में दिया जाता है।

"सर्वं खल्विदं ब्रह्म" इत्यादि बाधायां सामानाधिकरण्यमवगम्यते कार्यस्य कारणाभेदज्ञानं **बाधा** तद्भिन्नता ज्ञानस्य भ्रमरूपत्वात्"

इसी स्तोत्र के २५ वें श्लोक के भाष्य में इसकी युक्ति भी उन्होंने बता दी है, वह यह है :—

"इदं जगत् ब्रह्माभिन्नं **तत्सत्तास्फूर्ति** नियत प्रकाशज्ञानविषयत्वात्। यत् यन्नियत सत्ता प्रकाशवान् स तदभिन्नः यथा तन्तुकार्यः पटः"

इससे निर्विवाद है, कि 'बाध' का आशय जगत्, ब्रह्म से कभी भी 'भिन्न' नहीं है, यह ज्ञान है। ब्रह्म कारण है, और जगत् उसका कार्य है, कोई भी कार्य, अपने कारण से त्रिकाल 'भिन्न' नहीं रहता, यही **सत्कार्यवाद** की अपनी अनूठी रीति है, जो आगे स्पष्ट की जाएगी। श्रीमधुसूदनजी ने अपनी व्याख्या में भी 'बाध' शब्द का इसी रीति से व्यवहार किया है, इस विषय की मूलाधार चर्चा छान्दोग्य उपनिषद् में की गयी है। इस के अध्याय ४ खण्ड ३ के आरंभ में ही साफ कह दिया गया है :—'सर्वं खल्विदं ब्रह्म तज्जलान् इति शान्त उपासीत' सारा संसार ब्रह्म रूप है, क्यों कि ब्रह्म से ही उसके उत्पत्ति स्थिति, और संहार होते हैं, अर्थात् यहाँ निर्विवाद कारणता बताई गई है, नाश का अर्थ यहाँ है नहीं !

उपर्युक्त व्याख्या से यह स्पष्ट होता है, कि जगत् रज्जुसर्प या शुक्तिरजत सी भ्रान्ति वाली वस्तु नहीं है, क्यों कि ऐसी भ्रान्ति तो साधारण व्यावहारिक ज्ञान से ही नष्ट होती रहती है। अर्थात् जगत् एक ऐसी वस्तु है, जिसके सम्बन्ध में हमारी अयथार्थ धारणाएँ केवल ब्रह्मविद्या से ही नाश हो सकती हैं। भगवान् **शंकर** ने अपने ब्रह्मसूत्र (२-२-२८ तथा २९ के) भाष्य में निर्णय दे रखा है कि जगत् न तो प्रतिभास-भ्रम है, और न स्वप्न। देखिये आगे इसी प्रकरण के परिच्छेद (२) और (४)

भारतवर्ष में, नैयायिक और वैशेषिक ये दो प्रबल तार्किक सम्प्रदाय हो गये हैं, जिनका सिद्धान्त है, कि अनन्त अपरम्पार और अविनाशी परमाणुओं से उत्पन्न होने वाला जगत् सत्य है, और क्यों कि प्रत्येक कार्य अपने उपादान

कारणों से एकदम भिन्न रहता है, जगत् भी परमाणुओं से अत्यन्त निराली वस्तु है। जिस तन्तु समूह से पट बनता है, वे तन्तु ही कपड़ा नहीं हैं, प्रत्युत कपड़ा, सूत या तन्तुओं से स्वतन्त्र वस्तु है। वह उत्पत्ति से प्रथम कारण में अविद्यमान है। एवं असत् कार्य कि उत्पत्ति होती है। इसको वे **असत्-कार्य-वाद** या **आरम्भवाद** कहते हैं,

नैयायिकों और वैशेषिकों के इस सिद्धान्त के समर्थन में आधुनिक रसायन शास्त्र के अनुशोधनों का दृष्टान्त दिया जा सकता है। ऑक्सिजन और हाइड्रोजन दो विभिन्न वायु के संयोग से, एक तीसरा ही पदार्थ जल उत्पन्न हो जाता है, जो उपादान वायु में पहले नाम को नहीं था, और जिसके गुणधर्म उनसे अत्यंत भिन्न हैं; इस दृष्टि से आरम्भवाद अथवा असत् कार्यवाद सुसिद्ध होता है।

इसके विरोध में सांख्यों का परिणामवाद है, जिसको वे **सत्कार्यवाद** कहते हैं। उनका प्रतिपादन है, कि उत्पत्ति से पूर्व, कार्य अपने कारणों में अवश्यमेव, पर अव्यक्त रूप से विद्यमान है, अर्थात् वह अपने उपादान कारणों से कदापि भिन्न नहीं रहता; कार्य की अव्यक्तावस्था का नाम ही कारण है, और कारण की व्यक्तावस्था की संज्ञा ही कार्य है। एवं इन दोनों का भेद भले ही व्यावहारिकता से दिखाई दे, अभेद ही तथ्य रूप और तात्त्विक है। इसकी पुष्टि में सांख्याचार्यों ने अनेक सारगर्भित युक्तियां दी हैं, जो संक्षेपतः पण्डित ईश्वर कृष्णने—

> । असदकरणादुपादानग्रहणात् सर्वसम्भवाभावात्
> शक्तस्य शक्य करणात् कारणभावाच्च **सत्**कार्यम् ।९।

इस कारिका में ग्रथित कर दी हैं।

इस विचार प्रणाली का पर्यालोचन सांख्यों के ग्रन्थों से ही भली भांति हो सकता है। उनके सिद्धान्त से, कारणव्यापार के पहले भी कारण में

कार्य की सत्ता रहती है, अतः न तो किसी अपूर्व वस्तु की उत्पत्ति होती है और न विनाश; कर्तृव्यापार से वस्तु का आविर्भाव मात्र होता है और अन्त में फिर से वस्तु, अव्यक्तावस्था को प्राप्त हो कर सूक्ष्म भाव में लीन हो जाती है।

ऊपर जो रसायन शास्त्र की दृष्टि का, आरम्भवाद का समर्थन बताया गया है, उसका प्रत्युत्तर भी दिया जा सकता है, कि यदि अत्यंत विभिन्न कारणों से एक तीसरी अत्यन्त भिन्न वस्तु, जो पहले नाम को नहीं थी, उत्पन्न हो सकती है, तो फिर नाइट्रोजन और कार्बन के संयोग से उदक क्यों उत्पन्न नहीं किया जा सकता? यदि कार्य कारणों में किसी प्रकार का सम्बन्ध या अन्वय ही न हो, तो किसी भी पदार्थ से कुछ भी होता जाएगा, जो एक विचित्र बात होगी! अर्थात् उनमें अवश्य एक **अन्वयक्षमता** रहती है, जिसको मानना अनिवार्य होता है, चाहे आप उसे अनिर्वचनीय कहिये, परन्तु है अवश्य। इसी * **क्षमता** के **अन्वय** या सम्बन्ध को वेदान्त शास्त्र में **तादात्म्य** या **अनन्यत्व** या **अनिर्वचनीय** ख्याति कहा गया है।

---

* इसपर आपत्ति की जा सकती है, कि उपर्युक्त **क्षमता** में भले ही अनाविर्भूत कार्य रहे, उसका जो 'आविर्भाव' होता है, वह तो नया होता है। अर्थात् यही असत् कार्यवाद या आरम्भवाद का सिद्धान्त है। वेदान्त शास्त्र में भी, **माया** को 'अघटित घटना पटीयसी' माना गया है। एवं जो नहीं था उसकी उत्पत्ति का स्वीकार करना अनिवार्यता से प्राप्त होता है। देखिए, एरोप्लेन जो पहले नहीं था, अब बन गया है। परमाणुओं के भीतर जो विराट शक्ति है, उसका आविष्कार भी एक अभूत पूर्व बात है। उत्तर यह है, कि यहां मानव बुद्धि द्वारा होने वाली गवेषणाओं का प्रश्न नहीं है। मानव को जो अज्ञात था वह अब ज्ञात हो रहा है और किया जा रहा है यह सब ठीक है। पर **सत्कार्य** सिद्धान्त इतना ही बता रहा है कि जो कारण में नहीं है, वह उत्पन्न नहीं किया जा सकता। कारण में जो **क्षमता** है, उसमें जैसी कार्य की अवस्थिति है, वैसे ही अनाविर्भाव को आविर्भाव

इसके लिये एक स्थूल परन्तु सुन्दर दृष्टान्त, बीजशक्ति और वृक्ष का दिया जा सकता है। बीज बोने के पश्चात् बीज का आकार तो नष्ट होता है, पर बीज शक्ति तो रहती ही है, और काल पा कर उसी का पूर्णायतन वृक्ष बनता है; तो फिर क्या कहा जा सकता है, कि वृक्ष का निचला हिस्सा कारण रूप बीज शक्ति है, और ऊपर वाला कार्य रूप वृक्ष है ? आमूलाग्र बीजशक्ति ही विकास रूप से वृक्ष बन गई है, यहाँ कहीं भी कारण और कार्य में विभाजन या भेद नहीं रहता, यही '**अनन्यत्व**' या **तादात्म्य** सम्बन्ध है। ठीक यही न्याय पानी के बिन्दु में भी उपपन्न है, उसमें भी यह भाग उपादान वायु वाला, है, और यह भाग कार्य रूप, जल है, ऐसी बात नहीं है।

सांख्यों के '**सत्कार्यवाद**' की ऐसी रहस्यग्राहिणी सुन्दर रचना है और आश्चर्य की बात है, कि पश्चिम का भौतिक विज्ञान भी इसी सिद्धान्त की

(पिछले पृष्ठ से अनुवृत्त)

में परिणत कर देने की भी तो **क्षमता** है। यदि वह न हो, तो आविर्भाव बनने ही नहीं पाएगा। उसको मानव क्या करेगा ? सम्भवनीयता से ही सम्भव होता है, असंभवनीयता हो, तो मानव का कुछ वश नहीं चल सकता। **माया** के सम्बन्ध में भी यह कहा जा सकता है, कि जिस घटना को हम अपनी अल्पज्ञता से 'अघटित' कहते हैं वह माया के लिए कथमपि अघटित, अर्थात् दुर्घट नहीं है। इस दृष्टि से कोई आपत्ति नहीं की जा सकती।

आगे चल कर बताया जाएगा, कि **सत्कार्य** वाद का मौलिक सिद्धान्त **अद्वैत विज्ञान** का है, सांख्यों का जड़ दृष्टि वाला है, परन्तु हमारा 'चैतन्य कारणता' वाला है। परमात्मा की शक्ति के बाहर की बात, तो कोई हो नहीं सकती। **माया** कोई अलग वस्तु नहीं है, वह तो पारमेश्वरी अभिन्ना शक्ति है, यह पहले ही प्रकरण (३०) परिच्छेद (२) में पर्याप्त रीति से बताया गया है। एवं 'स्वशक्त्स्या नटवत् ब्रह्म कारणं **शंकरो** ऽ ब्रवीत्' (दे. उपोद्घात प्रकरण ५) यही रहस्यग्राही तत्त्वज्ञान सिद्ध होता है।

ओर दौडा जा रहा है। इस विज्ञान में, प्रधानतः दो तत्त्व माने गये हैं एक Matter याने जड़ तत्त्व, और दूसरा Energy याने जड़ को गति देने वाला या, उसमें प्रेरणा उत्पन्न करने वाला प्रेरक तत्त्व। जड़ तत्त्वों की अविनाशिता का सिद्धान्त लगभग एक शतक के पूर्व ही निश्चित हो चुका है, इस की प्रयोग द्वारा खोज योरप में, फ्रान्सीसी भौतिक शास्त्रज्ञ 'लेव्होजिए' ने की; और कोई ६०-७० साल के पूर्व से यह सिद्धान्त हमारी पाठशालाओं में Conservation of mass या Indestructibility of matter इस नाम से पढ़ाया गया और आज भी पढ़ाया जा रहा है। ऊपर के वृक्षवाले दृष्टान्त में जैसी बीज-शक्ति सर्वव्यापिनी और कुछ काल के लिये क्यों न हो, अक्षुण्ण बनी रहती है, उसी प्रकार इस विश्व में भौतिक मूल द्रव्यों की प्रभाविता अक्षुण्ण बनी रहती है; कितने ही उनमें रचना भेद होते रहें, मूलद्रव्यों का नाश नहीं है।

अब वर्तमान काल में Consrevation of Energy याने प्रेरक तत्त्वों की ऐकात्म्यता तथा अविनाशिता का एक नया सिद्धान्त निकल आया है। आधुनिक जगत् के विद्वन्मूर्धन्य जर्मन पण्डित प्रोफेसर आलबर्ट आइनस्टाइन का अनुशोधन है, कि इस संसार में एक भी पदार्थ 'जड़' या 'घन' रूप नहीं है। जैसा कि पहले पृष्ट १३३ पर बताया गया है। सभी पदार्थ खोखले हैं, और उनके अन्दर जो हजारों परमाणु हैं, और उनके भी भीतर जो प्रोटान्स न्यूट्रॉन्स और इलेक्ट्रॉन्स हैं, वे सब खोखले ही खोखले हैं; इतना ही नहीं, तो वे एक अनूठी आवर्तगति के पुञ्ज मात्र हैं, जो अपनी अपनी कक्षा में अजस्र गति से चक्कर काट रहे हैं। उनमें जड़ द्रव्य का नाम तक नहीं है। विश्वाकाश (A Unified Electro Magnetic field) एक एकरस विद्युच्चुम्बकीय विशालकाय क्षेत्र है, जिस में सङ्कोचन और विकोचन रूप प्रचण्ड व्यापार चला रहता है। अपिच, समुद्र में जैसे ज्वार, हिलोर, लहरें, तरंग, बुब्दुद, फेन रहते हैं, वैसे ही इस विराट शक्तिक्षेत्र में छोटे बड़े अनन्त आवर्तपुञ्ज, अपनी अपनी चिरन्तन गति से घूर्णायमान है, जो हमको अनन्त पदार्थों के रूपों में प्रतीत हो रहे हैं। जगद्विख्यात अनुशोधक न्यूटन, जिसे 'सरल रेषा वाली गति' समझता था, प्रोफेसर आइस्टरइन की सम्मति से ऐसी

गति त्रिभुवन में कहीं नहीं है। सभी गतियाँ टेढ़ी ही टेढ़ी हैं, क्यों की उपर्युक्त अद्भुत 'विश्वक्षेत्र' का यह स्वभाव है। कथञ्चित् कल्पना होने की सुविधा के लिये, कहा जा सकता है, कि जैसी झूले की गति, ऊपर की रस्सी के कारण ठीक क्षितिज समान्तर सरल रेखा में नहीं रहती, इसी प्रकार सभी पदार्थ इस क्षेत्र के विचित्र आकर्षण विकर्षण के बन्धनों में जकड़े हुए रहने से, अपनी ही गति विधि से चलते। रहते हैं, वे महामना न्यूटन की आज्ञा से सीधे सरल क्यों कर चलेंगे ? तात्पर्य आधुनिकतम गवेषणाओं का निदान है, कि विश्व के सभी पदार्थ, उपर्युक्त प्रभावी क्षेत्र की शक्ति के अविराम विजृम्भण रूप हैं। Matter और Energy विभिन्न नहीं हैं। अर्थात् Conservation of Energy यह एक ही सिद्धान्त अब माना जा रहा है। 'विश्व क्षेत्र' की प्रभाव शालिता, अक्षुण्ण बनी हुई है, विजृम्भणों के आकार प्रकारों में भले ही अनन्त भेद क्यों न हों !

प्रेमी पाठक गण, अब उसी वृक्ष के दृष्टान्त को लीजिये। उसमें जैसा बीजशक्ति का विजृम्भण ओत प्रोत है, कारण शक्ति और कार्य रूप विजृम्भण में कहीं भेद नहीं है, दोनों का 'अनन्यत्व' है; ठीक उसी प्रकार विश्व क्षेत्र की विद्युच्चुम्बकीय शक्ति और उसके विजृम्भण की बात है। यहाँ प्रत्येकपदार्थ चाहे जल हो, वायु हो, जड़ हो, प्रकाश हो, उष्णता हो, या विद्युत हो, उसी विराट शक्ति केविवर्त रूप या वीचि रूप (Electro Magnetic Wave) हैं। एवं सांख्यों के **सत्कार्यवाद** का जो 'कार्य कारणों के **अनन्यत्व**'का सिद्धान्त है, वही पश्चिम के भौतिक विज्ञान शास्त्रज्ञों को भी अब सम्मत हो रहा है, यह आश्चर्य की बात है।

अद्वैत विज्ञान का भी यही सिद्धान्त सहस्त्राब्दियों के पूर्व से चला आ रहा है। अति प्राचीन काल में सांख्य और अद्वैत वेदान्त एक ही थे। **शङ्कर** भगवान ने विकृत द्वैत वादी सांख्यों का खण्डन किया है, मूलसांख्य सम्प्रदाय का नहीं। श्रीमद्भगवद्गीता मूल साख्य सिद्धान्त की सराहना ही करती है। और वही हमारा वेदान्त है। श्री गीता के दूसरे अध्याय में कहा गया है:—

नासतो विद्यते भावो नाभावो विद्यते सतः
उभयोरपि दृष्टोऽन्तस्त्वनयोस्तत्त्वदर्शिभि ।
(श्री गीता. अ. २ श्लोक २६)

यही हमारे सत्कार्यवाद का मूलतत्त्व है । इसी सिद्धान्त को 'न सतो नाशः न असतः उत्पत्तिः' इन शब्दों से जैन सम्प्रदाय ने स्वीकृत कर लिया है; और अनुमान है कि यूनान के तत्त्वज्ञ एम्पिडोक्लीस ने (ईसा सन पूर्व ४९० से ४३०) सम्भवतः यहीं से लेकर इस सिद्धान्त को यूरप में अनूदित कर दिया । एरिस्टॉटल के शब्दों में एम्पिडोक्लीस का सिद्धान्त यों है:—'Nothing can be made out of nothing and it is impossible to annihilate any thing. All that happens in the world depends on a change of form and upon the mixture or seperation of bodies' इसके बाद ईसाकी अठ्ठारहवी शताब्दि के मध्य में ख्यात नाम फ्रान्सीसी तत्त्वज्ञ लेव्होजिए ने इसको प्रयोग द्वारा सिद्ध किया, जिसका उल्लेख ऊपर आ चुका है ।

प्रोफेसर आइनस्टाइन 'एक एकरस विद्युच्चुम्बकीय शक्ति' को अखिल प्रपञ्च का उपादान कारण मानते हैं । पर उनकी इस अजस्र महिमा वाली शक्ति का भी कोई नियामक या प्रशासक है या नहीं, इस विषय में वे, या पश्चिम का भौतिक विज्ञान, अभी आगे नहीं बढ़ा है । आर्य तत्त्वज्ञान में अति प्राचीन काल से इस प्रभावशाली शक्ति को अक्षर परब्रह्म के नाम से अभिहित किया गया है; और इसकी सुन्दर वर्णना और प्रशंसा वेदों में तथा उपनिषदों में अनेक स्थानों पर रहस्यस्यन्दि वाणी से की गई है । यह तत्त्व अखण्ड निरवयवय एकरस 'नेति नेति' स्वरूप होते हुए भी, 'पराऽस्य शक्तिर्विविधैव श्रूयते स्वाभाविकी ज्ञानबलक्रिया च' (श्वे. उ. अ. ६ मन्त्र ८) इस प्रकार दर्शा कर, फिर नानाविध उपमा और दृष्टान्त दे कर, इसका सर्वव्यापित्व, प्रभावित्व, सर्वशक्तिमत्व, विश्वस्रष्टृत्व, एकमेवाद्वितीयत्व, कारणकारणत्व, मानों पूरा वेदान्त रहस्य इस उपनिषद में वर्णित किया गया है । ऋग्वेद मण्डल १० सूत्र

१२१ 'हिरण्यगर्भः, समवर्तताग्रे' इत्यादि में इसका इतना रस विभोर वर्णन है, कि वैसा क्वचित् ही कहीं मिल सकेगा। इस सूक्त की दस ऋचाएँ हैं, जिन में नौ ऋचाओं में **कस्मै देवाय हविषा विधेम** यह मार्मिक प्रश्न टेक या ध्रुपद के रूप से किया गया है। मानों मन्त्रद्रष्टा ऋषि प्रत्येक मन्त्र के पहले तीन चरणों में, परमात्मा का रहस्य ग्राही वर्णन कर फिर पूँछते हैं, जानते हो हम किस परा देवता को यज्ञादि कर्मों में हविःप्रदान कर आराधना करते हैं? प्रथम वर्णन में ही स्पष्टतया बता दिया गया है, कि यह वही हिरण्य गर्भ रूप परमात्म है जो सुख स्वरूप है, जिसने इस ब्रह्माण्ड की सृष्टि की है, जो सब का स्वामी है, आत्मज्ञान देनेवाला है, एकमेवाद्वितीय है, स्वर्ग पृथ्वी, सूर्य, चन्द्रमा, आदि का धारक है, और जिस के कारण देदीप्यमान सूर्य, को भी शोभा प्राप्त होती है, इत्यादि इत्यादि। यहां उपर्युक्त महर्षि के वाणी की अक्लान्त्रमता और सजीवता ने अपने भावों को इतना सुस्पष्ट और हृदयग्राही बना दिया है, कि पाठक का अन्तःकरण रहस्यमय तथा उज्ज्वल कल्पनाओं से परिपूर्ण हो जाता है। इस सूक्त की सरल मनोहर भाषा और उच्च आभामय विचारों को देखकर, पश्चिम के बड़े बड़े विद्वान् दंग रह गये हैं।

इसी मण्डल के १२९ वाले नासदीयसूक्त में, इसी को लक्ष्य कर सुन्दर उत्प्रेक्षाएं की गयी हैं। मुण्डकोपनिषद् के पहले ही खण्ड के छठवें मंत्र में 'यत्तदद्रेश्यमग्राह्यमगोत्रमवर्णमचक्षुःश्रोत्रं तदपाणिपादं नित्यं विभुं सर्वगतं सुसूक्ष्मं तदव्ययं तद्भूतयोनिं परिपश्यंति धीराः' ऐसा उसका उच्चतम स्वरूप अङ्कित किया गया है। ईशावास्य उपनिषद् के आठवें 'सपर्यगात् शुक्रमकाय मव्रणम्' मंत्र में इसका चित्त को चैतन्य और उत्तेजना पूर्ण करने वाला वर्णन, ग्रथित कर दिया गया है; देखिये प्रबन्ध दो का आदिम विभाग।

अद्वैतविज्ञान इसको विश्व का अभिन्न निमित्तोपादान कारण तथा प्रशासक मानता है; ब्रह्मकारण है और ब्रह्माण्ड उसका कार्य है। हमारा सत्कार्यवाद वाला सिद्धान्त जड़ द्रव्यों के उपलक्ष में नहीं है, प्रत्युत 'अविनाशि तु तद्विद्धि येन सर्वमिदं ततम्' (गी. अ. २ श्लो. १७) ऐसा निरवयव 'नेति

नेति' स्वरूप ब्रह्म और दृश्यमान जगत् इनका **अनन्यत्व** या **तादात्म्य** सम्बन्ध सिद्ध करता है। अपने अपरोक्षानुभूति स्तोत्र में, भगवान् **शङ्कर** कहते हैं :—

। उपादानं प्रपञ्चस्य ब्रह्मणोऽन्यन्न विद्यते
तस्मात्सर्वप्रपञ्चोऽयं ब्रह्मैवास्ति न चेतरत् । ४५

। ब्रह्मैव सर्वं नामानि रूपाणि विविधानि च
कर्माण्यपि समग्राणि बिभर्तीति श्रुतिर्जगौ । ५०

जैसे वृक्ष के दृष्टान्त में, वैसे ही यहां भी अमुक भाग केवल कारण ब्रह्म है, और अमुक भाग केवल कार्य रूप है, ऐसा विभेद नहीं है। पर इतना भेद तो अवश्य है, कि इन अनन्त ब्रह्माण्डों की उत्पत्ति स्थितिलय करने पर भी कारण ब्रह्म में कोई विकृति नहीं हो पाती। इस लिये **अद्वैतविज्ञान** अपने सिद्धान्त को अविकृत परिणाम या **विवर्तवाद** कहता है। जगत्, ब्रह्म का कार्य अवश्य है, पर वह कोई अलग वस्तु नहीं है, जो नैयायिकों या वैशेशिकों के जगत् की भांति, जैसे घट में बेर, वैसे ब्रह्म वस्तु में, समवाय सम्बन्ध से, या संयोग सम्बन्ध से, या आधार आधेय सम्बन्ध से, उत्पत्तिस्थितिलय पा सके।

जिस प्रकार इन्द्रजालिक अपनी जादू के द्वारा, विचित्र पदार्थ उत्पन्न करता है, ठीक उसी प्रकार परब्रह्म परमात्मा '**मायावीव** विजृम्भयत्यपि महायोगीव यः स्वेच्छया' (दक्षिणामूर्तिस्तोत्र श्लोक २) अपनी **स्पन्द शक्ति** के द्वारा, सृष्टि की उत्पत्त्यादि करते हैं। **अद्वैतविज्ञान** के इस अभिराम रहस्य से जो अनभिज्ञ **हैं**, उन व्यक्तियों के लिए भले ही यह जगत् अपनी अलग सत्ता वाला दिखाई दे, परंतु रहस्यज्ञानियों के लिये वह ब्रह्म सत्ता से 'अनन्य' है, और व्यामोह का विषय नहीं है। यही अनन्यता सिद्धान्त सुचारु रूप से 'तदनन्यत्वमारम्भण शब्दादिभ्यः' ब्र. सू. २–१–१४ के भाष्य में **शङ्कर** भगवान् ने चर्चित किया है। यही मौलिक आभामय तत्त्व श्रीमधुसूदनसरस्वतीजी

अपनी **मिथ्यात्व** की व्याख्या में बता रहे हैं। मानो वे नैयायिकों को और वैशेषिकों को उन्हीं की न्याय जटिल भाषा में प्रत्युत्तर दे रहे हैं। वे कहते हैं, कि 'सत्त्वेन प्रतीत्यर्ह' जगत् नहीं है सो बात नहीं; परब्रह्म से विभिन्न सत्ता वाला जगत्, ब्रह्मसत्ता में, समवाय, या संयोग, या आधाराधेय, सम्बन्ध से त्रिकाल नहीं है। प्रतिपन्नोपाधौ और सत्त्वेन प्रतीत्यर्हम् यह दो विशेषण लगा कर बौद्धों को बता रहे हैं, कि जगत् शून्याधिष्ठित अथवा शशशृंग रूप नहीं है। **सत्कार्यवाद** का यही तत्त्व है, कि कारण और कार्य में कहीं जोड़ नहीं होता; आमूलाग्र वे एक रस रहते हैं। कारण का आत्मभूत कार्य है, और कार्य के आत्मभूत ही कारण है। उनका **तादात्म्य** या **अनन्यत्व सम्बन्ध** है, आश्रय आश्रयी या आधाराधेय सम्बन्ध नहीं। उपर्युक्त ब्र. सूत्र पर व्याख्या करते हुए मेधावी विद्वान वाचस्पति मिश्र ने अपनी हृदयग्राहिणी भाषा से एक चुटीली, एवं मर्म की बात बताई है। वे लिखते हैं, 'नखलु अनन्यत्वम् इति अभेदं ब्रूमः; किन्तु भेदं व्यासेधामः'; अर्थात जगत है नहीं सो बात नहीं: ब्रह्म व्यतिरिक्त यहां एक भी पदार्थ नहीं है, यह **अद्वैत सिद्धान्त** है।

यहां और एक मर्म की बात बताने की आवश्यकता है; वह यह कि बहुत से लोग 'विवर्त वाद' को प्रतिभास वाद या आभास वाद कहते हैं, पर यह समीचीन नहीं है। **अद्वैतविज्ञान** का **सत्कार्यवाद** ही उसका **विवर्त** सिद्धान्त है। स्वयं श्रुति ने, मृत्तिका सुवर्ण और लोह इन पदार्थों के दृष्टान्त दिये हैं, कोई भ्रमवाले दृष्टान्त नहीं दिये हैं, देखिये छान्दोग्य उ. ६·१·४। **सत्कार्य** वाद का सुचारु रूप से प्रतिपादन छान्दोग्य उ. छठवें अध्याय के द्वितीय खण्ड में आया है; ब्रह्म रूप कारण ही, अनन्त आकारों को धारण कर यहां हमको जगत् रूप से दिखाई दे रहा है। भाष्य के शब्द हैं:— 'सदेव (ब्रह्म एव) संस्थानान्तरेण (आकारान्तरेण) अवतिष्ठते यथा सर्पः कुण्डली भवती यथाच मृत् चूर्ण पिण्ड घट कपालादि प्रभेदैः'। श्रीविद्यारण्य स्वामी ने भी इसी सत्कार्य वाद की सुन्दर चर्चा अपनी 'पञ्चदशी' के प्रकरण १३ में की है। उनके निम्न श्लोक :—

। इदम्बोधे पुमर्थत्वं मतमद्वैतवादिनाम्
मृद्रूपस्यापरित्यागात् **विवर्तत्वं** घटे स्थितम् । ४८

। परिणामे पूर्वरूपं त्यजेत्तत्क्षीर रूपवत्
मृत्सुवर्णे विवर्तेते घटकुण्डलयोर्न हि । ४८

स्पष्टतया बता रहे हैं कि हमारा '**सत्कार्यवाद**' ही **विवर्त** वाद है, वह बौद्धों जैसा भ्रान्ति या प्रतिभास वाद नहीं है। भगवान् शङ्कर अपने ब्र. सू. २–१–१८ के भाष्य में 'न हि देवदत्तः संकोचित हस्तपादः प्रसारित हस्तपादश्च वस्त्वन्यत्वं गच्छति स एवेति प्रत्यभिज्ञानात्' ऐसा लिखते हैं। एवं **विवर्त** वाद क्रियाराहित्य का संकेत नहीं करता जैसा कि उपोद्घात प्रकरण में दिखाया गया है। श्रीअमलानन्द की अभिमति से 'स्वशक्त्या नटवद् ब्रह्म कारणं शंकरोऽब्रवीत्' यही ब्रह्मकारणता सिद्धान्त है।

(२) परिच्छेद जगत् भ्रम नहीं है

कई ग्रन्थों में **मिथ्या** शब्द की व्याख्या 'ज्ञान निवर्त्य' कह कर की गई है। पर वह सुसंगत नहीं हो सकती, क्योंकि 'ज्ञाननिवर्त्य' केवल अज्ञान अथवा भ्रम ही हो सकता है। भगवान् **शंकर** स्पष्ट तया बताते हैं, 'न हि क्वचित्कदाचित् वस्तुधर्मस्य अपोढ़ी दृष्टा कर्त्रा वा ब्रह्मविद्या.....विज्ञानस्य च मिथ्या ज्ञान निवर्तकत्व व्यतिरेकेण अकारकत्वमित्यवोचाम' देखिये बृ. १–४–१० पर का उनका भाष्य। संसार में प्रतिभास, भ्रम, अध्यास, तो होते हैं, पर इस विराट प्रपंच की अपेक्षा वे नगण्य हैं। अगणित नक्षत्र तारक, हजारों पहाड़ पर्वत, सैकड़ों नद नदियां, अरबों वृक्षलताएँ, पञ्चमहाभूतों का अथाह विस्तार, ये किसी भी ज्ञान से निवृत्त नहीं होने वाले हैं, अर्थात् वे भ्रम नहीं हैं। इनके सम्बन्ध में जो हमारा अयथार्थ ज्ञान है वही ज्ञान से निवृत्त होता है और वह तो केवल हमारे मस्तिष्क में है, बाहर कहीं नहीं है। रज्जुसर्प, रज्जु में नहीं, वह हमारे मन के अन्दर है, क्योंकि वह केवल भ्रान्त मनुष्य को ही प्रतीत होता है, दूसरे किसी को नहीं। भ्रम तो

केवल मनोधर्म है । शास्त्र स्पष्ट बता रहा है, 'शोकमोहौ मनोधर्मौ,' अज्ञान भी मोह में आता है, ये कोई बाहर वाले पदार्थ नहीं हैं, और न ये किसी पदार्थ के अन्दर निवास करते हैं ! एवं अखिल ईशसृष्ट प्रपंच कथमपि अज्ञान या भ्रम नहीं हो सकता ।

सारे का सारा जगत् भ्रम है, ऐसा तत्त्वज्ञान बौद्धों का है, हमारा नहीं । किन्तु एक विचित्र अज्ञान से हमारे मध्यकालीन और अर्वाचीन पण्डितों ने इसी धारणा को अपना लिया है ! यही कारण है, कि इनके ग्रन्थों में, जगत् के सम्बन्ध में, जगद्भ्रम, जगत्प्रतिभास, ज्ञान निवर्त्य, बाधयोग्य, इत्यादि शब्द आते हैं । प्रतिभास का लक्षण अद्वैतसिद्धि में 'ब्रह्मज्ञानेतर बाध्यत्वम्' ऐसा किया गया है । व्यावहारिक ज्ञान से ही यह नष्ट हो जाता है, अर्थात जगत् प्रतिभास या भ्रम नहीं है। शङ्कर भगवान् अपने ब्रह्मसूत्र "ना भावःउपलब्धेः" (२-२-२८) के भाष्य में पदार्थों का व्यावहारिक सत्यत्व प्रमाणित करते हैं । श्रीमद्भगवद्गीता का भी यही अभिमत है (देखिये आगे परिच्छेद ५): **बाध** के सम्बन्ध में परिच्छेद (१) पृष्ठ १४५ पर स्पष्ट विवेचन किया गया है ।

कई पण्डितों का यह विवाद है, कि वेदान्त भाषा अलग है, और व्यावहारिक भाषा अलग है, अतः जगत् को प्रतिभास, वेदान्त भाषा से, कह सकते हैं। वेदान्त और व्यवहार भले ही अलग हों भाषा में विरोध रहना उचित नहीं है, मृगजल प्रतिभास है पर गंगाजल प्रतिभास नहीं कहा जा सकता. दोनों अपरमार्थ हैं, किन्तु शास्त्रदृष्टि से एक व्यावहारिक सत्य है और दूसरा असत्य प्रातिभासिक है । वेदान्त भाषा और व्यवहार भाषा विरोधिनी नहीं हो सकती वेदान्त ब्रह्म को परमार्थ सत्य कहता है इसमें व्यवहार का क्या विरोध है ? प्रत्यगात्मा ब्रह्म है, दृश्य अहंकार अब्रह्म है, ऐसा कहता है, इससे व्यवहार का क्या बिगड़ता है ? वैषयिक सुख अशाश्वत हैं यह बताता है, यह तो अज्ञजनों को भी मान्य है 'नेह नानास्ति किंचन,' ब्रह्म में नानात्व है नहीं, और यहां एक भी वस्तु ब्रह्म सत्ता से पृथक् नहीं ऐसा कहता है, इसमें भी व्यवहार का क्या

विरोध हो गया ? व्यवहार में जो तत्त्व अज्ञात हैं उनको भी वेदान्त बता देता है, पर इससे कोई विरोध नहीं होता। हाँ असद् व्यवहार का वेदान्त कट्टर विरोधी है जैसा कि हमारा धर्म शास्त्र भी है। वेदान्त की दृष्टि

। प्रज्ञाप्रसाद मारुह्य अशोच्यः शोचतो जनान्
भूमिष्ठान् इव शैलस्थः सर्वान् प्राज्ञोऽनुपश्यति ।
(पातंजल योगसूत्र १—४७)

ऐसी विशाल और विशुद्ध होती है। वह व्यवहार को समझती है और परमार्थ को भी जानती है, शिष्य कहां भ्रान्त है और कहां नहीं सठीक समझती है। वेदान्त का सच्चा ज्ञानी सदाचार का विरोध क्यों करेगा ? हाँ भ्रान्त धारणाओं और जघन्य आचार विचारों का तो वह, अवश्य विरोधी है।

परिच्छेद (३) जगत् के त्रैकालिक अत्यंताभाव की विचित्र कल्पना

अद्वैत तत्व ज्ञान के अभ्यासकों और पण्डितों में 'जगत का त्रैकालिक अत्यंताभाव' 'यद्दृष्टं तन्नष्टम्' 'आदावन्ते च यन्नास्ति वर्तमानेऽपि तत्तथा' इदं जगत् 'नास्ति नाभूत् न भविष्यति' ऐसी डंके की चोट उद्घोषणा की जाती है, और इस जगन्नास्तिता वाद की सर्वापेक्षा प्रधानता स्थापित करने के लिये बड़ी स्पर्धा हुआ करती है। इसे देख अभ्यासक और साधक हैरान होते हैं, और इन आडम्बर वाले वचनों का क्या अर्थ लगाना उनकी समझ में नहीं आता, यह कौतूहल जनक सार्वभौम अभाव की प्रक्रिया वेदान्त शास्त्र में कैसी जटिलता उत्पन्न करती है, इस पर पिछले परिच्छेद (१) में पर्याप्त प्रकाश डाला गया है। अब और कुछ विमर्श किया जाता है। पहले तो यह समझना है, कि यह चर्चा अद्वैत शास्त्र की नहीं है।

वैशेषिक तथा नैय्यायिक मतों से इसका संबन्ध है। ये सम्प्रदाय द्वैतवादी हैं, विविध पदार्थों को पारमार्थिक सत्य मानते हैं। अर्थात् परस्परापेक्ष अथवा परस्पर संसर्ग या सम्बन्ध के अभाव कितने प्रकार के हो सकते हैं, यह उनकी खोज है। **अद्वैतविज्ञान** में एक ही ब्रह्म पारमार्थिक सत्य है इतर

सब पदार्थ आगमापायी, विनाशी हैं। इस सम्बन्ध में पण्डित पीताम्बर मिश्र ने अपनी 'वृत्तिरत्नावली' के सप्तम रत्न में अंक १६३ से अंक १७८ तक संक्षेप से पर बड़ी स्पष्टता से बता दिया है, कि **अद्वैत** वाद में सारे अभाव विनाशी हैं, कोई अभाव नित्य नहीं इत्यादि; अतः अद्वैतसिद्धान्त की दृष्टि से किसी भी वस्तु का 'त्रैकालिक अत्यंत अभाव है' यह कहना ही युक्ति प्रमाण हीन है चाहे वह पदार्थ व्यावहारिक हो या प्रातिभासिक।

श्रीमद्भगवद्गीता में संसार को 'व्यक्तमध्य' (अ० २ श्लोक २८ में) कहा गया है। अर्थात् उसका अभाव एक दृष्टि से द्वैकालिक माना जा सकता है, त्रैकालिक नहीं। अब रहा प्रश्न 'पारमार्थिक जगत्' का। इस नाम का कोई पदार्थ अद्वैत सिद्धान्त में है नहीं। जैसे मृगजल में सत्य जल का एक बिन्दु भी नहीं है, वैसे ही यहां पारमार्थिक जगत का नाम तक नहीं है। अर्थात् उसके अभाव की चर्चा—क्या वह सापेक्ष है, या संसर्ग रूप है, इत्यादि हो नहीं सकती। जिसकी चर्चा हो सकती है वह व्यावहारिक दृश्यमान जगत् है, और वह तो है ही, उसे नहीं कैसे किया जा सकता है? भले ही वह आगमापायी अनिर्वचनीय या सदसद्विलक्षण हो। जिसकी ये विशेषताएं वेदान्त शास्त्र ही सिद्ध कर रहा है। उसे नहीं कैसे कहा जाए?

सीधी बात तो यह है कि इस विषय में हम बौद्ध सम्प्रदाय के जाल में फंस गये हैं और यह दृश्यमान व्यावहारिक जगत है ही नहीं, ऐसी उलटी अर्थ-हीन विचित्र और व्याघात दोषपूर्ण भाषा बरत रहे हैं?

इस सम्बंध में, भला वैशेषिक और नैयायिक क्या कह रहे हैं, उस पर भी एक दृष्टि डाले चलिए। श्रीविद्यारण्य स्वामी प्रणीत सर्वदर्शनसंग्रह' पुस्तक में जो औलूक्य अर्थात् वैशेषिक दर्शन दिया गया है, उसके अन्त में 'त्रैकालिक अत्यंताभाव का विवरण आ गया है। इस ग्रन्थ पर पुण्यपत्तन के ख्यात नाम विद्वान स्वर्गवासी श्री. वा. के. अभ्यंकर शास्त्रीजी की व्याख्या भी है। इसके पढ़ने से **अभाव** के सम्बन्ध में जो विशेषताएँ ज्ञात होती हैं, वे आगे तालिका द्वारा दिखलाई गई हैं।

अभाव

वैशेषिक तथा नैयायिक सम्प्रदायों के अनुसार



टिप्पणी : इन दो दर्शनों में इतना ही भेद है कि वैशेषिक, अभाव को पृथक पदार्थ नहीं मानते पर नैयायिक पृथक मानते हैं।

तालिका के देखने से स्पष्ट होगा कि **वैशेषिक** और **न्याय** शास्त्रों की दृष्टि से अभावों की चर्चा शशशृंग या खपुष्प जैसे अभाव रूप पदार्थों के संबन्ध में नहीं है, परन्तु भाव रूप पदार्थों के विषय में ही बताई गई है। उसकी व्याख्या के अनुसार अभाव की प्रतीति प्रतियोगिसापेक्ष होना आवश्यक है। यदि ऐसा न हो, तो उसे अभाव ही नहीं कह सकते। फिर अभाव के दो प्रकार बताये गए हैं। (१) एक पदार्थों के विषयक अभाव, जैसे यहां घट नहीं है, अथवा घट पट नहीं है इत्यादि, और (२) पदार्थों के गुणधर्मों के सम्बन्ध या संसर्ग या संयोग के विषयक अभाव; जैसे वायु में रूप का सम्बन्ध या संयोग नहीं है इत्यादि। अंक (१) के नीचे 'त्रैकालिक अत्यंताभाव' शास्त्रकारों ने नहीं बताया है। उसका स्थान अंक (२) के नीचे ही दिया गया है। और इसके उदाहरण भी उन्होंने दिये हैं। उनसे स्पष्ट होता है, कि यहाँ पदार्थों के गुणधर्मों के सम्बन्धादि विषयक ही अभाव बताया गया है। वायु और तेज दोनों हैं, किन्तु तेज का धर्म रूप, वायु से सम्बन्धित कदापि है नहीं, यह बताया गया है। इसी को 'त्रैकालिक अत्यन्ताभाव' कहा है। ध्यान में रहे कि इन सम्प्रदायों की दृष्टि से, वायु और तेज त्रैकालिक सत्य हैं; किन्तु इनके धर्मों का त्रिकाल में परस्पर सम्बन्ध नहीं होता इस लिये इसे त्रैकालिक अत्यन्ताभाव उन्होंने मान लिया है और अध्याहार की दृष्टि से यह ठीक ही है। किन्तु **अद्वैत सिद्धान्त** में यह प्रक्रिया आ नहीं सकती, और यदि कोई लगाना चाहे, और 'ब्रह्मणि जगदभावः' ऐसा कहे, तो उसका अर्थ 'ब्रह्मणिद्वैत रूपं जगत् कदापि नास्ति' यही होता है, जैसा कि इस प्रकरण के पहले परिच्छेद में स्पष्ट किया गया है।

अतः 'त्रैकालिक अत्यंताभाव' की प्रक्रिया, वस्तुओं का अभाव नहीं जनाती, किन्तु उनके गुणधर्मों के सम्बन्ध, संयोग, संसर्ग आदि का ही प्रतिषेध करती है। अर्थात् यह दिन प्रति दिन प्रत्यक्ष परिलक्षित होनेवाला जगत् है ही नहीं, यह विचित्र कल्पना किसी भी शास्त्र की दृष्टि से सिद्ध

नहीं हो सकती।

परिच्छेद (४) जगत् स्वप्न नहीं है

वेदान्त ग्रन्थों में जगत् को स्वप्न का दृष्टांत दिया हुआ पाया जाता है। प्रकट है, कि दृष्टान्त एकदेशी ही रहता है, वह दार्ष्टान्त नहीं हो सकता, स्वप्न और जागृति का शास्त्र से ही विरोध सिद्ध है; स्वप्न में काल का ज्ञान नहीं रहता, अगला पिछला स्मरण नहीं रहता; व्यवहार में स्मरण और प्रत्यभिज्ञा रहती है। स्वप्नव्यवहार जागृति में नष्ट होता है, किन्तु स्वप्न की स्मृति रहती है, उस प्रकार स्वप्न में पूर्व जागृति की स्मृति नहीं रहती, जागृति में जगत् के बड़े बड़े कार्यक्रम नियम शृंखला से चलाए जाते हैं; उनका वृत्तान्त तैयार किया जाता है, रिपोर्ट छपते हैं, अनेक देशों से पत्र व्यवहार, लेन देन, प्रवास, परिषदों के अधिवेशन, इत्यादि इत्यादि बहुविध कार्य प्रणालियां अनुसंधान के साथ वर्षानुवर्ष जारी रहती हैं, स्वप्न में यह कुछ रहता ही नहीं। जैसा कि रज्जुसर्प के प्रकरण में स्पष्ट किया गया है, स्वप्न और जागृति में समानता अत्यन्त अल्प मात्रा में है, अर्थात् साधकों को सचेत् रहना चाहिए कि ऐसे दोषयुक्त दृष्टान्तों के चक्कर में न आएँ। इस विषय में ब्रह्म सूत्र 'नाभावः उपलब्धेः' (२-२-२८) और 'वैधर्म्याच्च न स्वप्नादिवत्' (२-२-२९) इनके भाष्यों में स्पष्टतया निर्णय दिया गया है। पहले में बाह्य पदार्थों का व्यावहारिक सत्यत्व सिद्ध कर दिया है, और दूसरे में जगत् स्वप्न है, इस भ्रान्त धारणा का साफ निराकरण कर दिया गया है। हमको चाहिए कि हम सैद्धान्तिक दृष्टि का अवलम्बन करें। दृष्टान्त तो दार्ष्टान्त बना कर जगत् का प्रातिभासिकत्व सिद्ध करने के लिए अट्टहास करते रहना, अपनी और दूसरों की सरासर वंचना करना है। दुर्भाग्य है, कि ऐसी भुलावा देनेवाली भाषा हमारे वेदान्त ग्रन्थों में अनर्गल लिखी गई है, जिसके परिणामस्वरूप हमारी भ्रांति ही बढ़ी है। हिटलर कहता था कि झूठ क्यों न हो, बार बार ऊंचे स्वर से कहते चले जाइए, कालान्तर से वही सच्चा प्रतीत होता है! बस, यही अनुभव वेदान्त में भी आ गया है।

परिच्छेद (५) श्रीमद्भगवद्गीता की दृष्टि से जगत् व्यावहारिक सत्य है

श्रीमद्भगवद्गीता की दृष्टि से जगत् को असत्य नहीं कहा जा सकता। जगत् को झूठ कहना आसुरी वृत्ति है, इस विपरीत भावना से अल्पबुद्धि लोग दुराचारी बनते हैं, जिसका परिणाम नाश में ही होता है। गीता के १६ वें अध्याय में यह श्लोक है:—

द्वौ भूतसर्गौ लोकेऽस्मिन् दैव आसुर एव च
दैवो विस्तरशः प्रोक्तः आसुरं पार्थ मे शृणु ।६

प्रवृत्तिं च निवृत्तिं च जना न विदुरासुराः
न शौचं नापि चाचारो न सत्यं तेषु विद्यते ॥७॥

असत्यमप्रतिष्ठं ते जगदाहुरनीश्वरम्
अपरस्परसंभूतं किमन्यत् कामहैतुकम् ॥८॥

एतां दृष्टिमवष्टभ्य नष्टात्मानोऽल्पबुद्धयः
प्रभवन्त्युग्रकर्माणः क्षयाय जगतोऽहिताः ॥९॥

निष्कर्ष यह है, कि जगत् को मिथ्या अर्थात् सदसद्विलक्षण कह सकते हैं, किन्तु उसे अभाव रूप, झूठ प्रातिभासिक, प्रतिपादन करना, अद्वैत सिद्धान्त के विरुद्ध है, असत्य का तात्पर्य अगर त्रिकालाबाधित सत्यत्व है, तो उसे कोई नहीं नहीं करेगा, किन्तु बिना शब्दों की व्याख्या किये, कुछ का कुछ कह देना ठीक नहीं है। श्रीमद्भगवद्गीता जगत् को व्यावहारिक सत्य मानती है। इसी लिए जगत् को असत्य मानने वालों की उसने कठोर निन्दा की है।

परिच्छेद (६) जगत् आरोप है क्या ?

बहुत वेदान्ती सज्जनों की धारणा है, कि जगत् एक **आरोप** है। परिभाषा की दृष्टि से इसके दो अर्थ होते हैं:—

(१) आहार्य आरोपः जैसा प्रतिमा या किसी आलम्बन में अपने इष्ट देवता या शिव विष्णु आदि की भावना करना और भक्ति भाव से पूजा, अर्चा, करना। ये तो जानबूझ कर की हुई उपासनाएँ हैं। इनमें अपने को या दूसरों को फँसाने की बात ही नहीं है, अर्थात् यह भ्रम नहीं है। आहार्य आरोप के दूसरे उदाहरण 'सिंहो माणवकः', 'आयुर्वै घृतम्' इत्यादि हैं, जो भ्रम नहीं हैं। ये तो साहित्यिक अलङ्कारिक भाषा मात्र है।

(२) अनाहार्य आरोप; यह भ्रम है, जिसकी व्याख्या शांकर भाष्य में 'अतस्मिंस्तद्बुद्धिः' की गई है। जहां बुद्धिगत भ्रान्ति से ऐसी भावना होती है, जैसे रज्जुसर्प में, या शुक्ति रौप्य में, वहां पर ही भ्रम होता है। परन्तु जहां जानबूझ कर अंक [१] में बताए प्रकार धारणा की जाती है, वह आहार्य रूप रहने से, उक्त व्याख्या या लक्षण में नहीं आती। वहां वास्तविक 'अतस्मिंस्तद्बुद्धिः' नहीं है। एवम् जब आरोप कर्ता पुरुष स्वयं भ्रान्त होता है, तब ही उपर्युक्त लक्षण घटित हो कर भ्रम की सिद्धि, भ्रान्त पुरुष के मस्तिष्क के अंदर होती है। भ्रम बाहर कहीं भी नहीं रहता जैसा कि पहले पृष्ठ ५६ तथा ६९ पर बताया गया है।

अध्यारोप की भी यही बात है, शास्त्रकारों ने 'वस्तुनि अवस्त्वारोपः' ऐसी इसकी व्याख्या की है। अतः जहां भ्रान्ति से ऐसा आरोप किया जाता है, वहां ही भ्रम होता है परन्तु जहां जानबूझ कर अलङ्कारिक वाणी से अध्यारोप द्वारा इष्ट वस्तु का वर्णन किया जाता है, जैसा 'आयुर्वै घृतम्' इत्यादि, वहां अध्यारोप, भ्रान्ति वाला नहीं होता, क्योंकि यहां उपर्युक्त लक्षण ही घटित नहीं होता।

जगत् के विषय में, इस प्रकरण के पहले अनुच्छेद में 'अद्वैतसिद्धि' की व्याख्या से ही स्पष्ट कर दिया गया है कि जगत्, भ्रमरूप आरोप नहीं है। अपिच दूसरे तथा चौथे अनुच्छेद में ब्र. सू. (२-२-२८ तथा २९) के भाष्यों का निर्णय दिया है कि जगत् न तो भ्रम है, और न स्वप्न ही। फिर भी यदि कहा जाए कि जगत् एक भ्रान्त जीव का किया हुआ **आरोप है**, तो वह युक्ति

संगत नहीं हो सकता, कारण, **आरोप** की सिद्धि के लिए निम्न बातों की अनिवार्य आवश्यकता होती है।

(१) आरोप करने वाला पुरुष।

(२) जिस पदार्थ पर आरोप किया जा सके, ऐसा कोई आलम्बन रूप दृश्य या ज्ञेय पदार्थ।

(३) जिसका आरोप करना है, ऐसे अनेक पदार्थ, और उनका अल्पाधिक ज्ञान।

(४) फिर भ्रान्ति की सामग्री, याने मन्द अन्धकार, आलम्बन और आरोप्य पदार्थों में सादृश्य, आवरण विक्षेप इत्यादि इत्यादि।

(५) सब से प्रथम तो स्थूल काल का रहना आवश्यक है; बिना इनके तो कुछ भी नहीं बन पाता।

अब विचार करने की बात है, कि यदि यह सब पारिवारिक पर्याप्त सामग्री रहे, तो फिर जगत् की स्वयं ही सिद्धि हो जाती है। अतः जिस प्रभावशाली शक्ति ने इस सामग्री को उत्पन्न किया, उसको फिर एक निराला 'जीव भ्रान्ति' वाला आरोपित जगत् करने की आवश्यकता ही क्या रहती है? उपर्युक्त विवरण से सुविशद होगा, कि यह जीवगत भ्रान्तिजन्य **आरोप** की परिकल्पना, जिसका दूसरा नाम **एकजीव** वाद है, कितनी श्रुति स्मृति प्रमाण विरहित तथा तर्क दृष्टि से अति विसंगत है! विवश हो कर कहना पड़ता है, कि अद्वैत सम्प्रदाय के कतिपय प्रगाढ़ पण्डितों ने इसको, गम्भीर रहस्य के नाम पर अपना लिया है, और उसीमें वे अपने को कृत कृत्य मान ले रहे हैं! निविड़ अविद्यारण्य का यह एक ज्वलन्त प्रमाण है।

विज्ञ पाठक गण, 'श्रुति शरण' सनातनी पण्डितों के लिए तो रास्ता सीधा साफ है। ऐतरेय श्रुति, स्पष्टरूप से बता रही है:—'आत्मा वा इदमेक

एव अग्र आसीत नान्यत् किञ्चन मिषत्। स ईक्षत लोकान्नु सृजा इति' इस प्रकार श्रुतिगत प्रमाण शतशः मिलते हैं। ब्रह्मसूत्र 'देवादिवदपि लोके' (२-१-२५) के भाष्य में स्पष्ट ही बताया गया है, कि चेतनं ब्रह्म 'अनपेक्ष्यैव बाह्यं साधनम् ऐश्वर्य विशेष योगात् अभिध्यानमात्रेण स्वत एव' जगत् सक्ष्यति। ऐन्द्र जालिक मायावी के दृष्टान्त का विवरण पहले ही पृष्ठ ४९ से ५३ तक किया गया है। इस मायिक सृष्टि को यदि आरोपित जगत् कहना हो, तो एक दृष्टि से कह सकते हैं। पर स्मरण रहे कि यहीं तो ब्रह्मकारणता का सिद्धान्त है, यह भ्रमकारणता वाद नहीं है; क्योंकि (१) कोई भी भ्रम परमात्मा को छूने नहीं पाता और (२) जो अनन्त पदार्थ, सूर्य, चन्द्र, तारक, पृथ्वी, आकाश, वायु, जल, पर्वत, नद, नदियां, इत्यादि परमात्मा ने उत्पन्न किए हैं, वे भी भ्रम रूप नहीं हैं। वानस्पत्य जगत् और प्राणि सृष्टि भी भ्रम रूप नहीं है। परमात्मा ने भ्रम को केवल एक 'मनोधर्म' के रूप में ही उत्पन्न किया है जिसका वास्तव्य मन के अन्दर ही है बाहर त्रिभुवन में कहीं नहीं है। (देखिए पृष्ठ ५३)

शंकर भगवान ने अपने ग्रन्थों में अनेकों स्थलों पर '**अविद्या** ध्यारोपित मिदं द्वैत जातम्' '**अविद्या** प्रत्युपस्थापित नामरूपभेदलक्षणं जगत्' ऐसा संसार का वर्णन किया है, परन्तु इस 'अविद्या' शब्द से उनका आशय' भ्रम या जीवगत भ्रान्ति का नहीं है, प्रत्युत अभिन्ना पारमेश्वरी शक्ति का है। इसका यथेष्ट विवेचन प्रकरण (३०) परिच्छेद (२) पृष्ठ ६१ पर किया गया है।

निष्कर्ष यही है कि इस ब्रह्माण्ड मण्डल को **आरोप** परमात्मा की अद्भुत लीला, 'लोकवत्तु लीला कैवल्यम्' (ब्र. सू. २-१-३३) की दृष्टि से ही कहा जा सकता है। जीव भ्रान्ति या किसी अन्य दृष्टि से नहीं।

प्रसंगवश यहां एक विशेष उलझन की आलोचना करना अनुचित न होगा। वेदान्त के विचारकों में कैसी कैसी असमंजस धारणाएँ रूढ़ हो गई हैं, देख कर चित्त विस्मय विमुग्ध हो जाता है। जिसके विषय में अब विचार प्रस्तुत किया जा रहा है, वह उलझन भी अपनी ढंग की निराली है, और

बड़ी कौतुक जनक है ! कतिपय प्रकरण ग्रन्थों में लिखा हुआ रहता है:—

। अध्यारोपापवादाभ्यां निष्प्रपञ्चं प्रपंच्यते
शिष्याणा बोधसिद्धयर्थं तत्त्वज्ञैः कल्पितः क्रमः ।

(देखिए, श्रीविद्यारण्यकृत पञ्चदशी-नाटकदीप, प्रथम श्लोक की टीका)

यह वचन किस महापुरुष का है, ग्रन्थों से पता नहीं चलता । पर उसका सीधा सरल तात्पर्य यही है, कि प्रपञ्चातीत परब्रह्म का निरूपण और विवेचन, क्रमशः दो प्रकार से करने की रीति है, एक अध्यारोप और दूसरा अपवाद । तत्त्ववेत्ता पुरुषों ने ऐसी रीति इसलिए निश्चित की है कि शिष्यों को समझने में सुविधा बने । इस पर प्रश्न होता है कि अध्यारोप की कौनसी रीति है और अपवाद से भी क्या अभिप्रेत है ? बहुत से वेदान्त के तथा कल्पित पण्डित, यह अर्थ लिए बैठे हैं, कि परब्रह्म के सम्बन्ध में पहले कुछ का कुछ भ्रान्ति रूप आरोप कर देना और फिर उसका खण्डन कर डालना यही विद्वानों की पद्धति है । यह तो बड़ी विचित्र और हास्यजनक पद्धति है ! पहले परब्रह्म के विषय में मन—चाहे अण्ट-सण्ट प्रलाप कर देना, और पश्चात् उनको खदेड़ देना, तो बन गया ब्रह्मविद्या का उपदेश ! इस असम्बद्ध पद्धति की तो त्रिभुवन में उपमा नहीं मिलेगी ! साधारण तारतम्य बुद्धि को भी यह कल्पना ठीक नहीं जँचती, और व्याकरण शास्त्र की दृष्टि से तो बहुत ही अनुपपन्न है । यदि यही मन्तव्य होता तो, 'अध्यारोपस्य अपवादेन' अर्थात् 'अध्यारोपापवादेन' ऐसा, षष्ठी तत्पुरुष समास की तृतीया विभक्ति का एक वचन रहता । परन्तु यहां तो 'द्विवचन' का व्यवहार किया गया है, अतः स्पष्ट है, कि यह 'उभयपद-प्रधान द्वन्द्व समास है । जैसे 'बाहुभ्यां नदीं तरेत्' दोनों बाहु से नदी पार करें। ठीक इसी प्रकार 'अध्यारोप' की रीति से भी निष्प्रपञ्च ब्रह्म का निरूपण सुयोग्य रीति से होना उद्दिष्ट है, जैसा कि 'अपवाद' की रीति से । एक झूठा है, और दूसरा सच्चा है, ऐसा अर्थ नहीं है । तात्पर्य, यही 'अन्वय व्यतिरेक' वाली शास्त्रसिद्ध पद्धति है ।

इस परिच्छेद के आरम्भ में ही स्पष्ट किया गया है, कि **आरोप** दो प्रकार के होते हैं, एक आहार्य और दूसरा अनाहार्य। प्रथम में भ्रान्ति नहीं होती, और दूसरे में आरोप करने वाला पुरुष स्वयं ही भ्रान्त होने से भ्रम की सम्भावना रहती है। पर, जब उपदेष्टा पुरुष स्वयं ही अध्यारोप द्वारा पर ब्रह्म का उपदेश देता है, तो वह भ्रान्तिवाला नहीं हो सकता। वह विधिमुख—अन्वय दृष्टि का ही होता है, और दूसरा 'नेति नेति' अर्थात् अपवाद रूप, उसी निर्गुण निष्कल पुरुष का होता है, जिसका विधिमुख से प्रथम वर्णन किया गया हो। अद्वैतसिद्धान्त से निर्गुण और सगुण में द्वत भाव को स्थान देना कदापि योग्य नहीं हो सकता।

अब देखिए भगवान् **शंकर** इस सम्बन्ध में क्या सम्मति रखते हैं। भगवद्गीता अपने तेरवें अध्याय में, आघोषित कर रही है:—

। ज्ञेयं यत्तत् प्रवक्ष्यामि यज्ज्ञात्वाऽमृतमश्नुते
अनादिमत् परं ब्रह्म न सत् तन्नासदुच्यते । १२

। सर्वतः पाणिपादं तत् सर्वतोऽक्षिशिरोमुखम्
सर्वतः श्रुतिमल्लोके सर्वमावृत्य तिष्ठति । १३

जिस नित्य, शुद्ध, बुद्ध, मुक्त स्वभाव अद्वितीय आत्मतत्त्व के परिज्ञान से अमृतत्व की प्राप्ति होती है, वही आत्मतत्त्व, सर्वव्यापी अनन्त शीर्ष अनन्त हस्त अनन्तपाद इत्यादि इत्यादि है, अर्थात् अमित प्रभाव शाली है, यही यहां बताया गया है। उसको भगवान् शंकर अध्यारोप का प्रतिपादन कहते हैं, परन्तु इससे उनका अभिप्रेत भ्रान्ति का नहीं है। जिन भद्र पुरुषों को यह वर्णन भ्रान्ति वाला प्रतीत होता है, वे भाषा विज्ञान के बहुत दूर हैं। यह तो एक साहित्य की व्यंग्य वाली भाषा शैली है। पुरुष सूक्त में भी ऐसी भाषा का प्रयोग किया गया है। जिसको साधारण पुरुष भी भ्रान्तिवाला नहीं कहेगा। यदि कोई कहे कि श्रीविद्यारण्य मुनि अपने समय के बड़े धुरन्धर व्यक्ति थे। तो क्या इसका अर्थ वे बैल थे ऐसा समझा जाएगा? धुरन्धर का

शब्दार्थ बैल ही होता है। अध्यारोपित भाषा के भूरिशः उदाहरण श्रुत्यादि ग्रन्थों में पाए जाते हैं, जैसे :—

(१) 'अनेजदेकं मनसो जवीयो नैनद्देवा आप्नुवन् पूर्वमर्षत' इत्यादि (ई. उ. मं. ३)

(२) 'स पर्यगात् शुक्रम्...कविर्मनीषी...इत्यादि (ई. उ. मं ८)

(३) 'श्रोत्रस्य श्रोत्रं मनसो मनो यद्वाचो ह वाचम् स उ प्राणस्य प्राण श्चक्षुष श्चक्षुः' (केन १-२)

(४) 'नित्यो नित्यानाम् चेतनश्चेतनानाम् (कठ० २-१२)

(५) 'अथ य आत्मा स सेतुः विधृतिः एषां लोकानामसंभेदाय' (छां ८-४-१)

(६) 'तस्योपनिषत् सत्यस्य सत्यं प्राणा वै सत्यं तेषामेष सत्यम्' (बृ. २-१-२०)

(७) 'सर्वाननशिरोग्रीवः सर्वभूतगुहाशयः' (श्वे ३-११)

(८) 'अहं वैश्वानरो भूत्वा प्राणिनां देहमाश्रितः' (गी १५-१४)

(९) 'ईश्वरः सर्वभूतानां हृद्देशेऽर्जुन तिष्ठति (गी. १८-६१)

(१०) । आत्ममये महति पटे विविध जगच्चित्रम् आत्मना लिखितम्
स्वयमेव केवलमसौ पश्यन् प्रमुदं प्रयाति परमात्मा ।
(श्रीशङ्कराचार्य कृत स्वात्मनिरूपणम् श्लो. ९५)

इस प्रकार के शतशः वचन जो, सम्यग्ज्ञान करा देते हैं, भ्रान्त नहीं माने जा सकते। वे भाषा के अलङ्कार रूप हैं। जब गीता माता स्वयं ही परब्रह्म की अतुलनीय प्रभावशालिता का बखान कर रही है, और बता रही है कि अखिल जड़ उपाधियों को उत्प्रेरित संजीवित और संचालित करने वाली एकमेवाद्वितीय चितिशक्ति है, तो ऐसे वचन, भले ही अध्यारोप की भाषा से किये गये हों, भ्रन्ति रूप समझना नितान्त असंमजस है।

'अध्यारोप' भ्रान्तिरूप है, या विधिरूप एवम् यथार्थ ज्ञानदायक है, इसका निर्णय, अध्यारोप कर्ता पुरुष पर निर्भर करता है। यदि वह भ्रान्त मानव हो, तो अध्यारोप भ्रम ही होगा; परन्तु जब ज्ञान दायक श्रुति स्मृतियां परब्रह्म के सम्बन्ध में अध्यारोप की भाषा बरत रही हैं, तो वे यथार्थ ज्ञान ही दे रही हैं, इसमें कणमात्र सन्देह नहीं हो सकता।

इसी न्याय से सृष्टि भी परमात्मा की अध्यारोपित होने से वह उसने भ्रान्ति से बनाई है यह निष्कर्ष नहीं निकलता। पञ्चदशी के 'नाटकदीप' का पहला ही श्लोक, जिसकी टीका में 'अध्यारोपापवादाभ्याम्' यह वचन आया है, स्पष्ट तया बता रहा है :—

। परमात्माऽद्वयानन्दपूर्णः पूर्वं स्वमायया
स्वयमेव जगद्भूत्वा प्राविशत् जीवरूपतः ।१

अर्थात् अखिल प्रपंच परमात्मा का रचा हुआ एक विराट नाटक है। इस अचिन्त्य अपरिमेय आत्मतत्त्व ने, अनन्त चराचर, छोटे-से-छोटे, और विशाल से विशाल, उपाधियों का स्वाँग रच कर अपनी अद्भुत लीला को विजृम्भित कर दिया है। और ऐसा करते हुए भी वह अशेष विशेष विरहित अव्यय निर्लिप्त, निरुपाधिक और नेति नेति स्वरूप ही है। 'सर्वतः पाणि पादं तत् सर्वतोऽक्षिशिरो मुखम्' इत्यादि गीता का वचन इसी रहस्य को अध्यारोप की भाषा से इङ्गित कर रहा है। यहां भ्रान्ति वाद या असत्यता की कोई बात

नहीं है। **अद्वैतविज्ञान** की परिष्कृत विचारधारा का मौलिक सिद्धान्त ब्रह्म-कारणता' का है; उसकी सुप्रतिष्ठा अपनी लोकोत्तर प्रभावशालिता से करनेवाले शंकर भगवान् भ्रान्ति कारणता का पुरस्कार करेंगे यह अत्यंत असम्भव है।

अब 'अपवाद' के अर्थ को भी देख लीजिए। उसकी व्याख्या है, अवस्तु भूतस्य वस्त्वात्मना निर्देशः' इस विराट् प्रपञ्च का आत्मा, परब्रह्म है, यह जान लेना 'अपवाद' है। अध्यारोप को खदेड़ देना, झुठलाना या नष्ट करना यह यहां अर्थ नहीं है, प्रपञ्च को ब्रह्मस्वरूप समझना यही अभिप्रेत है, देखिए पृष्ट ८३ पर की रेखाङ्कित पंक्तियां। छान्दोग्य उपनिषद्, (६-२-२) के भाष्य में **सत्कार्य** वाद का प्रतिपादन करते हुए **शङ्कर** भगवान् लिखते हैं। 'सदेव (ब्रह्म एव अत्र) संस्थानान्तरेण अवतिष्ठते। यथा सर्पः कुण्डली भवति। यथा च मृद् चूर्ण पिण्ड घट कपालादि प्रभेदैः ...न अस्माभिः कदा-चित्कचिदपि सतोऽन्यत् अभिधानम् अभिधेयम् वा वस्तु परिकल्प्यते। सदेव तु सर्वम् अभिधीयते च यदन्य बुद्धया। यही सर्वोच्च तत्त्वज्ञान है।

इस अनुषंग में पण्डितवर्य अमलानन्द की उक्तिः—

। स्वशक्त्या नटवत् ब्रह्म कारणं शंकरोऽब्रवीत्
जीवभ्रान्ति निमित्तं तत् बभाषे भामती पतिः ।

का स्मरण हुए बिना नहीं रहता। इसका उल्लेख पहले, प्रकरण (५) उपोद्घात के अन्तिम भाग में किया गया है। नट के दृष्टान्त में भी उपर्युक्त छान्दोग्य श्रुति का रहस्य भरा हुआ है।

अध्यारोप और अपवाद का उल्लेख, स्वामी विद्यारण्य ने अपनी पञ्च-दशी के तृप्तिदीप में अनेक उदाहरणों के साथ किया है, (देखिये श्लोक ४५ से ८७)। इसी प्रकार, 'अनुभूति प्रकाश' नामक अपनी सार संग्राहक कृति में भी

किया है। दोनों स्थलों पर जो निरूपण और विवरण है, प्रस्तुत लेखक के विचारों से विभिन्न नहीं प्रत्युत समर्थक है।

पर एक बात यहाँ स्पष्टतया बता देना आवश्यक है। आप, प्रकाण्ड गीर्वाण पण्डितों को लीजिये या प्रगाढ़ प्राकृत वेदान्त शास्त्रज्ञों को लीजिये, इनके बड़े बड़े ग्रन्थों में, इतने विभिन्न विभिन्न अपिच परस्पर विरोधी मतों का प्रतिपादन किया हुआ रहता है, कि इनकी निजी सम्मति क्या है समझना अति दुर्घट हो गया है। कहीं तो ये भेदाभेदवाद का पुरस्कार करते हैं, और कहीं अभावकारणता का समर्थन करते हैं। कहीं ब्रह्मकारणता का प्रतिपादन रहता है, तो कहीं **एकजीव** वाद का रहस्य बताया जाता है। कहीं ये भ्रान्त माया की कारणता बताते हैं, तो कहीं नित्य शुद्ध बुद्ध निर्गुण ब्रह्म ही भ्रान्त और विकृत होता है ऐसा स्पष्टतया लिख मारते हैं! ऐसे सिद्धहस्त महा पण्डितों के ग्रन्थ, इन व्याघात दोषों से क्योंकर लांछित दिखाई देते हैं, या हमको ही इनकी प्रतिपादन शैली समझ में नहीं आती, प्रस्तुत लेखक की तुच्छ बुद्धि में नहीं धँसता। ईसा सन की तेरहवीं शती में महाराष्ट्र में एक लोकोत्तर मेधावी पुरुष 'ज्ञानेश्वर महाराज' हो गये जिन्होंने अपनी अनूठी प्रतिभा से अपने नाम को सार्थक कर रखा है। इनकी भगवद्गीता की टीका 'ज्ञानेश्वरी' भारतवर्ष में सुविख्यात है। इसका भाषानुवाद दक्षिण तथा उत्तर भारत के बीसों भाषाओं में हो चुका है। अपनी अनिन्द्य सुन्दर हृदयस्पर्शिनी शैली तथा आध्यात्मिक अपूर्व प्रफुल्लता के कारण इस ग्रन्थ ने वेदान्त विचारकों के हृदयों में एक ऊँचा सम्मान का स्थान प्राप्त कर लिया है। इनका तात्त्विक पक्ष 'चिद्विलास' अर्थात् 'ब्रह्मकारणता सिद्धान्त' है ऐसी बहुत विद्वानों की अभिमति है। परन्तु परसों ही एक वेदान्त शास्त्र के प्रगाढ़ पण्डित कह रहे थे कि उनका 'भ्रान्ति कारणता' वाला सिद्धान्त है, ऐसा अब प्रमाणित हो रहा है! कैसे खेद की बात है कि पचीस पचीस वर्ष के 'ज्ञानेश्वरी' के अध्ययन और परिशीलन के पश्चात्, विद्वानों को ही सन्देह हो रहा है कि श्रीज्ञानेश्वर की निजी सम्मति क्या थी? वेदान्त शास्त्र के सम्बन्ध में ऐसी दयनीय दशा देख किसका चित्त विह्वल नहीं होगा? बरबस कहना पड़ता है कि इन प्रकाण्ड

पण्डितों ने अपने ग्रन्थों में, तत्त्वानुसन्धान कराने के लिये जो विचित्र पहेली वाली शैली स्वीकार की है, उसके फलस्वरूप वेदान्त साहित्य में जो घना अविद्यारण्य फैल गया है, उसको हटाने के निमित्त विद्वन्मूर्धन्यों के द्वारा अनेक प्रयास होना आवश्यक है। इस दिशा से पहला जबरदस्त प्रयत्न लगभग ४० वर्ष पूर्व, स्वर्गीय राष्ट्रनिर्माता लोकमान्य **तिलक** ने अपने सुविचार परिप्लुत 'गीता रहस्य' ग्रन्थ द्वारा किया, जिसके कारण महाराष्ट्र देश में एक अभूत पूर्व जागृति हो गई, और इस गहन विषय पर अनेकों दृष्टिकोणों से कोई बीस पचीस साल तक चर्चाएँ होती रहीं। इसके पहले भी अध्यात्म विषय में जागृति के आन्दोलन बगाल पंजाब आदि प्रान्तों में हो चुके हैं। इनके सम्बन्ध में वन्दनीय स्वामी रामकृष्ण परम हंस, स्वामी रामतीर्थ, स्वामी विवेकानन्द स्वनाम धन्य बाबू अरविन्द घोष इत्यादि महामहिम पुरुष अत्यादर के भाजन हो चुके हैं। तत्त्वज्ञान के विषय में दिगन्त ख्यात महानुभाव सर सर्वेपल्ली राधाकृष्णन् ने जितना सुदीर्घ प्रयत्न किया है उतना वर्तमान काल के किसी विद्वान् का किया हुआ नहीं पाया जाता। हमारा अहोभाग्य है कि आज वे उपराष्ट्रपति के सम्मानित स्थान को अलंकृत कर रहे हैं। इनके पथप्रदर्शन से आशा है कि अनेक मनीषी पुरुष अपने लेखों द्वारा दार्शनिक जागृति के विषय में उल्लेखनीय प्रयास करेंगे।

(४२) आधिकार भेद

सभी पुरुषों में एक सी क्षमता नहीं होती। एक परिस्थिति में जन्म पाकर और समान शिक्षा दीक्षा से लाभान्वित होकर भी विभिन्न व्यक्तियों में विभिन्न गुणों तथा दोषों का विकास पाया जाता है। बौद्धिक क्षमता की भी यही दशा है। चतुर पुरुष जो बात तुरन्त समझ जाता है दूसरा अनेक दृष्टान्तों से भी नहीं समझ पाता। इस दृष्टि से बौद्ध सम्प्रदाय ने तत्त्वशिक्षा प्रदान करने के अर्थ, चार प्रकार के जिज्ञासु मान्य किये हैं, और उनके निमित्त क्रमोन्नति द्वारा अर्हत् पदप्राप्ति की आयोजना की है। इस सम्प्रदाय का अभ्युपगम है, कि उत्तम अधिकारी को, शिक्षा पूर्ण होने पर, जगत् के परमतत्त्व-शून्य-का साक्षात् होता है। अधिकार का विवरण निम्नप्रकार है।

अधिकारी	उनकी संज्ञाएँ	उनकी विशेषता
उत्तम	(१) माध्यमिक	जगत् का मूल संवृतिरूप संवित है। इसीसे आलयविज्ञान और प्रवृत्तिविज्ञान प्रवाह की उत्पत्ति होती है और इन्हीं के विजृम्भण से सब प्रतिभास मस्तिष्क में उत्पन्न होते हैं और पदार्थ रूप से बाहर प्रतीत होते हैं। वास्तव में बाहर पदार्थ है ही नहीं।
मध्यम	(२) योगाचार	जगत् के पदार्थों का आरम्भस्थान बुद्धि या आलय विज्ञान है। दृश्यमान पदार्थ, सब उसी से उत्पन्न होते हैं, और बाहर हैं ऐसी प्रतीति होती है। बाहर पदार्थ है ही नहीं।
कनिष्ठ	(३) सौत्रांतिक	बाह्य पदार्थों का अस्तित्व, प्रत्यक्ष प्रमाण से नहीं किन्तु अनुमिति प्रमाण से है ऐसा माननेवाले
	(४) वैभाषिक	बाह्य पदार्थों को प्रत्यक्ष अनुमान प्रमाण से स्वीकार करनेवाले

ऊपर के कोष्ठक से विदित होगा, कि माध्यमिकों ने संवित् को जगत् का मूल कारण मान लिया है। यदि उन्होंने इसे निर्लिप्त अपरिणामिनी नित्य शुद्ध बुद्ध स्वभाव स्वीकार किया होता, तो फिर उनके सिद्धान्त में और अद्वैत सिद्धान्त में विरल विरोध रहता। परन्तु उन्होंने उसको संवृति अर्थात अज्ञान रूप और विनाशी माना है। फलस्वरूप उनको विवशता से जगत् का अधिष्ठान शून्य ही मानना पड़ता है।

अब यहां पर यही बात दिखानी है, कि हमारे मध्यकालीन पण्डित जनों ने भी ठीक इसी नमूने पर वेदान्त के अधिकारियों की श्रेणी बना डाली है, बाह्य पदार्थों का व्यावहारिक अस्तित्व स्वीकार करने वालों को उन्होंने मन्दमति, कनिष्ठ ठहराया है ! और उनको मनो मात्र अर्थात केवल प्रतिभास रूप एवं शून्य मानने वालों को, उत्तम कोटि वाला ठहराया है ! वेदान्त अधिकारियों का ऐसा वर्गीकरण प्रस्थान त्रयी में कहीं नहीं है । **अनिर्वचनीय** ख्याति का हमारा जो ऊँचा सिद्धान्त पक्ष उसको मतिमन्दों का पक्ष ठहरा देने और बौद्ध सम्प्रदाय का जो **शून्यवाद** पक्ष उसी को श्रौतपक्ष समझ कर सिर पर चढ़ा लेने, को क्या कहना समझ में नहीं आता ! देखिए श्रीविद्यारण्य भी क्या कहते हैं :—

। तुच्छाऽ **निर्वचनीया** च वास्तवी चेत्यसौ त्रिधा
ज्ञेया **माया** त्रिभिर्बोधैः श्रौतयौक्तिकलौकिकैः ।
(पंचदशी चित्रदीप श्लो. १२०)

बड़े बड़े विद्वानों को भी इस श्लोक का अर्थ करने में चिन्ता ही होगी । ग्रन्थकार के शिष्य श्रीरामकृष्ण धड़ाके से लिख डालते हैं । 'श्रौतबोधेन तुच्छा कालत्रयेऽप्यसता ? परन्तु आगे के ही श्लोक में ।

। "अस्यसत्वमसत्वं च जगतो दर्शयिष्यसौ" ।

अर्थात् जगत का अस्तित्व, नास्तित्व **माया** के ही कारण है, और आगे ही 'जीवेशावपि निर्ममे' 'करोति **जगदादिकम्**' ऐसा भी लिखा है ! इससे स्पष्ट है कि माया है, और अगले जगत् के लिए उसका अध्याहार भी अवश्य है । फिर तीनों कालों में वह नहीं, यह अर्थहीन शब्द कैसे लिखे जाते हैं समझ में नहीं आता । वदतो व्याघात की और संभ्रमोत्पादक भाषा प्रयोग की यह तो सीमा हो चुकी । अच्छा, अन्त में तात्पर्य क्या निकला ? यही कि माया है, और वह कार्य-क्षम भी है । फिर तुच्छा और अनिर्वचनीया इनमें भेद ही क्या रहा ? नृसिंह

उत्तर तापनीय उपनिषद् जिसमें माया को तुच्छा कहा गया है उसमें श्रीविद्यारण्य ही उसका अर्थ **अनिर्वचनीय** बताते हैं। उनके शब्द हैं:—'स्वप्रकाश चिदाश्रयत्वानुभवबलसिद्धामनिर्वचनीयतामाह 'तुच्छामिति'। 'कालत्रयेष्यसती' 'कालत्रय' यही तो माया के अस्तित्व के प्रमाण हैं। कालत्रय तो हैं और माया मात्र नहीं यह कैसे होगा ? और यह कैसे ध्यान में नहीं आता, यह बड़ा आश्चर्य है ! पण्डितलोग ही यदि ऐसी भ्रान्त भाषा लिखें, तत्त्व ज्ञान के क्षेत्र की बाढ़ ही यदि क्षेत्र के फलों को खाने लगी, तो बेचारे पाठकों के हाथ कड़वे वृंदावन फल के अतिरिक्त दूसरा क्या आ सकता है ?

सारांश, सिद्धान्त यही है कि **माया** अक्षर ब्रह्म की स्वरूप भूता शक्ति है। (दे० प्र० ३०) परिच्छेद (२) पृष्ठ ६१।

(४३) विश्वप्रपंच क्षणविध्वंसी नहीं है

श्रीमदाचार्य कृत दक्षिणामूर्ति स्तोत्र पर श्रीसुरेश्वराचार्य ने एक मान-सोल्लास नामक टीका लिखी है। उसमें परमात्मा को मायावी, महायोगी, इत्यादि कह कर प्रतिभा सम्पन्न महाकवि भी कहा है। यह विश्व परमात्मा का महान् काव्य है। किन्तु कवि की कलाकृति में और परमात्मा के सृजन में अत्यन्त विभेद है। कवि की सृष्टि कागज पर ही रहती है, भगवान् की सृष्टि स्वरूपवान और कार्यक्षम होती है। इसको 'क्षणविध्वंसिनी' कैसे कहा कहा जाय ? 'एतस्य वा अक्षरस्य प्रशासने गार्गि सूर्याचन्द्रसौ विधृतौ तिष्ठतः' (बृ. ३-८-९) यहां सब कार्य, नियम श्रृंखला से परिबद्ध हैं। भारतीय ज्योतिर्गणित से जगत् की उत्पत्ति होकर दो अब्ज वर्ष बीत गए हैं। पाश्चात्य भौतिक विज्ञान शास्त्रों का भी यही अनुमान है। भविष्यत् में भी इसकी आयु दो अब्ज वर्ष है ऐसा आर्य गणित बताता है। ऐसा ज्ञात रहते भी जगत् को स्वप्न कहना, अथवा दीपक का दृष्टान्त देकर बौद्धों के समान, उसको क्षण विध्वंसी पानी का बुद् बुद कहते रहना, एवम् उनके भ्रम जाल में आकर उन्हीं की डिण्डिमा बजाते रहना, घोर अज्ञानता है। 'क्षणविध्वंसित्व' की कल्पना तो एक अजब बात है। उसमें प्रत्यभिज्ञा कैसी रहे ? व्यवहार कैसे

हों ? तत्त्वानुसंधान भी कैसे बने ? मुख से शब्द निकालते ही, वक्ता भी नष्ट और श्रोता भी नष्ट ! फिर तथ्य ज्ञान हो तो किस को ? सब भ्रम ही भ्रम ! ! पारमेश्वरी **माया** भ्रम रूप कदापि नहीं। 'देवात्मशक्तिम् स्वगुणैर्निगूढाम्' ऐसी वह दिव्य भाव रूप शक्ति है। वह सहस्रावधि युग रहने वाली है, और उसके बनाए हुए आकाश वायु, पृथ्वी, आप इत्यादि अगणित पदार्थ भी कोट्यवधि वर्ष रहने वाले हैं; और जीवात्मा भी वैसा ही है। विश्व को क्षणविध्वंसी नहीं कहा जा सकता।

(४४) भावनाओं के विषय में अज्ञान

क्षणिक विज्ञान वाद की भूल से हम जगत को क्षणविध्वंसी कैसे मानने लगे, इसका दिग्दर्शन ऊपर किया गया है, 'मनोमात्र-मिदंसर्वम्' मन क्षणिक, अतः जगत् भी क्षणिक, यह कल्पना जैसी असत्य है, वैसी ही, यदि हमने मन को जीता तो सब जगत् जीता यह कल्पना भी असत्य है, देखिए न. पहले तो मन ही ऐसा चंचल और दुर्दम्य बनाया गया है, कि मन पर जीत कैसी हो ? मध्यरात्र अगर सूर्य, निकले तो दिन अवश्य होगा; परन्तु मध्य रात्र सूर्य, निकलता नहीं और रात्रि का दिन होता नहीं !

पूर्ण मनोजय असंभव है। हां कुछ अंश में उसका निरोध हो सकता है, यह ठीक है। परन्तु इससे जगत् पर या सृष्टि नियमों पर क्या परिणाम हो सकता है ? बहुत लोग सत्त्वशील रहते हैं। पर उनके इच्छानुसार व्यवहार कहां होता है ? स्व. महात्मा **गान्धीजी** भी बहुत बड़े संयमी थे। उनके सदृश सत्त्वपूर्ण और निग्रही पुरुष क्वचित ही कहीं होंगे, परन्तु जिन जिन उद्देश्यों के अर्थ, उन्होंने वर्षानुवर्ष अविरत श्रम उठाए, वह उद्देश्य उनसे दूर-दूर ही भागते गए। संयम एक मौलिक वस्तु है, और चिन्ता शीलता से उससे लाभ उठाया जाय तो उसके द्वारा कुछ अंश तक ऐहिक और आध्यात्मिक प्रगति हो सकती है। किन्तु दूसरे लोगों पर उसका असर संशयित ही है। और जड़ सृष्टि या सृष्टि नियमों पर तो इसका कुछ भी वश नहीं चलता। इन

स्वाभाविक मर्यादाओं को जानना अत्यावश्यक है। पर इसके विरुद्ध 'यादृशी भावना कुर्यात सिद्धिर्भवति तादृशी' ऐसी एक बलवती दुराशा हमारे समाज में बहुत पुरुषों को भ्रमित कर रही है। कहा जाता है, कि मानसिक बल से जब यह संसार उत्पन्न हो सकता है, तो उसी बल से और भी बातें क्यों नहीं साध्य होंगी। अंग्रेजी में एक कहावत है If wishes were horses beggers would ride भले ही दृढ़ भावावेश हो उससे क्या बन सकता है? 'वृणुते हि विमृश्यकारिणं गुणलुब्धाः स्वयमेव संपदः' चिन्ताशील और संतत प्रयत्नवान् पुरुषों को भी कार्यों में अनेक विघ्न और बाधाएँ उपस्थित हुआ करती हैं। भावना तो केवल एक मनोविकार है। भारत देश के उन्नति के अर्थ घोर संग्राम में प्राणों को न्यौछावर करने वाले महाराष्ट्र के सुविख्यात योद्धा सदाशिवराव भाऊ के हृदय में क्या तीव्र भावनाएँ नहीं थीं? इस देश के बड़े बड़े वीर तथा नेताओं को लीजिए, कितनी बार उनकी तीव्र भावनाएँ और अविरत पुरुषार्थ विफल हो गए? हिटलर को देखिए, क्या उसके अन्तः करण में भावनाओं की उत्कटता कुछ कम थी? हमारा कर्तव्य यही है, कि हम **दैवीसम्पत्ति** के आदर्श को अकम्पित रखें, विवेकनिष्ठा से योग्य प्रयत्न करते हुए यश के साधन बनाते रहें, अन्त में हमको यश अवश्य प्राप्त होना चाहिए। भावना भावना कहते रहने से अपने को और दूसरों को भूल ही होती है। महाराष्ट्र के प्रथितयश **समर्थ** श्रीरामदास अपने 'दास बोध' ग्रन्थ में लिखते हैं:—'आधीं कष्ट मग फळ, कष्टचि नाहीं ते निर्फळ' (११–१०–२०) 'अखंड तजविजा चाळणा जेथें। पाहतां काय उणें तेथें' (१९-६-२९) 'म्हणोनी आळस सोडावा। यत्ने साक्षेपें जोडावा, दुश्चितपणाचा मोडावा, धारा बळें' (१२-९-८) 'व्याप आटोप करिती, धके चपेटे सोसती, तेणें प्राणी सदेव होती देखत देखतां' (१५–३–७)

(४५) अज्ञान जगत् का कारण नहीं

ब्रह्म कारणता, **अद्वैतविज्ञान** का एक मौलिक सिद्धान्त है। परन्तु आप किसी भी मध्यकालीन या अर्वाचीन वेदान्त ग्रन्थ को उठाइए, चाहे वह संस्कृत हो या प्राकृत, यह संसार निरी भ्रान्ति से बना है, यह सब झूठ माया

जंजाल है, प्रपंच की उत्पत्ति अज्ञान से हुई है, इस तात्पर्य के अनेक विधान आपको अवश्य दिखाई देंगे। ब्रह्म की अज्ञानता से यह संसार उत्पन्न हुआ है, ऐसा भी लिखा हुआ रहता है। 'ब्रह्मस्वरूपाज्ञानविजृम्भितमिदम् द्वैतजातम्' इसके दो अर्थ हो सकते हैं। एक तो स्वयं ब्रह्म को ही अज्ञान हो गया! ऐसा मानने वाले पंडित भी हमारे यहां हैं; वह बेचारे क्या करेंगे? पुस्तकों की भाषा ही ऐसी भूलभुलैयाँ वाली रहती है! दूसरा अर्थ, ब्रह्म का ज्ञान हमको न होने से यह जगत् उत्पन्न हुआ है। यह अर्थ, तो और भी विचित्र है! पहले हम आकाश में उत्पन्न हों, फिर हमें ब्रह्म का अज्ञान रहे (और वह तो रहने ही वाला) और फिर उस अज्ञान से जगत् की उत्पत्ति होती है, यह कैसी हास्यजनक युक्ति है।

'स्वाज्ञानकल्पितजगत्परमेश्वरत्व[illegible]' (संक्षेप शारीरक द्वितीय श्लोक) अथवा यदबोधसमुद्भूतम् [illegible]' (ब्रह्म सूत्रों की 'तत्त्वदीपन' व्याख्या का प्रथम श्लोक) ऐसा जो कहा जाता है, इसका क्या तात्पर्य है? बैंकों के व्यवहार ऋण लेने वालों पर अवलम्बित हैं, यदि ऋण लेने वाले न हों तो बैंक चल नहीं सकती, दुष्ट और दुराचारी लोगों का शासन करने के लिए राज्य यंत्र आवश्यक होता है, कोई दुर्जन ही न हो तो गवर्नमेंट अनावश्यक होती है। हम अज्ञानी हैं, इससे जगत् का चक्र चल रहा है, सभी ब्रह्मज्ञानी हों, तो जगत् रहेगा नहीं इत्यादि विधान एकदेशीय एकांगी दृष्टि से किए जायँ तो ठीक हैं। परन्तु दुर्जन ही राज्ययन्त्र बनाते हैं, और चलाते हैं, ऐसा अगर कोई कहे तो वह उलटी ही बात है। ब्रह्म स्वरूप के अज्ञान से ही यह संसार उत्पन्न हुआ है, यह कहना ऐसा ही नितान्त भ्रम रूप है। परन्तु दुर्भाग्य हमारा कि ऐसी युक्ति-विवेक-हीन भाषा वेदान्त की पुस्तकों में व्यवहृत की गई है, और उसे सुनने का हमें इतना अभ्यास हो गया है, कि उसमें कुछ असम्बद्धता है ऐसा हमें प्रतीत भी नहीं होता!

कई लोग 'तम आसीत्तमसा गूढमग्रे' (ऋ १०-१२९-३) इस नासदीय सूक्त को इस नासमझी के लिए आधार बताते हैं। परन्तु यह अयुक्त है, क्यों

कि इसी सूक्त में एक ही ब्रह्म अपने तप की महिमा से विश्वरूप से प्रकट हुआ ऐसा आगे ही कहा गया है। मनुस्मृति के प्रथम अध्याय के पांचवें श्लोक का आरम्भ 'आसीदिदंतमोभूतम्' ऐसा करके, यह सृष्टि परमात्मा ने उत्पन्न की ऐसा स्पष्ट वर्णन किया गया है।

ब्रह्म कारणता सिद्धान्त का सप्रमाण प्रतिपादन इस पुस्तक में बाहुल्य से आया है। इन सब प्रमाणों का परित्याग कर, इस संसार की उत्पत्ति करने वाला एक अज्ञान स्वरूप पिशाच है, यह मत कैसे उत्पन्न हुआ, और सांख्यों का प्रधानकारणतावाद फिर दूसरे रूप से हमें कैसे हैरान कर रहा है यह एक बड़ा चमत्कार है। इसका कारण बौद्धवाङ्मय से मिल सकता है। बुद्धशिष्य नागार्जुन ने (जो उस सम्प्रदाय का एक प्रकाण्ड पण्डित ईसवी सन् की दूसरी शताब्दी में हो गया) **'समष्टि अज्ञान'** के एक नये तत्त्व की खोज लगाई! (देखिए हार्विट्झ कृत अंग्रेजी पुस्तक 'वेद और वेदान्त पृष्ठ १३०) और यही सब संसार की जड़ है, ऐसे सिद्धान्त की स्थापना की। बौद्ध राज्यशासन इस देश में अनेक शताब्दी टिक कर रहा, यह पहले बताया जा चुका है। 'राजा कालस्य कारणम्' इसका अनुभव ब्रिटिश अधिकार से हमें हो चुका है। मुगल पादशाहत में हमारे पण्डितों ने 'अल्लोपनिषत्' बना डाली थी। फिर शान्ति-समृद्धि सम्पन्न दीर्घकालिक बौद्ध शासन का प्रभाव हमारी शिक्षा और विद्या पर जबरदस्त हो गया इस में आश्चर्य नहीं। हमारे सिद्धान्तों के अनुसार अवाङ्मनस गोचर परब्रह्म की प्रेरणा से ही इन अनन्त ब्रह्मांडों की रचना हुई है, और उनका सुव्यवस्थित प्रशासन हो रहा है। इस सृष्टि में क्या क्या अद्भुत रहस्य भरे हुए हैं, अभी किसी को पता नहीं है। अणु रेणुओं में भी नियम शृङ्खला पाई जाती है। और सिद्धान्त दृष्टि यही है, कि परमात्म तत्त्व देश काल के परे, निर्गुण, निर्धर्मक और असंग है। फिर प्रपंच में देखा जाए तो प्राणिमात्र का अनुभव यही है, कि संसार में दुःख ही दुःख है, प्रतिक्षण डर, चिन्ता और आपत्तियां लगी हुई हैं। अन्याय और हिंसा का ताण्डव नहीं चल रहा हो, ऐसा तो कोई स्थल नहीं है। अतः असंग निर्गुण परमात्म तत्त्व की कौन कहे, किसी विवेकशील ईश्वर का भी इस जगत् का कर्ता

धर्ता रहना तो असम्भव है। वह तो कोई राक्षस ही हो सकता है, अथवा घोर अज्ञान के ही जगत् का कारण रहने में कोई सन्देह नहीं है। इस प्रकार की विचार धारा प्रवृत्त होने से, तत्कालीन पण्डितों को, बौद्ध सम्प्रदाय के प्रबल पुरस्कर्ता नागार्जुन की '**समष्टि अज्ञान**' की अभिनव कल्पना मनोमुग्धकर प्रतीत हो गई हो तो कोई आश्चर्य की बात नहीं। इससे दूसरा जो आशातीत लाभ हो गया वह यह, कि परब्रह्म को, अकर्तृ, असंग, निर्गुण और निर्धर्मक मान ने में जो कठिनाइयां होती थीं, वह अनायास नष्ट हो गईं। एवं हमारे अन्तिम सिद्धान्त के लिए बौद्ध सम्प्रदाय एक दृष्टि से उपकारक ही हो गया। फिर विचार चल पड़ा कि यह 'समष्टि अज्ञान' और हमारी माया एक ही हैं!

अद्वैतविज्ञान की दृष्टि से ब्रह्मस्वरूपभूता विश्वजननी **माया** यह स्वयं भ्रम रूपा है ऐसा कहीं भी स्वीकार नहीं है। श्रीमधुसूदन सरस्वती ने 'प्रकृतिर्मायाख्या त्रिगुणात्मिका पारमेश्वरी शक्तिः' ऐसा इसका वर्णन किया है, (देखिए उनकी गीता व्याख्या अध्याय और श्लोक ७-६, ७-१४, ७-२५, ८-३, ९-८ और १३-१९) इसी का निरूपण **शंकर** भगवान् ने अपने ब्रह्म सूत्र १-४-३ तथा २-१-१४ के भाष्यों में सुचारू रूपसे किया है, देखिए प्रकरण (३०) परिच्छेद (२) पृ. ६१ जिससे सन्देह को स्थान नही रहेगा।

वास्तव में देखा जाय तो 'अज्ञान' नामक, इस संसार में कोई भी पदार्थ नहीं है। जैसे अन्धकार कोई पदार्थ नहीं है, प्रकाश के अल्पाधिक अभाव का ही अन्धेरा नाम है, ठीक उसी प्रकार ज्ञान के अल्पाधिक अभाव को ही अज्ञान, कहते हैं। अर्थात् इसकी समृष्टि हो नहीं सकती। मान्य है, कि अज्ञान बुद्धि की अल्पाधिक प्रकाश विहीन एक अवस्था है; पर इसकी समष्टि होती है, ऐसी कल्पना कर लेना वैसा ही हास्यास्पद है जैसा 'घटा भाव' की समष्टि कहना। पर दुर्भाग्य से सहस्रावधि वर्षों का प्राचीन समादरित ब्रह्म कारणतावाद, अस्वीकार हो गया, और इस शशशृंग को ही माथे पर चढ़ा लिया गया!

वैशेषिक दर्शन के प्रणेता महर्षि कणाद ने अभाव के पदार्थत्व को अस्वीकार कर दिया है, अर्थात् उसमें असत्वापादक आवरणत्व अभानापादक आवरणत्व और विक्षेपकारित्व शक्ति, मान लेना आकाशकुसुम में आच्छादकत्व और संहार शक्तित्व मानने के समान अत्यंत अयुक्ति युक्त है। शोकमोह या काम क्रोधादि विकारों को भावरूप कह सकते हैं, क्यों कि ये मनोधर्म हैं, मन में उत्पन्न होते हैं, पर इन में भी कार्यकारित्व शक्ति नहीं है, यह तो जड़ हैं। जब बुद्धि या बुद्ध्यभिमानी जीवात्मा इनके वश में चला जाता है, तब जीवात्मा ही अनर्थों को उत्पन्न करता है; अनर्थकारित्व या विक्षेप शक्ति जीवात्मा की है, किसी जड़ पदार्थ की हो नहीं सकती। जब अज्ञान कोई पदार्थ ही नहीं है, तो वह कहीं उत्पन्न होता है या किसी वस्तु का विकृत परिणाम है, यह भी बात नहीं हो सकती। वह केवल अल्पज्ञता का दूसरा नाम है, और दूसरा कुछ नहीं। स्वयं अभाव रूप होने से उससे किसी की उत्पत्ति भी नहीं हो सकती। और यदि क्षणभर को मान्य भी किया जाए कि अज्ञान से कुछ विक्षेप उत्पन्न होते हैं, तो भी अनर्थकारिता की शक्ति जड़ पदार्थों की नहीं हो सकती; वह, जैसा ऊपर स्पष्ट किया गया है चेतन जीवात्मा की ही है।

ऐसी दशा में हमारे कतिपय पण्डितों ने अज्ञान को जबरदस्ती भावरूप ठहरा दिया, यही प्रथमतः सत्य से च्युति है। फिर उसको जड़ कहते हुए उसमें आवरण शक्ति और विक्षेप शक्ति को भी मान लिया, यह तो और भी सत्य से निर्वासित होना है !! इससे बढ़ कर अविद्यारण्य क्या हो सकता है ? प्रकरण (३०) परिच्छेद (२) पृष्ठ ६१ में, प्राचीन उपनिषदों में **अविद्या** शब्द का पर्याप्त विवेचन किया गया है। इससे ब्रह्माण्ड की उत्पत्ति बताई गई है। पर यह ब्रह्म कारणता सिद्धान्त के विरोध में नहीं है; क्यों कि अविद्या, अक्षर, यह परब्रह्म के ही नाम हैं, यह भी वहां पर स्पष्ट कर दिया गया है। इस **अविद्या** का अर्थ अज्ञान या भ्रान्ति कदापि नहीं हो सकता। परन्तु सर्वज्ञात्ममुनि ने अपने संक्षेप शारीरक ग्रन्थ में इस अविद्या का उलटा ही अर्थ लगा कर चैतन्य ही अज्ञानी, संसारी और भ्रान्त होता है (दे. अ. २ श्लोक १७७, १८९ और २०८ तथा अ. ३ श्लोक ६ से ११) ऐसा कुछ

वैचित्र्य प्रतिपादन कर रखा है ! इससे वेदान्त विचारों में अनेक उलझनों को बढ़ावा देने वाली बातें ही उत्पन्न हुई हैं ।

मुगल बादशाह के शासन काल, याने ईसा सन् १५६५ के लग भग, इस देश में, प्रकाशानन्द नामक एक विद्वान् पण्डित हो गए । उन्होंने अपनी सिद्धान्त मुक्तावली' पुस्तक में इस 'अज्ञान कारणतावाद' के स्वीकार के सम्बन्ध में एक अचम्भे का कारण बताया है, वह उन्हीं के शब्दों में यहां दिया जाता है:—

। लौकिकी वैदिकी चापि नाज्ञाने दृश्यते प्रमा
कार्यदृष्ट्याथ कल्प्यं चेत् लाघवादेकमेव तत् । ८

अज्ञानं किं वेदसिद्धमुत लौकिकप्रत्यक्षादिसिद्धम् उत परिदृश्यमान कार्यान्यथानुपपत्त्या कल्प्यम् ?

तत्र नाद्यः पूर्वकाण्डस्य कर्ममात्रविषयत्त्वात् वेदान्तानां च परिपूर्ण-सच्चिदानंदब्रह्ममात्रविषयत्त्वात् । तत्रैव फलसंबंधात् अज्ञानादौ तदभावात् तदप्रतिपादकत्वात् । नापि द्वितीयः स्पष्टप्रत्यक्षादि सिद्धत्त्वे विवादाभाव-प्रसङ्गात् । तस्मात् स्वतोऽसङ्गोदासीनस्य सदा स्वानन्दतृप्तस्याऽसत्यानेकविध-दुःखाद्यात्मकप्रपंचरचनानुपपत्त्याऽज्ञानं कल्प्यत इत्येव वाच्यं गत्यन्तराऽ भावात् । तथा च कल्प्यमानमज्ञानं एकमनेकम् वा इति विवादे एकस्यापि निद्रा-दोषस्य अनेकविधकार्यजनकत्वस्य स्वप्ने दृष्टत्त्वात् लाघवमहकृतअन्यथा-नुपपत्तिर्विचित्रशक्तिकम् एकम् अज्ञानम् आदाय विश्राम्यतीति युक्तम् ।"
(वेदान्त-सिद्धान्त-मुक्तावली, पृष्ठ १४-१५.)

पण्डित जी की युक्ति तो बड़ी कौतूहल जनक है । वे कहते हैं कि, असंगोदासीन स्वानन्दतृप्त परब्रह्म से, ऐसे झूठे और नाना विधि दुःखों से भरे हुए प्रपञ्च की सृष्टि होना असम्भव है । अतएव एक प्रभावी शक्ति वाले

'अज्ञान' रूप कारण की कल्पना अतिरिक्तता से करनी पड़ती है ! काश पण्डित जी, कुछ धीरज रख कर, चिन्ताशीलता से प्राचीन आर्य ग्रन्थों का अध्ययन और विशेषतः ब्रह्मसूत्र भाष्यों का परिशीलन करते तो उन पर यह आपत्ति नहीं बीतती। उनका अवश्य कर्तव्य था कि वे नवीन बौद्ध विचारों को प्राचीन सिद्धान्तों की कसौटी पर कस उनकी खरी खोटी की जांच कर लेते; पर उन्होंने ऐसा नहीं किया। तथापि प्रसन्नता की बात है, कि उन्होने अपने लेख में स्वयं ही स्पष्ट कर रखा है, कि इस परिकल्पना का समर्थक कोई लौकिक या वैदिक प्रमाण नहीं है। उनकी इस सत्य निष्ठा के निमित्त उनको अवश्य धन्यवाद देना चाहिये; क्योंकि यदि उन्होंने ऐसा न बताया होता, तो यह सिद्धान्त श्रुति प्रामाण्य पर ही अधिष्ठित मान लिया जाता, जैसे आज भी, बड़े दुर्भाग्य की बात है कि अनेकों ने मान लिया है।

वास्तव में देखा जाए, तो इस विचित्र कल्पना को बौद्धसम्प्रदाय ने ही जन्म दिया। 'समष्टि अज्ञान' की नींव उन्होंने ही डाली है, जैसा पहले ही बताया गया है। पर अद्वैत तत्त्वज्ञान के नाम से उसका प्रचार करने में पण्डित प्रकाशानन्द पहले नहीं हैं। उनके अव्वल अनेक पण्डितों ने इसका पुरस्कार किया है और इसकी जड़ें श्रीशंकराचार्य जी के साक्षात् शिष्यों तक पहुँची हुई दिखाई देती हैं। इसमें सन्देह नहीं कि बौद्धमतों का निराकरण प्रवीण विद्वान् कुमारिल भट्ट ने उल्लेखनीय रीति से किया है और **शंकर** भगवान् ने तो अपनी अप्रतिम विद्वत्ता और शैली से उनके मतों का खण्डन अपने भाष्यों में स्पष्टतया कर दिया है। पर उनका काल बहुत ही थोड़ा रहा और अनेक शताब्दियों की बौद्धमतों की प्रभावशालिता, बहुजन समाज में मँडराती ही रही।

महामहिम पुरुषों के विषय में इतिहास की ऐसी ही विचित्र विडम्बना रही है। जब जब ऐसे युग प्रवर्तक लोकोद्धारक महात्मा हुए, उन्हींके साक्षात् शिष्यों में विभिन्न मतों की जड़ें रह गईं। या नहीं तो शीघ्र ही अनुयायियों में विरोधी प्रणालियाँ उत्पन्न हो गयीं। ईसा मसीः मुहम्मद पैगम्बर के सम्बन्ध में

यही हुआ। क्रिश्चियानिटी की तो लगभग ढाईसौ शाखाएँ हैं, ऐसा कहा जाता है। उदार चरित्र तपस्वी शाक्यमुनि बुद्ध के सम्बन्ध में जो हुआ उसकी उपमा संसार भर में नहीं है। ज्यूँ ज्यूँ इस मत का प्रचार और विस्तार बढ़ता गया, त्यूँ त्यूँ महात्मा गौतम के उद्देश्यों से उनके अनुयायी गण विभिन्न और विपर्यस्त आचार विचार वाले ही हो गये! इस दृष्टि से शङ्कर भगवान् के पश्चात् यदि ऐसा कुछ हुआ हो, तो अधिक विस्मय की बात नहीं है। उनके निकट के अनुयायी जो उन्हीं के पीठ पर विराजमान हुए वही, याने यतिवर्य सर्वज्ञात्ममुनि ही, जिनका उल्लेख ऊपर आ चुका है, अज्ञान कारणता के पुरस्कर्ता दिख पड़ते हैं। उनके संक्षेप शारीरक ग्रन्थ के अवलोकन से यही बलवत् अनुमान होता है। जैसा कि ऊपर बताया जा चुका है इन्होंने अपने ग्रन्थ में ब्रह्म चैतन्य ही अज्ञानी होता है, भ्रान्त होता है, संसार के विविध तापों का अनुभव करता है, जन्म मरण की झंझटों में फँसता है; और फिर यदि सम्यग्ज्ञान हो तो मुक्ति लाभ कर पाता है, ऐसी कुछ विचित्र विचार प्रणाली प्रवर्तित कर दी है!

विचार करने की बात है कि जिस भेदाभेदवाद का खण्डन अपनी प्रखर प्रतिभा से शंकर भगवान् और विद्वन्मूर्धन्य सुरेश्वराचार्य ने अपनी तत्त्व-ग्राहिणी दृष्टि से किया है, उसीका आलम्बन यदि सर्वज्ञात्ममुनि करें, तो कितना अद्वैत विज्ञान का दुर्भाग्य है? लेखक की अल्प बुद्धि से इन्हीं के विचारों की छाह, सिद्धहस्त विद्वान् वाचस्पति मिश्र, पण्डित प्रकाशानन्द और अनेक पण्डितों पर पड़ी हो तो कोई आश्चर्य की बात नहीं है। परन्तु इसका परिणाम अद्वैत सम्प्रदाय पर बड़ा क्षतिकारक हो गया है। यह घटना 'अल्पज्ञानां कथा काऽस्ति बहुज्ञानां मतिं भ्रमः' कहावत को सार्थक करती है। जितना जिस विद्वान् का ग्रन्थ निर्माण अधिक और ग्रन्थ भी विस्तृत तथा विशालकाय, उतना ही उसमें अपूर्णता और त्रुटियाँ रहने की सम्भावना अधिक होती है। पहले तो ग्रन्थ निर्माण की विपुलता सुन कर ही बड़े बड़े पण्डित चकृत और विमुग्ध होते हैं। फिर इन त्रुटियों की आदत ही ऐसी होती है कि उन्हीं से उत्पन्न उलझनों का प्रभाव अभ्यासकों पर अधिक मात्रा में हुआ करता है।

व्यावहारिक बातों में इसका असर इतना नहीं होता जितना धार्मिक विश्वासों में और दार्शनिक विचारों में हुआ करता है। यह आपत्ति इस देश में ही नहीं संसार भर के सभी देशों में लगी हुई रहती है; और यह अनुभव शताब्दियों से होता आ रहा है। इस जगत् की सभी बातों में, रचना ही ऐसी रही है। इस का इलाज सम्यग्ज्ञान ही है जिस के निमित्त चिन्ताशीलता से तथा सतर्क रह कर हरसम्भव प्रयत्न करना ही हमारा प्रधान कर्तव्य है।

इस उपलक्ष्य में यदि व्यंग्य वाणी से कुछ कहने की अनुज्ञा हो, तो इन पण्डितों ने मानों एक अभिनव श्रुति ही प्रणीत की है, यथा :-

"अज्ञानं ब्रह्मेति व्यजानात्। अज्ञानाद्धयेव खल्विमानि भूतानि जायन्ते। अज्ञानेन जातानि जीवन्ति। अज्ञानं प्रयन्त्यभिसंविशंतीति। तस्मात् अज्ञानमेव शान्त उपास्व। हे श्वेतकेतो तदज्ञानं त्वमसि"

इससे अधिक अविद्यारण्य का क्या वर्णन हो सकता है ?

(४६) अहंभाव का त्याग

श्रीमद्भगवद्गीता (अ. १८. श्लो. १७) में 'यस्य नाहंकृतो भावो' इत्यादि प्रतिपादन आया है, जिस संबन्ध में कहा जाता है, कि हम सब कुछ सूक्ष्म सूक्ष्म कर्म कर सकते हैं, केवल उन कर्मों में हमको अहंभाव नहीं रखना चाहिये। 'मैं यह कर रहा हूँ' यह भाव रखना ही बन्ध है, जो पाप रूप है। थोड़ी ही चिन्ता से यह ज्ञात होगा कि यह विचार असत्कर्मों के लिए तथा अधर्म्य कर्मों के सम्बन्ध में समुचित नहीं हो सकता। उदाहरणार्थ यदि कोई कहे कि अपने स्वार्थ की बातें किए चले जाओ, आवश्यक हो तो चोरी भी करो, किन्तु उसमें अहंभाव की भावना मत आने दो, तो यह एक असमञ्जस की बात है। जब स्वयं चोरी कर रहा है, तो मैं चोरी नहीं कर रहा हूँ ऐसी भावना बनेगी कैसे ? हां भ्रान्ति से, पागलपन से, उन्मत्तता से,

अथवा मदान्धता से बन सकती है। सन् १०२४ ई० में महमूदगजनी ने धर्मोन्माद के वशवर्त्ती हो कर 'मैं मेरे परवरदिगार को सन्तुष्ट कर रहा हूँ इस भ्रांत धारणा से श्रीसोमनाथ का देवालय ध्वस्त कर दिया, मूर्तियां छिन्न भिन्न कर दीं, हजारों मनुष्यों की हत्या की और अपरम्पार धन लूट लिया! तो फिर क्या वह पापी नहीं है? मान लिया जाए कि उसके हृदय में कण भर भी पाप की भावना नहीं उपजी, तो भी वह कर्म्मफल विपाकों से बच नहीं सकता। दूसरों का भक्ति पन्थ झूठा, मेरी ही भक्ति उत्कट है और मुझ को अल्लाह प्रेरणा दे रहा है—ऐसा गर्व ही तो सब से बड़ा पाप है! फिर तज्जन्य अत्याचार और उत्पीडन कहां जाएँगे? ऐसी उद्दण्डता को स्वयं इस्लाम भी मान्यता नहीं देता। **कर्म सिद्धान्त** के विधानों में उद्भ्रांत धारणाओं को कोई स्थान नहीं है। भक्तिमार्ग की सफलता सामञ्जस्य और **दैवी सम्पत्ति** पर निर्भर करती है। अहम्भाव का वास्तविकता से ही अभाव रहना चाहिए। अर्थात् उसके कारण को ही मिटाना आवश्यक है, उसका अभाव मन-ही-मन केवल कल्पना से नहीं बनता।

मेरी बुद्धि ने मुझ को प्रेरणा की और मैंने चोरी की, किन्तु शास्त्र दृष्टि से मैं अकर्ता हूँ, अर्थात् मुझ पर कोई पातक नहीं आ सकता यह तो मतलब का वेदान्त है। हर कोई चोर ऐसा कह सकता है। काम क्रोधादि के वश तो प्रायः सभी होते हैं। वह 'महाशन महापाप्मा' है (गी. ३-३७, ऐसा भगवान ने स्वयं ही कहा है। और आज्ञा की है, 'पाप्मानं प्रजहि ह्येनम्'। यदि आत्मा अकर्ता है, तो फिर यह आज्ञा देना असमंजस होता है। इसमें संदेह नहीं, कि प्रारब्ध सुख दुःख भोगों को उपस्थित कर देते हैं, बुद्धि में भले बुरे संस्कारों को उत्पन्न कर देते हैं; परन्तु इनके पश्चात् क्रियमाण की सीमा प्रारंभ होती है जिस में प्रारब्ध का दखल नहीं है। अतः इसी क्षेत्र में जीवात्मा की कर्तृतास्वाधीनता है, और उसको स्वभाग्यनिर्णय का अधिकार है। बुद्धि, अधर्म्य अभिलाषाओं को हजार उपस्थित करें 'तयोर्न वशमागच्छेत्' (गी. ३-३४) यह स्पष्ट आदेश भगवान् प्रथम ही दे चुके हैं। इस के अनुसार क्रियमाण के क्षेत्र में हमें अपने कर्तृत्वभाव को जगाना है।

। न जातु कामान्न भयान्न लोभात्
धर्मं त्यजेज्जीवितस्यापि हेतोः ।

। युक्ति युक्तं वचो ग्राह्यं न ग्राह्यं गुरुगौरवात्
सर्वशास्त्ररहस्यं तद् याज्ञवल्क्येन भाषितम् ।

। अधर्मं धर्ममिति या मन्यते तमसावृता
सर्वार्थान् विपरीतांश्च बुद्धिः सा पार्थ तामसी
(गी. अ. १८ श्लोक ३२)

मेरी बुद्धि में भगवान् बैठे हैं और मुझ को अधर्म की प्रेरणा दे रहे हैं, यह कल्पना मूर्खता और धृष्टता की परिसीमा है। पाण्डव गीता में दुर्योधन का कथन दिया गया है:—

। जानामि धर्मं न च मे प्रवृत्तिर्जानाम्यधर्मं न च मे निवृत्तिः
केनापि देवेन हृदि स्थितेन यथा नियुक्तोऽस्मि तथा करोमि ।

यहाँ प्रश्न होता है, कि क्या दुर्योधन की सच ही ऐसी भावना थी ? क्या उसने यही समझ लिया था, कि परमात्मा ने ही उसे अनेक अत्याचार करने की प्रेरणा दी थी और परम भक्ता सती द्रौपदी का चीर हरण करने के लिये बाध्य कर दिया ? यह तो 'Devil is quoting Scriptures' वाली बात है ! भगवद्गीता के पांचवें अध्याय में साफ बताया गया है:—

। न कर्तृत्वं न कर्माणि लोकस्य सृजति प्रभुः
न कर्मफलसंयोगं स्वभावस्तु प्रवर्तते । १४

। नाऽऽदत्ते कस्यचित् पापं न चैव सुकृतं विभुः
अज्ञानेनावृतं ज्ञानं तेन मुह्यन्ति जन्तवः । १५

नीच पुरुष अपने को बड़ा चढ़ा बताने के लिये, अपनी बुद्धिमत्ता की कैसी डींग हाँकता है इसी मर्म को बताने के लिये सूक्ष्मदर्शी महर्षि कृष्णद्वैपायन ने, दुर्योधन के स्वभाव का यहाँ सजीव चित्रण कर रखा है; परन्तु आश्चर्य की बात है, कि बहुत लोग दुर्योधन की इस विचित्र दार्शनिकता के चक्कर में आये पाये जाते हैं!

मान्य है, कि भगवान् के जो अनीम भक्त होते हैं, उनको भगवान से प्रेरणा हुआ करती है। 'ददामि बुद्धियोगं तम्' (गी.१०-१०) ऐसा उनका वचन है, किन्तु इसका अर्थ ऊपर के उद्धृत वचनों के समन्वय से होना चाहिये, विरोध से नहीं। कर्मफलविपाकों के सिद्धान्त की मार्मिकता है, कि विशुद्ध, विनम्रभाव की प्रपन्नता से भक्त को बुद्धि में सत्प्रेरणाओं का उदय हो जाय और ज्ञान की भी उद्भावना हो; परन्तु कुत्सित घृणास्पद प्रवृत्तियों की प्रेरणा होना, नितान्त असम्भव है। प्रकाश से अन्धकार की किरणें आ नहीं सकतीं। इसी विषय में भगवद्गीता में महामना अर्जुन ने प्रश्न किया था, 'अथ केन प्रयुक्तोयं पापं चरति पूरुषः अनिच्छन्नपि वार्ष्णेय बलादिव नियोजितः,' (गी. ३-३६) जिसका उत्तर भगवान ने स्वयं स्पष्ट दिया है, काम एष क्रोध एष रजोगुण समुद्भवः महाशनो महापाप्मा विद्ध्येनमिह वैरिणम्' (गी. ३-३७) अतः स्पष्ट है कि दुर्योधन यहाँ अपनी व्यावसायिक धूर्तता को ही सार्थक कर रहा है। दुष्ट लोगों की आदत होती है, कि वे अपने दुराचारों का दायित्व किसी न किसी के सिर, थोप देते हैं। और आश्चर्य तो यह है, कि उनको ऐसी सचमुच ही भ्रांति हुआ करती है कि वे स्वयं निर्दोष हैं!

ज्ञानी पुरुषों के आचरण को लक्ष्य कर, वेदान्त विचारकों में प्रायः बहुत चर्चा हुआ करती है, जिस पर अब अधिक लिखने की आवश्यकता नहीं है। ज्ञानी पुरुष 'अनेकजन्मसंसिद्ध' रहने से उनका प्रारब्ध एवं चरित्र ही सुनिर्मल होता है। उनकी अन्तरात्मा में दुर्भाव उत्पन्न नहीं हो पाते। क्षण भर यदि कुछ कलुषितता की सम्भावना मान लें, तो भी सिद्धान्त है, कि 'प्रारब्ध' अपनी कक्षा में सीमित है, उसका वश क्रियमाण पर नहीं चलता।

और जहाँ चलता—सा प्रतीत होता है, वहाँ वह क्रियमाण नहीं, प्रारब्ध का ही एक अंश है ऐसा मानना आवश्यक है। भगवान् की अगाध कृपा है, कि उन्होंने जीवात्मा को पूर्णतया 'प्रवृत्ति स्वातन्त्र्य' प्रदान कर रखा है। अतएव ज्ञानी पुरुष भ्रष्टाचारी नहीं हो सकता। यदि कोई होता है तो वह निश्चय, ज्ञानी नहीं है।

'यस्य नाहंकृतो भावो' इस श्लोक में, ज्ञानी की महिमा बतायी गई है। भगवान् स्पष्टतया कह रहे हैं कि 'जिसको अहंकार नहीं है,' याने जिसने राग द्वेषादि भ्रान्तियों की जड़ ही काट डाली है, उसकी निरहंकारिता का कहना ही क्या है? वेदान्त का ऐसा अभिप्राय नहीं, कि आप रागद्वेषों के कर्म किये चले जाओ और केवल 'अहंकार' को मत आने दो, जो असम्भव है; रागद्वेष और अहंकार का अविनाभाव सम्बन्ध है, मानों वे पर्याय वाची शब्द हैं। वही अहंकार त्याज्य है जो रागद्वेषान्वित कर्मों के सहभावी हो और जो सात्त्विक अहंकार है वह, त्याज्य नहीं क्यों कि वह अनहंकार ही है।

। नियतं संगरहितम् अरागद्वेषतः कृतम्
[illegible] कर्म यत्तत्सात्त्विकमुच्यते ।
(गी. १८-२३)

। यत्तु कामेप्सुना कर्म साहंकारेण वा पुनः
क्रियते बहुलायासं तद्राजसमुदाहृतम् ।
(गी. १८-२४)

जैसा पहले बताया गया है, रागद्वेषान्वित कर्म ही 'कर्म' हैं, तदितर सब कर्म **अकर्म हैं**, बन्धक नहीं हैं। एवम् पहली कोटि का अहंकार ही त्याज्य है, और दूसरी कोटि के अहंकार और तदन्वित कर्तव्यों को, प्रतिमुहूर्त बढ़ावा ही देना चाहिए, जिससे अभ्युदय तथा निःश्रेयस की सिद्धि हो सकती है।

शास्त्रकारों ने जो कर्मों की निंदा की है, वह अविद्योपस्थापित एवं भ्रांति जन्य, राग द्वेष प्रेरित कर्मों की की है, सात्त्विक कर्मों की नहीं।

(४७) संसारी जीव कौन है ?

संसार में लिपटा हुआ जीव कौन है, उसका प्राकृतिक या घटनात्मक स्वरूप क्या है, इस अनिवार्य समस्या में बहुत विभिन्न कल्पनाएं, तत्त्वज्ञान के अभ्यासकों और पण्डितों में पाई जाती हैं। दर्शनग्रन्थों में प्रायः जिज्ञास्य तो परब्रह्म ही बताया गया है, और इस बेचारे अज्ञ जीव की खबर ही नहीं ली गई है ! इसकी रूपरेखा प्रायः स्पष्टतया बताई नहीं जाती। पारमार्थिक जीव, जिसको प्रत्यगात्मा पुकारते हैं, उसी का उल्लेख और चर्चा जहां तहां आती है; वह ब्रह्मस्वरूप है, ऐसा अनेक स्थलों पर परिस्फुट भी किया जाता है, पर वह संसारी जीवात्मा से अन्य है, विभिन्न है, यह तथ्य स्पष्टतया नहीं बताया जाता ! प्रत्युत ऐसी लपेटी और भूल-भुलैआं वाली भाषा बतों जाती है, कि उससे विद्यार्थी की क्या कहें, पण्डितगण भी उलझनों में पड़ते हैं ! यह 'मैं' कहने वाला, क्या प्रत्यगात्मा है, चिदाभास है, या मन है, या बुद्धि है, कुछ निश्चय नहीं हो पाता, क्यों कि पुस्तकों में अनेक परस्पर विरोधी विधान पाये जाते हैं। 'द्वा सुपर्णा सयुजा सखाया' इस श्रुति (मुण्डक ३-१-१ और श्वेताश्वतर ४-६-६) में, जीवात्मा और प्रत्यगात्मा अर्थात् परब्रह्म को स्पष्टतया विभिन्न बताया गया है। बृहदारण्यक उपनिषद् (काण्वपाठ) के अन्तर्यामी (३-७) ब्राह्मण में 'सर्वेषुभूतेषु तिष्ठन् सर्वेभ्यो भूतेभ्योऽन्तरो यं सर्वाणि भूतानि न विदुः' इन वचनों से इसकी पृथकता ही बताई गई है। माध्यंदिन पाठ (काण्ड १४ अ. ६. ब्रा ७) में 'य आत्मनि तिष्ठन्नात्मनोऽन्तरो यमात्मा न वेद यस्य आत्मा शरीरम् य आत्मा-नमन्तरो यमयति एष त आत्माऽन्तर्याम्यमृतः' इन शब्दों से इसकी पृथकता और भी स्पष्ट की गई है। छान्दोग्य उपनिषद् (६-३-२) में जीवात्मा को परब्रह्म की 'छाया' कहा गया है, अर्थात् वह परमार्थ सत्य नहीं है, मिथ्या है; और भाष्य में बताया गया है:—'सर्वं च नाम रूपादि सदात्मना एव सत्यं विकारजातम् स्वतस्तु अनृतम्...तथा जीवोऽपि'। बृहदारण्यक अ. १ ब्रा. ३

मंत्र २ के भाष्य में भगवान् **शंकर** लिखते हैं:—' यस्तु वाग्यादिसमाहारोपाधि-परिकल्पितः संसार्यात्मा तं च वाग्यादि समाहारपक्षपातिनमेव दर्शयिष्यति— 'एतेभ्यः भूतेभ्यः समुत्थाय तान्येवानु विनश्यति' इति ।

शंकर भगवान् अपने ग्रन्थों में जहां जहां संसारी जीवात्मा के उल्लेख का प्रसंग आता है, वहां वहां उसको उपाधि लक्षणः, अहंप्रत्यय लक्षणः, उपाधि सम्पृक्तः आविद्यकः अविद्याकल्पित. ऐसा ही उसका निर्देश करते हैं । कठोपनिषद् 'नित्योऽनित्यानाम् (१-२-१३) के भाष्य में उनके शब्द हैं. —

> 'नित्योऽविनाशी अनित्यानां विनाशिनां । चेतनश्चेत
> नानां चेतयितृणां ब्रह्मादीनां प्राणिनाम् अग्नि
> निमित्तमिव दाहकत्वम् अग्नीनाम् उदकादीनाम्
> आत्मचैतन्यनिमित्तमेव चेतयितृत्वम् अन्येषाम् ।'

इससे निर्विवाद होता है, कि ब्रह्मादि प्राणियों को उन्होंने अब्रह्म अनात्म माना है और उनमें चेतयितृत्व धर्म, आत्मचैतन्य ही उत्प्रेरित करता है, ऐसा स्पष्ट बता दिया है । ब्रह्मसूत्र 'भेदव्यपदेशाच्च' (१-१-१७) के भाष्य में 'इतश्चनानन्दमयः संसारी' ऐसा स्पष्ट बता कर आगे 'परमेश्वरस्तु **अविद्याकल्पितात् शारीरात्कर्तृभोक्तृविज्ञानात्माख्यादन्यः** यह निर्धारित किया है । संसारी जीवात्मा अनात्मा है, अविद्याकल्पित है, कर्ता है, और भोक्ता है यही अद्वैत सिद्धान्त है । ध्यान रहे कि यह **अविद्या** कोई भ्रमवाली वस्तु नहीं है, [दे० प्रकरण (३०) परिच्छेद (२) पृष्ठ ६१]

ब्रह्मसूत्र 'आभास एव च' (२-३-५०) में तो स्पष्टतया निर्धारित किया है, कि जीवात्मा, ब्रह्म नहीं है, केवल आभास अर्थात् चिदाभास है, प्रतिबिम्ब है । वास्तविक सत्तावाली वह कोई वस्तु नहीं है, अतः सन्देह का कोई कारण ही नहीं रहता । चिदाभास की व्याख्या 'चिल्लक्षणरहितत्वे सति चिद्वद्भासमानत्वम्' 'सर्वलक्षण संग्रह' में दी गई है । जीवात्मा एक नकली

चैतन्य सी अनात्म वस्तु है। वह शुद्ध चैतन्य नहीं है और अशुद्ध चैतन्य भी नहीं है, क्यों कि चैतन्य कभी अशुद्ध होता ही नहीं। चैतन्य के अंश भी नहीं होते इस कारण उसको चिदंश भी नहीं कह सकते। इस विश्व में 'सत्त्वरजतम' गुणों से युक्त अनन्त पदार्थ हैं। उनमें कतिपय पदार्थों में ही विशेष रूप से कुछ चेतयितृत्व धर्म रहे ऐसी परमात्मा की आयोजना है, जिन को हम जड़ समझते हैं, उनमें भी अत्यल्प अंश में सत्त्वगुण सूक्ष्मरूप रहता है, अतः उनका ज्ञान धर्म हमको प्रतीत नहीं होता। किन्तु उनको कुछ विशिष्ट प्रगत पदार्थों से सम्बन्ध होने पर यह सूप्त सत्त्वांश जागृत होता है। विज्ञान शास्त्र प्रवीण जगदीशचन्द्र बोस ने सिद्ध कर दिखाया है, कि वृक्षलताओं में भी जीवत्व है। उनकी पेशियां अलग अलग जीव रूप हैं। आम्रवृक्ष के बीज में धरती माता से जड़द्रव्यों को ले कर उनको सूक्ष्म जीवपेशियों में परिवर्तित कर देने का (Organic बनाने का) सामर्थ्य है, और इसी प्रक्रिया से वह स्वयं पूर्णायतन आम्रवृक्ष बन जाता है। प्राणी वनस्पतियों को खाते हैं। और उपर्युक्त वानस्पतिक जीवपेशियों को अधिक उत्क्रान्त कर देते हैं, जिससे अगणित जीवाणुओं की उपज हो जाती है, यही जीवाणु आगे चल कर जन्तु अर्थात जीवात्मा के रूप में परिणत होते हैं। इस प्रकार यह सृष्टियंत्र निरंतर चला आ रहा है। जीवित और जड़वस्तु में यही अन्तर है, कि जीवित वस्तु अपने पारिपार्श्विक वातावरण से अपने जीवन विकास के अनुकूल रस और पदार्थ लेती रहती है, एवं प्रतिकूल वातावरण से बचती रहती है, और अपने शरीर की वृद्धि करते रहती है; जड़ पदार्थों में यह धर्म नहीं है। जीवों की उन्नति और विकास में मनुष्य सबसे अग्रगण्य है। श्रीमद्भागवत में लिखा गया है:—

। सृष्ट्वा पुराणि विविधान्यजयात्मशक्त्या
वृक्षान्सरीसृपपशून् खगदंशमत्स्यान्।
। तैस्तैरतुष्टहृदयः पुरुषं विधाय
ब्रह्मावलोकधिषणम् मुदमाप देवः।
(श्री भा. ११-९-२८)

ऊपर के आद्योपान्त विवेचन में **अद्वैत विज्ञान** की दृष्टि से जीवात्मा का प्राकृतिक स्वरूप बताया गया है। यदि अंग्रेजी भाषा में उसकी व्याख्या बतानी हो तो लेखक की अल्प बुद्धि से 'Life is a Supra-chemical compound, endowed with considerable intlligence and individuality. He has latent in him, the abaility to recognise his Maker and to solve the riddle of the Universe. ऐसी की जा सकती है। आर्य सिद्धान्तों के अनुसार जीवात्मा, अनात्म चिद्विन्न होते हुए भी, उसे परमात्मा ने ऐसा अद्भुत सामर्थ्य दिया है, कि वह, यहां के यहां निरतिशय निरंकुश तुष्टि से लाभान्वित हो सके। लौकिक भाषा में इसी को 'नर का नारायण होना' कहते हैं, पर यह शब्दार्थ से सत्य नहीं क्यों कि परब्रह्म निरवयव निर्द्रव्य एकमेवाद्वितीय वस्तु है, जिसमें न कोई चीज जाके लीन हो सकती है और न कोई अंश बाहर निकल सकता है, या कोई ब्रह्म बन सकता है। यहां शब्दों के स्थूलार्थ नहीं लेने हैं, ज्ञानदृष्टि से इन बातों को हृदयंगम करना है।

अब पञ्चदशी में :—

। चैतन्यं यदधिष्ठानं लिङ्गदेहश्च यः पुनः
चिच्छाया लिङ्गदेहस्था तत्संघो जीव उच्यते ।
(प्र॰ ४ द्वैतविवेक श्लोक. ११)

ऐसा जीव का वर्णन है। शुद्ध चैतन्य, लिङ्ग देह और चित्प्रतिबिंब, या चिदाभास इनके संघ को जीव कहते हैं। जीव भ्रांत होता है यह बात मान्य है, अतः सभी भ्रांत हो जाते हैं, यह शंका होती है, परन्तु यह सही नहीं है। शुद्ध चैतन्य या प्रत्यगात्मा जो जीव में है, उसीको क्षेत्रज्ञ, पारमार्थिक जीव या हृदयस्थ नारायण, कहते हैं। वह साक्षात् ब्रह्म है, भ्रांत नहीं होता। प्रत्यगात्मा तो अणु रेणु में भी है। उसीके प्रभाव से हर वस्तु को **सत्तास्फुरण** अर्थात् अस्तित्व और गुणधर्मत्व मिला है। अग्नि को अग्नित्व, जल को जलत्व इसी से आ गया है, किन्तु 'नैनंदहतिपावकः' 'नचैनंक्लेदयन्त्यापः' यह भी

बात है। चैतन्य, व्यक्तिभाव को या जीवभाव को प्राप्त होता है, यह अबुद्धिवानों की समझ है 'अव्यक्तं व्यक्तिमापन्नं मन्यंते मामबुद्धयः' (गी. ७-२४) इससे सुस्पष्ट है, कि चैतन्य कहीं जीव नहीं बनता है। कहीं कहीं जीव को चैतन्य का अवच्छेद कहा गया है, परन्तु यह तो असंभव है। आकाश को अवच्छेद भले ही हो, परन्तु निर्द्रव्य निरवयव चैतन्य को किसी दृष्टि से मर्यादा डाली नहीं जा सकती। कहीं उस को प्रतिबिंब कहा गया है, परन्तु यह शब्द भी भूल उत्पन्न करने वाला है। क्योंकि यह अनुभव की बात है, कि बिना बिंब में विकार हुए या वक्रता आदि आये, प्रतिबिम्ब में वे नहीं आते। अतः हम जब भ्रांत होते हैं तब चैतन्य बिम्ब भ्रांत होना अनिवार्यता से आपन्न होता है! ऐसी जीव की व्याख्याएँ विद्यार्थियों को प्रतारित कर देती हैं। इस लिए उनकी मर्यादाओं को भली भांति समझ लेना अत्यावश्यक है। तत्त्वानुसंधान करा देने के लिए जड़ दृष्टान्त देना आवश्यक होता है, यह तो ठीक है, किन्तु वह किसी रीति से अद्वैत तत्व के विरोधी या स्वपरवंचक न हों ऐसी सावधानता सदा ही आवश्यक है।

कई वेदान्त पुस्तकों में जीवात्मा में कर्तृता या कर्म स्वातन्त्र्य का नाम तक नहीं, ऐसा एक विचित्र मत प्रतिपादित किया हुआ दिखाई पड़ता है। इसका पर्याप्त निराकरण इसके पहले प्रकरण ४० पृष्ठ १३७ पर किया गया है। इस उपलक्ष्य में, और एक शंका की आलोचना करना उचित मालूम होता है। कहा जाता है, कि यदि परमात्मा निरवयव चैतन्य रूप है और अगर कोई जीवात्मा रूप अंश उससे न बाहर आते हैं, और न उसमें जा कर विलीन हो सकते हैं तोः—

। यथा सुदीप्तात् पावकात् विस्फुलिंगाः सहस्रशः प्रभवंते सरूपाः
तथा पराद्विविधाः सोम्य भावाःप्रजायन्ते तत्र चैवापि यान्ति ।
(मुं. २-१-१)

वैसा ही यथा 'नद्यः स्यन्दमानास्समुद्रेऽस्तं गच्छंति नाम रूपे विहाय' (मुं. ३-२-८) या 'ब्रह्मैवसन् ब्रह्माप्येति' (बृ. ४-४-६) इन श्रुतियों का

तात्पर्य निरवयव एकमेवाद्वितीय ब्रह्म वस्तु के विभाग होते हैं, या टुकड़े होते हैं, ऐसा कदापि नहीं हो सकता। **अद्वैत सिद्धान्त** में भेद की कड़ी निन्दा की गई है; दे. पृष्ठ ११७

चिदाभास यद्यपि अनात्म विवर्त है, तथापि वह हजारों वर्ष बना रहता है। ८४ लक्ष जन्मों में से बीतता है, और फिर 'कथंचित् पुण्यवशाद्वेदोदितेन ईश्वरार्थ कर्मानुष्ठानेन अपगत रागादि मलः,.....वेदान्तेभ्यः प्रतीयमानं ब्रह्मात्मभावं बुभुत्सुः शमादि साधन संपन्नः ब्रह्मविदमाचार्यमुपेत्य..... ब्रह्मात्मतत्वमवगम्य.....ब्रह्मरूपोऽवतिष्ठते' ऐसा जीवन्मुक्ति की प्राप्ति का प्रतिपादन 'सनत् सुजातीय' के प्रस्ताव भाष्य में किया गया है। देहान्त समय में 'न तस्य प्राणा उत्क्रमन्ति इहैव समवनीयन्ते' (बृ. ३-३-११) सब जड़ द्रव्य मूल भूतों में रूपांतरित हो कर उन्हीं में विलीन हो जाते हैं। बुद्धितत्व पर रहा हुआ विवर्त रूप अहंकार, वह भी अपने प्राकृतिक कारण में मिल जाता है अर्थात् उसके व्यक्तित्व का निरन्वय नाश ही हो जाता है। पूज्यपाद श्रीशुकाचार्य मुक्त हो गये, आज उनका एकाध् अत्यंत सूक्ष्म अंश, कहीं इस ब्रह्माण्ड के दूर के कोने में चिपककर रहा है, ऐसा तो हम नहीं मानते। उनका व्यक्तित्व प्राकृतिक ही था. और प्रकृत में ही उसका विलय हो गया यही निश्चित् है। एवं च, उक्त श्रुतियों का तात्पर्य लक्षण से ही लेना आवश्यक है। अनात्म जीवात्मा ब्रह्म बने कैसे ? मोक्ष क्रिया रूप तो नहीं है। अर्थात् ब्रह्मात्मभाव, ज्ञानदृष्टि से ही सिद्ध होता है। यहां ही जीवन्मुक्त को निरतिशय शान्ति समाधान और सुख की प्राप्ति होती है; और अन्त में वह किसी भी रूप से अवशिष्ट नहीं रहता। 'जगद्व्यापारवर्जम्' (ब्र. सू. ४-४-१७) से यही सिद्धान्त होता है, कि सृष्टिनियंतृत्व या और भी जो परब्रह्म के प्रशासन या सत्ता सामर्थ्य हैं, वे, कितना भी बड़ा ज्ञानी हो, उसे प्राप्त नहीं हो सकते। तथ्य दृष्टि से न कोई ब्रह्म बनता है और न उसमें मिल जा सकता है।

विदेहमुक्ति, अर्थात् ज्ञानी के देहान्त के साथ ही चिदाभास का निरन्वय अभाव हो जाता है, इसका कुछ वेदान्ती पण्डितों को बड़ा डर लगता सा

मालूम होता है, जिससे वे एक बड़े हेत्वाभास के जाले में फँसे हैं। वे कहते हैं कि यदि ऐसा निरन्वय नाश होने वाला हो, तो मोक्ष के लिये कौन प्रस्तुत होगा ? यह तर्क तो बड़ा विचित्र है। परामुक्ति के पश्चात् भी अपने अस्तित्व की प्रत्याशा रखना, इससे तो मोक्ष के लिए अपनी अपात्रता ही सिद्ध होती है। इन पंडितों का कहना है कि प्रत्यगात्मा ब्रह्मरूप से. अर्थात् अवधि रूप से अवशिष्ट रहता है। ठीक है, पर, ब्रह्म अवधि रूप से कब नहीं था ? और उसको क्या यह आशा लगी रहती है कि स्वयं अवधि रूप से अवशिष्ट रहे ? दृश्य अहंकार को ही ऐसी लालसा रहना संभव है, और इसका परित्याग ही उसकी अलिप्तता की कसौटी है। इन लोगों की युक्तिप्रणाली यह है कि, अब्रह्म कभी ब्रह्म नहीं बन सकता, गौ का अश्व कभी नहीं हो सकता पहले ब्रह्म रहे, फिर किसी कारण से वह अज्ञानी हो और फिर इस आगंतुक अज्ञान को हटाने से ब्रह्म बने, यह प्रक्रिया सुगम है; अतः पहले मनुष्य ब्रह्म ही था ऐसा इनका सिद्धान्त है, और वे कहते हैं कि यदि ऐसा न माना जाय तो वैय्यधिकरणता दोष की आपत्ति आती है। सुवर्ण कलंकित हो तो उसीका कलंक निकालने से वह शुद्ध बनता है, जिस अधिकरण या स्थल में दोष आया है उसी स्थल से उसका निकास होना आवश्यक है, सुवर्ण शुद्ध करने के लिए चांदी का दोष निकालने का प्रयास करते रहना इसका नाम वैय्यधिकरणता दोष है। अर्थात् ब्रह्म ही भ्रान्त हो कर उसका मानव बन जाता है, यह इनका सिद्धान्त है ! इस ऊंची तार्किकता के सामने ऐसा कौन अभागा है जो सर न झुकावे ? दोष को हटा देने की चिन्ता तो अद्भुत है ! स्व कपोल परिकल्पित व्याधि की कपोकल्पित चिकित्सा, व्याधि से भी भयानक है ! यदि ब्रह्म ही भ्रान्त हो जाय तो अद्वैतदर्शन समुद्र में प्रक्षिप्त करने के योग्य है ! तर्क शृङ्खला की एक भी कड़ी यदि खो जाए तो देखिए कैसी विपत्ति होती है !

(४८) तादात्म्य ज्ञान ही मोक्ष का साधन है

तात्पर्य यह है कि भले ही जीवात्मा अचिद्रूप हो उसकी 'ज्ञान बल क्रिया' याने उसका ज्ञान और कर्तृत्व सामर्थ्य, अटूट है। अनेक जन्मार्जित पुण्यों के समुदय को ब्रह्मविज्ञान (जिसका पर्याप्त विवेचन प्रकरण (३७) आत्म-

दर्शन पृष्ठ १०८ से आगे किया गया है) यहाँ का यहीं प्राप्त हो सकता है। उसको यही निश्चय कर लेना है कि परब्रह्म परमात्मा सत् चित् और आनन्द रूप हैं, उनकी दण्डायमान अद्वितीय **सत्** सत्ता पर ही द्वैत भावरूप निखिल प्रपंच का विलास दिख रहा है। वे स्वसंकल्पमात्र से ही अखिल संसार के उत्पत्तिस्थितिलय के विधाता और नियामक हैं। उनकी **चित्** सत्ता ही लौकिक अलौकिक व्यावहारि पारमार्थिक सकल प्रकार के ज्ञान का निदान है। उनकी अनुपमेय **आनन्द** सत्ता ही जगत् में सकल प्रकार के सात्विक सुख तथा अद्वैतावस्था के निर्मल निरतिशय सुख की जननी है। सारी चराचर सृष्टि परब्रह्म की दण्डायमान सत्ता के बिना क्षण भर के लिए भी नहीं रह सकती, अतः वह 'ब्रह्माभिन्न' है। ब्रह्म कारण है और विश्व उसका कार्य है, अर्थात् मैं भी एक सृष्ट पदार्थ हूँ। सृष्टि और ब्रह्म में भेद संबन्ध नहीं है **अनन्यत्व** सम्बन्ध है जिसको '**तादात्म्य** सम्बन्ध' कहते हैं। याने प्रथम द्वितीय के बिना रहता है परन्तु द्वितीय बिना प्रथम के नियन्त्रण के नहीं रह सकता। इस सिद्धान्त का युक्तियुक्त विवरण पीछे प्रकरण ४१ परिच्छेद २ पृष्ठ १४८ से आगे आ चुका है।

श्रीमच्छंकराचार्य के वाक्यवृत्ति नामक स्तोत्र के श्लोक ६ में बताया गया है:—

। तत्त्वमस्यादि वाक्योत्थं यज्जीवपरमात्मनोः
तादात्म्य विषयं ज्ञानं तदिदं मुक्तिसाधनम् ।

तत्त्वमसि, अहं ब्रह्मास्मि सर्वं खल्विदं ब्रह्म, इनका तात्पर्य, तू, मैं, या यह सर्व जगत्, ब्रह्म है, ऐसा नहीं: यहां शब्दार्थ असंभव है, इसी लिए लक्षणा करनी पड़ती है। एक ब्रह्म ही परमार्थ सत्य है, और महाकारण है; शेष सब चराचर जगत् अपरमार्थ, अनिर्वचनीय है, और ब्रह्म से उत्पन्न कार्य रूप है। इन दोनों का संबन्ध अभिन्नता का है, **अनन्यत्व** है। द्वैत मत में दोनों परमार्थ सत्य माने गए हैं। **अद्वैत** मत में चराचर सृष्टि को स्वतन्त्र अस्तित्व नहीं है, यह तात्पर्य है।

(४९) ब्रह्मज्ञान का साक्षात् साधन उसका स्वरूप और उसकी फलश्रुति

मोक्ष के सम्बन्ध में **अद्वैतविज्ञान** का अटल सिद्धान्त, **ज्ञानादेव तु कैवल्यम्** ऐसा है। श्वेताश्वतर उपनिषद् (३-८) घोषणा करता है, 'वेदाहमेतं पुरुषं महान्तमादित्यवर्णं तमसः परस्तात्। तमेव विदित्वाऽतिमृत्युमेति नान्यः पन्था विद्यतेऽयनाय'। छान्दोग्य उ. (७-१-३) बता रहा है, 'तरति शोकमात्मवित्'। मुण्डकोपनिषद् में ज्ञान की महिमा के बीसियों वचन पाये जाते हैं। अन्य साधनाओं का प्रयोजन, सम्यग्ज्ञान के निमित्त है। कर्मयोग, भक्तियोग और ध्यानयोग बुद्धि को विशुद्ध सूक्ष्म करने के लिए हैं। परन्तु अन्त में श्रवण मनन, निदिध्यासन, द्वारा श्रुत्यर्थ का पर्यालोचन और याथात्म्यबोध होने पर ही, मोक्ष अर्थात् निरतिशय शान्ति और आनन्द का लाभ साधक को हो सकता है, सम्यग्ज्ञान की संक्षिप्त व्याख्या यही है:—

। ब्रह्म सत्यं जगन्मिथ्या जीवो ब्रह्मैव नापरः
अनेन वेद्यं सच्छास्त्रमिति वेदान्त डिण्डिमः। २०
(श्रीशङ्कराचार्यकृत ब्रह्मज्ञानावली माला)

(१) ब्रह्म त्रिकालाबाधित सत्य है, उसका ज्ञान (अ) स्वरूप लक्षण और (आ) तटस्थ लक्षण, इन दोनों के तात्पर्यार्थ ग्रहण से ही हो सकता है। इस प्रधान विषय में विस्तृत विवेचन प्रकरण २८ और ३१ पृष्ठ ४१ और ६९, तथा और भी जगह जगह किया गया है। तटस्थ लक्षण का प्रयोजन ही ब्रह्मकारणता सिद्धान्त का प्रमाण है। इसका भी विशदीकरण अनेक स्थलों पर किया गया है।

(२) जगन्मिथ्या; मिथ्या शब्द का अर्थ ही सदसद्विलक्षण है, अर्थात् जगत् व्याहारिक सत्य कार्यक्षम किन्तु अशाश्वत है। इसका स्पष्ट विवरण प्रकरण ४१ में दिया गया है।

(३) 'जीवोब्रह्मैवनापरः'; जीव शब्द के दो अर्थ हैं, एक पारमार्थिक जीव अर्थात् प्रत्यगात्मा; यह तो साक्षात् ब्रह्म है, क्योंकि एकमेवाद्वितीय निरवयव ब्रह्म में तनिक भी भेद नहीं है, दे. पृ. ११७, वैसे ही 'पूर्णमदः पूर्ण मिदम्' का अर्थ जो आगे 'ईशावास्य उपनिषद् का अनुवाद' प्रकरण ६१ में दिया जाएगा। दूसरा, संसारी जीव तो अनात्मा है दे. प्रकरण (४७) पृ. १९१ जैसी चराचर सृष्टि, वैसा ही वह। न पहले वह ब्रह्म था न आज है और न आगे चल कर होने वाला है, क्योंकि ब्रह्म के विभाग नहीं होते। हां जैसे बाधसामानाधिकरण्य के सिद्धान्त से सारा जगत् ब्रह्म है वैसा ही वह भी ब्रह्म है। दे. पृ. १४५ और आगे प्रकरण ५२

वेदान्त दर्शन भावप्रधान पुरुषों के लिए नहीं है, वह मेधावी स्वाध्याय शील ब्रह्मविद्यार्थियों के लिये है। ब्रह्म स्वरूप का यथार्थ निर्धारण जिस पुरुष को होता है उसके लिए त्रिविध फल की प्राप्ति बताई गयी है वह यहः —

(१) पराप्रज्ञा की प्रतिष्ठा; येनाश्रुत श्रुतं भवति, (छा. ६-१-३) ज्ञानी की बुद्धि चतुरस्र, अनेक विषयों को ग्रहण करने में कुशाग्र, होती है। बृहदारण्यक श्रुति भी इसी सिद्धान्त को स्पष्टरूपता से बता रही हैः—आत्मनो वा अरे दर्शनेन श्रवणेन मत्या विज्ञानेनेदं सर्वं विज्ञातं भवति (बृ. २-४-५)

(२) सर्वात्मभावापत्ति; ज्ञानी पुरुष; प्रपञ्च को चिद्विलास की दृष्टि से देखता है। प्राणिमात्र के साथ उसका आत्मीयता का और प्रेम का वर्तन रहता है। प्राणिमात्र उसको अपना प्राण समझते हैं। श्रुति माता कहती है, 'स इदँ सर्वं भवति, तस्यह न देवाश्च नाभूत्या ईशते, आत्मा ह्येषाँ स भवति' (बृ. १-४-१०) देवता भी उसका कुछ बिगाड़ नहीं सकते क्योंकि उन्हींका वह आत्मा बन जाता है। ऐसे ज्ञानदृष्टि मनीषियों के वर्णन में पूज्यपाद व्यास महर्षि लिखते हैं।

। यं प्रव्रजंतमनुपेतमपेतकृत्यम्
द्वैपायनो विरहकातर आजुहाव
पुत्रेति तन्मयतया तरवोभिनेदुः
तं सर्वभूतहृदयं मुनिमानतोऽस्मि ।
(भागवत १-२-२)

यह श्रीशुकमहामुनि का वर्णन किया गया है, यह स्पष्ट है। भगवान् आनन्दकंद कृष्णचन्द्र की ओर, मानव जनता तो क्या, गौ, हिरन इत्यादि जानवरों के समूह भाग कर जा गिरते थे, वह यही अद्वितीय आत्मिक* आकर्षण है।

और (३) दुःख की अत्यंत निवृत्ति और निरतिशय आनन्द तथा शान्ति सुख की प्राप्ति।

इस त्रिविध फल प्राप्ति के सम्बन्ध में मध्यकालीन और अर्वाचीन वेदान्ती पण्डितों का क्या अभ्युपगम है यह देखना कौतुकास्पद होगा।

ज्ञानादेवतु कैवल्यम् यह सिद्धान्त प्रायः इन पण्डितों को सम्मत है। प्रायः कहने का कारण यह है, कि कितने ही पण्डितों ने ज्ञान का समुच्चय ध्यान से कर दिया है। किम्बहुना ध्यान को ज्ञान के सिर पर चढ़ा दिया है। इसमें भी बुद्धमत की छाया दिखाई देती है।

---

* इसमें अधार्मिक अनैतिक अश्लील और विचार विगर्हित अपव्यवहारोंका समावेश करके श्रीकृष्ण भगवान् के सम्बन्ध में उनका इस पवित्र ग्रन्थ में प्रक्षेप कर देना, इससे अधिक घृणास्पद और संताप जनक कौनसी बात हो सकती है? श्रीव्यासजी की लेखनी को ऐसी बातें छू नहीं पातीं। अर्थात् यह हमारे विषयासक्त लोगों का ही काम है। इस पुराण में बहुत स्थलों में भेदा भेद वाद और बौद्ध सम्प्रदाय के मत भी प्रक्षिप्त पाये जाते हैं!

ज्ञान अथवा यथार्थबोध का प्रतिपादन पहिले ही किया गया है। इस में ईश्वर, जगत् और जीव इन तीनों के तत्त्वों का यथार्थ निर्द्धारण आवश्यक है, श्रीविद्यारण्यस्वामी का भी यही मत है। परन्तु हमारे पण्डितों को यह सम्मत नहीं, वे कहते हैं! कि हमको जगत्, सृष्टि की उत्पत्ति या उपपत्ति या ब्रह्मकारणतावाद इन बातों से कोई प्रयोजन नहीं है यह सब धात्रिकथाएँ हैं। हम 'एकमेवाद्वितीय ब्रह्म' इसी को जानना चाहते हैं! ऐसे अशास्त्रीय दुराग्रह का परिणाम ब्रह्म के अनवबोध में ही हो, तो कोई आश्चर्य नहीं।

क्षण भर के लिये मान लिया जाय कि हाँ ब्रह्म को ही जान लो। किन्तु इसमें भी इनकी यह आपत्ति है, कि हमें ब्रह्म का तटस्थलक्षण मान्य नहीं, क्यों कि वह ऊपर उल्लिखित धात्रिकथाओं की भांति असत्य है! अब देखिये, वास्तव में तटस्थ लक्षण तो उसी ब्रह्म का है जिसका स्वरूपलक्षण है, 'कादाचित्कत्वे सति व्यावर्तकत्वम्' ऐसी उसकी शास्त्रीय व्याख्या है, परन्तु इन के दिल में यह बात जमी हुई है, कि वह किसी अनात्म अब्रह्म का लक्षण है, इसका क्या इलाज? अच्छा, स्वरूप लक्षण में भी इन भद्र पुरुषों ने बड़ी गड़बड़ी कर रखी है। **सत्** शब्द का अर्थ वे केवल 'अस्तित्व' याने जड़ सत्तासामान्य, जिसे प्रशासनादि प्रभाविता का स्पर्श नहीं ऐसा कर लेते हैं! **चित्** शब्द का अर्थ ज्ञातृत्व विरहित प्रत्युत, ज्ञाता ज्ञान और ज्ञेय, ये तीनों जिसमें हैं नहीं ऐसा कर लेते हैं! जो समझ में आना दुर्घट है! अब रहा **आनन्द**, इसको वे ज्ञान संस्पर्श विहीन तुष्टि ऐसा कुछ का कुछ ही मान लेते हैं! ये सब कल्पनाएँ शून्यता में ही पर्यवसित होती हैं। अनेक शताब्दियों से ऐसा **शून्य ब्रह्म** का ध्येय हमारी दृष्टि के सामने रहने से हम अगर शून्य प्राय हुए हों, तो उसमें क्या आश्चर्य है?

'सर्वात्मभाव', ब्रह्म विज्ञान का दूसरा फल बताया गया है। इसका विवरण पहले ही आ गया है। इसमें भी हम बौद्धों के भ्रमचक्र में आ गए हैं, उल्लिखित श्रुति में 'इदं सर्वं भवति' ऐसा शब्द है 'इदं' तो बाहर कुछ है ही नहीं, और अन्दर मनोवृत्तियों का उपशम होने पर **शून्य** ही रहता है,

अर्थात् सर्वात्मभाव का अर्थ सर्व का अभाव इन्होंने कर रखा है ! और इस वैनी दृष्टि से इसी श्रुति के इतर अनेक शब्द गपसप हैं, ऐसा कह कर ये लोग स्वसमाधान कर लिया करते हैं !

बहुत से पण्डितों का यह कहना है, कि 'सत्यं ज्ञानमनतं ब्रह्म' यह ब्रह्म का स्वरूप लक्षण बन ही नहीं सकता और यही वेदान्तका अत्युच्च सिद्धान्त है ! इसका कारण यह है, कि जहां तीन भिन्नार्थ शब्द आएँ वहां स्वगत भेद आ ही गया, अतः इन शब्दों के अलग अर्थ ही नहीं हैं। इनमें जो एक अनुस्यूत अस्तिता का अर्थ है, उतना ही स्वीकार्य है ! **श्रीमच्छंकराचार्य ने** यह सब शब्द, अर्थ युक्त हैं ऐसा अपने तैत्तिरीय भाष्य में बताया है । शास्त्रकारों के द्वारा बनाया हुआ लक्षण गलत है, यह कहना धृष्टता मात्र है ।

दूसरे एक महापण्डित की आपत्ति है, कि तीन शब्द तो क्या एक भी शब्द ब्रह्म विषयक नहीं हो सकता क्यों कि 'विगत अशेष विशेष' ऐसा उसका वर्णन है, अतः 'ज्ञप्तिस्वरूप' इतना कहें, तो भी विशेषता आजाती है ! यह सुन कर तो किसी को भी बड़ा अचम्भा होगा । फिर प्रश्न हो सकता है, कि 'एकमेवाद्वितीयत्व' भी विशेषता क्यों नहीं ? और 'विगत अशेष विशेष' इस पर भी वही आपत्ति क्यों नहीं आती ? 'अस्ति' कहें, तो भी छुटकारा नहीं 'उसका लक्षण ही बनता नहीं' ऐसा कहें, तो भी वही बात आती है ! मौन कहें, तो भी वैशिष्ट्य से कैसे बचें ?

सारांश विवेक बुद्धि और तारतम्य ज्ञान को खोने के बाद यदि शब्दों के कर्दम में मनुष्य गिर जाय, तो उसी कर्दम में गिरा हुआ दूसरा, उसे कैसे बाहर निकाल सकेगा ?

वेदान्ती पण्डितों में ऐसा भी एक मत प्रचलित है, कि ब्रह्मज्ञान के साथ ही सम्पूर्ण अविद्या, उसके कार्य सहित नष्ट हो जाती है ! यह विधान श्रोता को बड़े विभ्रम में डाल देता है । आप ब्रह्म वेत्ता यदि हों तो आपके

पड़ोसी की अविद्या नष्ट नहीं होती, आपके स्त्री पुत्रादिकों की भी नष्ट नहीं होती, फिर जगत् की अविद्या तो बहुत ही दूर रही। बृहदारण्यक (१-४-१०) के भाष्य में आचार्य लिखते हैं, 'नहिकश्चित् साक्षात् वस्तु धर्मस्य अपोढ़ी दृष्टा कर्त्री वा ब्रह्मविद्या···विज्ञानस्य मिथ्याज्ञाननिवर्तकत्व व्यतिरेकेण अकारकत्वम इत्यवोचाम। न च वचनं वस्तुनः सामर्थ्य जनकम्। ज्ञापकं हि शास्त्रं न कारकमिति स्थितिः।' अतः 'सम्पूर्ण अविद्या का सकार्य नाश' इसका तात्पर्य हमारे अज्ञान या विपरीत कल्पनाओं का नाश इससे अधिक हो ही नहीं सकता। जगत् के पदार्थों का नाश होना चाहिए यह वेदान्त का आशय ही नहीं है, बाध या निवृत्ति असम्यक् भावों की ही हो सकती है दूसरे किसी की नहीं, इस दशा में, प्रपञ्च, ज्ञाननिवर्त्य है, मूलमाया नष्ट होती है, ऐसे वाक्य सम्भ्रमोत्पादक हैं। 'बाधितानुवृत्ति' यह शब्द भी असमञ्जस है; ब्रह्मज्ञान से जो भ्रांति नष्ट हो गई वह फिर कैसे अनुवृत्त हो? और अगर होती है तो वह बाधित हुई नहीं यही सिद्ध हो जाता है! परन्तु दुर्भाग्य हमारा कि **मूल माया** जो सच्चे अर्थों से पारमेश्वरी शक्ति है, उसी को हम भ्रान्ति समझ बैठे हैं! यह सब बौद्ध सम्प्रदाय ने जो अज्ञान कारणता का प्रभावोत्पादक प्रचार किया, उसी का परिणाम है।

(५०) ज्ञाननिष्ठ पुरुष के सम्बन्ध में अनोखी बातें

ज्ञानदृष्टि पुरुष के सम्बन्ध में भी ऐसी ही नासमझी की बातें पुस्तकों में लिखी हुई दिखाई देती हैं। कहा जाता है, कि या, तो वह पाषाण के समान पड़ा हुआ रहता है, या 'बालोन्मत्त पिशाचवत्' दुर्वृत्त और घृणास्पद आचरण करते दिखाई देता है! आनंद कंद श्रीकृष्णचन्द्र, ब्रह्मनिष्ठ श्रीयाज्ञवल्क्य, पुण्य श्लोक जनक और भगवान शंकराचार्य इनको किस विकल्प में आप डाल सकते हैं? ऐसे असमञ्जस वर्णन दशोपनिषदों में कहीं नहीं हैं। दूसरे कुछ उपनिषदों में अच्छी बुरी बातों का बहुविध मिश्रण पाया जाता है, पर प्रकट है, कि इनमें जो श्रुति युक्ति तथा तर्कों के विरुद्ध है, वह प्रक्षिप्त है, और विक्षिप्त तो है ही। ऐसे वर्णनों में बौद्ध मतों की छाप ही दिखाई देती है। इनकी मुक्ति आलय और

प्रवृत्ति विज्ञान के अत्यंत उपशम रूप ही है, अर्थात् बुद्धि की निश्चेष्टता या पाषाण रूपता यही उसका स्वरूप है। बुद्धिशून्यता के अनन्तर अगर शरीर के कुछ व्यापार हों तो वे 'बालोन्मत्त पिशाचवत्' ही होने वाले हैं। सम्भव है, कि उससे कभी दुर्वर्तन भी हो। कैसे भटके हुए ये विचार हैं? पारमार्थिक ज्ञान और व्यावहारिक सामञ्जस्य इन दोनों में क्या ऐसा 'अहिनकुल संबन्ध' है? व्यावहारिक सदाचार और **दैवी सम्पत्** ये तो परमार्थ के साधन हैं, और वही ज्ञानी के लक्षण हैं। परन्तु **'समष्टि अज्ञान'** के शशशृंग को सर पर लेने के बाद 'विवेक भ्रष्टानां भवति विनिपातः शतमुखः', ऐसा न हो, तो ही आश्चर्य है।

(५१) अद्वैत-विज्ञान और परमात्म भक्ति में विरोध है क्या?

ग्रन्थगत पूर्वोक्त प्रतिपादन में यह स्पष्ट किया गया है, कि संसारी जीवात्मा या चिदाभास रूप अहंकार याथात्म्य ज्ञान के पश्चात् ब्रह्म नहीं होता। ब्रह्म होना एक प्रौढ़िवाद की भाषा है। ताम्र धातु पर विशिष्ट रासायनिक प्रयोगों के बाद उसका सुवर्ण बन जाता है,—ऐसा एक प्रवाद बहुतायत से गतकाल में पौर्वात्य और पाश्चात्य देशों में प्रचलित था। उसकी तरह ब्रह्मभाव में द्रव्यगत परिवर्तन तो असंभव है, और संभव हो तो भी कृतक होने से विनाशी अर्थात् निष्प्रयोजन है। चिदाभास या अहंकार स्वयं ही अनात्म होने से, पहिले भी न कभी ब्रह्म था, न आज है, और न भविष्य में कभी ब्रह्म बन सकता है। अर्थात् जो कुछ परिवर्तन हो, वह ज्ञान दृष्टि से ही होना संभव है, अन्यथा नहीं। ब्रह्मीभाव का विवरण पिछले प्रकरणों में किया गया है। इस दृष्टि से ज्ञानी तो परमात्मा का बहुत ही श्रेष्ठ भक्त होता है, वह कदापि अज्ञानी भावुक के सदृश नहीं होता। श्रीमच्छंकराचार्य श्रीशारदा माता के भक्तोत्तम थे। भारतवर्ष में पांच जगह उन्होंने माताजी के देवालय स्थापित किये। श्रीमदाचार्य को कुछ भी यहां, या परलोक में प्राप्तव्य नहीं था। परन्तु सद्धर्म परिपालन रूप कल्याण मार्ग, जनता को बता देना उनके करुणापूर्ण अंतःकरण का स्वभाव था। असन्मार्ग का आलम्बन करके जनता को भले ही

खड्डे में गिरने दो, मुझे क्या प्रयोजन; ऐसी स्वार्थी वृत्ति उन्हें छू नहीं सकती थी इस सम्बन्ध में प्रकरण (३९), पृष्ठ १२३ और (४६) पृष्ठ १८६ पर यथेष्ट वर्णन किया गया है। अर्थात् ज्ञानी का आचरण सर्वदा उदाहरणीय रहता है। उसकी भक्ति ज्ञान के दिव्य आलोक से उद्भासित और आनन्दपूर्ण रहती है।

भक्ति करना या पूजा करना, इसका अभिप्राय देवताओं को दीनता दिखा कर भीख मांगना नहीं, और न उनकी खुशामद करके अपना स्वार्थ सिद्ध करना है। मौलिक तत्त्व तो स्वकर्मणा तमभ्यर्च्य सिद्धिं विंदति मानवः (गी. १८-४६) यह है। पत्र पुष्प फल तोय की अर्चा इसी मौलिक तत्त्व की निदर्शक है। इसी का स्फुरण दिलाने के अर्थ उसकी उपयोगिता है। उसमें चित्त प्रसाद अवश्य बनता है, और उससे भक्त अधिक ही कर्तव्य दक्ष होता है। बिना सत्कर्म के कुछ भी फल मिलना, कर्म सिद्धान्त के विरुद्ध है। ईश्वर सर्वदा ही प्रसन्न हैं और अपने हस्त कमलों में प्रसाद लिये हमारे सन्मुख भी स्थित है, केवल हमारी योग्यता सम्पादन की ही देरी है।

(५२) 'सर्वं खल्विदं ब्रह्म' का यथार्थ बोध

छान्दोग्य उपनिषद् में अनेक यज्ञांग और कर्मांग उपासनाओं तथा अन्यान्य विधानों का, यथा अग्निविद्या, शाण्डिल्य-विद्या का उल्लेख आया है। इस सम्बन्ध में प्राणादि अमुख्य ब्रह्मोपासना तथा मुख्य ब्रह्म की भी गुणभेद से उपासना, क्रम मुक्ति के अर्थ दिखलायी है। 'सर्वम् खल्विदं ब्रह्म तज्जलानिति शान्त उपासीत' (छां. ३-१४-१) इस वाक्य के भाष्य में आचार्य लिखते हैं, कि 'त्रिपाद् अमृतरूप अनंतशक्तिरूप (अर्थात् निर्गुण) ब्रह्म के कुछ विशिष्ट गुणों के अवलम्बन से यह उपासना है, और इसी एकमेवाद्वितीय ब्रह्म का आगे छठवें अध्याय में विस्तृत विवेचन आनेवाला है' यह सांख्यों के सत्व रज तम अथवा अन्य कुछ काल्पनिक गुणों द्वारा उपासना नहीं है। प्रत्युत नित्यत्व शुद्धत्व अनंत शक्तिमत्त्व—इन स्वरूप भूतगुणों से ही यह उपासना है। अर्थात् यह

सम्पद् रूप या अध्यात्मरूप उपासना नहीं, प्राप्तव्य अन्तिम ध्येय की ही यहां उपासना है।

अपिच यहां अद्वितीय चैतन्य के **सत्** सामर्थ्य पर ही निखिल द्वैतभाव मय प्रपंच के उत्पत्ति, स्थिति, लय होते हैं यह सिद्धान्त भी बताया गया है। आगे चल कर अध्याय ६ खण्ड २ में, अनेक विद्याओं की आधार भूता ब्रह्मविद्या है, ऐसा उपक्रम करके जगत् का मूल क्या है इसकी गवेषणा की गई है; और अन्त में एक ही परमार्थ ब्रह्मतत्त्व सर्व पदार्थों में अनुस्यूत है, उनकी उत्पत्ति-स्थितिलय करने वाला यही तत्त्व है, और यही तत्त्व तुम्हारी आत्मा है, इस प्रकार का उपदेश नव वार किया गया है। 'सर्वम् खल्विदं ब्रह्म' यह उपासना-श्रुति है, और '**तत्त्वमसि**' यह उपदेशश्रुति है। इस सब प्रतिपादन का युक्ति तथा तर्क द्वारा यथार्थ निर्णय ही फलपर्यवसायी हो सकता है।

परन्तु 'सर्वं खल्विदं ब्रह्म' का एक विपथगामी अर्थ, वेदान्त पण्डितों में रूढ़ हो गया है, वह यह कि यहां, एक ब्रह्म ही ब्रह्म है, दूसरा कोई पदार्थ है ही नहीं! अतः ज्ञानदृष्टि पुरुषों को यहां कोई पदार्थ दिखता नहीं! यह कितनी असत्य धारणा है, यह अनेक बार इस प्रबन्ध में बताया गया है। 'नाप्रतीति स्तयोर्बाधः किन्तु **मिथ्यात्व** निश्चयः' (पञ्चदशी चित्रदीप श्लोक १३) ऐसा श्रीविद्यारण्य स्पष्ट लिखते हैं। सम्भवतः इस प्रचलित विपर्यस्त धारणा को देख कर एक स्थान में श्रीमधुसूदन सरस्वती ने बहुत खेद प्रदर्शित किया है। अपनी गीता टीका में वे कहते हैं:—

> । अज्ञस्य अर्धप्रबुद्धस्य सर्वं ब्रह्मेति यो वदेत्
> महानिरयजालेषु तेनायं विनियोजितः ।
> (गीता ३-२६ की टीका)

'सर्वं खल्विदं ब्रह्म' इस विषय में वेदान्ती पण्डितों का यह अभिप्राय है, कि श्रुति माता ने यहां के यावतीय पदार्थ, बाधसामानाधिकरण्य से ब्रह्म हैं,

ऐसा बताया है। 'स्थाणुरयं चोरः' इस आप्तवाक्य को सुनते ही चोर की भावना जैसे नितान्त नष्ट हो जाती है, और स्थाणु ही दिखाई देता है, ठीक इसी प्रकार उक्त श्रुति वाक्य से ज्ञान के जगत् की कल्पना ही विनष्ट होती है, और ब्रह्म ही ब्रह्म दिखाई देता है! यह युक्ति कितनी थोथी और हास्य जनक है? प्रथम तो छान्दोग्य श्रुति में आद्योपान्त इस अभिप्राय का लवलेश नहीं है। द्वितीय, ऐसा अनुभव कोई ज्ञान दृष्टिपुरुष करता ही नहीं, बाध शब्द का एक अर्थ निरन्वय नाश है, यह मान्य है, किन्तु ऐसा नाश केवल हमारे विभ्रमों का ही होता है, जिनका स्थान केवल हमारा मस्तिष्क है, बाहर कहीं नहीं है। 'स्थाणुरयं चोरः' इस वाक्य के ज्ञान से चोर का विनष्ट होना उचित है क्यों कि वह वहां था ही नहीं। और विश्व भी अगर बौद्धों के मतानुसार प्रातिभासिक ही रहता तो उसका भी निरन्वय नाश होता; था, किन्तु यह हमारा सिद्धान्त नहीं है। बाह्य पदार्थों का अनिर्वचनीय व्यावहारिक अस्तित्व हमें मान्य है, उनका ब्रह्मविज्ञान से नाश होता ही नहीं। उनके विषय में हमारी जो नासमझियां हैं, वही नष्ट हो जाती हैं, यह हमारा सिद्धान्त है। इससे परिस्फुट होगा कि अनेक अर्वाचीन वेदान्त पुस्तकों की भाषा कैसी बौद्धमतों पर अधिष्ठित हो गई है।

अब यहां एक विशेष शंका की अवतारणा हो सकती है वह यह, कि यदि श्वेतकेतु स्वयं ब्रह्म न था और छां ६-३-२ के भाष्य में 'सर्वं च नाम-रूपादि सदात्मना एव सत्यं विकारजातम् स्वतस्तु अनृतमेव, वाचारम्भणं विकारो नामधेयम् इत्युक्तत्वात् तथा जीवोऽपि' ऐसा आचार्य स्वयम् स्पष्ट ही लिखते हैं, तो फिर 'स य एषोऽणिमा ऐतदात्म्यमिदं सर्वं, स आत्मा, तत्त्वमसि श्वेतकेतो', 'तू आत्मा है' ऐसे स्पष्ट शब्द क्यों लिखे गए हैं? इसका स्पष्टीकरण यहां प्रस्तुत किया जाता है।

छान्दोग्य उपनिषद् के छठवें अध्याय का प्रस्ताव, सब विद्याओं में ब्रह्म-विद्या की मौलिकता और प्रभाविता प्रतिपादन करता है। 'एकेन विज्ञानेन सर्वं विज्ञातं भवति' ऐसी ब्रह्मविद्या की महत्ता यहां दिखाई गई है। आगे **सत्** रूप

ब्रह्म से सृष्टि कैसे हुई यह बताया गया है, और यही **सत्** तत्त्व इस ब्रह्माण्ड में कैसे ओत प्रोत है, यह भांति भांति के दृष्टान्तों द्वारा समझाया गया है। इस विवेचन का निर्देश वाक्य:—'स य एषोऽणिमा ऐतदात्म्यमिदं सर्वम् तत्सत्य स आत्मा तत्त्वमसि श्वेतकेतो' जिसका नव वार उपदेश किया गया है। छां. ६-८-७ के भाष्य के वचन ऐसे हैं:—

'एतेन सदाख्येन आत्मना आत्मवत्सर्वमिदं जगत्। नान्योऽस्त्यस्यात्मा संसारी, 'नान्यदतोऽस्ति द्रष्टृ नान्यदतोऽस्ति श्रोतृ' इत्यादि श्रुत्यन्तरात्। येन च आत्मना आत्मवत्सर्वमिदं जगत् तदेव सदाख्यं कारणं सत्यं परमार्थसत्। अतः स एव आत्मा जगतः प्रत्यक्स्वरूपम् सतत्त्वं याथात्म्यम्, आत्मशब्दस्य नेरूपपदस्य प्रत्यगात्मनि गवादिशब्दवत् निरूढत्वात्। अतःतत् **सत्** त्वमसि इति हे श्वेतकेतो'

शङ्कर भगवान् के ऊपर के वचन रहस्यपूर्ण हैं। वे लिखते हैं, कि जगत् को आत्मवत्ता अर्थात् अस्तिता और व्यावहारिकता, प्रत्यगात्म रूप सतत्त्व (अर्थात तत्त्व) से मिली है, और वही सतत्त्व तू है। आशय स्पष्ट है कि जैसे जगत् का कारण प्रत्यगात्मा परब्रह्म है, वैसे तेरा कारण भी वही है। आगे चल कर छां. ६-१६-३ के भाष्य में स्पष्ट किया गया है:-'यदा-त्मकंच सर्वं, यच्च अजममृतमभयं शिवमद्वितीयम् तत्सत्यं स आत्मा तव, अतः **तत्त्वमसि** श्वेतकेतो—इत्युक्तार्थमसकृद्वाक्यम्' तेरा प्रत्यगात्मा ब्रह्म है अतः तू ब्रह्म है ऐसा कहा गया है। फिर आगे चल कर, **तत्त्वमसि** इति निरंकुशं 'सदात्मभावमुपदिशति' ऐसा भी स्पष्ट बताया गया है। जगत् का आत्मा जैसे ब्रह्म है वैसे श्वेतकेतु का आत्मा ब्रह्म है। **अद्वैत विज्ञान** का सिद्धान्त सारे चराचर सृष्टि का प्रत्यगात्मा ही ब्रह्म है, जो एक है। 'स एवाधस्तात्स उपरिष्टात् स पश्चात्सदक्षिणतः स उत्तरतः स एवेदं सर्वम्' (दे. छान्दोग्य अ. ७ खण्ड २५ मंत्र १)

प्रकरण का आरंभ ही जगत् का कारण क्या है, इस ज्ञान के हेतु हुआ है। और फिर 'येनाश्रुतं श्रुतं भवति' यह आत्मविज्ञान का महत्त्व बता कर

'यथा सोम्यैकेन मृत्पिण्डेन सर्वम् मृन्मयं विज्ञातं स्यात् वाचारम्भणं विकारो नामधेयं मृत्तिकेत्येव सत्यम्' यही सिद्धान्त निर्णय किया है। याने जैसा जगत् का कारण तत्त्व ब्रह्म है वैसा तेरा भी कारण तत्त्व ब्रह्म है। 'यतस्माज्जायते तत्ततो न भिद्यते' यही **सत्कार्यवाद** का तत्त्व है। आपके हाथ में हीरे की अंगूठी है, प्रश्न होता है कि हीरा क्या वस्तु है ? उत्तर है, कि वह कोयला है। अर्थात् उसकी उत्पत्ति कोयले से है। हीरा प्रत्यक्ष कोयला है, यह अभिप्राय नहीं। ठीक इसी प्रकार ब्रह्माण्ड प्रत्यक्ष ब्रह्म नहीं है किन्तु इन ब्रह्माण्डों के उत्पादि ब्रह्म से हैं यही अभिपाय है। इसका समुचा विवरण प्रकरण (४१) परिच्छेद (१) में द्रष्टव्य है, दे. पृष्ठ १४५.

(५३) श्रुति वचनों का तात्पर्य और बुद्धिप्रामाण्य की महत्ता

श्रुति वचनों का तात्पर्य किस गम्भीरता और न्यायनिष्ठ युक्तियों से निश्चित करना आवश्यक है, इसका उद्बोधक पुरस्कार और समर्थन जैसा भगवान् **शङ्कर** ने किया है, वैसा क्वचित् ही कहीं वेदान्त साहित्य में उपलब्ध होगा। उन्होंने अपनी अधिकारपूर्ण वाणी से बुद्धिप्रामाण्य की श्रेष्ठता और महत्ता ही प्रस्थापित कर दी है।

भगवद्गीता अ. १८ श्लोक ६६ के भाष्य में वे लिखते हैं:—'न हि श्रुतिशतमपि शीतोऽग्निरप्रकाशो वेति ब्रुवत्प्रामाण्यमुपैति। यदि ब्रूयाच्छीतोऽग्निरप्रकाशोवेति, तथाप्यर्थातरं श्रुतेर्विवक्षितं कल्प्यम् प्रामाण्यान्तरानुपपत्तेः न तु प्रमाणांतरविरुद्धं स्ववचनविरुद्धं वा।'

गवेषणा बुद्धि की परिपुष्टि के अर्थ, यह विचार कैसे स्फूर्तिदायक हैं ? मेधावी विद्वानों को यह बड़ा प्रोत्साहन दिया गया है। इस विचार स्वातंत्र्य के समर्थन से हम **श्रीमदाचार्यजी** के बहुत ऋणी हैं। वेदान्त शास्त्र, भाव प्रधान व्यक्तियों के लिए नहीं है, और तर्कमल्लों से उसे भय नहीं है। इसी कारण, आज सहस्त्रावधि वर्षों के शतशः प्रतिघातों में से भी, वह निष्प्रकम्प

हा है। आज पश्चिम देशों में भी उसे कुतूहल पूर्ण मान्यता मिलती है। श्रुतिवचन और बुद्धि प्रामाण्य एक ही हैं। इसी कारण 'दृश्यतेत्वग्र्यया बुद्धया सूक्ष्मया सूक्ष्मदर्शिभिः' (कठ १-३-१२) ऐसे सूक्ष्मबुद्धि को उत्कट प्राधान्य स्वयं श्रुति ही दे रही है, तो वह, उसके विरुद्ध नहीं रह सकती। 'बिभेत्यल्पश्रुताद्वेदो मामयं प्रहरिष्यति।' श्रुत्यर्थ का असम्यक्परिशीलन करने वालों से श्रुति को बड़ा डर लगा रहता है। ऐसे लोग वहीं कुछ थोड़ा पठन कर लेते हैं, और स्वयं बड़े ही श्रद्धावान् और चिन्ताशील हैं, इस भावना से कुछ का कुछ अर्थ भी लगा लेते हैं: और इतरों को उपदेश भी किया करते हैं, इससे बड़ा डांवा डोल मच जाता है।

अतः श्रुत्यर्थ का निर्णय बड़ा गम्भीर विषय है, और उसके लिए सुसूक्ष्म बुद्धि और सावधानता की एकान्त आवश्यकता है, श्रुत महावाक्यों और अवान्तर वाक्यों का सम्यक् तात्पर्य दर्शक पत्रक, इस प्रबन्ध के अन्त में परिशिष्ट (अ) के रूप से जोड़ दिया गया है।

(५४) मौन का अर्थ क्या है ?

वेदान्त शास्त्र के अनुशीलन करने वाले साधकों में, कभी कभी मौन की चर्चा और वादानुवाद हुआ करते हैं। उसका एक नमूना यहां दिया जाता है:—

पूर्व पक्षी:—ब्रह्म को ब्रह्म शब्द लगता ही नहीं।

उत्तर पक्षी:—शब्द लगने का क्या तात्पर्य है। दुग्ध शब्द कहते ही क्या दु और ग्ध ये दो अक्षर, वक्ता के मुख से निकल दुग्ध-पात्र में जा गिरते हैं? हर एक शब्द किसी न किसी अर्थ का निदर्शक होता है, वैसा ही ब्रह्म शब्द है। नित्य, शुद्ध, बुद्ध, ये जैसे बोधक शब्द हैं, वैसा ही बृंहणत्वात् बृहत्वात् ब्रह्म, ऐसा ब्रह्म शब्द का निर्वचन है। यदि आपको ब्रह्म का अस्तित्व मान्य है, तो फिर उसकी असाधारण विशेषता जो अनेक शब्दों से बताई गयी है, वह भी मान्य होनी आवश्यक है।

पूर्व पक्षी:—परन्तु शब्दों की पहुँच ही ब्रह्म तक नहीं होती उसका क्या इलाज?

उत्तर पक्षी:—यह भाषा तो ऊपर की सी ही है, जिसका उत्तर भी दिया गया है। अब बताइये कि यहां और वहां इनसे क्या आपकी विवक्षा है? 'यदेवेह तदमुत्र यदमुत्र तदन्विह' (कठ. ४–१०) यहां उतना ही ब्रह्म है, जितना इतर स्थलों में है, शब्दों का प्रयोजन, बोध है, शब्द को इधर से उधर जाने आने की कोई बात नहीं।

पूर्व पक्षी:—अशब्दमस्पर्शम् (कठ. ३–१५), यद्वाचाऽनभ्युदितम् (केन १–०), यतो वाचो निवर्तते (तै. ब्र. ९) इस प्रकार ब्रह्म अवाङ्मनस गोचर है, ऐसा बताया गया है।

उत्तर पक्षी:—प्रथम श्रुति का अर्थ ब्रह्म कर्ण, त्वक्, चक्षु इत्यादि इन्द्रियों को अगम्य है—ऐसा है, अशब्द का अर्थ शब्दातीत ऐसा भी किया जाता है, परन्तु उसका तात्पर्य यही है, कि ब्रह्म का शब्दों से वर्णन करना दुर्घट है। श्रुति स्वयं यद्वाचानभ्युदितम्, ऐसा कहते हुए 'येन वागभ्युद्यते' ऐसा शब्दों से ही उसका निरूपण करती है, इसी से उसका तात्पर्य दुर्ज्ञेयता बताना है, अबोध्यता नहीं। फिर भी 'शब्दशक्तेरचिन्त्यत्वात् शब्दादेवापरोक्ष धी:' (सदाचार श्लो. १८) ऐसी अपरोक्ष ज्ञान के अर्थ शब्दों की उपयुक्तता मान्य की गई है।

पूर्व पक्षी:—ब्रह्मज्ञान की भाषा मौन रहती है, ऐसा योगवासिष्ठ में लिखा है; और दक्षिणामूर्ति स्तोत्र में 'गुरोस्तु मौनं व्याख्यानं शिष्यास्तु च्छिन्न संशया:' ऐसा लिखा है।

उत्तर पक्षी:—फिर क्या प्रस्थानत्रयी का सारा प्रतिपादन निष्प्रयोजन है? यह तो बड़ी आपत्ति है। मुनिजनों की जो वाणी अर्थात् जो विवेक-वाणी है, वही मौन है। सर्वलक्षण सग्रह में मौन के ऐसे अर्थ बताये हैं:—

(१) वाक्संयम :

(२) वाक्संयमहेतुर्मनःसंयम :

और (३) वाचो यस्मान्निवर्तते तद्वक्तुं केन शक्यते, प्रपंचो यदि वक्तव्यः सोपिशब्दविवर्जितः इतिवा तद्भवेन्मौनं सर्व सहज संज्ञितम्, गिरां मौनं तु बालानाम् अयुक्तं ब्रह्मवादिनाम्।

इससे दर्शनशास्त्रों का अभिप्राय स्पष्ट होता है। मुख को कुफल डालना तो बालिशता है, और ब्रह्मवेत्ताओं के लिए अनुचित है। प्रपञ्च का भी वर्णन करना शब्दों से आगे है तो फिर ब्रह्म की क्या बात! इस कारण तत्त्वानुसंधान गहन है, यही अभिप्राय है।

(५५) मध्यकालीन और अर्वाचीन वेदान्तियों का ब्रह्म और अश्रौत एक जीववाद

अद्वैत विज्ञान एक गूढ़ और अत्यंत श्रेष्ठ तत्त्वदर्शन है, किन्तु बौद्ध शासन के प्रभाव से हमारे पण्डित जनों की बुद्धि पर एक विचित्र ही मोह छा गया और वह शासन नष्ट हो कर बारह सौ से अधिक वर्ष बीत गए परन्तु इस मोह की घनघटा का प्रभाव अभी तक बना ही रहा है। कहां प्राचीन औपनिषत्तत्त्वज्ञान जिसकी तेजस्विता श्रीमद्भगवद्गीता बता रही है, और कहां हमारे वेदान्त पुस्तकान्तर्गत असमञ्जस प्रति पत्तियां जिन का मूल उद्गम से कुछ मेल नहीं बैठता! इस उपलक्ष्य में कुछ प्रश्नोत्तर निम्न में दिए जाते हैं।

प्रश्न :—पण्डितजी सृष्टि की उत्पत्ति के विषय में क्या परब्रह्म का कुछ सम्बन्ध है?

उत्तर :—शुद्ध निर्गुण निष्क्रिय ब्रह्म का और सृष्टि का कोई संबन्ध नहीं है। देखिए न कुछ ज्ञात होना यह भी तो एक क्रिया है। निर्विकल्प ब्रह्म में यह सुतरां असम्भव है, तो फिर सृष्टिकर्तृत्व तो बहुत ही दूर रहा!

प्रश्न :—फिर सृष्टि की उत्पत्ति किस के अधिकार में है ?

उत्तर :—माया नामक एक अज्ञानरूप आवरण विक्षेप शील शक्ति है, उसने यह सब संसार उत्पन्न किया है ।

प्रश्न :—पर उसे किसने उत्पन्न किया है ?

उत्तर :—किसी ने नहीं ।

प्रश्न :—फिर क्या वह स्वयं उत्पन्न होती है ?

उत्तर :—नहीं, वह हुई ही नहीं ?

प्रश्न :—फिर यह प्रपञ्च किसने बनाया ?

उत्तर :—नहीं, वह भी नहीं है ?

प्रश्न :—बड़ा आश्चर्य है ! फिर मैं जो प्रश्न कर रहा हूँ और आप जो उत्तर भी दे रहे हैं, यह क्या बात है ?

उत्तर :—यह कुछ है ही नहीं !

प्रश्न :—तात्पर्य ?

उत्तर :—यह एक अज्ञ जीव का स्वप्न है ।

प्रश्न :—इस अज्ञ जीव को किसने बनाया ?

उत्तर :—किसी ने नहीं वह स्वयं ही हो गया ।

प्रश्न :—यह कुछ समझ में नहीं आता । माया तो उत्पन्न हुई ही नहीं, ऐसा आपने बताया, और यह मूढ़ जीव अकारण ही उत्पन्न हो गया यह आप कह रहे हैं !

उत्तर :—अच्छा तो मान लो, वह भी नहीं हुआ, हमें कुछ विरोध नहीं ।

ठीक है, श्रुतिबाह्य, तारतम्य विचार विगर्हित, अन बन, कुछ का कुछ, कह देना, इसकी क्या दवा है ? भला यह स्वप्न देखने वाला जीव हुआ ही नहीं

कहें, तो फिर पहली बात असत्य हो जाती है, और हुआ है कहें, तो उसकी कुछ उपपत्ति नहीं बतायी जाती ! क्षणभर मान लिया जाय कि यह सब एक मूढ़ जीव का स्वप्न है, तो क्या यह अद्र पुरुष दो अब्ज वर्षों से अविरत स्वप्न ही स्वप्न देख रहा है ? इसने अपने स्वप्न में श्रीवसिष्ठ, शुक, वामदेव, याज्ञवल्क्य ऐसे अनेक मनीषी और महान् ज्ञानी पुरुष उत्पन्न किये ; इन्होंने अनेक पुरुषों को ब्रह्मविद्या पढ़ाई वे, और उनके शिष्य प्रशिष्यों में से श्रीरामदास, तुकाराम, एकनाथ, तुलसीदास, नरसी मेहता इत्यादि इत्यादि अनेक सन्त और महात्मा, पुनीत हो कर मुक्त भी हो गए, परन्तु इस मूल मूढ़ात्मा को अभी तक उस ज्ञान का कुछ लव लेश भी नहीं मिला ? और यह कुम्भकर्ण का परात्पर प्रपितामह अभी निद्रादोष से मूढ़ावस्था में ही है !!

यह क्या वेदान्त है, या वेदान्त कि हँसी है ? ऐसा भ्रान्ति का निविड अरण्य, **अद्वैतविज्ञान** के चारों ओर बढ़ गया है । यह मूढ़ जीव की कपोल-कल्पना, बौद्ध मतों का परिणाम है, यह पहले अनेक बार बताया गया है । सब प्रपञ्च एक ही मस्तिष्क के भीतर है इस निराधार और अर्थहीन परिकल्पना को खोज करने वाले अरण्यपण्डित का मस्तिष्क तारीफ करने के योग्य है, इसमें सन्देह नहीं ।

यदि वसिष्ठ शुकवामदेवादि पुरुष केवल स्वाप्निक थे, तो वे बुद्ध थे, उनको सम्यग्ज्ञान हो गया, और वे मुक्त हो गए, यह सब बातें ही बातें हो जाती हैं ! और ब्रह्मविद्या की प्रभावशालिता का कोई प्रमाण ही नहीं रहता ! ठीक यही आपत्ति शाक्यमुनि **बुद्ध** ने तत्कालीन सनातनी पण्डितों पर की । वे तो प्राचीन वैदिक विज्ञान को लचर ही मानते थे । उन्होंने ब्राह्मणों से पूछा 'बताइए आपके ब्रह्म को किसी ने देखा भी है ? आप तो स्वयं ही बता रहे हैं, कि वह अदृश्य है, अशब्द है, निधर्मक है, विदित या विदित भी नहीं इ. इ.। इन बातों से यह स्पष्ट सिद्ध है, कि आप लोग ब्राह्मणों के रचे हुए शब्दजाल में फँस गए हैं । तुम्हारे तथाकथित शास्त्र सब रज्जुसर्प सदृश हैं । इसीको मैं 'ब्रह्म जाल' कहता हूँ । मेरे मत के अनुसार भी, यह सब मानवी मस्तिष्क के विज्ञान का विजृम्भण है।

इस दृष्टि से जगत् के सब ग्रन्थों का काल्पनिक ही होना युक्तियुक्त है, अर्थात् वे सत्य नहीं हो सकते।

हमारी विद्या को महात्मा **बुद्ध** ने 'ब्रह्म जाल' कह दिया और हम निर्बुद्ध हो कर, जगत् विभ्रम है, स्वप्न है, ऐसे बुद्धजाल में लिपट गए। उसमें से निकलना भी अब बड़ा कठिन हो गया है!

(५६) भवितव्यता-वाद और प्रयत्नवाद

जगत् एक भ्रम है, स्वप्न है, इस नासमझी का और एक परिणाम आलस्य की वृद्धि में और भवितव्यता वाद के पुरस्कार में हो गया। इस व्यामोह से जितनी हमारे देश की धर्म की, और ज्ञान की, हानि हो गई है उतनी कदाचित् दूसरी किसी भूल से नहीं हुई होगी। गीता धर्म के विनाश के अनन्तर, और **बुद्ध** के जन्म के पूर्व काल में इस देश में सैकड़ों मतामत पन्थ और नास्तिक वादों की बहुतायत हो गई थी। इन पन्थों का वृत्तान्त, जैन और बौद्ध वाङ्मय में मिलता है। इनमें प्रधानतः पूर्ण कश्यप का अकारक वाद या अहेतुक वाद, अनित केशकलम्बलिन् का सर्वपाखण्ड वाद, ककुध कात्यायन का सास्सत वाद, अनिक वाद, या अक्रिय वाद, संजय वेलठ्ठपुत्त का स्याद्वाद, और मंखली गोशाल का अक्रिया वाद या, तिराशीय स्याद्वाद विशेष उल्लेखनीय हैं। इनमें अन्तोक्त वाद बड़ा ही विचित्र है। इसका प्रवर्तक आजीवक सम्प्रदायक का तीसरा तीर्थंकर था, और उसकी उस काल में असाधारण मान्यता थी। इसके मत ऐसे थे:— 'इस जगत् में दूर का या निकट का कोई कार्य कारण सम्बन्ध है ही नहीं! अपने कष्ट से या दूसरे के कष्ट से कुछ भी किसी को प्राप्त नहीं हो सकता। मनुष्य में सामर्थ्य या प्रयत्न की बात ही नहीं है। सब जीव, जन्म से ही दुर्बल और पंगु हैं और भवितव्यता राक्षसी उनको अव्याहत नचा रही है! वही उनको दुःख या दुःखाभाव देती है, ८४ लक्ष जनन मरणों में फिराती है, और अन्त में जीव ही नष्ट हो जाता है। पुरातन श्रौत-स्मार्त धर्म-कर्म सब झूठ हैं।'

महात्मा बुद्ध को यह मत बड़ा पसन्द आया कि मानव अत्यंत दुर्बल , कुछ अपने या दूसरे किसी के हित का कार्य करना उसके हाथ नहीं, किन्तु न्होंने यह भेद बताया, कि एक बात जीव अवश्य साध्य कर सकता है वह ह, कि वह अपने मन को विशुद्ध कर सकता है, और उसकी विज्ञान धारा रुद्ध कर के निर्वाण प्राप्त कर ले सकता है। बस हमारे वेदान्त में भी इसी ात की नकल आ गयी है !

ईश्वर के सम्बन्ध में वेन्दात पुस्तकों में कुछ का कुछ ही लिखा हुआ हता है।

(५७) ईश्वर के सम्बन्ध में विचित्र कल्पनाएँ

। मायाख्यायाः कामधेनोर्वत्सौ
जीवेश्वरावुभौ ।

। यथेच्छं पिबतां द्वैतं
तत्त्वं त्वद्वैतमेव हि । २३६
(पञ्चदशी-चित्रदीप)

इस श्लोक के विचित्र आधार पर, ईश्वर एक बड़ा अज्ञानी जीव है और वह उतना ही बद्ध है जितने कि हम हैं, ऐसा अनिर्वेध कहा जाता है ! उसको 'माया का बेटा' ऐसी हीन संज्ञा इन मूढ़ों ने दी है, जिस पर अपने ज्ञान का बड़ा घमंड इनको है ! ऐसे घृणास्पद विचारों से देश की घोर दुर्दशा न हो, तो क्या होगा ? इस सम्बन्ध में और एक कमाल है, वह यह कि ईश्वर, जीव निर्मित है ! हम अपने ईश्वर को अपनी पसन्द का बना सकते हैं ! और फिर उसके द्वारा मोक्ष भी प्राप्त करा ले सकते हैं !! मानो ईश्वर एक अंगन की भाजी है, चाहे जैसी उत्पन्न कर लो, या स्वप्न का खेल समझ लीजिए ! परन्तु हां, एक साव-धानता अवश्य रखनी है, वह यह कि जो ईश्वर आप बनाएँ वह अज्ञ या बेकार न हो। उसको सम्यग्ज्ञानी बना लेना आवश्यक है, फिर मुक्ति आपके घर की है ! क्यों ? है नहीं यह बड़ी सुगम और मनोमुग्धकर प्रक्रिया ?

ऐसी निरर्गल बातें जब अपने को ब्रह्मनिष्ठ कहला लेने वाले, बनाते हैं तो विचारशील मनुष्य को बड़ी उद्विग्नता होती है। क्या इसी का नाम वेदान्त है ?

वास्तव में देखा जाए तो **अद्वैत विज्ञान** का रहस्य जिन्होंने पाया है, ऐसे पारदर्शी पुरुष आस्तिक ही होते हैं। 'ज्ञानी त्वात्मैव मे मतम्' (गी. ७-१८), इस प्रकार भगवान् स्वयं उनकी प्रशंसा करते हैं। इन महात्माओं का सारा व्यवहार अध्यात्मता से प्रफुल्लित, आदर्श रूप और जनता में दैवी उत्साह तथा स्फूर्ति भर देने वाला होता है। परन्तु इस सम्बन्ध में कुछ विपरीत कल्पनाएँ ही प्रचलित पायी जाती हैं !

(५८) ब्रह्म के सम्बन्ध में भ्रान्ति की पराकाष्ठा

पाठक महाशय अभी जरा शान्ति रखिए और भी एक भ्रांति की पराकाष्ठा आपको दिखानी है। वह भला और किस के विषय में हो सकती है ? हमारे उच्चतम उद्देश्य ब्रह्म के ही विषय में यह भ्रान्ति है ! बड़े बड़े महान् पण्डित बताते हैं, कि ब्रह्म को अपना ही विस्मरण हो जाता है, वह मूर्ख बनता है, फिर जन्म मरणों के दुरन्त दुःखों में जा पड़ता है। इस चक्र में, यदि वह कुछ सद्धर्म का अवलम्बन कर, पर्याप्त पुण्य सञ्चय करे, और फिर यदि दैववश उसे कोई अन्तर्दृष्टि तत्त्वविशेषज्ञ गुरु मिल जाए, तो उसे ब्रह्मविद्या द्वारा मुक्ति प्राप्त हो सकती है। अन्यथा उसका त्रिविध तापों से छुटकारा नहीं होता ! पच्चीस पच्चीस वर्ष तक वेदान्त ग्रन्थों का पठन पाठन करने वाले पुरुषों में इस मत के पक्षपाती भी कतिपय दिखाई देते हैं !

इस पुस्तक के परिशिष्ट (आ) में बौद्ध सम्प्रदाय के मतों का कितना गहरा प्रभाव अद्वैत सम्प्रदाय के विचारों पर हुआ है स्पष्टतया बताने का प्रयास किया गया है।

अन्त में प्रेमी पाठकों से सानुरोध निवेदन है, कि ब्रह्मविद्या की सच्ची पुष्करिणी 'प्रस्थान त्रयी' है। उसकी उपेक्षा कर दूसरे ग्रन्थों के पीछे दौड़ना लाभदायक नहीं हो सकता। मूल दशोपनिषदों की संस्कृत वाणी कोई कठिन नहीं है। श्रीमद्भगवद्गीता पर तो अनेक प्रकार से गम्भीर टीकाएँ हो चुकी हैं। ब्रह्म सूत्रों पर **शंकर** भगवान् का प्रसन्न गम्भीर भाष्य है, जिससे अनेक सिद्धान्तों के सम्बन्ध में स्पष्ट रूप से निर्णय हो सकता है। श्रीमदाचार्य की प्रतिपादन शैली बड़ी रहस्य स्यन्दि और मनोमुग्ध कर है। उनकी वाणी सरल सजीव और धाराप्रवाह है, जिससे उनके भाव सुस्पष्ट प्रतीत होते हैं। यदि कहीं कुछ दुर्ज्ञेयता होती है तो वह भी पढ़ते पढ़ते निकल जाती है। केवल उनके ग्रन्थों का अध्ययन चिन्तन-शीलता से होना अवश्यक है।

(५९) *उपसंहार*

प्राचीन काल से हमारा प्रिय देश संसार भर में 'सुवर्ण भूमि' इस आकर्षक नाम से अभिहित होता आया है। सन्देह नहीं कि वह वास्तव में वैसा था भी। परन्तु हमारी घोर अज्ञानता और बहुल प्रमादों के कारण सहस्त्रावधि वर्षों से हम उसे खो बैठे थे। स्वाधीनता प्राप्त करने के निमित्त, कोई साठ साल हुए, हमारे देशभक्त नेता तथा आत्मत्यागी वीरों ने धुआँधार अदम्य प्रयत्न और परिश्रम किये, परन्तु अन्त तक कोई सफलता की आशा नहीं दिखाई दी; परमात्मा की अद्भुत लीला से ही संसार के घटना चक्र में, ऐसे कुछ परिवर्तन हुअे, जिनके कारण अँग्रेज शासकों को हमें स्वाधीनता सौंप कर देश छोड़ जाना अनिवार्य हो गया। देश को स्वायत्तता तो मिल गयी परन्तु अनेक विष बीजों से मिश्रित होकर! परिणाम यह हुआ कि देश के तीन विशाल विभागों को हमें खोना पड़ा। धूर्त अंग्रेजों ने पाकिस्तान के वैर की एक दुर्धर व्याधि हमारे लिये उत्पन्न कर रखी है। न मालूम कितने दीर्घकाल तक हमको वह सहनी पड़ेगी। राज्य यन्त्र को किस ढंग से सुरक्षित रखना यह कला हमें ज्ञात नहीं। गत इतिहास इसका साक्षी है। अब हमारा यह एक सबसे बड़ा कर्तव्य है, कि हम इन सब विष बीजों को भस्म कर दें, और भारतीय साम्राज्य की हर

प्रकार से रक्षा करें। हमारे उज्ज्वल धर्म के विषय में भी हम गत काल में जागरूक नहीं रहे; उसमें भी हमने गलत सलत बातें मिला दीं! परिणाम यह हुआ कि हमें 'पीनल कोड' की शरण लेनी पड़ी। फिर अपने सबसे बड़े जौहर ब्रह्मविद्या को भी हमने अज्ञान के कर्दम में फेंक दिया और वह अब हमें ढूँढ़ने से भी नहीं मिल रहा है। इस कर्दम को हटा कर इस विज्ञान का तेजस्वी स्वरूप हमको दिखा देनेवाला यदि कोई प्रतिभासम्पन्न महात्मा उत्पन्न हो, तो ठीक होगा। गत इतिहास में ऐसी ही अवस्था एक समय पर हो गई थी; उस समय यह कार्य महात्मा **श्रीशंकराचार्यने** किया; और इसी कारण

। वक्तारमासाद्य यमेव नित्या सरस्वती स्वार्थसमन्वितासीत्
समस्तदुस्तर्कनिरस्तपंका नमामितं शङ्करमर्चितांघ्रिम् ।
(संक्षेपशारीरक अ. १ श्लो. ७)

ऐसे धन्यवाद श्रीसर्वज्ञात्ममुनि ने दिए हैं।

समारोप में एक विज्ञप्ति करना आवश्यक है। इस पुस्तक में गत कालीन बहुत. गीर्वाण तथा प्राकृत ग्रन्थकारों के मतों पर कडी आलोचना करना आवश्यक हुआ है। मान्य है, कि लेखक कोई सर्वज्ञ पुरुष नहीं है। कपिल, कणाद जहां सम्भ्रम में पड़ गए तो दूसरों की क्या कथा? तथापि प्रत्येक लेखक का कर्तव्य होता है, कि उसकी अन्तरात्मा को जो प्रमाण संगत युक्तियुक्त और सर्वजनों के लिए हितप्रद प्रतीत हो, उसीका वह प्रति पादन और पुरस्कार करे, भले ही उसमें अनेकों से विरोध भी करना पड़े। प्राञ्जल चर्चा और विमर्श से, ही तत्त्वज्ञान में तथ्यनिश्चिति हो सकती है।

इसमें कणमात्र सन्देह नहीं कि मध्यकालीन और अर्वाचीन कई पण्डितों के ग्रन्थों में नाना विध विभिन्न मतों का प्रदर्शन किया हुआ पाया जाता है। इसी से प्रकट है,कि ये सभी मत यथार्थ नहीं हो सकते; और जो अयथार्थ प्रतीत होते हैं, उनकी विसंगतता बताना क्रमापन्न होता है। साथ ही यह

विचार आवश्यक है, कि कोई पुरुष जानबूझ कर अयथार्थ या उद्भ्रान्त मतों का अंगीकार या प्रतिपादन, नहीं करता। अर्थात् इसके भी कारण होते हैं जिनका विचार होना समुचित होता है। कहने का आशय यह है, कि ये ग्रन्थकार केवल मतविभिन्नता के कारण, अवमान या अनादर के भाजन नहीं माने जा सकते। सोचना चाहिए कि जिस कराल काल तथा परिस्थिति में, ये ग्रन्थ लेखक उत्पन्न हुए, उसकी विकटता अकथनीय थी। लगभग सहस्र वर्ष से हमारा देश परकीयों के आक्रमणों और बर्बरता का बलि हो गया था। और यद्यपि ईसा सन् १८१८ में अंग्रेजों का आधिपत्य स्थापित हो गया, तथापि देश में शान्ति सुरक्षा की स्थापना न हो पायी। चोरों और डाकुओं की लूट मार, पिण्डारियों का उपद्रव और इ. स. १८५७ का प्रचण्ड विद्रोह, इत्यादि कारणों से देश में किसी का जीवन सुरक्षित न था। इस प्रदीर्घ काल में शिक्षा दीक्षा का भी कोई प्रबन्ध न हो सका। गीर्वाणवाणीका ज्ञान लुप्तप्राय हो गया था। ऐसी अवस्था में ब्रह्मविद्या की ओर देखे ही कौन? कुछ इने गिने लोगों ने उसका अनुशीलन किया, यही एक आश्चर्यभरी बात है! फिर इस अवधि में ग्रन्थों का भी घोर दुर्भिक्ष रहा। छापने की कला यहां किसी को ज्ञात ही न थी। इस देश में इस कला को आए, आज लगभग सौ साल हो गए हैं। हजारों की संख्या में पुस्तकें छापी गयीं और जाती हैं, परन्तु अनुभव यही रहा है, कि पुरानी पुस्तकें ढूंढने जायँ तो नहीं मिलतीं! फिर पूर्व काल का क्या कहना है? तीस-चालीस गांवों का प्रवास और दीर्घ अन्वेषण के उपरान्त एकाध फटा पुराना तथा कीड़ों का खाया हुआ ग्रन्थ मिलता; पर दूसरे तद्विषयक ग्रन्थ नहीं मिलते! ऐसी दशा में कई पण्डितों ने हार्दिक आस्था तथा दीर्घ परिश्रम से जो कुछ लिख कर रखा है, उसके लिए वे धन्यवाद के भाजन हैं। आज परिस्थिति ही सुतरां अलग है। किसी भी स्वाध्याय शील पाठक के घर में एक विषय पर २/४ पुस्तकें तो अवश्य ही रहती हैं। उनकी सूचियां भी रहती हैं कुछ विशेष देखना हो तो तुरन्त साधक बाधक प्रमाणों के साथ, देखा जा सकता है। अधिकन्तु, अन्यान्य देशों में दार्शनिक विचारों की क्या प्रगति है, यह भी ज्ञात होने के अनेक साधन हैं। देखिए, १९१३ साल में एक जर्मन पण्डित हिलेब्रांट ने अठारह ऋग्वेदीयसूक्तों का सुन्दर भाषान्तर किया

है, यह बात अन्वेषक पण्डितों के लिए बड़ी कुतूहल प्रद है। तात्पर्य, आज जो ज्ञान सम्पादन की सुविधाएँ हैं, वे पहले नहीं थीं। हमारे मौलिक ग्रन्थ वेदों का भी संकलन या संशोधित पाठ मिलना दुर्घट था। इस दृष्टि से इन ग्रन्थकारों के परिश्रम बहुमान्य ही हैं। और हम किसी दृष्टि से उनसे श्रेष्ठ हैं, ऐसी डींग नहीं हांक सकते। आज यदि ये ग्रन्थ रचयिता इस धरा धाम पर आएँ, तो वे साफ बता देंगे कि उनको कितनी कठिनाइओं का सामना करना पड़ा, कितने ग्रन्थ उनको देखने तक को नहीं मिले! और किन किन विषयों के सम्बन्ध में उनके ग्रन्थ आज परिष्कार करने योग्य हैं। सत्य संशोधन का स्तर ही उदारता के पूत सलिल से सिञ्चित रहता है। इसमें कोई विरोध नहीं हो सकता। हमारा उपनिषत् पाठ हमको सावधान कर रहा है, कि 'तेजस्वि नावधीतमस्तु' सह नौ यशः सह नौ ब्रह्मवर्चसम्। आचार्य देवो भव। अतिथि देवो भव। यान्यनवद्यानि कर्माणि। तानि सेवितव्यानि। नो इतराणि। यान्यस्माक ं सुचरितानि। तानि त्वयोपास्यानि। नो इतराणि। (तै. शीक्षाध्याय अनुवाक ३ और ११) यह सब उपदेश कितना प्रांजल कितना बुद्धिस्वातन्त्र्य का परिपोषक, कितना अध्यात्मता से प्रफुल्लित और सार गर्भित है? अतः विद्वान पाठकों से विज्ञप्ति है, कि वे इस प्रबन्ध की अवश्य परीक्षा करें और दोषों को दिखावें। भ्रान्ति को कहीं अवसर न रहे यह ब्रह्मविद्या के लिए अत्यंत आवश्यक है।

ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः

द्वितीय प्रबन्ध

ईशावास्य उपनिषद्

प्रकरण (६०) खण्ड (१) विषय समीक्षा

। तेजस्वि नावधीतमस्तु मा विद्विषावहै ।
(उपनिषत् शान्तिपाठ)

हे परमात्मन् हमारा अध्ययन प्रभामय
रहे और पारस्परिक विद्वेष की
भावना हममें कदापि उत्पन्न न हो

(६०) ईशावास्योपनिषद्

विषय समीक्षा

। वेदान्तेषु यमाहुरेकपुरुषं व्याप्य स्थितं रोदसी
यस्मिन्नीश्वर इत्यनन्य विषयः शब्दो यथार्थाक्षरः
अन्तर्यश्च मुमुक्षुभि र्नियमित प्राणादिभि र्मृग्यते
स स्थाणुः स्थिरभक्तियोगसुलभो नि.श्रेयसायास्तुवः ।

यह उपनिषत् आकार से छोटा परन्तु वेदान्त रहस्य की दृष्टि से अपना अन्यतम स्थान रखता है । यदि कहा जाय कि यह आर्य तत्त्वज्ञान की प्रधान भित्ति है, तो कोई अत्युक्ति न होगी । उप, अर्थात् समीप, नि, नितरां, पूर्णता से षद=सद् पहुँचना, जा कर बैठना; जिस के द्वारा मानव अपने आनन्दमय लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है, उसका नाम उपनिषद् है । षद्=सद=नाश करना यह भी एक अर्थ होता है । सुखनिधान परमात्मपद हमसे दूर नहीं, अत्यंत निकट है, पर आड़ में एक घोर अज्ञान का पर्दा पड़ा हुआ है । यदि उसका नाश हो, तो उद्देश्य पद की उपलब्धि में कोई देर नहीं है । एवं जिस विद्या के द्वारा परमात्म दर्शन होते हैं, उसीको उपनिषद्विद्या कहा जाता है ।

सनातन धर्म के अनुसार सारे ज्ञान का मूल वेदों में है । इसी वेद-रूप वृक्ष से उपनिषद्विद्या उत्पन्न हुई है, जिसे वेदान्त कहते हैं । अध्यात्मदर्शन के लिये आदिम दश उपनिषदों का ही महत्त्व माना गया है । इनके अतिरिक्त लगभग डेढ़ सौ या ततोधिक उपनिषत्प्रबन्ध विद्वानों के लिखे हुए हैं, जिनमें ब्रह्मविद्या और उनकी साधना के सम्बन्ध में नानाविध विवरण और चर्चा की गई है । परन्तु गत सहस्रों वर्षों के काल में इन प्रबन्धों में अनेक मतमतान्तरों का निवेश और प्रक्षेप हो चुका है । अतः मौलिकता एवं प्रामाण्य की अपेक्षा उपर्युक्त दशोपनिषदों का ही प्राधान्य माना गया है । इनमें भी

ईशोपनिद् सर्व प्रथम गिना जाता है, कारण वह शुक्ल यजुर्वेद के ४० वें अध्याय में आया हुआ है। और इस लिए उसे संहितोपनिषद् भी कहते हैं, दूसरे उपनिषदों की यह संज्ञा नहीं है।

लगभग चार हजार वर्ष के पूर्व इस देश में हमारे सौभाग्य से पूज्यपाद **श्रीयाज्ञवल्क्य**जी का जन्म हुआ। ये बड़े प्रभावशाली पुरुष थे। इन्होंने हमारे समाज में, वेद विद्या की शिक्षा-दीक्षा, यज्ञ यागादि अनुष्ठान, तथा अध्यात्म-विज्ञान के विषय में, असाधारण क्रान्ति की। महर्षि वैशम्पायनाचार्य के कुल में इन्होंने कृष्ण यजुर्वेद का सांग अध्ययन किया, परन्तु पुरानी घिसी-पिटी प्रणालियों और रूढ़ विचारों से उन्हें सन्तोष न हुआ। अतः वे गुरुकुल छोड़ तपोवन सिधारे और अपने इष्ट देवता आदित्य की असीम भक्ति से उपासना की। फलतः इसी तपस्या के बल पर इन्होंने यजुर्वेद को नूतन रूप में परिवर्तित किया, जिसे शुक्ल यजुर्वेद कहते हैं।

कृष्ण यजुर्वेद प्रायः गद्यरूप है, उसमें ऋषि और देवताओं का निर्देश नहीं है। इसके दो विभाग हैं, (१) संहिता विभाग और (२) ब्राह्मण विभाग, पहले विभाग में बहुत कुछ ब्राह्मण ग्रन्थ भी समाविष्ट हैं, दूसरे में बहुत सा संहिता ग्रन्थ भी आ गया है। ऐसी मिश्र रचना रहने के कारण इसको कृष्ण अर्थात् मिश्र यजुर्वेद यह नाम प्राप्त हुआ है। इसके विपरीत शुक्ल यजुर्वेद की रचना ऋग्वेद की पद्धति पर की गई है। अर्थात् वह छन्द बद्ध है और उसमें ऋषि देवता और छन्द का निर्देश किया गया है। इस रचना सौष्ठव से ही उसे 'शुक्ल' की संज्ञा प्राप्त हुई है। महर्षि याज्ञवल्क्य ने, प्राचीन ऋषियों के ही मंत्र इस वेद में समाविष्ट किये हैं। दोनों वेदों में कर्म कांड का ही विस्तृत रूप से विवरण है। भेद इतना है, कि शुक्ल यजुर्वेद का अन्तिम अध्याय ब्रह्मज्ञान विषयक है, जो इशोपनिषद् इस नाम से प्रसिद्ध है। यह विद्या शुक्ल यर्जुवद के अन्त में होने के कारण, इसको वेदान्त कहने की प्रथा हो गई है। ईशोपनिषद् के

द्रष्टा ऋषि कहीं 'दध्यङ्-आथर्वण' और कहीं 'दीर्घतमा' और कहीं 'परमेष्ठी' इन नामों से कहे गये हैं। तात्पर्य, संकलन कर्ता श्रीयाज्ञवल्क्यजी हैं किन्तु मन्त्र द्रष्टा ऋषि अति प्राचीन काल के हैं।

वैदिक मन्त्रों का यज्ञादि अनुष्ठानों में किस प्रकार से प्रयोग होना आवश्यक समझा जाता था, यह दिखाने वाला, तथा कर्म काण्ड के विषय को विविध प्रक्रियाओं एवं पुरानी गाथाओं के साथ, प्रतिपादन करने वाला ग्रन्थ 'ब्राह्मण' कहलाता है। मानों वेदों के ऊपर का पहला भाष्य या उपबृंहण इसमें दिया हुआ रहता है। शुक्ल यजुर्वेद का उपबृंहण शतपथ ब्राह्मण में विस्तार से किया गया है। इसके सौ अध्याय हैं, जिनमें आत्मविद्या के विषय पर भी विस्तृत चर्चा और प्रतिपादन है। इसका प्रायः अनुवाद बृहदारण्यक उपनिषद् में किया पाया जाता है। तात्पर्य संहिता ब्राह्मण और आरण्यक इन तीनों में इस ईशोपनिषद्रूप, महर्षि याज्ञवल्क्य पुरस्कृत ब्रह्मविद्या का विस्तृत विवेचन आ गया है। चक्रवर्ती राजा जनक के परिषदों में उपर्युक्त महर्षि का अनेक विद्वानों तथा ब्रह्मवादिनी स्त्रियों के साथ जो विचार विनिमय हुआ है, और जो चर्चाएँ हुयीं, उनसे उनके अप्रतिम आत्मज्ञान का परिचय पाया जाता है।

इस उपनिषद् के अनेक मन्त्र बड़े ही भावपूर्ण और मार्मिक हैं, उदाहरणार्थ मन्त्र ४ से ७ तक देखिए, परमात्मा का स्वरूप चित्रण कितना सारगर्भ किया गया है। ८ वा मंत्र तो और भी उदात्त और गम्भीर है, जो यहां दिए बिना नहीं रहा जा सकता।

। स पर्यगात् शुक्रमकायमव्रणम्
अस्नाविरं ॐ शुद्धमपापविद्धम्

कविर्मनीषी परिभूः स्वयम्भूः
याथातथ्यतोऽर्थान् व्यदधात् शाश्वतीभ्यः समाभ्यः ।

अर्थ : वह ज्योतिः स्वरूप, अशरीरी, अक्षर, निरवयव सुनिर्मल, निर्लिप्त, प्रज्ञानघन, प्रभावशाली और क्रान्तदर्शी आत्मचैतन्य दिङ्मंडल को परिव्याप्त किए हुए है, और (रहस्य की बात यह है कि) उसीने अपनी असीम महिमा से इन अगणित वस्तुओं को भिन्नभिन्न अर्थों में यथातथ्यता से, इस अजस्र काल के प्रारम्भ से ही सञ्जीवित प्रकाशित तथा प्रेरित कर दिया है।

इतना विचारपूर्ण निश्चयरूप और पाठकों की प्रज्ञा को उत्प्रेरित और समुल्लसित करने वाला वर्णन, संसार भरके दार्शनिक विचारों में क्वचित् ही कहीं उपलब्ध हो सकेगा। इसे देख कर किसी भी अध्ययन शील पाठक का हृदय उज्ज्वलता और उत्सुकता से फूला नहीं समाएगा। जान पड़ता है कि यहां तपःपूत मंत्रद्रष्टा ऋषि ने प्रथम परमात्म तत्त्व का साक्षात् करने के पश्चात् ही अपनी हृदयस्पर्शी वाणी से उसका सजीव चित्रण कर दिया है।

इस प्रसंग में श्रीमद्भगद्गीता के निम्न श्लोक का अनुस्मरण हुये बिना नहीं रहता

। आश्चर्यवत् पश्यति कश्चिदेनम्
आश्चर्यवद्वदति तथैवचान्यः
आश्चर्यवच्चैनमन्यः शृणोति
श्रुत्वाप्येनम् वेद न चैव कश्चित् ।
(गी. २-२९)

इस परमात्मस्वरूप के दर्शन करनेवाला पुरुष, जैसा आश्चर्य रूप है वैसा ही उसे दूसरों को यथार्थ दृष्टि से समझा देने वाला पुरुष भी आश्चर्य रूप है। फिर ऐसे वर्णन को सुन कर कृतार्थ होने वाला पुरुष भी आश्चर्यरूप होता है। अंततः ऐसे श्रवण के बाद, कितने जनों को इस परमात्मस्वरूप का ज्ञान ही नहीं होता यह भी बड़ा आश्चर्य है।

इस उपनिषद् के महत्व की और भी एक विशेषता है वह यह, कि आर्य तत्त्व विज्ञान की जो बड़ी समस्या 'ज्ञान कर्म समुच्चय' की रही है, उसका निर्णय इस उपनिषद् में दिया गया है। इसके सम्बन्ध में यहां कथंचित् विवेचन प्रस्तुत किया जाता है। हमारे दार्शनिक विचारों में **कर्म सिद्धान्त** की महत्ता भारी मानी गयी है। इसका बहुत कुछ विस्तार ग्रन्थों में बताया गया है परन्तु यहां दो बातें दिग्दर्शित की जाती हैं:—(१) 'अकृताभ्यागम' असम्भवनीय है, और (२) 'कृतप्रणाश' भी असम्भवनीय है। सीधी—सादी हिन्दी भाषा में इनका तात्पर्य (१) किए बिना कुछ नहीं हो पाता, और (२) कोई क्रिया कभी विफल नहीं होती; इन दो वाक्यों से बताया जा सकता है।

अपने गृह में यदि कुछ आम्रफल दिखाई दें, तो यह आवश्यक है, कि वे किसी न किसी द्वारा लाये गए हैं, बिना कुछ क्रिया के आये नहीं। अथवा घर के आम्रवृक्ष के फल हों, तो भी बीज बोना उससे अंकुर निकलना पौधा बनना, पत्र शाखादि उत्पन्न होना, वृक्ष का संरक्षण और परिपालन होना, और फिर फूल फल लगना इत्यादि क्रियायें अवश्य ही हुई हैं। चाहे मन्त्र सामर्थ्य से भी आम उत्पन्न हुए हों, तो भी मन्त्रों का योग्य उच्चारण और अन्य विधानों का होना अवश्य प्राप्त है। एवं क्रिया बिना कुछ नहीं होता, अकृताभ्यागम असम्भव है, यह बात सिद्ध हो जाती है। इसके अनन्तर दूसरी बात भी क्रमापन्न होती है। क्यों कि क्रिया के स्वरूप में ही उसका फल स्वयंसिद्ध है। उदाहरणार्थ, हल चलाने में ही भूमि के पृष्ठ विदारण की क्रिया यह पहला फल सिद्ध ही हो जाता है। अर्थात् किसी भी क्रिया का विफल होना असम्भव है, यह भी सिद्ध होता है। व्यवहार में भी देखा जाए तो कारण—कार्य की शृङ्खला अखण्ड दिखाई देती है। प्रत्येक कार्य पिछली अवस्था का फल, और आगामी अवस्था का कारण, न्यूनाधिक प्रमाण से दृग्गोचर होता है। हां कर्म का फल कभी कभी अन्तराय दूर करने में ही दिखाई देता है, अथवा साध्यानुकूल साधनों के निर्माण में भी दिखाई देता है। किसी दृष्टि से क्यों न हो, कृतप्रणाश असम्भव है, यह भी सुसिद्ध है।

कर्म फल सिद्धान्त के विषय में हमारे समाज में साधारणतः यह रूढ़ भावना है, कि प्राणिमात्र को जो सुख दुःख प्राप्त होते हैं, वे सब के सब ही उसीके किए हुए कर्म के फल स्वरूप हैं। परन्तु यह बात एकान्तिक सत्य नहीं। दूसरों के कर्मों से भी हमको अनेक बार सुख दुःख, भोगने पड़ते हैं। हमको संकट काल में मित्रों से अथवा त्रयस्थों से भी कभी कभी अनपेक्षित सहायता मिलती है। इससे यह सर्वदा सिद्ध नहीं समझा जा सकता कि हमने पूर्व जन्म में या किसी पूर्व काल में उनको सहायता दी थी, और उनका प्रतिफल ही अब हम अनुभव कर रहे हैं। यदि ऐसा अनुमान हम एकान्तिकता से कर लें तो फिर कृतज्ञता और उपकार ये दो शब्द हमारी भाषा में से निकाल देने पड़ेंगे। हमारे सभी भोग यदि हमारे ही पूर्व कर्मोंके फल हैं, ऐसा मान लिया जाय, तो तर्क प्रणाली में बड़ी ही कठिनाइयां उत्पन्न होती हैं। हमारे गृह में अगर दस हज़ार रुपयों की चोरी हुई, और यदि हम यह नितान्त सत्य समझें कि गत जन्म में हम इस चोर के घर से इतना रुपया चुरालाए थे तो अदालत को चोर को छोड़ना ही न्याय्य होगा! परिणाम यह होगा कि किसी कर्म को, पुण्य या पाप कहना ही असंभव होगा! हम किसी अनाथ को दयावश कुछ दान करें और वह यदि पूर्व ऋण की केवल अदाई ही हो, तो उसे पुण्य कौन कहेगा? इस प्रकार यदि हमारा प्रत्येक कर्म, पूर्वऋण परिमार्जन के अर्थ ही हो तो नया कर्मबंध उत्पन्न ही नहीं हो सकता; और इन ऋणों की फड़ के अनन्तर मुक्ति स्वयं ही सिद्ध हो जाती है। परन्तु यह विचार तर्क प्रतिष्ठित नहीं कहा जा सकता। इस अनवस्था से रक्षा पाने के लिए हमको उपकार और ❀अपकार इनको स्वतन्त्र कर्म रूप से मानना ही आवश्यक होता है।

❀ यदि किसी नराधम ने चलते चलते किसी हिन्दू धर्मावलम्बी मनुष्य के पेट में छुरा भोंक दिया, तो वह मनुष्य और उसके सम्बन्धी और मित्र, यही समझते हैं, कि यह उसीके पूर्व कर्म का फल है। इस विचित्र नासमझी से निर्भय और न्यायनिष्ठ प्रतिकार बुद्धि, जो हर मानव में होनी चाहिए, वह हम में नष्ट हो गई है! हमारे समाज की मानसिक दुर्बलता बढ़ गई है।

और इसीको शास्त्रकारों ने क्रियमाण इस संज्ञा से प्रदर्शित किया है। अन्यथा अटल भवितव्यता की आपत्ति आ पड़ती है, और पुरुषार्थ को कोई अवसर मिलना असंभव हो जाता है।

[पूर्व पृष्ठ से अनुवृत्त]

और इसीके हम ग्रास हो गए हैं! हमारे शास्त्र सिद्धान्तों के अनुसार कर्म के संचित प्रारब्ध और क्रियमाण ऐसे तीन विभाग प्रमाणित किये गए हैं, किन्तु हम अल्पप्रज्ञता से क्रियमाण को प्रारम्भ के भीतर मान कर बौद्ध कालीन भवितव्यता वाद के जाल में फँस गए हैं। (देखिए पूर्व प्रबन्ध में 'भवितव्यता वाद' का प्रकरण) दुष्ट रावण सीता माता को उठा ले भागा इस आपत्ति में सीता माता ही पापी थी, ऐसा समझ लेना कर्म सिद्धान्त को कर्दम फेंकने के समान है। परन्तु विचित्र दुर्भाग्य की बात है कि इस विषय में हमारी मनोधारणा मानो एक अन्ध परम्परा के तीव्र प्रवाह में आंखें मूँद कर बह रही है। हमें जानना आवश्यक है, कि किसी दुष्ट को अधम कर्म करने के लिए किसी दूसरे व्यक्ति के पाप की जरूरत नहीं होती। कहा गया है।

| 'मृगमीन सज्जनानां तृण जल संतोष विहित वृत्तीनाम्
लुब्धक धीवर पिशुना निष्कारण वैरिणो जगति' |

सज्जनों को भी अपने सद्व्यवहारों के लिये दूसरों के पापपुण्यों की अपेक्षा नहीं हुआ करती। तात्पर्य क्रियमाण यह स्वतन्त्र कर्म है। यदि ऐसा स्वीकार न हो, तो भवितव्यता वाद की आपत्ति के साथ और भी एक उलझन उत्पन्न होती है, जिससे कितने ही लोग समझ लेते हैं, कि ईश्वर ही हमारे हाथों दुष्ट कर्म कराता है, और उसकी निर्घृण शिक्षा भी हमें दे देता है! मानों ईश्वर एक अत्याचारी राक्षस है! यह तो घोर अज्ञान और अपराध है!

तात्पर्य कर्म सिद्धान्त इतना ही बताता है कि हर कर्म का फल होना अवश्यम्भावी है, फिर वह कर्म किसी का क्यों न हो, और उसका परिणाम किसी पर भी क्यों न हो; परन्तु यह भी निश्चित् है कि कर्म करने वाला अपनी जिम्मेदारी से कदापि नहीं छूट सकता।

उपर्युक्त विवेचन में कुछ विषयान्तर करना पड़ा है, जिसके लिए पाठकों से क्षमा याचना की जाती है।

प्रस्तुत ज्ञानकर्म समुच्चय के वाद में मीमांसकों का यह पक्ष है, कि यदि कर्म सिद्धान्त वैदिक कर्मानुष्ठान के प्रमेयों से ही व्युत्पन्न है, तो सब से उच्चतम फल जो निरतिशय सुखरूप मोक्ष, वह भी कर्मों से क्यों न प्राप्त हो ? अर्थात्

[पूर्व पृष्ठ से अनुवृत्त]

अतः ज्ञातव्य यह है, कि कर्म विपाकों के नियमों की सीमा में, जीवात्मा का, अपनी उन्नति के लिये निश्चय ही कर्म स्वातन्त्र्य का अधिकार है। और इसी दृष्टि से प्रारब्ध वाद और पुरुषार्थ वाद इनके सम्बन्ध में जो झगड़े हुआ करते हैं, वे हल हो सकते हैं। पूर्व कर्म अपनी विशिष्ट मर्यादा में ही बंधक होता है परन्तु वह जीवात्मा के स्वाभाविक अधिकार में बाधा नहीं पहुँचा सकता। यही तथ्य है, जिससे फलितज्योतिष की उपयोगिता बनती है, और वह सर्वतोपरि अटल नहीं है, यह भी सिद्ध होता है। यदि वह एकान्त अनिवार्य माना जाय, तो बिना दुःखदायित्व के उसका कोई उपयोग नहीं यह आपत्ति उपस्थित होती है। अनेक विद्वानों के अनुभव से ज्ञात होता है, कि फलित ज्योतिष भी एक कौतूहल पूर्ण तथा बोधक शास्त्र है। मानना पड़ता है कि हमारे जीवन की प्रायः समग्र घटनाएँ प्रबल सम्भावना रूप में पहले से ही एक निर्धारित रास्ते पर चलने के लिये मानो विवश रहती हैं। परन्तु व्यक्तिगत बुद्धिशीलता सजगता और उद्योग के परिणाम में, उक्त सम्भावनाओं में कुछ कुछ परिवर्तन भी कराया जा सकता है। अर्थात् यह असाधारण अध्यवसायवालों की बात है, और ऐसे सुदूरदर्शी और प्रयत्नशील व्यक्ति संसार में विरले ही होते हैं।

यह कर्म अत्यंत श्रद्धा समन्वित और ज्ञानयुक्त होना आवश्यक है। व्यवहार में भी किसी चित्रकार को यदि सुन्दर मूर्त्ति बनाना हो, तो उसे उस सम्बन्धी पर्याप्त ज्ञान और हस्त प्राविण्य की अपेक्षा रहती है; ठीक उसी प्रकार मोक्षार्थ कर्म सोज्वल और सुविचार युक्त रहना बहुत आवश्यक है। वैदिक कर्मानुष्ठान यह जीवों के क्रमाभ्युदय और निःश्रेयस के लिए एक महान् राजपथ हमारे सनातन धर्म ने निर्माण कर रखा है।

इस ज्ञानकर्म समुच्चय पक्ष को केवल मीमांसकों ने ही स्वीकार किया था, ऐसा नहीं, अद्वैत सम्प्रदायी कुछ अन्य विद्वानों ने भी एक विशिष्ट दृष्टि से इसे स्वीकार किया है। श्रीमदाचार्य से पूर्व, ब्रह्मदत्त नामक एक बड़े पण्डित इस देश में हो गए; उनका यह मत था कि केवल बुद्ध्यारूढ़ सम्यग्ज्ञान से मोक्ष नहीं बनता, साथ ही साथ ज्ञानाकार वृत्ति की अविरत आवृत्ति बुद्धि में होती रहना भी आवश्यक है और इसकी सिद्धि के साथ ही मोक्ष की प्रतिष्ठा होती है। मानो जैसे पूर्व काण्ड में कर्म विधि हैं वैसे उत्तर काण्ड में यह भावना-विधि है जिसको अहंग्रहोपासन अथवा प्रसंख्यान कहते हैं! श्रीसुरेश्वराचार्य ने अपने नैष्कर्म्य सिद्धि नामक ग्रन्थ में कहा है:—'केचित् स्वसम्प्रदाय बलावष्टं भाद् आहुः—यदेतद् वेदान्त वाक्यादहं 'ब्रह्मेति विज्ञानं समुत्पद्यते तन्नैव स्वोत्पत्तिमात्रेण अज्ञानं निरस्यति। किं तर्हि, अहन्यहनि द्राघीयसा कालेन उपासीनस्य सतः भावनोपचयात् निःशेषमज्ञानमपगच्छति देवो भूत्वा देवान-प्येति इति श्रुतेः (१-६७)'

पंडित ब्रह्मदत्त ध्यान-नियोग वादी थे। जिस प्रकार मृत्यु के अनंतर ही स्वर्ग लाभ हो सकता है, उसी प्रकार मोक्ष भी अदृष्ट फल है जो देह छुटने के पश्चात् ही होता है ऐसा वे मानते थे। वे जीवन्मुक्ति नहीं मानते थे; परन्तु श्रीशंकराचार्य के मतसे मोक्ष दृष्टफल है, और 'अत्र ब्रह्म समश्नुते' इस श्रुति के अनुसार जीवन्मुक्ति का अनुभव यहां का यहां ही होना प्रमाणित होता है।

और एक अद्वैती पंडित 'मण्डण' इस नाम के हो गये, यह वह मण्डण मिश्र नहीं जिनसे कि श्रीमदाचार्य जी का एक महान् प्रतिवाद हुआ था। ये

ब्रह्मसिद्धि नामक ग्रन्थ के रचयिता हैं। इनका यह मत था कि वेदान्तवाक्यों से सभी को अपरोक्ष साक्षात्कार नहीं हो सकता; कितनेक लोगों को महावाक्यों का शब्द ज्ञान होने के अनंतर उपरिनिर्दिष्ट प्रसंख्यान नामक मानसी क्रिया करना आवश्यक होता है, और ऐसी क्रिया के दृढ़ होने के अनंतर ही सम्यक्बोध और ही साथ मोक्ष सिद्ध हो जाता है।

इनके विपक्ष में **श्रीमदाचार्य** का पक्ष **ज्ञानादेवतु कैवल्यम्** ऐसा एकान्तिक और अविकम्प है। तीव्र जिज्ञासा और औपनिषद्विद्या का श्रद्धा-शील अध्ययन यही उसकी साधना है, दूसरी किसी भी क्रिया या अनुष्ठान के सम्यग्ज्ञान के लिए आवश्यकता नहीं; किन्तु मनःशुद्धि के लिए केवल क्रियाओं का अनुष्ठान उपयोगी हो सकता है। इसमें मर्म यह है, कि बन्ध यह वस्तु कुछ व्यावहारिक बन्धनों के समान रज्जु शृङ्खलादिकों की नहीं बनी है। यदि वह वैसी होती तो अवश्य उसे तोड़ने के लिए खड्ग, परशु आदि यथा संभव उपयोगी होते थे। परन्तु वह तो केवल अज्ञानात्मक और मानसिक अथवा बौद्धिक भावरूप है। उनको तोड़ने के लिए ज्ञान के अतिरिक्त कोई भी साधन बन नहीं सकता। हां चित्त शुद्धि के लिए कुछ कर्म करना हो तो अवश्य कर लें, किन्तु उसके पश्चात् निर्विचिकित्स ज्ञान ही होना आवश्यक है!

श्रीमदाचार्य का पक्ष इस उच्चतम श्रेणी का और तात्त्विक है, इसको बिना ध्यान में लिए, उन पर आक्षेप लगाना और उन्होंने देश में निष्क्रियता को फैलाया इत्यादि कहना बहुत ही असमञ्जसकारक है।

श्रीमदाचार्य के मतानुसार जगत् अर्थात् ईशसृष्टि, मिथ्या कहिए सद्-सद्विलक्षण है। वेदान्त परिभाषा से मिथ्या शब्द का अर्थ झूठ नहीं, किन्तु व्यावहारिक सत्य ऐसा ही होता है (देखिये पहले प्रबन्ध का प्रकारण ४१ परिच्छेद 'जगन्मिथ्यात्व') जगत् किसी मानव का संकल्प नहीं है। अतः उसका मानव बुद्धि से नाश भी नहीं हो सकता, और न वेदान्त का ऐसा मन्तव्य है। हां जीवसृष्टि मानव कल्पित प्रतिभास रूप है। अतः उसका और

तज्जन्य व्यवहारों का (अर्थात् अहमहमादि भावनाओं का ही) नाश ब्रह्मज्ञान से होता है, दूसरे किसी का नहीं।

फिर भी, किसी क्रिया से मोक्ष बनाया नहीं जा सकता, और यदि वह ऐसा बनाया जाय तो वह कृत्रिम होगा, और 'यत्कृतकं तन्नष्टम्' इस न्याय से वह विनाशी ही रहेगा।

इस पर यह आपत्ति की जाती है, कि ईशावास्य उपनिषद् में 'ज्ञान कर्म समुच्चय पक्ष' का स्पष्ट प्रणयन और समर्थन किया गया है, क्यों कि उसके ९ से १० तक मन्त्रों में ज्ञान और कर्म इनको अलग अलग मानने वालों की कठोर निंदा की गई है, और उनका समुचित उपासन अर्थात् साथ साथ अनुष्ठान करने वालों की बड़ी प्रशंसा की गई है। इसका उत्तर यह है, कि जब ब्रह्मज्ञान और कर्मानुष्ठान इनकी जोड़ हो ही नहीं सकती तो फिर यहां पर श्रुति ऐसा बताएगी क्यों कर? इस सम्बन्ध में आगे चलकर विशेष स्पष्टीकरण, किया जाएगा। ज्ञानी पुरुष का कोई कर्तव्य ही नहीं होता, यह सिद्धान्त है, क्यों कि उसे कुछ प्राप्तव्य ही नहीं रहता। 'तस्य कार्यं न विद्यते, (भ. गी. ३-१७) ऐसा अनेकों स्थलों पर दर्शाया गया है। परन्तु इसमें सन्देह नहीं, कि जहां 'सर्वभूतहिते रतः' (भ. गी. ५-२५) इस दृष्टि के अनुसार लोक कल्याण का प्रश्न है, अध्यात्म विद्या की श्रीवृद्धि करनी है, अथवा धर्म रक्षा का कार्य है, वहां ज्ञानी पुरुष पश्चात् पद नहीं होता। इससे वह विधि किंकर नहीं होता, और वेदान्त परिभाषा से देखा जाए तो उसकी सभी प्रेरणाएँ और प्रयत्न **अकर्म** हैं इसको नहीं भुलाना चाहिए; अर्थात् इसको शास्त्र दृष्टि से 'ज्ञानकर्म समुच्चय' यह अभिधान प्राप्त ही नहीं होता।

स्वर्गीय लोकमान्य राष्ट्रपुरुष **तिलक** ने ज्ञानी पुरुष के कर्मों के संबन्ध में अपनी गीता रहस्य नामक पुस्तक में, बहुत ही समर्थन किया है, और हमारी समाज में यह जो सर्व साधारण विपरीत धारणा हो गई है, कि ज्ञानी पुरुष को सदा ही निष्क्रिय और ब्रह्म चिन्तन में मग्न रहना चाहिए, इसका

बड़ी धीरता से और यत्नशीलता से खण्डन किया है, जिससे समाज में एक आसाधारण चेतावनी उत्पन्न हो गई। आज यदि इस धरा धाम पर **शंकर** भगवान् आ जाएँ तो उनको महामना **तिलक** के अनथक परिश्रमों को देखकर और तज्जन्य जागृति को देखकर हार्दिक प्रसन्नता ही होगी, परन्तु वे इस पक्ष को 'ज्ञानकर्मसमुच्चय' नहीं कहेंगे। ज्ञानी के कर्म को परिभाषा की दृष्टि से यह अभिधान नहीं हो सकता और न उसे 'कर्मयोग' कहा जा सकता है। सिद्ध पुरुषों के कर्म सदा ही 'लोक संग्रह' रूप होते हैं। एवं वे ईश्वर के कर्म की तरह **अकर्म** ही हैं।

इस सम्बन्ध में मीमांसकों की दृष्टि कुछ अलग सी है। उनके पास ज्ञान शब्द का अर्थ औपासन है। मानव को निस्तृष्ण करा देने वाली ब्रह्मविद्या नहीं है। अतः उनके अभिप्राय से ज्ञान कर्म समुच्चय शक्य है। परन्तु ऐसे क्रिया रूप समुच्चय से मोक्ष बनाया जा सकता है, यह बात, श्रीमदाचार्य को अभिमत नहीं। ऐसे समुच्चय से देवतालोक की प्राप्ति हो सकती है, या चित्त-शुद्धि भी हो सकेगी; और यदि इतना ही समुच्चयवादियों का कहना है, तो उससे श्रीमदाचार्य को विरोध नहीं है।

इस उपलक्ष में श्रीमदाचार्यने अपने गीता भाष्य में "तस्माद् गीताशास्त्रे ईषन्मात्रेणापि श्रौतेन स्मार्तेन वा कर्मणा आत्मज्ञानस्य समुच्चयः न केनचिदपि दर्शयितुं शक्यः" इन शब्दों से जो स्वमत प्रकाशन किया है, वह जिज्ञासु जनों ने देखने योग्य है। तात्पर्य, पारिभाषिक शब्दों के अर्थ यदि ध्यान में लिए जाएँ तो वादानुवाद का कारण नहीं रहता।

श्रीमदाचार्य के शुभ नाम पर, कोई ३८४ छोटे मोटे निबन्ध प्रसिद्ध हैं। उनमें से कुछ २६ ही उनके होना संभव है ऐसा अनुशोधक प्रवीण पण्डितों का अभिप्राय है। ऐसी दशा में इतर ग्रन्थों में जो कुछ विपरीत या विसंगत पाया जाता है, उसका आरोप और अभियोग उन पर होना ठीक नहीं। 'नैष्कर्म्य' का अर्थ, हाथ पांव जोड़ कर बैठना, यह नहीं, ऐसा श्रीमदभगवद्गीता साफ बता

रही है। समाज को निरुद्योगी हतप्रभ निस्संबल या नास्तिक बनानेवाला वेदान्त श्रीमदाचार्य को सुतरां अमान्य है। गीता के चौथे अध्याय के प्रस्ताव में वे साफ बताते हैं, कि हमारी संन्यास का पुरस्कार करने वाली ब्रह्मविद्या, क्षत्रिय राजन्यगणों को सामर्थ्य प्रदान करने वाली है, और उसीके द्वारा जगत् का सद्धर्मान्वित परिपालन हो सकता है इ. इ.। इससे सुस्पष्ट है, कि जो उनपर आक्षेप किया जाता है, वह केवल आक्षेपकों के निरी भूल का परिचायक है।

'ज्ञानकर्म समुच्चय पक्ष' के समर्थकों की जबरस्त भित्ति ईशोपनिषद् का

विद्यां चाविद्यां च यस्तद्वेदोभयं सह
अविद्यया मृत्युं तीर्त्वा विद्ययाऽमृतमश्नुते ॥ ११

यह मन्त्र है, और प्रसन्नता की बात है कि इसी मन्त्र का मानों पूर्ण विवरण श्रीमदाचार्य ने अपने ऐतरेयोपनिषद्भाष्य के प्रस्ताव में किया है वह नीचे उध्दृत किया जाता है।

"यत्तु विद्यां चाविद्यां च यस्तद्वेदोभयं सह" इति न विद्यावतो विद्यया सह अविद्यापि वर्तत इत्ययमर्थः। कस्तर्हि? एकस्मिन् पुरुषे एते न सह सम्बध्येयाताम् इत्यर्थः यथा शुक्तिकायां रजत शुक्तिका ज्ञाने एकस्य पुरुषस्य। दूरमेते विपरीते विपूची अविद्या या च विद्येति ज्ञाता, इति हि काठके। तस्मान्न विद्यायां सत्यां अविद्यायाः सम्भवोऽस्ति। तपसा ब्रह्मविजिज्ञासस्व इत्यादि श्रुतेः। तप आदि विद्योत्पत्तिसाधनं गुरूपासनादि च कर्म, अविद्यात्मकत्वादविद्या उच्यते। तेन विद्यामुत्पाद्य मृत्युं काममतितरति। ततो निष्कामः त्यक्तैषणः ब्रह्मविद्यया अमृतत्वमश्नुत इत्येतमर्थं दर्शयन्नाह 'अविद्यया मृत्युं तीर्त्वा विद्ययामृतमश्नुते' इति।

इसी प्रकार तैत्तिरीय उपनिषत् शिक्षावल्ली एकादश अनुवाक के भाष्य में वे लिखते हैं :—

प्राग्ब्रह्मविज्ञानान्नियमेन कर्तव्यानि श्रौतस्मार्तकर्माणीत्येवमर्थः अनुशासन श्रुतेः पुरुषसंस्कारार्थत्वात् । संस्कृतस्य हि विशुद्धसत्त्वस्याऽऽत्मज्ञानमज्ञसैवोत्पद्यते । "तपसा कल्मषं हन्ति विद्ययाऽमृतमश्नुते" इति-स्मृतिः । वक्ष्यति च-तपसा ब्रह्म विजिज्ञासस्व" इति । अतो विद्योत्पत्त्य-र्थमनुष्ठेयानि कर्माणि । अनुशास्तीत्यनुशासन शब्दादनुशासनान्निक्रमे हि दोषोत्पत्तिः । प्रागुपन्यासाच्च कर्मणां केवल ब्रह्मविद्यारंभाच्च पूर्व कर्माण्यु पन्यस्तानि । उदितायां च विद्यायां "अभयं प्रतिष्ठां विन्दते" "न विभेति कुतश्चन" "किमहं साधु नाकरवम्" इत्येवमादिना कर्मनैष्कि-चन्यं दर्शयिष्यतीत्यतोऽवगम्यते पूर्वोपचितदुरितक्षयद्वारेण विद्योत्पत्त्य-र्थानि कर्माणीति । मन्त्रवर्णाच्च—"अविद्यया मृत्युं तीर्त्वा विद्ययाऽमृतमश्नुते" इति ।

ऊपर की पंक्तियों से विदित होगा कि विद्या शब्द से श्रीमदाचार्य ब्रह्म-विद्या यही अर्थ लेते हैं। किन्तु ईशोपनिषद्भाष्य में इस विद्या शब्द का अर्थ ब्रह्मविद्या लेना अयोग्य है ऐसा स्पष्ट लिखा गया है ! इससे यही अनुमान होता है कि इन भाष्यों का एक ही रचयिता होना असम्भव है ।

उभय सह इसका अर्थ ईश भाष्य में सहसमुच्चय ऐसा लिया गया है परन्तु उद्धृत वचनों में क्रमसमुच्चय ही लिया गया है ।

अमृतत्त्व का अर्थ ईश भाष्य में 'देवता लोक प्राप्ति' ऐसा लिया गया है, किन्तु उद्धृत वचनों में मोक्ष यही अर्थ लिया गया है ।

इन विरोधों से यह स्पष्ट होता है कि जिन अर्थों का ईशभाष्य में स्पष्टता से निराकरण किया गया है, ठीक वही अर्थ ऊपर के उद्धृत वचनों में श्रीमदाचार्य ने स्वीकृत किये हैं ! अतः यह ही सिद्ध है कि उपलब्ध ईशभाष्य श्रीमदाचार्य का नहीं, और ऐसे अन्यार्थ वाले भाष्य के अस्तित्व की वार्ता भी श्रीमदाचार्य को नहीं थी, क्योंकि यदि होती, तो इन विरोधों का

परामर्श उन्होंने अवश्य किया होता और ईश भाष्य में अलग अर्थ करने का कारण भी बताया होता। किन्तु श्रीमदाचार्य के ग्रथों में ईशभाष्य के ऐसे अलग अर्थों के अस्तित्व का, कहीं उल्लेख भी नहीं मिलता है। अतः निष्कर्ष यही होता है, कि उपलब्ध ईशभाष्य किसी दूसरे अद्वैत सम्प्रदायी पंडित का है, अथवा उनके पीठों पर आये हुए आचार्यों में से किसी का होना ही सम्भव है।

अपिच इस उपनिषद् के मंत्र ११,१२,१३ और १४ इन में जो महत्व के शब्द आये हैं उनके अर्थों की बड़ी खींचतान इस भाष्य में दिखाई देती है। सम्भूति को असम्भूति बनाया गया है, विनाश को अविनाश किया गया है, अमृतत्व का अर्थ सापेक्ष मोक्ष किया गया है। 'अन्यदेवाहुर्विद्यया' इसके साथ 'क्रियते फलम्' इन शब्दों का अधिक अध्याहार किया गया है। ऐसी भद्दे ढंग की खींचतान श्रीमदाचार्य द्वारा होना असम्भव है।

मंत्र १४ में जो 'सम्भूति' शब्द आया है उसका अर्थ अत्यंत कल्याण-कारी ब्रह्मविद्या है। श्री सुरेश्वराचार्य ने भी इस शब्द का अर्थ ब्रह्मविद्या ही किया है, और माण्डूक्य उपनिषद् के २५ वें कारिका में इसी मंत्र का उल्लेख आया है। वहां भाष्य में यही अर्थ बताया गया है। परन्तु ईशभाष्य में इस का अर्थ अव्याकृतोपासन और उसका फल अमृतत्व याने मोक्ष नहीं किन्तु 'प्रकृति-लय लक्षण' फल ऐसा बताया गया है!

विचार शील पाठकों को थोड़े ही विमर्श से यह स्पष्ट होगा कि 'उभय ं सह' इन शब्दों का आशय, ऊपर के उद्धरणों में श्रीशङ्कराचार्य ने 'क्रमसमुच्चय' दिया है, परन्तु ईशभाष्य में 'सहसमुच्चय' स्वीकारा गया है। इसी भूल के परिणाम स्वरूप ईशभाष्य में शब्दों की और उनके अर्थों की भरसक खींचातानी करनी पड़ी है।

इस जटिल गुत्थी पर और एक दृष्टि से प्रकाश डाला जा सकता है, वह है श्रीसुरेश्वराचार्य के बृहदारण्यक उपनिषद् के वार्तिक की दृष्टि।

श्रीसुरेश्वराचार्य अपने पूर्वाश्रम में मण्डण मिश्र इस नाम से ख्यात थे। आप एक कट्टर कर्ममार्गी थे और संन्यास मार्ग को निरादर की भावना से देखते थे। इनका और श्रीमच्छंकराचार्य का बड़े जोर का प्रतिवाद हुआ था, जिसका चुटीला वर्णन शांकर चरित्र में उल्लिखित है। इसके अनंतर मण्डण मिश्र ने बड़ी प्राञ्जलता तथा आदरभाव से श्रीमदाचार्य की शरण ली, चतुर्थाश्रम को स्वीकार किया और श्रीमदाचार्य के प्रसन्न गम्भीर भाष्यों पर अपने सुन्दर वार्तिकों की रचना में अपनी आयु की सार्थकता कर ली। इनके ग्रन्थों से इनकी विशाल बुद्धि-शीलता और अनेक युक्ति प्रमाणों से दुर्घट विषयों को परिव्यक्त कराने का इनका कौशल, व्यंग्य भाषा में वर्णन करने की शैली इत्यादि गुणों का परिचय मिलता है। ईशोपनिषद् के ११ वें मन्त्र में, व्याकरण शास्त्र का 'क्त्वा' प्रत्यय आ गया है, जैसे 'अविद्यया मृत्युं तीर्त्वा विद्ययाऽमृतमश्नुते'। इसके सम्बन्ध में इन्होंने बड़ी बारीकी निकाली है। वह यह कि यहां व्याकरण शास्त्र की दृष्टि से किसी प्रकार सहसमुच्चय का अर्थ बनने ही नहीं पाता! ब्रह्म-विद्या को तो छोड़ दीजिए विद्या शब्द का अर्थ यदि औपासन विद्या ही लिया जाय, तो भी सहसमुच्चय यह अर्थ हो नहीं सकता, क्यों कि 'क्त्वा' रूप प्रत्यय काल भेद बता रहा है; 'भुक्त्वा गच्छति' पहले भोजन पाता है, और फिर पधारता है। भोजन करना और पधारना एक समय नहीं होते। ठीक इसी प्रकार अविद्यया मृत्युं तीर्त्वा विद्यया मृतमश्नुते, पहले अविद्यया अर्थात निष्काम श्रौतस्मार्त कर्मानुष्ठानों के बल से, उपासक इस एषणारूप मृत्युलोक पर विजय पा लेता है, और फिर ब्रह्मविद्या से मोक्ष प्राप्त कर लेता है। ऐसा यहां क्रम है सहभाव नहीं। एवं ऊपर ऐतरेय भाष्य में जो सरल सुबोध अर्थ बताया गया है, वही सब दृष्टि से यथार्थ है। दूसरी उलझनों में पड़ने का कोई कारण नहीं है। इस पर जो वार्तिक के श्लोक हैं, बड़े मार्मिक होने से नीचे दिये जाते हैं।

विद्यां चेत्यादि मन्त्रोऽपि न समुच्चय बोधकः ॥
परस्पर विरोधित्वान्न सहावस्थितिस्तयोः ॥१७६४॥

कृत्वा योनान्तर्वैकाल्यविधानात् ॥
स्वाभाविकं कर्म मृत्युर्विद्या शास्त्रीयमुच्यते ॥१७६५॥

मृत्युः स्वाभाविकं ज्ञानं शास्त्रीयं संभवस्तथा ॥
शास्त्रीयेणेतरत्तीर्त्वा विद्यया ऽमृतमश्नुते ॥१७६६॥

नाविरतो दुश्चरितादिति चा ऽऽगमिकं वचः ॥
तपसा कल्मषं हन्ति विद्यया ऽमृतमश्नुते ॥१७६७॥

तस्मात्समुच्चयाशेह कार्या नाक्षरसंश्रयात् ॥
अप्रमाणं ब्रुवाणस्तु नास्माभिः विनिवार्यते ॥१७६८॥

अन्त्य श्लोक में जो कटाक्ष किया गया है वह आलोचनीय है। श्रीसुरेश्वराचार्य अपने गुरुवर्य के विरुद्ध लेखनी उठाएंगे यह सम्भव नहीं। यदि प्रस्तुत ईशभाष्य श्रीमदाचार्य का होता, तो निश्चय ही यहाँ श्रीसुरेश्वराचार्य ऐसे कड़े शब्दों का प्रयोग न करते।

ईशोपनिषत् के पहले दो मन्त्रों के सम्बन्ध में कुछ अधिक विवेचन करना आवश्यक है, जो आगे भाषान्तर के प्रसंग में किया जाएगा। दूसरा मन्त्र जो 'कुर्वन्नेवेह' इ. है, उसका अभिप्राय श्रीमदाचार्य के ब्र. सू. (३-४-१३ और १४) के भाष्य से ज्ञात हो सकता है, और वह ईशभाष्य से विभिन्न है। उत्तरोक्त भाष्य में लिखा है, कि यह मन्त्र ज्ञाननिष्ठा के अनधिकारियों के अर्थात् कर्मिष्ठों के लिए है, और ज्ञान और कर्म इनमें पर्वत समान अविकम्प भेद है, यह भुलाना नहीं चाहिए। इसके विरुद्ध उपर्युक्त ब्र. सू. भाष्य में लिखा गया है कि इस मन्त्र में, वह ज्ञाननिष्ठ के लिए ही है, ऐसी विशेषता नहीं बताई गई है। और यद्यपि ज्ञान के प्रकरण में होने से उसका सम्बन्ध ज्ञान से है, ऐसा कहा जा सकता है, पर उसमें जो विशेषता है, वह यह कि इस मंत्र में ज्ञानी पुरुष को यावज्जीव कर्म करने का स्वातन्त्र्य दिखा कर वह कर्म-

बन्धों से जकड़ा नहीं जाता, यह ज्ञान का सामर्थ्य बताया है। यह सूत्र भाष्य उनका नहीं, ऐसा तो नहीं कहा जा सकता, क्यों कि इन भाष्यों पर बड़े वादानुवाद हुए हैं। अर्थात् प्रतिपादनों की विभिन्नता से सिद्ध होता है, कि ईशोपनिषद् भाष्य जो श्रीङ्कराचार्य के नाम से प्रसिद्ध है, उनका नहीं है।

मीमांसकों का पक्ष, कर्म और उपासना के समुच्चय अर्थात् सह अनुष्ठान का है, उसपर कोई आक्षेप नहीं है, और उल्लिखित ईशभाष्य भी इसीका समर्थन कर रहा है, जिसमे अद्वैत सिद्धान्त को कोई ठेस नहीं पहुँचती। परन्तु इसके निमित्त शब्दों की, वाक्यों की, और उनके अर्थों की, जो उथल पुथल की गई है, उसे देख, बड़े बड़े विद्वानों को अचम्भा हो गया है। प्रोफेसर मैक्स मुलर और स्व० लोकमान्य **तिलक** ने, शङ्कर भगवान् के सम्बन्ध में कुछ साशङ्कतावाले उद्गार अपने ग्रन्थों में लिख डाले हैं, इहें देख कर दुःख होता है—प्रोफेसर मैक्स मुलर ने लिखा है :—

'It in necessary (even when we feel obliged to reject an interpretation of Shankara's without at the same time altering the text) to remember, that Shankara when he is not blinded by Philosophical predilections, commands the highest respect as an interpreter' (Sacred books of the East Vol I edited by F. Max Muller page LXXIV and pages 314 to 320)'

कुछ इसी ढंग का आक्षेप स्व. लोकमान्य **तिलक** ने भी अपने ग्रन्थ में किया है। (देखिये गीता रहस्य प्रकरण ११ अन्तिम भाग पृष्ठ ३५९ से ३६१ तक) इन दोनों पण्डितों की यह धारणा हो गई थी, कि श्रीशङ्कराचार्य जैसे महामहिम पुरुष साम्प्रदायिक अभिमान के वशवर्त्ती हो कर, श्रुति के अर्थों में कभी कभी गड़ बड़ कर देते हैं! यह तो दुर्भाग्य की बात है। इसका कारण यही अनुमित होता है, कि इन विद्वानों को अपने अपने क्षेत्रों में, गहन कार्य में निमग्न रहने से, बहुत सी अन्य बातों पर विचार निर्णय करने का

अवसर ही नहीं मिला। बहुतायत काल से प्रकृत 'ईशभाष्य' श्रीमच्छंकराचार्य के नाम पर ही प्रसिद्धि पाया है; वैसा ही उन्होंने मान लिया! यदि उसी समय, उनको यह ज्ञात होता, कि उक्त प्रसिद्धि को कोई आधार नहीं है, प्रत्युत अनेक आन्तरिक प्रमाण उसके विरोधी हैं, तो उनको बड़ी प्रसन्नता होती और उनके संशोधन के कार्य में विपुल योगदान भी होता।

इस सम्बन्ध में एक आशंका की अवतारणा हो सकती है, कि सनातनी पण्डित, अनेक शताब्दियों से इस भाष्य को श्रीमदाचार्य का ही मान्य किये आए हैं, और इस प्रश्न को अब तक क्यों कर किसी ने भी नहीं उठाया? आशंका आपाततः ठीक ही मालूम होती है। परन्तु यह भी सोचना है, कि किसी भी खोज के सम्बन्ध में यह आपत्ति सदा ही की जा सकती है। देखिए न गुरुत्वाकर्षण के सिद्धान्त के सम्बन्ध में भी पूछा जा सकता है, कि हजारों वर्ष तक बड़े बड़े प्रकाण्ड पण्डितों की समझ में यह सिद्धान्त क्यों कर नहीं आया? एवं हर आविष्कार के विषय में यह शंका बनी बनायी है। परन्तु यह कोई उसकी अमान्यता का कारण नहीं हो सकता। यहां पर और एक बात बतानी है, कि इस खोज में, प्रकृत लेखक पहला नहीं है। जान पड़ता है, कि कोई सौ दो सौ साल के नीचे एक अध्ययनशील पाठक का ध्यान इस शंकुल विषय पर आकृष्ट हो गया था, जिसका उल्लेख उसने अपनी ऐतरेय उपानषद् की पोथी में कर रखा है। संयोग वश यह पोथी पूना के आनन्दाश्रम के स्वामीजी के हाथ आ गई, और उन्होंने ई. स. १८८९ में उसे अपने मुद्रणालय में अपनी टिप्पणी के साथ छाप दिया। उपर्युक्त अभ्यासक इस मुद्रण काल के कितने पूर्व हो गया होगा, इसका कोई पता नहीं चलता, प्रकाशित पुस्तक के पृष्ठ १९ के नीचे यह टिप्पणी है:—

"अत्र क, ख, संज्ञित पुस्तकयोः किंचिद्वहिर्लिखितमस्ति। तद्यथा नन्वीश भाष्ये विद्याशब्दः उपासनापरो न तु ब्रह्मविद्यापर इत्युक्तं, तेन विरोध इति चेत्सत्यम् काण्वशाखायां 'नम उक्तिं विधेम' इत्युपासनायामेवोपनिषत्समाप्तेस्तद व्याख्यायां तदनुसारेणोपासनापरत्वमुक्तम्। माध्यंदिन शाखायां तु 'योसावा

दित्ये पुरुषः सोसावहम् । ओ३म् खं ब्रह्म' 'इत्यैकात्म्योपसंहारात्तदनुसारेणात्र मुख्यविद्यापरत्वमुक्तमिति विवेकः"

इससे स्पष्ट है, कि ऐतरेय और ईशभाष्य दोनों में विरोध अवश्य है। अर्थात् उनमें का एक ही मत श्रीमदाचार्य का हो सकता है। खेद की बात है, कि इस विषय पर गतकाल में यथेष्ट गवेषणा नहीं हो सकी। हमारी परम्परा पुरातन काल से ऐसी कुछ बनी है, कि प्राचीन ग्रन्थों में यदि कुछ व्याघातात्मक भी लिखा हो, तो उसकी ओर से उदासीनता ही धारण कर लेना अथवा किसी न किसी ढंग से उसे निभा लेने का प्रयास करना, एवं उसकी अधिक मात्रा में विचिकित्सा करना ही नहीं ! उपरोक्त अभ्यासक ने विरोध बता कर भी अपने मन ही मन उसका कारण, काण्व और माध्यंदिन पाठों के भेद में अन्तर्भूत है, ऐसा मान लिया है, यह एक कौतूहल की बात है। वास्तव में देखा जाए तो इन दो पाठों में ऐसी कोई विरोध की बात नहीं है, कि जिससे पहले को केवल कर्मकाण्डात्मक या उपासनात्मक, और दूसरे को केवल ज्ञानात्मक, ठहराया जा सके ! और न उपासना और ज्ञान का ऐसा अहिनकुल सा विरोध है ! 'भक्त्या मामभिजानाति' (गी. १८-५५) 'भक्तिर्जनित्री ज्ञानस्य' ऐसे प्रचुर संख्या में वचन भी हैं। फिर सुरेश्वराचार्य तो स्वयं ही काण्वशाखाध्यायी थे, और वे तो कोई ऐसी विभिन्नता नहीं बताते !

बात असल यह है, कि **शंकर** भगवान् ने जो प्रबन्ध लिखे नहीं, वे भी उनके नाम से प्रसिद्धि पा गये ! इनमें विरोधी विचार बहुत स्थानों पर मिलते हैं। यही कारण है, कि हमने विरोधों की ओर ध्यान देना ही छोड़ दिया है ! ऐसी उलझनों की बातें हमारे पास ही हुई हैं ऐसा नहीं। संसार के अनेक देशों के धार्मिक और तात्त्विक ग्रन्थों में भी हुई हैं। इसका एक छोटा सा मनोरंजक उदाहरण, पाश्चात्यों का जो अत्यंत महत्व का धार्मिक मूल ग्रन्थ बाइबिल, उसके सम्बन्ध में बताया जा सकता है। इस ग्रन्थ की आद्य भाषा हिब्रू थी, और अनन्तर अन्य भाषाओं में इसका अनुवाद किया गया। इसके उन्नीसवें अध्याय (बाइबिल सेन्ट मथ्यू १९-१९-२४) में इस अभिप्राय

का वचन है, कि 'सुई के रन्ध्र में से भले ही एक मोटा डोर चला जाय परन्तु स्वर्ग द्वार के अन्दर धनाढ्य मनुष्य का प्रवेश नहीं हो सकता' इस वाक्य में डोर के लिए हिब्रू भाषा का जो शब्द है, उसका अर्थ एक पण्डित ने ऊँट कर दिया !

बस, अब जिस पुस्तक में देखिये, यही ऊँट बैठा हुआ पाया जाता है ! अचरज की बात है, कि अनेक शताब्दियों में ऐसा कोई पुरुष नहीं हुआ जो इसे बाहर निकाले ! आज भी सहस्रशः ईसाई स्त्री पुरुष ऐसे हैं, जो इस ऊँट को ही लिए बैठे हैं ! तात्पर्य त्रुटियां, जीव स्वभाव सुलभ हुआ करती हैं, और उनकी ओर लक्ष्य जाना यह बहुत बार दुर्घट हो जाता है, इसका क्या इलाज है ।

शताब्दियों की परम्परा से मानी हुई बात को अमान्य करने में मन को कठिनाई तो अवश्य होती है । ऐसी शतशः बातें बताई जा सकती हैं, जो दुनिया, दीर्घकाल से मानती आई, और अन्त में पदार्थ विज्ञान या तत्सम शास्त्रों के बल पर उनको आज अमान्य करना अवश्य हो गया है ! इस दृष्टि से ईशभाष्य का प्रश्न कुछ भी विकट नहीं है । परस्पर विरोधी ग्रन्थ शङ्कराचार्य के हैं, ऐसा मान लेने से 'उनके विचार सुसंगत और युक्तियुक्त नहीं थे, कभी वे ऐसा लिखते थे, और कभी वैसा भी लिख मारते थे' ऐसा कहने की आपत्ति आती है । यह किसी दृष्टि से उनकी भक्ति या समादर का द्योतक नहीं है । अतः जो यथार्थ और प्रमाण सिद्ध है, उसी को उनका समझना योग्य है ।

•

इसमें सन्देह नहीं, कि ईशोपनिषद् जो ब्रह्मविद्या का आद्य उपनिषद् है, श्रीमदाचार्य के भाष्य से अलंकृत रहना आवश्यक है, पर जान नहीं पड़ता कि वह, भीषण काल के गाल में कहां के कहां चला गया है ! कदाचित् तिब्बत नेपाल चीन जापान में वह कहीं कभी मिल भी जायगा । यदि ऐसा हो, तो उसमें श्रीमदाचार्य का वही अभिप्राय दीख पड़ेगा, जो उपरोक्त उन्हींके उध्दृत वचनों में अथवा श्रीसुरेश्वराचार्य ने यत्र तत्र दिया है । इसी दृष्टि से इस निबन्ध के

उत्तर विभाग में इस उपनिषत् का सीधी और सरल भाषा में अनुवाद दिया गया है।

परन्तु इस अनुवाद के पाठ के पूर्व, और भी एक विमर्श विद्वानों की सेवा में निवेदित करना उचित है।

उपनिषन्मन्त्रों के अभिप्राय की आलोचना करने के समय, यह बहुत बार देखा गया है, कि शब्दों की रचना, उनका सरल अर्थ, पहले क्या कहा गया है, और आगे क्या बताया गया है, इनको ध्यान में ले कर तारतम्य दृष्टि से और तत्कालीन परिस्थिति को सामने रख कर, जो तात्पर्य प्रतीत होता है, वही प्रायः समीचीन रहता है। उपक्रमोपसंहारादि जो षड्विध विचार, शास्त्रों में बताये गये हैं, बहुत अच्छे ही हैं, किन्तु उनको भी अपनी सूक्ष्म दृष्टि से निभा-लेने की बड़ी आवश्यकता है। प्रायः होता यह है, कि पाठक, साम्प्रदायिक टीकाकारों के शब्दाडंबर में अचानक फँस जाते हैं, और फिर कुछ अनोखा सा निर्णय ही उनके गले पड़ जाता है! इसका मजे का उदाहरण इसी उपनिषत् के सम्बन्ध में हो चुका है। देखिये निम्न के तीन सरल मंत्रः—

॥ अन्धंतमः प्रविशन्ति येऽविद्यामुपासते
ततो भूय इव ते तमो य उ विद्यायाꣳरताः ॥९॥

॥ अन्यदेवाहुर्विद्यया अन्यदाहुरविद्यया
इति शुश्रुम धीराणां येनस्तद्विचचक्षिरे ॥१०॥

॥ विद्यां चाविद्यां च यस्तद्वेदोभय ꣳ सह
अविद्यया मृत्युं तीर्त्वा विद्ययामृतमश्नुते ॥११॥

इनका सीधा तात्पर्य यह है:—

जो लोग अविद्या अर्थात् अज्ञान में रहना पसंद करते हैं, अथवा अपने आकुंचित स्वार्थी व्यवहारों में ही लिपटे रहते हैं, वे अन्धतम की

दुर्गति को प्राप्त कर लेते हैं, और जो ऐहिक अथवा स्वर्गादि भोगों की अभिलाषा से कर्मकाण्ड रूप विद्या के घटाटोपों में व्यस्त होते हैं, वे तो और भी बड़ी दुर्गति को प्राप्त कर लेते हैं। विद्या और अविद्या इनके सच्चे अर्थ कुछ और ही हैं जो हमने हमारे चिन्तनशील और प्रगल्भ गुरुजनों से सुने हैं। प्रत्युत उन्होंने हमें इन अर्थों की विशेषता को बड़ी मार्मिकता से बताया है; जिससे स्पष्ट होता है, कि साधक, अविद्या के अर्थात् श्रौत, स्मार्त के कर्मों के निष्काम अनुष्ठानों से, इस एषणा रूप मृत्यु पर विजय प्राप्त कर लेता है, और विद्या, अर्थात् ब्रह्मज्ञान से अमृतत्व अर्थात् मोक्ष को प्राप्त कर सकता है।

यह कितना सुगम और सुबोध तात्पर्य है ? 'अन्यदेवाहुर्विद्यया' इसका स्पष्ट अर्थ 'विद्या शब्द का तात्पर्य अलग ही है,' ऐसा है। अर्थात् जो जनसाधारण समझे हुए हैं, वह अर्थ तात्त्विक दृष्टि से योग्य नहीं हो सकता। हमारे धीर गुरुजनों ने इस बात को हमें अच्छी तरह समझाया है। वैदिक वाङ्मय में 'आहुः आहुः ऐसे शब्द सैकड़ों स्थलों पर आते हैं। जहां कहीं प्राचीन मत या प्रथा बतानी होती है, या कुछ विशेषता दिखलानी होती है, वहां इन शब्दों का उपयोग हुआ करता है, या 'तदेष श्लोको भवति' ऐसा प्रस्ताव किया हुआ रहता है। ब्राह्मण ग्रन्थों में तो 'इत्याह' 'इत्याह' इनकी भरमार आती है। गीता में भी 'इंद्रियाणि पराण्याहुः' (३-४२) 'तमाहुः पण्डितं बुधाः' (४-१९) 'तामाहुः परमां गतिम्' (८-२१) आहुस्त्वाम् ऋषयः (१०-१३) ऐसे अनेक उदाहरण मिलते हैं। ठीक इसी प्रकार इस उपनिषद् में विद्या और अविद्या इनके लौकिक और शास्त्रीय अर्थों में कैसी विभिन्नता है, यह समझाने के लिए 'आहुः' शब्द का व्यवहार किया गया है; जिससे तात्पर्य भी सुन्दर निकल आता है।

परन्तु दुःख की बात है, कि 'समुच्चय' वाद के चक्र में आने से पण्डितों को इन मन्त्रों का आशय समझने में बड़ी ही कठिनाइयां पड़ गयीं। अन्यत् शब्द का अर्थ ठीक बैठता नहीं ऐसी मन ही मन अपनी भावना बना कर 'फलम्' इस नये शब्द का अध्याहार कर लिया गया ! और वह भी 'विद्यया' इस तृतीया विभक्ति से जमता नहीं, अतः 'क्रियते' ऐसा और एक पद लगाया

मया ! कहीं 'विद्यया' इस शब्द को बदल कर 'विद्यायाः' ऐसा छन्दो भङ्ग दोष वाला पाठ स्वीकार किया गया ! यह सब समञ्जस कैसे हो सकता है ?

आज भी देखिये, यदि कोई कहे कि भाइयो, शिक्षण, शिक्षण ऐसा पुकार करने से क्या फल है ? क्या कुछ हिन्दी अथवा अंगरेजी ग्रन्थों के पठन पाठन से शिक्षा की परिपूर्ति हो सकती है ? शिक्षण का सच्चा तात्पर्य तो मन और बुद्धि को सद्विचारों से सुसंस्कृत और उदात्त बनाना है इ. इ. । ठीक इसी प्रणाली की विचार धारा, इन तीनों मन्त्रों में अनुस्यूत है । आगे अनुवाद के पाठ से यही बात स्पष्ट हो जाएगी ।

मन्त्र १२ १३ और १४ के सम्बन्ध में भी यही सीधी-सादी बात ध्यान में रखना आवश्यक है । परन्तु स्वमनःकल्पित निगूढ़ अर्थ की खोज में, सरल सत्य रहस्य की उपेक्षा हो गई है । यही कारण है, कि यहां सम्भूति और असम्भूति इनके अर्थों में टीकाकारों में बड़ी विभिन्नता दीख पड़ती है । संस्कृत भाषा में सम्भूति शब्द का साधारण अर्थ जन्म है, और असम्भूति अर्थात् अजन्म; मीमांसकों का यह मत था कि जगत् स्वयम्भू है, इसका जन्म हुआ ही नहीं ! अतः १२ वे मन्त्र में 'सम्भूतिमुपासते' इत्यादि कह कर उनके मत की निन्दा की गई है । 'सम्भूति' शब्द का दूसरा अर्थ भूति=ऐश्वर्य अर्थात् अच्छा ऐश्वर्य कहिए देवतात्मभाव, देवतास्वरूप बन जाना । इस अर्थ का भी स्वीकार मीमांसकों ने किया है 'तं यथा यथोपासते तथैवभवति' (मुद्गल उ० मन्त्र ३) वैदिक काल में उपासक अपनी अनुष्ठान सामर्थ्य से उपास्य देवता के स्वरूप की प्राप्ति कर सकता है, ऐसी भावना थी । इसी को संपदुपासन कहते हैं । मीमांसकों का ज्ञानकर्मसमुच्चय पक्ष, इसी दृढ़ भावना की भित्ति पर प्रतिष्ठित है । परन्तु **अद्वैतसिद्धान्त** अपनी विचारोच्च दृष्टि से इस प्रक्रिया ❀ को मान्यता नहीं देता । और न उसे इन क्रिया साधनों

❀ वेदान्त ग्रन्थों में, इस संपदुपासन की विधि का 'भ्रमर कीट न्याय' के आधार पर, समर्थन किया गया है । कहा जाता है कि भ्रमर, तैलपाई नामक

की आवश्यकता है। बात यह है कि यह 'भावना वशित्व' निरी भूल है, जिससे कोई तात्त्विक सफलता नहीं हो पाती, प्रत्युत् उससे बन्ध ही पुष्ट हो जाता है। प्रथम प्रबन्ध प्रकरण (४४) पृष्ठ १७७ पर स्पष्टतया बताया गया है, कि बिना बुद्धि पूर्वक सन्तत सत्प्रयत्नों के, मानव, अपने साध्य को प्राप्त नहीं कर सकता। ठीक यही न्याय तत्त्व विज्ञान के सम्बन्ध में भी चरितार्थ होती है। 'सम्भूति' का और एक अर्थ 'असत' जगत् का जन्म। **असत्** कार्य वादी नैयायिक और वैशेषिक मानते हैं, कि परमाणुओं के समवाय से एकदम भिन्न जगत् की उत्पत्ति होती है! इस मत का खण्डन पीछे पृष्ठ १४७ पर किया गया है। ईशावास्योपनिषद् इन सब अज्ञानजन्य भ्रान्तियों का निषेध कर रहा है, और बता रहा है, कि 'सम्भूति' और 'असम्भूति' इनके लौकिक अर्थों के भँवर में मत जाओ। इनके सच्चे तात्त्विक अर्थ निराले हैं, जिनको हमारे ज्ञान-दृष्टि गुरु जनो ने हमें बड़ी सुविधा से समझा दिया है। असम्भूति का लौकिक अर्थ, इस जगत् की उत्पत्ति नहीं हुई, वह स्वयम्भू है, उसका कोई निर्माण कर्ता नहीं है। अर्थात् जो मन चाहे वह किये चले जाओ, इस भ्रान्त धारणा को लिये हुए लोग अ-सम्भूति याने अन्-ऐश्वर्य अर्थात् भांति-भांति के व्यावहारिक सुखों की छटपटाहट में लिपटे रहते हैं, वे अन्धतमू नामक दुर्गति को प्राप्त होते हैं। और जो लोग सम्भूति याने कर्मकाण्डगत विधियों के अनुसार देव-

---

(पूर्व पृष्ठ से अनुवृत्त)

कीट को पकड़, अपने बिल में बन्द कर लेता है, और बारंबार उसकी ध्वनि से वह कीट भयाक्रान्त होता हुआ, उसका ध्यान करते करते अन्त में भ्रमर बन जाता है। ठीक इसी प्रकार संतत ब्रह्मचिन्तन से जीवात्मा ब्रह्म बन जाता है, ऐसी अनेक पण्डितों की कल्पना है।

अद्वैत विज्ञान अपनी उच्च कक्षा में इसे स्वीकार नहीं करता, परन्तु निचली कक्षा में भी यह दृष्टांत सत्य नहीं है। प्राणि शास्त्र की दृष्टि से भी संतत ध्यान से ऐसा कुछ परिवर्त्तन होने के लिए प्रमाण नहीं है, ऐसी ही वैज्ञानिकों की सम्मति है।

तात्म भाव एवं ऐश्वर्य प्राप्त करा लेने के पीछे पड़े हैं, याने जिनमें शास्त्र द्वारा क्यों न हो, ऐहिक और पारत्रिक सुख भोगों की ही लालसा होती है, ऐसे लोग, और भी घोर दुर्गति को प्राप्त होते हैं।

असम्भूति का सच्चा अर्थ श्रौत स्मार्त कर्मानुष्ठान है, क्योंकि उसमें अनैश्वर्य अर्थात् सच्चा ऐश्वर्य नहीं। उसके फल विनाशी ही होते हैं। तथापि इनका भी अनुष्ठान ईश्वरार्पण बुद्धि से करना योग्य होता है, जिससे इस एषणा रूप मृत्यु लोक पर विजय प्राप्त होती है। इसके उपरान्त 'सम्भूति' याने सच्चा ऐश्वर्य अर्थात् निरतिशय कल्याण करा देने वाली ब्रह्मविद्या, इसकी आराधना से अमृतत्व की प्राप्ति अवश्य हो जाती है।

अंततः संक्षेप से यही कहा जा सकता है, इस उपनिषत् में कर्म काण्ड और ज्ञान साधन इनका तारतम्य बड़ी स्पष्टता से और सफलता से बताया गया है। मीमांसाकों ने कर्म्म काण्ड के विषय में एक विचित्र दुराग्रह का पक्ष हमारे समाज में प्रस्थापित कर रक्खा था, जिसकी हद्द नास्तिकता तक बढ़ गई थी। उसका यहां कड़ी भाषा से खण्डन कर दिया गया है।

अब आगे के विभाग में, इस उपनिषद् का जो अनुवाद दिया गया है, विद्वानों से प्रार्थना है कि वे उसका पर्यालोचन तथा परीक्षण करें, और कुछ दोष हों, तो अवश्य बतावें। दोषों का निराकरण ही सत्य स्वरूप परमात्मा के ज्ञान के लिये सर्वथा उपकारी है।

। हिरण्मयेन पात्रेण सत्यस्यापिहितं मुखम्
तत्त्वं पूषन्नपावृणु सत्यधर्माय दृष्टये ।
(ईश. मन्त्र १५)

ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः

द्वितीय प्रबन्ध

ईशावास्योपनिषद्

[काण्व पाठ]

प्रकरण (६०) खण्ड (२) सरल हिन्दी अनुवाद

। एष आदेशः । एष उपदेशः एषा वेदोपनिषत् ।

(तैत्तिरीय शिक्षाध्याय अनु० ११ मंत्र ४)

(यही आदेश है । यही उपदेश है ।
यही वेदों का रहस्य है ।)

ॐ

* तत्सद्ब्रह्मणे नमः

प्रकरण (६०) खण्ड (२) ईशावास्योपनिषत् का सरल हिन्दी अनुवाद

। पूर्णमदः पूर्णमिदम् पूर्णात्पूर्णमुदच्यते
पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते ।

ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः

अर्थ : वह ब्रह्म पूर्ण है, और यह (मेरे हृदय के अन्दर जो प्रत्यगात्मतत्त्व है, जिसको हृदयस्थ नारायण कहते हैं, वह) भी पूर्ण है। पूर्ण से ही पूर्ण निकला है। एवं पूर्ण में से पूर्ण निकलने पर जो शेष रहता है, वह भी पूर्ण है।

---

* श्री मद्भगवद्गीता अ. १७ श्लो. २३ में बताया है, कि **ॐ, तत्** और **सत्** ऐसा त्रिविध ब्रह्म का निर्देश हुआ करता है। श्री विष्णु सहस्र नाम स्तोत्र के भाष्य में श्रीशंकराचार्य ने इन शब्दों के बड़े मनोज्ञ अर्थ बताये हैं। **तत्** केवल दर्शक सर्वनाम नहीं, किन्तु 'तनोति इति तत्' जो विश्व का विस्तार करता है, वह परब्रह्म परमात्मा है, (दे. श्लोक ९१ का भाष्य) इस उपलक्षण में उत्पत्ति स्थिति और लय तीनों आते हैं, यह पृथक् कहने की आवश्यकता नहीं।

परब्रह्म का '**सत्**' शब्द से निर्देश छान्दोग्य उपनिषद् (६-२-१) में किया गया है। यहां **शांकर** भाष्य में सृष्टि के पूर्व काल में '**सत्**' ब्रह्म के बिना

ऊपर के मन्त्र में जो आपाततः गणित भाषा में, एक कूट रक्खा जैसा दीख पड़ता है, उसको, अनेक गणितज्ञ पण्डित संख्या परिगणना कर, हल करने की चेष्टा करते हैं, किन्तु उन्हें इसमें बड़ी हैरानी होती है। गणित शास्त्र की प्रक्रियाएँ द्रव्यों के सम्बन्ध में ही ठीक हो सकती हैं, परन्तु, निरवयव अमूर्त नित्य शुद्ध, बुद्ध, चैतन्य, अखण्ड परब्रह्म के सम्बन्ध में वे निरुपयोगी हैं। पूर्ण का अर्थ जड़ द्रव्य की भांति भरा रहना, नहीं हो सकता। जैसे घट में जल, वैसे 'ब्रह्माण्ड भाण्ड' में ब्रह्म भर कर रक्खा है, यह अर्थ योग्य नहीं है। पिछले प्रबन्ध में पृष्ठ १०६ पर 'परमात्मा के सर्वव्यापित्व' का जो ३६ वां प्रकरण है, उसमें इस सम्बन्ध में विशेष विवेचन किया गया है, जिसको पाठक देख लें। एक सर्वव्यापी द्रव्य के भीतर, दूसरा सर्वव्यापी द्रव्य कैसे रह सकता है? अर्थात् यहां परब्रह्म के सर्व प्रभावित्व का ही अभिप्राय है, स्थूल भौतिक दृष्टि नहीं है। यह अलंकारिक भाषा है, जिसमें तत्त्व दृष्टि का ही अर्थ रक्खा हुआ है। 'अणोरणीयान् महतो महीयान् आत्माऽस्य जन्तो र्निहितो गुहायाम्'

(पूर्व पृष्ठ से अनुवृत्त)

इतर कुछ था ही नहीं, ऐसा बताते हुए बहुत कुछ चर्चा की गई है; जिसमें यह स्पष्ट किया गया है, कि '**सत्**' तत्त्व वैशेषिकों का 'सद्द्रव्यं सन् गुणः सत्कर्म ऐसा 'सत्सामानाधिकरण्य' वाला नहीं है, प्रत्युत ईक्षण करने वाला, जगत् की उत्पत्तिस्थितिलय करने वाला परब्रह्म है। (देखिए प्रथम प्रबंध प्रकरण २८ पृष्ठ ४१)

श्रीविष्णुसहस्रनाम स्तोत्र श्लोक ८८ 'सत्कृतिः सत्ता' के भाष्य में, सत्ता का अर्थ 'जगद्रक्षणलक्षणा सत्ता' ऐसा बताया है। 'ब्रह्म' शब्द का अर्थ बृहत्वात् बृंहणत्वात् स्रष्टृ स्वरूप और सब का नियमन करने वाला, ऐसा बताया है। (दे. श्लो. ९ और ८४ के भाष्य) 'पूर्ण' का अर्थ 'सकलैः कामैः सकलाभिः कलाभिः सम्पन्नः' ऐसा इसी स्तोत्र के श्लोक ८६ के भाष्य में दर्शाया गया है। केवल भरा हुआ ऐसा जड़ द्रव्य दृष्टि का अर्थ नहीं हो सकता।

(कठ् २-२०) यही तत्त्व यहां है। तिनके के भीतर ब्रह्म तत्व उतना ही प्रभावी है, जितना कि हिरण्यगर्भ के भीतर। और तृण के नष्ट होने पर भी ब्रह्म को यत्किंचित् भी क्षति नहीं पहुँचती।

। ईशावास्यमिदँ सर्वं यत्किंच जगत्यां जगत्
तेन त्यक्तेन भुञ्जीथा मा गृधः कस्य स्विद्धनम् ॥१

अर्थः—इस विश्व के अन्दर जितने गतिशील, स्वयं हलचल करने वाले, सचेतन या जीवरूप पदार्थ हैं, उनके भीतर परमात्मा का— आवास्यम् रहने का स्थान है। अतः इस जगत् के स्वामी ने जो कुछ तुम्हें दिया है, उसी पर तुम अपना जीवन बिताओ, किसी के धनधाम की अभिलाषा मत करो।

ईशोपनिषद् के अनेक मन्त्रों के विषय में, पण्डितों में गहरा मतभेद रहा है। अनेकों ने भिन्न भिन्न अर्थ किये हैं। फिर भी श्रीमदाचार्य के शुभ नाम से जो ईशभाष्य प्रसिद्ध है, उसमें तो बड़ी ही गड़बड़ी दिखाई देती है, जिसका विवेचन पिछले विभाग में किया गया है।

यह उपनिषत् शुक्ल यजुर्वेद संहिता के अन्तर्गत है, अतएव इसके यथार्थ अभिप्राय का अन्वेषण उसी वेद के ब्राह्मण और आरण्यक ग्रन्थों के सहारे होना उचित है। क्योंकि उक्त ग्रन्थ, वेदार्थों के उपबृंहण के लिए ही बनाये गये हैं। ब्राह्मण ग्रन्थों में केवल अर्थ ही दिया गया हो ऐसी बात नहीं, प्रत्युत आनुषंगिक विषयों का उदाहरणों के साथ विवरण भी किया हुआ रहता है। एवं वैदिक ज्ञान का विस्तार प्राचीन ऋषियों के अभ्युगमों के साथ, इन ग्रन्थों में दिखलाई देता है।

शुक्ल यजुर्वेद के ब्राह्मण ग्रन्थ का नाम 'शतपथ ब्राह्मण' है। वैदिक वाङ्मय में यह ग्रन्थ विशिष्ट महत्ता रखता है. कारण कि इसमें यज्ञ विधानों

के सम्बन्ध में पर्याप्त जानकारी और विवरण दिया गया है। और साथ ही वेदान्त के सम्बन्ध में भी विवेचन किया गया है। इसके देखने से ज्ञात होता है कि, इस उपनिषत् का पहला मन्त्र जो 'ईशावास्य' इत्यादि, उसका गम्भीर अभिप्राय दर्शाने के लिये महर्षियों ने 'पूर्णमदः पूर्णमिदम्' इस श्लोक की योजना की है। और जान पड़ता है कि यह श्लोक पूर्वाचार्यों को इतना पसन्द आ गया कि उसको उन्होंने शान्ति पाठ के सुन्दर मन्त्रों के अन्दर संगृहीत कर दिया। इस श्लोक में वही तत्त्व है जो 'ईश्वरस्सर्व भूतानां हृदेशेऽर्जुन तिष्ठति' (गी. १८-६१) इत्यादि अनेक स्थलों पर बताया गया है। माध्यंदिन शाखा के अन्तर्यामी ब्राह्मण (काण्ड १४ अ. ६ ब्रा. ७) के अन्त के ३० वें मन्त्र में स्पष्ट किया गया है कि जीवात्मा के भीतर जिसका निवास है और, जीवात्मा को जिसका ज्ञान नहीं, यद्यपि उस पर उसीका नियंत्रण है इ. इ. वही परमात्मा है। इस श्रुतिका उल्लेख पहले पृ. १९१ पर आगया है. 'यत्किंच जगत्यां जगत्' इस में जो गम् धातु है वह ज्ञानार्थक भी है। एवं जहां जहां बुद्धितत्त्व है, वहां वहां अर्थात हर पौधे में, पत्रफल में, जीवाणु में, परमात्मा का वास्तव्य है। परन्तु इसका यह अभिप्राय नहीं कि परमात्मा के अनन्त खंड या अलग अलग अंश बन कर वह जगत् के सम्पूर्ण पदार्थों के भीतर जा बैठा है! उपदेश यही है, कि परमात्मा को ढूंढने के अर्थ भक्तों या जिज्ञासु लोगों को कहीं दूर जाने की आवश्यकता नहीं। यदि हमारा चित्त विशुद्ध, बनाया जाय या हमारी ठीक योग्यता हो, तो हृदयस्थ नारायण का साक्षात् दर्शन तत्काल ही हमें हो सकता है, और यह वही पूर्ण स्वरूप परमात्मा है, जिसको ब्रह्म कहा गया है।

'पूर्णमदः पूर्णमिदम्' यह श्लोक बृहदारण्यक (५-१-१) में भी आया है। यहां श्री मदाचार्य ने 'यदेवेह तदमुत्र यदमुत्र तदन्विह' (कठ ४-१०) इस श्रुति के आधार पर इसी तत्त्व को समझा दिया है।

प्राणिमात्र के हृदय में परमात्मा का वास्तव्य है, यह तो हमारे तत्त्व-ज्ञान का मौलिक प्रमेय है। 'गुहां प्रविष्टौ आत्मानौ हि तद्दर्शनात्' (ब्र. सू. १-२-११) इसमें उसका सुन्दर प्रतिपादन है। भाष्य के कुछ वचन यहां

दिये जाते हैं :— 'गुहाहितत्वं तु श्रुतिस्मृतिपुराणेषु असकृत्परमात्मन एव दृश्यते, गुहाहितं गह्वरेष्ठं पुराणम् (कठ १-२-१२) सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म, यो वेद निहितं गुहायाम् (तै० २-९).....सर्वगतस्यापि ब्रह्मण **उपलब्ध्यर्थो** देशविशेषोपदेशः न विरुद्धयत् इत्येतदपि, उक्तमेव'। 'ईशावास्यम्' इसका सीधा विग्रह ईशस्य आवस्यम् होता है, जैसा कि श्रीमध्वाचार्य ने किया है ; परन्तु वैदिक पद पाठ में, ईशा और आवास्यम् ऐसे दो पद हैं, इस कारण ईशा यह तृतीया लेनी पड़ती है, जिससे आवास्यम् का अन्वय ठीक नहीं बनता, इसलिये प्रस्तुत भाष्य में 'वास्यम्' ऐसा पद बता कर, उसका अर्थ 'आच्छादनीयम्' ऐसा लिया गया है. और आगे इसका तात्पर्य 'त्यजनीयम्' ऐसा भी बताया गया है ! फिर 'तेन त्यक्तेन भुञ्जीथाः' इसका अर्थ 'जगत्स्त्यागेन आत्मानं पालयेथाः' ऐसा किया गया है ! तात्पर्य यह सब अऋजुता पदपाठ के कारण हो गयी है। और इस चक्कर में केवल अद्वैतवादी पंडित ही आगये हैं ऐसा नहीं, श्रीरामानुज सम्प्रदायी और श्रीदयानन्द सरस्वती भी आ गये हैं !

श्रीमद्भागवत के स्कन्द ८ अध्याय १ में १० वां श्लोक इसी मन्त्र का अनुवाद है, और वहां इस उपनिषद् का हवाला भी दिया गया है। भेद इतना ही है कि 'ईशावास्यम्' के स्थान में 'आत्मावास्यम्' शब्द है, शेष भाग में कोई भेद नहीं। टीकाकार श्रीधर स्वामी ने आत्मा शब्द में तृतीया ही ली है, और तृतीया समास ही उन्होंने माना है, तथापि, तात्पर्य बड़ी सुन्दरता से बताया है, जैसे :— आत्मना ईश्वरेण आवास्यम् सत्ताचैतन्याभ्यां संव्याप्तम् विश्वं सर्वं जगत्यां लोके यत्किंचित् जगत् भूतजातम् अतस्तेनैव ईश्वरेण यत्किंचित्त्यक्तं दत्तं धनं तेनैव भुञ्जीथाः भोगान् भुंक्ष्व, यद्वा तेन हेतुना त्यक्तेन ईश्वरार्पणेन, भुञ्जीथा, न स्वार्थम्'।

तत्त्व विज्ञान का कितना मौलिक उपदेश इस पहले मन्त्र में भरा हुआ है ? इस में आस्तिकता का उपदेश है, निष्काम कर्म द्वारा परमात्मा की सेवा का विधान है, और प्राणिमात्र के हित और स्वातन्त्र्य रक्षण की भी शिक्षा है। स्वर्गीय

प्रेसिडेण्ट रूजवेल्ट के चारों स्वातन्त्र्य तत्त्व इसके एक कोने में आ गये हैं। अखिल जगत् परमात्मा का गृह है, यहां के सब जीव उसके घर के जन हैं, हम उनके सेवक हैं, और सब की यथा योग्य सेवा करना यह हमारा कर्तव्य है. कोई किसान अपने स्वामी के लिये जैसे रात दिन बड़ी मेहनत करता है, मनों अन्न पैदा करता है, मालिक के घर पहुंचाता है, इतना ही नहीं, खेती में से शाक, भाजी, तृण, घास, लकड़ी, फांटा आदि ला कर मालिक की, और मालिक के सम्बन्धियों, जानवरों की सेवा तथा रक्षा करता है, और मालिक, जो कुछ वेतन दे, उतना ही अपना समझता है। ठीक इसी प्रकार हमें भी रात दिन परिश्रम और चिन्तनशीलता से इस विश्व के ईश की सेवा करना आवश्यक है। और धन धान्य आदि की पैदावार को परिश्रम से बढ़ा कर वह सब उसी की प्रजा के अर्थ है, ऐसा निश्चय रखना चाहिये और अपने लिये उतना ही लेना चाहिये जितना कि योग्य हो।

। यावद् भ्रियेत जठरं तावत्स्वत्वं हि देहिनाम्
अधिकं योऽभिमन्यते सस्तेनो दण्डमर्हति ।
(भागवत ७-१४-८)

यह केवल उपदेश नहीं 'यद् ददासि विऽशिष्टेभ्यो यच्चाश्नासि दिने दिने, तत्ते वित्तमहंमन्ये शेषं कस्यापि रक्षसि' इस प्रकार प्रत्यक्ष अनुभव की बात है। परमात्मा के स्वामित्व की यहां प्रतीति हो सकती है।

ऐसी आस्तिकता तथा निष्ठा के बल पर, भारत वर्ष में प्राचीन काल में अनेक छोटे बड़े राज्यों के शासन चलाए जाते थे, और आज भी चलाए जा रहे हैं, जिसके प्रमुख उदाहरण त्रावणकोर, कोचीन और नेपाल हैं। राज्य ईश्वर का, और राजा सेवक मात्र। महाराष्ट्र के अनेक संस्थानों में भी यही भावना रही है। इसमें सन्देह नहीं कि इस दृष्टि से सभी कार्यवाही नहीं होती। स्वार्थ लिप्सा तो मनुष्यमात्र में सदा से ही बनी रही है। पर ऐसे महनीय उद्देश्यों को सम्मुख रखते हुए, शासन के विधि विधान बना लेने की प्रथा और

तदनुसार अधिकार यन्त्र को चलाने का प्रयत्न, ये प्राचीन आर्य संस्कृति के निदर्शक हैं।

श्रीमद्भगवद्गीता में जिस कर्म योग की महनीयता बताई गई है, वह यही ईश्वर सेवा का राजपथ है। अखिल जनता, प्रत्युत् प्राणिमात्र सुखी रहे और मानवता में अध्यात्म विज्ञान की अभिवृद्धि हो, इस दृष्टि के आचरण से ही परमात्मा प्रसन्न हो सकते हैं। स्मरण रहे कि **दैवी सम्पत्ति** की दृष्टि से, जैसी अपनी सच्छीलता आवश्यक है, उसी प्रकार अपने अधिकार क्षेत्र में दूसरों से भी सदाचार का परिपालन और दुराचारों का कड़ा प्रतिबन्ध रहना अत्यावश्यक है। इस प्रकार का वर्तन, बन्धक कभी नहीं होता, और साधक को इसके अतिरिक्त कुछ चाहिए भी नहीं, यह अभिप्राय अगले मन्त्र में स्पष्ट किया गया है।

। कुर्वन्नेवेह कर्माणि जिजीविषेच्छतँ समाः
एवं त्वयि नान्यथेतोऽस्ति न कर्म लिप्यते नरे । २

अर्थ :—जीव मात्र में परमेश्वर का वास है, इस निष्ठा से हर कोई पुरुष कर्मों का यथा योग्य आचरण करते हुए ही सौ वर्ष तक जीवित रहने की आकांक्षा रक्खे। उसे दूसरी किसी धुन की आवश्यकता ही नहीं है। क्योंकि इस निष्ठा के कर्म मनुष्य को बन्धक नहीं होते।

उपर्युक्त दो मन्त्रों में मानव समाज की समुन्नति का कितना ऊँचा आदर्श रक्खा हुआ है ? यदि हम, तद्नुसार आचरण रक्खें तो कॉम्युनिज्म फॉशिज्म और मार्क्सवाद इत्यादि चरम पन्थियों के आन्दोलन क्यों कर जड़ पकड़ेंगे ? गत इतिहास साक्षी है, कि आर्यावर्त ने एक समय ऐसे सुवर्ण युग का अनुभव किया था। इसका उल्लेख पहले प्रकरण (३९) पृष्ठ १२८ पर किया गया है।

बात यह है, कोई भी सिद्धान्त निकाला जाय, उसके उदात्त ध्येयों के अनुसार मानव नहीं चल सकता, काम क्रोधादि उन्मादों के भँवर में आ ही जाता

है, और फिर अपनी बुद्धि, चातुरी से, स्वार्थ का कुछ न कुछ मार्ग निकाल लेता है। इस प्रकार विषयासक्ति की चरितार्थता के साधन और दुर्व्यवहार बढ़ते बढ़ते, समाज में अनेक अनर्थकारी कार्य होने लगते हैं। धर्म की ओट में अनेक दुष्कृत्तियां की जाती हैं, विप्लव होते हैं। इसके अनन्तर जनमण्डल असंतोष से भर उठता है, और वह सिद्धान्त टूट जाता है। प्रायः सभी पन्थों का यह इतिहास रहा है। तमाखू अस्पृश्य है, यहां तक कि उसके खेत में से भी गुजरना पातक है, ऐसा कडा निर्बंध सिक्ख सम्प्रदाय में आज भी है, किन्तु मद्य का प्रचार उस सम्प्रदाय में अव्याहत सा ही हो गया है! यह छोटा-सा उदाहरण है; कहने का तात्पर्य यह है, कि पन्थ के ध्येय इतने उच्च कोटि के और विशुद्ध हों कि मानव को उनसे अपनी स्वार्थ सिद्धि करना कठिन ही नहीं असाध्य हो जाय। अगर ध्येय ही परिच्छिन्न या सदोष हो, तो मानव को अनाचारों के मार्ग निकालना कठिन नहीं होता। ईशावास्य के पहले दो मंत्रों का ध्येय कितना विशुद्ध और उच्चतम् कोटि का है? कहां 'सर्वभूतहितेरतत्व' और कहां आजकल का साम्यवाद? कहां 'तेन त्यक्तेन भुञ्जीथाः' का आदर्श, और कहां **पूंजीवाद** के विरुद्ध नौकर शाही के झगड़े? कहां 'सर्वेऽपि-सुखिनस्संतु' एवं 'वसुधैव कुटुम्बकम्' का ध्येय? और कहां नेशनल सोशलिज्म और फॉशिज्म? जिन उद्देश्यों में परमात्मा का नाम ही नहीं, उनकी क्या मौलिकता हो सकती है? बहुत दिनों से हम नासमझी और व्यवहार-शून्यता से ऐसे उत्कृष्ट सनातन सिद्धान्त को खो बैठे हैं। अब ईश्वर की कृपा से स्वाधीनता मिल गई है। उसकी और आर्य संस्कृति की रक्षा के लिए, हमारे सब प्रयत्न एवं विचार उच्च श्रेणी के होने चाहिएँ। विषय बड़ा मार्मिक है, अत एव स्पष्टीकरण के लिए कुछ विषयान्तर में जाना पड़ा, पाठक क्षमा करें।

। असुर्या नाम ते लोका अन्धेन तमसावृताः
ताँस्ते प्रेत्याभिगच्छन्ति ये के चात्महनो जनाः ॥ ३

अर्थ:—आत्मोन्नति का निश्चित मार्ग पिछले दो मन्त्रों में दिखाया गया है। इसके विरुद्ध आचरण करने वाले आत्मघाती हैं। ऐसे लोग घोर अज्ञान से भरे हुए असुर्या नामक देश में जन्म पाते हैं।

। अनेजदेकं मनसो जवीयो नैनद्देवा आप्नुवन् पूर्वमर्षत् ।
तद्धावतोऽन्यानत्येति तिष्ठत् तस्मिन्नपो मातरिश्वा दधाति ॥४

अर्थः—परमात्म तत्त्व निष्कम्प होते हुए मन से भी अधिक वेगशाली है। उसका पार देवताओं को भी नहीं लगा, क्योंकि कितना भी दूर आप चले जाएँ वह वहां पर मानों पहले ही पहुँचा हुआ पाया जाता है! दौड़ने वालों में वह दूसरों से आगे ही रहता है, तथापि वह स्थिर ही है। इसी तत्त्व के प्रभाव से, अखिल क्रिया समर्थ मातरिश्वा वायु, अपने सब कार्य चलाता है।

। तदेजति तन्नैजति तद्दूरे तद्वन्तिके
तदन्तरस्य सर्वस्य तदु सर्वस्यास्य बाह्यतः ।५

वह गतिमान् है, और गतिमान नहीं भी है। वह दूर है, और निकट भी है, वह सब पदार्थों के भीतर है, और बाहर भी है।

यह एक विरोधाभास अलङ्कार का सुन्दर उदाहरण है। इस अलङ्कार का उपयोग गहन विषय के समझा देने के लिए विद्वान् साहित्यिक किया करते हैं। श्रुति ने यहाँ स्वयं ही उसका प्रयोग किया है। अर्थात यहां विरोध बताने का अभिप्राय नहीं है। किन्तु समन्वय दिखाना है, जो लक्षणावृत्ति के अंगीकार से ही होता है, यह विज्ञ पाठकों को विदित है। प्रथम प्रबन्ध का ४० वां प्रकरण 'वेदान्त शास्त्र और परिभाषा' इसमें इसका विशेष विवरण किया गया है। यहांपर श्रुति का आशय यही है कि, आत्मतत्त्व की अद्भुतता बखानने के लिए कोई व्यावहारिक दृष्टान्त पर्याप्त नहीं होता।

। यस्तु सर्वाणि भूतानि आत्मन्येवानुपश्यति
सर्वभूतेषू चात्मानं ततो न विजुगुप्सते ।६

अर्थः—जो अखिल चराचर प्रपञ्च को, परमात्मा की सत्ता में देखता है, अपि च सर्व भूतों के अन्दर भी उसी की सत्ता को प्रमाणित करता है, उसको किसी से भी घृणा नहीं होती।

। यस्मिन् सर्वाणि भूतानि आत्मैवाभूद्विजानतः
तत्र को मोहः कः शोकः एकत्वमनुपश्यतः । ७

अर्थ :—जिस ज्ञानी पुरुष को, अखिल चराचर प्रपंच परमात्म स्वरूप हो गया। जैसा कि 'आत्माम्बोधेस्तरंगः' समुद्र के हिलोर लहरें तरंग इत्यादि जैसे उसे छोड़ कर स्वतन्त्रता से नहीं हो सकते, उसी प्रकार आत्मतत्त्व को छोड़ कर सृष्टि और सृष्टि कार्यों के अस्तित्व भातित्व क्रियाकारित्व आदि हो नहीं सकते। ऐसी एकात्मता की निश्चिति जिस पुरुष को हो गयी, उसको मोह और शोक कैसे हो सकते हैं ?

। स पर्यगात् शुक्रमकायमव्रणम् अस्नाविरं शुद्धमपापविद्धम्।
कविर्मनीषी परिभूः स्वयंभूर्याथातथ्यतोऽर्थान्
व्यदधात् शाश्वतीभ्यः समाभ्यः । ८

अर्थ :—वह ज्योति : स्वरूप, अशरीरी, अक्षर, निरवयव, सुनिर्मल, निर्लिप्त, प्रज्ञान घन, प्रभावशाली और क्रान्तदर्शी, आत्मचैतन्य, दिग्मंडल को परिव्याप्त किये हुए है, और (रहस्य की बात यह है कि) उसी ने अपनी असीम महिमा से, इन अगणित वस्तुओं को, भिन्न भिन्न अर्थों में, यथातथ्यता से इस अजस्र काल के प्रारम्भ से ही, सञ्जीवित प्रकाशित तथा प्रेरित कर दिया है !

। अन्धंतमः प्रविशन्ति ये ऽविद्यामुपासते
ततो भूय इव ते तमो य उ विद्यायां रताः । ९

अर्थ :—जो लोग अविद्या या अज्ञान में रहना पसन्द करते हैं, अर्थात् अपने आकुंचित स्वार्थ व्यवहारों में लगे रहते हैं, वे अन्धतम की दुर्गति को प्राप्त होते हैं। और जो लोग ऐहिक अथवा स्वर्गादि भोगों की अभिलाषा से कर्मकाण्डगत् विद्या एवं उपासना के चक्र में व्यस्त रहते हैं, वे तो अधिक ही दुर्गति को प्राप्त कर लेते हैं !

। अन्यदेवाहुर्विद्यया अन्यदाहुरविद्यया
इति शुश्रुम धीराणां ये न स्तद्विचचक्षिरे । १०

अर्थ :—विद्या का सच्चा अर्थ कुछ और है, और अविद्या का भी कुछ और है, ऐसा हमने अपने प्रवीण दृष्टि गुरुजनों से सुना है, प्रत्युत यह बात उन्होंने हमको भली भांति समझा दी है ।

। विद्यां चाविद्यां च यस्तद्वेदोभय ँ सह
अविद्यया मृत्युं तीर्त्वा विद्ययाऽ मृतमश्नुते । ११

अर्थ :—विद्या और अविद्या इनको जो यथार्थता से समझ लेता है, और तदनुसार अपनी उपासना और आराधना चलाता है, वही अविद्या से अर्थात् श्रौत स्मार्त कर्मों के अनुष्ठान ईश्वरार्पण बुद्धि से करने के कारण, इस एषणा रूप मृत्युलोक पर विजय पा लेता है, और विद्या से अर्थात् ब्रह्मविद्या से अमृतत्व का लाभ कर लेता है ।

। अन्धंतमः प्रविशन्ति ये ऽ सम्भूतिमुपासते
ततो भूय इव ते तमो य उ सम्भूत्या ँ रताः । १२

अर्थ :—जो लोग असम्भूति की उपासना करते हैं, अर्थात् जगत् की उत्पत्ति हुई नहीं, वह स्वयम्भू है, और उसका कोई निर्माण कर्ता नहीं है, ऐसा मानते हैं, और इस भ्रांति से अ-सम्भूति याने अन् ऐश्वर्य, अर्थात् भाँति भाँति के व्यावहारिक सुखों की छटपटाहट में लिपटे रहते हैं, वे अन्धतम नामक दुर्गति को प्राप्त होते हैं । और जो लोग सम्भूति, याने कर्म्मकाण्ड गत विधियों के अनुसार देवतात्मभाव एवं ऐश्वर्य प्राप्त करा लेने के पीछे पड़े हैं, अर्थात् जिसमें शास्त्र द्वारा क्यों न हो, ऐहिक और पारलौकिक सुख भोगों की ही लालसा होती है, ऐसे लोग और भी घोर दुर्गति को प्राप्त होते हैं ।

। अन्यदेवाहुः सम्भवादन्यदाहुरसम्भवात्
इति शुश्रुम धीराणां ये नस्तद्विचचक्षिरे । १३

अर्थ :—सम्भूति का सच्चा अर्थ कुछ और है, और असम्भूति का भी कुछ और है, ऐसा हमने अपने प्रज्ञादृष्टि गुरुजनों से सुना है, और यह बात उन्होंने हमको अच्छी तरह समझा दी है ।

। सम्भूतिं च विनाशं च यस्तद्वेदो भय ँ सह
विनाशेन मृत्युं तीर्त्वा सम्भूत्या ऽ मृतमश्नुते । १४

अर्थ :—सम्भूति और विनाश (असम्भूति) इन दोनों को जो यथार्थता से समझ लेता है, और तदनुसार उनकी उपासना और आराधना करता है, वह विनाश, अर्थात् विनाश फल स्वभाव श्रौतस्मार्त कर्म उनका ईश्वरार्पण बुद्धि से अनुष्ठान करके इस एषणा रूप मृत्युलोक पर विजय प्राप्त कर लेता है; और सम्भूति-अर्थात् निरतिशय कल्याण देने वाली ब्रह्मविद्या के बल पर अमृतत्व अर्थात मोक्ष को प्राप्त कर लेता है ।

मंत्र ९ से १४ का सच्चा अभिप्राय समझना, अनेक मतामतों के और सम्प्रदायों के प्रादुर्भाव से दुर्घट हो गया है । इस कारण, इन में जो चार प्रधान शब्द आए हैं, उनका स्पष्ट भेद समझने के लिये नीचे तालिका दी जाती है :—

महत्व के शब्द	उनके लौकिक असमीचीन अर्थ	उनके विशेष अथवा दार्शनिक अर्थ	विशेष
अविद्या	स्वभाविक अज्ञान और स्वार्थ मूलक व्यवहार	सृष्टि को उत्पन्न करने वाली परमात्मा की शक्ति और तत्सृष्ट श्रौत स्मार्त कर्म विधान तथा निष्काम कर्म	
विद्या	शास्त्रीयज्ञान और तदनुसार सकामकर्मानुष्ठान	ब्रह्मज्ञान अथवा सम्य-ग्बोध	
अ-सम्भूति	जगत् का जन्म नहीं है, वह स्वयम्भू है, उसका कोई निर्माणकर्ता नहीं है, यह मत और अ-सम्भूति अर्थात् अन् ऐश्वर्य याने नश्वर वस्तुओं के या श्रौत स्मार्त काम्यकर्मों में ही व्यस्त रहना	श्रौत स्मार्त काम्यकर्मानुष्ठान विनाशी फलरूप होने से सच्चे सम्भूति के अर्थात् मोक्ष के लिए उपयोगी नहीं है, परन्तु ईश्वरार्पण बुद्धि से किये जाने से, चित्त शुद्धि के लिए बड़ा उपकारक है, यह ज्ञान, जिससे मृत्यु लोक पर विजय होती है	
सम्भूति	(१) सम्पदुपासना अथवा श्रौत स्मार्त कर्मानुष्ठानों द्वारा देवतात्मभाव या ऐश्वर्य की प्राप्ति [इसमें विषय भोगों की लिप्सा रहती ही है] (२) 'असत्कार्य वाद' के पक्षानुसार जगत् की उत्पत्ति को मानना	निरतिशय कल्याण का लाभ करा देने वाली ब्रह्मविद्या एवं सम्यग्बोध। कहना न होगा कि इसमें **अद्वैतविज्ञान** के 'सत्कार्यवाद' तथा ब्रह्म-कारणता आदि अनेक मौलिक सिद्धान्तों का समा-वेश होता है	

इस विषय में विशेष प्रतिपादन, प्रथम खण्ड, 'विषय समीक्षा' में किया गया है।

। हिरण्मयेन पात्रेण सत्यस्यापिहितं मुखम्
तत्त्वं पूषन्नपावृणु सत्यधर्माय दृष्टये ।१५

अर्थ :—हे जगत्पोषक आदित्य देव, आपकी सुनहली रश्मिजाल के आवरण से, सत्य ब्रह्म का स्वरूप मानों छा गया है। मैं सत्य ब्रह्म का उपासक हूँ, मुझे सम्यग्दर्शन होने के लिए कृपा करके इस रश्मिजाल रूप आवरण को उठा लीजिए।

। पूषन्नेकर्षे यम सूर्य प्राजापत्य व्यूह रश्मीन्समूह
तेजो यत्ते रूपं कल्याणतमम् तत्ते पश्यामि
योऽसावसौ पुरुषस्सोहमस्मि ।१६

अर्थ :—हे सृष्टिपोषक, गतिशील, जगन्नियामक, प्रजापति के सुपुत्र, आदित्य देव, आप अपनी किरणों को इकट्ठा करके समेट लीजिए। इस हेतु, कि आपका जो तेजस्वी और निःश्रेयस देने वाला आन्तरिक स्वरूप है, उसे मैं देख लूँ। यह वही (उत्तम) पुरुष है, जो मेरे अहं प्रत्यय का अधिष्ठान बना हुआ प्रत्यगात्म तत्त्व है।

। वायुरनिलममृतमथेदम् भस्मान्तँ शरीरम्
ॐ क्रतो स्मर क्रतँ स्मर क्रतो स्मर क्रतँ स्मर ।१७

अर्थ :—हे अधियज्ञरूप परमात्मन्, यह जो वायु और प्राणरूप तत्त्व इस शरीर के भीतर है, वह अमर है, और यह जड़ शरीर तो अन्त में भस्म ही होने वाला है। अतः हे यज्ञपुरुष, मेरे कर्मों का ही आप स्मरण रखिए, उन पर ही आप (कृपया) ध्यान दीजिए।

अग्ने नय सुपथा राये अस्मान्
विश्वानि देव वयुनानि विद्वान

युयोध्यस्मज्जुहुराणमेनः
भूयिष्ठान्ते नम उक्तिं विधेम । १८

अर्थ :—हे अग्ने, आप अखिल कर्म और ज्ञान के व्यवहारों के ज्ञाता हैं, हमको शुभमार्ग से ले चलिये । कुटिल मार्गों की ओर हमको प्रवृत करने वाला जो हमारा पाप है, उससे हमें जुदा कर दीजिए ; हम आपको बहुत बहुत प्रणाम करते हैं ।

ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः

प्रकरण (६१) परिशिष्ट (अ)
श्रुति वाक्यों के अभिप्राय

वेद	महा वाक्य	अवान्तर वाक्य	वाक्य का यथार्थ अभिप्राय	वाक्यका रूढ़ असमीचीन अर्थ
ऋग्वेद	प्रज्ञानं. ब्रह्म (ऐ. उ. ५-३)		आचार्य का भाष्य :— 'सर्वं तत् अशेषतः प्रज्ञानेत्रम् प्रज्ञप्तिः प्रज्ञा, तच्च ब्रह्मैव.....प्रज्ञाने ब्रह्मणि उत्पत्ति स्थिति लय कालेषु प्रतिष्ठितं प्रज्ञाश्रयमित्यर्थः तस्मात् प्रज्ञानं ब्रह्म' इस विराट विश्व की उत्पत्ति स्थिति और लय प्रज्ञा स्वरूप ब्रह्म के आधीन है यह अभिप्राय है।	प्रज्ञा स्वरूप ब्रह्म की अद्भुत प्रभाविता और सृष्टि स्थिति लय कारित्व को कतिपय अर्वाचीन पण्डितों ने उड़ा दिया है! ब्रह्म केवल ज्ञप्ति स्वरूप है ऐसा कहा जाता है, पर ज्ञप्ति का अर्थ ज्ञान रहितत्त्व ऐसा विचित्र किया जाता है! बौद्ध सम्प्रदाय के प्रसार का ही यह प्रभाव है।
यजुर्वेद (कृष्ण)		सत्यंज्ञानमनंतं ब्रह्म (तै. उ. २-१-२)	'सत्य ज्ञानमनंतम्' ये केवल व्यावर्तक ही विशेषण नहीं, प्रत्युत् स्वरूप भूत विशेषण हैं। इसका विस्तृत विवरण प्रकरण में २८ पृष्ठ ४१ पर किया गया है।	इसके विरुद्ध ब्रह्म को क्रियासामर्थ्य है ही नहीं, प्रत्युत उसे किसी भी पदार्थ का ज्ञान है नहीं, और इसी कारण वह अविकृत और असंग है, ऐसा विचित्र अर्थ

			ब्रह्म के सर्वज्ञत्व के सम्बन्ध में तैत्तिरीय भाष्य में श्रीमदाचार्य ने बड़ा ही पुर जोर प्रतिपादन किया है वह वहां ही द्रष्ट है।	किया जाता है! जिस को कुछ खबर ही नहीं वह अविकृत है ऐसा कहने में कोई स्वारस्य ही नहीं है! (देखिये प्रकरण २८)
यजुर्वेद (शुक्ल)		अहं ब्रह्मास्मि (बृ. १-४-१०)	आचार्यभाष्यः— 'तस्मायत् प्रविष्टं स्रष्टृ ब्रह्म तद्ब्रह्म' 'अहं दृष्टेर्द्रष्टा आत्मा ब्रह्मास्मि भवामीति' तात्पर्य दृश्य जो अहंकार वह ब्रह्म नहीं, प्रत्यगात्मा ब्रह्म है यह अभिप्राय है।	इसके विरुद्ध जो मैं संसार में लिपट गया हूँ वही ब्रह्म है ऐसी भ्रांत धारणा सिद्धान्त रूप से बतायी जाती है।
यजुर्वेद (शुक्ल)		इदं सर्वं यदयमात्मा बृ. (२-४-६)	आचार्यभाष्यः— परमात्मा हि सर्वेषामात्मा..... यस्मादात्मनो जायते आत्मन्येव लीयते आत्ममयंच स्थिति काले आत्मव्यतिरेकेण अग्रहणात् आत्मा एव सर्वम् यहां प्रत्यगात्मा ही ब्रह्म है उसीका सृष्टिस्थित्यंत कारी प्रभावी सामर्थ्य	प्राचीन दर्शनकार मीमांसक, सांख्य, जैन, बौद्ध, वैशेषिक, और नैयायिक, इन में से किसी को भी सृष्टि का कोई कर्ता नियंता संहर्ता है, यह मत मान्य नहीं है। चार्वाक तो कट्टर ही नास्तिक हैं। द्वैत-सम्प्रदाय वाले भी परमात्माको जगत् का रचयिता मानतें हैं, किन्तु जगत् की मूल

प्रकरण (६१) परिशिष्ट (अ)

श्रुति वाक्यों के अभिप्राय

वेद	महावाक्य	अवान्तर वाक्य	वाक्य का यथार्थ अभिप्राय	वाक्यका रूढ़ असमीचीन अर्थ
			है ऐसा बताया गया है, इस विषय का बृहदारण्यक (२-५-१) मधु ब्राह्मण प्रस्ताव भाष्य, बड़ा ही मनोज्ञ है।	प्रकृति का उत्पन्न कर्ता नहीं मानते। अद्वैत संम्प्रदाय मात्र ब्रह्म के इस निरंकुश सामर्थ्य को मानता है। पर इस बात को बिना ध्यान में लिये मध्य कालीन ओर अर्वाचीन पंडित जगत् के विषय में कुछ अन्यान्य ही उपपत्तियों के चकराने में पड़ें हैं!
यजुर्वेद (शुक्ल)		य एव हृयंत-र्ज्योतिः पुरुष (बृ. ४-३-७)	यह वाक्य पण्डित पीतांबर मिश्रजी ने अपने वृत्तिरत्नावली ग्रन्थ के अंक ४५ के नीचे दिया है। जान पड़ता है, कि यह बृहदारण्यक (४-३-७) में से ही उध्दृत किया गया है। वहां की पंक्तिया ऐसी	संसारी जीव और प्रत्यगात्मा एक ही हैं, ऐसा मीमांसकों का मत था। परन्तु कितनेक वेदान्ती पण्डित भी यही समझते हैं, और कारण यह बताते हैं, कि संसारी जीव प्रत्यगात्मा के व्यतिरिक्त

			हैं:-'कतम आत्मेति योऽयं विज्ञानमयः प्राणेषु हृद्यन्तर्ज्योतिः पुरुषः' इसका अभिप्राय प्रत्यगात्मा ब्रह्म है, ऐसा है, न कि संसारी जीव।	रह नहीं सकता। पर यह मत तर्क सिद्ध नहीं है। प्रथम तो यह श्रुति विरोधी है। द्वा सुपर्णा (मुं ३-१-१ और श्वे. ४-६) यह श्रुति, उनकी विभिन्नता बता रही है। द्वितीय, इसमें एक हेत्वाभास है। दृष्टान्त यह है, कि मानव हवा के बिना क्षण भर भी नहीं रह सकता, पर वह हवा नहीं है। ठीक इसी प्रकार जीवात्मा प्रत्यगात्मा के व्यतिरिक्त नहीं रह सकता परन्तु इससे वह प्रत्यगात्मा है, यह सिद्ध नहीं होता। फिर इसके लिये बृहदारण्यक अन्तर्यामी ब्राह्मण, माध्यादिनं पाठ (कां. १४ अ. ६ ब्रा. ७ मं. ३०) का भी आधार है। यहां 'य आत्मनि तिष्ठन्नात्मनोन्तरो यमात्मा न वेद यस्य आत्मा शरीरम्' ऐसा वर्णन है, जिससे जीवात्मा और प्रत्यगात्मा अलग हैं, यही सिद्ध होता है।

प्रकरण (६१) परिशिष्ट (अ)
श्रुति वाक्यों के अभिप्राय

वेद	महा वाक्य	अवान्तर वाक्य	वाक्य का यथार्थ अभिप्राय	वाक्य का रूढ़ असमीचीन अर्थ
यजुर्वेद (शुक्ल)		'आत्मानं चेद्विजानीयादयमस्मीति पूरुषः किमिच्छन् कस्य कामाय शरीरमनुसंज्वरेत्' (बृ. ४.४.१२)	आचार्यभाष्य :— 'सर्वप्राणिमनीषितज्ञं हृस्थमशनायादि धर्मातीतम्.....सर्व प्राणि प्रत्यय साक्षी यो नेति नेत्युक्तो.....नित्य शुद्ध बुद्ध मुक्त स्वभावः' इसका अर्थ प्रत्यगात्मा ब्रह्म है, यह ही है।	संसारी जीव और प्रत्यगात्मा एक ही हैं, ऐसी बहुत लोगों की धारणा है, परन्तु यह समीचीन नहीं जैसा कि ऊपर बताया गया है।
यजुर्वेद (शुक्ल)		'नेह नानाऽस्ति किंचन' मनसैवेद माप्तव्यं नेह नानास्ति किंचन(कठ २–४–११)	आचार्यभाष्य:— दर्शन विषये ब्रह्मणि नेह नानाऽस्ति किंचन। किंचिदपि.....अविद्याध्यारोपण व्यतिरेकेण नास्ति परमार्थतो द्वैतम्। अविद्या नामक पारमेश्वरी शक्ति का ही यह सब प्रपञ्च विकाश है। सत्कार्य वाद	इसके विरुद्ध, एक ब्रह्म ही ब्रह्म है, दूसरा कुछ है ही नहीं, इस भ्रम के जाल में बहुत वेदान्ती पण्डित आ गये हैं। (देखिए 'सर्वं खल्विदं ब्रह्म' का यथार्थ बोध प्रकरण ५२ पृष्ठ २०६)

		मनसैवानु द्रष्टव्यं नेह नानाऽ स्ति किंचन (बृ. ४-४ -२९)	(दे. पृ. १४७) के सिद्धान्त से कारण-ब्रह्म में तो भेद का नाम नहीं है। पर उसमें और तत्सृष्ट प्रपञ्च में भेद नहीं, अनन्यत्व है; अर्थात् यहां एक भी वस्तु परमात्मा से पृथग् नहीं रह सकती, और चैतन्य में नानात्व है नहीं, ऐसा अभि-प्राय है। नानात्व, जो यहां दिखाई देता है, वह मिथ्या, अनिर्वचनीय है, व्यावहारिक है, पारमार्थिक नहीं। (देखिए वृत्तिरत्नावली अंक १८०)	
		स वा एष महानज आत्मा योऽयं विज्ञानमयः प्राणेषु य एषोऽन्तर्हृदय आकाशः तस्मिञ्छेते। सर्वस्य वशी सर्वस्येशानः सर्वस्याधिपतिः	इस श्रुतिवाक्य का तात्पर्य तो स्पष्ट ही है। अपने भाष्य में श्रीमदाचार्य ने ब्रह्म के प्रभावी सामर्थ्य का सुन्दर वर्णन किया है, और बताया है कि जो कुछ गूढ़ ज्ञातव्य है वह यही है।	परब्रह्म और प्रभावी सामर्थ्य, ये तमः प्रकाश के न्याई विरोधी बातें हैं, ऐसा बहुत लोग समझ बैठे हैं, इसका क्या इलाज?

प्रकरण (६१) परिशिष्ट (अ)

श्रुति वाक्यों के अभिप्राय

वेद	महा वाक्य	अवान्तर वाक्य	वाक्य का यथार्थ अभिप्राय	वाक्य का रूढ़ असमीचीन अर्थ
		(बृ. ४-४-२२)		
यजुर्वेद (शुक्ल)		स एष नेति नेत्यात्माऽगृह्यो न हि गृह्यते(बृ. उ. ३-९-२६ और ४-४-२२) अथात आदेशो 'नेति नेति बृ. उ. २-३-६	ऊपर निर्दिष्ट श्रुतिवाक्य के अन्त में ब्रह्मको 'नेति नेति' कर के कहा गया है। इसका आशय ऊपर 'नेह नानास्ति किंचन' में स्पष्ट बताया गया है। इसका तात्पर्य, ब्रह्म अनंत अमर्याद है वह इंद्रिय गम्य वा स्थूल बुद्धिगम्य नहीं, अर्थात् सूक्ष्म बुद्धि से ही उसकी पहचान हो सकती है। इस सम्बन्ध में सुस्पष्ट प्रतिपादन आचार्य ने ब्र. सू. ३-२-२२ 'प्रकृतैता वत्त्वं हि प्रतिषेधति ततो ब्रवीति च भूयः'	'नेति नेति' इसका एक विचित्र अन्तराल में लटकने वाला अर्थ, बहुत लोग समझते हैं। बौद्ध सम्प्रदाय में एक 'महायान' नामी अंतिम पंथ प्रवृत्त हो गया था, उसका एक बड़ी महत्ता वाला ग्रन्थ 'प्रज्ञापारमिता' (अर्थात् बुद्धि राज्य की पराकाष्ठा) नामका प्रसिद्ध हो गया था, इसमें एक अजब 'नन्ना' के पहाड़े का तत्त्वज्ञान दर्शाया गया है। कोई कुछ भी पूछे, उसका उत्तर 'नहीं' इस शब्द से देना यह ठहरी

			इस के भाष्य में किया है। इसमें प्रपंच का निषेध करके प्रत्यगात्मा ब्रह्म है ऐसा बताया है। तथा ब्रह्म सू. ३-२-२३ 'तदव्यक्तमाह हि' इसके भाष्य में 'न चक्षुषा गृह्यते नापि वाचा नान्यैर्देवैस्तपसा कर्मणा वा' स एष नेति नेतीत्यात्माऽगृह्यो न हि गृह्यते' याने, ब्रह्म इन्द्रिय गम्य नहीं यही बताया है।	हुई बात थी। जगत् है क्या ? तो, नहीं ! जगत् नहीं क्या ? तब भी नहीं ! अस्तित्व वा नास्तित्व दोनों को, नहीं उत्तर देना यह निश्चित था। इस ग्रन्थ का वर्णन महाराष्ट्र भाषा के 'ज्ञान कोश' नामक ग्रन्थ में द्रष्टव्य है। दार्शनिक विचारों में ऐसे अण्ट के सण्ट मत कैसे निर्माण होते हैं और दीर्घ काल तक कैसे प्रवृत्त रहते हैं यह महान् आश्चर्य है ! प्रायः इसी बौद्ध मत का प्रभाव हमारे पंडितों पर होकर 'नेति नेति' का अर्थ उन्होंने एक कपोलकल्पित अंतरालवर्ती शशशृंग के समान कर दिया है, ऐसा जान पड़ता है !

प्रकरण (६१) परिशिष्ट (अ)

श्रुति वाक्यों के अभिप्राय

वेद	महा वाक्य	अवान्तर वाक्य	वाक्य का यथार्थ अभिप्राय	वाक्य का रूढ़ असमीचीन अर्थ
सामवेद	तत्त्वमसि (छां. ६-२-३ से ६-८-७)		इसका विशेष विवेचन प्रकरण(५२) में किया गया है। इस सम्पूर्ण अध्याय में ब्रह्मकारणता सिद्धान्त का सुचारु रूप से निरूपण किया गया है जो द्रष्टव्य है। 'तत्वमसि' महावाक्य का अर्थ श्वेतकेतु प्रत्यक्ष ब्रह्म नहीं, किन्तु उसमें जो प्रत्यक्तत्त्व, वह ब्रह्म है ऐसा है। संसारी जीव अर्थात् बुद्धिस्थ अहंकार ब्रह्म नहीं; अतः भागत्याग लक्षणा की प्रक्रिया यहाँ उपपन्न नहीं होती। हाँ प्रत्यगात्मा के सम्बन्ध में वह उपपन्न हो सकती है।	

सामवेद		एकमेवाद्वि-तीयं ब्रह्म (छां. ६-२-१)	परब्रह्म अखंड निरवयव है संघात रूप या विभाज्य नहीं है और उसके समान दूसरी कोई वस्तु है नहीं, यह यहाँ तात्पर्य है । इस श्रुति वचन के भाष्य में भगवान् शंकर ने यही बताया है, कि सृष्टि के पूर्व काल में यह सब दृश्यमान जगत् एक ही **सत्** ब्रह्म रूप था और आज भी वह वैसा ही है परन्तु आज नाम रूपों की व्याकृतावस्था में है। और परब्रह्म से ही सृष्टि के उत्पत्ति स्थिति लय होते हैं इत्यादि । भगवान् सनत्कुमारों ने नारद जी को जो ब्रह्म के सम्बन्ध में उपदेश किया है, उसमें उपासना के अर्थ १५ दृश्य नाम-रूपात्मक वस्तुएँ ब्रह्म की निदर्शक बताईं, और अन्त में 'यत्र नान्यत्पश्यति नान्यद्विजानाति स भूमा' ऐसा उपदेश दिया । तात्पर्य यह कि ब्रह्म, कोई	ब्रह्म को अखंड निरंश तो मानते हैं परन्तु उसे कुछ अत्यंत सूक्ष्म द्रव्य सा समझ कर उसके अन्दर कोई दूसरी वस्तु नहीं रह सकती ऐसी विचित्र कल्पना की जाती है ! और सृष्टि की उत्पत्ति इत्यादि उससे नहीं होते यह मानते हैं ! इसका खण्डन इस पुस्तक में अनेकों स्थलों पर किया गया है ।

प्रकरण (६१) परिशिष्ट (अ)

श्रुति वाक्यों के अभिप्राय

वेद	महा वाक्य	अवान्तर वाक्य	वाक्य का यथार्थ अभिप्राय	वाक्य का रूढ़ असमीचीन अर्थ
			इंद्रिय गम्य वा स्थूल बुद्धि गम्य वस्तु नहीं है। 'नेति नेति' का भी यही अर्थ है।	
सामवेद		यो वै भूमा तदमृतमथ यदल्पं तन्मर्त्यम् (छां. ७-२४-१)	इस सम्बन्ध में विशेष विवेचन 'आत्म-दर्शन' प्रकरण (३७) पृ. १०८ पर किया गया है, जो द्रष्टव्य है। भूमा अपरिच्छिन्न है, अदृश्य है, अमृत है, इसके अतिरिक्त जो कुछ है वह अल्प है और विनाशी है।	ऐसे सुन्दर अर्थ को छोड़ कर, ब्रह्म में न कोई देखने वाला है न सुनने वाला है, सब शून्य ही शून्य है, ऐसा विचित्र अर्थ किया जाता है! 'आत्माम्बोधस्तरंगः' इसके न्याई यहां किसी भी पदार्थ को स्वतन्त्र अस्तित्व है नहीं, यह यहां रहस्य है। अल्प और विनाशी वस्तु यहां हैं, किन्तु उनको

				स्वतन्त्र अस्तित्व नहीं यह मर्म है। इसी को अद्वैत कहते हैं। द्वैत का अभाव नहीं, किन्तु उसका अपरमार्थत्व है यह अभिप्राय है
साम वेद		अथ य आत्मा स सेतुर्विधृतिः एषां लोकानां असम्भेदाय (छां. ८-४-१)	आचार्यभाष्यः—'अनेन हि सर्वं जगद्वर्णाश्रमादि क्रिया कारक फलादि भेद नियमः कर्तुरनुरूपं विदधता विधृतम्। अध्रियमाणं हि ईश्वरेण इदं विश्वं विनश्येत् यतस्तस्मात् स सेतुः विधृतिः' अर्थ स्पष्ट है 'फलमतः उपपत्तेः' (ब्र. सू. ३-२-३८) इसके भाष्य में भी परब्रह्म का नियन्तृत्व स्पष्ट बताया गया है।	परन्तु बहुत मध्ययुगीन तथा अर्वाचीन पण्डितों को ब्रह्म के प्रभावित्व का बडा ही डर लगता है, इस का क्या उपाय है ?
अथर्व वेद	'अयमात्मा ब्रह्म' (बृ. २-५-१९)		इस अथर्व वेदान्तर्गत श्रुतिवाक्य का उल्लेख बृहदारण्यक (२-५-१९) में आया है जैसा :— 'इदं वै तन्मधु दध्यङ्ङाथर्वणोऽश्विभ्यामुवाच तदेतदृषिः पश्यन्नवोचत् पुरश्चक्रे द्विपदः पुरश्चक्रे चतुष्पदः .....रूपं रूपं	परन्तु जगत् कारणता के डर के मारे कितने ही पण्डित यह सब सामर्थ्य परब्रह्म का नहीं किन्तु एक अनात्म पदार्थ का है, ऐसा कहते हैं ! और उसे 'अशुद्ध ब्रह्म' भी कहते हैं, मानों ब्रह्म भी अशुद्ध होता है ! ऐसी अनेक विपर्यस्त धारणाओं का

प्रकरण (६१) परिशिष्ट (अ)

श्रुति वाक्यों के अभिप्राय

वेद	महा वाक्य	अवान्तर वाक्य	वाक्य का यथार्थ अभिप्राय	वाक्य का रूढ़ असमीचीन अर्थ
			प्रतिरूपो बभूव तदस्य रूपं प्रतिचक्षणाय। इन्द्रो माया भिः.....अयमात्मा ब्रह्म सर्वानुभूः। यहां भी जगत् कारणता स्पष्ट बताई गयी है।	निराकरण इस पुस्तक में जगह जगह किया गया है, जो पाठकों ने देखा ही है।

प्रकरण (६२) परिशिष्ट (आ)

अद्वैत सम्प्रदाय पर बौद्ध मत का अनिष्ट परिणाम

क्रमांक	विषय	अद्वैत विज्ञान का मन्तव्य	बौद्ध सम्प्रदाय का मत	मध्यकालीन और अर्वाचीन कतिपय पण्डितों का मत	विशेष
१	ब्रह्म	सच्चिदानंद नित्य शुद्ध बुद्ध मुक्त-स्वभाव सर्वज्ञ सर्व शक्ति निर्गुण नेति नेति स्वरूप विगत अशेष विशेष नियन्तृ प्रशासितृ। देखिये **'सत् चित् आनन्द'** के तात्पर्य विषयक प्रकरण २८ पृष्ठ ४१	महात्मा बुद्ध ने ब्रह्म के विषय में कोई अपना मत नहीं दिया। ध्यान मार्ग से उसकी खोज करो यही उन्होंने उपदेश दिया। परन्तु बुद्ध शिष्यों ने देखा कि मनस्तत्व की आलय और विज्ञान धाराएँ बन्द होने के उपरान्त शून्य ही अवशिष्ट रहता है, अतः जगत् का अधिष्ठान शून्य है यही उन्होंने निश्चित कर लिया। अर्थात् जिस को ब्रह्म कहा जाता है, वह शून्य के अतिरिक्त कुछ है नहीं, इस	सामर्थ्य हीन कर्तृत्व शून्य ज्ञान हीन, जिसको **सत्** भी नहीं कहा जाता अर्थात् वह शून्य समान है इस निश्चय पर ही ये लोग आरूढ़ हो गये! ब्रह्म को प्रत्यक्ष शून्य तो नहीं कहते किन्तु प्रतिपादन का निगमन वही होता है। जगत् की दृष्टि से उसका न कहीं प्रभाव है, न आविर्भाव। श्रीकृष्ण भगवान् को सनातन धर्म के सिद्धान्त से, पूर्णब्रह्मावतार कहा गया है, परन्तु इन पण्डितों की दृष्टि	

			सिद्धान्त को वे पहुँच गये !	से यह अमान्य है। प्रकट है, कि ये पण्डित लोग बौद्ध सम्प्रदाय के चकराने में आ गये हैं। इसी कारण अद्वैतियों को प्रच्छन्न बौद्ध कहा गया है !!	
२	ईश्वर	ब्रह्म और ईश्वर इनमें श्रीमदाचार्य भेद नहीं मानते। जहां कहीं भेद दिखाया गया है, वह तटस्थ लक्षणकी दृष्टि से है वस्तु विषयक नहीं। ईश्वर शब्द ब्रह्म का प्रशासन दिखाने के लिए है, ब्रह्म को कुछ उपसर्ग हुआ या वह विकृत हुआ यह बात ही नहीं है।	बौद्ध सम्प्रदाय ईश्वर को मानता ही नहीं !	माया से उत्पन्न एक बड़ा जीव। इसको को कोई मुक्त मानते हैं और कोई तो बद्ध ही मानते हैं !!	'क्लेशकर्म विपाकाशयै रपरामृष्ट : पुरुष विशेष ईश्वर :' यह पातञ्जल योग संप्रदायका मत है। मानों इन पण्डितों ने इसी मत को स्वीकार कर लिया है।

प्रकरण (६२) परिशिष्ट (आ)

अद्वैत सम्प्रदाय पर बौद्ध मत का अनिष्ट परिणाम

क्रमाङ्क	विषय	अद्वैतविज्ञान का मन्तव्य	बौद्ध सम्प्रदाय का मत	मध्यकालीन और अर्वाचीन कतिपय पण्डितों का मत	विशेष
३	जगत्	अपरमार्थ, अनित्य, व्यावहारिक सत्य, कार्यक्षम। देखिये जगन्मिथ्यात्व का प्रकरण (४१) पृष्ठ १४५	'सर्वं दुःखं दुःखं सर्वं क्षणिकं क्षणिकं' जगत् यह एक नितान्त भ्रम है। मानव के मस्तिष्क में जो आलय और प्रवृत्ति विज्ञान की धाराएँ चल रही हैं, उनके प्रतिभास बाहर दिखाई देते हैं, वास्तव में बाहर कोई पदार्थ नहीं है। अर्थात् दूसरा कोई मनुष्य या मस्तिष्क नहीं है। सब कुछ एक ही बड़े मस्तिष्क का स्वप्न है। यह एकजीव वाद की भित्ति है।	लगभग यही बौद्ध सम्प्रदाय का मत इन पण्डितों ने स्वीकार कर लिया है! बौद्ध मत जगत् को स्वप्न मानते हुए भी व्यवहार योग्य मानता है; परन्तु हमारे पण्डित जगत् है ही नहीं ऐसा विचित्र प्रतिपादन किया करते हैं! इसका कारण इन्होंने अजातिवाद अथवा विवर्तवाद का रहस्य ही नहीं जाना है। देखिये 'अजाति-वाद' के प्रकरण ३३ और ३४ पृष्ठ ८७ और १०३	

४	जगत् का कारण	ब्रह्म 'यत्सर्वज्ञं सर्व शक्ति नित्य शुद्ध बुद्ध मुक्तस्वभावं शारीरादधिकमन्यत् तद्वयं जगतः स्रष्टृ ब्रूमः' (ब्र. सू. २–२–२२ पर का भाष्य)	ऊपर कथित मानव मस्तिष्क के भीतर के आलय और प्रवृत्ति विज्ञानों का प्रतिभास	(देखिये ऊपर की टिप्पणी)	
५	माया	इस शब्द का एक अर्थ चिच्छक्ति अर्थात् वास्तव में ब्रह्म ही है। यह जगदुत्पत्तिस्थिति निर्वाहक सामर्थ्य है, यद्यपि इसे सदसद्विलक्षणा प्रकृति कहते हैं, या अविद्या भी कहते हैं। इसका पर्याप्त विवेचन प्रकरण (३०) परिच्छेद पृष्ठ ५७ पर किया गया हैं।	ब्रह्म वा ब्रह्म शक्ति अथवा उससे उत्पन्न सदसद्विलक्षण शक्ति इन बातों को बौद्ध सम्प्रदाय मानता नहीं। विश्व को एक बड़ा विभ्रम ठहराने के बाद माया का अर्थ 'समष्टि अज्ञान' आवरण विक्षेप शाली, यह ही सिद्ध हो जाता है।	इन पण्डित जनों ने अधिकांश में बौद्ध मत को ही अपनाया है।	वास्तव में देखा जाय तो मोह वा अज्ञान ये मनो धर्म हैं जो बाहर कहीं हैं ही नहीं। अर्थात् इनकी समष्टि असम्भव है।
६	अविद्या	इस शब्द का भी ऊपर कथित प्रकार अर्थ है।	देखिए ऊपर का विवेचन	देखिए ऊपर का विवेचन	देखिए ऊपर का विवेचन

प्रकरण (६२) परिशिष्ट (आ)

अद्वैत सम्प्रदाय पर बौद्ध मत का अनिष्ट परिणाम

क्रमांक	विषय	अद्वैतविज्ञान का मन्तव्य	बौद्ध सम्प्रदाय का मत	मध्यकालीन और अर्वाचीन कतिपय पण्डितों का मत	विशेष
७	जीव या जीवात्मा	इस शब्द के दो अर्थ होते हैं :— (क) पारमार्थिक जीव अर्थात् प्रत्यगात्मा वा हृदयस्थ ईश्वर (ख) संसारी जीव ; यह तो अनात्म जड़ ही है किन्तु सत्व धर्म युक्त होने से इसमें बोधाऽबोध लक्षणत्व हैं, देखिए प्रकरण ४७ पृष्ठ १९१	(क) ऐसा कोई तत्त्व, बौद्ध मत को मान्य नहीं है । (ख) यह क्षणिक, मनोगत आलय विज्ञानधारा रूप होने से निरा भ्रम है । कल का ही आज मैं हूँ या गत क्षण के समय का ही इस क्षण में मैं हूँ, यह प्रत्यभिज्ञा जो हमें है, वह दीपक की ज्योति के सातत्य के नाई, भ्रांति रूप है । परन्तु इसको नष्ट करने की शक्ति जीवात्मा में है, अतः उसका मोक्ष दीपक के निर्वाण के सदृश है ।	(क) कितने ही पण्डितों ने इसी बौद्ध मत को अपनाया है । (ख) कितने ही तो, बौद्ध मत के न्याई जीव को क्षणिक मानते हैं ! परन्तु दूसरे, प्रत्यगात्मा को ही संसारी बनाए हुए हैं, और क्यों कि शास्त्रों में प्रत्यगात्मा को ब्रह्म माना गया है, अतः ब्रह्म ही स्वयं भ्रांत बनता है और ज्ञान के पश्चात् मुक्त होता है, नहीं तो बद्ध ही बना रहता है, इस भ्रांति में पड़े हैं !!	

८	संसारी जीव का पुरुषार्थ स्वातंत्र्य	यह तो पूर्णतया मान्य है। 'कर्ता शास्त्रार्थवत्त्वात्' (ब्र. सू. २-३-३३) इस प्रकार जीव को अपना अभ्युदय और नि:श्रेयस प्राप्त कर लेने का सामर्थ्य है। (देखिए प्रकरण ४० पृष्ठ १३७)	जीव अज्ञ है और बड़ा दुर्बल है। उसको ऐहिक वा पारलौकिक उन्नति करा लेने का कोई सामर्थ्य नहीं है। इतना मात्र उसमें सामर्थ्य है कि वह अपने मनोविजृंभण को बंद कर सकता है। समझना बंद हो गया-ज्ञान का दीपक बुझ गया, तो वही निर्वाण है, दूसरा कोई मोक्ष नहीं है।	अधिकांश पण्डितों ने बौद्ध मत का ही स्वीकार कर लिया है, और समझना बन्द होना इसीको वे मुक्ति कहते हैं! द्वैत विस्मृति, देह विस्मृति, जड़मूढत्व यह जीवन्मुक्त के लक्षण समझे जाते हैं, इस मर्यादा तक वेदान्त में उलझनें उत्पन्न हुई हैं!	
९	ब्रह्म ज्ञान का साक्षात् मुख्य-साधन	ज्ञान यही मुख्य और साक्षात् साधन है। 'ज्ञानादेवतुकैवल्यम्'। कर्म भक्ति ध्यान इ. केवल चित्त शुद्धि के अर्थ हैं। श्रवणमननिदिध्यासन पूर्वक श्रुत्यर्थ को हृदयंगम कर लेना यही मुक्ति का साधन है।	चित्त शुद्धि द्वारा विज्ञान धारा को बन्द कर देना यही निर्वाण का साधन बताया गया है।	कई वेदान्ती जनों ने श्रुत्यर्थ के अनंतर विज्ञान धारा को बन्द कर लेना, इसीको मोक्ष का साधन समझ लिया है। यह तो बौद्ध मत का ही अनुकरण है।	

प्रकरण (६२) परिशिष्ट (आ)

अद्वैत सम्प्रदाय पर बौद्ध मत का अनिष्ट परिणाम

क्रमांक	विषय	अद्वैत विज्ञान का मन्तव्य	बौद्ध सम्प्रदाय का मत	मध्यकालीन और अर्वाचीन कतिपय पण्डितों का मत	विशेष
१०	इस साधन का स्वरूप	'ज्ञानं सम्यगवेक्षणम्' यही इस साधन का लक्षण है। ब्रह्म के स्वरूप लक्षण और तटस्थ लक्षण का यथार्थ अवधारण, जीव और जगत् के तत्त्व का ज्ञान, इन तीनों के पारस्परिक सम्बन्धों का आकलन, और इन सब बातों का निस्संदिग्ध निश्चय, इसीको ज्ञान कहते हैं।	लय विक्षेप कषाय और रसास्वाद के बिना, जागृत अवस्था में बुद्धि की निर्बुद्धता यही मोक्ष माना गया है! इस विषय में बुद्ध शिष्य **असंग** ने ज्ञानी की दश भूमिकाओं का एक बड़ा ही काल्पनिक प्रपञ्च निर्माण करके रखा है; देखिये पृष्ठ २५।	इन पण्डितों की दृष्टि से, एक ब्रह्म का ज्ञान और वह भी केवल उसके स्वरूप लक्षण का ज्ञान, यही मोक्ष के अर्थ आवश्यक माना गया है। इसके उपरान्त स्तम्भ ४ में बताई हुई निर्बुद्धता और ज्ञान की भूमिकाओं को भी ये पण्डित मानते हैं!	ज्ञानी की सप्त या दश योग-भूमिकाओं का प्रपञ्च, वेदों में नहीं है, मूल दश उपनिषदों में नहीं है। ❀

❀ भगवद्गीता या ब्र. सूत्रों में नहीं है। श्रीमदाचार्य ने ऐसी ध्यान की बातें कहीं नहीं बताई हैं, किन्तु हमारा बृहद्योगवासिष्ठ ग्रन्थ

(पिछले पृष्ठ से अनुवृत्त)

ऐसी अनेक बातों का भण्डार बना हुआ है । उसमें **अद्वैत है**, भेदाभेद वाद है, बौद्ध मत है, समष्टि अज्ञान का भ्रम-वाद है, सविकल्प, निर्विकल्प समाधि और ज्ञान की सप्त योग भूमिकाओं का भी वर्णन है । इस खिचड़ी में श्रीवसिष्ठ महामुनि का यथार्थ मत क्या था, इसका आकलन होना बड़ा दुःसाध्य हो गया है । ध्यान रहे कि निर्विकल्प और सविकल्प समाधि की प्रक्रियाएँ परकीय हैं । औपनिषत्तत्त्वविज्ञानांतर्गत नहीं हैं । 'तत्त्वावबोध एवासौ वासनाक्षयपावकः प्रोक्तः समाधि शब्देन न तु तूष्णीमवस्थितिः' (महोपनिषत् अ. ४ श्लोक १२) ऐसी हमारी समाधि की व्याख्या है । हमारा निर्विकल्प, पश्यन् शृण्वन् स्पृशन् जिघ्रन् वाला आत्मिक निश्चय और समाधान है । बुद्धि तत्त्व की निर्बुद्धता नहीं है । देह विस्मृति और द्वैत संज्ञा का अभाव यह भाषा भ्रममूलक है, हमारी नहीं है । स्मरण या विस्मरण ये मन बुद्धि के धर्म हैं । आंतरिक आत्मिक निश्चय का और इन व्यापारों का सम्बन्ध ही क्या है कि वे उसके लक्षण बन सकें ? कुछ का कुछ कहने से **अद्वैत विज्ञान** नहीं बनता ।

प्रकरण (६२) परिशिष्ट (आ)

अद्वैत सम्प्रदाय पर बौद्ध मत का अनिष्ट परिणाम

क्रमाङ्क	विषय	अद्वैत विज्ञान का मन्तव्य	बौद्ध सम्प्रदाय का मत	मध्यकालीन और अर्वाचीन कतिपय पण्डितों का मत	विशेष
११	ब्रह्म-ज्ञान की फल-श्रुति	(१) पराप्रज्ञा की प्राप्ति (२) सर्वात्मभावापत्ति (३) दुःख की अत्यंत निवृत्ति और निरतिशय सुख की प्राप्ति.. ...	(१) और (२) ये बौद्ध सम्प्रदाय को मान्य नहीं (३) के विषय में इन का यह अभ्युपगम है कि मन की विज्ञान धारा को बन्द करना यही मोक्ष है।	इन पंडितों को भी (१) और (२) मान्य नहीं हैं, क्यों कि वे उनका कुछ अलग ही अर्थ करते हैं! (३) को तो मानते हैं, किन्तु उसमें भी समझना बन्द हो जाना, इस विशेषता को वे नहीं छोडते! यह बौद्ध मत का ही परिणाम है।	
१२	एक जीव वाद	इस वाद को श्रुति स्मृति अथवा भगवद्गीता इन में से किसी का भी आधार नहीं है।	इस वाद का मूल, बौद्ध सम्प्रदाय के भ्रांत तत्त्वज्ञान में ही है, जैसा कि ऊपर क्रमाङ्क ३ में बताया गया है।	शास्त्रों के विरुद्ध होते हुए भी इस वाद का बड़ा ही प्रस्थ इन पंडितों में पाया जाता है।	विशेष विवेचन प्र. ५५ पृष्ठ २१४ पर द्रष्टव्य है।

प्रकरण (६२) परिशिष्ट (आ)

अद्वैत सम्प्रदाय पर बौद्ध मत का अनिष्ट परिणाम

क्रमांक	विषय	अद्वैत विज्ञान का मन्तव्य	बौद्ध सम्प्रदाय का मत	मध्यकालीन और अर्वाचीन कतिपय पण्डितों का मत	विशेष
१३	अजाति वाद	वेदान्ती जनों में 'अजातवाद' यह शब्द बड़ी ही प्रतिष्ठा को पहुँच गया है। इस नाम से विचित्र मतामतों का प्रतिपादन किया जाता है, और उनको मांडूक्य उपनिषद् पर जो कारिकाएँ श्रीगौडपादाचार्य ने रची हैं, उनका आधार बताया जाता है! कारिकाओं में 'अजातवाद' शब्द	बलवदनुमान है, कि यह वाद बौद्धों का है। इनसे भी प्राचीन, जो मीमांसक हो गये, उनका भी एक 'अनभ्भूति' वाद था जिसका कड़ा निषेध ईशोपनिषद् में आया है। अनभ्भूति और अजाति इनका लगभग एक ही तात्पर्य है कि, यह जगत् स्वयंभू है, उसका जन्म किसी से नहीं हुआ है, और उसका कोई कर्ता नहीं। यही दोनों मतों का अभ्युपगम है। भेद	वास्तव में देखा जाय तो 'ब्रह्म कारणतावाद' यह **अद्वैत विज्ञान** का मौलिक सिद्धान्त है। परन्तु दुर्भाग्य है, कि हमारे पंडित गण बौद्धों के अजातवाद में फँस कर इस प्राचीन सिद्धान्त को खो बैठे हैं। इसमें संदेह नहीं कि श्रीगौडपादाचार्य ने बड़ी ही बुद्धिशीलता और चातुरी से, इसी बौद्ध मत को लेकर, उसको हमारे ब्रह्म कारणता वाद या विवर्त सिद्धान्त में परि	

प्रकरण (६२) परिशिष्ट (आ)

अद्वैत सम्प्रदाय पर बौद्ध मत का अनिष्ट परिणाम

क्रमांक	विषय	अद्वैत विज्ञान का मन्तव्य	बौद्ध सम्प्रदाय का मत	मध्यकालीन और अर्वाचीन कतिपय पण्डितों का मत	विशेष
		का निर्देश नहीं है, परन्तु भाष्य में, ' अजातिवाद ' शब्द आया है, और यही योग्य है । अजातवाद इस शब्द का अर्थ जिसका जन्म हुआ नहीं ऐसा वाद, ऐसा कुछ विचित्र और असमञ्जस होता है ! समझ में नहीं	इतना है, कि मीमांसक जगत् को परिणामी नित्य मानते हैं और बौद्ध, भ्रम मानते हैं। जान पड़ता है कि बौद्धों ने पुराने असम्भूति पक्ष को ही अपने कुछ निराले अर्थों से अजातिवाद में रूपान्तरित कर दिया है ।	वर्तित कर दिया है। उन्हों ने यह बताया है कि परमात्मा जैसा 'अजाति' है, किसी से जन्म नहीं पाया है, वैसा जगत् भी परमात्मा के, कुछ खण्ड बन कर, या उनमें कुछ विकार या परिणाम हो कर नहीं जन्मता है । यह सब अधिष्ठान चैतन्य दृष्टि की सृष्टि है ।	

प्रकरण (६२) परिशिष्ट (आ)

अद्वैत सम्प्रदाय पर बौद्ध मत का अनिष्टपरिणाम

क्रमांक	विषय	अद्वैतविज्ञान का मन्तव्य	बौद्ध सम्प्रदाय का मत	मध्यकालीन और अर्वाचीन कतिपय पण्डितों का मत	विशेष
		आता कि भाष्य के शब्द को छोड़ कर इस अव्युत्पन्न शब्द का क्यों स्वीकार किया गया है ? प्रथम तो यह वाद हमारा नहीं। श्रुति स्मृति या हमारे तत्त्व विज्ञान के ग्रन्थों में इस वाद का उल्लेख नहीं है। इस सम्बन्ध में अनेक उलझनें वेदान्त विचारों में उत्पन्न हुई हैं जिनका विस्तृत विवेचन प्रकरण ३३ पृष्ठ ८७ पर किया गया है।		उसीका यह कल्पित **विवर्त** है। परन्तु बौद्ध सम्प्रदाय का हमारे विचारों पर इतना गहरा परिणाम हुआ है, कि हम श्रीगौडपादाचार्य के प्रतिपादन को नहीं समझे हैं।	

प्रकरण (६३) विभाग (१) परिशिष्ट (इ)

भारतवर्ष के दार्शनिक तथा अन्य मत मतान्तरों के संबन्ध में

प्राक्कथन

परिशिष्ट (ई) का **विवरण** पत्रक (जिसके पृष्ठ अन्त में अलग सम्पुट में रखे गये हैं) उसकी रचना अधिकांश से पुण्य पत्तन (पूना) के निवासी स्व० महामहोपाध्याय श्रीवासुदेव शास्त्री अभ्यंकर कृत 'सर्वदर्शनसंग्रह' के आधार पर की गई है। एवं अन्य विद्वद्गण के अभिप्रायों का भी आलम्बन किया गया है। अतः लेखक इन महानुभावों का बहुत ऋणी है।

पत्रक में काल निर्देश, ईसा वर्षों में बताया गया है। जहा 'पू' लिखा गया है, वहां "ईसा सन् के पूर्व" ऐसा अर्थ समझना चाहिए। दर्शनों का प्रारंभ-काल निश्चितता से बताना बहुत दुर्घट है। प्रायः सब ही दर्शनों की मूल विचार धाराएँ, प्राचीन वेद उपनिषद् और आगम ग्रन्थों में उपलब्ध होती हैं। किन्तु कालांतर से इन विचारों का स्वतन्त्रता से विकास और प्रवर्त्तन, अन्यान्य महर्षियों ने और आचार्यों ने किया है। एवं उन्हींका काल जहां तक उपलब्ध अथवा अनुमित हो सका, 'प्रवर्त्तन काल' कर के दिया गया है।

पूर्व मीमांसा दर्शन के विषय में जान पड़ता है, कि अति प्राचीन काल में यह मीमांसा और उत्तर मीमांसा एक ही तत्त्वज्ञान के दो अंग थे। विशिष्टाद्वैती आचार्यों का यही मत है। परन्तु काल के परिवर्त्तन में पूर्व मीमांसा को एक अलग दर्शन माना गया, और आगे चल कर इसके दो विकृत सम्प्रदाय (१) निष्क्रिय ईश्वर वादी द्वैती और (२) अनीश्वर वादी द्वैती ऐसे बन गये। इस पत्रक के अंक १ और २ के नीचे इन्हीं के मत दिये गये हैं। विशेष विवेचन परिशिष्ट (उ) में द्रष्टव्य है।

इसी प्रकार प्राचीन काल में सांख्य और उत्तर मीमांसा एक ही थे। श्रौत सांख्य मत तो, अद्वैत विज्ञान के नाम से ही प्रसिद्ध है। परन्तु दूसरा सांख्य मत जिसका जबरदस्त खण्डन श्रीमच्छङ्कराचार्य ने अपने ब्रह्म सूत्र भाष्य में किया है, उसको द्वैतवादी अपिच अनीश्वरवादी भी कहते हैं। इस पत्रक के अंक १३ तथा १४ के नीचे इसके दो मत दर्शाये गये हैं। वस्तुतः ये मूल सम्प्रदाय नहीं हैं। इस सम्बन्ध में विशेष विवरण परिशिष्ट (उ) में किया गया है।

इस पत्रक में, तीस मत मतांतरों का समावेश किया गया है; उनमें जो अन्त्य दो (अंक १९ और ३०) ईसाई और भौतिक विज्ञानवादी हैं, भारतीय नहीं हैं। इनका निर्देश केवल तौलनिक दृष्टि से किया गया है। भारतवर्ष के और भी अनेक पन्थ हैं, जिनका समावेश पत्रक में नहीं किया गया, कारण एक तो लेखक को उनका परिज्ञान नहीं है, और दूसरा, इस पत्रक का उद्देश्य दर्शनों के तात्त्विक तथा मौलिक अभ्यास में सहायता प्रदान करने का है, जिसके लिए प्रत्येक पन्थ के विस्तृत विवरण और पर्यालोचना की वैसी आवश्यकता नहीं है। तथापि भारतीय तीन सम्प्रदाय ऐसे महत्व के हैं, कि उनके उल्लेख यहां पर कर देना समुचित है। वे (१) बंगाल का सुप्रसिद्ध श्रीकृष्णचैतन्य अथवा गौरांग सम्प्रदाय (२) पण्डित विज्ञान भिक्षु का 'समन्वयवाद' और (३) 'त्रिपुरागमसिद्ध अद्वैत सम्प्रदाय' हैं।

इनमें प्रथम, भेदाभेदवादी है, जिसमें निम्बार्क के समान, परब्रह्म में स्वगत भेद और परिणाम को स्वीकार किया गया है। यह एक भावना प्रधान भक्तिमार्गी पन्थ है, जिसकी प्रभाविता से इस देश का महान् उपकार हुआ है, और प्राचीन संस्कृति की बड़ी रक्षा हुई है।

दूसरा मत ख्यात नाम परिव्राट् पण्डित विज्ञान भिक्षु का 'समन्वयवाद' है। ये प्रायः ई. सन् की सोलहवीं शताब्दि के अन्तिम भाग में हो गए हैं। इनका मत लगभग शाङ्कर सिद्धान्त के अनुसार है, **माया** को परब्रह्म की

अभिन्न रूपा शक्ति मानते हैं। अर्थात् परब्रह्म को सगुण होते हुए भी निर्गुण मानते हैं, जीव को प्राणादिक की तरह जड़रूप मानते हैं, परन्तु चैतन्यांश में ब्रह्म रूप मानते हैं, यह भेद है। एवं जीव और ब्रह्म में अंशांशी भाव मानने से इनको भेदाभेद वादी कहना पड़ता है। अपिच ये ज्ञान कर्म समुच्चय वादी थे। **अद्वैत विज्ञान** में संसारी जीवात्मा भूतसूक्ष्म 'महत्' तत्त्व याने बुद्धितत्त्व का अंश अर्थात् अनात्मा माना गया है, वह चेतयितृ धर्म वाला चिदाभास है, चेतन है, चैतन्य नहीं है। देखिये प्रकरण (३०) परिच्छेद (१) पृष्ठ २५७ और प्रकरण (४७) पृष्ठ १९१

तीसरा मत तो पूर्णतया अद्वैत है। इस मत के प्रवर्तक आचार्यों ने अपने सिद्धान्तों को आगम प्रामाण्य पर प्रतिपादन किया है। इस विषय पर श्रद्धेय विद्वान् श्रीमाधवशास्त्री दातार ने एक सुलझा हुआ लेख 'कल्याण' मासिक के इ. स १९३६ के वेदान्त अंक में प्रकाशित किया है, वह द्रष्टव्य है। शङ्कर भगवान् त्रिपुर सुन्दरी देवी की भक्ति के पुरस्कर्ता थे, **अद्वैत सिद्धान्त** भक्ति मार्ग का विरोधी नहीं है, क्यों कि वह शिव और शक्ति में रत्ती मात्र भी भेद नहीं मानता, देखिए प्रकरण (३०) परिच्छेद (१) पृष्ठ २५७

इसके अतिरिक्त तन्त्र मार्ग के भी भिन्न भिन्न सम्प्रदाय हैं जिनमें अद्वैती तथा भेदाभेदवादी भी हैं। इनमें जो प्रतिबिम्ब वाद वाला सम्प्रदाय है, वह इस पत्रक के अंक ११ के नीचे दिखाया गया है।

एवं जो तीस मतमतांतर इस पत्रक में बताए गए हैं, उनमें पन्द्रह (अंक १, २, ५, ८, १३, १४, १५, १८, १९, २०, २१, २२, २३, २९ और ३०) द्वैती हैं। एक, (अंक २४ बौद्ध) शून्यवादी माना गया है, एक (अंक ११ तांत्रिक) प्रतिबिम्ब वादी है, नौ (अंक ४, ७, ९, १०, १२, १६, १७, २५ और २६) भेदा भेद वादी हैं और चार (अंक ३, ६, २७ और २८) अद्वैत वादी हैं।

इस पत्रक के स्तम्भ १ अंक १३ के सम्मुख भिन्न भिन्न दर्शनों के भेद' विषयक मत दिखाए गए हैं। प्रमुखतः, भेद के तीन प्रकार हैं, स्वगत,

सजातीय, और विजातीय। स्वगत भेद के भी तीन प्रकार हैं:—(अ) तादात्म्य रूप (आ) औपाधिक और (इ) विभाग रूप।

(आ) तादात्म्य रूप भेद के निम्न दर्शित पांच प्रकार हैं :—

(१) स्वरूपभूत गुण धर्म विषयक, स्वेतर कृत्स्न व्यावर्तक, उदाहरणः— अवकाश गुण आकाश :, अग्न्यौष्ण्यम्, दीप ज्योतिः, राहोः शिरः।

(२) केवल विशेषण विषयक, स्वकीय मात्राद् व्यावर्तक उदाहरणः— नीलोघटः, श्वेतः पटः।

(३) उपलक्षण विषयक; उदा० काकोपलक्षितं गृहम्।

(४) अवस्था विषयक; उदा० अहि कुण्डलम्, संकोचित हस्तपादो देवदत्तः।

(५) तत्प्रभवत्व रूप अथवा केवलान्वयी; उदा० समुद्र तरंगः, सूर्य-प्रकाशः, चन्द्र चन्द्रिका, पुरुषस्य नख लोमानि।

(आ) औपाधिक भेद के दो प्रकार हैं :—

(१) सजाति सम्बन्ध रूप; उदा० गोत्व, मनुष्यत्व, घटत्व, पटत्व।

(२) अजाति सम्बन्ध रूप; इसके भी दो प्रकार हैं, एक सखण्ड; उदा० घटाकाश, महाकाश, अन्तः करणावच्छिन्न चैतन्यम्, रक्तः स्फटिकः, अयोदहति। दूसरा अखण्ड; उदा० सामान्यत्व, विशेषत्व, कारणत्व, कार्यत्व।

(इ) विभाग रूप भेद के दो प्रकार हैं :—

(१) समान अंशांशि भावरूप; उदा० अग्नेः स्फुलिंगा : ।

(२) विभिन्न भाव रूप; उदा० बीज गत, वृक्ष, शाखा, पल्लव, पुष्प, फलानि ।

सजातीय भेद के उदा० वृक्षाद् वृक्षान्तरम् इत्यादि, और विजातीय भेद के उदा० काष्ठ पाषाण, वृक्ष शिला, इ०

ऊपर का विवरण वेदान्त ग्रन्थों से उद्धृत किया गया है । संसार के अनन्त पदार्थों में व्यावहारिक भेद तो सभी को मान्य हैं, भले ही वे एक या दूसरी कक्षा में आएँ। इस संबन्ध में **अद्वैत विज्ञान** का विचार शीघ्र ही आगे बताया जाएगा ।

इस पत्रक के स्तम्भ (१) अंक (१४) के सम्मुख 'ज्ञान' के विषय में विविध मत बताए गए हैं । ठोस दृष्टि से इनके दो विभाग होते हैं :—

(१) ज्ञान को जीवात्मा का स्वाभाविक स्वरूप मानने वाले ।

(२) ज्ञान को जीवात्मा का आगन्तुक गुण मानने वाले ।

न्याय दर्शन में दूसरे मत को स्वीकार किया गया है । मनस्तत्त्व के संयोग होने से ही जीवात्मा में ज्ञान धर्म उत्पन्न होता है, ऐसा वे मानते हैं । वैशेषिक तथा प्राभाकर इसी मत के पक्षपाती हैं; और क्यों कि मुक्ति दशा में कोई आगन्तुक गुण रहने नहीं पाता, अतः इस दशा में जीवात्मा निश्चेष्ट निस्सम्बल पाषाण रूप ही रहता है, यह इनका सिद्धान्त है !

जिन सम्प्रदायों में पहला मत मान्य किया गया है, उनकी मुक्ति दशा, ज्ञान स्वरूप ही रहती है । **अद्वैत सिद्धान्त** में जीवात्मा की स्वरूपभूत 'ज्ञान

बल क्रिया' मान्य की गई है जिसका पर्याप्त विवरण, प्रकरण (४०) पृष्ठ १३१, प्रकरण (४७) पृष्ठ १९१, प्रकरण (४८) पृष्ठ १९७, और प्रकरण (४९) पृष्ठ १९९ पर किया गया है। इन प्रकरणों में स्पष्टतया बताया गया है, कि जीवात्मा एक अनात्म जड़ पदार्थ है, परन्तु परमात्मा ने उसे एक ऐसा अद्भुत सामर्थ्य प्रदान किया है, कि वह ब्रह्मविद्या द्वारा यहां के यहां जीवन्मुक्ति के अमिट सुख से लाभान्वित हो सके। चैतन्य में ऐसा सामर्थ्य रहना, इतनी बड़ी बात नहीं है, पर अचैतन्य, अनात्म पदार्थ में ऐसी आश्चर्य जनक शक्ति रखना, यही परमात्मा की अगाध लीला है।

इस सम्बन्ध में अद्वैत सम्प्रदाय वाले बहुत से पण्डित एक विचित्र-सी उलझन में पड़े हैं। वे कहते हैं कि मिट्टी का सुवर्ण नहीं बनाया जा सकता; सुवर्ण ही यदि कलंकित होकर मिट्टी रूप हुआ हो, तो कलंक को हटा कर निरा सुवर्ण बनाया जा सकता है। स्वभाव को बदला नहीं जा सकता. जड़, जड़ ही रहेगा और चैतन्य, चैतन्य ही; और यदि किसी कारण वश, चैतन्य में कुछ भ्रान्ति आ गई हो तो उसको हटा देने से उसका शुद्ध स्वरूप प्रस्थापित किया जा सकता है। इस युक्ति के आधार में वे (१) 'ब्रह्मैव सन् ब्रह्माप्येति' (बृ. ४-४-६)। (२) 'विमुक्तश्च विमुच्यते' (कठ ५-१) (३) 'अन्योऽसौ अन्योऽहमस्मीति न स वेद' (बृ. १-४-१०)। (४) 'देवास्तं परादुः योऽन्यत्र आत्मनः देवान्वेद' (बृ. ४-५-७) (५) 'मृत्योः स मृत्युमाप्नोति य इह नानेव पश्यति' (बृ. ४-४-१९ तथा कठ ४-११) (६) 'एकधैवानुद्रष्टव्यमेतदप्रमयं ध्रुवम्' (बृ. ४-४-अ०) इत्यादि इत्यादि अनेकों श्रुतियों को उद्धृत करते हैं। इस विषय में पहले ही पृष्ठ १९७ पर संक्षेप से विवेचन किया गया है; परन्तु इन श्रुतियों का विचार रह गया था, जो यहां किया जाता है। स्मरण रहे कि ये श्रुतियां परब्रह्म के 'एकमेवाद्वितीयत्व' को निर्धारित कर रही हैं, न कि सृष्ट चिद्भिन्न पदार्थों की एकता को। मिट्टी और सुवर्ण, या अश्व और गौ की एकता नहीं बताई जा रही है, **अद्वैत विज्ञान** परब्रह्म में तनिक भी भेद या किसी प्रकार का अवच्छेद नहीं मानता; और अपनी **सत्कार्य** वाद की अनूठी रीति से वह, परब्रह्म तथा तत्सृष्ट अपरिमित

चराचर जड़ चेतन पदार्थों में भेद सम्बन्ध को नहीं मानता; **अनन्यत्व** या **तादात्म्य** सम्बन्ध मानता है। उसी को प्रौढ़ि वाद से, अभेद या एकता कहने की रीति है। परन्तु वह कारण दृष्टि की एकता है, शब्दार्थ वाली भेदा भेद वादियों की, घट=कलश जैसी पर्याय शब्द रूप, एकता नहीं है। विश्रुत विद्वान् वाचस्पति मिश्र लिखते हैं:—'न खलु अनन्यत्वम् इति 'अभेदं' ब्रूमः किन्तु भेदं व्यासेधामः' देखिए पृष्ठ १५५। **अद्वैत सिद्धान्त** द्वैत प्रपञ्च के अभाव का संकेत नहीं करता, किन्तु द्वैत सत्यत्व बुद्धि का निषेध करता है। अतएव जहां जहां जीव ब्रह्मैक्य, ऐसे शब्द आते हैं, वहां वहां, **तादात्म्य** या **अनन्यत्व** का अभिप्राय रहता है, शाब्दिक एकता का नहीं। अर्थात् संसारी जीव और ब्रह्म शब्दार्थ से एक हैं, यह हमारा सिद्धान्त ही नहीं है!

छान्दोग्य उपनिषद् ६-३-२ के भाष्य में भगवान् **शङ्कर** लिखते हैं:— 'सर्वंच नाम रूपादि सदात्मना एव सत्यम्, विकारजातम् स्वतस्तु **अनृत** मेव। वाचारम्भणं विकारो नामधेयम् इत्युक्तत्वात् **तथा जीवोऽपि**। यक्षानुरूपो बलिरिति न्याय सिद्धिः।' जीवात्मा के अब्रह्म, अचतन्य, अनात्म, होने के सम्बन्ध में, अनेक आधार प्रकरण (४७) से (४९) तक दिये गए हैं। परन्तु इसके विरोध में अपने ही विचित्र हेत्वाभास के सिद्धयर्थ अनेक पण्डितों ने मान लिया है कि, निर्गुण निराकार निरवयव नित्य शुद्ध बुद्ध मुक्त स्वभाव ब्रह्म के टुकड़े होते हैं, वे भ्रान्त होते हैं, और अनन्त जन्मों के अनन्तर यदि उनकी भ्रान्ति, नष्ट हो, तो फिर वे परब्रह्म में मिल जाते हैं! मानों परब्रह्म भी कुछ सूक्ष्म द्रव्य वाली वस्तु है, जिसके अंश भी होते हैं, और वे उससे निकलते हैं, और फिर जा कर उसमें सम्मिलित भी होते रहते हैं! इसी को भेदाभेद वाद कहते हैं, जिसका यथेष्ट खण्डन श्रीशङ्कराचार्य और श्रीसुरेश्वराचार्य ने अपने ग्रन्थों में भूरिशः कर रखा है। परमात्मतत्व में तनिक भी भेद नहीं हो सकता, यह तो **अद्वैत विज्ञान** का मौलिक सिद्धान्त है। और परमात्मा को कभी भी भ्रान्ति हो नहीं सकती, वह **अखण्ड नित्य शुद्ध बुद्ध मुक्त स्वभाव** है, यह उतना ही मौलिक और अकाट्य सिद्धान्त है। परन्तु बड़ी शोचनीय दशा है, कि इन भद्र पुरुषों ने परब्रह्म में, भेद तथा

भ्रान्ति, दोनों को ही स्पष्टतया मान लिया है !! फिर कहते हैं, कि यही शङ्कराचार्यजी का भी मत है ! ऐसा असम्बद्ध मत यदि महान् से महान् पण्डित का भी हो, तो वह मान्य नहीं किया जा सकता । परन्तु इसमें मर्म वाली बात यही है, कि श्रीशङ्कराचार्यजी का आशय ही इन पण्डितों की समझ में नहीं उतरा है ! इसके अनेक उदाहरण दिये जा सकते हैं ।

देखिये 'ब्रह्मैव सन् ब्रह्माप्येति' (बृ. ४-४-६) का शाङ्कर भाष्य, जो बहुत विस्तृत होने से यहां उसका केवल तात्पर्य ही दिया जाता है । दृष्टान्त रूप से, उपनिषदों में बताया गया है, कि अज्ञानी जीवात्मा, प्रतिदिन अपनी सुषुप्तावस्था में ब्रह्म में ही लीन हो जाता है । याने उसके लिए 'अब्रह्मैव सन् ब्रह्माप्येति' यह एक मानों तथ्य बात है । परन्तु सम्यग्ज्ञानी पुरुष, अपनी सभी अवस्थाओं में ब्रह्मरूप है, और ब्रह्म में ही लीन है, अर्थात् उसके लिए 'ब्रह्मैव सन् ब्रह्माप्येति' यह सिद्धान्त है । अतएव उसे पुनर्जन्म नहीं है । भाष्य के निरूपण में कहीं भी यह नहीं लिखा गया है, कि परब्रह्म ही भ्रान्त होता है, इत्यादि ! मान्य है, कि बृहदारण्यक १-३-१० के भाष्य में प्रथम शरीरी हिरण्यगर्भ अपने जन्म के पहले ब्रह्म रूप था, बाद में ब्रह्म ज्ञान होने से उसे **सर्वात्म भाव** प्राप्त हुआ, और आज भी यदि कोई जीवात्मा, ब्रह्मविद्या प्राप्त कर ले, तो उसे भी यह फल मिल सकता है, इत्यादि इत्यादि समूचा प्रतिपादन किया गया है । पर इससे परब्रह्म ही भ्रान्त होता है यह विपरीत आशय कैसे निकलता है, समझ में नहीं आता ! हमें भूलना नहीं चाहिये कि ब्रह्मविद्या का एक महत्व का फल **सर्वात्म भाव** निर्धारित किया गया है । इस सम्बन्ध में बृहदारण्यक (४-४-२३) के भाष्य के महत्त्व वाले शब्द ऐसे हैं:—आत्मनि **एव** स्वे कार्यकरण संघाते आत्मानम् **प्रत्यक्चेतयितारम्** पश्यति..... नान्यदात्मव्यतिरिक्तं बालाग्रमात्रमपि अस्ति इत्येवं पश्यति..... एष ब्रह्म लोको निरूपचरितः सर्वात्मभाव लक्षणः' इसी को ब्रह्म होना कहते हैं । अब्रह्म रूप जीवात्मा कुछ कृत्रिमता से तो ब्रह्म नहीं बन सकता, अर्थात् उसे सर्वात्मभाव की विशाल **ज्ञान दृष्टि** प्राप्त होती है जिसका विवरण पीछे पृष्ठ ४०० पर किया गया है ।

इसी प्रकार 'विमुक्तश्च विमुच्यते' (कठ ५-१) इसका शांकर भाष्य, बहुत ही स्पष्ट है; उससे ऊपर के विवेचन पर विशेष प्रकाश डाला जा सकता है। मन्त्र और भाष्य के शब्द ऐसे हैं :

। पुरमेकादशद्वारम् अजस्यावक्रचेतसः
अनुष्ठाय न शोचति विमुक्तश्च विमुच्यते । एतद्वै तत् ।

भाष्य : । पुनरपि...ब्रह्मतत्त्व निर्धारणार्थोऽयमारम्भः ।...इदं शरीराख्यं पुरम् ।...कस्य ? अजस्य अवक्र चेतसः प्रकाशचन् नित्यस्य राजस्थानीयस्य ब्रह्मणः तं सर्वं भूतस्थं सर्वैषणा मुक्तः (जीवात्मा) ध्यात्वा न शोचति... ..इहैव अविद्याकृत कामकर्मबन्धनैर्विमुक्तो भवति। विमुक्तश्च सन् विमुच्यते, पुनः शरीरं न गृह्णातीत्यर्थ।

इससे सुस्पष्ट होगा, कि इन दोनों श्रुतियों में ज्ञानी पुरुष सर्वात्मदर्शी होता है और उसे देहान्तर प्राप्ति होती नहीं, यही रहस्य बताया गया है। जीवात्मा पहले परब्रह्म होता है, फिर वही भ्रान्त होता है, और फिर वह परब्रह्म बनता है इत्यादि बातों का यहाँ नाम तक नहीं है !

'न हि स्वभावो भावानां व्यावर्तेत औष्ण्यवद्भवेः' 'स्वभावो दुरितक्रमः' 'स्वभावो मूर्ध्नि वर्तते' ये कहावतें अपनी सीमा तक ठीक ही हैं। परन्तु वे अद्वैत सिद्धान्त की विरोधी नहीं मानी जा सकतीं। इन सज्जनों का कहना है कि जब वेदान्त शास्त्र आघोषित कर रहा है, कि संसारी भ्रान्त जीव ब्रह्मविद्या से ब्रह्म बनता है, तो उपर्युक्त कहावतों के अनुसार उसे पहले ही ब्रह्म रहना आवश्यक है ! परन्तु यह तो, 'एक झूठ से दूसरे झूठ के जन्म' का उदाहरण है ! इससे यही अभिप्राय निकलता है कि **नित्य, शुद्ध, बुद्ध, मुक्त स्वभाव** वाला ब्रह्म अपने स्वभाव का परित्याग करता है, मूढ़ होता है और असीम दुःखों का अनुभव करता है ! यह तो 'विनायकं प्रकुर्वाणो रचयामास वानरम्' वाली बात है ! ऐसा प्रमादशाली ब्रह्म, किसी तत्त्वज्ञान का उद्देश्य नहीं

हो सकता। जिस विचार प्रणाली से, परमात्मा ही भ्रान्त हो कर संसारी बनते हैं, इत्यादि इत्यादि मानने पर अद्वैतियों को बाध्य होना पड़ रहा है, प्रकट है, कि वह प्रणाली ही नितान्त भ्रम रूप है। अर्थात् 'जीवो ब्रह्मैवनापरः' इसके रहस्य को ही हमने नहीं जाना है। इस सिद्धान्त का विवरण पीछे, पृष्ठ २०० पर किया गया है। देखिये न, व्युत्क्रम से, यह नहीं कहा जा सकता कि 'ब्रह्म जीव एव नापरः'। ब्र. सू. ४-१-३ 'आत्मेति तु उपगच्छन्ति ग्राहयन्ति च' के भाष्य में **शंकर** भगवान् लिखते हैं:- न हि ईश्वरस्य संसार्यात्मत्वं प्रतिपाद्यते..... संसारिणः संसारित्वापोहेन ईश्वरात्मत्वम् प्रतिपादयिषितमिति। एवं च सति अद्वैतेश्वरस्य [illegible] गुणता, विपरीत गुणता तु इतरस्य-मिथ्येति व्यवतिष्ठते।

'अन्योऽसौ अन्योऽहमस्मीति न स वेद' (बृ. १-४-१०) इसमें अन्य भाव वाली उपासना की निन्दा की गई है। अर्थात् ब्रह्मोपासना में अनन्य भाव की आवश्यकता है, शाब्दिक या पर्याय रूप ऐक्यभाव की नहीं। अन्य उद्धृत श्रुतिवचन भी सत्कार्य वाद की ही सिद्धि करते हैं, कोई भ्रान्तिवाला विपरीत अर्थ नहीं बता रहे हैं।

इस प्रकरण को समाप्त करने के पहले **ज्ञान** के सम्बन्ध में कुछ विशेष विवरण देना उचित मालूम होता है। कहा जाता है कि परमात्मा केवल निर्विशेष निराकार **ज्ञप्ति** स्वरूप या **ज्ञान** स्वरूप हैं. उनमें न कोई ज्ञातृत्व है, न कुछ ज्ञेय, और न कुछ समझना ही! और फिर कहा जाता है कि यही **शांकर** सिद्धान्त है! ऐसी विचित्र धारणा प्रस्थान त्रयी में कहीं नहीं है। ज्ञान के सम्बन्ध में यथेष्ट विवेचन पहले प्र. (२८)पृष्ठ ४१ पर किया है।

विचार करने की बात है कि जिस **ज्ञान स्वरूप नित्य शुद्ध बुद्ध मुक्त**, परमात्मा में ज्ञातृता नहीं, और कुछ समझना भी नहीं, उसे **ज्ञान** स्वरूप और **बुद्ध** कहेगा कौन? **ज्ञान** कोई पत्थर जैसी तो वस्तु नहीं है। उसे तो

साश्रय और सविषय होना अवश्यम्भावी है। इस शब्द का अर्थ ही इन दो बातों का संकेत करता है। बिना इनके, वह शब्द ही व्यर्थ हो जाता है। आश्चर्य की बात है कि **अज्ञान** के सम्बन्ध में साश्रयता और सविषयता का स्वीकार हमारे वेदान्त ग्रन्थों में किया गया है, पर **ज्ञान स्वरूपता के** सम्बन्ध में मात्र कतिपय ग्रन्थकारों को बड़ा विरोध है क्यों कि उन को यह डर लगता है, कि ज्ञातृत्व मानते ही परमात्मा की "एकमेव द्वितीयता" नष्ट भ्रष्ट हो जाएगी ! प्रकट है, कि आपने मोटी संख्या वाली एकात्मकता को ही बुद्धि में दृढ़ कर लिया है, और दार्शनिक तथ्यों की ओर से अपनी दृष्टि फेर ली **है** !

ज्ञातव्य यह है कि व्यवहार के दृष्टान्त परब्रह्म को नहीं लगाए जा सकते। हमको, देखने के लिये आँखों का होना आवश्यक है, परन्तु परमात्मा 'पश्यत्य चक्षुः स शृणोत्यकर्णः' (श्वे. ३-१९) इत्यादि शतशः श्रुति प्रमाण दिये जा सकते हैं। व्यवहार में हमको पांच इन्द्रियों से काम लेना पड़ता है, परन्तु परमात्मा को एक भी नहीं है, इस लिये उनको ज्ञान ही नहीं, यह कैसे कहा जाए ? व्यवहार में उपादान कारण अलग और निमित्त कारण अलग होते हैं, परन्तु हमारे सिद्धांतों से परमात्मा ही इस विराट् प्रपञ्च के अभिन्न निमित्तोपादान कारण प्रमाणित किये गये हैं। **सत् चित् और आनन्द** इनके अर्थ व्यवहार में नितान्त अलग हैं, पर परमात्मा में जो **सत्** है वही **चित्** है और वही आनन्द है। ठीक इसी प्रकार व्यवहार में ज्ञाता, ज्ञान और ज्ञेय, भले ही अलग हों, परमात्मा जो ज्ञातृस्वरूप हैं वही ज्ञान स्वरूप हैं और स्वसंवेद्यता की दृष्टि से ज्ञेय भी हैं, और ज्ञान भी हैं वही। इससे उनके अखण्डत्व को कण भर भी ठेस नहीं पहुँचती। हाँ, मान्य है, कि उनके लिये त्रिलोक में कुछ भी ज्ञातव्य नहीं है। परन्तु उनको कुछ ज्ञात ही नहीं होता, यह कहना श्रौत सिद्धान्त को खो बैठना है ! जैसे दीप प्रभा में प्रकाशक प्रकाशन और प्रकाश तीनों एक ही हैं, उनमें कर्ता कर्म और क्रिया का सम्बन्ध नहीं है : और इन में से एक भी उड़ाया जाए, तो तीनों नष्ट हो जाते हैं। ठीक इसी प्रकार, परमात्मा में ज्ञातृत्व, भावरूप ज्ञान और धात्वर्थ ज्ञान, तीनों एक ही एक हैं, उनमें कर्ता कर्म और क्रिया अथवा आश्रय आश्रयी और विषय वाला पृथक् भाव नहीं है। अर्थात् इन में से एक को

भी उड़ा देने की कल्पना अत्यंत हास्यास्पद है। दीपक में से प्रकाश ही निकाल दिया जाए तो अन्धेरा ही शेष रहेगा। परन्तु बड़े आश्चर्य और दुःख की बात है कि परमात्मा में ज्ञातृत्व और ज्ञान है ही नहीं ऐसा हमारे कतिपय पण्डित गण लिख देते हैं, और स्पष्टतया प्रतिपादन भी करते हैं, कि परमात्मा का केवल अस्तित्व मात्र है! फिर उनको **नित्य शुद्ध बुद्ध** क्यों कहा गया है? जिस अस्तित्व-मात्र में **ज्ञातृत्व** ही नहीं और दूसरी कुछ भी विशेषता नहीं, वह **शून्यता** के कितना निकटतम है, विज्ञ पाठक जान सकते हैं।

प्रकरण (६३) विभाग (२) परिशिष्ट (ई)

भारत वर्ष के दार्शनिक तथा अन्य मतवादों का

विवरण-पत्रक

[इस पत्रक के पृष्ठ, ३०५ से आगे, अन्त में अलग सम्पुट में रखे गये हैं]

[पृष्ठ ३०५ से ३०८, अन्त में अलग सम्पुट में रखे गये हैं]

प्रकरण (६३) विभाग (३) परिशिष्ट (३)

भारतवर्ष के दार्शनिक तथा अन्य मतवादों के तत्त्व और अन्य विशेष

क्रमाङ्क (१) और (२) पूर्व मीमांसा सम्प्रदाय

(१) भाट्टमत	(२) प्राभाकर मत
पदार्थ :— द्रव्य गुण कर्म सामान्य समवाय शक्ति और अभाव ऐसे सात	द्रव्य गुण कर्म सामान्य समवाय संख्या शक्ति और सादृश्य ऐसे आठ
१ द्रव्य :—पृथिवी, आप, तेज, वायु, आकाश, काल, दिक्, आत्मा, मन, तम और वर्ण ऐसे ग्यारह	(१) भाट्टमत के समान, किन्तु तम और शब्द को द्रव्य नहीं मानते और तम को तेजाभाव रूप मानते हैं।
शब्द को द्विविध मानते हैं, ध्वनिरूप और वर्णरूप। ध्वनि को आकाश का गुण नहीं किन्तु वायु का गुण, तथा वर्ण को विभु और नित्य मानते हैं।	शब्द को द्विविध याने ध्वनिरूप तथा वर्ण रूप, और दोनों भी आकाश के गुण मानतें हैं. उनमें वर्ण को नित्य मानते हैं और ध्वनि को अनित्य।

२ गुण :—गन्ध, रस, रूप, स्पर्श, परिणाम, संयोग, विभाग, परत्व, अपरत्व, गुरुत्व, द्रवत्व, स्नेहसंस्कार, अदृष्ट, बुद्धि, सुख, दुःख, इच्छा, द्वेष और प्रयत्न ऐसे २०	(२) भाट्ट मत के समान—
३ कर्म :—चलन रूप प्रत्यक्ष	(३) चलन रूप किन्तु प्रत्यक्ष नहीं अनुमेय मानते हैं।
४ सामान्य :—पर और अपर	(४) एक ही अपर सामान्य घटत्व गोत्वादि मानते हैं पर याने सत्ता सामान्य नहीं मानते।
५ समवाय :— एक	(५) भाट्ट मत के अनुसार
६ शक्ति :—सहज, आधेय और पद शक्ति	(६) ,, ,,
७ अभाव :—ध्वंसाभाव, अत्यन्ताभाव और अनुपलब्धि रूप अभाव,	अभाव को पदार्थ नहीं मानते. उसको अधिकरण रूप ही मानते हैं।
(संख्या को गुण मानते हैं)	(७) संख्या को द्रव्य मानते हैं।
(सादृश्य को गुण मानते हैं)	(८) सादृश्य को भी द्रव्य मानते हैं।
शब्दों के उत्पत्ति सिद्ध अर्थों से ही ज्ञान होता है, ऐसा मानते हैं। इस लिये इनको अभिहितान्वय वादी कहते हैं।	शब्दों का अर्थ, कार्य से सिद्ध होता है ऐसा मानते हैं। अतः इनको अन्विताभिधान वादी कहते हैं।

जैमिनि महर्षि की अभिमति थी, कि केवल बोध लक्षण ज्ञान से, परब्रह्म का साक्षात् नहीं हो सकता, अर्चिरादि औपासन विधियों की आवश्यकता है। (देखिये ब्र. सू. ४–३–१२ और १३)

उपर्युक्त वेदालोचक महर्षि केवल जड़वादी अथवा अब्रह्मवादी नहीं थे। श्रीसुरेश्वराचार्य ने अपनी सुविख्यात 'नैष्कर्म्य सिद्धि' में इस विषय पर प्रकाश डाला है। इस ग्रन्थ के पहले अध्याय के ९० वें श्लोक का विवरण करते हुए वे लिखते हैं।

"। ज्ञानात् फले ह्यवाप्ते ऽ सिन्प्रत्यक्षे भवघातिनि
उपकाराय तन्नेति न न्याय्यं भाति नो वचः ॥९०॥

"यदपि जैमिनीयं वचनमुद्घाटयसि–तदपि तद्विवक्षा ऽ परिज्ञानादुद्भाव्यते। किं कारणम्। यतो न जैमिनेरयमभिप्रायः आम्नायः सर्व एव क्रियार्थ इति। यदिह्ययमभिप्रायो ऽ भविष्यत् 'अथातो ब्रह्म जिज्ञासा। जन्माद्यस्य यतः' इत्येवमादि ब्रह्मवस्तु स्वरूपमात्र याथात्म्य प्रकाशनपरं गम्भीरन्याय संदृब्धं सर्ववेदान्तार्थ मीमांसनं श्रीमच्छारीरकं नासूत्रयिष्यत्। असूत्रयच्चतत्। तस्मा–ज्जैमिनेरेवायमभिप्रायो यथैव विधिवाक्यानां स्वार्थमात्रे प्रामाण्यमेवमैकात्म्य वाक्यानामप्यनधिगत वस्तुपरिच्छेदवस्तुसाम्यादिति।"

इससे प्रतीत होता है, कि जैमिनि महर्षि की जैसी कर्म काण्डात्मक द्वादशाध्यायी है और उपासना प्रतिपादक संकर्षण अथवा देवता काण्ड की चतुरध्यायी है, वैसी ही ज्ञान काण्डात्मक चतुरध्यायी भी थी। जिसमें 'ज्ञान कर्म समुच्चय' पक्ष का समर्थन था। अथवा सम्भव है कि सद्यः उपलब्ध वेदान्त सूत्र, महर्षि जैमिनि तथा महातपा बादरायण दोनों के प्रणीत हैं: पर उनका समुच्चयवादी भाष्य आज लुप्त है। शंकर भगवान् ने अपने ब्र. सू. ३-३–५३ के भाष्य में आचार्य उपवर्ष के ब्रह्मसूत्र भाष्य का उल्लेख किया है, जिसमें सम्भवतः यह 'समुच्चयवादी भाष्य था।

अर्थात् अति प्राचीन काल में कर्म काण्ड उपासना काण्ड और ज्ञान काण्ड तीनों मिलकर एक ही मीमांसा दर्शन था, जिसके उपर्युक्त दो प्रणेता थे, और जिसके पूर्व और उत्तर ऐसे दो विभाग थे, जो आज भी प्रसिद्ध हैं; और वे भिन्नता दर्शक नहीं हैं।

क्रमांक (३) उत्तर मीमांसा या अद्वैत विज्ञान।

इसके तत्त्वों का पर्याप्त विवरण प्रकरण (३०) परिच्छेद (१) पृष्ठ ४७ पर किया गया है। इसदर्शन में आकाश को निरंग द्रव्य रूप, दिशाओं को आकाश रूप, अन्धकार को आलोकाभाव रूप और काल को परमात्मशक्ति रूप माना गया है।

इस सम्प्रदाय के नाम पर इतने विचित्र मत मतान्तर उत्पन्न हुए हैं कि सम्भवतः किसी दूसरे सम्प्रदाय में न हुए हों। इसका कारण, गीर्वाण भाषा का लोप और प्रस्थान त्रयी के सुयोग्य अध्ययन का अभाव। इस सम्प्रदाय की प्रधान भित्ति **ब्रह्म कारणता** सिद्धान्त है। परन्तु उसी के सम्बन्ध में कैसी कैसी उलझनें उत्पन्न हुई हैं, इसका पर्याप्त विवरण इस पुस्तक में यत्र तत्र किया गया है। अपि च कुछ मर्म की बातें उपोद्घात पृष्ठ क्र. २५ पर दिखलाई गई हैं। अब और भी मौलिक प्रमाण दिखाकर कुछ अधिक विवेचन यहाँ किया जाता है।

'इन्द्रो मायाभिः पुरु रूप ईयते' (ऋ. ६-४७-१८) इस ऋचा में **माया** शब्द का प्रयोग परमात्मा के अद्भुत सामर्थ्य को बताने के लिये किया गया है, न किसी अस्वाभाविकी मिथ्या शक्ति को या भ्रान्ति को। फिर यहाँ **'मायाभिः'** ऐसा तृतीया विभक्ति का बहु वचन है, जो निर्विवादतया परब्रह्म की नानाविध अचिन्त्य शक्तियों की ओर संकेत कर रहा है। सायण भाष्य में 'मायाभिः, ज्ञान नाम एतत् ज्ञानैः आत्मीयैः संकल्पैः' ऐसा स्पष्ट अर्थ दिया गया है। अतः यह ब्रह्म स्वरूपा शक्ति है भ्रमरूपा कदापि नहीं है। हाँ, उसकी अथाह महिमा अल्पज्ञ जीवों को यथार्थता से ज्ञात न होने से उनको सम्भ्रम अवश्य रहता है, पर इसलिये उसको भ्रान्त नहीं कहा जा सकता।

थोड़े ही विमर्श से स्पष्ट हो सकता है, कि इस संसार की किसी भी शक्ति को, चाहे वह विद्युत हो या रासायनिक शक्ति हो या गुरुत्वाकर्षण रूप शक्ति हो, भ्रान्त नहीं कहा जा सकता। इन शक्तियों का उपयोग करनेवाला पुरुष ही भ्रान्त या निर्भ्रान्त हो सकता है। यहाँ तो परब्रह्म परमात्मा की महिमा वर्णित की गई है। अतः यह मायावाद किसी दृष्टि से भ्रान्ति वाद नहीं है, प्रत्युत अति प्राचीन वैदिक 'मायावी' कारणता का सिद्धान्त है, एवं **शंकर** भगवान् का कपोल कल्पित वाद नहीं है। दे. पृ. ५२। श्वे० उ० में परमात्मा के अचिन्त्य सामर्थ्य का निः संदिग्ध वर्णन किया गया है। अ. ५ मं. १

। द्वे अक्षरे ब्रह्मपरे त्वनन्ते ऽ विद्या विद्ये निहिते यत्र गूढ़े
क्षरं त्वविद्या ह्यमृतं तु विद्या विद्या ऽविद्ये ईशते यस्तु सो ऽन्यः ।

इस प्रकार इसी सामर्थ्य का **अविद्या** और **विद्या** ऐसा द्विविध स्वरूप बताया गया है। भाष्य में 'अविद्या क्षरणहेतुः संसृति कारणम्' 'अमृतं तु विद्या मोक्षहेतुः' और इनका स्वामी परब्रह्म है ऐसा स्पष्ट किया गया है। यही तथ्य ब्र. सू. (१-४-३) के भाष्य में बताया गया है, दे. पृ. ६१: और ब्र. सू. (२-१-१४) के भाष्य में इसी अविद्या शक्ति को 'सर्वज्ञस्य ईश्वरस्य मायाशक्तिः प्रकृतिः इति चश्रुतिस्मृत्योरभिलप्येते' ऐसा स्पष्ट ही लिख कर, बताया है, कि **'नित्य शुद्ध बुद्ध मुक्त स्वरूपात्सर्वज्ञात्सर्वशक्तेः ईश्वराज्जगज्जनिस्थितिप्रलयाः न अचेतनात्प्रधानात् अन्यस्मात् वा'**

परन्तु नितान्त आश्चर्य की बात है, कि कतिपय मध्यकालीन तथा अर्वाचीन पण्डितों ने एक नयी ही **अज्ञान कारणता** वाली कल्पना खोज निकाली, जो उपर्युक्त श्रुति प्रोक्त **अविद्या** कारणता से एकदम विभिन्न है। इसके धुरन्धर पुरस्कर्ता प्रकाशानन्द अपनी मुक्तावली पुस्तक में साफ़ मान्य करते हैं कि इस नयी कल्पना के लिये कोई वैदिक या लौकिक प्रमाण नहीं है, दे. पृ. १८३। यही कारण है कि इनको श्रुत्युक्त **अविद्या** शब्द को त्याग कर अपने नये सिद्धान्त के लिये **अज्ञान कारणता** शब्द का व्यवहार करना पड़ा है।

प्रेमी पाठक गण देखिये यह कैसी थोथी कल्पना है। ऐतरेय उपनिषद्, प्रारम्भ में ही बता रहा है :—'अत्मा वा इदमेक एवाग्र आसीत् नान्यत् किंचन मिषत्। स ईक्षत लोकान्नु सृजा इति। अपि च 'सर्वं खल्विदं ब्रह्म, तज्जलान्' (छां. ३-१४-१) 'वाचारम्भणं विकारो नामधेयं मृत्तिकेत्येव सत्यम्' (छां. ६-१-४) ब्रह्मसूत्र 'यावद्विकारं तु विभागो लोकवत्' (२-३-७) तथा 'सामान्यात्तु' (३-२-३२) ये चारों प्रमाण, परब्रह्म को ही अनादि अनन्त और सृष्टि स्थिति लय कर्ता बता रहे हैं। अतः अन्य सभी पदार्थ तत्सृष्ट हैं सादि हैं और सान्त हैं। ऐसी दशा में पण्डित प्रकाशानन्द ने जो **अनादि अज्ञान** कारणता को 'अश्रौत' बताया है, ठीक ही बताया है।

सबसे बड़ी आपत्ति जो हुई है वह यह, कि इन पण्डितों ने शाङ्कर सिद्धान्त के विरुद्ध, परब्रह्म को 'अशेष विशेष विरहित (जाने क्या एक जड़) **सत्सामान्य*** मान लिया है जिसमें स्पन्दशक्ति, ईक्षण, सृष्टिकर्तृत्व, प्रशासन, ये कुछ भी नहीं हैं! अतः इनका प्रतिपादन है कि इनका सृष्टि रचना करने वाला अनादि जड़ **अज्ञान**, चैतन्य प्रकाश से अपना सृजन सामर्थ्य प्राप्त कर लेता है! यह भी एक विचित्र बात है! चित्प्रकाश तो कोई पूर्य प्रकाश जैसी जड़ वस्तु नहीं है कि जिसका उपयोग कोई भी पुरुष अपने कार्यों के लिए कर ले, या अपने भीगे कपड़े उसमें सुखा ले! परन्तु जब इनके कपोल कल्पित परब्रह्म में कुछ भी सामर्थ्य प्रभाविता या विशेषता का नामतक नहीं है, तो फिर उससे किसको क्या मिल सकेगा? तथ्य की बात तो यह है कि **अज्ञान** एक मनोधर्म मात्र है जिसका वास्तव्य मन के बाहर त्रिलोक में कहीं नहीं है। अर्थात् इन पण्डितों की मन गढन्त कल्पनाओं से ही इस **अज्ञान** या **भ्रान्ति कारणता** का जन्म हुआ है!

---

* इस कल्पना का निषेध शंकर भगवान् ने स्पष्ट रूप से किया है, दे. पृ. ४२

अद्वैत सिद्धान्त तो यह है, कि जब तक परब्रह्म परमात्मा अपने 'ईक्षण' अर्थात् इच्छा मात्र से, इस विश्व के अनन्त आभासिक परन्तु व्यवहार क्षम, पदार्थों के नाम रूपों का व्याकरण, अर्थात् अनिर्वचनीय उत्पत्ति न करें, तब तक कोई चीज बनने ही नहीं पाती, और न कुछ व्यवहार ही हो सकता है। यही तो सृष्टि की प्रक्रिया है। फिर इनके मन गढन्त 'अज्ञान कारणता' की आवश्यकता ही क्या रही ? ब्रह्मसूत्र (४–४–१७) 'जगद् व्यापार वर्जम्' स्पष्टतया निर्णय दे रहा है कि महान् से महान् पुरुष को भी जगत् के सृजन का अधिकार नहीं है। इसके विरोध में इनका परिच्छिन्न अनादि जड़ भाव रूप विनाशी **अज्ञान** या तदुद्भव कोई कल्पित जीव, बेचारा क्या करेगा ?

क्या वेदों में, क्या उपनिषदों में, क्या भगवद्गीता में, क्या ब्रह्मसूत्रों में, और क्या स्मृति पुराणों में, **नित्य शुद्ध बुद्ध मुक्त स्वभाव सर्वज्ञ** और **सर्वशक्ति** परब्रह्म की ही कारणता प्रमाणित की गई है। परन्तु इन पण्डितों का कहना है कि उपर्युक्त सब वर्णन तथा सबल ब्रह्म, मायोपहित चैतन्य, या परमेश्वर ये सब संज्ञाएँ, इन्हीं के कपोल कल्पित जड़ भाव रूप **अज्ञान** से उत्पन्न किये हुए एक **जीव** विशेष की हैं, न कि परमात्मा परब्रह्म की !

प्रेमी भाइयो, आप जो धर्म कर्म भक्ति और उपासना द्वारा पूजा अर्चादि करते हैं, परमात्मा परब्रह्म की नहीं है; क्योंकि उसको आपकी उत्कट से उत्कट आराधना का ज्ञान होना ही नितान्त असम्भव है ! आश्चर्य की बात है, कि द्वैत सम्प्रदाय का खण्डन करते करते, देखिये इन भद्रपुरुषों ने परब्रह्म और परमेश्वर को नितान्त अलग मान कर, उनमें **द्वैत** भाव की एक अभेद्य दीवार खड़ी कर दी है, और इसी का निश्चय रूप ज्ञान, यही अपना अद्वैत तत्त्व-ज्ञान मान लिया है ! वैदिक धर्म की प्रशान्त छत्र छाया में रह कर, उससे पलते फूलते तथा समृद्धि पाते हुए, उसीके औपनिषदिक विज्ञान तथा सनातन आर्य संस्कृति के विरोध में, एक निरा जड़ भ्रम वाद का आडम्बर उठा रखना

इससे बढ़कर अर्थ का अनर्थ करनेवाला उदाहरण संसार भरमें नहीं मिलेगा !

इन पण्डितों में कतिपय, स्पष्टतया बना देते हैं, कि उनको ब्रह्मकारणता का सिद्धान्त नितान्त अमान्य है । परन्तु बहुत से, अपने को शांकर मतानुयायी दिखलाने के लिये, प्रतिपादन करते हैं कि माया कारणता, अज्ञान कारणता, और ब्रह्म कारणता, तीनों पर्याय रूप शब्द हैं ! परब्रह्म ही अनात्म माया द्वारा कारण होता है और सृष्टि की रचना करता है ! परन्तु मजे की बात तो यह है, कि जब परब्रह्म में ज्ञातृता ही नहीं तो माया द्वारा सृज्यमान अनन्त पदार्थों की कौन कहे, अनात्म माया रूप द्वार अर्थात् साधन ही उसको ज्ञात होना असम्भव है ! जिस ब्रह्म को कारणता का संस्पर्श ही नहीं है, और जिसकी प्रेरकता ही अमान्य है, उसकी कारणता बताना; या तो उसको जड़ समझना है, या दूसरों को केवल वञ्चित करना है !

फिर जिस परब्रह्म में ज्ञातृता ही नहीं, ऐसा ये पण्डित माने बैठे हैं, उसमें, वे कहते हैं, कि **अनादि अज्ञान** के कारण **ज्ञातृता** (!) उत्पन्न होती है ! वह संसारी जीव बनता है, अनन्त जन्म मरणों के भँवर में फँसता है, और अन्त में सद्गुरु मिल जाने पर, मुक्ति को प्राप्त कर लेता है, और फिर जैसे के वैसा **ज्ञातृत्व विहीन** होकर रहता है !! यह भी परि कल्पनाओं की एक विचित्र खिलवाड़ है, जिसके सम्बन्ध में इस पुस्तक में पर्याप्त आलोचना की गयी है; दे. पृ. १७८, १९७, २९८ से ३०४ और क. ३'९ ।

प्रेमी पाठकों को सुविदित है, कि श्री शंकराचार्य जी ने अपने अवतार कार्य को समाप्त करने के पूर्व, भारतवर्ष में धर्म प्रतिष्ठा और आत्मविज्ञान के प्रचार कार्य के लिए, चार मठों की स्थापना की जिनका विवरण आगे तालिका में दिया गया है :—

क्रमांक	विशेष	पश्चिमाम्नाय	पूर्वाम्नाय	उत्तराम्नाय	दक्षिणाम्नाय	विवरण
१	मठ का नाम	शारदा मठ	गोवर्धन मठ	ज्योतिर्मठ (सर्वज्ञपीठ)	शृंगेरी मठ	कालान्तर से इनके अतिरिक्त अनेक अद्वैती मठों की स्थापना भारतवर्ष में हुई है, जिनके नाम लेखक को पूर्णतया ज्ञात नहीं हैं।
२	क्षेत्र	द्वारका	पुरुषोत्तम या जगन्नाथपुरी	बदरिकाश्रम	रामेश्वर	
३	तीर्थ	गौतमी गंगा	महोदधि	अलकनन्दा	तुंगभद्रा	
४	देव	सिद्धेश्वर	जगन्नाथ	नारायण	आदिवाराह	
५	देवी	भद्रकाली	विमला	पुण्यगिरि	कामाक्षी	
६	मठाधिपति	विश्व रूपाचार्य (सामवेदी)	पद्मपादाचार्य ऋग्वेदी	त्रोटकाचार्य (अथर्ववेदी)	पृथ्वीधराचार्य (यजुर्वेदी)	
७	गोत्र	वासिष्ठ	भार्गव	काश्यप	भारद्वाज	
८	महावाक्य	तत्त्वमसि	प्रज्ञानं ब्रह्म	अयमात्मा ब्रह्म	अहंब्रह्मास्मि	
९	पदवी	तीर्थ, आश्रम	वन, अरण्य	गिरि, पर्वत, सागर,	भारती, सरस्वती, पुरी	
१०	ब्रह्मचारी	स्वरूप	प्रकाश	नन्द	चैतन्य	
११	सम्प्रदाय	कीटवार	भोगवार	नन्दवाराह या आनन्दवार	भुरिवार	
१२	अधिकृत प्रदेश	सिन्धु सौवीर सौराष्ट्र महाराष्ट्र और पश्चिम के प्रान्त	अंग वंग कलिंग मगध उत्कल और बर्बर	कुरु काश्मीर काम्बोज और पाञ्चाल	आन्ध्र द्रविड़ कर्नाटक और केरल	

इन मठों के सम्बन्ध में **शंकर** भगवान् ने जो प्रमुख आदेश दिये हैं निम्न प्रकार हैं :—

। स्व स्व राष्ट्र प्रतिष्ठित्यै संचारः सुविधीयताम्
मठे तु नियतं वासः आचार्यस्य न युज्यते । २२
। वर्णाश्रमसदाचारा अस्माभिर्ये प्रसाधिताः
रक्षणीयास्त एवैते स्वे स्वे भागे यथा विधि । २३
। यतो विनष्टिर्महती धर्मस्यास्य प्रजायते
मान्यं संत्याज्यमेवात्र दक्ष्यमेव समाश्रयेत् । २४
। परस्पर विभागे तु प्रवेशो न कदाचन
परस्परेण कर्तव्य आचार्येण व्यवस्थितः । २५
। मर्यादाया विनाशेन लुप्येरन् नियमाः शुभाः
कलहागार सम्पत्तिः अतस्तां परिवर्जयेत् । २६
। परिव्राडार्य मर्यादो मामकीनां यथा विधि
चतुःपीठाधिगां सत्तां प्रयुंज्याच्च पृथक्पृथक् । २७
। शुचिर्जितेंद्रियो वेदवेदाङ्गादि विशारदः
योगज्ञः सर्वतंत्राणामस्मदास्थानमाप्नुयात् । २८
। उक्त लक्षण सम्पन्नः स्याच्चेन्मत्पीठ भाग्भवेत्
अन्यथाऽऽरूढ़ पीठोपि निग्रहार्हो मनीषिणाम् । २९

क्रमाङ्क (४) भर्तृ प्रपंच ।

इस विषय पर नीचे दिये हुए विचार, कल्याण मासिक ई. सन् १९३६ के वेदान्त अंक से उद्धृत किये गये हैं जिसके लिये लेखक उक्त प्रकाशन का बहुत कृतज्ञ है । यह सम्प्रदाय भेदाभेद, द्वैताद्वैत, अनेकान्तवाद, इन नामों से भी प्रसिद्ध है । इसका महत्व का सिद्धान्त 'ज्ञानकर्मसमुच्चय' है । इनके मत में ब्रह्म, स्वरूप से एक है, और जगद्रूप से नाना भी है । एवं इन्होंने एकान्ततः कर्म अथवा ज्ञान को स्वीकार न कर दोनों के समुच्चय में

सार्थकता मानी है। भर्तृ प्रपंच की दृष्टि से, संसार तथा अखिल अनंत जीव, परमात्मा के एक देश मात्र हैं—जैसे ऊषर देश पृथिवी के एक देश में आश्रित है। परमात्मा सच्चिदानन्द रूप स्वभाव हैं किन्तु उनमें अविद्या और तज्जन्य अनन्त विशेष, अव्यक्त भाव से अवस्थित हैं। अविद्या उत्पन्न होने से ब्रह्म में विकृति हो कर सर्व विशेष, व्यक्त हो जाते हैं। इस विकार का परिणाम तीन प्रकार होता है—(१) अन्तर्यामी तथा जीव रूप में (२) अव्याकृत, सूत्र, विराट तथा देवता रूप में, और (३) जाति तथा पिण्ड रूप में। ये आठ अवस्थाएँ ब्रह्म की हैं। प्रकारांतर से इनके तीन विभाग होते हैं:—(१) परमात्म राशि (२) जीव राशि और (३) मूर्तामूर्त राशि। अविद्या, जीव में विकार उत्पन्न करती हुई अनात्म स्वरूप अंतःकरण में धर्म भाव से रहती है। काम, वासना आदि जीव के धर्म हैं। विद्या कर्म तथा संस्कार इन कारणों से जीव, संसार चक्र में फँसा रहता है।

ब्रह्म एक होने पर वह प्रपंच रूप भी है। जैसा अद्वैत भाव सत्य है, वैसा द्वैत भाव भी सत्य है। द्वैत भाव की सत्ता से कर्म काण्ड का प्रामाण्य सिद्ध है। कार्य कारण भाव कल्पित नहीं है, किन्तु सत्य है। मुमुक्षु तथा मुक्त पुरुष का आत्मदर्शन, ठीक एक प्रकार का नहीं है। प्रथम, परिच्छिन्न परमात्म दर्शन है। परिच्छेदक विज्ञान ही अविद्या है 'अहमेव इदं सर्वम्' इत्याकारक अर्थबोध परमात्मा में नित्य है। परन्तु तिरस्कृत विज्ञान सांसारिक आत्मा में इस प्रकार के बोध का अस्तित्व अनित्य है। अविद्या के सम्बन्ध से परब्रह्म ही हिरण्यगर्भ पदवाच्य होता है। हिरण्यगर्भ सर्वत्र व्यापक है, एवं निखिल सत्वोंका आत्मा अथवा जगदात्मा है। जीव, ब्रह्म का परिणाम स्वरूप है। हिरण्यगर्भ के साथ आसक्ति के सम्बन्ध से जीवभाव का विकास होता है। आसंग या वासना, अंतः-करण का धर्म है। यह जीव में संक्रांत हो कर जीवधर्म बन जाता है। जीव ही कर्ता, भोक्ता तथा ज्ञाता है।

मोक्ष दो प्रकार का है (१) अपर मोक्ष अथवा अपवर्ग और (२) परा-मुक्ति अथवा ब्रह्मभावापत्ति। इसी देह में ब्रह्म साक्षात्कार हो कर प्रथम प्रकार

का मोक्ष आविर्भूत होता है, जो यह जीवन्मुक्ति के अनुरूप है। वस्तुतः यह आसंग त्याग निमित्तक संसार निवृत्ति मात्र है। देहपात न होने से ब्रह्म में लय नहीं हो सकता, उसके अनन्तर ही परम मोक्ष का उदय होता है। इस ब्रह्म भावापत्ति का आविर्भाव अविद्यानिवृत्ति के फल स्वरूप है। अर्थात् इस अपवर्ग दशा में ब्रह्मसाक्षात्कार होने पर भी, अविद्या पूर्णतया निवृत नहीं होती।

भर्तृप्रपंच 'प्रमाण समुच्चय' वादी थे। उनके मत में लौकिक प्रमाण और वेद दोनों सत्य हैं। इसी लिये उन्होंने लौकिक-प्रमाण गम्य भेद को और वेदगम्य अभेद को सत्यरूप माना है। इसी दृष्टि से इनके मत में मोक्ष प्राप्ति के लिये 'ज्ञान कर्म समुच्चय' ही प्रकृष्ट साधन मान लिया गया है।

क्रमाङ्क (५) हैरण्यगर्भः इनके तत्त्व ज्ञात नहीं हैं।

,, (६) पाणिनीयः ,, ,, ,, ,, ,,

,, (७) रामानुज :

। नित्यं हेयगुणावधूननपरा नैर्गुण्यवादा श्रुतौ
स्पष्टार्थाः सगुणोक्तयः शुभ गुण प्रख्यापनाद्ब्रह्मणः
अद्वैत श्रुतयो विशिष्ट विषया निष्कृष्ट रूपाश्रया
भेदोक्तिः तदिहाखिलश्रुतिहितं रामानुजीयं मतम् ।

इस सम्प्रदाय में तत्त्वों के दो प्रमुख विभाग माने गये हैं (१) प्रमाण और (२) प्रमेय। प्रमाण तीन हैं प्रत्यक्ष अनुमान और शब्द। प्रमेय भी तीन हैं, द्रव्य गुण और सामान्य। समवाय अमान्य है। द्रव्य छः, ईश्वर जीव नित्य-विभूति ज्ञान प्रकृति और काल। प्रकृति को सांख्य मत के प्रधान के समान त्रिगुण रूप तथा २४ तत्त्वों की मानते हैं, आगे क्रमाङ्क (१४) देखिये। गुण दश, सत्व, रज, तम, शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गंध, संयोग, और शक्ति अर्थात् कारणत्व।

ईश्वर, पंचव्यूहात्मक जैसे पर, व्यूह विभव अन्तर्यामी और अर्चावतार। परमेश्वर नित्य मुक्त याने प्राप्य जो नारायण। वासुदेव संकर्षन प्रद्युम्न और अनिरुद्ध ये चार व्यूह हैं। इनमें पहला ज्ञान बल ऐश्वर्य वीर्य शक्ति और तेज इन छैं गुणों से सम्पन्न है; इतर दो दो गुणों से ही सम्पन्न माने गये हैं। जीव अनंत नित्य और ईश्वर परतन्त्र माने गये हैं। आकाश निरंश द्रव्यरूप, काल जड़ और विभु, दिशा, आकाश विभाग रूप और अंधकार को द्रव्य रूप माना गया है।

क्रमाङ्क (८) पूर्ण प्रज्ञ (मध्व) दर्शन

। श्रीमन्मध्वमते हरिः परतरः सत्यं जगत्तत्वतः
भिन्ना जीवगणा हरेरनुचराः नीचोच्चभावं गताः
मुक्तिर्नैज सुखानुभूतिरमला भक्तिश्च तत्साधनम्
ह्यक्षादि त्रितयं प्रमाणमखिलाम्नायैक वेद्यो हरिः ।

इस दर्शन के तत्त्व नीचे दिये गये हैं



इस दर्शन में पदार्थ दश : द्रव्य गुण कर्म सामान्य विशेष विशिष्ट अंशि शक्ति सादृश्य और अभाव, ऐसे माने गये हैं। द्रव्य के प्रकार २०, गुण अनेक, सामान्य दो, पर और अपर; विशेष अनंत, ऐसा स्वीकार है। समवाय अमान्य है। शक्ति चतुर्विध, अचिन्त्य, आधेय, सहज और पद; अभाव, चार, दिक् भूताकाश से पृथक्, अव्याकृत आकाश रूप। परिमाण तीन, अणु, मध्यम और महत् तत्त्व। सांख्यदर्शन के समान चौबीस शब्द। पञ्चभूतों का गुण। आकाश, अनारम्भक अवयवों का; काल शक्तिरूप, और अन्धकार द्रव्यरूप, ऐसा माना गया है।

क्रमाङ्क (९) *निम्बार्क* : विशेष अनवगत हैं।

,, (१०) *वल्लभ* : ,, ,,

,, (११) *तांत्रिक* : ,, ,,

,, (१२) *जगद्विभ्रम वाद* :—

इस में तीन कक्षा के मत दिखाई देते हैं, एक मत 'एकजीव वाद' नाम से अभिहित होता है। इसमें माना गया है कि निर्गुण निरवयव अवाङ्मनस गोचर परब्रह्म से एक अंश बाहर निकल आता है, अज्ञान से भ्रान्त होता है। और फिर अपने मन ही मन इस अनन्त ब्रह्माण्डों की काल्पनिक सृष्टि बनाता है! अर्थात् यह विराट प्रपंच मानो उसका स्वप्न है और यहाँ के अनन्त जीव उसीके स्वाप्निक पदार्थ हैं। अतः शुक बामदेवादि-महर्षियों के चरित्र और कथाएँ, बातें ही बातें हैं! यहाँ पर न कोई हुआ है, न बद्ध है, और न कोई मुक्त होता है। जो कुछ है वह एक ही पहला जीव है जो बद्ध है। और अनन्त काल के बीत जाने पर यदि उसे सम्यक् तत्त्व विज्ञान हो, तो मुक्त हो जायगा। फिर इसके पश्चात् सम्भवतः दूसरा अंश निकल पड़ेगा। और इसी प्रकार सृष्टि क्रम जारी रहेगा। यही एक जीव वाद की विचित्र कल्पना है।

कतिपय पण्डित, इस एक **जीव** को अनादि **अज्ञान** का सृजा हुआ मानते हैं !

दूसरे मत से, अनन्त जीव अपनी अपनी अविद्या के परिणाम रूप यथा कथंचित् उत्पन्न होते हैं, जन्म मरण के चक्र में विचरण करते हैं, और अनेक जन्मों के पुण्य से, सम्यग्ज्ञान पाकर **मुक्त** होते हैं। कहा जाता है कि यह मण्डन मिश्र का ब्रह्माद्वैतवाद है, जिसमें प्रथम जीव या उसकी अविद्या की कोई उपपत्ति नहीं की गयी है, प्रत्युत यह असंगति ही भूषण मानी गयी है !

तीसरी श्रेणी के पण्डितों की यह सम्मति है, कि परब्रह्म परमात्मा के कोई अंश वंश होते नहीं, पर अकस्मात् एक विचित्र स्वपरनिर्वाहक अनात्म **माया** उत्पन्न होती है, जो इन ब्रह्माण्डों की और अनन्त जीवों की सृष्टि स्थिति लय करती है; और यह क्रम अनन्त कालतक चलता रहता है। इसमें अज्ञान परिकल्पित पुण्य पापों की और जन्म जन्मान्तरों की व्यवस्था बनी बनायी है। इन परिभ्रम माण जीवों में, यदि किसी पुण्य सम्पन्न जीव को, वैराग्यादि साधन प्राप्त हों, और सद्गुरु मिल जाए, तो ब्रह्म तत्त्व विज्ञान से, उसे मोक्ष लाभ होता है। पर इन ब्रह्माण्डों की तथा चराचर सृष्टि की घटनाएँ, जीवों की बद्धता या मुक्तता, श्रीराम कृष्णादि अद्भुत अवतारों के कार्य, इनकी परब्रह्म को कोई खबर नहीं है ? उनको स्वयं का भी ज्ञान नहीं है, क्योंकि ज्ञाता, ज्ञान और ज्ञेय इनके अर्थों का ही उनको अज्ञान है, और न उनको इसका कुछ उपयोग ही है !!

ये तीनों मत, कैसे श्रुति प्रमाण विहीन हैं, और तर्काप्रतिष्ठित हैं इस पुस्तक में भूरिशः सिद्ध किया गया है। यहाँ पर उनके तत्त्व बताने हैं। इन्होंने अपने तत्त्व प्रायः अनीश्वरवादी सांख्यों के ही स्वीकार किये हैं; और जो ईश्वर माना है वह भी, माया के पुत्र के नाते माना है, परब्रह्म स्वरूप नहीं !

क्रमाङ्क (१३) ईश्वरवादी सांख्य :

प्रतीत होता है कि प्राचीन उपनिषद् काल में, पहले पहल, सांख्य शास्त्र और अद्वैत विज्ञान एक ही थे। श्री मद्भगवद्गीता में भी सांख्य ज्ञान का अर्थ अद्वैत सिद्धान्त ही है, और इस दृष्टि से अद्वैत विज्ञान के २५ तत्त्व, जो प्रकरण (३०) पृष्ठ ५८ पर दिये गये हैं, इनके भी वही हों। परन्तु परवर्ती काल में सांख्य विज्ञान में बड़े दोष उत्पन्न हो गये। सम्भव है कि, इनके अनुयायी गण ने पहले भेदाभेद वाद को अंगीकार किया, फिर भेदवाद वाला द्वैतवाद मान लिया, जिसमें वे ईश्वर को मानते रहे, और अन्त में ईश्वर को भी छोड़ कर वे पक्के नास्तिक द्वैती बन गये। ब्रह्मसूत्र भाष्य में जो सांख्य मत का खण्डन है वह, उनके विकृत मतों के सम्बन्ध में ही हैं। कारण कि उन्होंने :—

(१) श्रौत ब्रह्म कारणता वाद को त्याग कर जड़ प्रधान कारणता वाद को स्वीकार कर लिया।

और (२) प्रधान और अनन्त जीवों को स्वयंभू नित्य मान लिया, अर्थात् द्वैत मत को पूर्णता से अपना लिया। फिर भी, जीवों को अनन्त मानते हुए, वे विभु भी मानते हैं, यह एक बड़ा आश्चर्य है।

अद्वैत सिद्धान्त के अनुसार परब्रह्म में तनिक भी भेद नहीं है। इसका पर्याप्त विवरण प्रकरण (४१) परिच्छेद (१) पृष्ठ १४५ पर किया गया है। परब्रह्म, संसारी जीवात्मा नहीं है, बुद्धिस्थ अहंकार जो चिदाभास, वही संसारी है, और प्रति शरीर भिन्न है। पीछे जो सप्त दशात्मक लिङ्ग शरीर बताया गया है, वह इसका है : स्थूल और कारण शरीर भी इसी का है। किन्तु इस दृष्टि से भटक कर सांख्योंने पहले भेदाभेद मत, फिर सेश्वर द्वैत मत और फिर अनीश्वर द्वैत मत भी स्वीकार कर लिया है। इनके ग्रन्थों में अनेक परस्पर विरुद्ध मत दिखाई देते हैं, उनमें से अद्वैत सिद्धान्त के निम्न के मत भी ग्रथित किये गये हैं, यह आश्चर्य है।

(१) 'अहंकारः कर्ता न पुरुषः' (सांख्य सूत्र ६-५४)

(२) 'निर्गुणत्वात् तदसंभवात् अहंकारधर्माह्येते' (सांख्य सूत्र ६-६३)

(३) 'तस्मान्न बध्यते नापि मुच्यते नापि संसरति कश्चित्। संसरति बध्यते मुच्यते च नानाश्रया प्रकृतिः'। (सांख्य कारिका ६२)

क्रमाङ्क (१४) सांख्य (अनीश्वर वादी) :

इनके २५ तत्त्व प्रकरण (३०) परिच्छेद (१) पृष्ठ १८ पर दिये गये हैं। परन्तु ये पुरुषों को विभु मानते हुए अनन्त मानते हैं, और बद्ध मानते हुए नित्य मुक्त भी मानते हैं ! इसका विचार ऊपर बताया गया है।

क्रमाङ्क (१५) योग :

इन के तत्त्व ईश्वरवादी द्वैती सांख्य मत के अनुसार हैं, जो अङ्क १३ में ऊपर दिये गये हैं। विशेष इतना ही है कि, ये प्रकृति पुरुष को अत्यन्त भिन्न द्वैत रूप मानते हैं, और ब्रह्म को नहीं मानते !

क्रमाङ्क (१६) प्रत्यभिज्ञा दर्शन :

ये भेदाभेद वादी होने से, सब जड़ पदार्थों को परमात्मा से भिन्नाभिन्न और जीवात्मा को परमात्मा से अभिन्न मानते हैं। इनके तत्व यह हैं :—


तत्त्व
कार्य (अस्वतंत्र)
कारण (स्वतंत्र)
परमेश्वर
योग
(जीवेश्वर सम्बन्ध)
विधि
(धमार्थ साधक)
दु:खान्त
(मोक्ष)
विद्या
(जीव गुण)
कला
(जड़वर्ग)
पशु
(जीवात्मा)
कार्य रूप
पञ्च महाभूत
पञ्च तद्गुण
करण रूप
पञ्च कर्मेन्द्रिय
पञ्च ज्ञानेन्द्रिय
त्रिविध अंत:करण

प्रत्यभिज्ञा दर्शन के तत्त्व कुछ ग्रन्थों में इस प्रकार भी बताये गये हैं।



ये २ + ३ + ६ = ११ होते हैं। इनके सिवाय अनीश्वर वादी सांख्यों के २५ तत्त्व भी इन्होंने मान्य किये हैं। अतः इनके कुल ३६ तत्त्व होते हैं। उपरोक्त मत अभिनव गुप्ताचार्य ने प्रतिपादित किया है।

क्रमाङ्क (१७) रसेश्वर दर्शन :

ये उपरोक्त विवरण के ही पक्षपाती हैं।

क्रमाङ्क (१८) नकुलीश पाशुपत दर्शन :

ये द्वैतवादी हैं, जीवात्मा और जड़ सृष्टि को परमात्मा से भिन्न मानते हैं, इस भेद से इनके तत्व भी ऊपरवाले ही हैं।

क्रमांक (१९) शैव दर्शन :

ये भी उपरोक्त मतानुयायी हैं, पर इनके तत्त्व ये हैं :—



क्रमांक [२०] न्याय दर्शन :

इनका मत है कि प्रमाण प्रमेयादि १६ पदार्थ और उनके विभागों के परिज्ञान से, मोक्ष प्राप्त हो सकता है। इस मत के सप्त पदार्थ और उनके विभाग, निम्न प्रकार हैं :—

(१) द्रव्य ९ :—पृथिवी, आप, तेज, वायु, आकाश, काल, दिक्, आत्मा और मन।

(२) गुण २४ :—गंध, रस, रूप, स्पर्श, शब्द, संख्या, परिमाण, पृथक्त्व, संयोग, विभाग, परत्व, अपरत्व, बुद्धि, सुख, दुःख, इच्छा, द्वेष, कृति, गुरुत्व, द्रवत्व, स्नेह, संस्कार, धर्म, अधर्म।

(३) कर्म ५ :—उत्क्षेपन, अपक्षेपन, आकुंचन, प्रसारण, और गमन।

(४) सामान्य ३ :—पर, अपर, परापर।

(५) विशेष अनन्त :—परमाणुओं के अथवा द्रव्यों के परस्पर भेदक धर्म।

(६) समवाय १ :—नित्य सम्बन्ध विशेष।

(७) अभाव ४ :—विवरण के लिये पृष्ठ १६० देखिये। इस दर्शन में अन्धकार को अद्रव्य रूप, याने आलोकाभाव रूप, माना गया है। ईश्वर का सद्भाव अनुमान के आधार पर माना गया है। यदि घट कोई कार्य पदार्थ है, तो उसका कर्ता कुलाल मानना ही पड़ता है, यही न्याय ईश्वर की सिद्धि के लिये प्रमाण माना गया है।

क्रमांक [२१] वैशेषिक दर्शन :

इसके आद्य प्रवर्तक महर्षि कणाद हैं, जो कश्यप गोत्रोत्पन्न होने से, काश्यप भी कहलाये गये हैं। वायु पुराण में कणाद, प्रभास निवासी सोमशर्मा के शिष्य बतलाये गये हैं। उलूक मुनि के पुत्र होने से इनके सिद्धान्त को औलूक्य दर्शन कहा जाता है। और 'विशेष' नामक पदार्थ की विशिष्ट कल्पना करने के कारण इसको 'वैशेषिक' संज्ञा प्राप्त हुई है।

इस दर्शन में निम्नांकित छः पदार्थ माने गये हैं :—

(१) द्रव्य ९ प्रकारके :—न्याय दर्शन के समान।

(२) गुण २४ प्रकारके :— ,, ,, ,,

(३) कर्म ५ ,, ,, ,, ,,

(४) सामान्य २ प्रकारका :— पर और अपर।

(५) विशेष अनन्त :— द्रव्यों के अथवा परमाणुओं के भेदक धर्म।

(६) समवाय ,, नित्य सम्बन्ध विशेष।

अभाव, अलग पदार्थ नहीं, प्रतियोगि रूप माना गया है। उसके ४ प्रकार हैं:—प्राक् प्रध्वंस अत्यन्त और अन्योन्याभाव, जिसका विवरण पीछे पृष्ठ १६० पर किया गया है।

अंधकार भी भावरूप पदार्थ नहीं, आलोकाभाव रूप माना गया है। शक्ति और सादृश्य भाव रूप तो हैं, परन्तु वे ऊपर के छः पदर्थों को छोड़ कर नहीं रहते, अतः अलग नहीं माने गये हैं।

ईश्वर के सम्बन्ध में 'न्याय' मत का ही स्वीकार किया गया है।

क्रमांक [२२] चार्वाक :

इनके मत में पृथिवी, आप, तेज और वायु, ये चार ही भूत माने गये हैं। आकाश, अमान्य है। इन भूतों के परमाणु नित्य अनादि स्वयंभू हैं, और इन्हीं से सब प्रपंच बनता है, ऐसा इनका स्वीकार है। इनके बृहस्पति नामक आचार्य थे, जिनके कतिपय सूत्र 'अद्वैत ब्रह्मसिद्धि' से नीचे उद्धृत किये गये हैं।

(१) पृथिव्यप्-तेजोवायुरिति तत्त्वानि

(२) तत्समुदाये शरीरेन्द्रिय विषयसंज्ञा

(३) तेभ्यश्चैतन्यम्

(४) किण्वादिभ्यो मदशक्तिवत् विज्ञानम्

(५) चैतन्यविशिष्टकायः पुरुषः

(६) काम एव एकः पुरुषार्थः

(७) मरणमेवापवर्गः

क्रमांक [२३] जैन :

इनके मत में मुख्य नव पदार्थ माने गये हैं। जैसा :— जीव, अजीव, पुण्य, पाप, आस्रव, संवर, बंध, निर्जर और मोक्ष। इन्होंने पदार्थों के वर्गीकरण और विस्तार के वर्णन करने में बारीकियों की मानो कमाल करदी है, जिसका संक्षेप करना दुर्घट है।

क्रमांक [२४] बौद्ध विज्ञान :

इस सम्प्रदाय के चार विभाग हैं :—

(१) वैभाषिक
(२) सौत्रांतिक
} इनको हीनयान पंथ कहते हैं।

(३) योगाचार
(४) माध्यमिक
} इनको महायान पंथ कहते हैं।

(१) वैभाषिकों के मत में, दृश्य जगत् सत्य है, और पदार्थों की प्रतीती मानव को यथार्थता से हो सकती है ऐसा स्वीकार किया गया है।

(२) सौत्रांतिकों के मत में, दृश्य जगत् सत्य है, परन्तु उसकी यथार्थ प्रतीति मानव को नहीं हो सकती, क्योंकि हमे जो ज्ञान होता है, वह हमारे वासना और संस्कार दूषित मन में, जो पदार्थों का प्रतिबिम्ब होता है, उसीसे होता है। अर्थात् वह सत्य नहीं है।

(३) योगाचारों के मत में मनके अन्दर जो हमें विज्ञान होता है, वही सत्य है। बाहेर के पदार्थ सत्य नहीं हैं, प्रतिभास मात्र हैं।

(४) माध्यमिकों के मत में, मनका विज्ञान भी आभास मात्र है। अन्दर बाहेर कुछ भी सत्य पदार्थ नहीं हैं, शून्य ही केवल सत्य है।

हीनयान पंथ के अनुसार पदार्थों का प्रपंच और लोक व्यवहार की उपपत्ति निम्न प्रकार है :—



ऊपर कथित पदार्थों की उत्पत्ति और विस्तार तथा लौकिक व्यवहारों की सिद्धि, अविद्या दि सत्रह् हेतु हेतुमद्भावों के द्वारा होती है, जिसकी प्रणाली इस प्रकार बताई गयी है :—अविद्या, संस्कार, विज्ञान, नाम, रूप, षडायतन स्पर्श, वेदना, तृष्णा, उपादान, भव, जाति, जरा, मरण, शोक, परिदेवना, दुःख, और दुर्मनस्ता। इस कार्यकारण सम्बन्ध को 'प्रतीत्य समुत्पाद' ऐसी पारिभाषिक संज्ञा है। 'प्रतीत्य = कारणानि प्राप्य, कार्यस्य उत्पादः' ऐसी इसकी व्युत्पत्ति है। इसके भी दो विभाग माने गये हैं, जिनके नाम (१) हेतूपनिबंधन प्रतीत्य समुत्पाद और (२) प्रत्ययोपनिबंधन प्रतीत्य-समुत्पाद हैं। पहला साक्षात् कारण रूप है और दूसरा सहकारि या पर्याय से कारण रूप माना गया है।

इस सम्प्रदाय में चार 'आर्यसत्यों' पर और अष्टांगिक मध्यम मार्ग पर बड़ा ही जोर दिया गया है। चार आर्य सत्य ये हैं :—

(१) दुःख सत्य :— सांसारिक प्रतिकूल प्रत्यय।

(२) समुदाय सत्य :— इन दुःखों का कारण तृष्णा है।

(३) निरोध सत्य :— इस तृष्णा का और सब दुःखों का आत्यंतिक नाश यही निर्वाण अवस्था है।

(४) मार्ग सत्य :— निर्वाण प्राप्त करने का उपाय।

इसी को अष्टांगिक मध्यम मार्ग कहते हैं जो निम्न में दिया गया है :—

(१) सम्यक् दृष्टि :— सब दुःख क्षणिक भ्रम रूप हैं, ऐसी दृढ़ भावना।

(२) ,, संकल्प :— कर्म त्याग और प्राणिमात्र पर प्रेम।

(३) ,, वाचा :— सच्चा और प्रिय भाषण।

(४) सम्यक् कर्म :— निष्पाप आचरण ।

(५) ,, आजीव :— अपनी जीविका, बिना किसी को क्लेश दिये, बनाना ।

(६) ,, व्यायाम :—दुराचार का त्याग और सत्कर्मों का आचरण ।

(७) ,, स्मृति :— हर बात में सावधानता रखना ।

(८) ,, समाधि :— एकाग्रता साध्य करने के लिये ध्यान योग का साधन । इसी को 'अधिचित्त शिक्षा' अथवा 'कुशल समाधि' कहा गया है ।

ऐसी एकाग्रता की सिद्धि के अनंतर 'अधिप्रज्ञा शिक्षा' याने प्रज्ञालाभ के लिये प्रयत्न होना अवश्य है जिसके उपरान्त निर्वाण का लाभ बन सकता है ।

क्रमाङ्क (२९) वीर शैव पंथ : इनके तत्त्व ऐसे हैं ।





इच्छाशक्ति महेश्वर का ही विराट-स्वरूप, स्वर्ग पाताल और चराचर प्रपंच है।

यह एक भक्ति प्रधान सम्प्रदाय है जिसमें शिवार्चना और उपासना का मार्ग ही प्रमुख बताया गया है, जिसके अष्टावरण नामक आठ साधन हैं :- (१) गुर्वाज्ञा परिपालन (२) लिंगपूजा (३) जंगमों का आदर (४) विभूति लेपन (५) रुद्राक्ष धारण (६) पादोदक सेवन (७) प्रसाद भक्षण और (८) 'नमः शिवाय' यह पंचाक्षरी जप। मोक्ष प्राप्ति की छः अवस्थाएँ हैं, जिनको षट् स्थल कहते हैं जैसे :—(१) भक्त (२) महेश (३) प्रसादि (४) प्राणलिंग (५) शरण और (६) ऐक्य, अथवा सायुज्य प्राप्ति।

क्रमाङ्क (३०) भौतिक विज्ञान वादी :

इन पदार्थ विज्ञान शास्त्रियों की गवेषणाएँ, ई० सन के सोलहवीं शताब्दी के प्रारम्भ से हो रहीं हैं। ई० सन के उन्नीसवीं शताब्दि के आरम्भ तक

मूलतत्त्वों की संख्या लग भग २० ही समझी जाती थी, किन्तु इसी शताब्दि के अन्त में यह संख्या ९३ तक पहुँच गई। तदनन्तर २० वीं शताब्दि के आरम्भ से एक ही विद्युच्छक्ति तत्त्व माना गया है। कुछ ही दिन हुए पश्चिम जगत् के विद्वन्मूर्धन्य गणित शास्त्रज्ञ प्रोफेसर आइनस्टाइन का अनुशोधन है कि इस विश्व को व्यापने वाला एक (Unified Electro-Magnete Field) एकरस विद्युच्चुम्बकीय क्षेत्र है, जिसके ज्वार हिल्लोल, वीचि, तरंग और लहरें ही हमको अनन्त पदार्थों के रूपों से दिखाई दे रही हैं। अणु, परमाणु पञ्च महाभूत, सब उसीके बने हैं। परमाणुओं के भीतर, आश्चर्यकारी विस्फोट शक्ति रहती है, यह बात तो अब बच्चों बच्चों को ज्ञात होगयी है। नित्य वर्धिष्णु ज्ञान के नित्य दूर भागने वाले क्षितिज का उल्लेख उपोद्घात के पृष्ठ क. ४० पर किया गया है। अब प्रश्न यही होता है, कि क्या इन शक्तियों और अजस्र घटनाओं का भी कोई नियामक एवं प्रशासक है या नहीं? यदि है, तो किस कारण वह अपने कोछु पाता है और उसके ज्ञान से हमें वञ्चित रखता है? इस समस्या पर जगत् के विद्वदग्रणी अभी निराश नहीं हुए हैं।

आगे भौतिक विज्ञान की गवेषणाओं का एक संक्षिप्त पत्रक, दिया गया है। और अन्त में ज्योतिर्गणित विद्या में पश्चिम के विद्वानों ने अब तक जो प्रगति की है, और हमारे सूर्य मण्डल के जो विशेष खोज निकाले हैं, उसका एक पत्रक आगे जोड़ दिया है, जिसे देख प्रेमी पाठकों को आश्चर्य और प्रसन्नता होगी।

भौतिक-विज्ञान शास्त्र की गवेषणाएँ और सिद्धान्त

प्रमुख गवेषणा पंडितों के कार्य

गवेषणा काल	अनुशोधन या अविष्कार का विषय	गवेषक का नाम, काल, देश और अधिकार
ई. स. १५१५	सूर्य केन्द्र सिद्धान्त	कोपर्निकस (१४७३-१५४३) पोलैंड के प्रख्यात ज्योतिर्विद् ।
१६३०	बृहस्पति के उपग्रहों तथा सूर्यग्रह पर के काले दागों का शोध । सूर्य केन्द्र सिद्धान्त को भी इन्होंने दोहराया ।	गॅलिलियो (१५६४-१६४२) इटली के ख्यात नाम ज्योतिर्विद् ।
१६८४	गुरुत्वाकर्षण और उसके नियम ।	सर आइजक् न्यूटन (१६४२-१७२७) इंग्लैंड के बड़े गणितज्ञ ज्योतिर्विद् और तत्त्वज्ञ
१६८४	गणित शास्त्र (कॅल्क्युलस) की पद्धति में नया आविष्कार ।	जी. डब्ल्यु लिबनिट्झ. (१६४६ १७१६) जर्मन गणितज्ञ ।
१७४३ } १७९४ }	जड़ तत्त्वों की अविनाशिता का सिद्धान्त ।	लेव्हॉजिए (१७४३ - १७९४) फ्रान्सीसी शास्त्रज्ञ ।
१७७४	भाप का इन्जेन और गवर्नर का आविष्कार ।	जेम्स वॉट (१७५४-१८१९) अंगरेज गणितज्ञ ।

गवेषणा काल	अनुशोधन या अविष्कार का विषय	गवेषक का नाम, काल, देश और अधिकार
१७८१	'यूरेनस' ग्रह का अनुशोधन ।	सर फ्रेड्रिक विल्यम हर्षेल (१७३८ १८२२) अंगरेज ज्योतिर्विद् ।
१७९१	प्राणिगत विद्युत् का अनुशोधन ।	लिव्हिगी गॅल्व्हनी (१७३७–१७९८) इटली के विज्ञान शास्त्रज्ञ
१८००	परमाणु सिद्धान्त ।	डाल्टन (१७६६–१८४४) इंग्लैंड के रसायन शास्त्रज्ञ ।
१८४०	डायनेमो यंत्र का शोध ।	फॅरेडे (१७९१-१८६१) इंग्लैंड के बड़े विज्ञान शास्त्रज्ञ ।
१८४३	निर्वात नलिका प्रयोग से परमाणू के घटक ऋण विद्युत्कणों का शोध ।	सर विल्यम् क्रुक्स (१८३२–१९१९) इंग्लैंड के बड़े भौतिक शास्त्रज्ञ ।
१८४६	नेपचून ग्रह का अनुशोधन ।	इसका अनुशोधन ज्योतिः शास्त्रज्ञ गैले ने बर्लिन के आबजर्वेटरी में किया ।
१८५९	मानव वंश की उत्पत्ति की कल्पना ।	चार्लस डार्विन (१८०९–१८८२) इंग्लैंड के निसर्ग शास्त्रज्ञ ।
१८६८	डायनामैट का शोध ।	आल्फ्रेड बर्नाड नोबेल (१८३३–१८९६)।
१८६९	मूल तत्त्वों का गुरुत्वापेक्ष चक्रिका रूप वर्गीकरण ।	मॅंडेलेएफ् (१८३४ – १९०७) रशिया के शास्त्रज्ञ ।

गवेषणा काल	अनुशोधन या अविष्कार का विषय	गवेषक का नाम, काल, देश और अधिकार
१८७०	प्रकाश औष्ण्य विद्युत और अयस्कांत के गूढ़ धर्म।	जेम्स क्लार्क मॅक्स्वेल (१८३१-१८७९) स्कॉटलेंड के गणितज्ञ वैज्ञानिक। इनकी सूक्ष्म आलोचना भौतिक विज्ञान में फलदायी हुई है।
१८८५	विद्युत्वीचिसंचार, जिसको 'हर्ट्झियन् वेव्ह्ज' कहते हैं। इससे बिनातार विद्युत्संदेश भेजने का उपक्रम हुआ।	एच् आर हर्ट्झ (१८५७-१८३४) जर्मन वैज्ञानिक।
१८९५	'क्ष' किरणों का शोध।	रंटजेन (१८४५-१९२३) विख्यात जर्मन वैज्ञानिक।
१८९५	मूलद्रव्य युरेनियम् युक्त पदार्थों से 'क्ष' किरणों का निकलना।	हेन्री बेकेरेल, पॅरिस विश्वविद्यालय के प्राध्यापक।
१८९६	बिना तार के विद्युत्संदेश भेजने का आविष्कार। १९०१ में पहला ऐसा सन्देश, न्यूफौन्डलैन्ड और कॉर्नवाल में भेजा गया।	इटली के विद्वान् अन्वेषक जी मार्कोनी (१८७४.....)
१८९७	विद्युत्कणों का अनुशोधन (कहा जाता है कि इन का वजन हाइड्रोजन के परमाणु के $\frac{१}{२०००}$ अंश होता है।	सर जोज़ेफ थॉस (१८५६.....) इंग्लैंड के वैज्ञानिक।

गवेषणा काल	अनुशोधन या अविष्कार का विषय	गवेषक का नाम, काल, देश और अधिकार
१८९८	रेडियम धातु का शोध ।	मॅडेम क्यूरी (.....१९३४) तथा उनके पति पियेरे क्यूरी (१८५९-१९०६) फ्रान्स के बड़े वैज्ञानिक ।
१९००	परमाणुओं की विद्युन्मय घटना और 'क्ष' किरणों के निकलने से मूल द्रव्य में परिवर्तन की प्रक्रिया ।	सर अर्नेस्ट रुदर फोर्ड (१८७१-१९३७) इंग्लैंड के प्रथित यश वैज्ञानिक ।
१९०५	'Relativity' अर्थात सापेक्षता सिद्धान्त, देखिये पृष्ठ १३३ तथा १५० ।	आलबर्ट आइन-स्टाइन (जन्म १८७९) जर्मन, गणित शास्त्र विशारद और वैज्ञानिक ।
१९१०	विद्युत् कणों का शोध जिनका वजन, हैड्रोजन के १/२००० अंश रहता है ।	रॉबर्ट मिलिकॅन अमेरिका के वैज्ञानिक ।
१९१५	प्राणि और वनस्पति की जीवन क्रिया में साम्यता की सिद्धि ।	सर जगदीश चंद्र बोस (१८५८ .....) भारत के वैज्ञानिक ।
१९३०	प्लूटो नामक ग्रहका अनुशोधन ।	यह अनुशोधन लोवेल आवजरवेंटरी फ्लॅगस्टाफ, ऐरीजोना में किया गया ।

गवेषणा काल	अनुशोधन या अविष्कार का विषय	गवेषक का नाम, काल, देश और अधिकार
१९३०	पोलोनियम् धातू से उत्पन्न किये हुए हीलियम् धातु कण अथवा आल्फा किरणों से बेरिलियम् धातु पर बम्बारी करने से कृत्रिम किरणों की उत्पत्ति।	बोथ और बेक्कर जर्मन वैज्ञानिक।
१९३२	Heavy Hydrogen or Deccterium, गुरु हैड्रोजन।	डॉ. हॅरोल्ड. सी. यूरे अमेरिका के वैज्ञानिक।
१९३२	लिथियम् परमाणु का दो हीलियम परमाणुओं में विभाजन।	सर अर्नेस्ट रुदर फोर्ड (१८७१-१९३७) इंग्लैंड के ख्यातनाम वैज्ञानिक।
१९३२	न्यूट्रॉन का आविष्कार।	केम्ब्रिज की रसायन शाला के वैज्ञानिक चॅड्विक्।
१९३३	ऊपर दर्शित प्रकार बोरॉन मग्नीशियम् और ॲल्युमिनियम् की बम्बारी से कृत्रिम किरणों की उत्पत्ति।	मॅडेम क्यूरी की बेटी आयरीनी और उसका पति फ्रेड्रिक जोलियो फ्रान्स के वैज्ञानिक।
१९३५	U-235, विशिष्ट प्रकारके यूरेनियम धातु का शोध।	आर्थर जे डेम्प्स्टर अमेरिका के वैज्ञानिक।
१९३९	यूरेनियम् परमाणु का विदारण और तद् द्वारा अद्भुत शक्ति का आविष्कार।	व्हॉन मीटर फ्रीश और स्ट्रासमन दो जर्मन वैज्ञानिकों का अनुशोधन।

गवेषणा काल	अनुशोधन या अविष्कार का विषय	गवेषक का नाम, काल, देश और अधिकार
१९३९	U-235 यूरेनियम् के विशिष्ट प्रकार का अलग करना,	डॉ. आल्फ्रेड ओनेर, अमेरिकन मिनेसोटा विश्व विद्यालय के प्राध्यापक।
१९३९	थोरियम्-यूरेनियम् धातुओं की केन्द्रों से बम्बारी Discovery of carriers of Radio activity, 2 Barium.	एमिको फर्मी, इटली के वैज्ञानिक।
१९४२	U-239 फ्लूटोनियम् की निर्मिति।	न्यूयार्क निवासी अमेरिकन वैज्ञानिकों की सभा।
१९४४	अॅटम बम।	जे. आर. ओपेन् हीमर कॅलिफोर्निया विश्व वि. के प्राध्यापक।
१६ जून १९४५	अॅटम्बम् का पहला प्रयोग. इसके भयानक स्फोट् का धमाका २०० मील तक पहुंचा और उसकी ज्वालाएँ सौ मील तक दिखाई दीं।	अमेरिकन वैज्ञानिकों की सभा ने (लॉस अॅमेलॉस न्यू मेक्सिको में जिसका मुख्य ठिकाना है) यह प्रयोग किया।
६ अगस्त १९४५	ऐटम बम् द्वारा जापानी शहर हिरोशीमा का अधिकांश से ध्वंस।	
१० अगस्त १९४५	ऐटम् बम् द्वारा जापानी शहर नागासाकी का उसी प्रकार ध्वंस।	

हमारा सूर्य मण्डल

इस विशाल ब्रह्माण्ड में कितने सूर्य तथा सूर्य मण्डल हैं, मानव बुद्धि को अभी कोई पता नहीं चला है, और न आगे चलने की कुछ आशा दिखाई देती है। परन्तु इसमें सन्देह नहीं, कि हमारे सूर्य मण्डल के सम्बन्ध में पश्चिम के ज्योतिर्विदों ने जो अनेक आश्चर्य भरी बातें खोज निकाली हैं, उन्हें देख, कोई भी पुरुष दांतों तले अंगुली दबाए रह जाएगा। उनके विषय में अनेक ग्रन्थ लिखे गये हैं। यहाँ पर कुछ थोड़ी ही बातें दिखाई जाती हैं।

हमारे सौर परिवार के प्रमुख ग्रह दस हैं, जैसे :—सूर्य, बुध, शुक्र, पृथिवी, मंगल, बृहस्पति, शनि, युरेनस, नेप्चून और प्लूटो। छोटे बड़े उपग्रह कितने हैं अभी निश्चय नहीं हुआ है, परन्तु मुख्य उपग्रह सत्ताईस हैं, जैसे:- पृथिवी का एक, चन्द्रमा, मंगल के दो, बृहस्पति के ग्यारह, शनि के दस, यूरेनस के चार और नप्चून का एक। एवं हमारी पारिवारिक प्रधान मण्डली की संख्या सैंतीस होती है।

वर्त्तमान अनुशोधन से ज्ञात होता है कि मंगल और बृहस्पति की कक्षाओं के अन्तराल में, छोटे छोटे उपग्रह हजारों की संख्या में भ्रमण कर रहे हैं। ई. सन् १९३६ तक इनकी परिगणना कोई ४४००० तक पहुँच गयी थी। ज्ञात नहीं होता कि इसमें परमात्मा ने क्या रहस्य भर रखा है। अब हमसे निकट सम्बन्ध रखने वाले सौर परिवार की कुछ विशेषताएँ निम्न तालिका में दी जाती हैं :—

गोल	सूर्य	पृथिवी	चन्द्रमा	विशेष
पृथिवी से अन्तर	९·२९ कोटि मील	———	२·३८ लक्ष मील	सूर्य के उपादान द्रव्य, ज्वलन्त द्रव रूप तथा वायु रूप होने से यद्यपि पृथ्वी की अपेक्षा लगभग १/४ विरल हैं, तथापि वह अति विशाल होने से उसका वजन पृथ्वी के ३.३१ लाख गुना है।
व्यास	८·६६ लक्ष मील	७९२७ मील	२१६२ मील	
व्यास (पृथिवी की अपेक्षा)	१०९ गुना	१·००	०·२७४ गुना याने लगभग चतुर्थांश	
आकार	३·३४ × १०^१७ घनमील	२·५४ × १०^११ घनमील	५·०५ × १०^९ घनमील	
आकार (पृथिवी की अपेक्षा)	१३ लक्ष गुना	१·००	पचास गुना घटिया	
घनता (जल की अपेक्षा)	१·३९	५·५३	३·४०	
घनता (पृथ्वी की अपेक्षा)	०·२५	१·००	०·६१	
वजन (टनों में)	१·९४५ × १०^१७ (याने १९४. ५ कोटि परार्ध टन)	५·८७ × १०^२१ (याने ५८७० परार्ध टन)	७·०४ × १०^९ (याने ७० परार्ध टन)	
वजन (पृथ्वी की अपेक्षा)	३ · ३१ लाख गुना	१·००	१/८४ अंश छोटा	

संक्षेप से कुछ मोटी बातें यों बताई जा सकती हैं :—

अन्तर : हम से चन्द्रमा जितना दूर है उससे लगभग ४०० गुना हम से सूर्य दूर है।

व्यास : पृथिवी का व्यास चन्द्रमा के व्यास से लगभग चार गुना बड़ा है, और सूर्य का व्यास पृथिवी के व्यास से लगभग १०९ गुना विशाल है।

आकार: लगभग पचास चन्द्रमा इकट्ठे किये जाएँ तो एक पृथ्वी का आकार बनता है, और लगभग १३ लाख पृथिवियों के आकार से एक सूर्य का आकार बनता है।

वजन : लगभग ८४ चन्द्रमा के वजन की हमारी पृथिवी है। और कोई ३·३१ लाख पृथिवियों के वजन वाला, हमारा सूर्य है।

(६४) सूची पत्र

प्रत्येक महत्व के ग्रन्थ को, और विशेषतः वेदान्त जैसे गम्भीर विचार प्रवर्तक ग्रन्थ को, विस्तृत और सम्पूर्णांग सूची पत्र का रहना एक अनिवार्य बात है। इससे अध्ययन शील पाठकों को बड़ी सहायता मिलती है। परन्तु इस पुस्तक की ऐसी रचना है, कि जिससे सूची पत्र का बहुत सा काम सहज निकल आया है। क्योंकि प्रथम अनुक्रमणिका देखने से ही, ग्रन्थगत अनेक विषयों की अच्छी कल्पना हो सकती है। अथ च ग्रन्थ को चार परिशिष्ट जोड़ दिये गये हैं, जिससे जिज्ञास्य विषय को ढूँढ़ लेना बहुत सुकर हो गया है। विशेषतः देखिये परिशिष्ट (इ); इस देश में, इतने विविध सम्प्रदाय और पन्थ हुए हैं, और उनके विचारों में इतने मत मतान्तर रहे हैं, कि बिना विस्तृत तालिकाओं के, उनका यथार्थ और तुलनात्मक आकलन नहीं हो सकता। उनके मूल प्रवर्तक ऋषि, मुनि, समर्थक आचार्य, उनके समय, सम्प्रदायों के ग्रन्थ तथा ग्रन्थकार, इत्यादि येथेष्ट विवरण और विश्लेषण, इस परिशिष्ट में किया गया है। साथ ही एक "प्राक्कथन" परिशिष्ट (इ) भी लगाया है। विभिन्न दर्शनों के विशिष्ट तत्त्वों का विवेचन परिशिष्ट (उ) में किया गया है। अत एव इस पुस्तक को बृहत्काय सूची पत्र की आवश्यकता नहीं रही है। तथापि अन्य अनेक विशेषताएँ रहती हैं, जैसे ग्रंथगत श्रुति स्मृतियों तथा अन्य ग्रन्थों के प्रमाण वचन, उल्लेखनीय विशेष व्यक्तियों के नाम, विविध सिद्धान्त, तथा अनेक पारिभाषिक शब्द, इत्यादि इत्यादि; इनके निमित्त एक पर्याप्त सूची पत्र आगे दिया जाता है। आँकड़े पृष्ठ संख्या बताते हैं।

अकर्तृता क. १८, १२६, १२७, १३७ से १४०, १४३।
अकर्म ६७, ७२, १२६, १२७, १२८ १९०, २३५, २३६।
अकर्मण्यता क. १८, ३, १२३, १२६ से १३०।
अकृताभ्यागम १३९, २२९।
'अक्षरं ब्रह्म परमम्' क. २८, ५७।
अग्नि १३७ से १४२।
'अग्ने नय सुपथा' २६७।
'अजं शाश्वतं कारणं कारणानाम्' ७४।
अजात शत्रु और बालाकि ७०।

अजाति ९३ से ९६, २९० ।
अजातिवाद ७२, ८१, ८७, ९२ से ९६, ९८, १३२, १४४, २८३ २९०, २९१ ।
अज्ञस्यार्थ प्रबुद्धस्य' २०७ ।
अज्ञान क. २६ क. २९ क. ३२ क. ३५ क. ३९, १७८, ३१३ से ३१६ ।
अज्ञान कारणता (७८) की नई श्रुति १८६ ।
अज्ञान कोई पदार्थ नहीं है, १८१, १८२ ।
अज्ञान जगत् का कारण नहीं, १७८ ।
'अणुः पन्था विततः पुराणः' क. ७ ।
'अतो वक्ष्याम्यकार्पण्यम्' ९४ ।
'अत्र ब्रह्म समश्नुते' २३३ ।
अत्यन्ताभाव (दे. अभाव) ।
'अथ केन प्रयुक्तो ऽयम्' १८९ ।
अथर्व वेद महावाक्य, २७९ ।
'अथात आदेशः' २७४ ।
अदृष्टं द्रष्टृ क. ३४ ।
अद्वैत के विविध प्रकार, ३०५ ।
अद्वैत विज्ञान अथवा सिद्धान्त क. ८, क. २६ क. २९ क. ३१ क. ३५, ३९ से ४३, ५७ से ६३, ७३, ८६, ९२, ९५, १००, १०३, १०६, १०९, ११०, ११६, १२९, १३०, १३६, १४९ से १६१, १७१, १७८, १८१, १९५, १९८, १९९, २०९, २४८, २४९, २६२, २६५, २९०, २९१ से ३०२, ३१२, ३१५ ।
अद्वैत विज्ञान और द्वैत विज्ञान में प्रमुख विभेद । दोनों मतों में भेद तो आकाश पातालका सा है, परन्तु विशेष विभिन्नता, इन पृष्ठों को पढ़ने से विदित होगी : ५२, ५३, ६२, ११६, १३६, १४९, १५३, १७०, १९८ से २००, और २६२ । परिशिष्ट (इ) से भी विशेष जानकारी हो सकती है ।
अद्वैत विज्ञान के मौलिक सिद्धान्तों में तनिक भेद नहीं है । १०३, १४४, ।
अद्वैत विज्ञान शक्तिवाद नहीं है, ४३, ६३ ।
'अद्वैतं परमार्थो हि' १०० ।
'अधर्मं धर्ममिति या' १८८ ।
अधिकार भेद, १७३ ।
अधिष्ठान या अधिष्ठानत्व, क. २५, ७७, ७८, १०७, १३० ।
'अधीत्य विधिवद्वेदान्' ११४ ।
अध्यक्ष, १०७ ।
अध्यारोप, १६४, १६७ से १७१ ।

अध्यारोपापवादाभ्याम् १६७, १७०।
अध्यास भाष्य भ्रम कारणता वाद नहीं है, क. १८, ६४।
अनन्यत्व क. २५, ९५, १४५, १४८, १४९, १५१, १५४, १५५, १९८, २९९।
अनिर्वचनीयता या ख्याति, १८३, १४४, १४८, १५९, १७५, १७६, १९८, २०८।
अनुभूति प्रकाश, १७१।
अनृत जड़ दुःख विरोधि, ४७।
'अनेजदेकम्' २६१।
'अनेन जीवेनात्मना' १०६।
'अन्तः प्रविष्टः शास्ता' १०६।
अन्धकार १८१, ३१२, ३२३, ३३०, से ३३२।
'अन्धंतमः प्रविशन्ति' २४६, २६२, २६३।
'अन्यदेवाहुर्नियया' २४६, २६३।
'अन्यदेवाहुस्सम्भवात्' २६४।
'अन्यो ऽसौ अन्यो ऽस्मि हम' २९८, ३०२।
अन्वय क्षमता, १४८, १४९।
अपरोक्षानुभूति स्तोत्र, १५४।
अपवाद, १६७, १६८, १७१।
अभाव और अत्यन्ताभाव, ४३, १४५, १५८ से १६१, १८२, ३१०, ३२३, ३३० से ३३२।
अभाव की तालिका, १६०।
अमलानन्द क. २४, १५६, १७१।
'अयमात्मा ब्रह्म' २७९।
अरविन्द घोष, १७३।
अल्लोपनिषत् १८०।
अविकृत परिणाम या विवर्तवाद क. १८, ७६ से ७९, ८३, १५४ से १५६।
अविद्या क. ३०, ५८, ६१ से ६५, ६९, १६६, १८२, १९२, २०४, २३७, २४१, २४६, २४७, २६३, २६५, २८४, ३१३।
अविद्यारण्य या अज्ञानारण्य, ११, ७४, १३७, १७२, १७३, १८२, १८६, २१५।
अविभाग परामर्श, ६१, ६३।
अव्यक्त, ५८ से ६४।
'अव्यक्ता नाम्नी परमेश शक्तिः' ६२।
'अशब्दमस्पर्शमरूपम्' २१२।
अशोक (सम्राट) १९।
अष्टधा (प्रकृति) ६०।
अष्टांगिक मध्यम मार्ग, ३३६।
असङ्ग (बुद्धानुयायी) २५, २८७।
असत् कार्य वाद, १४७ से १४९।
'असत्यमप्रतिष्ठं' १६३।
'असदकरणादुपादान' १४७।

असम्भूति, २३९, २४८ से २५० २६३, २६५, २९० ।
'असुर्या नाम ते' २६० ।
'अस्ति भाति प्रियं' ५०, ५१ ।
'अस्मान्मायी सृजते' ४१ ।
'अस्य सत्वमसत्वं' १७५ ।
'अहं ब्रह्मास्मि' १९८ २६९ ।
अहं भाव, १८६, १९० ।
'अहं मनुरभवम्' ८२ ।
'अहं वैश्वानरः' ११५, १६९ ।
अहिंसा, १२, ६७, ६८ ।
आइनस्टाइन, १३३, १५०, १५२ ।
आकाश, ३०९, ३१२, ३२३, ३३० से ३३३ ।
'आकाशो वै नाम···व्याकर्ता' ६५ ।
आत्मदर्शन, १०८ से ११३ ।
'आत्ममये महति पटे' १६९ ।
आत्मविज्ञान की मौलिकता, २ । और शांकर संन्यासनिष्ठा क. २१, ३, २३७ ।
'आत्मानात्मप्रतीतिः' १११ ।
'आत्मा वा ऽरे द्रष्टव्य श्रोतव्यः' १०९ ।
'आत्मा वा इदमेक एवाग्र आसीत्' १६५, ३१४ ।
आत्मेति तु उपगच्छन्ति' ३०२ ।
'आदावन्ते च यन्नास्ति' १३२, १५८ ।
आदेश, २५१, २७४ ।
आनन्द, ४४ से ४६, १९८, २०२ ।
'आनन्दो ब्रह्मेति व्यजानात्' क. ४१ ८४ ।
'आम्नायस्य क्रियार्थत्वात्' ६ ।
आरम्भ वाद, १४७, १४८, २४५ ।
आरोप, १६३ से १६८ ।
आर्य सत्य, ३३६ ।
ऑलकाट, ३१ ।
आलय और प्रवृत्ति विज्ञान, ११९, २०४, २०५ ।
'आश्चर्यवत्पश्यति' २२८ ।
'आसीदिदं तमोभूतम्' १८० ।
आह, आहुः २४७ ।
'इदं सर्वं यदयमात्मा' २६९ ।
इन्द्रजालिक माया, ५२, १०५, १०६, १५४ ।
'इन्द्रो मायाभिः' ६२, ६९, ११७, २८०, ३१२ ।
'इदृग्बोधे पुमर्थत्वम्' १५६ ।
ईथर, १०५ ।
ईशावास्य उपनिषद्, २२३, २५१ ।
'ईशावास्यमिदम्' २५५ ।
ईश्वर, ३६, ३८. ३९, ९२, १३८, २०६, २१७, २३१, २८२, ३०२, ३२४, ३३०, ३३१ ।
ईश्वरकृष्ण, ६१, १४७ ।

'ईश्वरः सर्व भूतानाम्' १०६, ११५, १६९, २५६ ।
उपकार, २३० ।
'उपलब्धिवदनियमः' १३८ ।
उपवर्ष, ३११ ।
उपहित और उपाधि, ७६ से ८०, और ११४ से ११७ ।
'उपादानं प्रपञ्चस्य' १५४ ।
उपाधि. (दे. उपहित)
ऊँट, २४५ ।
ऋग्वेद :-'इन्द्रो मायाभिः' ५२, ६२, ६९, ११७, 'एकं सद्विप्रा' ५८, १४४, 'कस्मै देवाय,' १५३, 'को ऽद्धावेद,' (नासदीय सूक्त) ८७, 'तम असीत्' (नासदीय सूक्त) १७९ महावाक्य 'प्रज्ञानं ब्रह्म' २६८, 'रूपं रूपं प्रति-रूपः,' ५२, ६२ ।
'ऋणानि त्रीणि' १२३ ।
एक जीव वाद, ५६, ९८, १६५, १७२, २१३, २१४, २८३, २८९, ३१५, ३२३ ।
'एकधैवानु द्रष्टव्यम्' २९८ ।
एकरस विद्युत् चुम्बकीय क्षेत्र, १५०, १५२ ।
'एकेन विज्ञानेन' क. २७, २, १३६, २०८, २०८ ।
'एकोवशी' ४१ ।
'एकं सद्विप्रा' ५८, १४४ ।
'एतद्देश प्रसूतस्य' १२८ ।
'एतस्य वा अक्षरस्य' क. २८, ४०, १७६ ।
'एतां दृष्टिमवष्टभ्य' १६३ ।
'एतेभ्यो भूतेभ्यः' ११६, १९२ ।
एनी बिसेन्ट, ३१ ।
एम्पिडोक्लीस, १५२ ।
'एवं बहवो विप्रतिपन्नाः' ८ ।
'एष सेतुर्विधरणः' ४० ।
'ऐतदात्म्य मिदं सर्वम' क. २६, २०८, २०९ ।
ऐतरेय उ० ५२, १६५, २३७, २४३, ३१४ ।
ऐन्द्र जालिक शक्ति, ४९, ५२, १०५, १०६, १५४ ।
ओपेन डिप्लामसी, १० ।
कर्ता शास्त्रार्थवत्वात्, २८६ ।
कर्म के दो फल, क. २१, १२४, (दे. निष्काम कर्म)।
कर्म सिद्धान्त, (दे. निष्काम कर्म) क. १९, १८७, १८९, २०६, २२९, २३०, २३२, २५८, २५९ ।
कर्म योग, १२४, २५८, २५९, २६० ।
'कल्पयत्यात्मनात्मानम्' १०० ।
'कस्मै देवाय हविषा विधेम' १५३ ।

काटजू जी, क. ३८ ।
कॉन्झर्वेशन ऑफ मॅटर एण्ड एनर्जी, १५०, १५१ ।
कार्य कारण का अनन्यत्व, दे. अनन्यत्व ।
काल, ३०९, ३१२, ३२३, ३३०, ३३२ ।
कॉस्मिक किरण, क. ४० ।
'किमीहः किङ्कायः' ७० ।
कुमारिल भट्ट, ८, ९७, ११८ ।
'कुर्वन्नेवेह कर्माणि' २४१, २५९ ।
कूटस्थ या कूटस्थता क. २५, ५१, ५२, ५८, ६५, १३०, १४०, १४२ ।
कृतज्ञता, २३० ।
कृतप्रणाश, २२९ ।
कृष्ण भगवान्, क. ३४, ३५, ६७, १२७, २०१, २०४, २८१ ।
कृष्णमूर्ति (जे) ३१ ।
केनोपनिषत्, ११२ ।
'को ऽ द्धावेद क इह प्रवोचत्' (नासदीय सूक्त) ८७ ।
कौषीतकी उ० २, ७० ।
क्लेश कर्म विपाक, २८२ ।
क्षणिकत्व, २०, ५६, ९८, १७६ ।
क्षमता (दे. अन्वय क्षमता) ।
'क्षरं प्रधानममृताक्षरं हरः' ६३ ।
क्रियमाण, १८९, १९०, २३१ ।
गंगानाथ झा (डॉ) क. १५, क. ३५ ।
'गतिर्भर्ता प्रभुःसाक्षी' ४९ ।
गान्धीजी (महात्मा) क. ३७, क. ३८, १७७ ।
गार्गी मैत्रेयी, ३३ ।
गुण और विकार, ५१ ।
'गुरोस्तु मौनं व्याख्यानम्' २१३ ।
'गुहाँ प्रविष्टौ आत्मानौ' २५६ ।
गौडपाद, ९३ से ९६, १००, १३१, १३२, २९०, २९२ ।
चतुष्कोटि विनिर्मुक्त तत्त्व, २४ ।
चन्द्रगुप्त (द्वितीय) ७ ।
चन्द्रमा का दृष्टांत, ११५ ।
चार्वाक, ३९, ११६, ३०५ से ३०८, ३३३ ।
चित्, ४१, ४४, १९८, २०२ ।
'चित्तस्पन्दितमेवेदम्' १०२ ।
चिदाभास, १३७, १९१, १९६, २०५ ।
चिद्विलास, क. १६, ४३, ५७, ९५, ९६, १६६ ।
चैतन्य की बाँट, ११३, ११४, ११७ ।
'चैतन्यं यदधिष्ठानम्' १९४ ।
चैतन्य सम्प्रदाय, २९४ ।
छान्दोग्य उ० २, ४२, ८१, १३६, १४६, १५५, १६९, १७१, १९१, १९९, २००, २०६ से २०९, २९९ ।

जगत् की उत्पत्ति और आयु, ८८ से ९०, १७६, २१५।
जगत् के सम्बन्ध में मत मतान्तर, १४४।
जगत्, भ्रम या स्वप्न नहीं है, क. १७, २०, १०४, १४५, १४६, १५६, १५७, १६४।
'जगत् अविश्रेशत् वर्तते' ८२।
जगदीश चन्द्र बोस, १९३।
जगद्विभ्रमवाद, ३०५ से ३०८, ३२३।
'जगद्व्यापार वर्जम्' १९६, ३१५।
जनक (सम्राट) १३३, २०४, २२७।
'जानामि धर्मं न च मे प्रवृत्तिः' १८८।
जीवन्मुक्ति क. ३४, १९४, १९६, १९८, १९९, २३३, २३४, २९८ से ३०३।
जीवात्मा क. ३४, ११४, ११६, १२७, १३७ से १४२, १९१, से १९८, २००, २०८, २५६, २८५, २९८।
जीवात्मा का कर्तृत्व, १२७, १३०, १३७, से १४२, १८७, १९५, २३२, २९८।
जैन सम्प्रदाय, १६, ३९, १५२, ३०५ से ३०८, ३३३।
जैमिनि, ३११।
ज्ञप्ति, ४६, ११९, ३०२।
ज्ञात सत्ता या ज्ञान समकाल सत्ता, ९८।
ज्ञान, क. ३४, २३, ४४, ४५, ११२, २८९, २९७, ३०२, ३०३।
ज्ञान कर्म समुच्चय, २२९, २३२, से २४२, २४७, २४८, ३११, ३१८।
ज्ञान की प्रक्रिया (बौद्ध) ११९, १२०।
(आधुनिक भौतिक विज्ञान) १२१, १२२।
ज्ञान निवर्त्य, २०४।
'ज्ञानं सम्यगवेक्षणम्' २८७।
'ज्ञानात्कलेह्यवाप्ते ऽस्मिन्' ३११।
'ज्ञानादेव तु कैवल्यम्' १९९, २०१, २३४, २८६।
ज्ञानी का आचरण, १२६, १२७, १५८, १८९, १९०, २०४, २०५, २०६, २१८, २३५, २४१, २४२।
ज्ञानी की सप्त योग-भूमिकाएँ, २५, २८७।
ज्ञानेश्वर, १७२।
'ज्ञेयं यत्तत्प्रवक्ष्यामि' १६८।
ज्योतिर्गणित,
ज्योतिर्गोलों के अन्तर, ३४७।
ज्योतिष (फलित) २३२।
'तं यथा यथोपासते' २४८।
'तत्केन कं पश्येत्' १ ८,११०,११२

तटस्थ लक्षण (दे. ब्रह्म के लक्षण)।
तत्त्व ज्ञान की विचित्र व्याख्या, १५।
'तत्त्वमसि' १९८, २०७, २०९, २७६।
'तत्त्वावबोध एवासौ' ३०, २८८।
'तदनन्यत्वमारम्भण' १५४।
'तदेजति तन्नैजति' २६१।
'तदैक्षत बहुस्याम्' १०५।
'तम आसीत्तमसागूढ़म्' १७९।
'तस्मिन् शुक्लमुत नील माहुः' २७।
'तस्य कार्यं न विद्यते' २३५।
तादात्म्य, १४८, १४९, १५४, १५५, २९९।
तादात्म्य ज्ञान, १५५, १९७, १९८।
'तानि धर्माणि' ४।
तान्त्रिक, ३०५ से ३०८, ३२३।
तिलक (लोकमान्य) १७३, २३५, २३६, २४२।
तुच्छा ऽनिर्वचनीया, १७५, १७६।
'ते ध्यान योगानुगता अपश्यन् देवात्म शक्तिम् स्वगुणै र्निगूढ़ाम्' ६३, १७७।
तैत्तिरीय उ० ८४, २३७, २३८, २५१।
तैत्तिरीय (तस्माद्यत्सर्वज्ञं तद्ब्रह्म) ४६।
त्रिगुणा प्रकृति, ५९।
त्रिपुरागम सिद्धान्त, २९४।
त्याग, १२३, १२४।
थियासफी, ३०।
दक्षिणामूर्ति स्तोत्र, १५४, १७६, २१२।
दहराधिकरण, ७९।
दिशा, ३०९, ३१२, ३२३, ३३०, ३३२।
दुर्योधन, १८८।
'दृश्यतेत्वग्र्यया बुद्धया' क. ४३, ११०, २११।
दृष्टि सृष्टिवाद, ५३, १०३।
'देवास्तं परादुः' २९८।
दैवी सम्पत्ति, ४, ५, १०, ११, १३, १८, ३६, १७८, १८७, २०५, २५९।
'दोषो महानत्र विभेद योगे' ११७।
'द्यावाभूमी जनयन्देव एकः' ४१।
'द्वाविमौ पुरुषौ लोके, ६३।
'द्वा सुपर्णा सयुजा सखाया' १९१।
'द्वे अक्षरे ब्रह्मपरेत्वनन्ते' ६३, ३१३।
'द्वैत भूमिका' का विचित्र आरोप, ७१, ७२, १३६।
द्वैत विज्ञान और अद्वैत विज्ञान में मुख्य विभेद (दे. अद्वैत विज्ञान और द्वैत विज्ञान, सूची पत्र का पृष्ठ ३५०)।
'द्वौ भूतसर्गौ लोकेऽस्मिन्' १६३।

धर्मराजाध्वरीन्द्र, ९३, ११९ ।
ध्यान योग, २२, २५, २८, २९ ।
'न अस्माभिः कदाचित् क्वचित्' १७१ ।
'न कर्तृत्वं न' १८८ ।
'न कश्चिज्जायते जीवः' १०१ ।
'न कदाचिदप्यनीदृशं जगत्' ६ ।
'नकुलीश दर्शन ३०५ से ३०८, ३२९ ।
'न च मत्स्थानि भूतानि, १०७ ।
'न जातु कामान्न भयान्न लोभात्' १८८ ।
'नटवत् ब्रह्म' (दे. स्वशक्त्या)
'न तस्य प्राणा उत्क्रामन्ति' १९६ ।
'न निरोधो न चोत्पत्तिः' १०२ ।
नृसिंह का पहाड़ा, ४७, २७४ ।
'नसतो नाशः १५२ ।
'न सतो व्यतिरेकेण' ४३ ।
'नसं ज्ञा सन्न सद् सत' २४ ।
'न हि कश्चित्क्षणमपि' १३७ ।
'न हि क्वचित्साक्षाद्वस्तुधर्मस्य' १५६, २०४ ।
'न हि देव दत्तः' १५६ ।
'न हि द्रष्टुर्दृष्टेः' १०९ ।
'न हि विज्ञातुः विज्ञातेः' १४३ ।
'न हि श्रुतिशतमपि' २१० ।
नागार्जुन ८३, १०२, ११८, १८१ ।
'नादत्ते कस्यचित्पापम्' १८८ ।
'नान्यदतो ऽस्ति विज्ञातृ' क. ३४ ।
'नाप्रतीतिस्तयोर्बाधः' २०६ ।
'नाभावः उपलब्धेः' क. १७, २१, १०४, १४६, १५७, १६२ ।
'नासतो विद्यते भाव.' १५२ ।
'नासदासीय सूक्त ८७, १७९ ।
'निम्बार्क ३०५ से ३०८, ३२३ ।
'नित्य शुद्ध बुद्ध मुक्त स्वभाव' ४० ।
'नित्यो नित्यानाम्' १९३ ।
'नियतं संगरहितम्' १९० ।
'निरालम्ब वाद २४, ९२, ९३, ९७, ९९ ।
निरन्वय अभाव, १९६ ।
निरीश्वरवादी, ३९ ।
निरोध (वृत्तियों का) २२, २३, ।
निर्गुण सगुण, ५०, ५१ ।
निर्धर्मक, ५४ ।
निर्वाण, २८५, २८६ ।
निर्विकल्प, २३, ३०, २८८ ।
निर्वृत्तिक ज्ञान, २३, ११२ ।
निश्चलदासजी, ८३, १०३, ११३, ११९, १३१, १३२, ।
'निष्कलं निष्क्रियं शान्तम्' ५१, ५३ ।
निष्काम कर्म क. २१, १२४, १२५, १२६, २५७ से २६० ।
निष्क्रिय ५१, ५३ ।
निरालम्ब वाद क. १७, ९२, ९३ ।
'निःस्वभावं निरालम्बम्' २४ ।
नीलकण्ठ क. २४ ।

नेति नेति, ५८, १५२, १६८, १७०, २७२, २७४, २७५, २७८, २८१।
'नेह नानाऽस्ति किञ्चन' १०७, २७२, २७३।
'नेह नानेति चाम्नायात्' १०१।
नैयायिक, ५४, १४६, १४७, १५८, से १६१, २४९ दे. न्याय।
नैरात्म्य वाद, २३, २४ ६६।
नैष्कर्म्य, २३६।
नैष्कर्म्य सिद्धि, २३३, ३११।
न्याय दर्शन, १५८ से १६१, ३०५, से ३०८, ३३०।
न्यूटन, १५०, १५१।
पञ्चदशी, १०८, १५५, १६७, १७१, १९४, २०७, २१७।
पदार्थों और द्रव्यों का पत्रक, ३३२।
परमात्मा का सर्व व्यापित्व, १०६, १२०, २५४।
'परमात्माद्वयानन्द पूर्णः' १७०।
परब्रह्म का स्वरूप क. २७, से क. ३१, ४०, ४३, ७३, १११, १४२, १४३, १४४, १५२, १९३, २२७, २२८, २९८ से ३०३।
परामुक्ति, १९६ से १९९, २९८ से ३०३।
'परा ऽस्यशक्तिः' ६३, १३०।
'परिणामे पूर्व रूपम्' १५६।
पर्दे की प्रथा, ३४।
'पादो ऽस्यविश्वाभूतानि' १०५।
पारमार्थिक सत्य, ७२ से ७४, १३६।
पीताम्बरमिश्र, ११३, १५९, २७०।
'पुरमेकादशद्वारम्' ३०१।
'पुरुष एवेदं सर्वम्' १०५।
पुष्करिणी (ब्रह्मविद्या की) १४।
पूर्ण प्रज्ञ ३०५ से ३०८, ३२१।
'पूर्णमदः पूर्णमदम्' २००, २५३, २५६।
'पृथग्नैकर्षे' २६६।
पैन्थीजम्, १०५।
प्रकाशानन्द, क. २४, १८३, १८५।
प्रकृति (दे. अष्टधा प्रकृति) ५८, ५९, ६०, ६१, ६२, १८१।
'प्रज्ञानं ब्रह्म' २६८।
प्रज्ञा पारमिता, २५, ९३, २७४।
'प्रज्ञा प्रसादमारुह्य' १५८।
'प्रतिक्षण परिणामिनो हि भावाः' २२।
प्रतिभास, १५७।
'प्रतीत्य समुत्पाद' ३३६।
प्रत्यगात्मा साक्षात् ब्रह्म है, १९१, १९४, २००, २०९, २६९ से २७६, ३००।
प्रत्यभिज्ञा दर्शन, ३०५ से ३०८, ३२६ से ३२८।
प्रधान, ५९, ६०।

प्रधान कारणैता वाद, ५६, ६१, १८०।
'प्रभवः सर्व भावानाम्' ९५।
प्रमातृत्व क. १९, १४१, १४२।
प्रयत्न, १७८, २१६, २३२।
प्रवृत्तिच···कार्या, १२।
प्रवृत्तिच ··जना, १६३।
प्रशासन, क. २८, ४०, ३१४।
प्रसंख्यान, २३३, २३४।
'प्रातःस्मरामि' १४४।
प्रातिभासिक, १३४, १३६।
प्रातीतिक, १३३।
प्राभाकर, ३०९।
प्रारब्ध (दे क्रियमाण)।
फाहियान, १२८।
फ्रॉइट, ५, ३८।
बर्गसों, २४।
बाइबिल, २४४।
बादरायण, १००, ३११।
बाध या बाध – सामानाधिकरण्य, क. १५, १४५, १४६, १५७, २००, २०४, २०७, २०८।
बाधितानुवृत्ति, २०४।
'बिभेत्यल्पश्रुताद्वेदः' २११।
बुद्ध (महात्मा गौतम) १७, १८, २४, ३१, ११८, १८५, २१५, २१६।
बुद्ध जाल, २१६।
बौद्ध तत्त्वज्ञान, १७ से २४, ९२ से ९८, २१५, २·७, २७४, ३०५ से ३०८, ३३४।
बौद्ध सम्प्रदाय के चार विभाग, १७४, ३३४।
बौद्ध सम्प्रदाय, भारत की दुरवस्था का उत्तरदायी नहीं है, क. २०, ३७।
बौद्ध सम्प्रदाय तथा शासन का विस्तार और प्रभाव। १७ से २६, ३६, ६६, ११८, २१३, २७५।
ब्रह्मकारणता सिद्धान्त, क. १७, क. २७, ५४, ५६, ६२, ७४, ७७ से ८४, ९२, ९५, ९६, ९८, १००, १०१, १५६, १६६, १७१, १७२, १७८, १९९, २९०, ३१२, ३१६।
ब्रह्म के लक्षण, क. ३३, ४१ से ४९, २०२, २०३।
ब्रह्म जाल, २१५, २१६।
ब्रह्म ज्ञान (दे. आत्म दर्शन) ११०, १११, ११२, १५३, १९७ से २०२, २०७, २०८, २६२, २८९।
ब्रह्मज्ञान का महत्त्व, क. ४०।
ब्रह्मदत्त, २३३।

ब्रह्मविद्या, १, १३, (दे. ब्रह्मज्ञान)।
'ब्रह्म सत्यं जगन्मिथ्या' ७३, १९९, ३०२।
ब्रह्म स्वरूप, ४०, ४३, ७३, ११२, १४२, १४३, १५२, १५३, २२७, २२८, २८१, ३०२।
'ब्रह्मैव सन् ब्रह्माप्येति' १९५, २९८, ३००।
'ब्रह्मैव सर्वं नामानि' १५४।
ब्लैव्हेट्स्की, ३१।
भक्ति, २०५, २०६, २४४।
भर्तृ प्रपञ्च, ३१८।
भावितव्यता वाद, २१६, २३१, २३२।
भागवत, २५७।
(यं प्रव्रजन्तम्) २०१।
(सृष्ट्वा पुराणि) १९३।
भाट्ट सम्प्रदाय, ३०९।
भारत वर्ष के दार्शनिक आन्दोलन, ३६।
भावना, १७७, २४९।
'भावैरसद्भिरेवायम्' १०२।
भूगर्भविज्ञान (पृथिवी की उत्पत्ति) ८८ से ९०।
भूमा, २७७, २७८।
भेद के प्रकार, २९५, २९६।
भेददृष्टि की निन्दा, ६३, ७९, ११७, २९५, २९८।
भेदाभेद वाद, १०५, २९४, २९५, २९९।
भौतिक विज्ञान की गवेषणाएँ, क. ३९ क. ४०, ८४, ८७, ८९, १५० से १५२, ३३८ से ३४८।
भ्रमरकीट न्याय, २४८, २४९।
भ्रम, बाहर कहीं त्रिलोक में नहीं है, क. ३०, क. ३२, ५६, ६९, १४१, १५६, १५७, १६६, १८२, २०८, २८४।
भ्रान्ति कारणता वाद, क. १७, ६२, ६५, ६९, ७१, ९२, १५७, १७१, ३१४, ३१५।
मंखली गोशाल, २१६।
मठ और मठाम्नाय, क. २२, ३१७, ३१८।
मण्डण, २३३।
मधुसूदन सरस्वती, क. २४, २२, २३, २९, १४५, १४६, १५४, १८१, २०७।
मध्यकालीन और अर्वाचीन पण्डित, क. २३, क. २४, २५।
मन, ३०५ से ३०९, ३३०,।
मन्त्र तन्त्र और तावीज, २८।
'मनु भगवान् या मनुस्मृति' ३३, १२३, १२८, १८०।
'मनोमात्रमिदं सर्वम्' २०, १७७।
'ममैवांशो जीवलोके' १०६।

'मयाततमिदं सर्वम्' १०७।
'मयाध्यक्षेण प्रकृतिः' ७० १०७।
महायान पन्थ, ३३४ ।
महोपनिषत्, ३०, २८८।
माध्यमिक, १७४, ३०५ से ३०८, ३३४।
माण्डूक्य, उ. ८७, १४३।
माया अविद्या, ५९, ११८, १४८, १४९, १७६, १८१, २०४, २१४, २१७, २८४, २९४, ३१२।
'माया एषा मया सृष्टा' ५०, १२६।
माया (चैतन्य प्रेरणा विहीन) ५३,५६, ८०, ८५, ३२४।
'मायाख्यायाः कामधेनोः' २१७।
माया (तुच्छा ऽ निर्वचनीया) १७५, १७६।
मायावाद, क. १७, ३१२, ३१३,।
मायावी ४९, ५२, १५४।
मिथ्या, २१, १३२ से १३६, १४५, १५६, १९९, २०७, २३४।
मीमांसक, ५, ८८, ९१, १०९, ११२, २३३ से २३६, २४२, २४८, २५०, २७०, २९०, ३०९।
मुण्डक उ. ९५, १५३, १९१, १९५, १९९।
'मूलप्रकृतिरविकृतिः' ६१।
'मृ। मीत सज्जन' २३१।
'मृत्तिकेत्येवमत्यम्' क. १८, २०९, २१०, ३१४,।
मैक्स मुलर २४२।
मैत्रेयं, ३१।
मैत्रेयी गार्गी, ३३।
मोक्ष, १९४ से १९९।
मौन, २११।
मौन्टचैटन, २०।
'यच्चा प सर्व भूतानां' क. २५, ८८
यजुर्वेद (कृष्ण और शुक्ल) २२६ २५५।
यजुर्वेद महावाक्य (अहंब्रह्मास्मि) १९८, २६९।
'यतोराद्धिः प्रमाणानाम्' ११२।
'यतो वाचो निवर्तते' २१२।
'यत्तदद्रेश्यम्' १५३।
'यत्त कामेप्सुना कर्म साहंकारेण वा पुनः' १९०।
'यत्रत्वस्य सर्वमात्मैव'भूत्' १०८।
'यत्र नान्यत्पश्यति नान्यद्विजानाति' २७७।
'यत्र हि द्वैतमिव भवति' ११०।
'यथा नद्यः स्यन्दमानाः समुद्रम्' १९५।
'यथा भगवतो वासुदेवस्य क्षत्रधर्म चेष्टितम्' ६७, १२७।
'यथा सतः पुरुषात्केशलोमानि' ६३।
'यथा सुदीप्तात्पावकात्' १९५।

'यथा सोम्य एकेन' २१० ।
'यदा ह्येष एतस्मिन्नुदरमन्तरं कुरुते' ११७ ।
'यदेवेह तदमुत्र' ८१, २१२, २५६ ।
'यद्ददासि विशिष्टेभ्यः' २५८ ।
'यद्यस्माज्जायते' २१० ।
'यद्वाचानभ्युदितम्' २१२ ।
'यमग्न्युष्णवान्नत्य' ४० ।
'यमेवैष वृणुते' ५३ ।
'यम्प्रव्रजन्तमनुपेतमपेतकृत्यम्' २०१ ।
'यस्तु सर्वाणि' २६१ ।
'यस्मिन् सर्वाणि' २६२ ।
'यस्य नाहंकृतो भावः' क. १९, १८६, १९० ।
'यस्य हि सर्वविषयावभासनक्षमं ज्ञानम्' क. ३४, ४६ ।
याज्ञवल्क्य (योगीश्वर) क. १९, १०४, १८८, २०४, २१५, २२६, २२७ ।
'यावद्भ्रियेत जठरं' २५८ ।
'युक्त्यानुपेतामसतीम्' ९७ ।
'युक्ति युक्तं वचो ग्राह्यम्' १८८ ।
युगपत्सृष्टि, ९८ ।
यूनिफाइड इलेक्ट्रो मॅग्नेटिक् फील्ड, १५१, १५२ ।
'ये चैव सात्विका भावाः' १०७ ।
'येनाश्रुतं श्रुतं भवति' २०० ।
'येन वागभ्युद्यते' २१२ ।
योग (पातञ्जल) २८२, ३०५ से ३०८, ३२६ ।
योग भूमिकाएँ (ज्ञानी की) २५, २८७ ।
योगाचार, (दे. माध्यमिक) ।
योगवासिष्ठ, २५, २८७ ।
'यो देवानां प्रभवश्चोद्भवश्च' ४१ ।
'यो ब्रह्माणं विदधाति पूर्वम्' क. ३१, ६९, ९६ ।
रसायन शास्त्र, १४७, १४८, १९४ ।
रसेश्वर दर्शन, ३०५ से ३०८, ३२९ ।
'रसो वै सः' ४५ ।
रामकृष्ण (स्वामी परमहंस) १७३ ।
रामतीर्थ (स्वामी) १७३ ।
रामदास (समर्थ) क. ३, क. ९४, ९, ५२, १३२, १७८, २१५ ।
राधाकृष्णन् (सर सर्वेपल्ली) क. १६, १७३ ।
रामानुज, ३०५ से ३०८, ३२० ।
रुद्र देवता, ९० ।
रूजवेल्ट (प्रेसिडेन्ट अमेरिका) २५८ ।
'रूप रूपं प्रति रूपो' ५२ ।
लक्षण का लक्षण, ४७ ।
लीलाद्वैत या लीलाकैवल्य, ५७, १०५, १६६ ।
'लौकिकी वैदिकी चापि' १८३ ।
'वक्तारमासाद्य' २२० ।
वज्रयान, ५७ ।

वल्लभ, ३०५ से ३०८, ३२३ ।
वसिष्ठ, २१५ ।
वाचस्पति मिश्र, क. २४, १३८, १५५, १८५, २९९ ।
'वाचारम्भणं विकारः' क. १८, २०९, २१०, ३१४ ।
वामदेव, ८२, १३३, २१५, ३२३ ।
'वायुर्निलममृतम्' २६६ ।
विचार सागर, ४९, ५५, ७४ से ७९, ८३, ८६, १०३ ।
विज्ञान भिक्षुका समन्वय वाद, २९४ ।
विदेह मुक्ति, १९६ ।
विद्या, ५८, ५९, ६३, २३७, २४१, २४७, २६३, २६५, ३१३ ।
'विद्यां चाविद्यां च' २३७, २४६, २६३ ।
विद्यारण्य, १०८, १५५, १५९, १६७, १६८, १७१, १७६, २०२, २०७ ।
विद्यच्चुम्बकीय क्षेत्र, १५१, १५२, ।
'विमुक्तश्च विमुच्यते' २९८, ३०१, ।
विवर्त वाद, क. १८, ७६ से ७९, ८३, १५४ से १५६, २८३, २९२ ।
'विवेकभ्रष्टानाम्' २०५, ।
विवेकानन्द (स्वामी) क. १६, १७३, ।
विश्व किरण क. ३९, ।
विश्व क्षेत्र, १५१, ।
वीर शैव, ३०५ से ३०८, ३३७, ।
'वृणुते हि विमृश्य कारिं' १७८, ।
वृत्ति निरोध, २२, १०९ ।
अथवा वृत्ति ग्राहित्व, २३ ।
वृत्तिरत्नावली, १५९ ।
'वेदान्तेषु यमाहुरेक पुरुषम्' २२५ ।
'वेदाहमेतं पुरुषम्' १९९ ।
'वैधर्म्याच्च न स्वप्नादिवत्' क. १८, १०४, १४६, १६२ ।
वैभाषिक (दे. माध्यमिक) ।
वैय्यधिकरणता दोष, १९७ ।
वैल्स (एच. जी.) ८९ ।
वैशेषिक, १४६, १४७, १५४ से १६१, १८२, २४९, २५४, ३०५ से ३०८, ३३१, ३३२ ।
व्यापित्व, १०६, १२०, २५४ ।
व्यावहारिक सत्य, ९२, १०४, १३४, १३६, १४६, १५७, १६३, १७०, २०८, २३४ ।
शंकर भगवान्, क. १५, क. १७, क. १८, क. २४, क. २८, २, ७, ८, २७, ४०, ४२ से ४९, ५२, ६१ से ६५, ६८, ७१, ८६, १०५, १०८ से १११, ११९, १२७, १३०, १३५, १३६, १४२, १४६, १४९, १५४, १५६, १६८,

१८१, १८४, १८५, १९२, २०३ से २०५, २१०, २२०, २३३, २३६ से २४५, २५३, २५५, २९९, ३११।
शंकराचार्य के मठ, (दे. मठ और मठाम्नाय।
शंकरानन्द, १११।
शक्तिवाद, ४३, ६३।
शत श्लोकी, १११, ।
'शब्दजालं महारण्यम्' क. १९, १४, ।
'शब्दशक्तेरचिन्त्यत्वात्' २१२।
'शिव ब्रह्म विदुः' क. २७, ५२, ।
शिवाजी महाराज, क. २, ९, ।
शुक (योगीन्द्र) क. १९, १३३, १३७, १३७, २१५, ३२३, ।
शुकाचार्य की मुक्ति, १०४, १९६, २०१, ।
शून्य ब्रह्म, ७० २०२, ३०४, ।
शून्य वाद, २२, ९२, ९३, ११८, १७५, ३०४।
शून्याद्वैत ५७, ३०४, ।
शैव दर्शन, ३०५ से ३०८, ३२९।
श्रीकृष्ण (दे. कृष्ण भगवान,)
श्रीधर स्वामी, २५७।
'श्रीमन् मध्व मते'
श्रुतिप्रामाण्य २१०, २११।
'श्रुत्यवगाह्यम्' ७१।
श्वेतकेतु, २, २०८।
श्वेताश्वतर उ० ४१, ५१ से ५३, ६३, ६९, १३०, १४२, १५२, १९१, १९९।
'संवृत्या जायते सर्वम्' १०१।
सगुण निर्गुण, ५०, ५१, १६८।
'संघाताः स्वप्नवत्सर्वे आत्म माया' १००।
सञ्चित (दे. क्रियमाण)।
सत् चित् और आनन्द, क. ३१, ४१ से ४६, ७०, १९८, २०२, २५३, २५४, २८१, ३०३।
सत्कार्य वाद, क. १८ क. २५, ६३, ९४, ९५, १०२, १४६, २१०, २७२।
सत्तास्फूर्ति ७७, ८०, १४३ से १४६, १९४।
'सत्यं ज्ञानमनंतं ब्रह्म' २०३, २६८।
'सत्यमेव जयते' क. ३८।
सत्सामानाधिकरण्य या सत्सामान्य, क. २९ क. ३४, ४२, २५४, ३०९, ३१०, ३१४, ३२३, ३३०, ३३१, ३३२।
'सदेव संस्थानांतरेण' १५५, १७१।
'सदेव सोम्येदमग्र आसीत्' क. २८, ७१।
संन्यास अथवा संन्यासनिष्ठ आत्म-विज्ञान, क. २१, ३, १२४, १२६, २३७।

'स पर्यगात् शुक्रमकायम्' १५३, २२७, २६२ ।
सप्त भूमिकाएँ (दे. ज्ञानी की)।
समन्वय वाद, २९४ ।
समर्थ रामदास क. ३, क. १४, ९, ५२, १३२, १७८ ।
समवाय, ३०९, ३२३, ३३० से ३३२ ।
समष्टि अज्ञान, ८३, ११८, १८०, १८१, १८४, २०५, २८४, २८८ ।
समाधि, २८ से ३०, २८९, ३५२ ।
'समोऽहंसर्वभूतेषु' १२ ।
सम्प्रसाद, ६० ।
सम्भूति २३९, २४८, २४९, २५० २६३, २६४, २६५, ।
सम्यग्ज्ञान (दे. ब्रह्मज्ञान)
'स य एषोऽणिमा' २०८ ।
'स यथोर्णं नाभिः' क. २५, ।
'सर्वं खल्विदं ब्रह्म' २०, १४५, १४६, १९८, २००, २०६, २०७, ।
'सर्वं च नामरूपादि सदात्मना एव-सत्यम्' १९१, २०८. २९९, ।
सर्वज्ञात्ममुनि, क. २४, १८२, १८५,
'सर्वतःपाणिपादं तत्' ५१, १६८, १७० ।
सर्वशक्ति क. ३१, ४३, ६३, १३५ ।
'सर्वाणिरूपाणि विचित्य' ४१, ।
सर्वात्मभाव, ११२, २००, २८९, ३०० ।
सविकल्प, ३० २८८, ।
'स विश्वकृद्विश्वविदात्मयोनिः' ४१ ।
साक्षी का ज्ञान, क. ३४, ८१, १०८, १०९, ।
सांख्य (अद्वैती ईश्वरवादी) १५१, ३२५, ।
सांख्य (कापिल द्वैतवादी) ५८, से-६१, १३९, १४१, १४७, १४९, १८०, ३२४ से ३२६ ।
सात्विकता, १२, १९० ।
साभास अज्ञान, क. ३२ क. ३४ ।
सामवेद महावाक्य 'तत्त्वमसि' १९८, २०७, २०९, २७६ ।
सामानाधिकरण्य (बाध) १४५, १४६, १५७' २००, २०२, २०८ । (सत्) ४२ ।
'सामान्यात्तु' क. २७, क. ३१, ३१४ ।
साम्यवाद और कर्म योग, २५७ से २६० ।
सुरेश्वराचार्य क. १७, ४२, ४३, १०५ १७६, १८५, २३३, २३९ से २४५, २९९, ३११, ३२४ ।
सुषुप्ति दृष्टान्त ८१, ८२, ३०० ।
सूर्यमण्डल के विशेष, ३४६ ।
सृष्टि श्रुतियों का तात्पर्य, ८२, ८३ ।

'सृष्ट्वा पुराणि' १९३ ।
सेक्युलर शासन, क. ३६ ।
सोमनाथ, १८७ ।
सौत्रांतिक, ११९, दे. माध्यमिक, ।
'स्थाणुरयं चोरः' १४५, २०८ ।
स्पन्द शक्ति ५२, १०२, १५४, ३१२ ।
स्वप्न (जगत स्वप्न या भ्रम नहीं है) क, १८, १४, २१, १०४, १४५, १४६, १५६, १५७, १६४ ।
स्वप्नमाये यथा दृष्टे' १०० ।
स्वभाव, ५७, ५८, ६१, ६२, ३०१ ।
स्वरूप लक्षण (दे. ब्रह्म के लक्षण)
स्वविषय शूराणि हि प्रमाणानि' १३४ ।
स्वशक्त्या नटवत् ब्रह्म, क. २४, १४९, १५६, १७१ ।
स्वाज्ञान कल्पित जगत्, १७९ ।
हंसराज स्वामी, २८ ।
हस्तामलक स्तोत्र, ४४ ।
हार्विट्झ, क. १६, १८० ।
हिन्दवी स्वराज्य, क. ३ ।
'हिरण्मयेन पात्रेण' २५०, २६६ ।
'हिरण्यगर्भं जनयामास' ६९ ।
'हिरण्यगर्भः समवर्ततात्रे' १५३ ।
हिरेक्लिटस् २४ ।
हीनयान ३३४, ३३५ ।
हीरेन्द्र नाथ (डॉ) ४४ ।
हेगेल १०५ ।
ह्युएनत्सिएँग ।

★